Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding : IKS

CC-0. Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मलयाळम

अध्यात्म रामायणम्

उत्तर रामायणम्

रचनाकार

तुञ्चत्तु ॲळुत्तच्छन्

सानुवाद लिप्यन्तरणकार

डॉ० एन० पी० कुट्टन पिल्लै

एम० ओ० एल०, पीएच्० डी०

प्रकाशक

भुवन वाणी ट्रस्ट

'प्रभाकर निलयम्', ४०५/१२८, चौपटियाँ रोड, लखनऊ-२२६००३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मलयाळम साहित्य के जनक 'आचार्य अॆऴुत्तच्छन्' की
पुण्यस्मृति में
लिपि और भाषा के माध्यम से
राष्ट्रीय एकीकरण हेतु
प्रस्तुत यह ग्रन्थरत्न

माल्यार्पण

मलयाळम अध्यात्म रामायण

उत्तररामायण नागरी लिपि

हिन्दी अनुवाद सहित

दृढ़ संकल्प और सुदृढ़ प्रशासन के मूर्तिमान् रूप
गृहमंत्री, भारत सरकार
माननीय चौधरी चरणसिंह जी
को
सादर माल्यार्पित।

नन्दकुमार अवस्थी

मुख्यन्यासी सभापति, भुवनवाणी ट्रस्ट, लखनऊ-३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रकाशकीय

आचार्य तुञ्चत्तु एळुत्तच्छन् कृत मलयाळम 'अध्यात्म रामायण' और 'उत्तर रामायण' का हिन्दी अनुवाद सहित नागरी लिप्यन्तरण प्रकाशित होकर पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत है। सानुवाद लिप्यन्तरणकार श्री डा० एन० पी० कुट्टन पिल्लै का निवेदन, डॉ० एन चन्द्रशेखरन् नायर, अध्यक्ष हिन्दी विभाग, महात्मा गांधी कालेज, तिरुवनन्तपुरम् (केरल) की भूमिका, और श्री एन० वी० कृष्ण वारियर का अभिमत, ग्रन्थ पर पर्याप्त एवं साधिकार प्रकाश डालते हैं। मुझे लिखने को यथेष्ट शेष नहीं। अलबत्ता, प्रस्तुत ग्रन्थ के अवतरण की पृष्ठभूमि पर कुछ चर्चा समुचित प्रतीत होती है।

सन् १९७५ ई० की बात है। पवनार आश्रम वर्धा में श्री विनोबा जी के सान्निध्य और स्व० डॉ० श्रीमन्नारायण की अध्यक्षता में 'नागरी लिपि परिषद' के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था होनी थी। उस निमित्त सात बुनियादी सदस्यों में मेरा भी एक नाम था। वर्धा से लौटते समय दो दिन बाद ही विश्व हिन्दी सम्मेलन, नागपुर में मेरी उपस्थिति आवश्यक है, ऐसा नागपुर टाइम्स से समाचार प्राप्त हुआ।

उसी अवसर पर, भुवन वाणी ट्रस्ट की विद्वत्-परिषद के वरिष्ठ सदस्य आन्ध्रनिवासी डॉ० भीमसेन निर्मल के साथ डॉ० कुट्टन पिल्लै मेरे निवास-स्थल पर पधारे। उस समय परम विद्वान् श्री को० अ० सुब्रह्मण्य अय्यर द्वारा लिप्यन्तरित और अनूदित एळुत्तच्छन् विरचित मलयाळम महाभारत ट्रस्ट से प्रकाशित हो रहा था। समस्त भारतीय, और भारत में व्यवहृत भाषाओं के और भी अनेक सानुवाद लिप्यन्तरण प्रकाशित हो चुके अथवा हो रहे थे।

डॉ० कुट्टन पिल्लै ने एळुत्तच्छन् कृत 'अध्यात्म रामायण' का सानुवाद लिप्यन्तरण ट्रस्ट हेतु अर्पण करने का प्रस्ताव रखा। 'महाभारत' समाप्ति की ओर था। ट्रस्ट की नीति है कि यथा-संभव किसी भाषा के ग्रन्थ के प्रकाशित होते ही, उस भाषा के अन्य सद्ग्रन्थ का शुभारम्भ कर देना। इसी संकल्प की शक्ति से इतने कम समय और सीमित साधनों में उल्लेखनीय भाषा-सेतुबन्धन का कार्य बन पड़ा है। भाषा-सिन्धु पर सेतु पर सेतु निर्मित होते जा रहे हैं। राम-नाम-अङ्कित शिलाओं का बाहुल्य होने से ही कदाचित् भाषा-सिन्धु इन सेतुओं को धारण करता आ रहा है। सुतरां सदैव की भाँति बिना आगा-पीछा सोचे 'अध्यात्म रामायण' के प्रकाशन का प्रस्ताव हमने अंगीकार कर लिया। डॉ० एन० पी० कुट्टन पिल्लै, एम० ओ० एल०, पीएच्० डी०, विद्वान्, पारंगत, विद्याभास्कर, शिक्षा-कला-प्रवीण, और दक्षिणाञ्चलीय साहित्य समिति हैदराबाद के मंत्रिपद से विभूषित हैं। उन्होंने ग्रन्थ का लिप्यन्तरण और अति प्राञ्जल भाषा में अनुवाद, बहुत थोड़े समय में पूर्ण करके भेज दिया। प्रूफ़-संशोधन आदि में भी वे उतने ही तत्पर और तुर्त-फ़ुर्त रहे। यह श्रेय उनके योगदान ही को है कि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उपर्युक्त दोनों सद्‌ग्रन्थ एक ही जिल्द में प्रकाशित होकर पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत हैं। महाभारत के बाद मलयाळम का यह दूसरा युगल-प्रकाशन है।

महाभारत के सानुवाद लिप्यन्तरणकार आचार्यप्रवर डॉ० को० अ० सुब्रह्मण्य अय्यर जी ने अपनी विशद भूमिका में एळुत्तच्छन् एवं उनके द्वारा रचित काव्यों और छन्दों पर एक शोधपूर्ण अद्‌भुत निबन्ध दिया है। उसके आधार पर मूल रचनाकार का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

महाकवि तुञ्चत् एळुत्तच्छन् आधुनिक मलयाळम भाषा और काव्य के पिता समझे जाते हैं। सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक दृष्टि से उन्होंने मलयाळम-जगत में एक नवोत्थान आरम्भ किया। किलिप्पाट्टु (पक्षी-गान) द्वारा वेदान्त के तत्वों के प्रचार में, बाद के कवियों ने इस शैली के जनक एळुत्तच्छन् का ही अनुकरण किया है। इस ललित शैली में प्रायः शुक-कन्या भक्तों को नाना पुराण-कथाओं का रसामृत पान कराती है।

महाकवि एळुत्तच्छन् का जन्म पुराने मलवार जिले के पोन्नानि तालुका के तृक्कण्टियूर अंश में तृक्कण्टियूर मन्दिर के पास 'तुञ्चन् परम्पु' ग्राम में सन् १४७५ और सन् १५७५ के बीच हुआ। नाना मतों में यह अधिक पुष्ट है कि वे नायर जाति के थे। बड़े भाई रामन् के नाम पर वे रामानुजन भी कहे जाते रहे। उनका वास्तविक नाम अज्ञात है। एळुत्तच्छन् का अर्थ है 'घराने का आचार्य'। अथवा 'भाषा के पिता'— मुग्ध जनता ने यह नामकरण उनके बाद करके अपनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित की। प्राचीन भारतीय विद्वानों, ऋषियों के सदृश, उन्होंने अपनी रचनाओं में नामवरी का उल्लेख नहीं किया। संस्कृत में काव्य, नाटक, वेदान्त, और अध्यात्म का अध्ययन और अगाध परिशीलन किया। युवावस्था में यथेष्ट पर्यटन के उपरान्त जन्मस्थली में ही एक पाठशाला स्थापित कर वहीं अध्यापन कार्य करते रहे। चिटूर में स्थापित गुरुमठ में उनकी खड़ाऊँ और योगदण्ड अब भी सुरक्षित हैं।

महाकवि एळुत्तच्छन् ने १२ ग्रन्थों की रचना की है। उनमें से महाभारत, अध्यात्म रामायण और उत्तर रामायण के 'हिन्दी अनुवाद' सहित नागरी लिप्यन्तरण ट्रस्ट से प्रकाशित हो चुके हैं।

अमर भारती सलिला की पावन 'मलयाळम' धारा।
पहन नागरी-पट उसने अब भारत-भ्रमण विचारा॥

रहा प्रकाशन। विद्वानों का मत है, "वह सत्कार्य नहीं जिसके मार्ग में कण्टक न हों; और वह सत्कार्य नहीं जिसकी अवश्यम्भावी सिद्धि न हो।" प्राय: सभी भाषाओं के अनेक सदाशय विद्वानों का निस्पृह सहयोग प्राप्त होने का हमें सौभाग्य है। 'भुवन वाणी ट्रस्ट' न केवल भारत में व्यवहृत वरन् विदेशी समृद्ध भाषाओं के सानुवाद लिप्यन्तरण की ओर भी अग्रसर है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ट्रस्ट का मूल उद्देश्य है कि विश्व के समस्त वाङ्मय को सारे विश्व के मञ्च पर प्रस्तुत करने की प्रक्रिया से विश्वभाषा-सेतुकरण और विश्व-बन्धुत्व की उपलब्धि की ओर मानव को अग्रसर करना। इसमें नागरी लिपि और राष्ट्रभाषा हिन्दी को विशेष रूप से हमने अपना साधन अपनाया है। भगवान् की अनुकम्पा से इस पुष्कल कार्य में उत्तरोत्तर सफलता प्राप्त हो रही है। हमारा संकल्प, सिद्धि में साकार होता जा रहा है।

अरबी, फ़ारसी, संस्कृत, उर्दू, असमिया, बँगला, ओड़िया, राजस्थानी, सिन्धी, मराठी, गुजराती, तमिळ, तेलुगु, मलयाळम, कन्नड, गुरमुखी, कश्मीरी, राजस्थानी, नेपाली आदि में अनेक सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण प्रकाशित हो चुके अथवा यन्त्रस्थ हैं। हिन्दी का मुकुट ग्रन्थ 'रामचरित मानस' भी ओड़िया, संस्कृत आदि में प्रस्तुत हो रहा है।

हिब्रू, ग्रीक और अंग्रेजी का लिप्यन्तरण आरम्भ हो चुका है। जर्मन, फ़्रेञ्च, चीनी, जापानी आदि की परियोजना पर दृष्टि है। नागरी लिपि और हिन्दी भाषा में समुचित पैठ रखनेवाले सदाशय विद्वानों का इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उनसे इस पावन वाणीयज्ञ में अपनी पुण्याहुति प्रदान करने की प्रार्थना है; वे आमंत्रित हैं।

प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक संत की बानी।
सम्पूर्ण विश्व में घर-घर है पहुँचानी॥

मलयाळम भाषा में भी कई विशिष्ट ध्वनियाँ हैं, जो नागरी वर्णमाला में उपलब्ध नहीं हैं। नागरी लिपि में उनको सिरजा गया है। मलयाळम-देवनागरी वर्णमाला चार्ट एवं विशिष्ट उच्चारणों का विवरण, अगले पृष्ठ पर अवलोकनीय है। उसके अध्ययन से मलयाळम के नागरी लिप्यन्तरण को शुद्ध पढ़ने-समझने में सहायता प्राप्त होगी।

उदार श्रीमानों तथा उत्तर-प्रदेश शासन से आंशिक सहायता के आधार पर बड़ा सहारा मिलता रहा है। सौभाग्य से केन्द्रीय शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय का भी अनुग्रह प्राप्त हुआ। वर्तमान राज्यशिक्षामंत्री श्रीमती रेणुकादेवी बरकटकी ने भी ट्रस्ट का विश्व-भाषा-सेतुकरण-कार्य का अवलोकन किया। उनकी एवं शिक्षा-निदेशक श्री के० के० सेठी महोदय की ट्रस्ट पर सतत अनुकम्पा है। फलस्वरूप मलयाळम के ये दो पुनीत ग्रन्थ 'अध्यात्म रामायण' और 'उत्तर रामायण' एक जिल्द में सम्पूर्ण होकर राष्ट्र के सम्मुख अर्पित हैं। अनुवादक एवं लिप्यन्तरणकार और भूमिका एवं अभिमत के प्रस्तुतकर्ता विद्वानों के प्रति भी हम अनन्यतः आभारी हैं।

महाशिवरात्रि
७ मार्च, १९७८

—नन्दकुमार अवस्थी
प्रतिष्ठाता, भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ-३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ज्ञातव्य—मलयाळम भाषा के ५ विशिष्ट 'वर्ण'—ळ, ऴ, ट़ ऱ, ऩ, का उच्चारण इस प्रकार है:—'ळ' मूर्धन्य, जिह्वा को उलट कर जिह्वाग्र से 'ष' के स्थान पर तालु स्पर्श कर 'ल' का उच्चारण करने पर प्रकट होता है। 'ऴ' मूर्धन्य, जिह्वा उलटकर जिह्वाग्र से 'ष' के स्थान पर तालु स्पर्शकर 'र' का उच्चारण करने पर 'ऴ' के समान ध्वनि उत्पन्न करता है। 'ऱ' यह मूर्धन्य वर्ण हिन्दी 'र' की अपेक्षा जिह्वा को कुछ अधिक उलटकर जिह्वाग्र से अधिक स्फुरण करते हुए, अन्यथा 'ऱ' के बजाय 'ऴ' जैसा सुनाई देगा। 'ट़' हिन्दी 'ट' के समीप है। जीभ को वर्त्स्य पर एक क्षण चिपकाकर तुरन्त हटा लेना चाहिए 'That' के अंतिम 'टी' के उच्चारण के सदृश। 'ऩ' का उच्चारण जिह्वाग्र को दोनों दन्तावलियों के बीच में मुँह के भीतर ही रखकर; इस दन्त्य वर्ण से मिलता-जुलता देवनागरी का 'न', 'न' की अपेक्षा जीभ को ज़रा ऊपर रखकर स्पर्श किया जाता है।

मलयालम-देवनागरी वर्णमाला

അ अ	ആ आ	ഇ इ	ഈ ई	ഉ उ
क	का	कि	की	कु
ഊ ऊ	ഋ ऋ	ൠ ॠ	ഌ ऌ	ൡ ॡ
कू	कृ	कॄ		
എ ऎ	ഏ ए	ഐ ऐ	ഒ ऒ	ഓ ओ
कॆ	के	कै	कॊ	को
	ഔ औ	അം अं	അഃ अः	
	कौ	कं	कः	
ക क	ഖ ख	ഗ ग	ഘ घ	ങ ङ
ച च	ഛ छ	ജ ज	ഝ झ	ഞ ञ
ട ट	ഠ ठ	ഡ ड	ഢ ढ	ണ ण
ത त	ഥ थ	ദ द	ധ ध	ന न ऩ
പ प	ഫ फ	ബ ब	ഭ भ	മ म
യ य	ര र	ല ल	വ व	ശ श
ഷ ष	സ स	ഹ ह	ള ळ	ക്ഷ क्ष
	ഴ ऴ,ऴ	റ ऱ,र	റ്റ ट़	

मलयाळम में ए और ओ की मात्राएँ ह्रस्व और दीर्घ दो प्रकार की होती हैं। इनमें ह्रस्व के लिए ॆ और ॊ देवनागरी में क्रमशः प्रयुक्त हैं। ह्रस्व ऐकार और ओकार के लिए ॆ ॊ—ये चिह्न आचार्य विनोबा भावे, अ० भा० विक्रम परिषद, अ० भा० काशिराजन्यास और भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ द्वारा प्रयोग में लाये जा रहे हैं। ये लेखन-मुद्रण में सरल और सुन्दर हैं। उदाहरण—जेंहिं' और 'जेठ' एवं 'घोड़दौड़' और 'घोड़ा'। देवनागरी लिपि में मलयाळम के उकारांत शब्दों के ऊपर किन्हीं अवसरों पर चन्द्र ँ भी लगा देते हैं। उच्चारण उकार नहीं वरन् असम्पूर्ण ह्रस्व 'अकार' जैसा होता है। जैसे 'वलियतुँ' के 'त' को विस्तार से न पढ़ें। मलयाळम शब्द का अन्तिम सस्वर अकाराक्षर हिन्दी की भाँति हलन्त नहीं बोला जायगा। यथा 'राम' को Rama पढ़ें, न कि हिन्दी के अनुकरण पर 'राम्'।

—नन्दकुमारअवस्थी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अभिमत

हिन्दी का अपना रामकथा-साहित्य बहुत ही समृद्ध है और लोक-प्रियता में तुलसीदास जी के रामचरित-मानस की समानता भारत की दूसरी भाषाओं में किसी पुस्तक को शायद ही मिली हो। तथापि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है और भारत की विभिन्न भाषाओं में जितनी महत्त्व-पूर्ण रचनाएँ हैं उन सब का परिचय हिन्दी के माध्यम से सुलभ होना चाहिए, इस दृष्टि से दूसरी भाषाओं के राम-कथा-साहित्य का हिन्दी में अनुवाद होना उचित एवं आवश्यक है। राम-कथा साहित्य के, चाहे वह जिस किसी भाषा में हो, मूल में वाल्मीकि का आदिकाव्य ही है, लेकिन परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं की विभिन्नता के कारण प्रत्येक प्रान्त के राम-कथा-साहित्य में कथा और प्रतिपादन की अपनी निजी सविशेषता आई है, और राम-कथा-साहित्य के ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक अध्ययन करने के लिए इन विभिन्नताओं का ज्ञान अनुपेक्षणीय है। प्रान्तीय भाषाओं की रामायणों का हिन्दी अनुवाद इस कारण से भी विशेष महत्त्व रखता है।

यद्यपि गीतिकाव्य, चम्पूकाव्य, गीति नाट्य (कथाकलि और तुल्लक), महाकाव्य, खण्डकाव्य, नाटक आदि के रूप में राम-कथा केरल में बहुत ही लोकप्रिय रही है और इसकी परम्परा चौदहवीं सदी ई० से आज तक बराबर चलती आई है, तथापि अध्यात्म रामायण के एळुत्तच्छन् द्वारा किये गये अनुवाद का जितना व्यापक प्रचार यहाँ हुआ उतना प्रचार और किसी रचना को प्राप्त नहीं हुआ। सोलहवीं सदी ई० में किया गया यह अनुवाद तब से अब तक केरल की सर्वोत्तम धर्म-संहिता ही नहीं, बल्कि यहाँ का सर्वादृत काव्यग्रन्थ भी रहा और आज भी प्रतिवर्ष कम से कम एकबार इस ग्रन्थ का पाठ प्रायः सारे हिन्दू-घरों में होता ही रहता है। आधुनिक मलयाळम की काव्य-भाषा की शुरूआत भी इसी रामायण से मानी जाती है।

देवनागरी हमारी राष्ट्रलिपि है, और भारत की सभी भाषाओं की उत्कृष्टतम रचनाओं का इस लिपि में मुद्रण होना वांछनीय है। मलयाळम की इस सर्वोत्तम एवं सर्वादृत सुरचना का नागरी लिपि में मुद्रण और हिन्दी में अनुवाद प्रस्तुत करके डॉ० एन० पी० कुट्टन पिल्लै महाशय ने न केवल मलयाळम और हिन्दी की अद्वितीय सेवा की है, बल्कि भारत की रागात्मक एकता की नींव सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं हृदय से डॉ० पिल्लै का अभिनन्दन करता हूँ। मेरी आशा है कि केरलेतर प्रान्तों के हिन्दी जाननेवाले सहृदय इस प्रकाशन का पूरा लाभ उठायेंगे, और हिन्दी के राम-कथा-साहित्य को यह एक अनुपम देन साबित होगा।

एन० वी० कृष्ण वारियर
एम० ए०, एम लिट्
(भूतपूर्व निदेशक, भाषा संस्थान; भूतपूर्व सम्पादक 'युग प्रभात')

तिरुवनन्तपुरम्,
१ दिसम्बर, १९७७

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अनुवादक का वक्तव्य

तुंचत्तु रामानुजन् एळुत्तच्छन् कृत अध्यात्म रामायण मलयाळम साहित्य में एक युगांतरकारी रचना है और केरलीय जनता में इसका वही स्थान है, जो कि उत्तरभारतीय जनता में तुलसीकृत रामचरित-मानस का है।

इस पावन ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद सहित नागरी लिप्यन्तरण प्रस्तुत करते हुए मैं असीम आनन्द एवं आत्मतोष का अनुभव कर रहा हूँ।

मेरे मन में इस पुनीत ग्रन्थ का अनुवाद करने की साध थी, किन्तु साधनाभाव के कारण मेरी साध कार्य-रूप में परिणत नहीं हो पा रही थी। तभी दैवयोग से सन् १९७५ के जनवरी मास में नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन द्वारा 'भुवनवाणी ट्रस्ट' लखनऊ, के मुख्यन्यासी सभापति और भारत की भावात्मक एकता के प्रतीक एवं मौन साधक श्री नन्दकुमार अवस्थी जी के सम्मानित किये जाने के सुअवसर पर उनसे मेरा साक्षात्कार हुआ था और उनके अथक परिश्रम से ट्रस्ट द्वारा संपन्न होनेवाले भाषायी सेतुकरण के कार्यों से किंचित् अवगत होने का सुअवसर प्राप्त किया था। उन दिनों ट्रस्ट एळुत्तच्छन् कृत मलयाळम महाभारत के सानुवाद लिप्यन्तरण के प्रकाशन में लगा हुआ था और उक्त कार्य निकट भविष्य में सम्पूर्ण होने को था। अतः मैंने श्रद्धेय अवस्थी जी के सामने मलयाळम अध्यात्म रामायण का लिप्यन्तरण एवं अनुवाद प्रस्तुत करने की अपनी अभिलाषा प्रकट की तो उन मनस्वी ने मुझे इस कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और उनके इस प्रोत्साहन के फलस्वरूप मैंने अध्यात्म रामायण के सानुवाद लिप्यन्तरण का कार्य चार-पाँच महीनों में पूरा कर दिया। मलयाळम अध्यात्म रामायण राम के राज्याभिषेक के साथ समाप्त होती है। अतः श्री अवस्थी जी का आग्रह था कि एळुत्तच्छन् कृत उत्तर रामायण, जो एक पृथक् ग्रन्थ के रूप में विरचित थी, का भी अनुवाद प्रस्तुत करूँ, ताकि संपूर्ण रामायण अपने समग्र रूप में एक ही जिल्द में विद्वज्जनों के हाथ आए। मेरे लिए यह एक और सुयोग था, जो मैंने सहर्ष स्वीकार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

किया। श्री नन्दकुमार अवस्थी जी तथा उनके सुपुत्र श्री विनयकुमार अवस्थी जी के उत्साह एवं निष्ठा के फलस्वरूप इस अल्प समय के भीतर 'उत्तर रामायण' सहित यह बृहत्ग्रन्थ 'अध्यात्म रामायण' देवनागरी लिपि में मूल एवं हिन्दी अनुवाद के साथ रामायण-प्रेमी श्रद्धालु महानुभावों के कर-कमलों में आ रहा है।

भुवन वाणी ट्रस्ट भारत की भावात्मक एकता एवं भाषाई समन्वय के क्षेत्र में स्तुत्य कार्य कर रहा है और इसका परम श्रेय श्री नन्दकुमार अवस्थी जी तथा श्री विनयकुमार अवस्थी जी के कर्मठ व्यक्तित्व को प्राप्त होता है। सत्य तो यह है कि इस प्रकार के कार्य की देश में बुनियाद ही श्री अवस्थी जी ने डाली है; और अब तो विशाल कार्य प्रस्तुत कर चुके हैं। इस बीच श्री अवस्थी जी के उदार एवं आत्मीय आतिथ्य में ट्रस्ट द्वारा संपन्न होनेवाले विस्तृत कार्यों को निकट से देखने का भी मुझे सुअवसर मिला। सीमित साधनों के बावजूद भी, समस्त भाषाओं के सद्साहित्य के सानुवाद लिप्यन्तरण के प्रकाशन एवं प्रचार का कार्य ट्रस्ट ने अपने ज़िम्मे ले लिया, यह देख मैं विस्मित हूँ, और मेरे परमहितैषी एवं निष्ठावान् श्री नन्दकुमार अवस्थी जी तथा श्री विनयकुमार अवस्थी जी के तपःपूत व्यक्तित्व के सामने मैं श्रद्धावनत हूँ।

मलयाळम तथा हिन्दी के शीर्षस्थ लेखक और मेरे आचार्य डा० चन्द्रशेखरन् नायर ने एक विस्तृत भूमिका लिखकर इस ग्रन्थ की उपादेयता बढ़ाने का सौमनस्य दिखाया। वैसे ही मलयाळम तथा हिन्दी के मूर्धन्य विद्वान् तथा मलयाळम के यशस्वी कवि श्री एन० वी० कृष्ण वारियर, एम० ए०; एम० लिट्० (भाषा संस्थान के भूतपूर्व निदेशक एवं पाक्षिक 'युगप्रभात' के भूतपूर्व सम्पादक) ने मेरे अनुवाद का अधिकांश भाग पढ़कर अपनी अमूल्य सम्मति लिख भेजने की अनुकम्पा दर्शायी है, अतः इन दोनों सहृदयों के प्रति मैं अपनी कृतज्ञता यहाँ व्यक्त करना आवश्यक समझता हूँ। मैं अपने गुरुवर श्रद्धेय डा० श्रीराम शर्मा तथा आत्मीय डा० भीमसेन निर्मल और श्री पी० आर० भास्करन नायर एम० ए० का भी आभारी हूँ जो मेरी साहित्य-साधना के क्षणों में सदा प्रेरणास्रोत बनते आ रहे हैं।

रामायणानुरागी सहृदयों को मलयाळम अध्यात्म रामायण तथा उत्तर रामायण का सारस्य समझने में अगर यह अनुवाद किसी सीमा तक सहायक सिद्ध हुआ तो मैं अपने इस विनीत प्रयास को सार्थक मानूंगा।

वसंतपञ्चमी
१२-२-१९७८

—डा० एन० पी० कुट्टन् पिल्लै

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भूमिका

हिन्दी में रामचरितमानस का जो महान स्थान है वही मलयाळम में एळुत्तच्छन् की रचना अध्यात्मरामायण का है। मानस का पठन-पारायण समग्र हिन्दीभाषी क्षेत्रों में होता है। इस प्रकार अध्यात्मरामायण का यथायोग्य पारायण केरल भर में होता है; क्योंकि, यही इस केरल प्रदेश का सर्वाधिक आदरणीय धार्मिक ग्रंथ अथवा लोक-साहित्य है। 'रामकथा साहित्य में भरत' संज्ञक एक लेख में फ़ादर कामिल बुल्के का अभिमत है कि 'हिन्दी पाठकों के लिए रामकथा-साहित्य की असंख्य रचनाओं में से दो ही सर्वाधिक महत्व रखती हैं—'वाल्मीकि रामायण तथा रामचरितमानस'। फ़ादर बुल्के ने 'अध्यात्म रामायण' को उक्त दोनों रचनाओं की कोटि में स्थान नहीं दिया है। उन्होंने अपने लेख में भरत की महत्ता को उजागर कर दिया है। वाल्मीकि एवं तुलसी ने भरत को क्रमशः अकलंक भ्रातृ-वत्सल तथा आदर्श रामभक्त के रूप में प्रस्तुत किया है। उसी प्रकार अध्यात्म रामायण भी एक ऐसी रचना है, जिसमें भरत का चरित्र अनन्य भ्रातृ-प्रेम एवं सच्चे सेवक के रूप में चित्रित हुआ है। अध्यात्म रामायण ने राम को विष्णु के पूर्णावतार रूप में माना है और राम के तीनों भाइयों को भी उनके अंशावतार रूप में—जैसे, लक्ष्मण को शेषनाग के, भरत को पांचजन्य शंख के, और शत्रुघ्न को सुदर्शनचक्र के रूप में।

भारतीय संस्कृति के मूल स्रोत में रामायण-कथा का उत्स सर्वाधिक प्रेरक सिद्ध हुआ है और असंख्य सहस्राब्दियों से उसका परिवेश दिगन्तव्यापी हो चुका है। आदि-कवि वाल्मीकि ने सर्वप्रथम एक उत्तम काव्य-संरचना तैयार की, ऐसा माना जाता है। अध्यात्म रामायण का आख्यान तो ब्रह्मांड पुराण में उत्तरखंड के अन्तर्गत है। अध्यात्म तत्व की सुरुचिपूर्ण विवेचना की अधिकता से इसे अध्यात्म-रामायण का अभिनाम प्राप्त है। वाल्मीकि और तुलसी का भी मूलभूत लक्ष्य 'महच्चरित के द्वारा धर्मोपदेश' करना था। मानस की भक्ति, धर्म के पर्याय रूप में प्रकट हुई। पर वाल्मीकि रामायण में यथार्थ को अधिक प्रश्रय दिये जाने के कारण रामचरित्र में अन्तर स्थापित हुआ। वाल्मीकि से लेकर रामचरितमानस के काल तक भारतीय संस्कृति और साहित्यिक चेतना में अनेक प्रकार की उद्भावनाएँ आ लगी हैं। रामकथा के अनेक स्वरूप प्रत्यक्ष हो गये। अनेक देशीय संस्कृतियों का प्रेरणास्रोत बनकर रामकथा का स्थाइत्व हो चुका। तुलसी के उन्हीं रामचन्द्र ने अपने एक राज्य की स्थापना भी की, जिसे राम-राज्य का अभिनाम प्राप्त हुआ। राम-राज्य की स्थापना कराते हुए मानसकार स्वयं कृतकार्य हो गये होंगे। कथा के मूल सूत्र एवं घटनाओं तथा वर्णनों के लिए मानसकार ने, वाल्मीकि के अलावा, अध्यात्म-रामायण से ही सर्वाधिक अवलंब लिया है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाल्मीकि रामायण एवं अध्यात्म रामायण के वर्णनों तथा अभिव्यंजना-शैली से भिन्न रूप जो प्रादेशिक रामकथाओं में सर्वत्र मिलता है वह स्थानीय संस्कृति-विशेष का द्योतक है। मूल के वस्तु-परक वर्णनों के स्थान पर प्रादेशिक रामकथाओं में काल्पनिकता का महत्व अधिक मात्रा में प्राप्त होता है। एऴुत्तच्छन् के रामायण-अनुवाद के पूर्व मलयाळम में रामचरित, कण्णश रामायण, भाषा रामायण चम्पु आदि जो रामकथाएँ रची गयी हैं उनमें भी काव्यात्मक कल्पना की प्रचुरता है। इनमें तमिळ के कम्ब-रामायण के आशयों एवं वर्णनों का अवलम्ब लिया हुआ है। उपर्युक्त रामायणों का मूल तो वाल्मीकि रामायण है। यदा-कदा मूल से आगे बढ़कर इनके रचनाकारों ने ऐसे चित्रण किये हैं, जो स्वाभाविकता, मधुरता एवं संस्कृति की दृष्टि से सुरुचिपूर्ण हैं।

अध्यात्म रामायण मूल को जहाँ साहित्यिक महत्व का प्रश्रय नहीं प्राप्त हुआ, वहाँ एऴुत्तच्छन् का अनुवाद अत्यन्त सुन्दर साहित्यिक रचना है। वाल्मीकि रामायण में मूल्य-बोध की ओर जो विशेष ध्यान दिया गया है वह भारतीय संस्कृति के आयाम को दृष्टि में रखकर है। आदिकाव्य होकर भी काव्य-भंगिमा एवं गरिमा में वह सर्वोत्कृष्ट रचना है। उसमें चित्रित सत्योक्तियाँ काल एवं देश की सीमा के परे की हैं। जीवन को परमोच्च स्थिति में पहुँचा देने का भारतीय संकल्प उसमें यत्र-तत्र-सर्वत्र फैला पड़ा हुआ है। यथा—

"भरत कौसल्या माता से कहते हैं कि राम को वन भेज देने में मेरा कोई हाथ नहीं है। यदि इसमें मैं अपराधी हूँ, तो मुझे गाय के मारने का पाप मिले, अथवा परस्त्री को बुरी आँखों से देखने का पाप लगे। दो व्यक्तियों को आपस में लड़ते हुए देखकर बीच-बचाव न करके खड़े रहनेवाले को जो पाप लगे वह मुझे लगे।" कहने की आवश्यकता नहीं, कि पाप की यह कल्पना ऐसे एक सुसभ्य समाज के लिए इंगित की जा सकती है, जो अपनी सर्वोत्कृष्ट संस्कृति के कारण गौरवान्वित हो। भारतीय संस्कृति का मूल इतनी गहराई तक गया हुआ है कि हज़ारों वर्ष पहले भी मानवता की चरम उत्कर्ष-कामना उसकी पवित्र नीति रही थी। आज भी भूनिवासियों के बीच भारत ही एक ऐसा देश है, जो शक्तिशाली राष्ट्रों की संघर्षात्मक नीति में समझौता ला सकता है। संघर्ष के स्थान पर सौमनस्य एवं भ्रातृत्व की मनःस्थित पैदा कर सकता है।

नैतिक विचारों एवं जीवन-मूल्यों की स्थापना में अध्यात्म-रामायण ने महत्वपूर्ण काम किया है। एऴुत्तच्छन् ने उस परिवेश को व्यापक कर देने में कोई कसर नहीं उठा रखी। एऴुत्तच्छन् स्वयं भक्त कवि थे, साथ ही काव्य-सौन्दर्य का संस्पर्श उन्हें प्राप्त था। सूक्ष्म मनोविकारों की अभिव्यक्ति में वे बेजोड़ थे। सन्दर्भ की मर्यादा एवं गुरुता का बड़ी गम्भीरता के साथ उन्होंने निर्वहण किया है। मूल में जहाँ-जहाँ काव्य-भंगिमा के लिए अवसर पाया वहाँ-वहाँ उन्होंने काव्यात्मक अनुभूतियों और उक्तियों से रचना को सुमधुर बनाया है। किन्तु कहीं-कहीं मूल ग्रंथ के कतिपय श्लोकों को उन्होंने पूर्णतः छोड़ भी दिया है। उदाहरण के लिए अध्यात्म रामायण मूल बालकाण्ड के ६।३,४ में गंगा-तट पर मल्लाह की उक्ति को ले सकते हैं।

रामचरण की पवित्र धूलि से नौका भी स्त्री बनेगी, इसलिए पादप्रक्षालन करने की अभ्यर्थना मल्लाह ने जो की है वह आस्वादकों की दृष्टि में मधुर सन्दर्भ माना जाता है। तुलसीदास जी ने भी वही उल्लेख अयोध्याकाण्ड में, निषाद के सन्दर्भ में किया है।यथा—

चरण कमल रज कहुँ सबु कहई। मानुष करनि मूरि कछु अहई।
छुअत सिला भइ नारि सुहाई। पाहन तें न काठ कठिनाई॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तरनिउ मुनिघरिनी होइ जाई। बाट परइ मोरि नाव उड़ाई।
एहिं प्रतिपालउँ सबु परिवारू। नहिं जानउँ कछु अउर कबारु।।
[रा.च.मा. अयो. का.]

लेकिन एऴुत्तच्छन् ने अध्यात्म मूलकी इस परिहासोक्ति को प्रकट नहीं किया। इसी प्रकार वाल्मीकि रामायण में भी राम शीघ्र गंगा पारकर जाने में उतावले होते हैं, क्योंकि तब उनका 'जनपदवाले वन में वास उचित नहीं मालूम पड़ा था। वनस्थ आश्रम में वास योग्य लगा था।' इसलिए, राम लक्ष्मण को आज्ञा देते हैं "नरव्याघ्र लक्ष्मण ! इस घड़ी नौका को पकड़कर पहले धीरे से मनस्विनी सीता को उस पर सवार कराओ और फिर आप सवार होओ"।

आरोहत्वं नरव्याघ्र स्थितां नावमिमां शनैः
सीतां चारोपयान्वक्षं परिगृह्य मनस्विनीम्।। बा० रामायण

श्रृंगारवर्णन के अपेक्षित सन्दर्भों का भी निर्वहण एऴुत्तच्छन् ने बड़ी खूबी से किया है। अहल्या-प्रकरण का मूल में वर्णन यों है--"देवराज इन्द्र अहल्या के रूप-लावण्य पर मुग्ध होकर नित्यप्रति उसके साथ रमण करने का अवसर देखने लगे" (अ०बा० ५।२१)

एऴुत्तच्छन् की रूपवती अहल्या को देखिए--

"विश्वमोहिनी अहल्या के रूप-सौन्दर्य को देखकर दुश्च्यवन (इन्द्र) भी कुसुमायुध के वश में पड़ गये। नव दाडिम तुल्य अधरों, गेंद के सदृश्य उरोजों, सुन्दर एवं मधुर जघनों का आस्वादन करने का कौन सा उपाय है, यह सोचते हुए शतमख (इन्द्र) कमलबाण से विंधकर और उसकी पीड़ा के वशीभूत होकर सुन्दरी के रूप का सतत ध्यान करते हुए कामान्ध होकर समय बिताने लगे।"

हाँ, अध्यात्म रामायण मूल अपने वर्णन एवं प्रतिपादन में अध्यात्म सम्बन्धी इतिहास कथा है। लेकिन, एऴुत्तच्छन् का अनुवाद आध्यात्मिक चेतना से युक्त एक सुन्दर एवं मनोज्ञ काव्य है। स्वयं सिद्धकवि होने के कारण शुष्क सन्दर्भों को सरस एवं आकर्षक बनाने का कर्तृत्व अनुवाद के धर्मों को मानते हुए उन्होंने अपना लिया है।

संस्कृत शब्दों का जहाँ अधिक महत्व प्रकट होता है, वहाँ एऴुत्तच्छन् यथासाध्य उन शब्दों से काम बना लेते हैं। मूलपाठः—

अगणित गुणमप्रमेयमाद्यम् सकल जगस्थिति संयममादिहेतुम्।
उपरमपरं परात्मभूतं सततमहं प्रणतोऽस्मि रामचन्द्रम्।[अ.रा.अर. ८।४४,]

अनुवाद [जटायु स्तुति]—
अगण्य गुणमाद्यमव्ययमप्रमेयमखिल जगत्सृष्टि स्थिति संहारमूलम्
परमं परापर परमानन्दं परात्मानं वरदमहं प्रणतोस्मि सन्ततं रामम्।

जैसे महाकवि एवं साहित्य के मूर्धन्य इतिहासकार उल्लूर परमेश्वर अय्यर का कथन है कि "एऴुत्तच्छन् ने मूल रचना के ऐसे अंशों को, जो गुण-पुष्कल हैं, कभी नहीं छोडा है। और शुष्क अंशों को छोड़ भी दिया है। अपेक्षा पड़ने पर वाल्मीकि रामायण, रघुवंश, भोजचम्पु, भाषारामायण, कण्णश रामायण आदि पूर्व-काव्यों से आश्रय स्वीकार कर लिया है। कभी-कभी अपने कल्पना-सिन्धु से यथेष्ट रत्नों को जोड़ दिया है। भक्ति-द्योतन में कहीं व्याघात नहीं पड़ने दिया है। वीर, करुण, श्रृंगार आदि रसों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पर पूरा ध्यान रखा है। फलतः एळुत्तच्छन् का अध्यात्म-रामायण एक स्वतंत्र मौलिक रचना ही है।"

प्रस्तुत हिन्दी अनुवाद प्रसिद्ध मलयाळम-भाषी हिन्दी लेखक डॉ० एन० पी० कुट्टन पिल्लै जी का किया हुआ है। एळुत्तच्छन् के अध्यात्म रामायण का हिन्दी अनुवाद एक ऐतिहासिक अपेक्षा का परिणाम है। उत्तर और दक्खिन के बीच साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सेतु-बंधन का कार्य अब ठोस गति से चल रहा है। लेकिन अभी तक इस प्रकार का महत्वपूर्ण रचना-निर्माण का प्रयत्न मलयाळम-भाषी हिन्दी लेखकों द्वारा बिरले ही हुआ है। अध्यात्म रामायण जैसी रचनाओं का अनुवाद करना किसी भी प्राज्ञ लेखक के लिए सुगम कार्य नहीं है। इसके लिए सतत साधना, निष्ठा एवं प्रतिभा की अपेक्षा है। डॉ० कुट्टन पिल्लै अध्यवसायी, कर्मठ एवं प्रतिभा-धनी लेखक हैं। महत्कार्यों के निर्वहण में वे विशेष तत्पर हैं। हिन्दी में आलोचना साहित्य की दिशा को डॉ० पिल्लै जी का योगदान अत्यंत प्रशंसनीय है। उनकी प्रकाशित रचनाओं की अमूल्य सम्पदा पर हम केरल के लेखकों को गर्वानुभूति है।

प्रस्तुत अनुवाद में लेखक ने एळुत्तच्छन् की उदात्त कल्पना एवं भावों की सुरक्षा की है। अध्यात्म-परक भावों की अभिव्यक्ति के लिए उचित एवं गंभीर भाषा एवं शैली की जरूरत है। इस ग्रंथ के लेखक की हिन्दी-शैली एवं भाषा सशक्त तथा अयत्न-ललित है। डॉ० कुट्टन पिल्लै की प्रतिपादन शैली गंभीर भावों को भी सुज्ञेय बना देती है। मूल रचना काव्य में है और अनुवाद गद्य में किया गया है। मुझे लगता है कि इस अनुवाद का गद्य, काव्य के बहुत निकट रहता है और वह बहुत ही रोचक हो गया है। एळुत्तच्छन् के अध्यात्म रामायण के साठ प्रतिशत शब्द संस्कृत के हैं। इसलिए, अनुवाद के साथ मूल का देवनागरी लिप्यंतरण जो दिया गया है वह भी काव्य के मूल भावों और उसके मर्मों को पकड़ लेने में सहायक है। आज समूचे भारतीय भाषा-वाङ्मय को आपस में जानने-मानने का समय उपस्थित हो गया है। भारतीय भाषाओं की शब्द-संपत्ति अधिकांशतः संस्कृत की है। इसलिए भारतीय भाषाओं के लिए एक सामान्य लिपि के रूप में देवनागरी को अपनाना कई दृष्टियों से हितकर होगा। सम्पूर्ण भारतवर्ष में भावात्मक एकता का इतना सशक्त माध्यम अपनाने का डॉ० कुट्टन पिल्लै जी का यह प्रयत्न अतीव उदात्त तथा सफल निकला है।

डॉ पिल्लै से मुझे विदित हुआ है कि लखनऊ के श्री नन्दकुमार अवस्थी और उनके द्वारा स्थापित भुवन वाणी ट्रस्ट ने नागरी लिपि में सानुवाद लिप्यन्तरण का समीचीन कार्य बहुत पहले से ले रखा है; और उनके द्वारा भारत में व्यवहृत सभी भाषाओं के विशाल ग्रन्थों का सानुवाद लिप्यन्तरण बड़े पैमाने पर हो चुका है। सांस्कृतिक समन्वय और भाषाई सेतुकरण की दृष्टि से यह कार्य देश में अनूठा है। इस प्रकार के कठिन प्रयत्न का महान् कार्य करके श्री अवस्थी तथा भुवन वाणी ट्रस्ट अवश्यमेव अभिनन्दन एवं साधुवाद के पात्र बने हैं। डॉ० पिल्लै के कथन से मालूम हुआ कि भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ, अेळुत्तच्छन् कृत मलयालम महाभारत का सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण पहले ही प्रकाशित कर चुका है। मेरी शुभकामना है कि अध्यात्म रामायण और उत्तर रामायण का यह गद्यानुवाद हिन्दी जगत में ही नहीं, अपितु भारतीय भाषाओं के विशाल क्षेत्र में भी समादृत एवं प्रशंसित हो जायगा।

डॉ० एन० चन्द्रशेखरन् नायर
प्रोफ़ेसर तथा अध्यक्ष, हिन्दी विभाग,
महात्मा गान्धी कालेज,

तिरुवनन्तपुरम्—केरल
२०-२-१९७७

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विषयानुक्रमणिका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उत्तर रामायण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कवि तुञ्चत्तुं एऴुत्तच्छन्टे

अध्यात्म रामायणम्

किळिप्पाट्टु

बालकाण्डम्

हरिः श्री गणपतये नमः

अविघ्नमस्तु

श्रीराम ! राम ! राम ! श्रीरामचन्द्र ! जय श्रीराम ! राम ! राम ! श्रीरामभद्र ! जय । श्रीराम ! राम ! राम ! सीताभिराम ! राम ! श्रीराम ! राम ! राम ! लोकाभिराम ! जय । श्रीराम ! राम ! राम ! रावणान्तक राम ! श्रीराम ! मम हृदिरमतां राम ! राम । श्रीराघवात्माराम ! श्रीराम !

हिन्दी अनुवाद

कवि तुञ्चत्त् एऴुत्तच्छन् कृत श्री अध्यात्मरामायण

।। श्री हरिः गणपतये नमः ।।

शुकी-गीत[1]

श्रीराम ! राम ! राम ! श्रीरामचन्द्र ! जय हो । राम ! राम ! श्रीरामभद्र ! (आपकी) जय हो । श्रीराम ! राम ! राम ! सीताभिराम ! राम ! श्रीराम ! राम ! राम ! राम ! लोकाभिराम ! (आपकी) जय । श्रीराम ! राम ! राम ! रावणान्तक राम ! हे श्रीराम ! मेरे हृदय में रमण करनेवाले राम ! राम ! श्रीराघवात्मा राम ! श्रीराम ! रमापति ! श्रीराम ! हे रमणीय मूर्त्ति !

---

१ 'पक्षिगीत' मलयाळम साहित्य का एक विशिष्ट काव्य-प्रकार है । इसमें कथा सुनाने वाली अथवा गानेवाली मादा पक्षी प्रायः एक शुकी (तोती) होती है । इस प्रकार के काव्य का उद्भव कवि एऴुत्तच्छन् से पहले ही हुआ होगा । उसके बाद भी अनेक पक्षिगीत (किळिप्पाट्टु की रचनाएँ) रचे गये व आज भी रचे जा रहे हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रमापते ! श्रीराम ! रमणीय विग्रह ! नमोस्तुते । नारायणायनमो नारायणायनमो नारायणायनमो नारायणायनमः । श्रीराम नामं पाटि वन्ऩ पैङ्किळिप्पेंण्णे ! श्रीरामचरितं नी चोल्लीटुमटियातें । शारिक प्पैतल् तानुं वन्दिच्चु वन्द्यन्मारें श्रीरामस्मृतियोटें पऱञ्ञु तुटङ्ङिनाळ्ः— कारणनाय गणनायकन् ब्रह्मात्मकन् कारुण्यमूर्त्ति शिवशक्ति संभवन् देवन् वारणमुखन् मम प्रारब्ध विघ्नङ्ङळे वारणंचेंय्तीटुवानावोळं वन्दिक्कुन्नेन् । वाणीटुकनारतमेंन्नुटे नावुतन्मेल् वाणिमातावे ! वर्णविग्रहे! देवात्मिके ! १० नाणमेंन्नियेमुदा नाविन्मेल् नटनञ्चेंय्केणाङ्ङानने यथा कानने दिगंबरन् । वारिजोत्भवमुखवारिजावासे ! बाले ! वारिधि तन्निल्त्तिरमाल कळेंन्नपोलें । भारती पदावलि तोन्ऩणं काले काले पारातें सलक्षणं मेन्मेल् मंगलशीले ! वृष्णिवंशत्तिल्वन्नु कृष्णनायिपिरन्नोरु विष्णुविश्वात्मा विशेषिच्चनुग्रहिक्कणं । विष्णुजोत्भवसुतनन्दनपुत्रन्व्यासन् विष्णुतान्तन्नेवन्नुपिऱन्ऩ तपोधनन् । विष्णुतन्मायागुण चरित्रमेंल्लां कण्ट कृष्णनां पुराणकर्त्ताविनें वणङ्ङुन्नेन् । ञान्मऱ्ऱेराय रामायणं चमय्कयाल् ञान्मुख-

---

(आपको) नमस्कार है । रामायणाय नमो नारायणाय नमो नारायणाय नमो नारायणाय नमः । (कवि शुकी से कहता है) श्रीराम का नाम स्मरण करती शुकी ! तू निस्संकोच भाव से श्रीरामचरित सुना दे । (कवि का आग्रह देखकर) शुकी ने सम्मान्य जन की वंदना की और श्रीराम जी का मन में ध्यान करते हुए कहने लगीः—(कवि कहता है) अपने प्रारब्ध एवं विघ्नों का नाश करनेवाले उन गणपति जी की मैं भूरि-भूरि वंदना करता हूँ, जो कारण-स्वरूप, गणों के अधिपति, ब्रह्मस्वरूप, करुणासागर, शिव तथा शक्ति के पुत्र और हाथी का सा मुखवाले हैं । हे सुन्दर स्वरूपिणी ! देवी ! वाणी-माता ! तुम निरंतर मेरी जिह्वा पर अधिवास करो । १० वारिजोद्भव (ब्रह्मा) के मुख-वारिज पर निवास करनेवाली (सरस्वती) चंद्रवदनी हे बालिके ! तुम निस्संकोच मेरी जिह्वा पर ऐसे नाचो जैसे कानन में दिगंबर (शिव) या वारिधि में तरंग मालिकाएँ नर्तन कर उठती हैं । हे मंगलशीले ! भारती की सलक्षण पदावली समय-समय पर उत्तरोतर निर्विघ्न मुझे सूझती रहे । विश्वात्म स्वरूप जिन भगवान विष्णु ने वृष्णि वंश में भगवान कृष्ण के रूप में अवतार लिया था, मैं उनका विशेष अनुग्रह चाहता हूँ । पुराणकर्ता कृष्ण के नाम से प्रसिद्ध उन तपोधन व्यास को मैं प्रणाम करता हूँ, जो विष्णुजोद्भव (ब्रह्मा) की पुत्री

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तुळ्ळिल् बहुमानत्ते वळर्त्तोरुवाल्मीकि कवि श्रेष्ठनाकिय महामुनि तान् ममवरं तरिकेंप्पोळ्ळु वन्दिक्कुन्नेन् । रामनामत्तेस्सदाकालवुं जपिच्चीटुं कामनाशननुमावल्लभन् महेश्वरन् महादेवन् परमेश्वरन् सर्वेश्वरन् मामकेमनसि वाणीटुवान् वन्दिक्कुन्नेन् । २० वारिजोत्भवनादियाकिय देवन्मारुं नारद प्रमुखन्माराकिय मुनिकळ्ळुं वारिजशराराति प्राणनाथयुं मम वारिजमकळाय देवियुं तुणय्कणं । कारणभूतन्मारां ब्राह्मणरुटे चरणारुणांबुजलीन पांसुसंचयं मम चेतोदर्पणत्तिन्टे मालिन्यमेल्लां तीर्त्तु शोधनचेय्तीटुवानावोळं वन्दिक्कुन्नेन् । आधारं नानाजगन्मयनां भगवानुं वेदमेन्नल्लो गुरुनाथन् तानरुळ् चेय्तु वेदतन्नाधारभूतन्मारिक्काणायोरु भूदेवप्रवरन्मार्; तद्वरशापादिकळ् । धातृ शंकर विष्णु प्रवरन्मार्कुं मतं; वेदज्ञोत्तमन्मार् माहात्म्यङ्ङळाक्कुं चोल्लां ? पाद सेवकनाय भक्तनांदासन् ब्रह्मपादजनज्ञानिनामाद्यनायुळ्ळोरु ञान् वेद सम्मितमाय् मुम्पुळ्ळ श्रीरामायणं बोधहीनन्मार्क्कॅ- ऱियांवण्णं चोल्लीटुन्नेन् । वेदवेदांग वेदान्तादि विद्यकळेल्लां

के पुत्र के पुत्र (पौत्र) हैं, जो स्वयं विष्णु के अवतार स्वरूप हैं तथा जिन्होंने विष्णु के मायात्मक गुणों से प्रेरित चरित को स्वयं देखा है, मैं उन कवि श्रेष्ठ एवं महामुनि वाल्मीकि को वरदानार्थ प्रणाम करता हूँ, जो चारों वेदों के समान (महत्वपूर्ण) रामायण की रचना करके चतुरानन (ब्रह्मा) के आदरपात्र बने हैं। राम नाम का सदा ही अनुस्मरण करनेवाले उमापति (शिव) जो कामदेव के शत्रु, महादेव, महेश्वर, परमेश्वर एवं सर्वेश्वर हैं, सदा मेरे मन में विराजमान हों, इसके लिए मैं उनको प्रणाम करता हूँ। २० वारिजोद्भव (ब्रह्मा) जैसे देव, नारद सरीखे मुनिवर, कामदेव के शत्रु की प्रिया (पार्वती) तथा वारिजतनया (लक्ष्मी) मुझे अनुगृहीत करें। मैं उन कारणभूत ब्राह्मणों को प्रणाम करता हूँ जिनके चरणांबुज का स्वेद जल मेरे मन रूपी दर्पण में लगा हुआ कल्मष दूर कर उसे स्वच्छ बना सकता है। गुरुप्रवर ने समझाया था कि जगन्मय भगवान (संबंधी तत्वज्ञान) के लिए आधार वेद हैं और उन वेदों के लिए आधार ये भूदेव प्रवर (ब्राह्मण श्रेष्ठ) हैं; जिनके अभिशाप एवं वरदान ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश्वर तक को मान्य हैं। ऐसे उत्तम वेदज्ञों की महत्ता का गुणगान कौन कर पायेगा ! (वेदज्ञों का) चरणसेवक, भक्तों का दास तथा ब्रह्मपाद की सेवा करते रहनेवाले अज्ञानियों में अग्रगण्य मैं वेदोपम प्राचीन (काल से चली आती हुई) रामायण का बुद्धिहीन जनों के बोधार्थ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चेतसि तॆळिञ्ञुणर्न्नीवोळं तुणक्कणं । ३० सुरसंहतिपति तदनु स्वाहापति वरदन् पितृपति निर्यति जलपति तरसा सदागति सदयं निधिपति करुणानिधि पशुपति नक्षत्रपति सुरवाहिनीपति तनयन् गणपति सुरवाहिनीपति प्रमथ भूतपति श्रुतिवाक्यात्मा दिनपति खेटानांपति जगति चराचर जातिकळायुळ्ळोरुं अगतियायोरटियन्ननुग्रहिक्केणमकमे ञाननिशं वन्दिक्कुन्नेन् । अग्रजन् ममसतां विदुषामग्रेसरन् मद्गुरुनाथननेकान्तेवासिकळोटुं उळ्कुरुन्निङ्कल् वाळ्क रामनामाचार्यनुं मुख्यन्माराय गुरुभूतन्मार् मट्टुळ्ळोरुं । श्रीरामायणं पुराविरिञ्च विरचितं नूरु कोटि ग्रन्थमुण्टिल्लतु भूमितन्निल् रामनामत्तॆज्जपिच्चोरु काट्टाळन् मुन्नं मामुनि प्रवरनाय्वन्नतु कण्टु धाता भूमियिलुळ्ळ जन्तुक्कळ्क्कु मोक्षार्त्थमिनि श्री महारामायणं चमय्केन्नरुळ् चेय्तु ४० वीणापाणियुमुपदेशिच्चु रामायणं वाणियुं वाल्मीकितन् नाविन्मेल् वाणीटिनाळ् । वाणीटुकव्वण्णमॆन्नाविन्मेलेवं चोल्-वान् नाणमाकुन्नु तानुमतिनॆन्तावतिप्पोळ् । वेदशास्त्रङ्ङळ्-क्कधिकारियल्लॆन्नतोर्त्तु चेतसि सर्वं क्षमिच्चीटुविन् कृपयाले ।

गान करता हूँ । वेद, वेदांग, वेदान्त आदि सभी विद्याएँ मन में जागृत हो मेरा अनुग्रह करें । ३० — सुरसंहति पति (देव समूह का स्वामी इन्द्र) फिर स्वाहापति (अग्नि), वरदाता पितृपति (यमराज), निऋति (अष्ट-दिग्पालकों में एक), शक्ति स्वरूप सदागति (वायुदेव), दयालु निधिपति (कुबेर), करुणामूर्ति पशुपति (शिव), नक्षत्रपति (चन्द्र), सुरवाहिनीपति (शिव) के सुपुत्र गणपति, देवगंगा के नाथ भूतपति, श्रुतिवाक्य स्वरूप दिनपति (सूर्य), खेडापति, संसार के चराचर सबकी अनुकंपा पाने के लिए मैं (सबका) दास मन ही मन प्रार्थना करता हूँ । विद्वान् सज्जनों में अग्रेसर मेरे ज्येष्ठ भ्राता, अपने असंख्य अनुचरों सहित मेरे गुरुवर रामनाचार्य और दूसरे प्रमुख गुरुगण मेरे मानस में सदा वास करें । पुरातन काल में ब्रह्मा द्वारा सौ करोड़ पंक्तियों में विरचित रामायण आज भूमि पर अप्राप्य है । पूर्वकाल में राम नाम का जाप करते चण्डाल को मुनि श्रेष्ठ के रूप में परिवर्तित होते हुए देखकर ब्रह्मा जी ने भूतल के प्राणिवर्ग के मोक्षार्थ श्रीमहारामायण की रचना करने का वाल्मीकि को आदेश दिया । ४० वीणापाणि (सरस्वती) ने (वाल्मीकि को) रामायण का उपदेश किया और वाणी वाल्मीकि की जिह्वा पर जा विराजित हुई । किन्तु अपने को वेदशास्त्र का अनधिकारी समझकर वैसे ही अपनी जिह्वा पर भी विराजमान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अध्यात्म प्रदीपकमत्यन्तं रहस्यमितध्यात्मरामायणं मृत्युशासन प्रोक्तं अध्ययनं चेय्तीटुं मर्त्त्य जन्मिकळक्कॆल्लां मुक्ति सिद्धिक्कुम-संदिग्ध मिज्जन्मं कॊण्टे, भक्तिकैकॊण्टु केट्टुकोळ्ळुविन् चॊल्लीटुवनॆव्रयुं चुरुक्कि ञान् राममाहात्म्यमेल्लां। बुद्धिमत्तु-क्कळायोरिक्कथ केळ्कुन्नाकिल् बद्धराकिलुमुटन् मुक्तराय्वन्नु कूटुं। धात्रि भारत्तॆत्तीर्प्पान् ब्रह्मादि देवगणं प्रार्थिच्चु भक्तिपूर्वं स्तोत्रं चेय्ततुमूलं दुग्धाब्धिमद्ध्ये भोगिसत्तमनायीटुन्न मेत्तमेल् योगनिद्र चेय्तीटुं नारायणन् धात्रीमण्डलं तन्निल् मार्त्ताण्ड-कुलत्तिङ्कल् धात्रीन्द्रवीरन् दशरथनु तनयनाय्। ५० रात्रिचारि-कळाय रावणादिकळ् तम्मॆ मार्त्ताण्डात्मजपुरं प्रापिप्पिच्चोरु शेषं। आद्यमां ब्रह्मत्वं प्रापिच्च वेदान्त वाक्य वेद्यनां सीतापति श्रीपादं वन्दिक्कुन्नेन्। कैलासाचले सूर्यकोटि शोभितॆ विमलालये रत्नपीठे संविष्टं ध्याननिष्ठं फाललोचनं मुनिसिद्ध देवादि सेव्यं नील लोहितं निज भर्त्तारं विश्वेश्वरं वन्दिच्चु वामोत्संगे वाळुन्न भगवति सुन्दरि हैमवति चोदिच्चु भक्तियोटेः— ५५

होने के लिए (वाणी से) आग्रह करते हुए संकोच का अनुभव कर रहा हूँ। पर क्या करूँ! आप मेरी धृष्टता क्षमा करें। मृत्युशासन (ब्रह्मा) से प्रोक्त अत्यन्त रहस्यमय यह अध्यात्म रामायण अध्यात्म का प्रदीप है और जो समस्त मर्त्य इसका अध्ययन करेंगे वे निस्संदेह इसी जन्म में मुक्ति प्राप्त करेंगे। (यह समझकर) मैं अत्यन्त संक्षेप में राम माहात्म्य बता रहा हूँ, सब लोग भक्ति से इसका श्रवण करें। जो बुद्धिमान लोग यह कथा सुनेंगे, वे (माया से) आबद्ध होने पर भी मुक्त हो जाएँगे। ब्रह्मा आदि देवगणों ने धरित्री को भार मुक्त करने की (विष्णु से) प्रार्थना की तो क्षीरसागर में अनंत शय्या पर सानंद योगनिद्रा में तल्लीन नारायण पृथ्वी मंडल में मार्तण्ड कुल में महीपति (राजा) दशरथ के पुत्र के रूप में अवतीर्ण हुए। ५० —और निशाचर रावण आदि को मार्तण्डात्मजपुर (यमपुरी) में पहुँचा दिया। मैं (उन) वेदान्त वाक्यों से वेद्य आदि ब्रह्म सीतापति के श्रीचरणों पर प्रणाम करता हूँ। कैलास पर्वत पर करोड़ों सूर्यों से सुशोभित विमल आलय में रत्नपीठ पर ध्यानस्थ हो बैठे तथा सिद्धों, देवों से सेव्य अपने प्रिय भाललोचन एवं नीललोहित विश्वेश्वर की वंदना करते हुए वाम उत्संग (गोद) पर स्थित सुन्दरी भगवती हैमवती (हिमालय की पुत्री पार्वती) ने भक्तिपूर्वक पूछाः—५५

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उमा महेश्वर संवादम्

सर्वात्मावाय नाथ ! परमेश्वर ! पोट्टि ! सर्वलोकवास ! सर्वेश्वर ! महेश्वर ! शर्व ! शंकर ! शरणागतजनप्रिय ! सर्वदेवेश ! जगन्नायक ! कारुण्याब्धे ! अत्यन्तं रहस्यमां वस्तुवेन्निरिक्किलुमेत्रयुं महानुभावन्मारायुळ्ळ जनं भक्ति विश्वास शुश्रूषादिकळ् काणुंतोरुं भक्तन्मार्कुपदेशं चेय्तीटुमेन्नु केळ्प्पू। आकयाल् ञानुण्टोन्नु ति्न्तिरुवटितन्नोटाकांक्षा परवशचेतसा चोदिक्कुन्नु; कारुण्य मेन्नेक्कुरिच्चुण्टेङ्किलेनिक्किप्पोळ् श्रीराम देवतत्त्वमुपदेशिच्चीटणं। तत्त्वभेदङ्ङळ् विज्ञान ज्ञान वैराग्यादि भक्तिलक्षणं सांख्य योग भेदादिकळुं क्षेत्रोपवासफलं योगादि कर्मफलं तीर्थस्नानादिफलं दान धर्मादिफलं वर्णधर्म्मङ्ङळ् पुनराश्रम धर्म्मङ्ङळुमेन्निवयेल्लामेन्नोटोन्नोळियातवण्णं ति्न्तिरुवटियरुळ् चेय्तु केट्टतुमूलं सन्तोषमकतारिलेट्टवुमुण्टाय्वन्नु। १० वंध मोक्षङ्ङळुटे कारणं केळ्कमूलमन्धत्वं तीर्न्नु कूटि चेतसिजगत्पते ! श्रीराम देवन् तन्टे माहात्म्यं केळ्प्पानुळ्ळिल्पारमाग्रहमुण्टु ञानतिन् पात्रमेङ्किल् कारुण्यांबुधे ! कनिञ्ञरुळिच्चेय्तीटणमारुं

उमा-महेश्वर संवाद

सर्वात्म स्वरूप हे नाथ ! हे परमेश्वर ! हे प्रभु ! हे सर्वलोकवासी सर्वेश्वर ! हे महेश्वर ! हे शर्व ! हे शंकर ! आप शरणागत वत्सल, सर्वदेवों के ईश्वर, जगत के स्वामी एवं करुणासागर हैं। मैंने सुन रखा है कि चाहे कितनी ही रहस्यपूर्ण वस्तु क्यों न हो, महानुभाव लोग अपने जन की भक्ति, विश्वास एवं सेवा से प्रेरित हो उसका उपदेश देते हैं। अतः अपने मन की अभिलाषा एवं विकलता लेकर मैं आपसे एक बात पूछना चाहती हूँ। अगर आपके मन में मेरे प्रति थोड़ी भी सद्भावना हो तो आप मुझे श्रीराम के तात्विक स्वरूप का उपदेश दीजिए। तत्व का स्वरूप, ज्ञान-विज्ञान, वैराग्य आदि भक्ति के विविध लक्षण, सांख्य योग और उसके भेद, मंदिर-वास से लाभ, वर्ण-धर्म और आश्रमधर्म--इन सबका आपने बिना कुछ छूटे ही सविस्तार उपदेश दिया। इन सबके श्रवण से मेरे मन में सुख एवं सन्तोष संजात हुआ। १० —हे जगन्नाथ (सांसारिक) बंधन और मुक्ति के कारणों से अवगत होने पर मेरे मन का अंधकार मिट गया। हे करुणानिधि ! (मेरे मन में) राम के माहात्म्य के बारे में सुनने की बड़ी इच्छा है और अगर मैं उस ज्ञान का श्रवण करने योग्य पात्र हूँ तो कृपया उसे समझाइये। आपको छोड़ कौन ऐसा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निन्तिरुवटियोळिङ्ङिनल्लतु चोल्लुवान् । ईश्वरि कात्यायनि पार्वति भगवति शाश्वतनाय परमेश्वरनोटीवण्णं चोद्यं चेय्ततु केट्टु तेळिञ्ञु देवन् जगदाद्यनीश्वरन् मन्दहासं पूण्टरुळ्चेय्तु:— धन्ये ! वल्लभे ! गिरिकन्ये ! पार्वती ! भद्रे ! निन्नोळमार्क्कुमिल्ल भगवद्भक्ति नाथे ! श्रीरामदेवतत्त्वं केळ्क्कणमेन्नु मनतारिलाकांक्षयुण्टाय्वन्नतु महाभाग्यं । मुन्नमेन्नोटितारुं चोद्यं चेय्तील ञानुं निन्नाण केळ्प्पिच्चतिल्लारेयुं जीवनाथे ! अत्यन्तं रहस्यमायुळ्ळोरु परमात्म तत्त्वार्थमरिकयिलाग्रहमुण्टायतु भक्त्यतिशयं पुरुषोत्तमन् तङ्कलेट्ं नित्यवुं चित्तकाम्पिल् वर्द्धिक्कतन्नेमूलं । २० श्रीराम पादांबुजं वन्दिच्चु संक्षेपिच्चु सारमायुळ्ळतत्त्वं चोल्लुवान् केट्टालुं नी । श्रीरामन् परमात्मा परमानंदमूर्त्ति पुरुळन् प्रकृतितन् कारणनेकन् परन् पुरुषोत्तमन् देवननन्तनादिनाथन् गुरु कारुण्यमूर्त्ति परमन् परब्रह्मं जगदुत्भव स्थिति प्रळय कर्त्तावाय भगवान् विरिञ्चनारायण शिवात्मकन् अद्वयनाद्यनजनव्ययनात्मा रामन् तत्त्वात्मा सच्चिन्मयन् सकलात्मकनीशन् मानुळनेन्नु कल्पिच्चीटुवोरज्ञानिकळ् मानसं माया-

---

है जो यह समझाने योग्य है ! ईश्वर स्वरूपिणी कात्यायनी भगवती पार्वती के द्वारा शाश्वत परमेश्वर से इस प्रकार आग्रह किये जाने पर संसार के आद्य स्वरूप भगवान परमेश्वर ने मंदहास के साथ सहर्ष बताया—"हे प्रिये ! हे गिरिकन्ये ! हे पार्वती ! भद्रे ! तुम धन्य हो । तुम्हारी जैसी भगवत्-भक्ति दूसरे किसी में नहीं है । यह परम सौभाग्य की बात है कि तुम्हारे मन में रामदेव के तत्वज्ञान की बातें सुनने की अभिलाषा पैदा हुई । हे प्राणप्रिये ! तुम्हारी सौगन्ध है, कि इसके पूर्व न किसी ने मुझसे ऐसा प्रश्न किया, न मैंने किसी को यह समझाया । पुरुषोत्तम के प्रति नित्य तुम्हारे मन में भक्ति बढ़ते रहने से अत्यन्त गूढ़ एवं रहस्यमय परमात्मतत्व को जानने की तुम्हारी यह उत्सुकता बढ़ी है । २० (अत:) श्रीरामचन्द्र के चरण-कमलों की वंदना करते हुए मैं अत्यन्त सारतत्व तुम्हें संक्षेप में समझा दूँगा । तुम ध्यान से (मेरी बात) सुन लो । श्रीराम जी परमात्मा एवं परमानंदमूर्ति हैं । (वे) प्रकृति के लिए कारणभूत परमपुरुष हैं । वे पुरुषोत्तम, अनन्त, आदिनाथ, अत्यन्त करुणा सागर, परमब्रह्म (सब कुछ) हैं । जगत के उद्भव, स्थिति एवं संहार हेतु ब्रह्मा विष्णु एवं शिवस्वरूप हैं । राम अद्वैत पुरुष हैं, अनादि, अव्यय, अजन्मा हैं; तत्वस्वरूप, सच्चिन्मय, सर्वभूतों की आत्मा बनकर रहनेवाले ईश्वर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तमस्संवृतमाकमूलं सीताराघवमरुल्सूनु संवादं मोक्षसाधनं चौल्वन् नाथे केट्टालुं तेळिञ्ञु न्नी। ऐङ्किलो मुन्नं जगन्नायकन् रामदेवन् पङ्कजलोचनन् परमानन्दमूर्ति देवकण्टकनाय पंक्ति कंठने कौन्नु देवियुमनुजनुं वानरप्पटयुमाय् सत्वरमयोद्ध्य-पुक्कभिषेकवुं चेय्तु सत्तामात्रात्मासकलेशनव्ययन् नाथन्; ३० मित्र पुत्रादिकळां मित्रवर्गत्तालुमत्युत्तमन्मारां सहोदरवीरन्मारालुं कीकसात्मजसुतनां विभीषणनालुं लोकेशात्मजनाय वसिष्ठादिकळालुं सेव्यनाय् सूर्यकोटि तुल्य तेजसा जगच्छ्राव्यमां चरितवुं केट्टु-केट्टानंदिच्चु निर्म्मल मणिलसल् काञ्चन सिंहासने तन्माया-देवियाय जानकियोटुं कूटि, सानन्दमिरुन्नरुळीटुन्नेरं परमानन्द मूर्त्ति तिरुमुम्पिलाम्मारु भक्त्या वन्दिच्चु निल्कुन्नोरु भक्तनां जगत्प्राणनन्दनन् तन्ने तृक्कण्पार्त्तु करुणामूर्त्ति मन्दहासवुं पूण्टु सीतयोटरुळ् चेय्तु सुन्दररूपे! हनुमाने न्नी कण्टायल्ली न्निन्निलुमेन्निलुमुण्टेल्लानेरवुमिवन् तन्नुळ्ळिलभेदमायुळ्ळोरु भक्ति नाथे! धन्ये! सन्ततं परमात्मज्ञानत्तेयोळिच्चोन्निलुमोरु नेरमाशयुमिल्लयल्लो। निर्म्मलनात्मज्ञानत्तिन्निवन् पात्रमत्रे

हैं। राम को वे ही अज्ञानी जिनका मन माया निर्मित अंधकार से आवृत है, मनुष्य रूप में कल्पित करते हैं। हे प्रिये! मुक्ति के लिए साधन स्वरूप सीता-राघव की कथा मैं समझाता हूँ, तुम सानन्द सुनो। पूर्वकाल में जगत के नाथ, कमल जैसे नेत्रवाले एवं आनन्दस्वरूप राम ने देवों के लिए कंटक बने दशकंठ (रावण) का वध किया तथा केवल स्वरूप, सर्वेश्वर एवं अव्यय स्वरूप प्रभु भगवान ने तुरन्त ही देवी, अनुज तथा वानर सेना सहित अयोध्या में पहुँच राजतिलक स्वीकार किया। ३० सूर्यवंशी आत्मीय जनों, अत्युत्तम अपने भ्राताओं, राक्षसवंशजात विभीषण, लोकेशात्मज वसिष्ठ आदि से परिसेवित हो निर्मल मणियों से लसित रत्नसिंहासन पर करोड़ों सूर्यसम दीप्तिवाले राम अपनी माया स्वरूपिणी सीता के साथ विराजमान हो संसार के लिए श्रवणीय अपने ही चरित सुन सुनकर हर्षित हो रहे थे; तभी परमानन्द स्वरूप राम ने अपने सम्मुख भक्तिपूर्वक वन्दना करते खड़े वायुनन्दन की ओर नेत्र फेरे और मंदमुस्कान के साथ सीता से कहा—"सुन्दर स्वरूपिणी! तुम हनुमान की ओर ज़रा देखो। इनके मन में तुम्हारे प्रति तथा मेरे प्रति अभेद भक्ति है। धन्ये! इनके मन में परमात्मज्ञान को छोड़ और किसी वस्तु की इच्छा नहीं है। ये अनासक्त नित्य ब्रह्मचारियों में अग्रेसर हैं और अपनी निर्मलता के कारण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निर्म्ममन् नित्य ब्रह्मचारिकळ् मुम्पनल्लो, ४० कल्मषमिवनेतु-मिल्लॆन्नु धरिच्चालुं तन्मनोरथत्ते न्नी नल्कणं मटियाते। न्नम्मुटे-तत्त्वमिवन्नरियिक्कणमिप्पोळ् चिन्मये जगन्मये सन्मये मायामये ! ब्रह्मोपदेशत्तिनु दुर्लभं पात्रमिवन् ब्रह्मज्ञानार्त्थिकळिलुत्तमोत्तमनॆटो! श्रीरामदेवनेवमरुळिचेय्त नेरं मारुति तन्ने विळिच्चरुळिच्चॆय्तु देवि–वीरन्मार्च्चूटुं मुकुटत्तिन् नायकक्कल्ले ! श्रीरामपाद भक्त प्रवर ! केट्टालुं न्नी। सच्चिदानन्दमेकमद्वयं परब्रह्मं निश्चलं सर्वोपाधि निर्म्मुक्तं सत्तामात्रं। निश्चयिच्चरिञ्ञु कूटातोरुवस्तुवॆन्नु निश्चयिच्चालुमुळ्ळिल् श्रीरामदेवनॆ न्नी, निर्म्मलं निरञ्जनं निर्गुणं निर्विकारं सन्मयं शान्तं परमात्मानं सदानन्दं जन्म नाशादि कळिल्लातोरुवस्तु परब्रह्ममी श्रीरामनॆन्नरिञ्ञु कॊण्टालुं न्नी। सर्वकारणं सर्वव्यापिनं सर्वात्मानं सर्वज्ञं सर्वेश्वरं सर्वसाक्षिणं नित्यं ५० सर्वदा सर्वाधारं सर्वदेवतामयं निर्विकारात्मा रामदेवनॆन्नरिञ्ञालुं। ऎन्नुटॆ तत्त्वमिनिच्चॊल्लीटामुळ्ळवण्णं न्निन्नोटु ञान् तान् मूल प्रकृतियायतॆटो ! ऎन्नुटॆ पतियाय परमात्मावुतन्टॆ सन्निधिमात्रं कॊण्टु ञानिव सृष्टियकुन्नु, तत्सान्निद्ध्यं कॊण्टॆन्नाल्

आत्मज्ञान पाने योग्य पात्र हैं। ४० —तुम इन्हें कल्मषहीन समझ लो और इनकी मनोभिलाषा को पूर्ण कर दो। हे चिन्मय स्वरूपिणी, जगन्मयी सन्मयी और मायामयी ! इन्हें हमारे तत्व का ज्ञान अभी करा देना चाहिए। ये ब्रह्मोपदेश के लिए दुर्लभ पात्र हैं और ब्रह्मज्ञानार्थियों में सर्वोत्तम व्यक्ति हैं।" इस प्रकार श्रीरामचन्द्र जी के कहते ही देवी ने मारुति को अपने पास बुलाकर कहा—"वीरों के सिरमौर ! श्रीराम के चरणों के प्रति अनन्य भक्त ! तुम सुनो। श्रीरामचन्द्र जी के संबंध में तुम यह निश्चय पूर्वक विचार कर लो कि वे ऐसे तत्व हैं जिनकी निश्चित जानकारी कोई पा नहीं सकता। वे सच्चिदानंद स्वरूप, एक और अद्वय, परब्रह्म, निश्चल, सर्वोपाधिरहित केवल सत्ता हैं। वे निर्मल, निरंजन, निर्गुण, निर्विकार, सन्मय, शान्त, सदानंद परमात्मा हैं। तुम श्रीरामचन्द्र जी को जन्म-मृत्यु रहित परब्रह्म समझ लो। वे सर्वकारण, सर्वव्यापी, सर्वात्मा, सर्वज्ञ, सर्वेश्वर, सर्वसाक्षी, नित्य। ५० —सर्वदा सर्वाधार, सर्व देवतामय, निर्विकारात्मा हैं। इस बात को तुम जान लो। अब मैं तुमसे अपने स्वरूप का वर्णन कर दूंगी। मैं ही मूल प्रकृति हूँ, इससे अवगत हो जाओ। मैं अपने पति परमात्मा के सान्निध्य से सृष्टि करती हूँ। किन्तु मूर्ख लोग उनके सान्निध्य पर मुझसे स्रष्ट सबको उन्हीं का

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सृष्टमायवयेल्लां तत्स्वरूपत्तिङ्कलाक्कीटुन्नु मूढजनं; तत्स्वरूपत्ति-
नुण्टो जननादिकळेन्नु तत्स्वरूपत्ते अरिञ्ञवनेयरियावू । भूमियिल्
दिनकरवंशत्तिलयोद्धययिल् रामनाय् सर्वेश्वरन्तान् वन्नु पिरन्नतुं
आमिष भोजिकळे वधिप्पानाय्कॊण्टु विश्वामित्रनोटुंकूटियेळुन्नळ्ळिय
कालं क्रुद्धयायटुत्तोरु दुष्टयां ताटकये पद्धतिमद्धये कॊन्नु सत्वरं
सिद्धाश्रमं बद्धमोदेन पुक्कु याग रक्षयुं चॆय्तु सिद्ध संकल्पनाय
कौशिकमुनियोटुं मैथिल राज्यत्तिनाय्कॊण्टु पोकुन्न नेरं गौतम
पत्नियायोरहल्या शापं तीर्त्तु । ६० पाद पङ्कजं तोळुतवळेयनु-
ग्रहिच्चादरपूर्वं मिथिलापुरमकं पुक्कु मुप्पुर वैरियुटे चापवुं-
मुरिच्चुटन् मल्पाणिग्रहणवुं चेय्तु पोरुन्न नेरं मुल्पुक्कु तटुत्तोरु
भार्गवरामन् तन्टे दर्प्पवुमटक्किवन्पोटयोद्धययुं पुक्कु द्वादश
संवत्सरमिरुन्नु सुखत्तोटे ताततनुमभिषेकत्तिन्नारंभिच्चानतु—
मातावु कैकेयियुं मुटक्कियतुमूलं भ्रातावाय सुमित्रात्मजनोटुं कूटे
चित्रकूटं प्रापिच्चु वसिचच कालं तातन् वृत्रारिपुरं पुक्कवृत्तान्तं
केट्टशेषं चित्तशोकत्तोटुदक क्रियादिकळ् चॆय्तु भक्तनां भरतनेययच्चु
राज्यत्तिनाय् । दण्डकारण्यं पुक्ककालत्तु विराधने खण्डिच्चु

स्वरूप मान बैठते हैं। वे जन्मादि रहित हैं, इसे वे ही समझ सकते हैं जिन्होंने उनके स्वरूप का सही ज्ञान प्राप्त कर लिया है। इस पृथ्वी पर अयोध्यापुरी में सूर्यवंश में राम के रूप में सर्वेश्वर ने ही जन्म लिया। आमिष भोजियों का वध करने के लिए विश्वामित्र के साथ पधारते समय रास्ते पर क्रुद्ध हो आयी नीच ताडका को मार डाला। फिर सिद्धाश्रम में पहुँचकर सहर्ष याग रक्षा की। संकल्प सिद्ध कौशिक मुनि के साथ मिथिला देश को जाते समय गौतम-पत्नी अहल्या को शाप से विमुक्त कर दिया। ६० —अपने चरण-सरोजों पर नमित अहल्या को अनुगृहीत करके सादर मिथिलापुरी में पहुँचे और त्रिपुरारी के चाप को खंडित कर मेरा पाणिग्रहण करके लौटते समय मार्ग में बाधा उपस्थित करने आये भार्गवराम का दर्प चूर-चूर कर लिया और बड़े आनंद के साथ अयोध्या में वापस आये। द्वादश वर्ष सुखपूर्वक बीत गये। पिता जी ने उनके राज्याभिषेक का आरंभ किया, जिसे माता कैकेई ने भंग किया। तदुपरान्त भ्राता सुमित्रात्मज के साथ चित्रकूट में जा ठहरते समय पिताजी के वृत्रारिपुर (स्वर्ग) पहुँचने का समाचार सुना। शोकातुर हो पिताजी के लिए उदक क्रियाएँ अर्पित कीं और भक्त भरत को राज्य (अयोध्या) की ओर वापस भेज दिया। दण्डकारण्य में रहते हुए विराध

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कुंभोत्भवनामगस्त्यनेक्कण्टु पण्डितन्मारां मुनिमारोटु सत्यं चेय्तु दण्डमेन्निये रक्षोवंशत्तेयोटुक्कुवान् पुक्कितु पञ्चवटि तत्र वाणीटुं कालं पुष्करशर परवशयाय् वन्नाळल्लो । ७० रक्षोनायकनुटे सोदरि शूर्प्पणख लक्ष्मणनवळुटे नासिकाछेदं चेय्तु; उन्नतनाय खरन् कोपिच्चु युद्धत्तिनाय् वन्नितु पतिनालु सहस्रं पटयोटुं, कोन्नितु मून्ने मुक्काल् नाळिक कोण्टुतन्ने पिन्ने शूर्प्पणख पोय् रावणनोटु चोन्नाळ्— मायया पोन्मानाय् वन्नोरु मारीचन् तन्ने सायकं प्रयोगिच्चु सद्गति कोटुत्तप्पोळ् माया सीतये क्कोण्टु रावणन् पोयशेषं माया मानुषन् जटायुस्सिनु मोक्षं नल्कि । राक्षस वेषं पूण्ट कबन्धन् तन्ने क्कोन्नु मोक्षवुं कोटुत्तु पोय् शबरितन्नेक्कण्टु मोक्षदनवळुटे पूजयुं कैक्कोण्टथ मोक्षदानवुं चेय्तु पुक्कितु पम्पातीरं । तत्र कण्टितु निन्नेप्पिन्ने निन्नोटु कूटि मित्र नंदननाय सुग्रीवन् तन्नेक्कण्टु मित्रमायिरिप्पूतेन्नन्योन्यं सख्यं चेय्तु वृत्रारि पुत्रनाय बालिये वधं चेय्तु । सीतान्वेषणं चेय्तु दक्षिण जलधियिल् सेतुबंधनं लंकामर्द्दनं पिन्ने श्शेषं ८० पुत्रमित्रामात्य भृत्यादि कळोटुं कूटि युद्ध सन्नद्धनाय शत्रुवां

को खण्डित किया, कुम्मोद्भव अगस्त्य से मिले और पंडित प्रवर मुनिश्रेष्ठों से तुरन्त ही राक्षसवंश का नाश करने की प्रतिज्ञा की। (फिर) पंचवटी में पहुँचे और वहाँ के वासकाल में काम पीडित हो आयी। ७० —राक्षस प्रवर की सहोदरी शूर्पणखा का लक्ष्मण ने नासिका छेदन किया। क्रुद्ध हो बलशाली खर चौदह सहस्र सैनिकों को लेकर युद्ध के लिए आया। (राम ने) उन्हें पौने चार घड़ियों के भीतर मार डाला। फिर शूर्पणखा ने जाकर रावण से (सारा हाल) कहा। जब मायावश कनकमृग का रूप धारणकर आये मारीच को सायक का प्रयोग करके सद्गति (स्वर्ग) दी, तब माया सीता को लेकर रावण के जाने पर माया मनुष्य (राम) ने जटायु को मोक्ष दिया। राक्षस वेश में आये कबंध को मारकर मुक्ति दान करके आगे बढ़ शबरी से मिले। मुक्ति प्रदाता (राम) ने उसका आतिथ्य स्वीकार किया और उसे मुक्ति दिलाने के उपरांत पम्पातट पर पहुँचे। वहाँ पर तुम्हारी भेंट हुई और तुम्हारे साथ मित्रसुत सुग्रीव से मिले। परस्पर मित्रता की प्रतिज्ञा करके वृत्रारिपुत्र बालि का वध किया। सीतान्वेषण, दक्षिण जलनिधि में सेतुबंधन और फिर लंका पर चढ़ाई हुई। ८० पुत्र, मित्र, अमात्य, भृत्य आदि को लेकर युद्ध के लिए तैयार हुए शत्रु दशमुख का शस्त्र से वध किया, त्रिलोक की रक्षा की और

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दशास्यनॆ शस्त्रेण वधं चॆय्तु रक्षिच्चु लोकत्रयं भक्तनां विभीषणन्नभिषेकवुं चॆय्तु । पावकन् तङ्कल् मऱञ्ञिरुन्नोरॆन्नॆ पिन्नॆ पावनयॆन्नु लोकसम्मत माक्किक्कॊण्टु पावकनोटु वाङ्ङिङ्ङ्पुष्पकं करयेऱि देवकळोटुमनुवादं कॊण्टयोद्ध्ययां—राज्यत्तिन्नभिषेकं चॆय्तु देवादिकळाल् पूज्यनायिरुन्नरुळीटिनान् जगन्नाथन् । याज्यनां नारायणन् भक्तियुळ्ळवऱक्कु सायुज्यमां मोक्षत्तॆ नल्कीटिनान् निरञ्जनन् । एवमादिकळाय कर्म्मङ्ङळ् तन्ऱॆ माया देवियामॆन्नॆक्कॊण्टु चॆय्यिप्पिक्कुन्नु नूनं । रामनां जगद्गुरु निर्गुणन् जगदभिरामनव्ययनेकनानन्दात्मकनात्मा । रामनद्वयन् परन् निष्कळन् विद्वल् भृंगारामनच्युतन् विष्णु भगवान् नारायणन् । गमिक्कॆन्नतुं पुनरिरिक्कॆन्नतुं किञ्चिल् भ्रमिक्कॆन्नतुं तथा दुःखिक्कॆन्नतुमिल्ल । ९० निर्विकारात्मा तेजोमयनाय् निऱञ्ञोरु निर्वृतनोरुवस्तु चॆय्कयिल्लोरुनाळुं निर्म्मलन् परिणाम हीननानन्दमूर्त्ति चिन्मयन् मायामयन्तन्नुटॆ मायादेवि । कर्म्मङ्ङळ् चॆय्युन्नतु तानॆन्नु तोन्निक्कुन्नु तन्मायागुणङ्ङळॆत्ताननुसरिक्कयाल् अञ्जना तनयनोटिङ्ङनॆ सीतादेवि कञ्जलोचन तत्त्वमुपदेशिच्चशेषं अञ्जसा रामदेवन् मन्दहासवुं चॆय्तु मञ्जुळवाचा

विभीषण का राजतिलक संपन्न कर दिया। पावक में छिपी बैठी मेरी पवित्रता के लिए संसार को साक्षी बनाकर मुझे पावक से वापस लिया, देवताओं की अनुमति लेकर पुष्पक विमान में चढ़कर अयोध्या में आ राज्याभिषेक को स्वीकार किया और देवताओं से सेवित हो विराजमान हुए। याज्य नारायण ने, जो निरंजन हैं, भक्तों को सायुज्य मुक्ति प्रदान की है। वे निश्चय ही ये सारे कर्म अपनी मायाशक्ति स्वरूपिणी मुझसे करवाते हैं। जगद्गुरु राम निर्गुण, जगदाभिराम, अव्यय, एक, आनन्दस्वरूप, आत्मा हैं। राम अद्वय, परम, निष्कल, विद्वत् भृंगों के लिए आनन्दस्वरूप, अच्युत, विष्णु, भगवान नारायण हैं। वे न कहीं जाते हैं, न कहीं बैठते हैं, न किंचित् भ्रमित होते हैं, न कभी दुखी होते हैं। ९० वे निर्विकार, तेजोमय, पूर्ण और निवृत्त हैं, जो कभी कोई कर्म नहीं करते। वे निर्मल, परिणाम रहित, आनंदमूर्ति, चिन्मय, एवं मायामय हैं; कार्य करनेवाली उनकी मायादेवी है। मायात्मक गुणों का अनुसरण करने से ऐसा अनुभव होने लगता है कि वे ही प्रवृत्तिशील हैं।'' कंजलोचना सीतादेवी के द्वारा अंजनातनय को इस प्रकार तत्वोपदेश करते सुनकर सहसा मंदहास के साथ उनको रामदेव ने मंजुल वाणी में बताया—''तुम यह समझ लो

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पुनरवनोटरुळ् चेय्तु– परमात्मावाकुन्न बिंबत्तिन् प्रतिबिंबं परिचिल् काणुन्नतु जीवात्मावरिकेंटो ! तेजोरूपिणियाकुमेन्नुटे मायतङ्कल् व्याजमेन्नियै निळलिक्कुन्नु कपिवर ! ओरोरो जलाशये केवलं महाकाशं नेरे नी काण्मीलयो ? कण्टालुमतुपोले । साक्षालुळ्ळोरु परब्रह्ममां परमात्मा साक्षियायुळ्ळ बिंबं निश्चलमतु सखे ! तत्त्वमस्यादि महावाक्यार्त्थं कोण्टुमम तत्वत्तेयरिञ्ञीटा-माचार्य कारुण्यत्ताल् । १०० मत्भक्तनायुळ्ळवनिप्पदमरियुम्पोळ् मत्भावं प्रापिच्चीटुमिल्ल संशयमेतुं । मत्भक्ति विमुखन्मार् शास्त्रगर्तङ्ङळ् तोरुं सत्भावंकोण्टु चाटिवीणु मोहिच्चीटुन्नु । भक्तिहीनन्मार्क्कु नूरायिरं जन्मंकोण्टुं सिद्धिक्कयिल्ल तत्वज्ञानवुं कैवल्यवुं । परमात्मावां मम हृदयं रहस्यमितोरुन्नाळुं मत्भक्ति हीनन्माराय् मेवीटुं नरन्मारोटु परञ्ञरियिक्करुतेंटो ! परम-मुपदेशमिल्लितिन्मीतेयोन्नु । श्री महादेवन् महादेवियोटरुळ् चेय्तु राम माहात्म्यमिदं पवित्रं गुह्यतमं । साक्षाल् श्रीरामप्रोक्तं वायु-पुत्रनाय्कोण्टु मोक्षदं पापहरं हृद्यमानन्दोदयं । सर्ववेदान्त

कि परमात्मा रूपी बिम्ब का प्रतिबिंब ही यह दिखाई देनेवाली जीवात्मा है । हे कपिवर ! तेजोमय मेरी माया में निर्व्याज वह प्रतिबिंबित होती है । जैसे एक ही आकाश को तुम प्रत्येक जलाशय में (प्रतिबिंबित) देखते हो, वैसे ही (एक ही परमात्मा को प्रत्येक जीवात्मा में प्रतिबिंबित) देखना चाहिए । हे सखा ! साक्षात् परब्रह्म स्वरूप परमात्मा निश्चल बिंब है, जो मात्र साक्षी है । आचार्य का प्रसाद पाकर तत्वमस्यादि महावाक्यार्थ से मेरे तत्व को समझा जा सकता है । १०० —मेरे वास्तविक भक्त इस पद को समझकर मेरे भाव को प्राप्त कर सकेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है । मेरी भक्ति से विमुख लोग शास्त्रों के गर्त में सद्भाव की खोज में भटकते हुए मोहित हो जाते हैं । (लेकिन) भक्तिहीन लोग करोड़ों जन्म लेने पर भी तत्वज्ञान तथा कैवल्य को प्राप्त नहीं कर सकेंगे । परमात्मा स्वरूप मेरा हृदय अत्यन्त रहस्यमय है और मेरे प्रति भक्तिरहित जनों से यह रहस्य कभी बोलना नहीं चाहिए । इससे बढ़कर कोई महान उपदेश (तुम्हें) देने को नहीं है ।'' श्री महादेव द्वारा महादेवी से कहा गया यह राम-माहात्म्य पवित्र और रहस्यमय है । वास्तव में श्रीराम जी के द्वारा वायुपुत्र को बताया गया यह (राम माहात्म्य) मोक्षप्रद, पापहारक एवं हृदय को आनंदप्रद है । (महादेव जी पार्वती से कह रहे हैं) प्रिये ! भगवान के द्वारा दिव्य हनुमान को उपदेश रूप में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सारसंग्रहं रामतत्त्वं दिव्यनां हनुमानोटुपदेशिच्चतेल्लां भक्ति पूण्टनारतं पठिच्चीटुन्न पुमान् मुक्तनाय्वरुमोरु संशयमिल्ल नाथे ! ब्रह्महत्यादि दुरितङ्ङळुं बहुविधं जन्मङ्ङळ् तोरुमार्जिजच्चुळ्ळ-वयेन्नाकिलुं ११० ओक्कवे नशिच्चुपोमेन्नरुळ् चेय्तु रामन् मर्क्कट प्रवरनोटेन्नतु सत्यमल्लो। जातिनिन्दितन् परस्त्री धनहारि पापि मातृघातकन् पितृघातकन् ब्रह्महन्ता योगिवृन्दा-पकारि सुवर्णस्तेयिदुष्टन् लोकनिन्दितनेट्रमेङ्किलुमवन् भक्त्या राम नामत्तेज्जपिच्चीटुकिल् देवकळालामोदपूर्वं पूज्यनाय्वरुमत्रयल्ल योगीन्द्रन्मारालुप्पोलुमलभ्यमाय विष्णु लोकत्ते प्रापिच्चीटुमिल्ल संशयमेतुं। इङ्ङने महादेवनरुळ् चेय्ततुकेट्टु तिङ्ङीटुं भक्ति पूर्वमरुळ् चेय्तितु देवि— मंगलात्मावे ! मम भर्त्तावे ! जगत्पते! गंगाकामुक ! परमेश्वर ! दयानिधे ! पन्नगविभूषण ! ञाननुगृहीतयाय् धन्ययाय् कृतार्त्थयाय् स्वस्थयाय् वन्नेनल्लो। छिन्नमाय्वन्नु मम संदेहमेल्लामिप्पोळ् सन्नमायितु मोहमोक्के त्तिन्ननुग्रहाल् निर्म्मलं रामतत्त्वामृतमां रसायनं त्वन्मुखोद्-गळितमावोळं पानं चेय्तालुं १२० ऐन्नुळ्ळिल् तृप्ति वरि-केन्नुळ्ळतिल्लयल्लो निर्णयमतुमूलमोन्नुण्टु चोल्लुन्नु ञान्।

प्रदत्त यह रामतत्व समस्त वेदान्तों का सारतत्व है और जो मनुष्य भक्ति-पूर्वक निरंतर इसका अध्ययन करता रहता है, वह मुक्त हो जाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। कई जन्म-जन्मान्तरों में अर्जित ब्रह्महत्यादि पाप तथा बहुविध यातनाएँ। ११० —सब कुछ समाप्त हो जाएँगे, यह जो बात श्री रामजी ने वानरप्रवर से कही, सत्य ही है। चाहे कोई कुत्सित जाति का हो, परस्त्रीगामी, धन का अपहारी, पापी, मातृघातक या पितृ-घातक हो या ब्राह्मणहन्ता, योगियों के प्रति अपकारी, सुवर्णस्तेयी, दुष्ट और लोक निन्दित ही क्यों न हो, (वह) राम नाम के जाप से देवताओं से सहर्ष पूज्य बनेगा; यही नहीं, निस्संशय, वह योगीन्द्रों के लिए भी अप्राप्त विष्णुलोक को प्राप्त कर सकेगा। इस प्रकार महादेव जी को कहते सुनकर भक्ति से आप्लावित देवी ने बताया—मंगलात्मा ! मेरे नाथ ! जगत्पति ! गंगा कामुक! परमेश्वर! दयानिधि! पन्नग विभूषण! मैं अनुगृहीत, धन्य, कृतार्थ हुई हूँ और (मेरा मन) स्वस्थ हो गया है। आपकी कृपा से अब मेरे सारे संदेह दूर हुए और मेरे सारे मोह भी मिट गये। मैंने आपके मुख से निसृत रामतत्व रूपी निर्मल एवं अमृतोपम रसायन का भरपूर पान कर लिया है। १२० फिर भी उससे मेरे मन में तृप्ति नहीं हुई, इसलिए मैं

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

संक्षेपिच्चरुळ् चेय्ततेतुमे मतियल्ल किक्षणन्मार्क्कु विद्ययुण्टा-कयिल्लयल्लो। किङ्कणन्मारायुळ्ळोर्क्कर्त्थवुमुण्टाय्वरा किमृणन्मार्क्कु नित्य सौख्यवुमुण्टाय्वरा किदेवन्मार्क्कु गतियुं पुनरतुपोले। उत्तममाय रामचरितं मनोहरं विस्तरिच्चरुळि चेय्तीटणं मटियाते। ईश्वरन् देवन् परमेश्वरन् महेश्वरन् ईश्वरियुटे चोद्यमिङ्ङने केट्टनेरं मंदहासवुं चेय्तु चंद्रशेखरन् परन् सुन्दरगात्रि! केट्टु-कोळ्केन्नरुळ् चेय्तु। वेधावु शतकोटि ग्रन्थविस्तरं पुरा वेद सम्मितमरुळ् चेय्तितु रामायणं। वाल्मीकि पुनरिरुपत्तु नालायिरमाय् नान्मुखन् नियोगत्ताल् मानुष मुक्त्यर्त्थमाय् चमच्चानतिलितु चुरुक्कि रामदेवन् नमुक्कुमुपदेशिच्चीटिनानेवं पुरा। १३० अध्यात्म रामायणमेन्नु पेरितिन्निदमध्ययनं चेय्युन्नोर्क्कध्यात्मज्ञानमुण्टां। पुत्र सन्तति धन समृद्धि दीर्घायुस्सुं मित्रसम्पत्ति कीर्त्ति रोगशांतियुमुण्टां। भक्तियुं वर्द्धिच्चीटुं मुक्तियुं सिद्धिच्चीटुमेत्रयुं रहस्यमितेङ्किलो केट्टालुं नी। १३३

आपसे एक बात कहना चाहती हूँ कि कोई भी संक्षेप में बतायी हुई बात पर्याप्त नहीं होती; जैसे कि प्रत्येक क्षण की उपेक्षा करनेवाले को विद्या नहीं आती, धन के प्रति लापरवाह व्यक्ति को धन हस्तगत नहीं होता और ऋण चुकाने में तत्परता न रखनेवाले को नित्य सौख्य नहीं मिलता और देवों के प्रति उपेक्षा भाव रखनेवाले को सद्‌गति नहीं मिलती। (अतः) उत्तम तथा मनोहर रामचरित को सहर्ष सविस्तार समझाइएगा। भगवती के इस आग्रह को देखकर चंद्रशेखर ने, जो ईश्वर, देव, परमेश्वर, एवं महेश्वर हैं, मंदहास पूर्वक कहा—"सुन्दरगात्री! तुम सुनो। पहले ब्रह्मा ने वेदतुल्य रामायण को विस्तारपूर्वक शतकोटि पंक्तियों में सुनाया था, जिसे वाल्मीकि ने चतुरानन के आज्ञानुसार मानव की मुक्ति हेतु चौबीस हज़ार पंक्तियों में रच डाला। श्रीरामचन्द्रजी ने पूर्व में और भी संक्षेप में उसका मुझे उपदेश दिया था। १३० इस ग्रंथ का नाम अध्यात्म रामायण इसलिए पड़ा कि इसका अध्ययन करनेवाले को अध्यात्म ज्ञान प्राप्त होता है, पुत्र प्राप्ति, धन वृद्धि, दीर्घायु, मित्रलाभ, यश, रोगशांति सब संभव होती है। भक्ति बढ़ेगी और मुक्ति भी प्राप्त होगी। यह अत्यन्त रहस्यमय कथा है, तो भी तुम इसे सुनो।" १३३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शिवन् पार्वतिय्क्कु कथये विस्तरिच्चु परञ्ञु कोट्टुक्कुन्नतु

पंक्तिकंधरमुख राक्षस वीरन्माराल् सन्ततं भारेण सन्तप्तयां भूमि देवि गोरूपं पूण्टु देव तापस गणत्तोटुं सारसासनलोकं प्रापिच्चु करञ्ञेटं वेदनयेल्लां विधाताविनोटरियिच्चाळ्, वेधावुं मुहूर्त्तमात्रं विचारिच्च शेषं वेदनायकनाय देवनोटिवचेन्नु वेदनं चेय्कयेन्ये मट्टोरु वळियिल्ल । सारसोत्भवनेवं चिन्तिच्चु देवन्मारोटारूढ खेदं तम्मेक्कूट्टि क्कोण्टङ्ङु पोयि क्षीरसागरतीरं प्रापिच्चु देवमुनिमारोटु कूटि स्तुतिच्चीटिनान् भक्तियोटे । भावनयोटुं कूटिप्पूरुष सूक्तं कोण्टु देवनेस्सेविच्चीटिनान् वळिपोले । अन्नेर-मोरु पतिनायिरमादित्यन्मारोन्निच्चु किळक्कुदिच्चुयरुन्नतु पोले पद्मसंभवन् तनिक्कन्पोटु काणाय्वन्नु पत्मलोचननाय पत्मनाभने मोदाल् । मुक्तन्मारायुळ्ळोरु सिद्धयोगिकळालुं दुर्दर्शमाय भगवद्रूपं मनोहरं । १० चन्द्रिका मंदस्मित सुन्दराननपूर्ण चन्द्रमण्डलमरविन्द लोचनं देवं । इन्द्रनीलाभं परमिन्दिरा मनोहर मन्दिर वक्षःस्थलं वन्द्यमानंदोदयं । वत्सलाञ्छनवत्सं पादपङ्कज भक्त वत्सलं समस्त लोकोत्सवं सत्सेवितं मेरु सन्निभ

शिव जी द्वारा पार्वती जी को सविस्तार कथा सुनाना

दशमुख आदि राक्षस वीरों के भार से निरन्तर संतप्त भूमिदेवी ने गोरूप में देवों तापसों के साथ सारसासन लोक (ब्रह्मलोक) में पहुँचकर रोते हुए अपना सारा दुःख विधाता को कह सुनाया। थोड़ी देर तक विचार करके उन्होंने (ब्रह्मा ने) निश्चय किया कि वेदनायक देव को इस दुःख का हाल सुनाने के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं है। इस प्रकार निश्चय करके सारसोद्भव (ब्रह्मा) खिन्न हुए देवों को लेकर क्षीरसागर तीर पर पहुँच गये और देवों मुनियों के साथ भक्तिपूर्वक उनकी (विष्णु की) स्तुति की और बड़ी तत्परता से पुरुष सूक्त के आधार पर भगवान की निष्ठापूर्वक सेवा की। तब पद्मसंभव को मुग्ध पद्मलोचन पद्मनाभ ऐसे दिखाई दिये मानो पूर्वदिशा में दस हजार आदित्य एक साथ उदित हो रहे हैं। जीवनमुक्त सिद्धयोगियों के लिए भी दुर्लभ भगवान का रूप अत्यन्त मनोहर था। १० उनका सुन्दर आनन पूर्णचन्द्र सदृश दीप्त था, मंदस्मिति चंद्रिका सम थी और लोचन अरविन्द तुल्य थे। इन्दिरा रमण की इन्द्रनीलाभा थी, इन्दिरा का वासस्थान—सुन्दर वक्षःस्थल भक्तों के लिए आनंददायक था। श्रीवत्स नामक लांछन शोभित था,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

किरीटोद्यल् कुण्डल मुक्ताहार केयूरांगद कटक कटिसूत्र वलयांगुलीयकाद्यखिल विभूषणाकलित कळेबरं कमला मनोहरं। करुणाकरं कण्टु परमानंदंपूण्टु सरसीरुह भवन्मधुर स्फुटाक्षरं सरस पदङ्ङळाल् स्तुतिच्चु तुटङ्ङिनान् परमानंदमूर्त्ते! भगवन्! जय जय। मोक्ष कामिकळाय सिद्धयोगीन्द्रन्मार्कुं साक्षाल् काण्मतिनरुतातोरु पादांबुजं। नित्यवुं नमोस्तुते सकल जगत्पते! नित्य निर्म्मलमूर्त्ते! नित्यवुं नमोस्तुते। सत्यज्ञानानन्तानन्दामृताद्वयमेकं नित्यवुं नमोस्तुते करुणाजलनिधे! २० विश्वत्तॆ सृष्टिच्चु रक्षिच्चु संहरिच्चीटुं विश्वनायक! पोट्टी! नित्यवुं नमोस्तुते। स्वाद्ध्याय तपोदान यज्ञादि कर्म्मङ्ङळाल् साद्ध्यमल्लोरुवनुं कैवल्य मोरुन्नाळुं मुक्तियॆ साधिय्क्कॆणमॆङ्किलो भवत्पाद भक्ति कॊण्टॊळिञ्ञु मट्टॊन्निन्नालावतल्ल न्निन्तिरुवटियुटॆ श्रीपादाम्बुज द्वन्द्वमन्तिके काणाय्वन्नितॆनिक्कु भाग्यवशाल्। सत्वचित्तन्माराय तापस श्रेष्ठन्माराल् नित्यवुं भक्त्या बुद्ध्या धरिक्कप्पॆट्टॊरुन्निन् पाद पङ्कजङ्ङळिल् भक्ति संभविक्केणं चेतसि सदाकालं भक्तवत्सला

भक्तवत्सल भगवान के पाद-पंकज भक्तों से सेवित तथा समस्त लोक को आनन्द प्रदायक थे। कमला मनोहर भगवान का मेरु सदृश किरीट, कुण्डल, मुक्ताहार, केयूरांगद, कंकण, कटिसूत्र, वलयांगुलीय आदि आभूषणों से सुसज्जित कलित कलेवर था। करुणाकर प्रभु को देखकर आनंद से कमलभव (ब्रह्मा) मधुर स्फुटाक्षरों से युक्त सरस पदों से उनकी स्तुति करने लगे—"परमानंदमूर्त्ति, भगवान की जय हो! हे भगवान, आपके पादांबुज मोक्षकामी सिद्धयोगियों के लिए भी अदृश्य हैं। सारे जगत के नाथ! आपको नित्य नमस्कार है। सदा निर्मल स्वरूप! नित्य आपको नमस्कार है। हे करुणानिधि! आप सत्य, ज्ञान, आनंद, अमृत स्वरूप हैं, अद्वय एवं एक हैं। मैं सदा आपको प्रणाम करता हूँ। २० विश्व की सृष्टि, स्थिति एवं संहारकारक हे विश्वनायक प्रभु! आपको मेरा नमस्कार है। स्वाध्याय, तप, यज्ञ आदि कर्मों से कोई कभी कैवल्य नहीं पा सकता। मुक्ति पाने के लिए आपके चरणों में भक्ति छोड़कर दूसरा कोई उपाय नहीं है। दोनों श्रीचरण-सरोजों को सौभाग्यवश मैं प्रत्यक्ष देख सका। हे भक्तवत्सल प्रभु! सात्विक चित्तवाले तापस श्रेष्ठ आपके जिन पाद पंकजों का सदा भक्तिपूर्वक अनुस्मरण करते हैं, उनके प्रति मेरे मन में सदा भक्ति जाग्रत रहे। संसार के दुखों से परितप्त एवं खिन्न मनवाले

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोट्टी ! संसारामय परितप्त मानसन्मारां पुंसांत्वत्भक्ति-
यौळिञ्ञिल्ल भेषजमेतुं । मरणमोर्त्तुमममनसि परितापं करुणा-
मृतनिधे ! पेरिकेवळरुन्नु । मरणकाले तव तरुणारुण सम
चरण सरसिज स्मरण मुण्टावानाय् तरिक वरं नाथा !
करुणाकर ! पोट्टी ! शरणंदेव ! रमारमण ! धरापते ! ३०
परमानन्दमूर्त्ते ! भगवन् जय जय परम ! परमात्मन् ! परब्रह्माख्य !
जय! पर ! चिन्मय ! परापर ! पत्माक्ष ! जय वरद !
नारायण ! वैकुण्ठ ! जय जय ! चतुराननमिति स्तुति
चेय्तोरुनेरं मधुरतरमिति विशदस्मितपूर्वं अरुळि चेय्तु
नाथनेन्तिप्पोळेल्लावरु मोरुमिच्चेन्ने क्काण्मानिविटेय्कुळ्ळटोटे
वरुवान् मूलमतु चोल्लुकेन्नतु केट्टु सरसीरुह भवनीवण्णमुणर्त्तिच्चु--
न्निन्तिरुवटि तिरुवुळ्ळत्तिलेरातकण्टेन्तोरु वस्तु लोकत्तिङ्ङलुळ्ळतु
पोट्टी ! ऐङ्ङिलुमुणर्त्तिय्कां मून्नुलोकत्तिङ्ङलुं संकटं मुळ्ळत्तिरि-
क्कुन्निन्तिक्कालं नाथ ! पौलस्त्य तनयनां रावणन् तन्नालिप्पोळ्
त्र्यैलोक्यं नशिच्चितुमिक्कतुं जगत्पते ! मद्दत्तवरबलदर्पित-
नायिट्टति निर्दयं मुटिक्कुन्नु विश्वत्तेयेल्लामय्यो लोकपालन्मारेयुं

मनुष्यों के लिए आपकी भक्ति के अतिरिक्त कोई अन्य भेषज नहीं है। हे करुणाकर ! मृत्यु की याद करके मेरे मन में परिताप बढ़ता ही रहता है। हे नाथ ! आप मुझे यह वर दें कि मृत्यु के समय आपके तरुण अरुण सम चरण-सरोजों का मैं अनुस्मरण कर पाऊँ। हे करुणानिधि ! आप प्रभु हैं, अशरण शरण हैं, रमारमण और धरापति हैं। ३० हे परमानंदमूर्त्ति ! भगवन् ! आप की जय हो। आप परमात्मा, परब्रह्म हैं, आपकी जय हो। आप चिन्मय, परात्पर, पद्माक्ष हैं, आपकी जय हो ! हे वरद ! हे नारायण ! हे वैकुण्ठवासी ! आपकी जय हो, आपकी जय हो !" चतुरानन के द्वारा इस प्रकार स्तुति की जाने पर नाथ ने मधुरतर किन्तु विशद स्मिति के साथ प्रश्न किया कि यहाँ सबके साथ मुझसे मिलने आने का क्या कारण है ? (भगवान का) प्रश्न सुनकर पद्मसंभव ने इस प्रकार बताया—हे प्रभु ! इस संसार में कौन सी वस्तु ऐसी है जिसे आप न समझते हों ? फिर भी मैं आपको बताऊँगा। तीनों लोकों में इस समय भारी संकट आ पड़ा है। हे जगन्नाथ ! पौलस्त्य तनय रावण से अब त्रिलोक लगभग समाप्त सा है। हाय ! क्या बताऊँ, वर-बल से दर्पित वह सारे संसार को नष्ट कर रहा है। लोकपालों को मार-भगारक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तच्चाट्टिक्कळञ्ञवनेकशासनसाविकच्चमच्चु लोकमॆल्लां । ४०
पाकशासननेयुं समरेकॆट्टिक्कॊण्टु नाकशासनवुं चॆय्तीटिनान् दशाननन्
यागादि कर्म्मङ्ङळुं मुटक्किकयत्रयल्ल योगीन्द्रन्मारां मुनिमारॆयुं
भक्षिक्कुन्नु धर्म्मपत्निकळेयुं पिटिच्चु कॊण्टुपोयान् धर्म्मवुं
मऱञ्ञितु मुटिञ्ञु मर्यादयुं मर्त्यनालॊऴिञ्ञवनिल्ल मट्टारालुमे
मृत्युवॆन्नतु मुन्ने कल्पितं जगत्पते ! ञिन्तिरुवटि तन्नॆ मर्त्य-
नाय्पिऱन्निनि पंक्तिकंधरन् तन्नॆ कॊल्लणं दयानिधे ! सन्ततं
नमस्कारमतिनुमधुरिपो ! चॆन्तळिरटियिण चिन्तिक्काय्वरेणमे ।
पत्म संभवनित्यमुणर्त्तिच्चतु नेरं पत्मलोचनन् चिरिच्चरुळि
चॆय्तानेवं— चित्तशुद्धियोटॆन्नॆस्सेविच्चु चिरकालं पुत्रलाभार्त्थं
पुरा कश्यपप्रजापति, दत्तमायितु वरं सुप्रसन्नेनमया तद्वपस्सत्यं
कर्त्तुमुद्योगमद्यैवमे कश्यपन् दशरथ नाम्ना राजन्येन्द्रनाय्
काश्यपीतले तिष्ठत्यधुना विधातावे ! ५० तस्य वल्लभया-
कुमदिति कौसल्ययुं तस्यामात्मजनायि वन्नु ञानुं जनिच्चीटुं
मत्सहोदरन्माराय् मून्नुपेरुण्टाय्वरुं चित्स्वरूपिणि मम शक्तियाँ

उसने समस्त संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। ४० दशानन ने युद्ध में पाकशासन (इन्द्र) को कैदी कर लिया और नाक लोक (स्वर्गलोक) को भी अपने शासन में कर लिया। यागादि कर्मों में विघ्न डालकर उसने कितने ही योगीन्द्र मुनियों को अपना भक्षण नहीं बनाया ! वह अनेक धर्मपत्नियों को बलपूर्वक छीन ले गया; धर्म अस्त हो गया और मर्यादाएँ भंग हुईं। हे जगन्नाथ ! यह पहले ही कल्पित है कि मर्त्य को छोड़ और किसी के हाथों उसकी मृत्यु नहीं होगी। हे दयानिधि ! आप ही मर्त्य रूप में संसार में जन्म लेकर पंक्तिकंधर की हत्या कीजिए। हे मधुरिपु ! उसके लिए मैं सदा आपको प्रणाम करता हूँ। आपके पादपल्लवों का अनुस्मरण करने का अवसर मिले। जब पद्मसंभव ने ऐसा कह सुनाया तब पद्मलोचन ने सहास कह समझाया— "प्राचीनकाल में कश्यप प्रजापति ने पुत्रलाभार्थ अन्तःशुद्धि के साथ मेरी सेवा की। आपकी सौगंध, मुझसे उन्हें यह वर दिया गया है कि उसके लिए प्रयत्न किया जाएगा। हे विधाता ! अधुना काश्यपी तल पर (भूतल पर) कश्यप दशरथ नामक राजाधिराज के रूप में अवतीर्ण हैं। ५० उनकी पत्नी अदिति कौसल्या के नाम से पृथ्वी पर वर्तमान है और मैं उनके पुत्र के रूप में जन्म लूँगा। मेरे तीन भाई होंगे और मेरी चित् स्वरूपिणी शक्ति विश्वेश्वरी योगमाया पृथ्वी में अयोनिजा बनकर जनकालय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विश्वेश्वरि योगमाया देवियुं जनकालये वन्नु कीकत्सात्मजकुल-
नाशकारिणियायि मेदिनि तन्निलयोनिजयायुण्टाय्वरुमादितेयन्मार्
कपि वीररायिप्पिऱक्कणं मेदिनी देविक्कति भारं कोण्टुण्टायोरु
वेदनतीर्प्पनिन्नालेन्नरुळ् चेय्तुनाथन् । वेदनायकनेयुमयच्चु
मऱञ्ञप्पोळ् वेधावुं नमस्करिच्चीटिनान् भक्तियोटे । आदितेय-
न्मारेल्लामाधितीन्नतुनेरं आदिनायकन् मऱञ्ञीटिनोराश नोक्कि
खेदवुमकन्नुळ्ळिल् प्रीतिपूण्टुटनुटन् मेदिनि तन्निल् वीणु नमस्कारवुं
चेय्तार् । मेदिनी देवियेयुमाश्वसिप्पिच्च शेषं वेधावुं
देवकळोटरुळिच्चेय्तानेवं— दानवाराति करुणानिधि लक्ष्मीपति
मानव प्रवरनाय्वन्नवतरिच्चीटुं ६० वासराधीशान्वये सोदरमयो-
द्ध्ययिल् वासवादिकळाय निङ्ङळुमोन्नु वेणं वासुदेवनेप्परि-
चरिच्चु कोळ्वानायि दास भावेन भूमिमण्डले पिऱक्कणं । मानियां
दशानन भृत्यन्माराकुं यातुधानवीरन्मारोटु युद्धं चेय्वतिन्नोरो
कानन गिरि गुहाद्वार वृक्षङ्ङळ्तोरुं वानरप्रवरन्मारायेतुं वैकीटाते
सुत्रामादिकळोटु पत्मसंभवन् निभर्तृशासनमरुळ् चेय्तुटन् कृतार्थनाय्
सत्यलोकवुंपुक्कु सत्वरं धरित्रियुमस्तसन्तापमति स्वस्थयाय्
मरुविनाळ् । तल्क्काले हरिप्रमुखन्मारां विबुधन्मारोक्केवे हरि

में जन्म लेगी, जो राक्षसवंश के लिए नाशकारिणी सिद्ध होगी । आदितेय लोग मेदिनी के अतिभार से उत्पन्न दुख को दूर करने के लिए कपिवीरों के रूप में पैदा होंगे । यह कहकर भगवान के अप्रत्यक्ष होते ही वेधा ने भक्तिपूर्वक नमस्कार किया । आदिनायक के अप्रत्यक्ष होती दिशा को देखकर आदितेय लोगों की आधि दूर हो गयी । दुख के दूर होने तथा प्रीति के जन्म लेने के कारण वे दंडवत् प्रणाम करने लगे । मेदिनी देवी को समाश्वसित करके वेधा ने देवताओं से इस प्रकार कहा—दानवों के अराति तथा करुणानिधि लक्ष्मीपति मानव श्रेष्ठ बनकर । ६० —सूर्यवंश में सहोदरों के साथ अयोध्या में अवतार लेंगे । वासुदेव भगवान की सेवा शुश्रूषा करने के लिए आप देवता लोगों को दास्य भाव लेकर पृथ्वी मण्डल पर जन्म लेना होगा । घमण्डी दशानन के सेवक यातुधान वीरों से युद्ध करने के लिए कानन, गिरि, गुहाद्वार, वृक्ष आदि पर वानर प्रवर बनकर वास करो, इस प्रकार सुत्रामा, आदि को आदेश देकर कृतार्थ हो पद्मसंभव तुरंत सत्यलोक को चले गये और धरित्रि भी दुख से विमुक्त हो स्वस्थ भाव से रह गयी । तत्काल ही इन्द्रादि सभी विबुध लोग मानुष हरि (मनुष्य रूप में विष्णु) के सहायतार्थ मानुष हरि (मनुष्य सिंह) के समान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रूपधारिकळायारल्लो मानुष हरि सहायार्त्थमाय्ततस्ततो मानुष हरि वेग विक्रमत्तोटे । पर्वत वृक्षोपलयोधिकळायुन्नत पर्वत तुल्यशरीरन्मारायनारतं ईश्वर प्रतीक्षमाणन्माराय् प्लवग वृन्देश्वरन्मारु भुवि सुखिच्चु वाणारल्लो । ७०

पुत्रलाभालोचन

अमितगुणवानां नृपति दशरथनमलनयोद्धयाधिपति धर्म्मात्मावीरन् अमरकुलवर तुल्यनां सत्य पराक्रमनंगज समन् करुणारत्नाकरन् कौसल्यादेवियोटुं भर्तृशुश्रूषय्केटं कौशल्यमेडीटुं कैकेयियुं सुमित्रयुं भार्य्यमारिवरोटुं चेर्न्नु मन्त्रिकळुमाय् कार्याकार्यङ्ङळ् विचारिच्चु भूतलमेल्लां परिपालिक्कुं कालमनपत्यत्वं कोण्टु परितापेन गुरु चरणांबुज द्वयं वन्दनं चेय्तु चोदिच्चीटिनेन्तुनल्लू नन्दनन्मारुण्टा-वानेन्नरुळ् चेय्तीटणं । पुत्रन्मारिल्लाय्यक यालेनिक्कु राज्यादि सम्पत्तु सर्ववुं दुःखप्रदमेन्नरिञ्ञालुं । वरिष्ठ तपोधनन् वसिष्ठनतु केट्टु चिरिच्चु दशरथ नृपनोटरुळ् चेय्तु-- निनक्कु नालु पुत्रन्मारुण्टाय्वरुमतु निन्नच्चु खेदिक्केण्टा मनसि नरपते !

वीरता लेकर हरि (वानर) रूप धारी बन गये । उन्नत पर्वत तुल्य शरीरधारी प्लवग वृन्देश्वर (श्रेष्ठ कपि वृन्द) पर्वतों, वृक्षों, पत्थरों के योद्धा बनकर ईश्वर की प्रतीक्षा करते हुए सुखपूर्वक पृथ्वी पर जीवन बिताने लगे । ७०

पुत्र-लाभ का विचार

अमित गुणवाले, अमल, धर्मात्मा, वीर, करुणानिधि अमर कुल मुख्य के समान सत्यशील एवं पराक्रमी तथा कामदेव के समान तेजस्वी अयोध्या पति महाराज दशरथ, पति की शुश्रूषा में अत्यन्त कुशल कौसल्या, कैकेई तथा सुमित्रा नामक पत्नियों तथा मंत्रियों से कार्य-अकार्य के संबंध में सलाह-मशविरा करते हुए भूतल का परिपालन करते आ रहे थे । (किन्तु) अनपत्यता दुख से खिन्न हो उन्होंने एक दिन अपने गुरु के दोनों चरण-सरोजों की वन्दना करते हुए कहा कि पुत्रोत्पत्ति के लिए उपाय बता दीजिए । आप यह जान लीजिए कि पुत्रों के अभाव में मेरे लिए राज्य आदि सारी सम्पत्तियाँ दुखप्रद सी लगती हैं । यह सुनकर वरिष्ठ तपोधन वसिष्ठ ने हँसते हुए दशरथ से कहा—"हे नरपति, आपको यह दुख नहीं होना चाहिए, आपके चार पुत्र होंगे । हे गुणी ! आप अविलंब ऋष्यशृंग

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वैकातॆ वरुत्तणमृष्यश्रृंगनॆयिप्पोळ् चॆय्कत्ती गुणनिधे ! पुत्रकामेष्टि कर्म्मं । १० तन्नुट गुरुवाय वसिष्ठ नियोगत्ताल् मन्नवन् वैभण्डकन् तन्नॆयुं वरुत्तिनान् शालयुं पणिचॆय्तु सरयूतीरत्तिङ्कल् भूलोकपति यागं दीक्षिच्चानतु कालं । अश्वमेधानन्तरं तापसन्मारुमायि विश्वनायक समनाकिय दशरथन् विश्व-नायकनवतारं चॆय्वतिनायि विश्वास भक्तियोटुं पुत्रकामेष्टि कर्म्मं । ऋष्यश्रृंगनाल् चॆय्यप्पॆट्टोराहुतियालॆ विश्वदेवतागणं तृप्तमायतु नेरं । हेमपात्रस्थमाय पायसत्तोटुं कूटि हेमकुण्डत्तिल् निन्नु पॊङ्ङिनान् वह्निदेवन् । तावकं पुत्रीयमिप्पायसं कैकोळ्क नी देव निर्म्मितमॆन्नु परञ्ञु पावकनुं भूपति प्रवरनु कॊटुत्तु मरञ्ञितु तापसाज्ञया परिग्रहिच्चु नृपतियुं । दक्षिण चॆय्तु नमस्करिच्चु भक्तिपूर्वं दक्षनां दशरथन् तल्क्षणं प्रीतियोटॆ । कौसल्या देवियक्कर्द्धं कॊटुत्तु नृपवरन् शैथिल्यात्मना पाति नल्किनान् कैकेयिय्कुं । २० अन्नेरं सुमित्रय्कु कौसल्यादेवितानुं तन्नुटॆ पाति कोटुत्तीटिनाळ् मटियातॆ । ऎन्नतु कण्टु पाति कॊटुत्तु कैकेयियुं मन्नवनतु कण्टु सन्तोषं पूण्टानेटं । तल्प्रजकळ्क्कु

के लिए बुलावा भेजिए, अभी पुत्रकामेष्टि यज्ञ किया जाना चाहिए । १० अपने गुरु वसिष्ठ के आदेशानुसार राजा वैभांडिक (ऋष्यश्रृंग) को बुला लाये । सरयू तट पर यागशाला बनवाकर भूलोकपति (दशरथ) ने याग का उपक्रम कर लिया । अश्वमेध यज्ञ के उपरांत विश्वनायक तुल्य दशरथ ने विश्वनायक के अवतार हेतु तापसों सहित विश्वास एवं भक्ति के साथ पुत्रकामेष्टि यज्ञ किया । उस समय ऋष्यश्रृंग से अर्पित आहुति से विश्वभर के देवता गण संतृप्त हुए । हेमपात्र में भरे खीर के साथ होमकुण्ड से अग्निदेव ऊपर उठे । पावक ने (राजा से) कहा—"आपकी पुत्र-प्राप्ति के लिए देवों से तैयार की गयी यह खीर आप स्वीकार कीजिए ।" तापस की आज्ञा से नृपति ने उसे ग्रहण किया और राजा को (खीर) देकर (पावक) अप्रत्यक्ष हुए । तत्क्षण सक्षम दशरथ ने प्रीति एवं भक्तिपूर्वक सप्रणाम (तापस को) दक्षिणा अर्पित की । अस्त व्यस्त नृपवर ने (खीर का) आधा भाग कौसल्या जी को और शेष आधा भाग कैकेई जी को प्रदान किया । २० तभी कौसल्या देवी ने निस्संकोच भाव से सुमित्रा जी को अपने हिस्से का आधा भाग दे दिया और यह देखकर कैकेयी जी ने भी अपने हिस्से का आधा अंश दे दिया । यह देखकर राजा अत्यन्त प्रसन्न हुए । तभी तीनों (रानियों) ने अपनी प्रजाओं को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परमानन्दं वरुमारु गर्भवुं धरिच्चितु मूवरुमतु कालं । अप्पोळ्
तुटङ्ङि क्षोणीन्द्रनां दशरथन् विप्रेन्द्रन्मारेयोक्कें वरुत्तितुटङ्ङिनान् ।
गर्भरक्षार्थं जपहोमादि कर्म्मङ्ङळुमुत्पलाक्षिकळ्क्कनुवासरं क्रमत्ताले।
गर्भ चिह्नङ्ङळेल्लां वर्द्धिच्चु वरुन्तोरुमुळ्प्रेमं कूटेक्कूटे वर्द्धिच्चु
नृपेन्द्रनुं तल् प्रणयिनिमार्क्कुळ्ळाभरणङ्ङळ् पोले विप्रादि
प्रजकळ्क्कुं भूमिक्कुं देवकळ्क्कुं । अल्पमाय्च्चमञ्ञितु सन्तापं
दिनन्तोरुमल्पभाषिणिमार्क्कुं वर्द्धिच्चु तेजस्सेटं । सीमन्त-
पुंसवनादि क्रियकळुं चेय्तु कामान्तदानङ्ङळुं चेय्तितु नरवीरन् ।
गर्भवुं परिपूर्णमाय् च्चमञ्ञितुकालमर्भकन्मारुं नालुवर्
पिरन्नारुटनुटन् । ३० उच्चत्तिल् पंचग्रहं निल्कुन्न कालत्तिङ्क-
लच्युतनयोद्ध्ययिल् कौसल्यात्मजनायान् नक्षत्रं पुनर्वसु
नवमियल्लो तिथि नक्षत्राधिपनोटु कूटवे बृहस्पति कर्क्कटकत्तिल-
त्युच्चस्थितनायिट्टल्लो अर्कनुमत्युच्चस्थनुदयं कर्क्कटकं अर्क्कजन्
तुलात्तिलुं भार्गवन् मीनत्तिलुं वक्रनुमुच्चस्थनाय् मकरं राशितन्निल्
निल्कुम्पोळवतरिच्चीटिनान् जगन्नाथन् दिक्कुकळोक्कें प्रसादिच्चितु

परमानंद प्रदान करते हुए गर्भधारण किया। तभी से क्षोणीन्द्र (श्रेष्ठ राजा) दशरथ विप्रेन्द्रों (ब्राह्मण श्रेष्ठ)को बुला लाने लगे। उत्पलाक्षियों (कमल लोचना रानियों) के गर्भ की रक्षा के लिए प्रतिदिन क्रम से जप होम आदि कार्य किये जाने लगे। जैसे-जैसे गर्भ के लक्षण बढ़ते गये वैसे-वैसे मन ही मन राजा का प्रेम बढ़ता गया। अपनी पत्नियों के साथ ब्राह्मणादि प्रजा वर्ग, भूमि एवं देवताओं के लिए भी आभूषण बनवा दिये जाने लगे। उनकी अल्प भाषिणी रानियों का दिन ब दिन सौन्दर्य बढता गया और उसके अनुरूप ही वे अल्पाल्प दुख का भी नाट्य रचने लगीं। नर श्रेष्ठ (राजा) ने सीमन्त, पुंसवन आदि संस्कार तथा (रानियों की) गर्भ-हेतु इच्छाएँ यथावसर पूर्ण कीं। गर्भ के परिपूर्ण होते ही बारी-बारी से चार बालकों का जन्म हुआ। ३० पंचग्रहों की उच्च स्थिति में अच्युत ने अयोध्यापुरी में कौसल्या के पुत्र रूप में अवतार लिया पुनर्वसु नक्षत्र, नवमी की तिथि उच्चस्थ चन्द्र के साथ वृहस्पति कर्क में उच्चस्थ सूर्य का कर्क में उदय, तुला में अर्क, मीन में रवि और मकर में मंगल, ऐसी राशियों में जगन्नाथ का अवतार हुआ; समस्त दिशाएँ और देवता लोग प्रसन्न हुए। पुष्य नक्षत्र में कैकेई ने पुत्र को जन्म दिया और अगले दिन सुमित्रा के पुत्रद्वय हुए। कौसल्या ने अपने पुत्र में भगवान परमात्मा, मुकुन्द, नारायण, जगदीश्वर, जन्मरहित, कमललोचन भुवनेश्वर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

देवकळुं। पेट्टितु कैकेयियुं पुष्य नक्षत्रं कोण्टे पिट्टेन्नाळ् सुमित्रयुं पेट्टितु पुत्रद्वयं। भगवान् परमात्मा मुकुन्दन् नारायणन् जगदीश्वरन् जन्मरहितन् पत्मेक्षणन् भुवनेश्वरन् विष्णुतन्नुटे चिह्नत्तोटुमवतारं चेय्तप्पोळ् काणायि कौसल्यय्कुं सहस्र-किरणन्मारोरुमिच्चोरुन्नेरं सहस्रायुत मुदिच्चुयरुन्नतु पोले। सहस्रपत्रोत्भवनारदसनकादि सहस्रनेत्र मुख विबुधेन्द्रन्मारालुं ४० वन्द्यमायिरिप्पोरु निर्म्मल मकुटवुं सुन्दर चिकुरवुमळक सुषमयुं कारुण्यामृत रस सम्पूर्णनयनवुमारुण्यांबर परिशोभित जघनवुं शंख चक्राब्जगदा शोभित भुजङ्ङळुं शंख सन्निभगळ राजित कौस्तुभवुं भक्त वात्सल्यं भक्तन्माय्क्कुं कण्टरिवानाय् व्यक्त-मायिरिप्पोरु श्रीवत्सवुं कुण्डल मुक्ताहार काञ्चिनूपुर मुख मण्डनङ्ङळुमिन्दु मण्डल वदनवुं पण्टु लोकङ्ङळेल्लामळन्न पादाब्जवुं कण्टु कण्टुण्टायोरु परमानन्दत्तोटुं मोक्षदनाय जगत्साक्षियां परमात्मा साक्षाल् श्रीनारायणन् तानितेन्नरि-ञ्ञप्पोळ् सुन्दर गात्रियाय कौसल्या देवितानुं वन्दिच्चु तेरुतेरे स्तुतिच्चु तुटङ्ङिनाळ्। नमस्ते देव देव! शंख चक्राब्जधर! नमस्ते वासुदेव! मधुसूदन! हरे। नमस्ते नारायण! नमस्ते नरकारे! समस्तेश्वर! शौरे! नमस्ते

विष्णु के सारे लक्षण देखे। उन्होंने देखा (मानो) सहस्र अयुत (दस-हज़ार) सहस्र किरणों (सूर्य) का एक साथ उदय हुआ है। सहस्रपत्रोद्भव (ब्रह्मा), नारद, सनक, सहस्राक्ष (इन्द्र), सहस्रानन विष्णु देवों से सेवित उनका रूप था। ४० निर्मल किरीट, सुन्दर चिकुर, सुषमामयी अलक-जाल, कारुण्य से अमृतरस बरसानेवाले नेत्र, अरुणांबर से परिशोभित जघन; शंख, चक्र, कमल एवं गदा से शोभित भुजाएँ, शंख के समीप गले में विराजमान कौस्तुभ, भक्तों को (भगवान का) भक्त-वात्सल्य दिखाने वाला स्पष्ट श्रीवत्स, कांची, नूपुर; कुण्डल, मुक्ताहार जैसे मुखाभूषण, इन्दुमण्डल सदृश मुख, पहले सारे लोकों को नापने वाले चरण-कमल, सबको देख-देख परमानंद में निमग्न कोमलांगी कौसल्या उन्हें मोक्षदायक, जगद्साक्षी, परमात्मा एवं साक्षात् नारायण समझकर बार-बार (उनकी) वन्दना एवं स्तुति करने लगी—"हे देव! देव! (आपको) नमस्कार! हे शंख चक्र, कमलधारी वासुदेव! हे मधुसूदन! हे हरि! (आपको) प्रणाम! हे नारायण! हे नरकारि! हे समस्तेश्वर! हे शौरी! हे जगत्पति!

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जगत्पते ! ५० न्निन्तिरुवटि मायादेवियेँ क्कोँण्टु विश्वं सन्ततं रक्षिच्चु संहरिक्कुन्नु सत्वादि गुणत्रयमाश्रयिच्चिच्चेन्तिनितेन्नुत्त मन्मार्क्कु पोलुमड्रिवान वेलयत्रे । परमन् परापरन् परब्रह्माख्यन् परन् परमात्मावु परन् पुरुषन् परिपूर्णन् अच्युतननन्तन-व्यक्तनव्ययनेकन् निश्चलन् निरुपमन् निर्वाण प्रदन् नित्यन् निर्म्मलन् निरामयन् निर्विकारात्मदेवन् निर्म्ममन् निराकुलन् निरहङ्कार मूर्त्ति निष्कळन् निरञ्जनन् नीतिमान् निष्कल्मषन् निर्ग्गुणन् निगमान्त वाक्यार्त्थ वेद्यन्नाथन् । निष्क्रियन् निराकारन् निर्ज्जर निषेवितन् निष्कामन् नियमिनां हृदयनिलयनन् अद्वय-नजनमृतानन्दन् नारायणन् विद्वन्मानस पत्ममधुपन् मधुवैरि सत्यज्ञानात्मा समस्तेश्वरन् सनातनन् सत्व सञ्जय जीवन् सनकादिभिस्सेव्यन् तत्त्वार्त्थ बोधरूपन् सकल जगन्मयन् सत्ता-मात्रकनल्लो न्निन्तिरुवटि नूनं ६० न्निन्तिरुवटियुटे जठरत्तिङ्कल् नित्यमन्तमिल्लातोळं ब्रह्माण्डङ्ङळ् किटक्कुन्नु । अङ्ङनेयुळ्ळ भवानेन्नुटे जठरत्तिलिङ्ङने वसिप्पतिनेन्तु कारणं पोट्टी ! भक्तन्मार् विषयमायुळ्ळोरु पारवश्यं व्यक्तमाय्क्काणाय्वन्नु मुग्धयामेनिक्किप्पोळ् भर्त्तृपुत्रार्त्थ कुल संसार दुःखाम्बुधौ

(आपको) प्रणाम ! ५० आप मायादेवी के सहारे निरंतर विश्व का संरक्षण एवं संहार करते रहते हैं। आप सत्वादि गुणत्रयों का आश्रय क्यों लेते हैं, यह उत्तम जन भी समझ नहीं पाते। हे नाथ ! आप परम, परापर, परब्रह्म, परमात्मा, पूर्णपुरुष, अच्युत, अनन्त, अव्यक्त, अव्यय, एक, निश्चल, निरुपम, निर्वाणप्रद, नित्य, निर्मल, निरामय, निर्विकारस्वरूप, निर्म्मम, निराकुल, निरहंकारस्वरूप, निष्कल, निरंजन, नीतिवान्, निष्कल्मष, निर्गुण, निगमान्त वाक्यार्थ से वेद्य, निष्क्रिय, निराकार, निर्जर-सेवित, निष्कामी, निष्ठावान जन के हृदय निलय में बसनेवाले, अद्वय, अज, अमृतानन्द, नारायण, विद्वान् जन के मानस-कमल के मधुप, मधुवैरि, सत्यज्ञानात्मा, समस्तेश्वर, सनातन, सत्वगुणों के लिए आधार, सनकादि से सेव्य, तत्वार्थ बोध से प्राप्त, सकल जगन्मय, केवल सत्ता हैं। ६० आपके जठर (उदर) में नित्य ही अन्तहीन ब्रह्माण्ड समाये हुए हैं। हे प्रभु ! ऐसे आप मेरे उदर में किसलिए आ बसे ? (आप पर) मुग्धा मुझे आपका भक्त पारवश्य स्पष्टतया व्यक्त दिखाई दे रहा है। पति, पुत्र, वंश आदि से संबंधित संसार दुख— सागर में निमग्न हो नित्य भ्रमित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नित्यवुं निमग्नयायत्यर्थं भ्रमिक्कुन्नेन् ञान्नुटे महामाय तन्नुटे बलत्तिनालिन्नु ञान् पादांभोजं काण्मानुं योगंवन्नु। त्वल् कारुण्यत्ताल् नित्यमुळ् काम्पिल् वसिक्केण मिक्काणाकिय रूपं दुष्कृतमोटुङ्ङुवान् विश्व मोहिनियाय ञान्नुटे महामाय विश्वेश ! मोहिप्पिच्चीटायकसां लक्ष्मीपते ! केवलमलौकिकं वैष्णवसाय रूपं देवेश ! मरुय्केणं मट्टुळ्ळोरकाणुंमुम्पे लाळनाश्लेषाद्यनुरूपमायिरिप्पोरु परिचरणत्ताले कटक्केणं दुःख संसारार्णवं। भक्ति पूण्टित्थं वीणु वणङ्ङि स्तुतिच्चप्पोळ् भक्त-वत्सलन् पुरुषोत्तमनरुल् चेय्तु-- ७० मातावे ! भवतिक्केन्तिष्ट माकुन्नतेन्नालेतुमन्तरमिल्ल चिन्तिच्चवण्णं वरुं। दुर्म्मदं वळर्न्नोरु रावणन् तन्नेकोन्नु सम्मोदं लोकङ्ङळ्क्कु वरुत्तिकोळ्वान् मुन्नं ब्रह्मशंकर प्रमुखामर प्रवीरन्मार् निर्म्मल पदङ्ङळाल् स्तुतिच्चु सेविक्कयाल् मानव वंशत्तिङ्कल् ञङ्ङळ्क्कु तनयनाय् मानुष वेषंपूण्टु भूमियिल्प्पिरन्नु ञान् पुत्रनाय्पिरक्कणं ञान् तन्ने ञङ्ङळ्क्केन्नु चित्तत्तिल् निरूपिच्चु सेविच्चु चिरकालं पूर्वजन्मनि पुनरतु कारणमिप्पोळेवं भूतकमाय वेषत्तेक्काट्टित्तन्नु

होती मुझे आपकी महामाया के बल से आज आपके पादकमलों को देखने का सौभाग्य मिला। ऐसी कृपा करें कि मैं अपने मन में (आपका) यह रूप देख सकूँ और अपने पापों से मुक्त हो जाऊँ। हे विश्वेश्वर ! हे लक्ष्मीपति ! विश्व मोहिनी आपकी महामाया मुझे मोहित न कर पाए। हे देवेश ! अन्य जनों के देख पाने के पूर्व ही आप अपना यह अलौकिक विष्णु रूप छिपा दें। हे दयानिधि ! लालन-पालन एवं आश्लेष करने योग्य बाल भाव को आप मुझे दिखा दें। पुत्र वात्सल्य के बहाने आपकी सेवा करते हुए इस संसार दुख रूपी सागर को पार करने की इच्छा है।" भक्तिपूर्वक इस प्रकार (कौसल्या के) स्तुति करने पर भक्त वत्सल पुरुषोत्तम ने (उनको) बताया। ७० —"हे माता ! आपकी जो इच्छा है, वही बिना किसी अन्तर के होगी। पूर्वकाल में घमण्डी रावण की हत्या करके संसार में सुख-शांति स्थापित करने की ब्रह्मा, शंकर, प्रमुख अमर गणों के द्वारा निर्मल चित्त हो प्रार्थना करने के कारण मैं पृथ्वी पर मानव-कुल में तुम्हारे पुत्र रूप में मानव वेषधारी बनकर पैदा हुआ हूँ। (यही नहीं) तुमने भी पहले चिरकाल तक मुझे पुत्र रूप में प्राप्त करने की मन में आशा लेकर पूजा-अर्चना की थी। उसी कारण से आज मैंने तुम्हें अपना भौतिक स्वरूप दिखा दिया।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दुर्लभंमद्दर्शनं मोक्षत्तिनायिट्टुळ्ळॊन्निल्लल्लो पिन्नॆयॊरु जन्मसंसार दुःखं। ऎन्नुटॆ रूपमिदं नित्यवुं ध्यानिच्चु कॊळ्कॆन्नाल् वन्नीटुं मोक्षमिल्ल संशयमेतुं। यातॊरु मर्त्यनिह नम्मिलॆस्संवाद-मिदादराल् पठिक्कतान् केळ्क्कतान् चॆय्युन्नतुं साधिय्क्कुमवनु सारूप्यमॆन्नतिन्ञालुं चेतसि मरिक्कुम्पोळ् मल् स्मरणयुमुण्टां। ८० इत्तरमरुळ् चॆय्तु बालभावत्तॆप्पूण्टु सत्वरं कालुं कैयुं कुटञ्ञु करयुन्नोन् इन्द्रनीलाभपूण्ट सुन्दर रूपनरविन्द लोचनन् मुकुन्दन् परमानन्दात्मा चन्द्र चूडारविन्द मन्दिर वृन्दारक वृन्द वन्दितन् भुवि वन्नवतारं चॆय्तान्। नन्दननुण्टायितॆन्नाशु केट्टॊरु पंक्ति स्यन्दननथ परमानंदाकुलनायन्। पुत्र जन्मत्तॆ चॊन्न भृत्यवर्गत्तिनॆल्लां वस्त्रभूषणाद्यखिलार्त्थ दानङ्ङळ् चॆय्तान्। पुत्र वक्त्राब्जं कण्टु तुष्टनाय् पुरप्पॆट्टु शुद्धमाय् स्नानं चॆय्तु गुरुविन् नियोगत्ताल्। जातकर्म्मवुं चॆय्तु दानवुं चॆय्तु पिन्नॆ जातनायितु कैकेयि सुतन् पिटेन्नाळुं। सुमित्रा पुत्रन्मारायुण्टायि-तिरुवरुंममित्रान्तकन् दशरथनुं यथाविधि चॆय्तितु जातकर्म्मं बालन्माक्कॆल्लावक्कुं पॆय्तितु सन्तोषं कॊण्टस्रुक्कळ् जनङ्ङळ्क्कुं।

मेरा यह दुर्लभ दर्शन मोक्षसाधन है, उसके उपरांत जन्म और संसार-दुख नहीं होता। मेरे इस रूप का नित्य ध्यान करने पर मोक्ष प्राप्ति होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। जो मानव हमारा यह संवाद श्रद्धा से पढ़ता या सुनता है, वह सारूप्य मुक्ति प्राप्त कर सकेगा और मृत्यु के समय उसके मन में मेरी स्मृति उद्भूत होगी।'' ८० इतना कहकर बाल-भाव को अपनाकर तुरन्त ही हाथ-पाँव हिलाते हुए (भगवान) रोने लगे। इन्द्रनीलाभा से युक्त सुन्दर स्वरूप वाले, कमललोचन, मुकुन्द जो परमात्मा हैं, (और जो) चन्द्रचूड (शिव), ब्रह्मा एवं वृन्दारक वृन्द (देवगण) से आराध्य हैं, भूमि पर अवतार ले चुके। पुत्रोत्पत्ति की तुरन्त सूचना पाकर पंक्तिस्यंदन (दशरथ) परमानन्द में निमग्न हो गये। पुत्र-जन्म का समाचार पहुँचाने वाले सेवकों को वस्त्र, आभूषण एवं धन दान में दिये। गुरु का आदेश पाकर पुत्र के मुख-कमल का दर्शन करके सानंद बाहर आये और स्नान करके अपने को निर्मल बनाया। जन्मसंस्कार एवं दान-कर्म निभाये। फिर अगले दिन कैकेई का पुत्र-जन्म हुआ। शत्रुसंहारक दशरथ के सुमित्रा से दो पुत्र हुए। (उन्होंने) यथाविधि बालकों के जात-कर्म करवाये और जनता ने आनन्दाश्रु बरसाये। भूदेवों (ब्राह्मणों) के लिए स्वर्ण, रत्न, वस्त्र, ग्राम आदि भूरि पदार्थ दान में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

स्वर्ण रत्नौघ वस्त्र ग्रामादि पदार्थङ्ङळॆण्णमिल्लातोळं दानं चॆय्तु भूदेवानां। ९० विण्णवर् ऩाट्टिलुमुण्टायितु महोत्सवं कण्णुकळायिरवं तॆळिञ्ञु महेन्द्रनुं। समस्त लोकङ्ङळुमात्मावांमिवङ्कले रमिच्चीटुन्नु नित्यमॆन्नोर्त्तु वसिष्ठनुं श्यामळ निऱं पूण्ट कोमळ कुमारनु रामनॆन्नोरु तिरुनामवुमिट्टानल्लो। भरण निपुणनां कैकेयीतनयनु भरतनॆन्नु नाममरुळि च्चॆय्तु मुनि। लक्षणान्वितनाय सुमित्रातनयनु लक्ष्मणनॆन्नु तन्नॆ नामवुमरुळ् चॆय्तु शत्रुवृन्दत्तॆ हनिच्चीटुक निमित्तमाय् शत्रुघ्ननॆन्नु सुमित्रात्मजावरजनुं नामधेयवुं ऩालु पुत्रर्क्कुं विधिच्चेवं भूमि पालनुं भार्यमारुमायानन्दिच्चान्। सामोदं बाल क्रीडा तत्परन्मारां कालं रामलक्ष्मणन्मारुं तम्मिलॊन्निच्चु वाळुं। भरतशत्रुघ्नन्मारॊरुमिच्चॆल्लाऩाळुं मरुवीटुन्नुपायसांशानु सारवशाल्। कोमळन्मारायॊरु सोदरन्मारुमाय् श्यामळ निऱं पूण्ट लोकाभिरामदेवन् १०० कारुण्यामृतपूर्णापांग वीक्षणं कॊण्टुं सारस्य व्यक्त वर्णालाप पीयूषं कोण्टुं विश्वमोहननाय रूप सौन्दर्यं कॊण्टुं निश्शेषानंद प्रद देहमार्दवं कॊण्टु बन्धूक दन्तांबर चुंबन रसं कॊण्टुं बन्धुर

दिये। ९० देवलोक में उत्सव मनाया गया; महेन्द्र (देवेन्द्र) के सहस्र नेत्र आनन्द से चमकने लगे। समस्त लोक आत्मस्वरूप इन्हीं में नित्य रमते हैं, यह सोचकर श्यामल रंगवाले कोमल बालक को वसिष्ठ ने पावन राम नामकरण किया, मुनि ने भरण पोषण में निपुण कैकेई-पुत्र को भरत नाम दिया और समस्त लक्षणों से शोभित सुमित्रा तनय का लक्ष्मण नाम रखा। शत्रु समूह के हनन के निमित्त (जन्म लेने से) सुमित्रा के द्वितीय पुत्र का नाम शत्रुघ्न रखा गया। इस प्रकार चारों पुत्रों का नामकरण करके भूमिपालक (दशरथ) पत्नियों के साथ आनंद मनाने लगे। सानंद बालक्रीड़ा में तत्पर होते समय, खीर के अंश का अनुसरण करते हुए (अर्थात् कौसल्या के खीर-भाग से लक्ष्मण और कैकेई के खीर-भाग से शत्रुघ्न पैदा हुए) राम और लक्ष्मण साथ-साथ रहे तथा भरत और शत्रुघ्न की जोड़ी सानंद बनी रही। कोमल सहोदरों के साथ श्यामल कलेवर एवं लोक के लिए अभिराम रामदेव। १०० —कारुण्यामृत निष्यंती अपने अपांग वीक्षण से, सरस एवं स्फुटाक्षरों से युक्त अमृतोपम आलाप से, विश्वविमोहन अपने रूप सौन्दर्य से, निश्शेषानंद प्रद देह मार्दवता से, बन्धूक तुल्य अधरों के चुंबन रस से, बंधुर (हंस) से स्वच्छ दन्तांकुरों की स्पष्ट हासाभा से, भूतलस्थित पादाब्जों की गति से, मनोहर चेष्टाओं से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दन्ताङ्कुर स्पष्ट हासाभ कोण्टुं । भूतल स्थित पादाब्ज द्वययानं कोण्टुं चेतोमोहनङ्ङळां चेष्टितङ्ङळे कोण्टुं । तातनुमम्ममाक्कुं नगरवासिकळ्क्कुं प्रीति नल्किनान् समस्तेन्द्रियङ्ङळ्क्कुमेल्लां फालदेशान्ते स्वर्णाश्वत्थ पर्णाकारमाय् मालेयमणिञ्ञतिल्प्पट्टीटुं कुरळवुं अञ्जनमणिञ्ञति मञ्जुळ तरमाय कञ्जनेत्रवुं कटाक्षावलोकनङ्ङळुं कर्णालंकार मणि कुण्डलं मिन्नीटुन्न स्वर्णदर्प्पण सम गण्ड मण्डलङ्ङळुं । शार्दूल नखङ्ङळुं विद्रुम मणिकळुं चेर्त्तुटन् कार्त्त स्वरमणिकळ् मद्ध्ये मद्ध्ये कोर्त्तु चार्त्तीटुन्नोरु कण्ठ काण्डोद्योतवुं ११० मुत्तुमालकळ् वन मालकळोटुं पूण्टु विस्तृतोरसि चात्तु तुळसी मालकळुं अंगदङ्ङळुं वलयङ्ङळ् कङ्कणङ्ङळ् कोण्टुशोभिच्च करङ्ङळुं काञ्चन सदृश पीतांबरोपरि चात्तु काञ्चिकळ् नूपुरङ्ङळेन्निव पलतरं अलङ्कारङ्ङळ् पूण्टु सोदरन्मारोटुमोरलङ्कारत्तेच्चेर्त्तान् भूमि-देविक्कुनाथन् । भर्त्ताविन्नधिवास मुण्टायोरयोद्ध्ययिल् पोल्त्तार् मानिनि तानुं कळिच्चु विळङ्ङिनाळ् । भूतलत्तिङ्कलेल्लामन्नु तोट्टनुदिनं भूतियुं वर्द्धिच्चितु लोकवुमानन्दिच्चु । दम्पतिमारे ब्बाल्यं कोण्टेवं रञ्जिप्पिच्चु सम्प्रति कौमारवुं सम्प्रापिच्चितु

तात (पिता), माताओं और नगरवासियों की समस्त इन्द्रियों को आनंद प्रदान किया । भालदेश पर स्वर्णिम अश्वत्थ पर्णाकार आभूषण पहनने से उत्पन्न शोभा, अञ्जन-रंजित मंजुल कंज-नेत्र और कटाक्षावलोकन, कर्णा-लंकार रूप मणिकुण्डलों की दीप्ति से मंडित स्वर्णिम दर्पण के समान गण्डस्थल, शार्दूल नख और विद्रुम के बीचो-बीच ध्वनिमयी मणियों से गुंथा कंठहार । ११० मुक्ताहार और वनमाला के साथ विशाल छाती का आश्लेष करती तुलसी माला, अंगद, कंकण, चूड़ियाँ, अंगुलीय से शोभित हाथ, कांचन के सदृश पीतांबर पर पहने मेखला, नाना नूपुर आदि विविध प्रकार के आभूषणों से लसित (श्रीराम) अपने भ्राताओं सहित भूमिदेवी के लिए अलंकार बन गये हैं । अपने पति के अधिवास स्थान अयोध्या में श्रीलक्ष्मी देवी (समृद्धि) क्रीडारत हो गयी तब से भूतल भर में दिन प्रतिदिन ऐश्वर्य बढ़ने लगा और संपूर्ण लोक आनंदित हो उठा । दम्पतियों (दशरथ और रानियों) को अपने बाल्य से अनुरंजित करते हुए धीरे-धीरे वे (राम और भ्राता) कौमारावस्था को पहुँच गये । ब्रह्मा के पुत्र एवं महामुनि वसिष्ठ ने विधिवत् बालकों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मेल्लें । विधि नन्दननाय वसिष्ठ महामुनि विधि पूर्वक मुपनिच्चितु बालन्मारें । श्रुतिकळोटु पुनरंगङ्ङळुपांगङ्ङळ् स्मृतिकळुपस्मृति कळुमश्रममेल्लां पाठमायतु पार्त्तलेन्तोरद्भुतमव पाटवमेरुं निज श्वासङ्ङळ् तन्नेयल्लो १२० सकल चराचर गुरुवाय् मरुवीटुं भगवान् तनिक्कोरु गुरुवाय् चमञ्ञीटुं सहस्र पत्रोत्भव पुत्रनां वसिष्ठन्टे महत्वमेरुं भाग्यमेन्तु चोल्लावतोर्त्ताल् । धनुर्वेदांबोनिधि पारगन्माराय् वन्नु तनयन्मारेन्नतु कण्टोरुदशरथन् मनसि वळर्न्नोरु परमानन्दं पूण्टु मुनि नायकनेयुमानन्दिप्पिच्चु तन्नाय् । आमोदं वळर्न्नुळ्ळिल् सेव्य सेवक भावं राम-लक्ष्मणन्मारुं कैकोण्टारतुपोलें । कोमळन्मारायमेवुं भरत शत्रुघ्नन्मार् स्वामि भृत्यक भावं कैकोण्टारनुदिनं । राघवनतुकालमेकदा कौतू-हलाल् वेगमेरीटुन्नोरु तुरग रत्नमेरि प्राण सम्मितनाय लक्ष्मणनोटुं चेर्न्नु बाण तूणीर बाणासनपूणिकळ् पूण्टु कानन देशे नटन्नी-टिनान् नायाट्टिनाय् क्काणाय दुष्ट मृग सञ्चयं कोलचेय्तान् । हरिण हरि करि करटि किटि किरि हरि शार्दूलादिकळमित वन्यमृगं १३० वधिच्चु कोण्टु वन्नु जनकन् काल्क्कल् वच्चु

का उपनयन संस्कार करा दिया। सभी अंगों सहित श्रुतिग्रन्थ, स्मृति, उपस्मृति सब अनायास ही उन्हें कंठस्थ हो गये। विचारपूर्वक देखा जाए तो आश्चर्य की बात है (कि भगवान बालक बनकर वेदाध्ययन कर रहे हैं) कि ये सब उन्हीं के निश्वास हैं। १२० —सारे चराचरों के स्वामी के गुरु बने सहस्रपत्रोद्भव (ब्रह्मा) के पुत्र व्यास जी की महत्ता एवं सौभाग्य के बारे में क्या कहा जाए ! धनुर्वेद रूपी सागर में पारंगत अपने तनयों को देखकर महाराज दशरथ मन में अत्यन्त प्रसन्न हुए और (उन्होंने) मुनि नायक को भी (दान-दक्षिणा से) प्रसन्न करवा दिया। परस्पर प्रीतियुक्त राम एवं लक्ष्मण के बीच सेव्य-सेवक भाव बढ़ता गया। सुकुमार भरत-शत्रुघ्न ने भी प्रतिदिन स्वामी-दास भाव को प्रश्रय दिया। उस काल में एक दिन कौतूहलवश श्रीराम जी अपने प्राणोपम प्रिय लक्ष्मण को साथ लेकर एक तीव्रगामी घोड़े पर सवार हो तथा धनुष-बाण एवं तूणीर से अलंकृत हो जानवरों का शिकार खेलने के लिए कानन प्रदेश में घूमने लगे और जो भी जानवर दिखाई दिये उनका शिकार खेलते रहे। हरिण, हरि (सिंह), करि (हाथी), सुअर, चीता, व्याघ्र आदि असंख्य जंगली जानवरों का। १३० —वधकर और उन्हें दशरथ जी के चरणों में रखकर विधिवत् नमस्कार किया। प्रतिदिन उषा काल में उठकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विधिच्च वर्ण्णं नमस्करिच्चु वणङ्ङिनान् नित्यवुमुषस्युष-स्युत्थाय कुळिच्चूत्तु भक्ति कैक्कोण्टु संध्यावन्दनं चैय्त शेषं जनक जननिमार् चरणांबुजं वन्दिच्चनुजनोटुं चेर्न्नु पौरकार्यङ्ङळेल्लां चिन्तिच्चु दण्डनीति नीङ्ङाते लोकं तङ्कल् सन्ततं रञ्जिप्पिच्चु धर्मपालनं चैय्तु। बन्धुक्कळोटुं गुरुभूतन्मारोटुं चेर्न्नु सन्तुष्टात्मना मृष्ट भोजनं कळिच्चथ धर्म्मशास्त्रादि पुराणेतिहासङ्ङळ् केट्टु निर्म्मल ब्रह्मानन्दलीन चेतसा नित्यं परमन् परापरन् परब्रह्माख्यन् परन् पुरुषन् परमात्मा परमानन्दमूर्त्ति भूमियिल् मनुष्यनायवतारं चैय्तेवं भूमिपालक वृत्ति कैक्कोण्टु वाणीटिनान्। चेतसा विचारिच्चु कण्किलो परमार्त्थमेतुमे चैय्युन्नोनल्लिल्लल्लो विकारवुं। चिन्तिक्किल् परिणाममिल्लातोरात्मानन्दमेन्तोरु महामाया वैभवं चित्रं! चित्रं!! १४०

विश्वामित्रन्टे यागरक्ष

अक्कालं विश्वामित्रनाकिय मुनिकुल मुख्यनुमयोद्ध्यक्का-म्मारेळुन्नळ्ळीटिनान्। रामनायवनियिल् मायया जनिच्चोरु कोमळमाय रूपं पूण्टोरु परात्मानं सत्यज्ञानानन्तानन्दामृतं

स्नानादि से निवृत्त हो भक्तिपूर्वक संध्यावंदन के उपरांत जनक-जननियों के चरण-सरोजों पर प्रणाम करके तथा भाई के साथ प्रजाओं के हित के कार्य सोचकर, निर्विघ्न दण्डनीति का अनुसरण करते हुए धर्मानुसार लोकानुरंजन में दत्तचित्त हो, भाई-बंधुओं गुरुजनों के साथ सानंद मिष्ठान्न भोजनकर धर्मशास्त्र, पुराण और इतिहास आदि का श्रवणकर नित्य निर्मल ब्रह्मानन्द में लीन हो परात्परस्वरूप, परब्रह्मस्वरूप, परमानन्दमूर्ति भगवान् भूमि पर मनुष्यावतार लेकर भूमि पालकवृत्ति (शासन कार्य) अपनाकर विराजित हुए। मन में विचारपूर्वक सोच लें तो (भगवान) वास्तव में न कोई कार्य करता है, न किसी विकार के वशीभूत हैं। गहराई से सोचें तो परिणाम रहित आत्मानंद स्वरूप (भगवान) की महामाया की अद्भुत गति है। १४०

विश्वामित्र की यागरक्षा

उन दिनों मुनिकुल मुख्य विश्वामित्र भूमि पर कोमल सशरीर राम के रूप में अवतीर्ण सत्यज्ञानमय, अनंत एवं आनंदस्वरूप परमात्मा को प्रत्यक्ष देखने का संकल्प लेकर तथा मन में भक्ति से विह्वल हो अयोध्या

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कण्टुकौळ्वान् चित्तत्तिल् ऩिरञ्ञाशु वळिञ्ञभक्तियोटे। कौशिकन् तन्ने कण्टु भूपति दशरथनाशु संभ्रमत्तोटुं प्रत्युत्थानवुं चेय्तु विधिनंदननोटुं चेन्ऩेतिरेटु यथाविधि पूजयुं चेय्तु वन्दिच्चु ऩिन्ऩु भक्त्या। सस्मितं मुनिवरन् तन्नोटु चौल्लीटिनानस्मज्जन्मवु मिन्ऩु वन्ऩितु सफलमाय्। ऩिन्ऩितिरुवटियेळुन्ऩळ्ळिय मूलं कृतार्थान्तरात्मावायितु ञानिह तपोनिधे! इङ्ङनेयुळ्ळ-ऩिङ्ङळेळुन्ऩळ्ळीटुं देशं मंगलमाय्वन्ऩाशु सम्पत्तुं ताने वरुं। ऐन्तोन्ऩु चिन्तिच्चेळुन्ऩळ्ळियतुमिप्पोळ् ऩिन्ऩितिरुवटियरुळ् चेय्यणं दयानिधे! ऐन्नालाकुन्ऩतेल्लां चेय्वन् ञान् मटियाते चौन्ऩालुं परमार्त्थं तापस कुलपते! १० विश्वामित्रनुं प्रीतनायरुळ् चेय्तीटिनान् विश्वासत्तोटु दशरथनोटतुन्ऩेरं। ञानमावास्य तोरुं पितृदेवादिकळे ध्यानिच्चु चेय्तीटुन्ऩ होमत्ते मुटक्कुन्ऩोर् मारीच सुबाहु मुख्यन्मारां नक्तञ्चरन्मारिरुवरुमनुचरन्मारुमायुळ्ळोरुं अवरेनिग्रहिच्चु यागत्ते रक्षिप्पानायवनीपते! रामदेवनेययय्केणं पुष्करोत्भव पुत्रन् तन्नोटुं निरूपिच्चु लक्ष्मणनेयुं कूटे ऩल्कणं मटियाते। ऩल्लतु वन्ऩीटुक ऩिनक्कु महीपते! कल्याणमते!

में पधारे। कौशिक को देखते ही तुरंत भूपति (राजा) दशरथ ससंभ्रम उठ खड़े हो गये। विधिनन्दन (वसिष्ठ) के साथ यथाविधि स्वागत सत्कार करके भक्तिपूर्वक (उनकी) पूजा, स्तुति एवं वंदना करते वे खड़े रहे। (उन्होंने) सहर्ष मुनिवर को बताया कि आज मेरा जन्म सफल हुआ। हे तपोनिधि! आपके आगमन से आज मेरी अन्तरात्मा कृतकृत्य हो गयी है। आप सरीखे जन जिस देश में पदार्पण करते हैं, वह (देश) स्वयं ही मंगलदायक एवं समृद्ध अपने आप हो जाएगा। हे दयानिधि! आपके पधारने का उद्देश्य तुरन्त ही अवगत कराने की कृपा करें। हे तापसवंश के नाथ! आप निस्संकोच भाव से वास्तविक बात बता दें, मैं अपनी शक्ति भर (उसे पूर्ण करने के लिए) प्रयत्न करूँगा। १० विश्वामित्र ने संतुष्ट हो विश्वासपूर्वक तब दशरथ से कहा—"मैं अमावस्या के दिनों में पितृदेवों का अनुस्मरण कर जो होम किया करता हूँ उसमें अपने अनुचरों सहित मारीच तथा सुबाहु नामक दो राक्षस प्रमुख विघ्न डाला करते हैं। उनका वधकर यागरक्षा के लिए हे अवनिपति (राजा)! आप राम को भेज दीजिएगा। पुष्करोद्भ पुत्र (व्यास) से परामर्श लेकर आप बिना किसी संकोच के लक्ष्मण को भी साथ भेजिएगा। हे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

करुणानिधे ! नरपते ! चिन्ता चञ्चलनाय पङ्क्ति स्यन्दन नृपन् मंत्रिच्चु गुरुविनोटेकान्ते चोंल्लीटिनान् ऐन्तु चोंल्वतु गुरो ! नन्दनन् तन्ने मम संध्यजिच्चीट्टुवतिनिल्लल्लो शक्तियोंट्टुं। ऐत्रयुं कोंतिच्चकालत्तिङ्ङल् दैववशाल् सिद्धिच्च तनयनां रामने- प्पिरियुम्पोळ् निर्णयं मरिक्कुं ञान् रामने नल्कीटाञ्ञालन्वय नाशं कूटे वरुत्तुं विश्वामित्रन् २० ऐन्तोंन्नु नल्लतिप्पोळेन्नु निन्तिरुवटि चिन्तिच्चरुळिच्चेय्तीटुकवेणं। ऐङ्किलो देव गुह्यं केट्टालुमति गोप्यं सङ्कटमुण्टाकेण्टा सन्ततं धरापते ! मानुषनल्ल रामन् मानव शिखामणे ! मानमिल्लात परमात्मावु सदानन्दन् पत्मसंभवन् मुन्नं प्रार्थिक्कमूलमायि पत्मलोचनन् भूमि भारत्ते- क्कळवानाय् निन्नुटे तनयनाय्क्कौसल्या देवि तन्निल् वन्नवतरिच्चितु वैकुण्ठन् नारायणन्। निन्नुटे पूर्वजन्मं चोंल्लुवन् दशरथ ! मुन्नं नी ब्रह्मात्मकन् कश्यप प्रजापति तन्नुटे पत्नियाकुमदिति कौसल्य केळन्निरुवरुं कूटिस्सन्ततियुण्टावानाय् बहुवत्सरमुग्र तपस्सु चेय्तु निङ्ङळ् मुहुरात्मनि विष्णु पूजाध्यानादियोटुं भक्तवत्सलन्

मंगलदायक, करुणानिधि महीपति (राजा)! आपका भला होगा।" चिन्ता व्याकुल हो राजा दशरथ ने एकान्त में गुरु से पूछा—"हे गुरुवर ! क्या उपाय है ? मैं अपने पुत्र को त्यागने के लिए बिलकुल असमर्थ हूँ। दीर्घकालीन आशा के उपरांत दैवयोग से प्राप्त अपने पुत्र राम के वियोग में मैं मर जाऊँगा और राम को न भेज देने पर विश्वामित्र संताननाश ही कर डालेंगे। २० ऐसी स्थिति में आप विचारपूर्वक करणीय (जो करना उचित है) सुझा दें।" (तब वसिष्ठ ने बताया) तो सुनिये। हे धरा- पति ! आप चिन्ता मत कीजिए। आप अत्यन्त रहस्यमय एवं गुप्त रखने योग्य देव संबंधी बात सुनिये। हे मानव-शिरोमणि (मानवों के सिरमौर)! राम मानव नहीं हैं। पहले पद्मसंभव (ब्रह्मा) के प्रार्थना करने पर कमललोचन, परमात्मस्वरूप एवं सदानंदमय वैकुण्ठवासी नारायण ने भूमि को भार-विमुक्त करने के लिए कौसल्या में आपके पुत्र के रूप में अवतार लिया है। मैं अब आपका भी पूर्वजन्म समझाता हूँ। पहले आप ब्रह्मा के पुत्र कश्यप प्रजापति थे और आपकी धर्मपत्नी कौसल्या अदिति थी। दोनों ने तब संतान-लाभ के लिए कई वर्षों तक उग्र तपस्या की। फिर पुत्र के लिए विष्णु की पूजा और ध्यान किया। भक्तों पर दया दिखाने वाले, वरदाता एवं देवतास्वरूप भगवान ने प्रत्यक्ष हो आपसे वर मांगने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

देवन् वरदन् भगवानुं प्रत्यक्षी भविच्चु ऩी वाङ्ङिक्कोळ् वरमेन्ऩान् । पुत्रनाय्प्पिऱक्कॆणमॆन्निक्कु भवानॆन्ऩु सत्वरमपेक्षिच्च कारणमिन्ऩु नाथन् ३० पुत्रनाय्प्पिऱन्निऩु रामनॆन्ऩऱिञ्ञालुं पृथ्वीन्द्रा ! शेषन् तन्नॆ लक्ष्मणनाकुन्ऩतुं शंख चक्रङ्ङळल्लो भरत शत्रुघ्नन्मार् शङ्क कैविट्टु कोण्टालुमिनियुं ऩी । योगमाया देवियुं सीतयाय् मिथिलयिल् यागवेलायामयोनिजयायुण्टाय् वन्ऩु । आगतनायान् विश्वामित्रनुमवर् तम्मिल् योगं कूटीट्टुवतिनॆन्ऩ-ऱिञ्ञीटणं ऩी । सन्तुष्टनाय दशरथनुं कौशिकनॆ वन्दिच्चु यथा-विधि पूजिच्चु भक्ति पूर्वं रामलक्ष्मणन्मारॆक्कॊन्टु पोय्क्कॊण्टालु-मॆन्ऩामोदं पूण्टु ऩल्कि भूपति पुत्रन्मारॆ । वरिक राम राम ! लक्ष्मण ! वरिकॆन्नरिके चेर्त्तु माऱिलणच्चु गाढं गाढं पुणर्न्नु पुणर्न्नुटन् नुकर्न्नु शिरस्सिङ्कल् गुणङ्ङळ् वरुवानाय्पोविनॆन्नुर चेय्तान् । जनक जननिमार् चरणांबुजं कूप्पि मुनि नायकन् गुरु पादवुं वन्दिच्चुटन् विश्वामित्रनॆच्चॆन्ऩु वन्दिच्चु कुमारन्मार् विश्वरक्षार्थं परिग्रहिच्चु मुनीन्द्रनुं ४० चाप तूणीर बाण

को कहा। तुरन्त ही आपके द्वारा पुत्र रूप में भगवान को प्राप्त करने की याचना से आज भगवान ने। ३० —हे पृथ्वीपति ! राम रूप में आपका पुत्र बनकर अवतार ले लिया है। यह बात समझ लीजिए। लक्ष्मण शेषनाग हैं। भरत-शत्रुघ्न को शंख-चक्र समझकर आज अपना भय आप त्याग दीजिए। यज्ञ समय में मिथिला देश में योगमाया ही अयोनिजा सीता के रूप में पैदा हुई है। उन दोनों के (राम तथा सीता) संयोग (का अवसर प्रदान करने) के लिए ही विश्वामित्र का आगमन हुआ, यह आप समझ लीजिए। यह (रहस्य) बड़ा ही गोप्य है और कहने योग्य नहीं है। आप पुत्र को निर्भय (विश्वामित्र के) साथ भेजिए।" सन्तुष्ट हो दशरथ ने यथाविधि कौशिक को प्रणाम किया और भक्तिपूर्वक पूजा की। राम-लक्ष्मण को साथ ले जाइये (कहकर) सहर्ष राजा ने पुत्रों को उन्हें सुपुर्द कर दिया। राजा ने कहा—"हे राम ! हे लक्ष्मण ! तुम मेरे पास आ जाओ।" (फिर) राजा ने उन्हें पास लाकर गाढ़ाश्लेष किया। बार-बार गले से लगाते हुए उनका मस्तक चूम लिया और आग्रह किया कि मंगल लाने के लिए तुम (लोग) जाओ। पिता तथा माताओं के चरण-सरोजों को प्रणाम करके (राम-लक्ष्मण ने) मुनिश्रेष्ठ (अपने) गुरु के चरणों की वंदना की। (फिर) बालकों ने जाकर विश्वामित्र को प्रणाम किया और विश्वामित्र ने विश्व की रक्षा

दिखाई पड़े। १२० तब दशरथ ने वसिष्ठ को बुलाकर अपशकुनों का कारण पूछा। "हे नरपति ! अब थोड़ा-सा भय उत्पन्न हो सकता है और बाद में वह भय दूर हो जायगा। यह आप जान लीजिए। आशंका की कोई बात नहीं है; भला होगा। चिन्ता मत कीजिए, यश बढ़ेगा।"—इस प्रकार जब वसिष्ठ समझा रहे थे तभी रास्ते पर भार्गव (परशुराम) दिखाई दिये। नील नीरद (मेघ) के समान निर्मल वर्ण वाले, परशु बाण और धनुष हाथ में लिये, शिव के शिष्य (परशुराम) को बाडवाग्नि के समान क्रोधाकुल हो मार्ग में खड़े देखकर दशरथ ने अंजलि जोड़ (उन्हें) दण्डवत् प्रणाम किया और (साथी) लोग हतबुद्धि हो रह गये। दशरथ ने परशुराम की ओर कातर भाव से देखा, (उनकी) वन्दना की और कई प्रकार से स्तुति की। "हे कार्तवीर्य के शत्रु श्रेष्ठ तपोधन ! मेरी रक्षा कीजिए। हे करुणासागर ! आप मार्तण्ड कुल (सूर्यवंश) की रक्षा कीजिए। हे क्षत्रियों के लिए काल ! हे जमदग्नि के पुत्र ! मेरी रक्षा कीजिए। हे रेणुका पुत्र ! हे प्रभु ! मेरी रक्षा कीजिए। १३० हे परशुपाणि ! हे परमेश्वर प्रिय ! मेरे कुल की रक्षा कीजिए ! मेरे कुल की नित्य रक्षा कीजिए। हे नाथ ! क्षत्रियों के समूह के रक्त तीर्थ में स्नान कर पितृगणों का तर्पण करने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चेय्तनाथ ! कात्तुकोळ्ळुक तपो वारिधे ! भृगुपते ! काल्त्त-
ळिरिणतवशरणं मम विभो ! इत्तरं दशरथन् चोऩ्ऩ-
तादरियाते बद्धरोषेण वह्निज्वाल पोङ्ङीटुं वण्णं वक्त्रवुं
मध्याह्नार्कमण्डलं पोले दीप्त्या सत्वरं श्रीरामनोटरुळि
चेय्तीटिनान्। ञानोऴिञ्ञुण्टो रामनिन्त्रिभुवनत्तिङ्कल् मानवनाय
भवान् क्षत्रियनेऩ्ऩाकिलो निल्लुनिल्लरक्षणमेन्नोटु युद्धं चेय्वान्
विल्लिङ्कल् निनक्केटं वल्लभमुण्टल्लो केळ्। नीयल्लो बलाल्
शैवचापं खण्डिच्चतेन्टे कय्यिलुण्टोरु चापं वैष्णवं महासारं।
क्षत्रियकुल जातनाकिल् नीयितु कोण्टु सत्वरं प्रयोगिक्किल्
निन्नोटुयुद्धं चेय्वन्। अल्लाय्किल् कूट्टत्तोटु संहरिच्चीटुऩ्ऩतुण्टिल्ल
सन्देह मेनिक्केऩ्ऩतु धरिच्चालुं १४० क्षत्रिय कुलान्तकन्
ञानेऩ्ऩतऱिञ्ञीले शत्रुत्वं नम्मिल्प्पण्टुपण्टेयुण्टेऩ्ऩोक्कुं नी।
रेणुकात्मजनेवं परञ्ञोरनन्तरं क्षोणियुं पारमोऩ्ऩु विऱच्चु
गिरिकळुं। अन्धकारं कोण्टोक्के मऱञ्ञु दिक्कुकळुं सिन्धु
वारियुमोऩ्ऩु कलङ्ङि मऱिञ्ञतु। ऐन्तोऩ्ऩु वरुन्नितेऩ्ऩोर्त्तु

वाले ! हे तपोनिधि ! हे भृगुपति ! मेरी रक्षा कीजिए। हे प्रभु ! आपके चरण पल्लव ही मेरे लिए शरण है।" इस प्रकार दशरथ की कही बातों पर ध्यान दिये बिना धधकती अग्नि-ज्वाला के समान अत्यधिक क्रोध के साथ तथा मध्याह्नकालीन सूर्य के समान तप्त मुख लेकर (परशुराम ने) श्रीराम जी से कहा— "क्या मेरे अतिरिक्त इस त्रिभुवन में और कोई राम है ? तुम क्षत्रिय कुल में उत्पन्न मानव हो तो ठहरो, ठहरो, मुझसे तुरन्त लड़ने को तैयार हो जाओ। सुना है, तुम्हारा धनुष पर अधिकार है। तुम्हीं ने तो बलात् शिवधनुष तोड़ा है न ? मेरे हाथ में एक प्रचण्ड वैष्णव चाप है। अगर तुम क्षत्रिय कुल में उत्पन्न हो तो इसका प्रयोग करो। (इसका प्रयोग करने पर) मैं केवल तुमसे युद्ध करूँगा अन्यथा (अगर धनुष का प्रयोग नहीं कर सके) मैं तुम सब का एक साथ सँहार करूँगा। मेरी इस बात में कोई अन्तर नहीं, यह तुम अच्छी तरह समझ लो। १४० क्या तुम्हें मालूम नहीं है कि मैं क्षत्रियवंश का संहारक हूँ। तुम यह याद रखो कि हम दोनों में बहुत पहले की शत्रुता है।" रेणुकात्मज (परशुराम) के इस प्रकार कहने पर पृथ्वी तथा पर्वत तनिक कंपित हो उठे। सारी दिशाएँ अँधकार से आवृत हो गयीं। सागर जल भी उमड़कर चंचल हो उठा। 'यह क्या हो रहा है'—सोचकर देवता लोग तथा चिन्तित हो तापस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

देवादिकळुं चिन्त पूण्टुळन्नितु तापसवरन्मारुं। पङ्क्ति स्यन्दनन् भीति कोण्टु वेपथु पूण्टु सन्तापमुण्टाय्वन्नु विरिञ्च तनयनुं। मुग्ध भाववुं पूण्टु रामनां कुमारनुं क्रुद्धनां परशुरामन् तन्नोटरुळ् चेय्तु चोल्लेळुं महानुभावन्मारां प्रौढात्माक्कळ् वल्लाते बालन्मारोटिङ्ङने तुटङ्ङियाल् आश्रयमवर्क्केन्तोन्नुळ्ळतु तपोनिधे! स्वाश्रम कुलधर्म्मङ्ङळेङ्ङने पालिक्कुन्नु? न्निन्तिरुवटि तिरुवुळ्ळत्तिलेरुन्नतिन्नन्तरमुण्टो पिन्ने वरुन्नु निरूपिच्चाल्? अन्धनायिरिप्पोरु बालकनुण्टो गुण बन्धनं भविक्कुन्नु सन्ततं चिन्तिच्चालु १५० क्षत्रिय कुलत्तिङ्कलुत्भविक्कयुं चेय्तेन् शस्त्रास्त्रप्रयोग सामर्थ्यमिल्लल्लो तानुं। शत्रुमित्रोदासीन भेदवुमेनिक्किल्ल शत्रु संहारं चेय्यान् शक्तियुमिल्लयल्लो। अन्तकान्तन् पोलुं लंघिच्चीटुन्नतल्ल न्निन्तिरुवटियुटे चिन्तितमतुमूलं विल्लिङ्ङु तन्नालुं ञानाकिलो कुलच्चीटामल्लेङ्किल् तिरुवुळ्ळक्केटुमुण्टाकवेण्टा। सुन्दरन् सुकुमारनिन्दिरापति रामन् कन्दर्प्पकळेबरन् कञ्जलोचनन् परन् चन्द्रचूडारविन्द मन्दिरमहेन्द्रादि वृन्दारकेन्द्रमुनिवृन्द वन्दितन् देवन्। मन्दहासवुं पूण्टु

श्रेष्ठ लोग इधर-उधर भाग-दौड़ करने लगे। दशरथ भयातुर हो पसीने से तर हो गये और (उन्हें देखकर) वसिष्ठ को बड़ा दुःख हुआ। बालक राम ने प्रसन्न चित्त हो क्रोधी परशुराम से कहा– प्रसिद्ध प्रौढ़ात्मा महानुभाव लोग बालकों से इस प्रकार निर्दयतापूर्वक व्यवहार करें तो हे तपोनिधि! उनके लिए (फिर) कौन-सा आश्रय प्राप्त होगा? वे अपने आश्रम, कुल एवं धर्म का कैसे पालन करेंगे? सोचें तो आपके मन में हमारे प्रति प्रीतिभाव की क्या कमी है? जरा सोचिये, अंधा बालक (अज्ञानी बालक) क्या कभी गुण के बंधन में आबद्ध (गुणी) हो सकता है? १५० मैं क्षत्रिय कुल में पैदा तो हो गया हूँ, किन्तु शस्त्रों एवं अस्त्रों के प्रयोग की सामर्थ्य (मुझमें) नहीं है। शत्रु या मित्र में भेद या उनके प्रति उपेक्षाभाव मुझमें नहीं है और शत्रु का संहार करने की क्षमता भी मुझमें नहीं है। काल का काल (शिव) भी आपका उल्लंघन नहीं कर सकता। इस कारण मैं चिन्ता में पड़ गया हूँ (कि आपके हाथ के धनुष का कैसे प्रयोग करूँ।) आप जरा धनुष दीजिएगा। हो सका तो मैं उसका प्रयोग करूँगा, अगर मुझसे संभव नहीं हुआ तो आपके मन में क्रोध भी नहीं आना चाहिए।" सुन्दर, सुकुमार, लक्ष्मीदेवी के पति, कामदेव तुल्य सुन्दर शरीरवाले, कमल जैसे नेत्रवाले, चन्द्रचूड (शिव),

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वन्दिच्चु मन्देतरं नन्दिच्चु दशरथनन्दनन् विल्लुं वाङ्ङि त्तिन्दरुळुन्न नेरमीरेळु लोकङ्ङळुमौन्निच्चु निरञ्ञीरु तेजसा काणाय्वन्नु कुलच्चु बाणमेकमेट्टुत्तौट्टुत्ताशु वलिच्चु निरच्चुटन् निन्नतुजितश्रमं। चोदिच्चु भृगुपतितन्नोटु रघुपति मोदत्तोटरुळि चेय्तीटणं दयानिधे ! १६० मार्ग्गणं निष्फलमायिरिक्कयिल्ल मम भार्गवराम ! लक्ष्यं काट्टित्तन्नीटवेणं। श्रीरामवचनं केट्टन्नेरं भार्गवनुमारूढानन्दमतिनुत्तरमरुळ् चेय्तु। श्री रामराम ! महाबाहो ! जानकीपते ! श्रीरमणात्मा राम ! लोकाभिराम राम ! श्रीराम ! सीताभिरामानन्दात्मक ! विष्णो ! श्रीराम राम ! रमारमण ! रघुपते ! श्रीराम ! राम ! पुरुषोत्तम ! दयानिधे ! श्रीराम ! सृष्टि स्थिति प्रलय हेतुमूर्त्ते ! श्रीराम ! दशरथ नन्दन ! हृषीकेश ! श्रीराम राम राम कौसल्यात्मज हरे ! ऐङ्किलो पुरावृत्तं केट्टु कौण्टालुं मम पङ्कजविलोचन ! कारुण्य वारानिधे ! चक्रतीर्थत्तिङ्कल् च्चेन्नेत्रयुं बाल्यकाले चक्रपाणियेत्तन्नेत्तपस्सु चेय्तेन् चिरं। उग्रमां तपस्सु कौण्टिन्द्रियङ्ङळेयेल्लां निग्रहिच्चनुदिनं सेविच्चेन्

अरविन्द मन्दिर (कमल जिनका वासस्थान है वह ब्रह्मा) महेन्द्र (इन्द्र) आदि देवसमूहों, मुनिगणों से सेव्य परम परमात्मास्वरूप दशरथ पुत्र राम ने मंदहास के साथ (परशुराम की) नम्रतापूर्वक वंदना की और सानंद (उनके हाथ से) धनुष लेते ही चौदहों भुवनों में परिव्याप्त उनका सौन्दर्य दिखाई दिया। धनुष की प्रत्यंचा पर एक बाण रखकर और अनायास प्रत्यंचा खींचकर बाण का संधान करते हुए सानंद रघुपति ने भृगुपति से कहा– "हे दयानिधि ! १६० आप लक्ष्य दिखा दीजिएगा। मेरा संधान निष्फल नहीं होगा।" श्रीराम जी के वचन सुनकर अत्यधिक आनंद में तल्लीन भार्गव ने उनको उत्तर दिया– "हे राम ! हे राम ! हे महाबाहु ! हे जानकीपति ! हे आनंदस्वरूप राम ! हे लोकाभिराम राम ! हे सीताभिराम ! हे आनंदात्मक विष्णु ! हे राम ! राम ! हे रमारमण ! हे रघुपति ! हे राम हे राम ! (आप) दयानिधि, सृष्टि, स्थिति, प्रलय के हेतुस्वरूप हैं। हे श्रीराम ! हे दशरथनन्दन ! हे हृषीकेश ! कौसल्या के पुत्र हे राम राम राम ! आप कमल नेत्र और करुणासागर हैं। (आप) मेरा पूर्व वृत्त सुनिएगा। मैंने अतीव बाल्यकाल में चक्रतीर्थ में जाकर चक्रपाणि (विष्णु) की तपस्या की थी। उग्र तपस्या से प्रतिदिन इंद्रियों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भगवानें। विष्णु कैवल्य मूर्त्ति भगवान् नारायणन् जिष्णु-सेवितन् भजनीयनीश्वरन् नाथन् १७० माधवन् प्रसादिच्चुमल् पुरोभागे वन्नु सादरं प्रत्यक्षनायरुळिच्चेय्तीटिनान्। उत्तिष्ठोत्तिष्ठ ब्रह्मन् ! तुष्टोहं तपसाते सिद्धिच्चु सेवाफलं निनक्केन्नरिञ्ञालुं मत्तेजोयुक्तन् भवानेन्नतुमरिञ्ञालु कर्त्तव्यं पलतुण्टु भवता भृगुपते ! कौल्लणं पितृहन्तावाकिय हेहयनें चौल्लेळुं कार्त्तवीर्यार्जुननां नृपेन्द्रनें। वल्लजातियुमवन् मल्कलांश जातनल्लो वल्लभं धनुर्वेदत्तिनवनेरुमल्लो। क्षत्रियवंशमिरुपत्तोन्नु परिवृत्ति युद्धे निग्रहिच्चु कश्यपनु दानं चेय्क। पृथ्वीमण्डलमोक्केप्पिन्ने-शशान्तियें प्रापिच्चुत्तममाय तपोनिष्ठया वसिच्चालु। पिन्नें ञान् त्रेतायुगे भूमियिल्द्दशरथन् तन्नुटे तनयनाय्वन्नवतरिच्चीटुं अन्नुकण्टीटां तम्मिलेन्नालेन्नुटे तेजस्सन्यूनंदाशरथितन्निलाक्कीटुक नी। पिन्नेयुं तपस्सु चेय्ताब्रह्मप्रळयान्तमेन्नेस्सेविच्चु वसिच्चीटुक महामुने ! १८० एन्नरुळ् चेय्तु मरञ्ञीटिनान् नारायणन् तन्नियोगङ्ङळेल्लां चेय्तितु ञानुं नाथ ! निन्तिरुवटि तन्ने वन्नवतरिच्चोरु पंक्तिस्यंदनसुतनल्लो नी जगत्पते ! ओर्क्कुलुळ्ळोरु

का निग्रह करते हुए भगवान की सेवा की। कैवल्य स्वरूप, विष्णु सेवित, पूज्य एवं भजनीय भगवान जो (जीवों के) स्वामी, नारायण एवं विष्णु हैं—१७० —जो माधव हैं, मुझपर प्रसन्न हो मेरे सामने प्रत्यक्ष आ खड़े हुए और कृपापूर्वक कहा— हे ब्रह्मन् ! तुम उठो, तुम उठो। मैं तुम्हारी तपस्या से सन्तुष्ट हुआ हूँ। तुम्हें अपना सेवा-फल मिला, ऐसा समझ लो। तुम यह भी समझ लो कि तुम मेरे तेज से युक्त हो। हे भृगुपति ! तुम्हारे करने योग्य कई कर्तव्य हैं। तुम्हें पितृहन्ता कार्तवीर्यार्जुन नाम से प्रसिद्ध हेहय देश के नरपति की हत्या करनी होगी। वह नीच जाति का है, किन्तु मेरी कला के अंश से जन्मा हुआ है और धनुर्वेद उसके लिए अत्यन्त प्रियकर है। क्षत्रिय वंश को इक्कीस बार युद्ध में समाप्त करके पृथ्वी मंडल कश्यप को दान में दो और फिर शांतिपूर्वक उत्तम तपःनिष्ठा से रहो। फिर मैं त्रेतायुग में भूमि पर दशरथ के पुत्र के रूप में अवतार लूँगा। तब हम परस्पर मिलेंगे और तब मेरे सम्पूर्ण तेज को उन दाशरथी में प्रविष्ट करा दो। हे महामुनि ! उसके बाद भी प्रलय तक तपस्या करते हुए मेरी सेवा में जीवन व्यतीत करो।" १८० यह कहकर नारायण अप्रत्यक्ष हो गये और उनके आदेश का मैं पालन करता रहा ! हे जगत के स्वामी !

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

महावैष्णव तेजस्सेल्लां न्निङ्कलाक्कीटुवानाय् तन्नितु शरासनं। ब्रह्मादि देवकळाल् प्रार्थिक्कप्पेट्टोरु कर्म्मङ्ङळ् माया बलङ्कोण्टु साधिप्पिक्कन्नी। साक्षाल् श्रीनारायणन्तानल्लो भवान् जगल् साक्षियायीटुं विष्णु भगवान् जगन्मयन्। इन्निप्पोळ् सफलमाय्वन्नितु मम जन्मं मुन्नञ्चेय्तोरु तपस्साफल्यमेल्लां वन्नु। ब्रह्ममुख्यन्मारालुं कण्टुकिट्टीटातोरु निर्म्मलमाय रूपं काणाय्वन्नतु मूलं धन्यनाय् कृतार्त्थनाय् स्वस्थनाय् वन्नेनल्लो निन्नुटे रूपमुळ्ळिल् सन्ततं वसिक्कणं। अज्ञानोल्भवङ्ङळां जन्मादिषड्भावङ्ङळ् सुज्ञानस्वरूपनां न्निङ्कलिल्लल्लो पोट्टी! निर्विकारात्मा परिपूर्णनायिरिप्पोरु निर्वाणप्रदनल्लो न्निन्तिरुवटि पार्त्तोल्। १९० वह्नियिल् धूमंपोले वारियिल् नुरपोले न्निन्नुटे महामायावैभवंचित्रंचित्रं। यावल्पर्यन्तं मायासंवृतं लोकमोर्त्तोल् तावल्पर्यन्तमरियावल्ल भवत्तत्त्वं। सत्संगं कोण्टु लभिच्चीटिन भक्तियोटुं त्वल् सेवा रतन्मारां मानुषर् मेल्ले मेल्ले त्वन्माया रचितमां संसार पारावारं तन्मरुकरयेरीटुन्नितु कालं कोण्टे। त्वल्ज्ञान परन्मारां मानुषजनङ्ङळ्क्कुळ्ळज्ञानं न्नीक्कुवोरु

आप भगवान विष्णु का दशरथ पुत्र रूप में अवतार ही हैं। मैंने अपने में समाविष्ट समस्त वैष्णव तेज को आप में प्रविष्ट कराने के लिए यह चाप दिया है। ब्रह्मा आदि देवताओं से प्रार्थित कर्म आप अपने माया बल से पूरा कर लीजिए। आप तो साक्षात् भगवान हैं। संसार के लिए साक्षी स्वरूप, जगन्मय भगवान विष्णु हैं। आज मेरा जीवन सफल हुआ, पूर्व में किये गये सारे तप आज फलवत् हुए। ब्रह्मा आदि प्रमुखों के लिए भी अप्राप्य (आपका) स्वरूप आज मुझे देखने को मिला। इस कारण मैं धन्य एवं कृतार्थ हुआ, स्वस्थ बना। (मेरी प्रार्थना है) कि आपका यह स्वरूप निरंतर मेरे मन में वास करे। हे प्रभु! अज्ञान की उपज जन्म और षड्विकार ज्ञान स्वरूप आप में नहीं हैं। आप वास्तव में निर्विकार स्वरूप परिपूर्ण एवं निर्वाणदाता हैं। १९० अग्नि में धूप, पानी में फेन के समान आपकी माया का वैभव विचित्र है, विचित्र है। जब तक यह संसार माया से संवृत है तब तक (वह) आपके तत्व को नहीं समझ सकता। कई वर्षों तक के सत्संग से प्राप्त भक्ति लेकर आपकी सेवा में रत मनुष्य अपने माया रचित सँसार-सागर को धीरे-धीरे पार कर लेते हैं। आपके प्रसाद से अज्ञानी लोगों को अपने अज्ञान को दूर करनेवाले सद्गुरु प्राप्त होते हैं और

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सद्गुरु लभिच्चीट्टुं। सद्गुरुवरङ्कल् निन्नम्पोटु वाक्यज्ञान-मुळ्क्काम्पिलुदिच्चीट्टुं त्वल्प्रसादत्तालप्पोळ् कर्म्मबन्धत्तिङ्कल् निन्नाशु वेऽपेट्टुभवच्चिन्मय पदत्तिङ्कलाहन्त लयिच्चीट्टुं। त्वद्भक्तिविहीनन्मारायुळ्ळ जनङ्ङळ्क्कु कल्पकोटिकळ् कोण्टुं सिद्धिक्कयिल्लयल्लो । विज्ञानज्ञान् सुखं मोक्षमेन्नरिञ्ञालु-भज्ञानं नीक्कित्वद्बोधं मम सिद्धिक्कणं। आकयाल् त्वल्पाद-पत्मङ्ङळिल् सदाकालमाकुलंकूटातोरु भक्तिसंभविक्कणं । २०० नमस्ते जगल्पते ! नमस्ते रमापते ! नमस्ते दाशरथे ! नमस्ते सतांपते ! नमस्ते वेदपते ! नमस्ते देवपते ! नमस्ते मखपते ! नमस्ते धरापते ! नमस्ते धर्म्मपते ! नमस्ते सीतापते ! नमस्ते कारुण्याब्धे ! नमस्ते चारुमूर्त्ते ! नमस्ते राम ! राम ! नमस्ते रामचन्द्र ! नमस्ते राम राम ! नमस्ते रामभद्र ! सन्ततं नमोस्तुते भगवन् ! नमोस्तुते चिन्तये भव चरणांबुजं नमोस्तुते । स्वर्गतिक्कायिट्टेन्नालसञ्चितमाय पुण्यमोक्के निन्

तब उनके मन में वाक्यज्ञान का उदय होता है। तुरंत कर्म-बँधन से छूटकर आपके चिन्मय चरणों में वे तल्लीन हो जाएँगे। आपकी भक्ति से विमुख अज्ञानी लोग कोटि कल्पों में भी विज्ञान-ज्ञान, सुख, मोक्ष आदि प्राप्त नहीं कर सकेंगे। (यह जानकर मैं प्रार्थना करता हूँ) मेरा अज्ञान दूर हो और मुझे आपका तत्वज्ञान प्राप्त हो। उससे सदाकाल आपके चरण-कमलों में निराकुल भक्ति उत्पन्न हो। २०० हे सँसार के स्वामी ! नमस्कार। हे रमापति ! (आपको) नमस्कार है। हे दशरथ पुत्र ! (आपको) नमस्कार । हे सत्यस्वरूप ! (आपको) नमस्कार है । हे वेदों के स्वामी ! (आपको) नमस्कार है । हे देवों के स्वामी ! (आपको) नमस्कार है । हे यज्ञाधिपति ! (आपको) नमस्कार है। हे संसार के स्वामी ! (आपको) नमस्कार है। हे धर्माध्यक्ष ! (आपको) नमस्कार है। हे सीतापति ! (आपको) नमस्कार है। हे करुणासागर ! (आपको) नमस्कार है। हे सुन्दर मूर्त्ति ! (आपको) नमस्कार है। हे राम ! राम ! (आपको) नमस्कार है। हे रामचन्द्र ! (आपको) नमस्कार है। हे राम ! राम ! नमस्ते। हे रामभद्र ! (आपको मेरा) नमस्कार है। हे भगवान ! मैं सदा आपको प्रणाम करता हूँ। हे चिन्मय ! (आपको) मेरा प्रणाम है। मैं आपके चरण-सरोजों पर प्रणाम करता हूँ। स्वर्ग प्राप्ति के लिए मुझसे सँचित सारे पुण्य आपके बाण का लक्ष्य बन जाएँ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बाणत्तिन्नु लक्ष्यमाय् भविक्कणं। ऍन्नतु केट्टु तेंळिञ्ञन्नेरं जगन्नाथन् मन्दहासवुं चेय्तु भार्गवनोटु चोन्नान्। सन्तोषं प्रापिच्चेन् ञान् निन्तिरुवटियुळ्ळिलेन्तोन्नु चिन्तिच्चेतेन्नालवयेल्लां तन्नेन्। प्रीति कैक्कोण्टु जमदग्नि पुत्रनुमप्पोळ् सादरंदशरथपुत्रनोटरुळ् चेय्तु। एतानुमनुग्रहमुण्टेन्नेक्कुरिच्चेङ्किल् पादभक्तन्मारिलुं पादपत्मङ्ङळिलुं २१० चेतसि सदाकालं भक्तिसंभविक्केणं माधव रघुपते! राम कारुण्यांबुधे! इस्तोत्रं मयाकृतं जपिच्चीटुन्न पुमान् भक्तनाय् तत्त्वज्ञनायीटणं विशेषिच्चु मृत्यु वन्नटुक्कुम्पोळ् त्वत्पादांबुज स्मृति चित्ते-संभविप्पतिनायनुग्रहिक्कणं। अङ्ङनेतन्नेयेन्नु राघवन् नियोगत्ताल् तिङ्ङिन भक्ति पूण्टु रेणुका तनयनुं सादरं प्रदक्षिणं चेय्तु कुम्पिट्टु कूप्पि प्रीतनाय्च्चेन्नु महेन्द्राचलं पुक्कीटिनान्। भूपति दशरथन् तानतिसन्तुष्टनाय् तापवुमकन्नु तन् पुत्रनां रामन्तन्ने गाढमायाश्लेषं चेय्तानन्दाश्रुक्कळोटुं प्रौढ़ात्मावाय विधिनन्दननोटुं कूटि पुत्रन्मारोटुं पटयोटुं चेन्नयोद्ध्ययिल् स्वस्थ मानसनाय्वाणीटिनान् कीर्त्तियोटे। श्रीरामादिकळ् निज भार्य्यं-मारोटुं कूटि स्वैरमाय् रमिच्चु वाणीटिनारेल्लावरुं। वैकुण्ठपुरि

यह सुनकर प्रसन्न हुए भगवान ने मंदहास के साथ तब भार्गव से कहा— "मैं प्रसन्न हूँ। आपने अपने मन में जिन वस्तुओं का संकल्प किया, वे सब (वस्तुएँ) मैंने दे दीं।" तब प्रीतिपूर्वक जमदग्नि पुत्र ने सादर दशरथ पुत्र से कहा— "आपके मन में मेरे प्रति अगर दया है तो (आपके) पाद-भक्तों तथा पाद-पंकजों के प्रति— २१० —हे माधव! हे रघुपति! हे राम! हे करुणासागर! मेरे मन में सदा भक्ति उत्पन्न होती रहे। मुझसे कृत यह स्तोत्र जो भी मनुष्य जपता रहे, वह भक्त तथा तत्वज्ञानी बने। आप विशेषकर यह अनुग्रह करें कि मृत्यु के समीप आते ही (उसके) मन में आपके चरण-कमलों की स्मृति आ जाए।" 'ऐसा ही हो' ऐसा राघव के कहने पर उमड़ती भक्ति लेकर रेणुका पुत्र सादर प्रदक्षिणा करके तथा हाथ जोड़ प्रणाम करके प्रीतिपूर्वक महेन्द्राचल को चले गये। महाराज दशरथ अत्यन्त संतुष्ट हुए और सारे दुखों से मुक्त हो नेत्रों में आनंदाश्रु भरते हुए राम का गाढ़ आलिंगन किया। (फिर वे) प्रौढ़ात्मा ब्रह्मापुत्र (वसिष्ठ), पुत्र, सेना आदि के साथ अयोध्या में पहुँच स्वस्थ मन एवं यशस्वी बन रहने लगे। श्रीराम आदि सभी जन अपनी पत्नियों के साथ सानंद रहने लगे। जैसे वैकुण्ठलोक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तन्निल् श्रीभगवतियोटुं वैकुण्ठन् वाळुं पोलें राघवन् सीतयोटुं २२० आनन्दमूर्त्ति माया मानुष वेषं कैकोंण्टानन्दं पूण्टु वसिच्चीटिनाननुदिनं। केकयनराधिपनाकिय युधाजित्तुं कैकेयी तनयनें क्कूट्टिक्कोंण्टङ्ङु चेंल्वान् दूतनेंययच्चतु कण्टोरु दशरथन् सोदरनाय् मेवीटुं शत्रुघ्ननोटुं कूटि सादरं भरतनेंप्पोवानाय् नियोगिच्चानादरवोटु ऩटऩ्ऩीटिनारवर्कळुं। मातुलन् तन्नेंक्कण्टु भरत शत्रुघ्नन्मार् मोदमुळ्ळकोंण्टु वसिच्चीटिनारतु कालं। मैथिलियोटुं निज नन्दननोटुं चेर्न्नु कौसल्यादेवितानुं परमानन्दं पूण्टाळ्। राम लक्ष्मणन्मारां पुत्रन्मारोटुं निज भामिनिमारोटुमानन्दिच्चु दशरथन् साकेतपुरि तन्निल् सुखिच्चु वाणीटिनान् पाकशासननमरालये वाळुं पोलें। निर्विकारात्मावाय परमानन्दमूर्त्ति सर्वलोकानन्दार्त्थं मनुष्याकृति पूण्टु तन्नुटें मायादेवियाकिय सीतयोटुमोंऩ्ऩिच्चु वाणानयोद्ध्यापुरि तन्निलन्ऩे। २३०

॥ बालकाण्डं समाप्तं ॥

में महाविष्णु भगवती (लक्ष्मी) के साथ विराजमान हैं वैसे राघव सीता के साथ (विराजमान हुए)। २२० आनंदमूर्ति (भगवान राम) मानुष वेष धारण करते हुए प्रतिदिन सानंद रहने लगे। (तब एक दिन) केकय नरपति युधाजित ने कैकेई के पुत्र (भरत) को लिवा लाने के लिए दूत भेजा। यह देखकर प्रसन्न दशरथ ने सहोदर शत्रुघ्न के साथ भरत को जाने की अनुमति दी और वे सादर चल पड़े। मामा से मिलकर भरत और शत्रुघ्न सानंद वहाँ रहने लगे। (यहाँ) मैथिली और राम के साथ कौसल्या प्रसन्न थीं। राम और लक्ष्मण जैसे अपने पुत्रों तथा भामिनियों सहित महाराज दशरथ साकेतपुरी में ऐसे सुखपूर्वक जीवन बिताने लगे मानो अमरपुरी में इन्द्र हों। निर्विकार स्वरूप एवं परमानंदमूर्ति, (भगवान) सारे संसार को आनंद प्रदान करने के लिए मानव-रूप धारण कर अपनी मायादेवी सीता जी के साथ अयोध्या में उन दिनों सामोद विराजित हुए। २३०

॥ बालकाण्ड समाप्त ॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अयोध्याकाण्डम्

॥ हरिः श्री गणपतये नमः ॥

अविघ्नमस्तु

तार्‌मकळ्क्कन्पुळ्ळ तत्ते ! वरिकॆटो ! तामसशील-मकट्टेणमाशुनी । राम देवन् चरितामृतमिनियुमामोदमुळ्क्कॊण्टु चॊल्लु सरसमाय् । ऒङ्किलो केळ्प्पिन् चुरुक्कि ञान् चॊल्लुवन् पङ्कमॆल्लामकलुं पलजातियुं । सङ्कटमेतुं वरिकयुमिल्लल्लो पङ्कजनेत्रन् कथ केट्टीटिनाल् । भार्गवियाकिय जानकि तन्नुटॆ भाग्य जलनिधियाकिय राघवन् भार्ग्गवन् तन्नुटॆ दर्प्पं शमिप्पिच्चु मार्ग्गवुं पिन्निट्टयोद्ध्या पुरिपुक्कु तातनोटुं निज मातृजनत्तोटुं धातृसुतनां गुरुवरन् तन्नोटुं वन्नॊतिरेट्टोरु पौरजनत्तोटुं चॆन्नु महाराजधानियकं पुक्कु । वन्नितु सौख्यं जगत्तिनु राघवन् तन्नुटॆ नाना गुणगणं काण्कयाल् । रुद्रन् परमेश्वरन् जगदीश्वरन् कद्रुसुतगण भूषण भूषितन् १०

॥ हरिः श्री गणपतये नमः ॥

अविघ्नमस्तु

लक्ष्मीदेवी की कृपापात्र शुकी ! आओ । तुम्हें आज अपनी तामसी वृत्ति दूर करनी होगी । तुम अब सानंद एवं सरस पदावली में श्रीरामचन्द्र जी के चरितामृत सुनाओ । ऐसी बात है तो (सब) सुनिये, मैं सँक्षेप में (उस चरित को) सुनाती हूँ, जो कई प्रकार की कालिमा को दूर करने वाला है । यही नहीं पंकज नेत्र (राम) के कथा श्रवण से सारे सँकट भी दूर हो जाते हैं । साक्षात् लक्ष्मीदेवी के अवतार स्वरूप जानकी के भाग्यरूपी सागर राघव भार्गव राम (परशुराम) का दर्प भंग करके और आगे का मार्ग तय करके अयोध्यापुरी में पहुँच गये । वे अपने पिता, मातृजन, ब्रह्मा के पुत्र अपने गुरुवर (वसिष्ठ), अगवानी के लिए पहुँचे पौरजन सबके साथ चलते हुए राजधानी में आ गये और राघव के नाना गुणगणों को देख-देखकर सारा जगत सुख का अनुभव करने लगा । रुद्र ने जो परमेश्वर, जगदीश्वर, कद्रूसुत गण (सर्पगण) से विभूषित-- १० चिद्रूप, अद्वय, मृत्युंजय, पर,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चिद्रूपनद्वयन् मृत्युञ्जयन् परन् भद्रप्रदन् भगवान् भवभञ्जनन्
रुद्राणियाकिय देविक्कुटन् रामभद्र कथामृत सारं कोंटुत्तप्पोळ्
विद्रुम तुल्याधरियाय गौरियामद्रिसुतयुमानंद विवशयाय्
भत्तृपाद प्रणामं चेय्तु संपूर्ण भक्तियोटुं पुनरेवमरुळ् चेय्तु-
नारायणन् नलिनायतलोचनन् नारीजनमनोमोहनन् माधवन्
नारदसेव्यन् नळिनासनप्रियन् नारकाराति नळिनशर गुरु नाथन्
नरसखन् नाना जगन्मयन् नाद विद्यात्मकन् नाभसहस्रवान्
नाळीकरम्यवदनन् नरकारि नाळीक बांधववंश समुत्भवन्
श्रीरामदेवन् परन् पुरुषोत्तमन् कारुण्य वारिधि कामफलप्रदन्
राक्षसवंश विनाशन कारणन् साक्षाल् मुकुन्दनानन्द प्रदन्पुमान् २०
भक्त जनोत्तम भुक्ति मुक्ति प्रदन् सक्ति विमुक्तन् विमुक्त हृदि
स्थितन् व्यक्तनव्यक्तननन्तननामयन् शक्तियुक्तन् शरणागत
वत्सलन् नक्तञ्चरेश्वरनाय दशास्यनु मुक्ति कोंटुत्तवन् तन्टे
चरित्रङ्ङळ् नक्तं दिनं जीवितावधि केळ्क्किलुं तृप्तिवरा
मम वेण्टील मुक्तियुं । इत्थं भगवति गौरि महेश्वरि भक्त्या

भद्रप्रद एवं भव-भंजन हैं, जब अपनी प्रियतमा रुद्राणी (पार्वती) को श्रीरामचन्द्र के कथामृत का सारतत्व सुनाया, तब विद्रुम तुल्य अधरों से युक्त गिरिकन्यका गौरी ने अतीव आनंद-विवश हो अपने प्रिय के चरणों में प्रणाम करते हुए संपूर्ण भक्ति से इस प्रकार कहा– नारी जनों के मन को मोहित करने वाले माधव जो नारायण हैं, जिनके कमल जैसे नेत्र हैं, जो नारद से सेवित, कमलासन (ब्रह्मा) के लिए प्रिय, नरक दु:खों को दूर करनेवाले, नलिन शर (कामदेव) के गुरु, स्वामी, नर (अर्जुन) सखा, नाना जगन्मय, नादब्रह्मस्वरूप, सहस्रों नामों से प्रसिद्ध, कमल के समान रम्य मुखवाले, नरकारि, कमल वल्लभ वंश (सूर्यवंश) में उत्पन्न हैं, ऐसे श्रीराम जी परात्पर, पुरुषोत्तम, करुणासागर, इच्छित वस्तु को प्रदान करने वाले, राक्षस वंश के विनाश के कारण स्वरूप, साक्षात् मुकुन्द एवं आनंद देनेवाले पुरुष हैं । २० (वे) भक्तजनों को भोगवृत्ति से मुक्त कर देते हैं, सांसारिक आसक्तियों से मुक्ति दिलाते हैं, जीवन्मुक्तों के हृदय में निवास करते हैं, व्यक्त एवं अव्यक्त दोनों हैं, अनन्त एवं अनामय, शक्तियुक्त एवं शरणागत वत्सल हैं । (उन्होंने) निशाचर दशमुख को मुक्ति दिलायी । (ऐसे राम का) चरित रात-दिन जीवन पर्यन्त सुनते रहने पर भी तृप्ति नहीं आती । मुझे (उस कथा श्रवण की इच्छा है) मुक्ति की इच्छा नहीं है । इस प्रकार महेश्वरी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परमेश्वरनोटु चोन्नप्पोळ् मन्दस्मितं चेय्तु मन्मथनाशनन् सुन्दरी ! केट्टुकोळ्केन्नरुळिच्चेय्तु । ऎङ्किलोरुदिनं दाशरथि रामन् पङ्कजलोचनन् भक्तपरायणन् मंगल देवता कामुकन् राघवनंगजनाशनवन्दितन् केशवन् अंगज लीलपूण्टन्त:-पुरत्तिङ्कल् मंगलगात्रियां जानकि तन्नोटुं नीलोत्पलदळ श्यामळविग्रहन् नीलोत्पलदळ लोलविलोचनन् ३० नीलो-पलाभन् निरुपमन् निर्म्मलन् नीलगळप्रियन् नित्यन् निरामयन् रत्नाभरण विभूषित देहनाय् रत्नसिंहासनं तन्मेलनाकुलं रत्नदण्डं पूण्ट वेण्चामरं कोण्टु पत्नियाल् विजितनायतिकोमळन् बाल निशाकर फालदेशेलसन्मालेय पङ्कमलङ्करिच्चङ्ङने बालार्क सन्निभ कौस्तुभ कन्धरन् प्रालेय भानु समाननयासमं लीलया तांबूल चर्वणाद्वैरति वेलं विनोदिच्चिरुन्नरुळुन्नेरं ३६

नारद-राघव संवादम्

आलोकनार्त्थं महामुनि नारदन् भूलोकमप्पोळलङ्करिच्ची टिनान् । मुग्ध शरच्चन्द्र तुल्य तेजस्सोटुं शुद्धस्फटिक सङ्काश

गिरिकन्यका भगवती के परमेश्वर से कहने पर, कामदेव के शत्रु (परमेश्वर) ने मंदस्मित के साथ कहा– हे सुन्दरी ! सुनो । कमल जैसे नेत्रवाले, भक्तों के प्रति वात्सल्य दिखानेवाले, लक्ष्मीदेवी के कामुक, रघुवंश में उत्पन्न, कामदेव के शत्रु (शिव) से पूजित, विष्णुस्वरूप दशरथ-पुत्र राम एक दिन अन्तःपुर में मंगलगात्री जानकी के साथ कामलीलाओं में तल्लीन हो बैठे थे । नीलकमल दल के समान श्यामल मूर्तिवाले, नीलकमल दलों के समान लोल नेत्रवाले, नीलकमल की आभावाले । ३० नीलकंठ (शिव) के लिए अत्यन्त प्रिय निरुपम, निर्मल, नित्यस्वरूप एवं निरामय भगवान (राम) अपने शरीर को रत्नाभरणों से विभूषित कर रत्न सिंहासन पर निराकुल बैठे थे । रत्नदण्ड से युक्त चामर ले पत्नी विजन दे रही थी । कोमल स्वरूप वाले (भगवान) के बालचन्द्र के समान तेजोमय एवं अर्ध चन्द्राकार भालदेश पर चन्दन का तिलक शोभा पा रहा था । कौस्तुभ मणियों से अलंकृत बालार्क सदृश कंधोंवाले एवं प्रलयकालीन सूर्य तुल्य तेजस्वी भगवान, लीलावश तांबूल चर्वण का रस लेते हुए सानंद एवं सविनोद रतिवेला बिता रहे थे । ३६

नारद और राम का संवाद

तब महामुनि नारद आलोकनार्थ भूलोक में विराजमान हुए । शरत्कालीन चन्द्रमा के समान दीप्तिवाले तथा शुद्धस्फटिक सदृश शरीर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शरीरनाय् सत्वरमंबरत्तिङ्कल् निऩ्ऩादराल् तत्रैव वेगालवतरिच्ची-
टिनान् । श्रीरामदेवनु संभ्रमं कैकोण्टु नारदनेक्कण्टेळुन्नेट्टु सादरं
नारीमणियाय जानकि तन्नोटुं पारिल् वीणाशु नमस्करिच्चीटिनान् ।
पाद्यासनाचमनीयारुध्य पूर्वकमाद्येन पूजितनायोरु नारदन्
तन्नियोगत्तालिरुन्नोरु राघवन् मन्दस्मितं पूण्टु नन्दिच्चु सादरं ।
मन्दं मुनिवरन् तन्नोटरुळ् चेय्तु वन्दे पदं करुणानिधे ! साम्प्रतं
नाना विषय संगं पूण्टुमेविन मानसत्तोटु संसारिकळायुळ्ळ मानव-
न्माराय ञङ्ङळ्क्कु चिन्तिच्चाल् ज्ञानियाकुं तव पादपङ्केरुहं १०
कण्टु कोळ्वानति दुर्लभं निर्णयं पण्टु ञान् चेय्तोरु पुण्यफलोदयं
कोण्टु काण्मानवकाशवुं वन्नितु पुण्डरीकोद्भव पुत्र ! महामुने !
ऍन्नुटॆ वंशवुं जन्मवुं राज्यवुमिन्नु विशुद्धमाय्वन्नु तपोनिधे !
ऍन्नालिनियेन्तु कार्य्यमेन्नुं पुनरेन्नोटरुळ चेय्क वेणं दयानिधे !
ऍन्तोरु कार्य्यं निरूपिच्चेळुन्नळ्ळि सन्तोषमुळ्ळकोण्टरुळ् चेय्कयुं
वेणं । मन्दनेन्नाकिलुं कारुण्यमुण्टङ्किल् सन्देहमिल्ल
साधिप्पिप्पनेल्लामे । इत्थमाकर्ण्य रघुवरन् तन्नोटु मुग्धहासेन
मुनिवरनाकिय नारदनुं भक्त वत्सलनां मनुवीरनें ऩोक्किस्सरस-

वाले नारद तुरन्त ही आकाश से वहाँ आदरपूर्वक अवतरित हुए। नारद जी को देखकर आश्चर्यान्वित राम जी सादर उठ खड़े हुए और नारी-रत्न सीता जी के साथ भूमि पर पड़े दंडवत् उन्हें प्रणाम किया। पाद-प्रक्षालन एवं अर्घ्य से पूजित नारद के आदेश से अपने स्थान पर बैठकर राम ने सादर एवं मंदस्मित हो उनका अभिनंदन किया और मुनिवर से मंदस्वर में बताया—हे करुणानिधे ! आपके चरणों पर प्रणाम है। निरंतर नाना प्रकार के कार्यों में व्यस्त हम सांसारिक मनुष्यों को निश्चय ही आप जैसे ज्ञानियों के चरण-कमलों की इच्छा करने पर भी-- १० देख पाना कठिन है। हे पुण्डरीकोद्भव पुत्र (ब्रह्मा के पुत्र) ! हे महामुनि ! मेरे पूर्व जन्म के पुण्यों के फलस्वरूप आज (आपके चरण-कमलों को) देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हे तपस्वी ! आज मेरा कुल, जन्म और राज्य पवित्र हुआ। हे दया-निधि ! आप कृपापूर्वक अपने आगमन का उद्देश्य एवं कार्य प्रसन्नता-पूर्वक मुझे बता दें। मैं मंद बुद्धिवाला हूँ, फिर भी आपके प्रसाद से मैं निस्संदेह उसे पूरा कर सकूँगा। (राम के इस कथन को) सुनकर मुनिश्रेष्ठ नारद ने भक्त वत्सल मनुवीर राघव की ओर मुग्ध हँसी हँसते हुए देखा और सरस वाणी में बताया—स्वयं लोकानुकारी बनकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मरुळ् चेय्तु ऐन्तिनिन्नेन्नै मोहिप्पिप्पतिन्नु नी सन्ततं लोकानुकारि कळायति चातुर्यमुळ्ळोरु वाक्कुकळेट्वुं माधुर्य्यमोटु चौल्लीटुन्नति-ङ्ङन्नै। २० मुग्धङ्ङळायुळ्ळ वाक्यङ्ङळेक्कौण्टु चित्तमोहं वळर्क्कॊण्ट रघुपते ! लौकिकमायुळ्ळ वाक्यङ्ङळेन्नालुं लोकोत्तरन्मार्क्कु वेण्टिवरुमल्लो। योगीशनाय नी संसारि आनेन्नु लोकेश ! चौन्नतु सत्यमत्रे दृढं। सर्वं जगत्तिनुं कारणभूतयाय् सर्वमातावाय माया भगवति सर्वं जगल् पितावाकिय निन्नुटे दिव्य गृहिणियाकुन्नतु निर्ण्णयं। ईरेळु लोकवुं निन्टे गृहमप्पोळ् चेरं गृहस्थ नाकुन्नतेन्तुळ्ळतुं। निन्नुटे सन्निधि मात्रेण माययिल् निन्नु जनिक्कुन्नु नाना प्रजकळुं। अण्णोंज संभवनादि तृणान्तमायोन्नोळियाते चराचर जन्तुक्कळोक्कवे निन्नपत्यं पुनराकयालोक्कुं परञ्ञतु संसारियेन्नतुं। इक्कण्ट लोक बन्धुक्कळ्क्कु सर्वदा मुख्यनाकुं पितावायतु नीयल्लो। ३० शुक्ल रक्तासित वर्णभेदं पूण्ट सत्व रजस्तमो नाम गुणत्रययुक्तनायीटिन विष्णु महामाया शक्तियल्लो तव पत्नियाकुन्नतुं। सत्वङ्ङळेज्जनिप्पिक्कुन्नतुमवळ् सत्यं त्वयोक्तमतिनिल्ल संशयं। पुत्र मित्रार्थं कळत्र वस्तुक्कळिल्

मुझे मोह-पाश में डालने के लिए बड़े मधुर ढंग से चातुर्य युक्त शब्दों का ऐसा प्रयोग आप क्यों कर रहे हैं ? २० हे रघुपति ! मुग्ध करने वाले वाक्यों का प्रयोग करके मेरे मन का मोह न बढ़ाइएगा। लौकिक (अर्थवाले) वाक्य भी लोकोत्तर पुरुषों के काम आते हैं ! हे लोकेश ! योगिश्रेष्ठ आपने यह जो कहा कि मैं संसारी हूँ, निश्चय ही सत्य है ! सर्वजगत् के लिए कारणभूत एवं सबकी माता भगवती माया निश्चय ही सारे जगत् के पिता स्वरूप आपकी दिव्य गृहिणी तो है। चौदहों भुवन तो आपका गृह है। ऐसी हालत में आपका गृहस्थ भाव बिल-कुल ठीक ही है। आपके सान्निध्य मात्र से माया से नाना प्रजा वर्ग जन्म लेते हैं। बिना अन्तर के अर्णोज-संभव (कमल संभव ब्रह्मा) आदि से लेकर तृण तक समस्त चराचर प्राणि वर्ग आपकी ही संतानें हैं। इस कारण आपका कहा हुआ यह 'संसारी' शब्द बिलकुल उचित ही है। इस दृष्टिगोचर समस्त लोक वर्ग के लिए प्रधान जनक सर्वदा आप ही हैं। ३० शुक्ल, रक्तिम और असित वर्णभेदों से युक्त सत्व, रज एवं तम नामक गुणत्रय से परिपूर्ण विष्णु की महामाया नामक शक्ति ही आपकी पत्नी है। वही सत्वों को जन्म देती है। इसलिए आपका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सक्तनायुळ्ळ गृहस्थन् महामते ! लोकत्रय महागेहत्तिनु भवानेकनायोरु गृहस्थनाकुन्नतुं नारायणन् नी रमादेवि जानकि मारारियुं नीयुमादेवि जानकि। सारस संभवनायतुं नी तव भारती देवियाकुन्नतु जानकि । आदित्यनल्लो भवान् प्रभ जानकि शीतकिरणन् नी रोहिणि जानकि। आदितेयाधिपन् नी शचि जानकि जातवेदस्सु नी स्वाहा महीसुत। अर्क्कजन् नी दण्ड नीतियुं जानकि रक्षोवरन् भवान् तामसि जानकि ४० पुष्करेन्द्रन् भवान् भार्ग्गवि जानकि शक्रद्रुतन् नी सदागति जानकि। राज राजन् भवान् सम्पत्करि सीत राजराजन् नी वसुन्धर जानकि। राज प्रवर कुमार ! रघुपते ! राजीव लोचन ! राम ! दयानिधे ! रुद्रनल्लो भवान् रुद्राणि जानकि सुद्रुमं नी लता रूपिणि जानकि । विस्तरिच्चेन्तिनेरॅप्परञ्ञीटुन्नु सत्य पराक्रम ! सद्गुण वारिधे ! यातोन्नु यातोन्नु पुल्लिग वाचकं वेदान्तवेद्य ! तल् सर्ववुमेवनी चेतो विमोहन स्त्रीलिंग वाचकं यातोन्नतोक्कवे जानकी देवियुं

कथन सत्य ही है, इसमें कोई संदेह नहीं है। हे महामति ! आप पुत्र, मित्र एवं कलत्र (पत्नी) आदि वस्तुओं के प्रति आसक्त गृहस्थ हैं। त्रिभुवन रूपी महा गेह (बड़े घर) के लिए आपही अकेले गृहस्थ हैं। आप नारायण हैं तो जानकी देवी रमा हैं, आप शिव हैं तो जानकी उमा हैं। आप ही सारस संभव (ब्रह्मा) हैं और उनकी भारती (सरस्वती) जानकी हैं। आप सूर्य हैं तो जानकी आपकी प्रभा हैं और आप चन्द्र हैं तो जानकी ही रोहिणी हैं। आप आदितेयाधिप (इन्द्र) हैं तो जानकी शची हैं। आप जातवेदस् (अग्नि) हैं तो महीसुता (जानकी) स्वाहा (अग्नि की पत्नी) हैं। आप अर्कात्मज (यमराज) हैं तो उनकी दण्डनीति ही जानकी हैं। आप रक्षोवर (रावण) हैं तो जानकी तामसी वृत्ति हैं। ४० आप पुष्करेन्द्र (शिव) हैं तो जानकी भार्गवी हैं। आप शक्रद्रुम हैं तो जानकी उससे प्राप्त होने वाली वायु हैं। आप सम्राट हैं तो जानकी वैभव एवं समृद्धि हैं। आप महाराजा हैं तो जानकी वसुन्धरा हैं। हे श्रेष्ठ राजकुमार ! हे रघुपति ! हे राजीव लोचन ! हे राम ! हे दयानिधि ! आप रुद्र हैं और जानकी रुद्राणी हैं; आप सुन्दर वृक्ष हैं तो जानकी लता स्वरूपिणी हैं। हे सत्य स्वरूप ! हे सद्गुणों के सागर ! मैं सविस्तार अधिक क्यों बताऊँ ! हे वेदान्तवेद्य ! जो-जो पुल्लिगवाची हैं सब आप ही हैं और जो-जो मनोमोहक स्त्रीलिंग वाचक (पदार्थ) हैं सब जानकी हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निङ्ङळिरुवरु मेन्नियें मट्टोन्नु मेङ्ङुमे कण्टील केळ्प्पानुमिल्लल्लो। अङ्ङनेयुळ्ळोरु निन्नेत्तिरिञ्ञरि ञ्ञेङ्ङने सेविच्चु कोळ्ळू जगत् पते ! मायया मूटि मरञ्ञिरिक्कुन्नोरु नीयल्लो नूनमव्याकृतमावतु ५० पिन्नेयतिङ्कल् निन्नुण्टायि महत्तत्त्व मेन्नततिङ्केल् निन्नुण्टायि सूत्रवुं। सर्वात्मकमाय लिंगमतिल् निन्नुर्वीपते ! पुनरुण्टाय्च्चमञ्ञतु अन्नतहङ्कारबुद्धिपञ्च प्राणनिन्द्रिय जाल संयुक्तमायोन्नल्लो। जन्म मृति सुख दुःखादि-कळुण्टु निर्म्मलन्मार् जीवनेन्नु चोल्लुन्नितुं। चोल्लावतल्लातनाद्य विद्याख्ययें चोल्लुन्नु कारणोपाधियेन्नु चिलर्। स्थूलवुं सूक्ष्मवुं कारणमेन्नतुं मूलमां चित्तिनुळ्ळोरुपाधि त्रयं। ऐन्निवट्टाल् विशिष्टं जीवनायतु मन्यूननां परन् तद्वियुक्तन् विभो ! सर्व प्रपञ्चत्तिनु बिम्ब भूतनाय् सर्वोपरि स्थितनाय् सर्व साक्षियाय् तेजोमयनां परन् परमात्मावु राजीव लोचननाकुन्न नीयल्लो। निङ्कल् निन्नुण्टाय्वरुन्नितु लोकङ्ङळ् निङ्कल् प्रतिष्ठित मायिरिक्कुन्नतुं ६० निङ्कलत्ते लयिक्कुन्नतुमोक्कवे निन् कळियाकुन्नतोक्केयोक्कुं विधौ। कारणमेल्लाट्टिनुं भवान् निर्णयं

आप दोनों को छोड़कर और कुछ न कहीं दिखाई दिया न सुनने में ही आया है। हे जगत् के स्वामी ! ऐसे आपको पहचान कर कैसे आपकी सेवा की जा सकती है ! माया से आच्छादित आप ही तो निस्संदेह अव्याकृत (वेदान्त शास्त्र में प्रसिद्ध बीजरूप अज्ञान) कहलाते हैं। ५० फिर उसी (अव्याकृत) से महत्तत्व उत्पन्न हुआ और उससे सूत्र बना। हे भूमिपति ! फिर उसी से सर्व वस्तुओं के आत्मा स्वरूप लिंग की उत्पत्ति हुई। इसी को निर्मल स्वभाववाले अहंकार बुद्धि, पंचप्राण, पंचेन्द्रिय आदि से संयुक्त तथा जन्म-मृत्यु, सुख-दुखों वाला जीवन कहते हैं। अकथनीय अनाद्यविद्या को कुछ लोग 'कारणोपाधि' की संज्ञा देते हैं। स्थूल, सूक्ष्म और कारण ये मूल स्वरूप चित् की तीन उपाधियाँ हैं। जीवन इनसे विशिष्ट है। हे प्रभु ! परिपूर्ण 'पर' उससे विमुक्त है। सर्व प्रपंचों के लिए बिम्ब बनकर, सर्वोपरि सबके लिए साक्षी बनकर रहनेवाले तेजोमय परमात्मा जो 'पर' हैं, कमल जैसे नेत्रवाले आप ही हैं। संपूर्ण लोक आपसे उद्भूत होते हैं और आप ही में प्रतिष्ठित हैं। ६० आप ही में सबका लय भी होता है। गहराई से विचार करें तो ये सब कुछ आपकी ही लीलाएँ हैं। हे नारायण ! हे नरक-विनाशक ! हे नरश्रेष्ठ !

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नारायण ! नरकारे ! नराधिप ! जीवनुं रज्जुविङ्कल् सर्प्पमेन्नुळ्ळ भावन कोण्टु भयत्ते वहिक्कुन्नु । नेरे परमात्मा आनेन्नरियुम्पोळ् तीरुं भवभय मृत्यु दुःखादिकळ् । त्वल्कथा नाम श्रवणादि कोण्टुटनुळ् क्काम्पिलुण्टाय् वरुं क्रमाल् भक्तियुं । त्वल्पाद पङ्कज भक्ति मुळ्ळुक्कुम्पोळ् त्वल् बोधवुं मनक्काम्पिलुदिच्चीटुं । भक्ति मुळ्त्तु तत्त्वज्ञानमुण्टायाल् मुक्तियुं वन्नीटु मिल्लोरु संशयं । त्वल् भक्त भृत्यभृत्यन्मारिलेकनेन्नल्पज्ञनामेन्नेयुं करुतेणमे । माययालेन्ने मोहिप्पियाते जगन्नायक ! नित्यमनुग्रहिक्केणमे । त्वन्नाभि पङ्कजत्तिङ्कल् निन्नेकदा मुन्नमुण्टायि चतुर्म्मुखन् मल्पिता ७० निन्नुटे पौत्रनाय् भक्तनाय् मेविनोरेन्नेयनुग्रहिक्केणं विशेषिच्चुं । पिन्नेयुं पिन्नेयुं वीणु नमस्करिच्चेन्निवण्णं पऱञ्ञीटिनान् नारदन् । आनन्द बाष्प परिप्लुत नेत्रनाय्वीणाधरन् मुनि पिन्नेयुं चोल्लिनान् । इप्पोळिविटेक्कु ञान् वन्न कारणमुल्पल संभवन् तन्टे नियोगत्ताल् । रावणने क्कोन्नु लोकङ्ङळ् पालिप्पान् देवकळोटरुळ् चेय्ततु कारणं मर्त्त्यनाय् वन्नु जनिच्चु दशरथ पुत्रनायेन्नतो

निस्संदेह आप सबके लिए कारणभूत हैं। रज्जु में सर्प की मिथ्या भावना से जीवन भयाक्रान्त है। किन्तु सीधे मैं ही परमात्मा हूँ, का बोध उत्पन्न होने पर मृत्यु, दुःख आदि से उत्पन्न सांसारिक भय दूर हो जाता है। आपकी कथा एवं नाम-श्रवण से धीरे-धीरे मन में भक्ति उत्पन्न होती है और आपके पाद-पंकजों के प्रति भक्ति बढ़ने पर आपका स्वरूपज्ञान मन में उदित होता है। भक्ति बढ़कर स्वरूप ज्ञान के उदय मात्र से मुक्ति प्राप्त हो जाएगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझ अल्पज्ञ को अपने भक्त दासों में से एक मान लेने की कृपा करें। हे जगत् के स्वामी ! अपनी माया से मुझे मोहित न करें, अपितु नित्य अनुगृहीत करें। पूर्व में एक बार आपकी नाभि में स्थित पंकज से मेरे पिता चतुरानन (ब्रह्मा) उत्पन्न हुए थे। ७० —नित्य भक्ति का आधार लेकर रहनेवाले अपने पौत्र मुझ पर विशेष अनुग्रह दिखाएँ। इस प्रकार कहते हुए बार-बार नारद जी (भूमि पर) गिर-गिर कर नमस्कार करते रहे। आनंदाश्रु से परिपूर्ण नेत्रोंवाले वीणाधारी मुनि फिर कहने लगे—पद्मसंभव (ब्रह्मा) के आदेश से मैं अब यहाँ (आपके पास) आ उपस्थित हुआ हूँ। रावण का वध करके लोक-रक्षा करने की देवों से प्रतिज्ञा करने के कारण ही आप मानव रूप में दशरथ-पुत्र बनकर पैदा हुए हैं। यह तो सर्वविदित बात है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निश्चयमेङ्किलुं पूज्य नायोरु भवानेद्दशरथन् राज्य रक्षार्थमभिषेक मिक्कालं चेय्युमारोन्नोरुम्पेट्टिरिक्कुन्नितु नीयुमतिन्ननुकूलनाय् वन्निट्टु। पिन्नेद्दशमुखने कोन्नु कोळ्ळुवानेन्नु मवकाश मुन्टाय् वरायल्लो। सत्यत्ते रक्षिच्चु कोळ्ळुकेन्नेन्नोटु सत्वरं चेन्नु पऱकेन्नरुळ् चेय्तु ८० सत्यसंधन् भवानेङ्किलुं मानसे मर्त्यजन्मं कोण्टु विस्मृतनाय् वरुं। इत्तरं नारदन् चोन्नतु केट्टति-नुत्तरमायरुळ् चेय्तितु राघवन्। सत्यत्ते लंघिक्कयिल्लोरु नाळुं ञान् चित्ते विषादमुण्टाकाय्कतु मूलं। काल विळंबनमेन्तिनेन्नल्लल्ली मूलमतिनुण्टतुं पऱञ्ञीटुबन्। कालावलोकनं कार्य्य साध्यं नृणां कालस्वरूपनल्लो परमेश्वरन्। प्रारब्ध कर्म्म फलौघ क्षयं वरुन्नेरत्तोळिञ्ञु मट्टावतिल्लाक्कुमे। कारण मात्रं पुरुष प्रयास-मेन्नारु मऱियातिरिक्कयुमल्लल्लो। नाळे वनत्तिनु पोकुन्नतुण्टु ञान् नाळीक लोचनन् पादङ्ङळ् तन्नाण। पिन्नेच्चतुर्द्दश संवत्सरं वनं तन्निल् मुनि वेषमोटु वाणीटुवन्। ऐन्नाल् निशाचर वंशवुं रावणन् तन्नेयुं कोन्नु मुटिक्कुन्नतुण्टल्लो ९० सीतयेक्कारण भूतयाक्किक्कोण्टु यातुधानान्वय नाशं वरुत्तुवन् सत्यमितेन्नरुळ्

किन्तु वर्तमान में राज्य-रक्षार्थ दशरथ पूजनीय आपका राज्याभिषेक करने की तैयारी में हैं। आप उनके अनुकूल हो जाएँगे तो दशमुख को मारने के लिए कभी अवसर नहीं मिलेगा। मुझे यह आदेश दिया गया है कि मैं आकर आपसे सत्य की रक्षा करने का आग्रह करूँ। ८० आप सत्य के पालक एवं रक्षक हैं, पर मर्त्य जन्म के कारण मन में विस्मृति आ सकती है। इस प्रकार नारद के कथन को सुनकर उसका उत्तर राम ने इस प्रकार दिया—मैं कभी सत्य का उल्लंघन नहीं करूँगा। यह सोचकर मन में विषाद लाने की आवश्यकता नहीं है। काल-विलंब करने का कारण है, वह मैं बताऊँगा। समयानुकूल कार्य करने से सिद्धि प्राप्त होती है। परमेश्वर तो कालस्वरूप ही है। किन्तु प्रारब्ध कर्मफल के परिणाम स्वरूप होनेवाले क्षय-नाश का निवारण कोई नहीं कर सकता। मनुष्य का प्रयास केवल निमित्त-मात्र है, इस बात से कोई अनभिज्ञ नहीं है। कमल लोचन (विष्णु) के चरणों की सौगंध है, मैं कल वन को जानेवाला हूँ। फिर चौदह वर्ष मुनिवेश धारण कर मैं वन में बिताऊँगा। मुझसे राक्षसवंश तथा रावण का वध किया जाएगा। ९० सीता को कारणभूत बनाकर राक्षस वंश का मैं क्षति-नाश कर डालूँगा। यह सत्य बात है। राम

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चेय्तु रघुपति चित्त प्रमोदेन नारदनन्नेरं राघवन् तन्ने प्रदक्षिणवुं चेय्तु वेगेन दण्ड नमस्कारवुं चेय्तु देवमुनीन्द्रननुज्ञयुं कैकोण्टु देवलोकं गमिच्चीटिनानादराल् । नारद राघव संवादमिङ्ङने न्नेरे पठिक्कतान् केळ्क्कतानोर्क्कतान् भक्ति कैकोण्टु चेय्युन्न मनुष्यनु मुक्ति लभिक्कुमति निल्ल संशयं । शेष मिन्नुं कथकेळ्-क्कणमेङ्किलो दोषमकलुवान् चोल्लुन्नतुण्टु ञान्:- ९७

श्रीरामाभिषेकारंभं

अेङ्किलो राजा दशरथनेकदा सङ्कलितानंदमाम्मारिरिक्कुम्पोळ् पङ्कज संभव पुत्रन् वसिष्ठनां तन् कुलाचार्यने वन्दिच्चु चोल्लिनान्—पौरजनङ्ङळुं मंत्रिमुख्यन्मारुं श्रीरामने प्रशंसिक्कुन्निते प्पोळुं । ओरो गुण गणं कण्टवर्क्कुण्ट कतारिलानन्द मतिनिल्ल संशयं । वृद्धनाय् वन्नितु ञानुमोट्टाकयाल् पुत्ररिल् ज्येष्ठनां रामकुमारने पृथ्वी परिपालनार्त्थमभिषेक मेत्रयुं वैकाते चेय्यणमेन्नु ञान् कल्पिच्चतिप्पोळु तङ्ङनेयेङ्किलतुळ्प्पूविलोर्त्तु नियोगिक्कयुं वेणं । इप्रजकळ्क्कनुरागमवङ्कलुण्टेप्पोळुमेट्मतोर्त्तु कण्टीलयो । वन्नील

के मुंह से यह सुनकर मन में प्रसन्न हो नारद जी ने तुरन्त उनकी प्रदक्षिणा की और दण्डवत् नमस्कार किया । (फिर) देव-मुनि नारद (राम से) अनुमति लेकर सादर देवलोक को चले गये । इस नारद-राघव संवाद को जो कोई भक्तिपूर्वक पढ़ता है, सुनता है या स्मरण करता है, वह निस्संदेह मुक्ति प्राप्त करेगा । (शिव जी पार्वती से कहते हैं) सारे पापों को दूर करनेवाली शेष कथा भी आज ही सुनने की इच्छा है तो मैं बता दूँगा । ९७

श्रीराम जी के अभिषेक का आरंभ

तो सुनो, एक दिन जब राजा दशरथ प्रसन्न चित्त हो बैठे थे, तब उन्होंने पद्मसंभव के पुत्र तथा अपने कुलगुरु वसिष्ठ की वन्दना करते हुए कहा—सारे पुरवासी तथा मंत्रिप्रमुख लोग निरन्तर श्रीराम की प्रशंसा करते हैं । इसमें कोई संदेह नहीं, कि राम के प्रत्येक गुण से प्रभावित हो वे मन ही मन संतुष्ट हैं । मैं वार्द्धक्य में पहुँच गया हूँ । इसलिए मैंने मन में सोच रखा है कि चारों पुत्रों में ज्येष्ठ कुमार राम का पृथ्वी का शासन संभालने के लिए राज्याभिषेक कर लूँ । मेरा यह संकल्प जल्दी से जल्दी कैसे पूरा किया जाए, इसका उपाय सोचकर बता देना होगा । सारी प्रजा का उनके प्रति अतीव अनु-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मातुलनेक्काणमतिनेरे मुन्नमे पोय भरत शत्रुघ्नन्मार् वन्नु मुहूर्त्तं मटुत्त दिनं तन्ने पुण्यमतीव पुष्यं नल्ल नक्षत्रं । १०
अेन्नालवर् वरुवान् पार्क्कयिल्लिनि योन्नु कोण्टुमतु निर्ण्णयं मानसे । अेन्नालतिनु वेण्टुन्न संभारङ्ङळिन्नु तन्ने बत संभरिच्चीटणं । रामनोटुं निन्तिरुवटि वेकाते सामोदमिप्पोळे चेन्नरियिक्कणं । तोरण पंक्तिकळेल्लामुयर्त्तुक चारु पताककळोटुमत्युन्नतं घोरमायुळ्ळ पेरुम्परु नादवुं पूरिक्क दिक्कुकळोक्के मुळङ्ङवे । मन्नवनाय दशरथनादराल् पिन्नेसुमन्त्ररे नोक्कियरुळ् चेय्तु । एेल्लां वसिष्ठनरुळ् च्चेय्यु वण्णं कल्याण मुळ्क्कोण्टोरुक्कि क्कोटुक्क नी । नाळे वेणमभिषेकमिळमयाय् नाळीक नेत्रनां रामनु निर्ण्णयं । नन्दितनाय सुमन्त्ररुमन्नेरं नन्दिच्चु चोन्नान् वसिष्ठनोटादराल्—अेन्तोन्नु वेण्टुन्नतेन्तरुळ् चेय्तालु मन्तर मेन्नियये संभरिच्चीटुवन् २० चित्ते निरूपिच्चु कण्टु सुमन्त्ररोटित्थं वसिष्ठ मुनियरुळ् चेय्तु—केळ्क्क नाळेप्पुलर् काले चमयिच्चु चेल्कण्णिमाराय कन्यकमारेल्लां मध्य कक्ष्ये पतिनारु पेर् निल्कणं मत्त गजङ्ङळे प्पोन्नणियिक्कणं । ऐरावत कुल जातनां

राग एवं लगाव है, यह आप भी देख रहे हैं। अपने मामा से भेंट करने गये भरत-शत्रुघ्न, इतने दिनों के बाद भी वापस नहीं आये हैं। (किन्तु) अगले दिन पुण्यप्रद एवं योग्य पुष्य नक्षत्र का शुभ मुहूर्त है। १० अतः मन में विचार कर लिया है कि अब किसी भी हालत में उनके आगमन की प्रतीक्षा नहीं करूँगा। इसलिए उसके लिए आवश्यक सभी सामग्रियाँ आज ही एकत्रित कर लेनी चाहिए। और अविलंब आप ही को जाकर राम को यह सुखद समाचार सुनाना होगा। तोरणों पर अत्युन्नत एव सुन्दर पताकाएँ उठायी जाएँ। सारी दिशाओं को गुंजित करते हुए गंभीर नगाड़े जोर-जोर से बजा दें। फिर राजा दशरथ ने सादर सुमंत्र की ओर देखकर कहा—वसिष्ठ जी के आदेशानुसार सभी मंगलदायक वस्तुएँ सजा दो, क्योंकि कल ही राजीवनेत्र राम का युवराज के रूप में अभिषेक हो जाना चाहिए। यह सुनकर प्रसन्न मुद्रा में सुमन्त्र ने वसिष्ठ जी से सादर कहा—आवश्यक सभी वस्तुएं बता दीजिए, बिना किसी हेर-फेर के मैं सब कुछ जुटा लूंगा। २० मुनि वसिष्ठ ने खूब मन में विचार करके सुमंत्र से इस प्रकार कहा—सुनो, कल प्रातःकाल ही सोलह कोमलाक्षी कन्याओं को सज-धज के साथ मध्यकक्ष (अन्तःपुर) में खड़ा कर देना चाहिए। मातंगों को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नाल्कोम्पनाराल् वरेणमलङ्करिच्चङ्कणे। दिव्य नाना तीर्थ वारि पूर्णङ्ङळाय् दिव्य रत्नङ्ङळमुळ्ळत्ति विचित्रमाय् स्वर्ण कलश सहस्रं मलयज पर्ण्णङ्ङळ् कोण्टु वाय्क्कोटि वच्चीटणं। पुत्तन् पुलित्तोल् वरुत्तुक मून्निह च्छत्रं सुवर्ण दण्डं मणिशोभितं। मुक्ता मणि माल्य राजित निर्म्मल वस्त्रङ्ङळ् माल्यङ्ङळाभरणङ्ङळुं सल्कृतन्मारां मुनिजनं वन्निह न्निल्कक कुश पाणिकळाय् सभान्तिके। नर्त्तकिमारोटुं वारवधूजनं नर्त्तक गायक वैणिक वर्गावुं ३० दिव्य वाद्यङ्ङळेल्लां प्रयोगिक्कण-मुर्वीश्वराङ्कणे न्निन्नु मनोहरं। हस्त्यश्वपत्तिरथादि महाबलं वस्त्राद्यलङ्कारमोटु वन्नीटणं। देवालयङ्ङळ् तोरुं बलि पूजयुं दीपावलिकळुं वेणं महोत्सवं। भूपालरेयुं वरुवान् नियोगिक्क शोभयोटे राघवाभिषेकार्त्थमाय्। इत्थं सुमन्त्ररेयुं नियोगिच्चति सत्वरं तेरिल् क्करेरि वसिष्ठनुं दाशरथिगृहमेत्रयुं भास्वरमाशु सन्तोषेण सम्प्राप्य सादरं। न्निन्नतु न्नेरमरिञ्ञु रघुवरन् चेन्नुटन् दण्ड नमस्कारवुं चेय्तान्। रत्नासनवुं कोटुत्तिरुत्तित्तदा

सोने से सुसज्जित किया जाना चाहिए। ऐरावत सदृश चार गजवरों को सजाकर प्रांगण में ला खड़ा करना चाहिए। नाना दिव्यतीर्थों के जल से परिपूर्ण, दिव्य रत्नों से समालंकृत एवं मलयज (चन्दन) के पर्णों से मुखाच्छादित सहस्र स्वर्ण-कलश तैयार रखने होंगे। बिलकुल नये तीन मृगचर्म मँगाकर लाने होंगे। छत्र, मणियों से शोभित स्वर्ण दण्ड, मुक्ताओं, रत्नों एवं पुष्पमालाओं से सुसज्जित एवं निर्मल वस्त्र, मालाएँ, आभूषण सब जुटा रखें। हाथ में कुशधारी पुण्यश्लोक मुनिजनों, नर्तकियों, वारवधुओं, नर्त्तकों, गायकों एवं वणिकों से सभा सुशोभित रहे। ३० भूमिपति के प्रांगण में सभी दिव्य वाद्य सुन्दर ढंग से बजाये जाने चाहिए। हाथी, घोड़े, रथ, पैदल आदि सैनिकों को नाना वस्त्रों से समालंकृत हो उपस्थित होना चाहिए। प्रत्येक देव-मंदिरों में बलि-पूजाएँ, दीपावलियाँ और महोत्सव सबका समुचित आयोजन रहे। राम के अभिषेक की शोभा बढ़ाने के लिए सभी भूपालों को निमंत्रित किया जाना चाहिए। इस प्रकार सुमंत्र को आदेश दे तुरन्त ही वसिष्ठ रथ पर आरूढ़ हो गये और प्रसन्न चित्त हो अत्यन्त तीव्रगति से दाशरथी राम के भास्वर भवन में पहुँचे। वसिष्ठ जी को आकर खड़े देखकर राघव उठकर उनके पास आये और दण्डवत् नमस्कार किया। उन्हें रत्न सिंहासन पर बिठा दिया और पत्नी सहित विस्तृत कलश के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पत्नियोटुमति भक्त्या रघूत्तमन् पौल्क्कलश स्थिर निर्म्मल वारिणा तृक्काल् कळुकिच्चु पादाब्जतीर्त्थवुं उत्तमांगेन धरिच्चु विशुद्धनाय् चित्त मोदेन चिरिच्चरुळिच्चेय्तु ४० पुण्य वानायेनटियनतीव केळिन्तु पादोदकतीर्त्थं धरिक्कयाल् । एन्निङ्ङने रामचन्द्र वाक्यं केट्टु तन्नाय्च्चिरिच्चु वसिष्ठनरुळ् चेय्तु— तन्नुतन्नेत्रयुं तिन्नुटे वाक्कुकळेन्नुण्टु चौल्लुन्नतिप्पोळ् नृपात्मज ! त्वत्पाद पङ्कजतीर्त्थं धरिक्कयाल् दर्प्पक वैरियुं धन्य नायीटिनान् त्वत्पाद तीर्त्थे विशुद्धनाय् वन्नितु मल्पितावाय विरिञ्चनुं भूपते ! इप्पोळ् महाजनङ्ङळ्क्कुपदेशार्त्थमत्भुत विक्रमा ! चौन्नतु तीयेटो ! तन्नायरिञ्ञरिक्कुन्नितु तिन्ने ञानिन्नवनाकुन्नतेन्नतु- मिन्नेटो ! साक्षाल् परब्रह्ममां परमात्मावु मोक्षदन् नाना जगन्मयनीश्वरन् लक्ष्मी भगवतियोटुं धरणियिलिक्कालमत्र जनिच्चितु निश्चयं देवकार्य्यार्त्थं सिद्ध्यर्त्थं करुणया रावणने कौन्नु तापं केटुप्पानुं ५० भक्तजनङ्ङळ्क्कु मुक्ति सिद्धिप्पानुमित्थ- मवतरिच्चीटिन श्रीपते ! देव कार्य्यार्त्थमतीव गुह्यं पुनरेवं वेळिच्चत्तिटाञ्ञतु ञानिदं । कार्य्यङ्ङळेल्लां अनुष्ठिच्चु साधिक्क

निर्मल जल से उनका पाद-प्रक्षालन किया तथा उस पादाब्ज तीर्थ को उत्तम अंगों पर डालकर पवित्र हुए। फिर प्रसन्न मन से मंद मुस्कान लेकर कहा। ४० —आपके पादोदक तीर्थ से अभिषिक्त होने से आज यह दास पुण्यात्मा बन गया। श्रीरामचन्द्र जी के इस प्रकार का वाक्य सुनकर खूब हँसी हँसते हुए वसिष्ठ बोले—हे नृपात्मज ! आपके शब्द सुन्दर हैं, सुन्दर हैं। किन्तु मुझे आज इतना ही कहना है कि आपके चरण-कमलों का तीर्थ धारण करके कामदेव के शत्रु शिव भी अपने को धन्य समझते हैं। हे महाराज ! आपके पादतीर्थ में मेरे पिता ब्रह्मा भी पवित्र हो गये हैं। हे अद्भुत विक्रम ! आज वरिष्ठ जनों के लिए उपदेशार्थ आपने यह कहा है। मैंने आज आपको अपने वास्तविक रूप में खूब पहचान लिया है कि साक्षात् परब्रह्म जो परमात्मा, मोक्षप्रद, नाना जगत् में व्याप्त हैं, अपनी करुणा के वशीभूत हो देवताओं के कार्य को सिद्ध करने और रावण का वध करके उनके ताप को मिटाने के लिए निश्चय ही इस समय लक्ष्मी भगवती के साथ भूमि पर अवतार ले चुके हैं। ५० भक्त जनों को मुक्ति दिलाने के इस प्रकार अवतार लेने वाले हे श्रीपति ! देवताओं के अतीव गुप्त कार्य के लिए (आपके इस अवतार रूप) इस रहस्य को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मायया माया मनुष्यनाय् श्रीनिधे ! शिष्य नल्लो भवानाचाय नेष ञान् शिक्षिक्क वेणं जगद्धितात्र्थं प्रभो ! साक्षाल् चराचराचार्य्यनल्लो भवा नोर्किल् पितृणां पितामहनु भवान् । सर्वेष्वगोचरनायन्तर्यामियाय् सर्व जगद्यन्त्र वाहकनाय नी । शुद्ध सत्वात्मक मायोरु विग्रहं धृत्वानिजाधीन संभवनायुटन् मर्त्य वेषेण दशरथ पुत्रनाय् पृथ्वीतले योगमायया जातनां । अन्नतु मुन्ने धरिच्चिरिक्कुन्नु ञानेन्नोटु धातावु तानरुळ् चेय्कयाल् एन्नरिञ्ञत्रे सूर्यान्वयत्तिनु मुन्ने पुरोहित नायिरुन्नु मुदा ६० ञानु भवानोटु संबंध कांक्षया नूनं पुरोहित कर्म्ममनुष्ठिच्चु निन्द्यमायुळ्ळतु चेय्ता लोटुक्कत्तु नन्नाय् वरिकिलतुं पिळयल्लल्लो । इन्नु सफलमाय् वन्नु मनोरथ मोन्नपेक्षिक्कुन्नतुण्टु ञानिनियुं योगेश ! ते महामाया भगवति लोकैकमोहिनि मोहिप्पियाय्कमां । आचार्य निष्कृति कामन् भवानेङ्किलाशयं मायया मोहिप्पियाय्कमे ।

कहीं प्रकट नहीं किया । हे लक्ष्मीपति ! आप माया मनुष्य बनकर अपनी माया से सारे कार्यों का अनुष्ठान कीजिए । आप तो शिष्य हैं और मैं आपका आचार्य हूँ ! हे प्रभो ! यह दास आपको दण्ड भी देगा ! (वास्तव तो यह है) कि आप साक्षात् चराचरों के आचार्य हैं और ध्यानपूर्वक देखा जाए तो आप पिता पक्ष से मेरे पितामह हैं । आप सर्वेश्वर हैं । संपूर्ण जगत् के यंत्रवाहक आप सदा अगोचर और कभी अन्तर्यामी बनकर कार्य करते हैं । शुद्ध सत्वात्मक रूप को ब्रह्मा के अधीन कर आपने जन्म लिया । मैंने ब्रह्मा के उपदेश से यह पहले ही जान लिया था कि आप मनुष्य रूप से पृथ्वीतल पर अपनी योगमाया के सहारे दशरथ पुत्र बन जन्म लेनेवाले हैं । यह पहले ही समझकर मैंने प्रसन्न हो सूर्यवंश का पौरोहित्य स्वीकार किया था । ६० आपसे संबंध स्थापित करने की आकांक्षा लेकर निश्चय ही मैंने पुरोहित के कर्मों का अनुष्ठान किया । निन्दनीय कार्य का भी अंत अगर भला बना, तो वह (नीच कार्य) पाप नहीं समझा जाता । आज मेरा मनोरथ सफल हुआ । मैं आज आपसे एक प्रार्थना करूँगा—हे योगेश ! आपकी समस्त संसार को मोहित करनेवाली भगवती महामाया मुझे मोहित न करने पाये । आप कामनाओं से मुक्त करनेवाले आचार्य हैं तो मेरे मन को माया से मोहित न करवाइएगा । आपके संसर्ग से अब मैं सर्वमुक्त हूँ । अब आपसे मैं क्या कहूँ । मैं कहाँ और राम ! आप कहाँ ! (हम दोनों में इतना अन्तर है कि मैं आपको क्या कहकर समझाऊँ !)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

त्वल् प्रसंगाल् सर्वं मुक्तमिप्पोळिदम प्रवक्तव्यं मयाराम कुत्रचिल् राजा दशरथन् चॊन्नतु कारणं राजीव नेत्र ! वन्नेनिविटेक्कु आन् उण्टभिषेकमटुत्त नाळॆन्नतु कण्टु चॊल्वानायुळरि वन्नेनहं । वैदेहियोटुमुपवासवुं चॆय्तु मेदिनि तन्निल् शयनवुं चॆय्यणं । ब्रह्म-चर्य्यत्तोटिरिक्क आनोरोरो कर्म्मङ्ङळ् चॆन्नङ्ङॊरुक्कुवन् वैकाते ७० वन्नीटुषस्सिनु नीयरुळ् चॆय्तु चॆन्नु तेरिल्करेरि मुनिश्रेष्ठनुं । पिन्ने श्रीरामनुं लक्ष्मणन् तन्नोटु तन्ने चिरिच्चरुळ् चॆय्तु रहस्यमाय् । तातनेनिक्कभिषेकमिळमयाय् मोदेन चॆय्युमटुत्त नाळ् निर्ण्णयं । तत्र निमित्तमात्रं आनतिन्नॊरु कर्त्तावु नी राज्य भोक्तावुं नीयत्रे । वत्स ! ममत्वं बहिः प्राणनायकालुत्सवत्तिन्नु कोप्पिट्टु कॊळ्काशु नी । मत्समनाकुन्नतुं भवान् निश्चयं मत्सरिप्पानिल्लतिन्नु नम्मोटारुं । इत्तरमोरॊन्नरुळ् चॆय्तिरिक्कुम्पोळ् पृथ्वीन्द्र गेहं प्रविश्य वसिष्ठनुं वृत्तान्तमॆल्लां दशरथन् तन्नोटु चित्तमोदालरियिच्चु समस्तवुं । राजीव संभवनन्दनन् तन्नोटु राजा दशरथनानन्द पूर्वकं राजीवनेत्राभिषेक वृत्तान्तङ्ङळ् पूजा विधानेन चॊन्नतु केळ्क्कयाल् ८० कौसल्ययोटुं सुमित्र-

---

हे कमललोचन ! राजा दशरथ के कहने से मैं यहाँ आगत हूँ। आपका अभिषेक अगले दिन होनेवाला है, यह बात बताने के लिए मैं यहाँ भटकता आया हूँ। वैदेही के साथ उपवास करते हुए मेदिनी (भूमि) पर आज शयन करना चाहिए। आप ब्रह्मचर्य का पालन करते रहिए, मैं (आवश्यक) प्रत्येक कार्य का ठीक प्रबन्ध करने अविलंब वहाँ जा रहा हूँ। ७० 'आप उषाकाल में (वहाँ) आ जाइए' इतना कहकर मुनिश्रेष्ठ जाकर रथ पर आरूढ़ हो गये। फिर राम ने लक्ष्मण से मुस्कराते हुए अत्यन्त गुप्त रूप में बताया—अगले दिन निश्चय ही पिता जी सानंद मुझे युवराज के रूप में अभिषेक करेंगे। वहाँ मैं निमित्त मात्र के लिए हूँ। कर्ता और राज्य के भोक्ता तुम्हीं हो। हे वत्स ! ममत्व को त्यागकर प्राणाधार पिता से किये जानेवाले उत्सव को (धारण करने के लिए) तुम आवश्यक प्रबंध तुरन्त करो। तुम मेरे ही समान हो और निश्चय ही इस बात में हमसे कोई स्पर्धा नहीं कर सकता। इस प्रकार जब (राम-लक्ष्मण) एक-एक बात कहते बैठे थे तब वसिष्ठ महाराज के महल में प्रविष्ट हुए और दशरथ को सारा हाल बड़ी प्रसन्नता से कह सुनाया। राजीवसंभव के नंदन (वसिष्ठ) से राजीवनेत्र (राम) के अभिषेक के पूरे समाचार यथाविधि सुनने से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

योटुं चॆन्नु कौतुकमोटरियिच्चानॊरु पुमान् । सम्मोद मुळ्क्कॊण्टतु केट्ट नेरत्तु निर्म्मल मायॊरु माल्यवुं नल्किनार् । कौसल्ययुं तनयाभ्युदयार्त्थमाय् कौतुकमोटु पूजिच्चितु लक्ष्मयॆ— नाथे ! महादेवी ! नीयेतुणयॆन्नु चेतसि भक्त्या वणङ्ङि वाणीटिनाळ् सत्य सन्धन् नृपवीरन् दशरथन् पुत्राभिषेकं कळिच्चीटु मॆन्नुमे केकय पुत्रीवशगतनाकयालाकुल मुळ्ळिल् वळरुन्नितेट्वुं दुर्ग्गे ! भगवति दुष्कृत नाशिनि ! दुर्ग्गति नीक्किक्कत्तुणच्चीटुकंबिके ! कामुकनल्लो नृपति दशरथन् कामिनि कैकेयि चित्तमॆन्तीश्वरा ! नल्लवण्णं वरुत्तेणमॆन्निङ्ङने चॊल्लि विषादिच्चिरिक्कुन्नतु नेरं । ८९

रामाभिषेक विघ्नं

वानवरॆल्लारुमॊत्तु निरूपिच्चु वाणी भगवति तन्नोटपेक्षिच्चु लोकमातावे ! सरस्वती ! भारती ! वेगालयोद्ध्यक्कॊळुन्नळ्ळुकवेणं । रामाभिषेक विघ्नं वरुत्तीटुवा नामवरारुं मट्टिल्ल निरूपिच्चाल् । चॊन्नुटन् मन्थर तन्नुटॆ नाविन्मेल् तन्नॆ

राजा दशरथ ने बड़े आनंद के साथ । ८० —कौसल्या तथा सुमित्रा के पास आकर बड़े कुतूहल के साथ समाचार कह सुनाये । बड़े आनंद के साथ सुनकर उन्होंने (राजा को) एक पवित्र पुष्पमाला पहनायी । अपने पुत्र के मंगल की कामना करते हुए कौसल्या ने लक्ष्मी की पूजा की । वे मन में उद्भूत भक्ति से आप्लावित हो प्रार्थना करने लगीं— हे स्वामिनी ! हे महादेवी ! केवल आप ही का भरोसा है । सत्यनिष्ठ राजा दशरथ निश्चय ही पुत्र का अभिषेक करेंगे । (किन्तु) उन्हें केकयपुत्री (कैकेई) के वश में पड़े जानकर मेरे मन में व्याकुलता बढ़ती ही रहती है । हे दुर्गे ! हे अंबिके ! पापनाशिनी हे भगवती ! मेरी दुर्गति को दूरकर मुझे अनुगृहीत करो । राजा दशरथ तो कामी हैं और कामिनी कैकेई के मन का भाव कौन समझ सकता है ! (अतः) देवी के सामने मंगल के लिए प्रार्थना करते हुए कौसल्य के खिन्न हो बैठते समय । ८९

राज्याभिषेक में विघ्न

समस्त देवताओं ने एकत्र हो विचार करके वाणी देवी (सरस्वती) से प्रार्थना की—हे लोकमाता ! हे सरस्वती ! हे भारती ! (आपको) तुरन्त ही अयोध्या पधारना होगा । बहुत सोच-विचार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वसिच्चवळेक्कोण्टु चोल्लिच्चु पिन्ने विरवोटु कैकेयियें कोण्ट् तन्ने पऱयिच्चु कोण्टु मुटक्कणं। पिन्नेयिङ्ङोट्टेळुन्नेळ्ळां मटिक्करुतेन्नमरन्मार् परञ्ञोरनन्तरं वाणियुं मन्थरतन् वदनान्तरे वाणीटिनाळ् चेन्नु देव कार्य्यार्त्थमाय्। अप्पोळ् त्रिवक्रयां कुब्जयुं मानसे कल्पिच्चुऱप्पिच्युटन् प्रासादमेऱिनाळ्। वेगेन चेन्नोरु मन्थरयेक्कण्टु कैकेयितानुमवळोटु चोल्लिनाळ्-मन्थरे ! चोल्लु नी राज्य मेल्लाटवुं मेन्तोरु मूलमलङ्करिच्चीटिनान् १० नाळीक लोचननाकिय रामनु नाळेयभिषेकमुण्टन्नु निर्ण्णयं। दुर्भगे ! मूढे ! महागर्विते ! किटन्नेप्पोळुं नीयुऱङ्ङीटोन्नऱियाते। एऱियोरापत्तु वन्नटुत्तू निनक्कारुमोरु बन्धुविल्लेन्नु निर्ण्णयं। रामाभिषेकमटुत्त नाळुण्टेटो ! कामिनिमार् कुल मौलिमाणिक्यमे ! इत्थमवळ् चोन्नतु केट्टु संभ्रमिच्चुत्थानवुं चेय्तु केकयपुत्रियुं। चित्रमायोरु चामीकरनूपुरं चित्तमोदेन नल्कीटिनाळादराल्। सन्तोष मार्न्निरिक्कुन्न कालत्तिङ्कलेन्तोरु ताप मुपागतमेन्नु नी

करने पर भी राज्याभिषेक में विघ्न डलवाने के लिए आपके अतिरिक्त कोई दूसरा योग्य पात्र नहीं दिखाई दे रहा। आप सीधे जाकर मंथरा की जिह्वा पर बैठकर उसीसे कहलवाकर और सीधे कैकेई के द्वारा कहलवाकर (राज्याभिषेक) में बाधा डालिए। उसके उपरांत आप सीधे यहाँ वापस आ सकती हैं। इसमें आप उपेक्षा न दिखाएँ। इस प्रकार देवताओं के कहने पर उनकी कार्य-सिद्धि के लिए वाणी देवी मंथरा के मुंह में जा बस गयी। तभी त्रिवक्रा कुब्जा (मंथरा) मन में निर्णय लेकर प्रासाद में प्रविष्ट हुई। शीघ्रगति से आती मंथरा को देखकर कैकेई ने उससे प्रश्न किया—हे मंथरा ! जरा बताओ तो सही ! आज किस कारण से समस्त नगरी सजायी गयी है ? १० (मंथरा ने कैकेई को बताया) यह निश्चय जानो, कल कमललोचन राम का अभिषेक होनेवाला है। हे दुर्भाग्यवती ! हे मूर्खे ! हे गर्विते ! तुम कुछ समझे बिना सदा सोती ही रहती हो। तुम्हारे लिए भारी विपत्ति आ गयी है और तुम यह जान लो कि तुम्हारा कोई अपना नहीं है। हे कामिनियों के कुल के लिए सिरमौर बनकर रहनेवाली (कैकेई) ! राम का अभिषेक अगले ही दिन होने को है। इस प्रकार की वाणी सुनकर कैकेई आश्चर्यचकित हो उठ खड़ी हो गयी और प्रसन्नतावश उसे सोने का एक नूपुर पुरस्कार में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चौल्लुवान् कारणं ञानरिञ्ञीलतिनिल्लौरवकाशमेतुं निरूपिच्चाल्। ऐन्तुटे रामकुमारनोळं प्रियमेन्नुळ्ळिलारेयुमिल्लमट्टोवर्क्क न्नी। अत्रयुमल्ल भरतनेक्काळ् मम पुत्रनां रामनें स्नेहमेनिक्केरु २० रामनुं कौसल्या देवियेक्काळेन्नें प्रेममेरु नूनमिल्लौरु संशयं भक्तियुं विश्वासवुं बहुमानवुंमित्र मट्टारेयुमिल्लेन्नरिक न्नी। नल्ल वस्तुक्कळेनिक्कु तन्ने मट्टुवल्लवर्क्कुं कौटुप्पू मम नन्दनन्। इष्ट मिल्लातौरुवाक्कु परकयिल्लौट्टुमे भेदमवनिल्लौरिक्कलुं अश्रान्तमेन्नेयेत्रे मटिकूटातें शुश्रूष चैय्तु आयं प्रीतिपूर्वकं। मूढे न्निनक्कॆन्तु रामङ्कल् निन्नौरु पेटियुण्टावानवकाश मुण्टायतुं सर्वजन प्रियनल्लो ममात्मजन् निर्वैरमानसन् शान्तन् दयापरन्। केकय पुत्रितन् वाक्कुकळ् केट्टळवाकुल चेतसा पिन्नेयुं चौल्लिनाळ्-पापे महाभय कारणं केळ्क्क न्नी भूपतिन्निन्नें वञ्चिच्चतरिञ्ञीले? त्वल् पुत्रनाय भरतनेयुं बलाल् तल् प्रियनाय शत्रुघ्ननेयुं नृपन् ३० मातुलनेक्काणमतिन्नाययच्चतुं चेतसि कल्पिच्चु कौण्टुतन्नेयितुं। राज्याभिषेकं कृतं

दिया। (और पूछा) बड़े हर्षोल्लास के इस समय तुम्हारे द्वारा बड़ी विपत्ति आ गयी, ऐसा कहने का कौन-सा कारण है? मेरे विचार में उसके लिए कोई कारण दिखाई नहीं दे रहा है। मेरे मन में राम के प्रति जितना वात्सल्य है उतना और किसीके प्रति नहीं, यह तुम जान लो। यही नहीं, मैं भरत से अधिक अपने पुत्र राम को चाहती हूँ। २० इसमें कोई संदेह नहीं कि राम भी कौसल्या से बढ़कर मुझे चाहते हैं। तुम यह भलीभाँति समझ लो कि (राम के मन में) मेरे प्रति जितनी भक्ति, विश्वास एवं आदरभाव है उतना दूसरे के प्रति नहीं है। अच्छी-अच्छी वस्तुएँ प्रथम मुझे देने के उपरांत ही मेरे पुत्र (राम) और किसी को देंगे। वे कभी अप्रिय शब्द नहीं बोलेंगे और उनके मन में कोई भेदभाव नहीं है। वे निरंतर बिना संकोच के प्रीतिपूर्वक अश्रान्त मेरी शुश्रूषा में लगे रहते हैं। हे मूर्खे! तुम्हें राम के प्रति सशंकित होने की क्या बात है? मेरे आत्मज (पुत्र) सबके लिए प्रिय हैं, उनके मन में किसी के प्रति विरोध नहीं; वे शान्त तथा दया-शील हैं। कैकेई की बात सुनकर मन में और व्याकुल हो (मंथरा ने) कहा—हे पापी! मेरे अतीव भय का कारण तुम सुनो। तुमने यह नहीं समझा कि राजा ने तुम्हें धोखा दिया। तुम्हारे पुत्र भरत को तथा उसके प्रिय शत्रुघ्न को राजा ने जबरदस्ती। ३० —मामा से मिलने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रामनेंङ्किलो राज्यानुभूति सौमित्रिय्क्कु निर्ण्णयं। भाग्यमत्रे सुमित्रक्कतु कण्टु निर्भाग्यायायोरु नी दासियाय् नित्यवुं कौसल्य तन्नेप्परिचरिच्चीटुक कौसल्यानन्दनन् तन्नेब्भरतनुं सेविच्चु कौण्टु पौरुक्कॆन्नतुं वरुं भाविक्कयुं वेण्ट राजत्व मेतुमे। नाट्टिल् निन्नाट्टि कळकिलुमामोरु वाट्टं वरातॆ वधिच्चीटुकिलुमां। सापत्न्यजात पराभवं कौण्टुळ्ळ तापवुं पूण्टु धरणियिल् वाळ्कयिल् नल्लू मरणमतिनिल्ल संशयं चौल्लुवन् ञान् तव नल्लतु केळ्क्क नी। उत्साहमुण्टु निनक्कॆङ्किलिक्कालं त्वल् सुतन् तन्नॆ वाळिक्कुं नरवरन्, रामनीरेळाण्टु कानन वासवुं भूमि पालाज्ञया चेय्युमाराक्कणं ४० नाट्टवकं भरतन्नु वरुमति प्रौढ कीर्त्या निनक्कुं वसिक्कां चिरं; वेणमॆन्नाकिलतिन्नौरुपायवुं प्राणसमे! तव चौल्लित्तरुवन् ञान्, मुन्नं सुरासुर युद्धे दशरथन् तन्नॆमित्रार्त्थं महेन्द्रनर्त्थिक्कयाल् मन्नवन् चाप बाणङ्ङळुं कैकौण्टु तन्नुटॆ सैन्यैस्समं तेरिलेऱिनान्। न्निन्नोटु कूटवे विण्णिलकं पुक्कु सन्नद्धनाय् च्चॆन्नसुररोटेट्टप्पोळ् छिन्नमाय् वन्नु रथाक्ष कीलं

के लिए भेजा है, वह पूर्व योजना का ही परिणाम है। राम का अभिषेक अगर किया गया तो निश्चय है, राज-सुख एवं राजभोग सुमित्रात्मज (लक्ष्मण) को प्राप्त होंगे। यह सुमित्रा का ही सौभाग्य है। यह देखते हुए तुम दुर्भाग्यवती को दासी रूप में कौसल्या की तथा भरत को कौसल्या-पुत्र की सेवा-परिचर्या करनी पड़ेगी। तुम कभी अपने राजत्व का गर्व नहीं कर पाओगी। यह भी संभव है कि तुम्हें लांछितकर देश से निकाल दें या निर्दारुण भाव से मार डालें। सौतिया डाह में जलते हुए भूमि पर जिन्दा रहने से मरना बेहद अच्छा है, इसमें कोई शक नहीं है। मैं तुम्हारी भलाई की बात बोलती हूँ, तुम सुनो। इस समय अगर तुम्हारे मन में उमंग एवं उत्साह है तो निश्चित जानो, राजा तुम्हारे पुत्र का ही अभिषेक कर देंगे। राजा के आदेश से राम को चौदह वर्ष तक वनवास के लिए भिजवाना होगा। ४० –(ऐसा करने पर) संपूर्ण देश पर भरत का एकाधिकार स्थापित होगा और तुम भी चिरकाल तक यशस्विनी बनकर रह सकोगी। प्राणोपम प्रिय रानी! तुम्हारी इच्छा हो तो मैं इसके लिए तुम्हें उपाय सुझा दूँगी। पूर्वकाल में देवासुर संग्राम के समय महेन्द्र जी ने दशरथ का सहयोग माँगा था। महाराजा धनुष-बाण ले अपनी सेना सहित तुम्हारे साथ रथ पर सवार हो स्वर्गलोक में पहुँचे थे। वहाँ असुरों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोरिलॆन्नरिञ्ञतु मिल्ल दशरथन्; सत्वरं कील रन्ध्रत्तिङ्कल् निन्नुटॆ हस्त दण्डं समावेश्य धैर्येण नी, चित्रमत्रे पति प्राण रक्षार्त्थमाय् युद्धं कळिवोळमङ्ङनॆ निन्नतुं। शत्रुक्कळॆ वधं चॆय्तु पृथ्वीन्द्रनुं युद्ध निवृत्त नायोरु दशान्तरे निन्तॊळिल् कण्टति सन्तोषमुळ्ळकॊण्टु चॆन्तळिर् मेनि पुणर्न्नुटन्-५० पुञ्चिरि पूण्टु परञ्ञतु भूपनु निन् चरितं नन्नु नन्नु निरूपिच्चाल् रण्टुवरं तरां नीयॆन्नॆ रक्षिच्चु कॊण्टतु मूलं वरिच्चु कॊण्टालु नी; भर्त्तृ वाक्यं केट्टु नीयुमन्नेरत्तु चित्त सम्मोदं कलर्न्नु चॊल्लीटिनाळ्—दत्त मायोरु वरद्वयं सादरं न्यस्तं भवति मया नृपतीश्वरा ! ञानॊरवसरत्तिङ्कलपेक्षिच्चालूनं वरातॆ तरिकॆन्नते वेण्टु। ऐन्नु परञ्ञरिक्कुन्न वरद्वय मिन्नपेक्षिच्चु कॊळ्ळणं मटियातॆ। ञानु मऱन्नु किटन्नितु मुन्नमे मानसे तोन्नि बलालीश्वराज्ञया। धीरतयोटिनि क्षिप्रमिप्पोळ् क्रोधागारं प्रविश्य कोपेन किटक्क नी। आभरणङ्ङळुं पॊट्टिच्चॆरिञ्ञति शोभ पूण्टोरु कार्कून्तलळिच्चिट्टु पूमेनियुं पॊटि कॊण्टङ्ङणिञ्ञह भूमियिल् तन्नॆ

से युद्ध करते समय रथ के पहिये की धुरी टूट गयी थी, जिसका दशरथ को पता तक नहीं था। तुमने तुरन्त बड़े साहस के साथ धुरी के छिद्र में अपना हस्तदण्ड समाविष्ट कर दिया और युद्ध की समाप्ति तक वैसे ही खड़ी रहकर पति की रक्षा करते हुए तुमने विचित्र साहस का परिचय दिया। शत्रुओं का संहार करके युद्ध से निवृत्त होने पर तुम्हारे इस कार्य से प्रभावित एवं प्रसन्न हो राजा ने तुम्हारे पल्लव सदृश गात्र का आश्लेष किया। ५० —मुस्कान भरते हुए भूपति ने अनुमोदन किया कि तुम्हारा चरित्र ही बहुत-बहुत प्रशंसनीय है। मेरी रक्षा करने के उपलक्ष्य में मैं तुम्हें दो वर अभी दूँगा, तुम कृपापूर्वक ग्रहण करो। पति के इस कथन को सुनकर तुमने उस समय मन ही मन पुलकित हो बताया कि महाराज ! आपके प्रदत्त दोनों वर आप ही के पास मैं न्यस्त रखती हूँ ! जब कभी मैं माँगूँगी तब प्रदान करना होगा। इस प्रकार (राजा के पास न्यस्त) रखे दोनों वर आज तुम्हें निस्संकोच भाव से माँग लेना चाहिए। यह बात मैं अभी तक भूल बैठी थी, आज सहसा दैवयोग से वह स्मरण आयी। (अतः) तुरन्त ही साहसपूर्वक कोपगृह में प्रविष्ट हो क्रोध का नाट्य अपनाओ। सारे आभूषणों को छिन्न-भिन्न करके इधर-उधर बिखरा देकर तथा सुन्दर कुन्तलों को खुला छोड़कर भूमि पर लोटकर सुन्दर गात्र को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मलिनांबरत्तोटुं ६० कण्णु त़ीरालॆ मुखवुं मुलकळुं त़न्नाय् त़नच्चु करञ्ञु-करञ्ञु कॊण्टर्त्थिच्चु कॊळ्क वरद्वयं भूपति सत्यं परञ्ञालुरप्पिच्चु मानसं मंथर चॊन्न पोलतिनेतु मॊरन्तरं कूटातॆ चॆन्नु कैकेयियुं पत्थ्यमितॊक्कॆत्तनिक्कॆन्नु कलिपच्चु चित्त मोदेन कोपालये मेविनाळ्। कैकेयि मन्थरयोटु चॊन्नाळिनि राघवन् काननत्तिन्नु पोवोळवुं ञानिविटॆ किटन्नीटुवनल्लाय्किल् प्राणनेयुं कळञ्ञीटुवन् निर्णयं। भू परित्राणार्त्थ मिन्नु भरतनु भूपति चॆय्तानभिषेक मॆङ्किल ञान् वेरॆ त़िनक्कु भोगार्त्थमाय् नल्कुवन् नूरु देशङ्ङळतिनिल्ल संशयं; एतुमितिनॊरिळक्कं वराय्किल् नी चेतसि चिन्तिच्च कार्यं वरुं दृढं। ऎन्नु परञ्ञु पोयीटिनाळ् मन्थर पिन्नॆयव्वण्णमनुष्ठिच्चु राज्ञियुं ७० धीरनायेट़ दयान्वितनाय् गुणाचार संयुक्तनाय् नीतिज्ञनाय् निज देशिक वाक्य स्थितनाय् सुशीलनायाशय शुद्धनाय्विद्या निरतनाय् शिष्टनायुळ्ळवनॆन्नङ्ङिरिक्किलुं दुष्ट संगं कॊण्टु कालान्तरत्तिनाल् सज्जन निन्द्यनाय् वन्नु कूटुं दुर्ज्जन संसर्गमेट़मकलवे वर्ज्जिक्क वेणं प्रयत्नेन सत्पुमान् कज्जळं

धूल से धूसरितकर और मलिन वेषधारी बन। ६० —आँसुओं से मुख तथा कुचों को स्निग्ध करती हुई रो-रोकर दोनों वरों की याचना करो और राजा के प्रतिज्ञाबद्ध होने पर ही मानस को दृढ़ बनाओ। (फिर) मंथरा के उपदेश को अपने लिए बिलकुल अनुकूल मानकर तथा मन के दुर्मोह को लेकर कैकेई कोपगृह में पहुँची। कैकेई ने मंथरा से कहा कि अब राघव के वन जाने तक मैं यहीं पड़ी रहूँगी, अन्यथा (राघव के वन न जाने पर) मैं निश्चय ही अपना प्राण छोड़ दूँगी। भूमि के परित्राणार्थ अगर राजा भरत का अभिषेक कर दें तो मैं तुम्हारे भोगार्थ निश्चय ही सौ देश अलग से दूँगी। 'तुम अपने इस कार्य से विचलित न होओगी तो तुम्हारा मन का संकल्प निश्चय ही सिद्ध होगा'—ऐसा कहकर मंथरा चली गयी और रानी ने वैसा ही (मंथरा के उपदेशानुसार ही) आचरण किया। ७० चाहे कोई कितना ही साहसी, दयावान, गुणी, आचारनिष्ठ, नीतिज्ञ, गुरु-वाक्य पर अटल, सुशील, शुद्ध, विद्यानिरत और शिष्ट व्यक्ति क्यों न हो दुर्गुणी लोगों की संगति से कालान्तर में निश्चय ही सज्जनों द्वारा निन्द्य बन जाएगा। इसलिए सत्पुरुषों को चाहिए कि वे प्रयत्नपूर्वक दुर्जनों के संसर्ग को दूर से नमस्कार कर दें क्योंकि कज्जल लगने से सोना भी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पट्टियाल् स्वर्णवुं निष्प्रभं। ऎङ्किलो राजा दशरथनादराल् पङ्कज नेत्राभ्युदयं निमित्तमाय् मन्त्रि प्रभृतिकळोटुं परञ्ञु कॊण्टन्तःपुरमकं पुक्करुळीटिनान्। अन्नेरमात्मप्रियतमयाकिय तन्नुटॆ पत्नियॆ क्काणाय्क कारणं ऎन्नियुं विह्वलनायॊरु भूपनुं चित्ततारिङ्कल् निरूपिच्चितीदृशं : मन्दिरं तन्निल् ञान् चॆन्नु कूटुं विधौ मन्दस्मितं चॆय्तरिके वरुं पुरा ८० सुन्दरियामवळि न्नॆङ्ङु पोयिनाळ् मन्दमाकुन्नितुन्मेषमॆन् मानसे। चॊल्लुविन् दासिकळे! भवत्स्वामिनि कल्याणगात्रि मट्टॆङ्ङु पोयीटिनाळ्? एवं नरपति चोदिच्च नेरत्तु देवितन्नाळिकळुं परञ्ञीटिनार् क्रोधालयं प्रवेशिच्चततिन्मूलमेतु मरिञ्ञील ञङ्ङळो मन्नव! तत्र गत्वा नित्तिरुवटि देवितन् चित्तमनुसरिच्चीटुक वैकाते। ऎन्नतु केट्टु भयेन महीपति चॆन्नङ्ङरिकत्तिरुन्नु ससंभ्रमं मन्द मन्दं तलोटित्तलोटि प्रिये! सुन्दरी! चॊल्लु चॊल्लॆन्तिनु वल्लभे! नाथे! वॆरुं निलत्तुळ्ळ पॊटियणिञ्ञातङ्कमोटु किटक्कुन्नतॆन्तुनी? चेतो विमोहन रूपे! गुणशीले! खेद मुण्टायतॆन्तॆन्नोटु चॊल्कॆटो! मल् प्रजावृन्द मायुळ्ळवरारुमे विप्रियं चॆय्कयुमिल्ल निनक्कॆटो! ९० नारिकळो नरन्मारो

निष्प्रभ बन जाता है। तो राजा दशरथ पंकज नेत्र (राम) के अभ्युदय से संबंधित बातों की मंत्रि प्रभृति लोगों से चर्चा करके अन्तःपुर में पहुँचे। तब अपनी प्राणोपम प्यारी प्रियतमा पत्नी को (वहाँ) न देख पाने पर अत्यन्त व्याकुल हो हृदय-कमल में इस प्रकार सोचा; पहले मेरे अन्तःपुर में पहुँच पाते ही मंद मुस्कराती हुई मेरे निकट आती। ८० —वह सुन्दरी आज कहाँ गयी? आज मेरे मन का उत्साह मंद पड़ता जा रहा है। हे दासियो! तुम लोग बता दो कि तुम्हारी सुन्दर स्वरूपिणी स्वामिनी आज अन्यत्र कहाँ गयी हैं? इस प्रकार राजा के पूछने पर देवी की दासियों ने कहा कि हे महाराज! उनके कोपगृह में जा बसने के कारण हम कुछ नहीं जान पायी हैं। आप वहाँ पहुँचकर अविलंब देवी जी के मनोरथ को पूरा कीजिएगा। यह सुनकर मन में भयविह्वल हो राजा उनके निकट आ कातर हो बैठे और मंद-मंद उन पर हाथ फेरते-फेरते पूछा—हे सुन्दरी! हे प्रिये! हे स्वामिनी! बताओ तो सही कि तुम खिन्न हो इस फर्श पर धूल में क्यों पड़ी हो? मन को मोहित करनेवाली सुन्दरी! हे गुणशीले! तुम्हारे दुःख का कारण मुझे बताओ। मेरे प्रजावर्ग में से कोई भी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भवतियोटारोरु विप्रियं चेय्ततु वल्लभे ! दण्ड्यनेन्ताकिलुं वध्यनेन्ताकिलुं दण्डमेनिक्कतिनिल्ल निरूपिच्चाल् । निर्द्धननें त्वयुमिष्टन् निनक्केङ्किलत्थं पतियाक्कि वय्पनवनें ञान् । वध्यनें नूनमवध्यनाक्कीटुवन् वध्यनाक्कीटुमवध्यनें वेण्टुकिल् नूनं निनक्कधीनं ममज्जीवनं मानिनी ! खेदिप्पतिनेन्तु कारणं ? मल् प्राणनेक्काळ् प्रियतमनाकुन्न तिप्पोळेनिक्कु मल् पुत्रनां राघवन् अङ्ङनें युळ्ळ रामन् मम नन्दनन् मंगलशीलनां श्रीरामनाण ञान् अंगनारत्नमे ! चेय्वन् तवहितमिङ्ङनें खेदिप्पियाय्कमां वल्लभे ! इत्थं दशरथन् कैकेयि तन्नोटु सत्यं पऱञ्ञतु केट्टु तेळिञ्ञवळ् कण्णु नीरुं तुटच्चुत्थानवुं चेय्तु मन्नवन् तन्नोटु मन्दमुरचेय्ताळ् १०० सत्य प्रतिज्ञनायुळ्ळ भवान् मम सत्यं पऱञ्ञतु नेरेङ्किलेन्नुटे पत्थ्यमायुळ्ळतिनेप्पऱञ्ञीटुवन् व्यर्थं माक्कीटाय्क सत्यत्ते मन्नवा ! ऐङ्किलो पण्टु सुरासुरायोधने सङ्कटं तीर्त्तु रक्षिच्चेन् भवानें ञान् । सन्तुष्ट चित्तनायन्नु भवान् मम चिन्तिच्चु रण्टु वरं नल्कीलयो । वेण्टुन्न नाळपेक्षिक्कुन्नतुण्टन्नु वेण्टुं वरङ्ङळ् तरिकेन्नु चोल्लिञान् । वच्चिरिक्कुन्नु

तुम्हारी इच्छा के प्रतिकूल कोई कार्य तो नहीं करता । ९० हे प्रिये ! कौन नर या नारी है, जिसने तुम्हारा अप्रिय कार्य किया है ? तुम यह जान लो कि उसे दंडित करने या उसका वध करने में मुझे कोई दुःख नहीं होगा । अगर किसी निर्धन व्यक्ति के प्रति तुम्हारी कृपा है तो मैं उसे धन-कुबेर बना दूँगा । तुम्हारी इच्छा हो तो किसी वध्य को अवध्य और अवध्य को वध्य घोषित कर दूँगा । हे मानिनी ! मेरा जीवन ही तुम्हारे अधीन है, फिर तुम्हारे दुःख का क्या कारण है ? इस समय मेरे लिए अपने प्राण से भी प्रिय मेरा पुत्र राघव है । हे नारीरत्न ! हे प्रिये ! ऐसे मेरे पुत्र मंगलकारी राम की सौंगध है, मैं तुम्हारा आग्रह पूर्ण कर दूंगा । तुम इस प्रकार व्यर्थ दुःखी मत होओ । इस प्रकार दशरथ को प्रतिज्ञाबद्ध होते सुनकर कैकेई का मुख खिल उठा; आँसू पोंछती हुई वे उठीं और राजा से धीरे-धीरे कहा । १०० –दृढ़ प्रतिज्ञावान आपने आज मेरे सामने जो प्रतिज्ञा की, वह सत्य है तो आज मैं अपनी कामना प्रकट करती हूँ, हे राजा ! उसे आप व्यर्थ जाने न दीजिए । तो सुनिये, पूर्वकाल में देवासुर संग्राम के अवसर पर मैंने आपको विपत्ति से बचा लिया था और तब आपने मेरे उपकार के बदले में प्रसन्न हो दो वर प्रदान किये थे । मैंने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भवाङ्कलतु रण्टुं इच्छयुण्टिन्नु वाङ्ङीटुवान् भूपते !
ऐन्नतिलोन्नु राज्याभिषेकं भवानिन्नु भरतनु चेय्येण मेन्नतुं पिन्ने
मट्टेतु रामन् वनवासत्तिनिन्नु तन्ने गमिक्केणमेन्नुळ्ळतुं ।
भूपति वीरन् जटा वल्कलं पूण्टु तापस वेषं धरिच्चु वनान्तरे
कालं पतिन्नालु वत्सरं वाळणं मूल फलङ्ङळ् भुजिच्चु
महीपते ! ११० भूमि पालिप्पान् भरतनेयाक्कणं रामनुषसि
वनत्तिन्नु पोकणं । ऐन्निव रण्टु वरङ्ङळुं नल्कुकिलिन्नु मरणमेनि
क्किल्ल निर्णयं । एन्नु कैकेयि परञ्ञोरनन्तरं मन्नवन् मोहिच्चु
वीणानवनियिल् । वज्रमेट्टद्रि पतिच्च पोले भुवि सज्वर चेतसा
वीणितु भूपनुं । पिन्ने मुहूर्त्त मात्रं चेन्न नेरत्तु कण्णुनीर् वार्त्तु विरच्चु
नृपाधिपन् दुस्सह वाक्कुकळ् केळ्क्कायतेन्तय्यो ? मम मृत्यु
समयमुपस्थितमाकयो ? किंकिमेतल् कृतं शंकर ! दैवमे !
पङ्कज लोचन ! हा ! परब्रह्ममे ! व्याघ्रियेप्पोले समीपे
वसिक्कुन्न मूर्ख मतियाय कैकेयितन् मुखं नोक्कि नोक्कि ब्भयं पूण्टु
दशरथन् दीर्घमाय्वीर्त्तु वीर्त्तेवमुरचेय्तु—ऐन्तिवण्णं परयुन्नतुभद्रे !
नी ऐन्तु निन्नोटु पिळ्च्चितु राघवन् १२० मल् प्राण हानिकरमाय

आवश्यकता पड़ने पर वर माँगने तथा तब जरूर देने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रकार आपके पास न्यस्त दोनों वरों को हे राजा ! आज प्राप्त करने की इच्छा है। उनमें से एक वर से मेरे पुत्र भरत का आज आप राज्याभिषेक कर दीजिए और दूसरा यह वर चाहिए कि राम आज ही वनवास के लिए चले जाएँ। हे राजा ! राजकुमार (राम) को जटा–वल्कलधारी तापसवेष में फल-मूल खाते हुए चौदह वर्ष तक वन में निवास करना होगा । ११० राज्यशासन के लिए भरत को नियुक्त करें तथा राम उषाकाल में वन को प्रस्थान करें—ये दो वर प्रदान किये जाने पर आज मेरी मृत्यु नहीं होगी । कैकेई के मुख से ये वचन सुनते ही राजा मूर्छित हो भूमि पर गिर पड़े । वज्राहत पर्वत के समान मन में परिताप ले राजा पृथ्वी पर पड़े थे। फिर क्षण भर के उपरांत अश्रु बहाते हुए तथा कंपित गात्र राजा बोल उठे—आज ऐसे असहनीय शब्द क्यों सुनने पड़ रहे हैं ? क्या मेरी मृत्यु समीप आ रही है ? हे भगवान ! हे शंकर ! आपने यह क्या किया ? हे कमललोचन ! हा परब्रह्म ! बाघनी के समान समीप बैठी दुर्बुद्धि कैकेई का मुख बार-बार देखकर भयातुर हो दशरथ ने दीर्घश्वास भरते हुए पूछा—हे भद्रे ! आज ऐसी बात क्यों कर रही

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाक्कु नीयिप्पोळुर चेय्वतिनेन्तु कारणं। अन्नोटु राम गुणङ्ङळे वर्णिच्चु मुन्नमेल्लां नी पऱञ्ञल्लो केळ्प्पू ञान्। ऐन्नेयुं कौसल्या देवियेयुमवन् तन्नुळ्ळिलिल्लोरु भेदमोरिक्कलुं ऐन्नल्लो मुन्नं पऱञ्ञिरुन्नु निनक्किन्नितु तोन्नुवानेन्तोरु कारणं? निन्नुटे पुत्रनु राज्यं तरामल्लो धन्यशीले! रामन् पोकणमेन्नुण्टो? रामनालेतुं भयं निनक्कुण्टाका भूमि पतियाय् भरतनिरुन्नालुं। ऐन्नु पऱञ्ञु करञ्ञु करञ्ञु पोय् चेन्नुटन् काल्कल् वीणु महीपालनुं। नेत्रङ्ङळुं चुवप्पिच्चु कैकेयियुं धात्रीपतीश्वरनोटु चोल्लीटिनाळ्— भ्रान्तनेन्नाकयो भूमीपते! भवान् भ्रान्ति वाक्यङ्ङळ् चोल्लुन्नतेन्तिङ्ङने! घोरङ्ङळाय नरकङ्ङळिल् चेन्नु चेरुमसत्य वाक्यङ्ङळ चोल्लीटिनाल् १३० पङ्कज नेत्रनां रामनुषस्सिनु शंका विहीनं वनत्तिन्नु पोकाय्किल् ऐन्नुटे जीवने ञान् कळञ्ञीटुवन् मन्नवन् मुम्पिल् निन्निल्लोरु संशयं। सत्य संधन् भुवि राजा दशरथनेत्रयुमेन्नुळ्ळ कीर्ति रक्षिक्कणं; साधु मार्गत्ते वेटिञ्ञतु कारणं यातना दुःखानुभूति युण्टाकेण्ट, रामोपरिभवान् चेय्त शपथवुं भूमीपते! वृथा

हो? राम ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा है? १२० —किस कारण तुम मेरे लिए प्राणघातक ये शब्द आज बोल उठीं? पहले तुम मेरे सामने राम के गुण का बखान किया करते थीं और मैं सुन लिया करता था। (तुम कहा करती थीं) उसके मन में मुझमें और कौसल्यादेवी में कोई भेदभाव कभी नहीं आने पाया है। इस प्रकार जब तुम पहले कहती थीं तो आज इस प्रकार के कटुवचन तुमसे कहे जाने का क्या कारण है? हे धन्य-शीले! मैं तुम्हारे पुत्र को राज्य दे सकता हूँ, किन्तु क्या राम का (वन) जाना आवश्यक है? भूमिपति बन भरत रहें, किन्तु तुम्हें राम के कारण कोई बाधा नहीं आ पाएगी। ऐसा कहकर रो-रोकर राजा उनके चरणों पर जा गिर पड़े। अपने नेत्रों को लाल-लाल करती हुई कैकेई ने राजा से कहा—'हे भूमिपति! क्या आप पागल होते जा रहे हैं? आप ऐसे प्रलाप क्यों कर रहे हैं? असत्य वचन बोलने से आप भयंकर नरकों में जा पड़ेंगे। १३० —पंकजनेत्र राम प्रातःकाल में निश्शंक वन को प्रस्थान नहीं करेंगे तो मैं राजा के सम्मुख ही प्राण त्याग करूँगी, यह निश्चित जानिये। 'संसार में राजा दशरथ बड़े सत्यकामी एवं दृढ़ प्रतिज्ञावान हैं'—यह यश आपको बचाये रखना चाहिए। सन्मार्ग को त्यागने से उत्पन्न होनेवाली यातनाएँ और

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मिथ्ययाक्कीटोला, कैकेयि तन्नुटे निर्ब्बन्ध वाक्यवुं राघवनोटु वियोगं वरुन्नतुं चिन्तिच्चु दुःख समुद्रे निमग्ननाय् सन्तापमोटु मोहिच्चु वीणीटिनान्। पिन्नेयुणर्न्निरुन्नुं किटन्नुं मकन् तन्नेयोर्त्तु परञ्ञुं करञ्ञुं सदा राम रामेति रामेति प्रलापेन यामिनि पोयितु वत्सर तुल्ययाय्। चेन्नारुणोदयत्तिनु सादरं वन्दिकळ् गायकन्मारेन्निवरेल्लां १४० मंगल वाद्य स्तुति जय शब्दङ्ङळ् संगीत भेदङ्ङळेन्निवटेक्कोण्टुं। पळ्ळि क्कुरुप्पुणर्त्तीटिनारन्नेर मुळ्ळिळलुण्टाय कोपेन कैकेयियुं क्षिप्रमवरे निवारणवुं चेय्ताळ् विभ्रमं कैकोण्टु निन्नारवर्कळुं। अप्पोळभिषेक कोलाहलार्त्थमाय् तल् पुरमोक्के निरञ्ञु जनङ्ङळाल्। भूमि देवन्मारुं भूमिपालन्मारुं भूमि स्पृशो वृषलादि जनङ्ङळुं, तापस्स वर्ग्गवुं कन्यका वृन्दवुं शोभतेटुन्न वेङ्कोट्क्कुटतळ चामरं तालवृन्दं कोटि तोरणं चामीकराभरणाद्यलंकारवुं; वारण वाजि रथङ्ङळ् पदातियुं वारनारीजनं पौरजनङ्ङळुं, हेमरत्नोज्ज्वल दिव्य सिंहासनं हेमकुंभङ्ङळुं शार्दूलचर्म्मवुं मट्टुं वसिष्ठन् नियोगिच्चतोक्कवे कुट्मोळिञ्ञाशु संभरिच्चीटिनार्। १५० स्त्री बाल वृद्धावधि

दुःख आप क्यों सहेंगे ? हे राजा ! राम का नाम लेकर किया गया सत्य वचन असत्य होने न दीजिए। कैकेई के जिद वचन और राम के वियोग की बात सोचते हुए दुःख-समुद्र में निमग्न हो सन्ताप से राजा विमोहित हो गिर पड़े ! फिर कभी जागते हुए, कभी लेटते हुए सदा पुत्र को स्मरण करते हुए रो-धोकर प्रलाप करते गये। राम राम राम का प्रलाप करते हुए वर्ष तुल्य यामिनी काट ली। अरुणोदय पर चारण-गायक सब लोग सादर (राजा के यहाँ) पहुँच गये। १४० —मंगल वाद्य, स्तुति गीत, जय जयकार, नानाविध संगीत ध्वनियों आदि से (उन्होंने) राजा को निद्रा से जगाने का प्रयत्न किया। तब मन ही मन क्रुद्ध हो कैकेई ने तुरन्त उन्हें वहाँ से भगा दिया और वे हक्कबकाकर खड़े रह गये। अब अभिषेक के उत्सव के लिए आये ब्राह्मण-श्रेष्ठों, राजा-महाराजाओं, भूमिस्पृशों (वैश्य), वृषल जनों, तापस श्रेष्ठों, कन्याओं आदि से वह नगरी भर गयी। चामर, तालवृन्द, कोटि तोरण, सोने के आभूषण एवं अलंकार, हाथी, घोड़े, रथ और पैदल सेनाएँ, वार वनिताएँ और नागरिक जन, स्वर्ण-रत्नों से उज्ज्वल दिव्य सिंहासन, स्वर्ण कलश, शार्दूल चर्म सब कुछ वसिष्ठ के निर्देशानुसार बिना किसी व्यतिक्रम के एकत्रित हुए। १५० स्त्री, बालक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पुरवासिकळाबद्ध कौतूहलाब्धि निमग्नराय् रात्रियिल् निद्रयुं कैविट्टु मानसे चीर्त्तपरमानंदत्तोटुमेविनार् । नम्मुटे जीवनां रामकुमारने निर्म्मलरत्न किरीट मणिज्ञतिरम्यमकरायित मणि कुण्डल समुग्ध शोभित गण्ड स्थलङ्ङळुं, पुण्डरीकच्छद लोचन भंगियुं पुण्डरीकाराति मण्डल तुण्डवुं, चन्द्रिका सुन्दर मन्द स्मिताभयुं कुन्दमुकुळ समान दन्तङ्ङळुं, वन्धूक सून समानाधराभयुं कन्धरराजित कौस्तुभ रत्नवुं बन्धुराभं, तिरुमारुमुदरवुं सन्ध्या भ्रसन्निभ पीतांबराभयुं, पून्चेल मीते विळङ्ङि मिन्नीटुन्न काञ्चन काञ्चिकळुं तनुमध्यवुं, कुंभि कुलोत्तमन् तुम्पिक्करं कौण्टु कुम्पिट्टु कूप्पीटुमूरुकाण्डङ्ङळुं १६० कुंभीन्द्र मस्तक सन्निभ जानुवुमंभोज बाण निषंगाभ जंघयुं, कम्पं कलर्न्नु कमठ प्रवरनुं कुम्पीटुन्नोरु पुरवटि शोभयुं, अंभोज तुल्यमामंघ्रितलङ्ङळुं जंभारिरत्नं तोळ्ळुं तिरुमेनियुं, हार कटक वलयांगुलीयादि चारुतराभरणावलियुं पूण्टु वारण वीरन् कळुत्तिल्त्तिरुत्तोटु गौरातपत्रं धरिच्चरिके निज लक्ष्मणनाकिय सोदरन् तन्नोटुं लक्ष्मी निवासनां रामचन्द्रं मुदा; काणाय्वरुन्नु नमुक्किनियेन्निदं मानस तारिल् कौतिच्च नमुक्केल्लां क्षोणीपति सुतनाकिय

और वृद्ध सभी पुरवासी लोग कुतूहल के सागर में आमग्न हो रात्रि में निद्रा तज घने आनंद के साथ (प्रभात की प्रतीक्षा में) बैठे रहे। (वे सोचने लगे) निर्मल रत्नमय किरीट से शोभित, रम्य मकरमणि कुण्डलों की दीप्ति से प्रशोभित गण्डस्थल, सुन्दर नील कमलदल जैसे लोचन, कामदेव का सा मुखमंडल, स्निग्ध ज्योत्स्नासम मंद मुस्कान की आभा, कुन्द कलियों जैसे दन्त, बंधूक कुसुम की आभावाले अधर, कौस्तुभ रत्न से शोभित कंधस्थल, स्वर्णिम कांतिमय उदर, संध्याकालीन मेघ तुल्य आभा से युक्त पीतांबर, कमरबंद पर जगमगाती स्वर्णिम मेखला से सुशोभित कटिप्रदेश, श्रेष्ठ गजराज से नमित ऊरुद्वय। १६० कुंभीन्द्र के मस्तक सदृश जानु तथा बाण सरासन से शोभित कमलसम मृदुल जांघ, कच्छप को भी मोहितकर लज्जित करनेवाला सुन्दर पीठदेश, कमल समान मृदुल पादतल, वज्र की कांति को फीका करनेवाली देह-कांति, हार, कटक, अंगुलीय आदि सुन्दर आभूषण आदि से सभालंकृत ऐश्वर्य-शाली एवं हमारे लिए प्राणोपम प्रिय कुमार राम को अपने बगल में भ्राता लक्ष्मण सहित हाथ में छत्र लिये गजराज की पीठ पर विराज-मान देखने की हमारे मन में जो साध बनी हुई है, कल प्रातःकाल में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रामनेक्काणाय्वरुं प्रभाते बत ! निर्ण्णयं रात्रियां राक्षसि पोकुन्नतिल्लेन्नु चीर्त्त विषादमोटौत्सुक्यमुळ्क्कोण्टु मार्त्ताण्ड देवनेक्काणान्नु नोक्कियुं पार्त्तु पार्त्तानंद पूर्ण्णामृताब्धियिल् १७० वीणुमुळुकियुं पिन्नेयुं पोङ्ङियुं वाणीटिनार् पुरवासिकळादराल् । १७१

विच्छिन्नाभिषेकं

अन्नेरमादित्यनुमुदिच्चीटिनान् मन्नवन् पळ्ळिक्कुरुप्पुणर्न्नी-लिन्नुं । ऎन्तोरु मूलमतिनेन्नु मानसे चिन्तिच्चु चिन्तिच्चु मन्दमन्दं तदा मन्त्रि प्रवरनाकुन्न सुमन्त्ररुमन्तः पुरमकं पुक्कानति द्रुतं । राजीव मित्र गोत्रोल्भूत भूपते ! राजराजेन्द्र प्रवर ! जय जय ! इत्थं नृपने स्तुतिच्चु नमस्करिच्चुत्थानवुं चेय्तु वन्दिच्चु निन्नप्पोळ् ऎेत्रयुं खिन्ननाय्क्कण्णु नीरुं वार्त्तु पृथ्वियिल्त्तन्ने किटक्कुं नरेन्द्रने चित्ताकुलतया कण्टु सुमन्त्ररुं सत्वरं कैकेयितन्नोटु चोदिच्चान् देवनारी समे ! राजप्रियतमे ! देविकैकेयि ! जय जय सन्ततं । भूलोक पालन् प्रकृति पकरुवान् मूलमेन्तोन्नु महाराज वल्लभे ! चोल्लुकेन्नोटेन्नु केट्टु कैकेयियुं चोल्लिनाळाशु सुमन्त्ररोटन्नेरं १०

राजकुमार राम को देखकर निश्चय ही पूर्ण हो जाएगी। रात्रि-रूपी राक्षसी के न बीतने पर कभी क्रोध प्रकट करते हुए, कभी उत्सुकता-वश जागृत हो मार्तण्ड देव के उदय को देखते हुए, कभी (कल के दृश्य का स्मरण करते हुए) आनंदरूपी अमृत के सागर में, १७० निमग्न हो, फिर सिर उठाकर देखते हुए, नगरवासी लोग बेचैन थे। १७१

अभिषेक-भंग

तब सूर्योदय हुआ, किन्तु महाराजा की सुषुप्ति नहीं छूटी। राजा के न जागने का क्या कारण है, यह सोचते-सोचते मंत्रिप्रवर सुमंत्र शीघ्र ही अन्तःपुर में पहुँचे। कमल के मित्र (सूर्य) के गोत्रज हे भूपति ! हे श्रेष्ठ राजराजेन्द्र ! (आपकी) जय हो ! जय हो ! इस प्रकार राजा की स्तुति एवं नमस्कार करके वंदना के साथ खड़े सुमंत्र ने अत्यन्त खिन्न हो अश्रुधारा बहाते हुए पृथ्वी पर ही लेटे व्या-कुल नरेन्द्र को देखकर तुरन्त ही कैकेई से पूछा—हे देवनारी तुल्य ! राजा की प्रियतमे ! देवी कैकेई ! सदा (आपकी) जय हो ! जय हो ! हे महाराजा की प्रिये ! भूलोक-पालक की प्रकृति में इस प्रकार परिवर्तन होने का मुझे कारण बताइएगा। यह सुनकर तुरन्त कैकेई ने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

धात्रीपतीन्द्रनु निद्रयुण्टायील रात्रियिलॆन्नतु कारणमाकयाल्
स्वस्थनल्लातॆ चमञ्ञितु तन्नुटॆ चित्तत्तिनस्वतन्त्रत्वं भविक्कयाल्
राम रामेति रामेति जपिक्कयुं रामनॆत्तन्नॆ मनसि चिन्तिक्कयुं
उद्यल् प्रजागर सेवयुं चॆय्कयालत्यन्तमाकुल नायितु मन्नवन्
रामनॆक्काणाञ्ञु दुःखं नृपेन्द्रनु रामनॆच्चॆन्नु वरुत्तुक वैकातॆ।
ऎन्नतु केट्टु सुमन्त्ररुं चॊल्लिनान् चॆन्नु कुमारनॆक्कॊण्टु वरामल्लो
राजवचनमनाकर्ण्य ञानिह राजीव लोचने ! पोकुन्नतॆङ्ङने ?
ॲन्नतु केट्टु भूपालनुं चॊल्लिनान् चॆन्नु नी तन्नॆ वरुत्तुक रामनॆ
सुन्दरनायॊरु रामकुमारनां नन्दनन् तन्मुखं वैकातॆ काणणं।
ऎन्नतु केट्टु सुमन्त्ररुळ्ऴिप्पोय् चॆन्नु कौसल्या सुतनोटु
चॊल्लिनान् २० तातन् भवानॆयुण्टल्लो विळिक्कुन्नु सादरं
वैकातॆळुन्नळ्ळुक वेणं। मन्त्रि प्रवर वाक्यं केट्टु राघवन्
मन्देतरमवन् तन्नोटु कूटवे सौमित्रियोटुं करेऱि रथोपरि प्रेम
विवशनां तातन् मरुवीटुं मन्दिरे चॆन्नु पिताविन् पदद्वयं वन्दिच्चु
वीणु नमस्करिच्चीटिनान्। रामनॆच्चॆन्नॆटुत्तालिंगनं चॆय्वान्
भूमिपनाशु समुत्थाय संभ्रमाल्। बाहुक्कळ् नीट्टिय नेरत्तु दुःखेन
मोहिच्चु भूमियिल् वीणितु भूपनुं। राम रामेति पऱञ्ञु मोहिच्चॊरु

सुमंत्र को बताया। १० —महाराजा को रात्रि में नींद नहीं आयी। इस कारण से अस्वस्थ से हो गये। चित्तभार से पीड़ित हो राम राम राम रटते तथा मन में राम का स्मरण करते रहे। अस्वाभाविक जागरण के कारण राजा अत्यन्त आकुल-व्याकुल हुए हैं। राम को न देख पाने से राजा दुखी हैं, (इसलिए) तुरन्त राम को लिवा लाइये। यह सुनकर सुमंत्र ने कहा कि मैं कुमार को बुला ला सकता हूँ। हे कमललोचने ! (किन्तु) राजा का आदेश पाये बिना मैं कैसे जाऊँ ? यह सुनकर भूपालक ने कहा कि आप जाकर राम को बुला लाइये, मुझे अपने पुत्र कुमार राम का सुन्दर मुख अविलंब देखना है। यह सुनकर भागते हुए जाकर सुमंत्र ने कौसल्यातनय से कहा। २० —पिता जी आपको बुला रहे हैं, आपको तुरन्त पधारना होगा। मंत्रिप्रवर के वाक्य सुनकर राम उनके और लक्ष्मण के साथ रथ पर चढ़कर प्रेम-विवश पड़े पिता के भवन में पहुँचे और पादद्वय पर गिर पड़ वंदना एवं नमस्कार किया। राम को आलिंगन करने के लिए बाहुएँ फैलाये अंधाधुंध उठे महाराज दुःख से मूर्छित हो भू पर गिर पड़े। राम राम की रट लगाये मूर्छित होते राजा को देखकर तीव्रगति से राम ने उन्हें उठाया और

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भूमिपनॆक्कण्टु वेगेन राघवन् तातनॆच्चॆन्नॆटुत्ताश्लेषवुं चॆय्तु सादरं तन्टॆ मटियिल्क्किटत्तिनान्। नारीजनङ्ङळतु कण्टनन्तरमारूढ शोकाल् विलापं तुटङ्ङिनार्। रोदनं केट्टु वसिष्ठ मुनीन्द्रनुं खेदेन मन्दिरं पुक्कितु सत्वरं ३० श्रीरामदेवनुं चोदिच्चितन्नेरं कारणमॆन्तॆन्नु तात दुःखत्तिनु नेरॆ पऱविनऱिञ्ञवरॆन्नतु नेरं पऱञ्ञतु केकय पुत्रियुं कारणं तात दुःखत्तिनु नी तन्नॆ पारिल् सुखं दुःखमूलमल्लो नृणां। चेतसि नी निरूपिक्किलॆळुतिनि तातनु दुःखनिवृत्ति वरुत्तुवान्। भर्त्तृ दुःखोपशान्तियक्कु किञ्चिल् त्वयं कर्त्तव्यमायॊरु कर्म्म मॆन्नायवरुं सत्यवादि श्रेष्ठनाय पिताविनॆ सत्य प्रतिज्ञनाक्कीटुक नीयतु चित्तहितं नृपतीन्द्रनु निर्ण्णयं पुत्ररिल् ज्येष्ठनाकुन्नतु नीयल्लो रण्टु वरं मम दत्तमायिट्टुण्टु पण्टु निन् तातनाल् सन्तुष्ट चेतसा। निन्नालॆ साध्यमायुळ्ळॊन्नतु रण्टु मिन्नु तरेण मॆन्नर्त्थियक्कयुं चॆय्तेन्। निन्नोटतु पऱञ्ञीटुवान् नाणिच्चु खिन्ननाय् वन्नितु तातनऱिक नी ४० सत्य पाशेन संबद्धनां तातनॆ सत्वरं रक्षिप्पतिन्नु योग्यन् भवान् पुन्नाममाकुं नरकत्तिल् निन्नुटन् तन्नुटॆ

आश्लेष किया तथा सादर अपनी गोद में लिटा दिया। यह देखकर अत्यन्त दुखी हो नारी जन विलाप करने लगीं। उनका रोना सुनते ही सत्वर मुनीन्द्र वसिष्ठ मन में दुखी हो महल में आ गये। ३० तब श्रीरामदेव ने पिता जी के दुःख का कारण पूछा और आग्रह किया कि जिनको कारण मालूम है, वे सीधे बता दें। तब कैकेई ने (राम से) कहा कि पिता के दुःख के तुम्हीं कारण हो; संसार-सुख निश्चय ही दुःख के लिए कारण बनता है। अगर तुम मन से चाहोगे तो पिता जी के दुःख का निराकरण करना सरल है। मेरे पति के दुःख की उपशांति के लिए तुम्हें थोड़ा-सा अपना कर्तव्य निभाना पड़ेगा। सत्यवादियों में श्रेष्ठ पिता को सत्य प्रतिज्ञावान रहने देना ही वह (तुम्हारा कर्तव्य) है। तुम्हीं पिता के पुत्रों में ज्येष्ठ हो और (तुम्हारे कर्तव्य निर्वहण से) राजा को चित्तसुख प्राप्त होगा। तुम्हारे पिता ने प्रसन्न चित्त हो पहले मुझे दो वर प्रदान किये थे। तुमसे साध्य उन दो वरों को आज प्रदान करने का मैंने (राजा से) आग्रह किया। तुमसे यह कहने में लज्जित हो राजा खिन्न हो उठे हैं। तुम यह जान लो। ४० सत्य-पाश से आबद्ध पिता की तुरन्त रक्षा करने की योग्यता तुम्हें प्राप्त है। पुन्नाम नरक (परस्त्री गमन आदि महापापों के लिए प्राप्त एक नरक) से अपने पिता का परित्राण करने के उपलक्ष्य में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तातने त्राणनं चेय्कयाल् पुत्रनेन्नुळ्ळ शब्दं विधिच्चू शतपत्र समुत्भवनेन्नतऱिक नी। मातृवचन शूलाभिहतनाय् मेदिनि पालक कुमारनां रामनुं ऎत्रयुमेटं व्यथितनाय् चौल्लिनानित्रयेल्लां पऱयेणमो मातावे ! तातार्थमायिट्टु जीवनेत्तन्नेयुं मातावु तन्नेयुं सीतयेत्तन्नेयुं ञानुपेक्षिप्पतिनिल्ल संशयं मानसे खेद मतिनिल्लेनिक्केतुम्। राज्यमेन्नाकिलुं तातन् नियोगिक्किल् त्याज्यमेन्नालेन्नऱिक नी मातावे ! लक्ष्मणन् तन्ने त्यजिक्कुन्नु चौल्किलुं तल्क्षणं ञानुपेक्षिप्पनऱिक नी। पावकन् तङ्कल् प्पतिक्केणमेङ्किलुमेवं विषं कुटिक्केणमेन्नाकिलुं ५० तातन् नियोगिक्किलेतुमे संशयं चेतसि चेट्टिल्लेनिक्केन्नऱिक नी। तात कार्य्यमनाज्ञप्तमेन्नाकिलुं मोदेन चेय्युन्न नन्दननुत्तमन्। पित्रानियुक्तनायिट्टु चेय्युन्नवन् मध्यमनायुळ्ळ पुत्रनऱिञ्ञालुं; उक्त मेन्नाकिलुमिक्कार्यमेन्नाले कर्त्तव्यमल्लेन्नु वच्चटङ्ङुन्नवन् पित्रोर्म्मलमेन्नु चौल्लुन्नु सज्जनमित्थमेल्लां परिज्ञातं मयाधुना। आकयाल् तात नियोगमनुष्ठिप्पानाकुलमेतुमेनिक्किल्ल निर्णयं

शतपत्रसंभव (ब्रह्मा) को पुत्र का अभिधान प्राप्त हुआ, इस बात को तुम समझ लो। मातृ वचन रूपी काँटों से आहत हो मेदिनी पालक (राजा) कुमार राम ने अत्यन्त व्यथित होकर कहा—हे माता ! इतनी सब बातें क्यों कहती हो ? पिता जी के लिए मैं निस्संदेह अपने जीवन, माता, सीता तक को त्यागने के लिए तैयार हूँ। फिर भी मुझे मन में कुछ दुःख अनुभव नहीं होगा। हे माता ! तुम यह अच्छी तरह जान लो, पिता के आदेश पर मैं राज्य भी त्यागने को सन्नद्ध हूँ। अगर लक्ष्मण को छोड़ने के लिए आदेश दें तो तुम समझ लो, मैं उसी क्षण (उन्हें भी) त्याग दूंगा। अग्नि में कूदने या विष पीने के लिए भी। ५० तात का आदेश होने पर मेरे मन में तनिक संकोच नहीं होगा, यह तुम समझ लो। बिना आज्ञा के भी पिता का कार्य सानंद संपन्न करनेवाला पुत्र उत्तमकोटि का है और पिता की आज्ञा पर कार्य करनेवाले पुत्र को मध्यम कोटि का समझ लो। (पिता के) कहने पर यह कार्य करना मेरा कर्तव्य नहीं है, ऐसा सोच समाश्वस्त होनेवाला तथा पिता को अपवित्र कहनेवाला सज्जन !—सब कोई अभी मेरे लिए परि-ज्ञात हैं। इसलिए पिता के आदेश का अनुष्ठान करने में मुझे निस्संदेह कोई दुःख नहीं है। मैं सत्य का पालन करूंगा, मैं सत्य का पालन करूँगा, मेरा यह कथन सत्य है और इसमें कोई व्यतिरेक नहीं होगा। राम

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सत्यं करोम्यहं सत्यं करोम्यहं सत्यंमयोक्तं मऱिच्चु रण्टाय्वरा । राम प्रतिज्ञ केट्टोरु कैकेयियुं रामनोटाशु चौल्लीटिनाळादराल्- तातन् ऩिनक्कभिषेकार्त्थमायुटनादराल् संभरिच्चोरु संभारङ्ङळ् कौण्टभिषेकं भरतनु चेय्यणं रण्टांवरं पिन्नेयोन्ऩुण्टु वेण्टुऩ्ऩु ६० ऩी पतिऩ्ऩालु संवत्सरं कानने तापस वेषेण वाळुकयुं वेणं। ऩिन्नोटतु नियोगिप्पान् मटियुण्टु मन्नवनिऩ्ऩतु दुःखमाकुन्नतुं । ऎऩ्ऩतु केट्टु श्रीरामनुं चौल्लिनानिऩ्ऩतिन्नेन्तोरु वैषम्यमायतुं । चेय्कभिषेकं भरतनु जानिनि वैकाते पोवन् वनत्तिन्नु मातावे ! ऎन्ततन्नोटु चौल्लान्ञु पितावतु चिन्तिच्चु दुःखिप्पतिनेन्तु कारणं ? राज्यत्ते रक्षिप्पतिन्नु मतियवन् राज्यमुपेक्षिप्पतिन्नु ञानुं मति दण्डमत्रे राज्य भारं वहिप्पतु दण्डक वासत्तिनेऱ्मेळुतल्लो स्नेहमेन्नेक्कुऴिच्चेरुमम्मय्क्कुमिद्देहमात्रं भरिक्केन्नु विधिक्कयाल् आकाश गंगयेप्पाताळ लोकत्तु वेगेन कौण्टु चेन्नाक्किकब्भगीरथन् तृप्ति वरुत्तिप्पितृक्कळ्क्कु पूरुवुं तृप्तनाक्कीटिनान् तातनु तन्नुटे ७० यौवनं ऩल्कि जरा नरयुं वाङ्ङिङ दिव्यऩ्मारायार् पितृ प्रसादत्तिनाल् । अल्पमायुळ्ळोरु कार्य्यं निरूपिच्चु मल्प्पिता

की प्रतिज्ञा सुनकर तुरन्त ही कैकेई ने राम से सादर कहा—पिता ने तुम्हारे अभिषेक के लिए निष्ठापूर्वक जो-जो सामग्रियाँ जमायी थीं, उन्हीं से भरत का अभिषेक किया जाना चाहिए और एक दूसरा वर भी है जिसके अनुसार। ६० —तुम्हें चौदह वर्ष तक वन में तापस वेष में रहना होगा। तुम्हें यह आदेश देने में राजा संकोच का अनुभव कर रहे हैं, यही उनके दुःख का कारण बन रहा है। यह सुन-कर राम ने उत्तर दिया कि इसमें आज क्या कठिनाई है। हे माता ! भरत का अभिषेक करा दो, मैं तो अभी अविलंब वन को जा रहा हूँ। पिता जी ने यह बात मुझसे क्यों नहीं कही ? इसकी चिन्ता में दुखी होने की क्या पड़ी है ? राज्य-रक्षा के लिए वह (भरत) पर्याप्त है और राज्य-त्याग के लिए मैं पर्याप्त हूँ। राज्यभार वहन करना वास्तव में दण्ड (सजा) है और दण्डकवन में वास करना सहज कार्य है। मेरे प्रति असीम वात्सल्य के कारण ही माता जी ने उसीको (भरत को) शासन करने की आज्ञा दी। आकाशगंगा को शीघ्र ही पाताल लोक में पहुँचाकर भगीरथ ने पितृगणों को संतृप्त कर दिया था। पुरु ने स्वयं पिता की जरा-नरा स्वीकार कर। ७० —तथा अपना यौवन देकर पिता को सन्तुष्ट कर लिया था और ये दोनों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दु:खिप्पतिनिल्लवकाशं । राघव वाक्यमेवं केट्टु भूपति शोकेन नन्दनन् तन्नोटु चौल्लिनान्:- स्त्रीजित नायति कामुकनायोरु राजाधमनाकु मेन्नेयुं वैकाते पाशेन बन्धिच्चु राज्यं ग्रहिक्क ऩी दोषं ऩिनक्कतिनेतुमकप्पेटा; अल्लाय्किलेन्नोटु सत्य दोषं पट्टुमल्लो कुमारा ! गुणांबुधे ! राघव ! पृथ्वीपतीन्द्रन् दशरथनुं पुनरित्थं पऱ्ञ्ञु करञ्ञु तुटङ्ङिनान्—हा राम! हा जगन्नाथ! हा हा! राम! हा राम ! हाहा मम प्राण वल्लभ ! ऩिन्नेप्पिरिञ्ञु पोरु क्कुन्ऩतेङ्ङने ? एन्ऩेप्पिरिञ्ञु ऩी घोर महावनं तन्निल् गमिक्कुन्नतेङ्ङने नन्दन ! एन्ऩित्तरं पल जाति पऱकयुं ८० कण्णु ऩीरालोले वार्त्तु करकयुं ऩन्ऩाय् मुरुके मुरुके तळ्ळुकयुं, पिन्ने चुट्टु चुटे दीर्घमाय् वीऱ्क्कयुं; खिन्ननायोरु पिताविनेक्कण्टुटन् तन्नुटे कय्याल् कुळिर्त्त जलं कोण्टु कण्णुं मुखवुं तुटच्चु रघूत्तमन् । आश्लेष नीति वाग्वैभवाद्यङ्ङळालाश्वसिप्पिच्चान् नयकोविदन् तदा । एन्ऩितेन्ऩ् तातन् वृथैव दु:खिक्कुन्ऩ तेन्तोरु दण्डमितिन्नु महीपते ! सत्यत्ते रक्षिच्चु कोळ्वान् ञङ्ङळ्क्कु शक्ति पोराय्कयुमिल्लितु रण्टिनुं । सोदरन् ऩाटुं

अपने-अपने पिता के प्रसाद से दिव्य बन गये। इस मामूली सी बात की चिन्ता करके मेरे पिता जी को दुखित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार के वचन सुनकर शोकार्त्त राजा ने अपने पुत्र राघव से कहा—अत्यधिक कामासक्ति के कारण स्त्रीजित मुझ अधम राजा को जल्दी ही पाश से आबद्ध कर तुम राज्य ग्रहण करो, उससे तुम्हें पाप नहीं लगेगा। हे कुमार! हे गुणनिधि! हे राघव! अन्यथा मुझसे सत्यदोष होगा। पृथ्वीपति दशरथ इस प्रकार कहते हुए पुकार उठे—हा राम! हा जगन्नाथ! हा हा! राम! हा राम! हा हा! मेरे प्राणवल्लभ! तुम्हारे वियोग में कैसे जीवित रहूँ। मुझे छोड़कर हे मेरे पुत्र! तुम कैसे घोर वन में जाओगे! इस प्रकार कई प्रकार की बातें करने। ८० --अश्रु-धारा बहाते हुए रोने, खूब जोर लगाकर (राम को) आश्लेष करने तथा जल्दी-जल्दी लंबी लंबी आहें भरने लगे। अपने दुखी पिता जी को देखकर राम ने अपने ही हाथों ठंडे जल से उनके नेत्र तथा मुख धो लिया और नीति कुशल राम ने आश्लेष, नीति, वाग्वैभव आदि से राजा को आश्वासन प्रदान किया। हे महीपति! हे मेरे तात! आप व्यर्थ क्यों दुखी हो रहे हैं? इसमें कौन सी कठिनाई है! सत्य रक्षार्थ इन दोनों (भरत का अभिषेक और राम का वनवास) को निभाने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भरिच्चिरुन्नीटुक सादरं ञानरण्यत्तिलुं वाळुवन्। ओर्क्किलो राज्य भारं वहिक्कुन्नतिल् सौख्यमेरुं वनत्तिङ्कल् वाणीटुवान्। एतुमे दण्डमिल्लात कर्म्मं मम मातावेनिक्कु विधिच्चतु नन्नल्लो। मातावु कौसल्य तन्नेयुं वन्दिच्चु मैथिलियोटुं परञ्ञिनि वैकाते ९० पोवतिन्नाय् वरुन्नेनेन्नरुळ् चेय्तु देवनुं मातृगृहं पुक्कतु नेरं। धार्मिकयाकिय मातासुसम्मत ब्राह्मणरेक्कोण्टु होम पूजादिकळ् पुत्राभ्युदयत्तिनाय्क्कोण्टु चेय्यिच्चु वित्तमतीव दानङ्ङळ् चेय्तादराल् भक्ति कैक्कोण्टु भगवल् पादांबुजं चित्तत्तिल् नन्नायुरप्पिच्चिळकाते, नन्नाय् समाधियुरच्चिरिक्कुन्नेरं चेन्नोरु पुत्रनेयुं कण्टतिल्लल्लो। अन्तिके चेन्नु कौसल्ययोटन्नेरं सन्तोष-मोटु सुमित्र चोल्लीटिनाळ्—रामनुपगतनायतु कण्टीले ? भूमिपाल प्रिये ! नोक्कीटुकेन्नप्पोळ् वन्दिच्चु निल्कुन्न राम कुमारनें मन्देतरं मुरुके प्पुणर्न्नीटिनाळ्। पिन्ने मटियिलिरुत्ति नेरुकयिल् नन्नाय् मुकर्न्नु मुकर्न्नु कुतूहलाल्। इन्दीवरदल श्याम कलेबरं मन्दमन्दं तलोटि परञ्ञीटिनाळ् १०० ऐन्तेन्मकने ! मुखांबुजं वाटुवान् बन्धमुण्टायतु पारंविशक्कयो ?

के लिए हमारे पास शक्ति की कमी नहीं है। सहोदर को सानंद राज्य शासन सम्भालने दीजिए और मुझे वन में निवास करने के लिए छोड़ दीजिए। सोचें तो राज्यभार सम्भालने की अपेक्षा वन के वास में अधिक सुख मिलेगा। किसी भी प्रकार के दुःख से रहित कर्म की आज्ञा देकर मेरी माता ने अच्छा ही किया। अब तुरन्त ही माता कौसल्या की वंदना करके तथा मैथिली को सूचना देकर। ९० —मैं जाने की तैयारी करूँगा। यह कहकर भगवान (राम) तुरन्त ही मातृगृह को गये। धर्मप्राण माता ने सुसम्मत ब्राह्मणों से पुत्र के अभ्युदय के लिए होम, पूजा आदि करायी, सश्रद्ध भूरि धन दान में दिये। उसके उपरांत भक्ति से अनुप्राणित हो भगवत् चरण कमलों पर अटल ध्यान लगाये समाधिस्थ हो बैठने के कारण उस समय आगत अपने पुत्र को वे देख नहीं पायीं। तब कौसल्या के निकट आ सुमित्रा ने प्रसन्न मुद्रा में पूछा—हे राजा की प्रियतमे ! राम को आते हुए नहीं देखा ? जरा देखो तो सही ! (कौसल्या ने) नमस्कार मुद्रा में खड़े राम को गाढ़ाश्लेष किया और फिर गोद में लेकर कुतूहलवश उनके मस्तक पर बार-बार चुंबन अंकित किया। फिर इन्दीवर के दल के समान श्यामल (राम के) कलेवर पर मंद-मंद हाथ फेरते हुए पूछा। १०० —हे मेरे पुत्र !

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वन्निरुन्नीटु भुजिप्पतिन्नाशु नी। ऎन्नु मातावु पऱञ्ञोरनन्तरं
वन्न शोकत्तयटक्कि रघुवरन् तन्नुटॆ माताविनोटरुळ् चॆय्तु—इप्पोळ्
भुजिप्पानवसरमिल्लम्मे ! क्षिप्रमरण्य वासत्तिन्नु पोकणं।
मुल्प्पाटु केकय पुत्रियामम्मक्कु मल्प्पिता रंटुवरं कॊटुत्तीटिनान्।
अॊन्नु भरतनॆ वाळिक्कयॆन्नतुमॆन्नॆ वनत्तिन्नयय्क्कॆन्नु मट्टुं।
तत्र पतिन्नालु संवत्सरं वसिच्चु वन्नीटुवन् पिन्नॆ ञान् वैकातॆ।
सन्तापमेतुं मनस्सिलुण्टाकातॆ सन्तुष्टयाय् वसिच्चीटुक मातावुं।
श्रीराम वाक्यमेवं केट्टु कौसल्य पारिल् मोहिच्चु वीणीटिनाळा—
कुलाल्। पिन्नॆ मोहं तीर्न्निरुन्नु दुःखार्णवं तन्निल्
मुळुकिक्करञ्ञु करञ्ञुटन् ११० तन्नुटॆ नन्दनन् तन्नोटु चॊल्लिना-
ळिन्नु नी काननत्तिन्नु पोयीटुकिल् ऎन्नॆयुं कॊण्टु पोकणं मटियातॆ
निन्नॆप्पिरिञ्ञाल् क्षणार्द्धं पॊरुक्कुमो ? दण्डकारण्यत्तिनाशु नी
पोकिल् ञान् दण्डधरालयत्तिन्नु पोयीटुवन्। पैतलॆ वेऱिट्टु पोय
पशुविनुळ्ळाधि पऱञ्ञऱियिच्चीटरुतल्लो। नाटु वाळेणं
भरतनॆन्नाकिल् नी काटु वाळेणमॆन्नुण्टो विधिमतं ? ऎन्तु
पिळच्चितु कैकेयियोटु नी ? चिन्तिक्क भूपनोटुं कुमारा !

तुम्हारे मुखारविन्द के मुरझा जाने का क्या कारण है ? क्या खूब भूख लगी है ? तो आ बैठो, तुम्हें शीघ्र खिला देती हूँ। इस प्रकार माता के कहने पर मन में उमड़े शोक को सम्भालकर राम ने अपनी माता जी से कहा—हे माता जी ! अब भोजन के लिए समय नहीं है। शीघ्र ही अरण्यवास के लिए जाना है। पहले केकय पुत्री मेरी माता को पिता जी ने दो वर दिये थे—एक भरत को राजा बनाने का तथा दूसरा मुझे वन भेजने का। (इसलिए) मैं वहाँ चौदह वर्ष बिताकर तुरन्त वापस आ जाऊँगा। हे माता जी ! मन में किसी प्रकार का दुःख लाये बिना आप सन्तुष्ट रहिए। श्रीराम जी का यह कथन सुनकर आकुलतावश कौसल्या भूमि पर मूर्छित हो गिर पड़ीं। फिर मूर्छा हटने पर रो-रोकर दुख-सागर में डूबने लगीं। ११० —(उन्होंने) अपने पुत्र से कहा कि आज अगर तुम कानन को जा रहे हो तो मुझे भी साथ ले चलो, क्या तुमसे वियुक्त हो मैं आधा क्षण भी जीवित रह सकूँगी ? अगर तुम दण्डकारण्य को जाओगे तो मैं दण्डधरालय (मृत्युलोक) में जाऊँगी। बछड़े से वियुक्त गाय का दुःख बोलकर समझाया नहीं जा सकता। भरत को राज्य करना है तो क्या यह भी विधि का अभिमत है कि तुम वन में जा वास करो ? तुमने कैकेई का क्या अहित किया ? हे पुत्र ! जरा सोचो,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बलाल् । तातनुं ञानु मोक्कुं गुरुत्वं कोण्टु भेदं निनक्कु चेट्टिल्लेन्नु निर्णयं । पोकणमेन्नु तातन् नियोगिक्किल् पोकरुतेन्नु चेरुक्कुन्नतुण्टल्लो । एन्नुटे वाक्यत्ते लंघिच्चु भूपति तन्नुटे वाचा गमिक्कुन्नताकिलो ञानुमन् प्राणङ्ङळे त्यजिच्चीटुवन् मानव वंशवुमिन्ने मुटिञ्ञु पों । १२० तत्र कौसल्या वचनङ्ङळिङ्ङने चित्त तापेन केट्टोरु सौमित्रियुं शोक रोषङ्ङळ् तिरञ्ञ नेत्राग्निना लोकङ्ङळेल्लां दहिच्चु पोकुं वण्णं राघवन् तन्ने नोक्कि प्परञ्ञीटिनानाकुलमेन्तितु कारण मुण्टावान् । भ्रान्त चित्तं जडं वधूजितं शान्तेतरं त्रपाहीनं शठप्रियं बन्धिच्चु तातनेयुं पिन्ने ञान् परि पन्थिकळायुळ्ळवरेयुमोक्कवे अन्तकन् वीट्टिन्नयच्चभिषेक मोरन्तरं कूटाते साधिच्च्यु कोळ्ळुवन् बन्धमिल्लेतु मितिन्नु शोकिप्पतिन्नन्तरम्मुदा वसिच्चीटुक मातावे ! आर्य्यपुत्राभिषेकं कळिच्चीटुवन् शौर्यमेनिक्कतिनुण्टेन्नु निर्णयं कार्य्यमिल्लात्ततु चेय्युन्नताकिलाचार्य्यनुं शासनं चेय्केन्नते वरू । इत्थं परञ्ञु लोकत्रयं तद्रुषा दग्धमाम्मारु सौमित्रि निल्क्कुन्नेरं १३० मन्द हासं चेय्तु मन्देतरं चेन्नु नन्दिच्चु गाढमायालिगनं चेय्तु

तुमने पिता का क्या अहित किया ? पिता जी तथा मेरे प्रति तुम्हारे मन में निश्चय ही कोई भेदभाव नहीं आ पाया है । अगर (वन में) जाने का आदेश है तो मैं (तुम्हें) जाने से मना करती हूँ । मेरे वचन का उल्लंघन कर अगर राजा अपने वचन पर चलना चाहेंगे तो मैं अपना प्राण छोड़ दूंगी और मानववंश भी आज समाप्त हो जाएगा । १२० कौसल्या के दुःख संतप्त वचनों को सुनते वहाँ खड़े सौमित्र ने, सारे विश्व को दग्ध करने योग्य शोक एवँ रोष से उद्भूत नेत्राग्नि ले राम की ओर देखकर कहा—यहाँ व्याकुल होने की क्या बात है ? भ्रान्त चित्त, जड़, दुर्बल, निर्लज्ज, शठप्रिय एवं वधूजित वृद्ध पिता को बंधितकर तथा उनके सहायक हमारे शत्रुओं को अन्तक (यमराज) के घर भेजकर बिना किसी विघ्न-बाधा के (राम का) अभिषेक पूरा कर दूंगा । मेरे इस कथन में कोई अन्तर नहीं आएगा । आपके दुखी होने की आवश्यकता नहीं है । हे माता जी ! आप सानंद बैठिए । आर्यपुत्र का अभिषेक करने के लिए आवश्यक शौर्य निस्संशय मुझे प्राप्त है । अकार्य करनेवाले आचार्य भी दंड योग्य ही हैं । इस प्रकार कह कर तीनों लोकों को अपने रोष में दग्ध करने के लिए कटिबद्ध खड़े लक्ष्मण को । १३० —सुन्दर विष्णुस्वरूप, आनंदमूर्ति, इन्दिन्दिर (भ्रमर) के सदृश श्यामल विग्रहवाले, इन्दीवराक्ष, इन्द्र आदि देवता वृन्द

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सुन्दरनिन्दिरामन्दिर वत्सनानन्दस्वरूपनिन्दिन्दिर विग्रहन् इन्दीवराक्षनिन्द्रादि वृन्दारक वृन्द वन्द्यांघ्रियुग्मारविन्दन् पूर्ण चन्द्र बिम्बाननिन्दु चूडप्रियन् वन्दारु वृन्द मन्दारदारूपमन् वत्स ! सौमित्रे ! कुमार ! नी केळ्क्कणं मत्सराद्यं वेटिञ्ञेन्नुटे वाक्कुकळ्। निन्नुटे तत्वमरिञ्ञिरिक्कुन्नितु मुन्नमे ञानेटो ! निन्नुळ्ळिलेप्पोळुं ऐन्नेक्कुरिच्चुळ्ळ वात्सल्य पूरवुं निन्नोळमिल्ल मट्टार्क्कुं मेन्नुळ्ळतुं निन्नालसाध्य मायिल्लोरु कर्म्मवुं निर्णय मेङ्किलुमोन्नितु केळ्क्क नी। दृश्यमायुळ्ळोरु राज्य देहादियुं विश्ववुं निश्शेष धान्य धनादियुं सत्य मेन्नाकिले तल् प्रयासं तव युक्तमतल्लाय्किलेन्ततिनाल् फलं १४० भोगङ्ङळेल्लां क्षणप्रभा चञ्चलं वेगेन नष्टमामायस्सुमोर्क्क नी। वह्नि सन्तप्त लोहस्थांबु विन्दुना सन्निभं मर्त्य जन्मं क्षणभंगुरं। चक्षुः श्रवण गळस्थमां दरद्दुरं भक्षणत्तिन्नपेक्षिक्कुन्नतु पोले कालाहीना परिग्रस्तमां लोकवुमालोल चेतसा भोगङ्ङळ् तेटुन्नु। पुत्र मित्रार्थ कळत्रादि संगममेत्रयुमल्पकाल स्थितमोर्क्क नी

से सेवित युगल चरण कमलोंवाले, पूर्ण चन्द्र बिम्ब सदृश आननवाले, इन्दुचूड़ (शिव) प्रिय, वन्दित वृन्दों से वेष्टित, मन्दारवृक्ष से उपमित राम ने मंद मुस्कान के साथ मंद-मंद उनके पास आकर गाढालिंगन किया और बताया—हे वत्स ! हे कुमार सौमित्र ! तुम अपने मद मात्सर्य को छोड़कर मेरा कथन सुनो। मैं पहले से तुम्हारे स्वरूप को पहचान चुका हूँ। तुम्हारे हृदय में सदा मेरे प्रति अपार प्रेम भरा हुआ है तथा तुम्हारे समान मेरे प्रति स्नेह और किसी में नहीं है। निश्चय ही तुम्हारे लिए कठिन कोई कर्म नहीं है। फिर भी तुम एक बात सुनो। यह दृश्यमान राज्य, देह, विश्व, समस्त धन-धान्य आदि अगर वास्तविक हैं तो तुम्हारा प्रयत्न (राज्याभिषेक का) उपयुक्त है। अन्यथा उससे क्या लाभ है ? १४० समस्त सांसारिक भोग चंचल क्षणप्रभा (बिजली) के समान है और यह मानव का जीवन भी तुरन्त ही नष्ट होनेवाला है, यह तुम सदा ध्यान में रखो। यह मर्त्य-जन्म आग में तप्त लोहे पर पड़े जलबिन्दु के समान क्षणभंगुर है। अपने गले पर चक्षु तथा श्रवणेन्द्रिय को धारण करता मेंढक जिस प्रकार चारे की अपेक्षा करता है वैसे ही अकाल में ही मृत्यु का ग्रास बनता यह संसार चंचल मन हो अपने भोगों के लिए भटकता है। तुम यह स्मरण रखो कि पुत्र, मित्र, पत्नी, धन आदि का संयोग क्षणिक है। रास्ते पर चलते हुए सराय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पान्थर पेँरुवऴि यम्पलं तन्निले तान्तरायक्कूटि वियोगं वरुं पोले
नद्यामोऴुकुन्न काष्ठङ्ङळ् पोलेयुमेँत्रयुं चंचलमालय संगमं।
लक्ष्मियुमस्थिरयल्लो मनुष्यक्कुं निल्क्कुमो यौवनवुं पुनरध्रुवुं
स्वप्न समानं कळत्र सुखं नृणां अल्पमायुस्सुं निरूपिक्क लक्ष्मण !
रागादि संकुलमायुळ्ळ संसारमाका निरूपिक्किल् स्वप्न तुल्यं
सखे ! १५० ओर्क्क गन्धर्व नगर सममतिल् मूर्खन्मार् नित्य
मनुवर्त्तिच्चीटुन्नु आदित्य देवनुदिच्चितु वेगेनयादःपतियिल्
मङ्ङितु सत्वरं निद्रयुं वन्नितुदय शैलोपरि विद्रुतं वन्नितु
पिन्नेयुं भास्करन्। इत्थं मतिभ्रममुळ्ळोरु जन्तुक्कळ् चित्ते
विचारिप्पतिल्ल कालान्तरं। आयुस्सु पोकुन्नतेतुमऱिवील माया
समुद्रत्तिल् मुङ्ङिक्किटक्कयाल्। वार्द्धक्य मोटु जरा नरयुं
वन्नु चीर्त्त मोहेन मरिक्कुन्नितु चिलर्। नेत्रेन्द्रियं कोँण्टु
कण्टिरिक्केँप्पुनरोर्त्तऱि युन्नील मायतन् वैभवं। इप्पोऴितु पकल्
पिल्प्पाटु रात्रियुं पिल्प्पाटु पिन्नेप्पकलु मुण्टाय्वरुं। इप्रकारं
निरूपिच्चु मूढात्माक्कळ् चित्पुरुषन् गतियेतु मऱियाते काल
स्वरूपनामीश्वरन् तन्नुटे लीला विशेषङ्ङळोन्नुमोराय्कयाल्। १६०

में मिलते और बिछुड़ते यात्रियों के समान या नदी की गति में पड़ बहते काष्ठ (लकड़ी) के समान इस आलय (विश्वरूपी घर) का संगम या संयोग चंचल एवं क्षणिक है। यहाँ लक्ष्मी (संपत्ति) अस्थिर है और मनुष्य का चंचल यौवन भी अस्थायी है। हे लक्ष्मण ! जरा सोचो तो सही, पत्नी से प्राप्त सुख स्वप्न के समान है और निश्चय ही जीवन अल्पायु है। हे सखा ! राग-विकारों से संकुल यह संसार, विचार करने पर स्वप्न के समान है। १५० —इस संसार को गंधर्व नगर समझ लो, जिस पर मूर्ख लोग अनुदिन अनुरक्त होते रहते हैं। (प्रकृति में देखो) सूर्यदेव उदित होकर तुरन्त ही यादःपति (समुद्र) में डूबता है। फिर सो उठकर तुरन्त ही भास्कर (सूर्य) उदयशैल पर आ जाता है। मति-भ्रष्ट जीव मन में इसके सम्बन्ध में सोचते नहीं, माया-समुद्र में डूबे रहने के कारण कालान्तर में वे आयु के व्यतीत होने की बात से अवगत नहीं होते। बार्द्धक्य में जरा-नरा से ग्रस्त हो अपनी आसक्ति लिए लोग मर ही जाते हैं। नेत्रेन्द्रिय से देखे माया-वैभव के सम्बन्ध में वे विचार नहीं करते। अब यह दिन का समय है, फिर रात और रात के बाद दिन आएगा। इस प्रकार विचार करके मूर्ख लोग चित्स्वरूप की गति समझे बिना तथा कालस्वरूप भगवान की लीलाओं से अवगत हुए बिना। १६०

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आम कुम्भांबु समानमायुस्सुटन् पोमतेतुं धरिक्कुन्नतिल्लारुमे रोगङ्ङळायुळ्ळ शत्रुक्कळुं वन्नु देहं नशिप्पिक्कुमेवनुं निर्णयं। मृत्युवुं कूटॊरु नेरं पिरियातॆ छिद्रवुं पार्त्तुं पार्त्तुळ्ळिलिरिक्कुन्नु देहं निमित्त महं बुद्धिकैक्कॊण्टु मोहं कलर्न्नुळ्ळ जन्तुक्कळ् निरूपिक्कुं ब्राह्मणोहं नरेन्द्रोहमाढ्योह मॆन्नाम्रेडितं कलर्न्नीटुं दशान्तरे; जन्तुक्कळ् भक्षिच्चु काष्ठिच्चु पोकिलां वॆन्तु वॆण्णीरायुच्चमञ्ञु पोयीटिलां। मण्णिनु कीऴाय् पोकिलां नन्नल्ल देहं निमित्तं महामोहं। त्वङ्मांस रक्तास्थिविण् मूत्र रेतसां सम्मेळनं पञ्चभूतक निर्म्मितं मायामयमाय् परिणामियॊरु कायं विकारियायुळ्ळॊन्नितु ध्रुवं। देहाभिमानं निमित्तमायुण्टाय मोहेन लोकं दहिप्पिप्पतिन्नु नी १७० मानसतारिल् निरूपिच्चतुं तव ज्ञानमिल्लाय्कॆन्नरिक नी लक्ष्मणा ! दोषङ्ङळॊक्कवे देहाभिमानिनां रोषेण वन्नु भविक्कुन्न तोर्क्कन्नी। देहोहमॆन्नुळ्ळ बुद्धि मनुष्यर्क्कु मोह मातावामविद्ययाकुन्नतुं देहमल्लोर्क्किकल् ञानायतात्मावॆन्नु मोहैक हन्त्रियायुळ्ळतु विद्यकेळ्। संसार कारिणियायतविद्ययुं संसार

—कूपमण्डूक बन आयु की गति से अनभिज्ञ रहते हैं। सब लोग निस्संदेह रोगादि शत्रुओं के अधीन हो अपने शरीर को नष्ट कर देते हैं। मृत्यु भी कभी साथ छोड़े बिना फँसाने का अवसर ताकती हुई देह में बैठी है। देह के कारण अहंकार को अपनाकर मोहासक्त प्राणी मन ही मन कल्पना करते हैं कि मैं ब्राह्मण हूँ, मैं नरेन्द्र हूं, मैं धनी हूँ। इस प्रकार पागल बन शब्दों को दोहराते फिरते समय कभी जानवर आ अपना चारा बना सकते हैं, कभी जलकर स्वयं भस्मीभूत हो सकते हैं, कभी मिट्टी में पड़कर कृमियों में परिवर्तित हो सकते हैं। (इसलिए) देहजनित अहंकार ठीक नहीं है। त्वचा, मांस, रक्त, अस्थि, मज्जा, मूत्र, रेतस का संगम स्थल यह पंचभूत निर्मित शरीर निश्चय ही मायात्मक, परिणामस्वरूप एवं विकारशील है। देहबोध से उत्पन्न मोह के वशीभूत हो तुमने संसार को जलाने। १७० —का जो संकल्प मन में किया, हे लक्ष्मण ! वह भी तत्वज्ञान के अभाव का ही परिणाम है। यह बात तुम समझ लो। देहाभिमान से उद्भूत रोष से सब प्रकार के दोष आ जाते हैं। 'देहोहं' का बोध मनुष्य में मोह की माता अविद्या की उपज है। 'मैं देह नहीं आत्मा हूँ' का विचार मोहनाशक विद्या का स्वरूप समझ लो। संसार का कारणभूत अविद्या है और संसार का नाश करनेवाली विद्या है। इसलिए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मन ही मन गहराई से विचार किया है, उन्हें क्या भ्रम हो सकता है? हिलते हुए पत्राग्र पर ढुलकते जलकण के समान जीवन अत्यन्त नश्वर है। पूर्वजन्म के कर्म के अनुसार देही को पुनः देह प्राप्त होती है। देही जीर्ण वस्त्रों को त्यागकर सुन्दर एवं स्वच्छ नूतन वस्त्र धारण करते हैं। तुम यह समझ लो कि कालचक्र की गति के लिए एकमात्र कारण कर्ममय देह है। (ऐसी हालत में) तुम ही बताओ कि दुखी क्यों होना चाहिए? विद्वानों का विचार सुनो, मैं तुम्हें बता दूँगा। ११० (उनके अनुसार) आत्मा जन्म-मरण से परे है। आत्मा षड्विकारों के वशीभूत भी नहीं है। —वह नित्यानन्द स्वरूप, निराकुल, सत्य स्वरूप, सकलेश्वर, शाश्वत, बुद्धि आदि के लिए साक्षी, सर्वात्मा, सनातन, अद्वय, एक, पर, परम, शिवस्वरूप है निरंतर यह समझते हुए तथा दृढ़तापूर्वक दुखों को त्यागकर (तुम) तुरन्त कर्म करते जाओ, मन में मालिन्य आने मत दो। ११५

अंत्येष्टि कर्म

नृपनन्दन (भरत) ने गुरु-वचन सुनकर यथाविधि अंत्येष्टि क्रियाएँ सम्पन्न कीं। मित्र, भृत्य, अमात्य, सहोदर, उपाध्याय सहित कुमार भरत ने प्रेमपूर्वक पिता का शरीर तैलपूर्ण नौका से निकालकर उसे पानी में नहलाया तथा दिव्यांबर (दिव्य वस्त्र), आभरण, लेपन द्रव्य आदि से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कुमारनुं तात शरीरमॆण्णत्तोणितन्निल् निन्नादर पूर्वमॆटुत्तु नीराटिच्चु; दिव्यांबराभरणलेपनङ्ङळाल् सर्वांगमॆल्लामलङ्करिच्चीटिनान् । अग्निहोत्राग्नि तन्नालग्निहोत्रियॆ संस्करिक्कुं वण्णमाचार्य संयुतं दत्वातिलोदकं द्वादश वासरे भक्त्या कळिच्चितु पिण्डवुमादराल् । वेदपरायणन्मारां द्विजावलिक्कोदन गोधन ग्रामरत्नांबर भूषण लेपन तांबूलपूगङ्ङळ् तोषेण दानवुं चॆय्तु ससोदरं, वीणु नमस्करिच्चाशीर्वचनमादानवुं चॆय्तुविशुद्धनाय् मेविनान् । जानकी लक्ष्मण संयुक्तनायुटन् काननं प्रापिच्च रामकुमारनॆ १० मानसे चिन्तिच्चु चिन्तिच्चनुदिनं मानववीरनायोरु भरतनुं सानुजनाय् वसिच्चीटिनानद्दिनं नाना सुहृज्जनत्तोटुमनाकुलं । तत्र वसिष्ठ मुनीन्द्रन् मुनिकुल सत्तमन्मारुमाय् वन्नुसभान्तिके । अर्णोरुहासन सन्निभनां मुनि स्वर्णासने मरुवीटिनानादराल् शत्रुघ्न संयुक्तनाय भरतनॆ तत्रवरुत्तियन्नेरमवर्कळुं; मंत्रिकळोटुं पुरवासिकळोटुमन्तरानंदं वळर्न्नु मरुविनार् । कुम्पिट्टुनिन्न भरतकुमारनोटम्भोजसंभवनन्दनन् चॊल्लिनान् देश कालोचितमायुळ्ळ वाक्कुकळ् देशिकनाय ञानाशु चॊल्लीटुवन् । सत्यसन्धन तव तातन् दशरथन्

सर्वांग अलंकृत कर दिया । फिर अग्निहोत्राग्नि से अग्निहोत्री का जैसे संस्कार किया जाता है, वैसे आचार्य के साथ द्वादश दिन तक भक्ति से विधिवत् तिल, उदक (पानी) और पिण्ड क्रियाएँ करते रहे । वेद परायण द्विजगणों को ओदन (भोजन), गोधन, ग्राम, रत्न, अंबर (वस्त्र), भूषण, लेपन, तांबूल, पूग (सुपारी) आदि (भरत ने) सहोदर सहित दान में दिये और चरणों पर नमस्कार करके आशीर्वाद लेकर पवित्र बने । जानकी और लक्ष्मण के साथ वन में गये कुमार राम का । १० —प्रतिदिन मन में अनुस्मरण करते हुए मानव वीर भरत सुहृद्जनों तथा भ्राता सहित उन दिनों अनाकुल भाव से रहे । तब वहाँ सभा में मुनीन्द्र वसिष्ठ अन्य मुनि प्रवरों के साथ आ उपस्थित हुए और अर्णोरुहासन (कमलासन) तुल्य मुनि स्वर्णासन पर विराजित हुए । शत्रुघ्न सहित भरत को उन्होंने वहाँ बुला लिया । मंत्री लोग, पुरवासी लोग भी सानन्द उपस्थित थे । नमस्कार करते खड़े कुमार भरत से अम्भोजसम्भव नन्दन (वसिष्ठ) ने कहा—देशिक (गुरुनाथ) मैं अभी देश-कालोचित बातें तुम्हें समझाता हूँ । तुम्हारे पिता सत्यवादी दशरथ ने पुत्राभ्युदय की कामना रखती कैकेई को पहले से प्रदत्त दो वरों के अनुसार, पृथ्वीतल तुम्हें सौंप

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पृथ्वीतलं निनक्कद्य नल्कीटिनान्, पुत्राभ्युदयार्त्थमेष कैकेयिक्कु दत्तमायोरु वरद्वय कारणं २० मन्त्रपूर्वमभिषेकं निनक्कु आन् मंत्रिकळोटुमन्पोटु चेय्तीटुवन्। राज्यमराजकमां भवानालिनि त्याज्यमल्लेन्नु धरिक्क कुमारा ! नी। तात नियोगमनुष्ठिक्कयुं वेणं पातकमुण्टामतल्लाय्किलेवनुं। औन्नोळियाते गुणङ्ङळ् नरन्मार्क्कु वन्नु कूटुन्नु गुरुप्रसादत्तिनाल्। अन्नरुळ चेय्त वसिष्ठ मुनियोटु नन्नाय्त्तोळुतुणर्त्तिच्चु भरतनुं: इन्नटियनु राज्यं कोण्टु किं फलं? मन्नवनाकुन्नतुंमम पूर्वजन्; अङ्ङ-ळवनुटे किङ्करन्मारत्रे निङ्ङळितेल्लामरिञ्ञल्लो मेवुन्नु। २७

राम सन्निधियिलेय्क्कु भरतन्द यात्र

नाळेप्पुलर्काले पोकुन्नतुण्टु आन् नाळीक नेत्रनेक्कोण्टिङ्ङु पोरुवान्। आनुं भवानुमरुन्धती देवियुं नाना पुरवासिकळुममात्यरुं आनतेर्कालाळ् कुतिरप्पटयोटुमानकशंख पटहवाद्यत्तोटुं, सोदर भूसुर तापस सामन्त मेदिनी पालक वैश्य शूद्रादियुं सादरमाशु कैकेयियोळिञ्ञुळ्ळ मातृजनङ्ङळुमायिट्टु पोकणं। रामनिङ्ङागमिच्चीटुवोळं अङ्ङळ् भूमियिल्त्तन्ने शयिक्कु-

---

दिया है। २० (इसलिए) मैं आज मंत्रियों के सामने मन्त्रोच्चारण के साथ तुम्हारा अभिषेक कर दूँगा। हे कुमार ! तुम यह जानलो कि राजारहित यह राज्य अब तुमसे त्याज्य नहीं है। पिता की आज्ञा का (तुम्हें) अनुसरण करना होगा, अन्यथा पाप लगेगा। गुरु-प्रसाद से मनुष्य को सब प्रकार के गुण प्राप्त होते हैं। इस प्रकार कहते मुनि वसिष्ठ के सामने हाथ जोड़कर भरत ने कहा--'आज इस दास को राज्य से क्या प्रयोजन है? राजा मेरे पूर्वजन (ज्येष्ठ भ्राता) ही हैं। हम लोग उनके सेवक मात्र हैं। आप लोग यह सब जानते ही हैं। २७

राम के निकट भरत-गमन

कमललोचन (राम) को यहाँ बुला लाने मैं कल प्रातःकाल ही जानेवाला हूँ। मैं, आप (वसिष्ठ), और देवी अरुन्धती को नाना पुरवासी अमात्य लोग, हाथी, रथ, पैदल सेना, घुड़सवार, आनक (मृदंग) शंख, पटह आदिवाद्य, सहोदर, भूसुर, तापस, सामन्त, मेदिनी (भूमि) पालक, वैश्य, शूद्र, तथा कैकेई को छोड़ अन्य माताओं के साथ जाना होगा। राम के यहाँ आने तक हम भूमि पर ही सोयेंगे, फल मूल खाकर, शरीर पर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

न्नतेयुळ्ळु, मूल फलङ्ङळ् भुजिच्चु भसितवुमालेपनं चेय्तु वल्कलवुं पूण्टु तापस वेष धरिच्चु जटपूण्टु तापं कलन्नु वसिक्कुन्नतेयुळ्ळु। इत्थं भरतन् पऱञ्ञतु केट्टवरेल्लायुं नन्नु नन्नेन्नु चोल्लीटिनार्। चित्ते निनक्कितु तोन्नियतत्भुतमुत्तमन्मारिलुत्तमनल्लो नी १० साधुक्कळेवं पुकळ्त्तुन्नतु नेरमादित्यदेवनुदिच्चु भरतनुं शत्रुघ्ननोटु कूटेप्पुऱप्पेट्टितु तत्र सुमन्त्र नियोगेन सैन्यवुं, सत्वरं रामनेक्काण्मान् नटन्नितु चित्तेनिऱञ्ञु वळिञ्ञ मोदत्तोटुं; राजदारङ्ङळ् कौसल्यादिकळ् तदा राजीव नेत्रनेक्काण्मान् नटन्नितु। तापसश्रेष्ठन् वसिष्ठनुं पत्नियुं तापसवृन्देनसाकं पुरप्पेट्टु। भूमि किळन्नु पौङ्ङीटुं पौटिकळुं व्योमनि चेन्नु परन्नु चमञ्ञितु। राघवालोकनानन्द विवशरां लोकरऱिञ्ञिल्ल मार्ग्ग खेदङ्ङळुं। श्रृंगिवेराख्यपुरं गमिच्चिट्टुटन् गंगातटेचेन्नु निन्नुपेरुम्पट। केकयपुत्रीसुतन् पटयोटुमिङ्ङागतनायतु केट्टु गुहन् तदा शङ्कित मानसनाय्वन्नु तन्नुटे किङ्करन्मारोटु चोन्नानितन्नेरं २० बाण चापादि शस्त्रङ्ङळुं कैकोण्टु तोणिकळोक्के बंधिच्चु सन्नद्धराय् निल्पिनेल्लावरुं आनङ्ङुचेन्नुकण्टिप्पोळ् वरुन्नतुमुण्टु वैकीटाते। अन्तिके चेन्नु

भस्म लगाकर, वल्कलधारी बन तापस वेष में जटा-युक्त हो सब प्रकार के कष्ट सहते रहेंगे। इस प्रकार भरत को कहते सुनकर सबने कहा—"खूब अच्छा है, अच्छा है। आश्चर्य है, तुम्हारे मन में ऐसा (पवित्र) विचार उत्पन्न हुआ। तुम उत्तम लोगों में भी उत्तम हो।" १० जब साधु-सन्त लोग (भरत की) इस प्रकार स्तुति कर ही रहे थे कि आदित्यदेव उदित हुआ। भरत शत्रुघ्न सहित निकल पड़े। सुमन्त्र का आदेश पाकर सेनाएँ भी तुरन्त राम का दर्शन करने का अतुल्य आनन्द लेकर चल पड़ीं। राजरानियाँ कौसल्या आदि राजीवनेत्र के दर्शन के लिए चल निकलीं। तापसप्रवर वसिष्ठ और (उनकी) पत्नी तापसवृन्दों के साथ निकले। (सबके चलने से उड़ती) धूल व्योम में घिर गयी। राम के दर्शन लाभ के लिए जिज्ञासु लोग मार्ग की कठिनाइयाँ बिलकुल भूल ही गये। लोगों की भीड़ श्रृंगवेर नामक स्थान में गंगा तट पर आ रुकी। केकयपुत्री (कैकेई) के सुत (भरत) के जनता सहित आ पहुँचने का समाचार पाकर गुह मन ही मन शंकित हो अपने लोगों के पास आकर कहने लगा। २० —'धनुष-बाण आदि शस्त्र हाथ में धारणकर तथा नौकाएँ बाँधकर सभी लोग बिलकुल तैयार खड़े रहें, वहाँ तक जाकर मैं तुरन्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वन्दिच्चालवनुटेयन्तर्गतमरिञ्ञीटुऩ्ऩतुण्टल्लो। राघवनोटु विरोध-त्तिनेङ्किलो पोकरुतारुमिवरिनि निर्णयं। शुद्धरेऩ्ऩाकिल् कटत्तुकयुं वेणं पद्धतिक्केतुं विषादवुंकूटाते; इत्थं विचारिच्चुरच्चु गुहन् चेऩ्ऩु सत्वरं काल्कल् नमस्करिच्चीटिनान्। नानाविधो-पायनङ्ङळुं काळ्चवचानन्दपूर्वं तोळुतु निऩ्ऩीटिनान्। चीरांबर घनश्यामं जटाधरं श्रीराममन्त्रं जपन्तमनारतं धीरंकुमारं कुमारोपमं महावीरं रघुवरसोदरं सानुजं, मारसमान शरीरं मनोहरं कारुण्यसागरं कण्टु गुहन् तदा ३० भूमियिल वीणु गुहोहमित्युक्त्वा प्रणामवुं चेय्तु भरतनुमऩ्ऩेरं। उत्थाप्यगाढ-मालिंग्य रघुनाथ भक्तं वयस्यमनामयवाक्यवुं उक्त्वा गुहनोटु पिन्नेयुं चोल्लिनानुत्तम पूरुषोत्तंसरत्नं भवान्। आलिंगनं चेय्तु-वल्लो भवानेलोकालंबनभूतनाकिय राघवन्। लक्ष्मी भगवति क्कोळिञ्ञु सिद्धिक्कुमोमट़ोरुवक्कमतोक्कुं ऩी ! धन्यनाकुऩ्ऩतु ऩी भुवनत्तिङ्कलिऩ्ऩतिनिल्लोरु संशयं मल् सखे ! सोदरनोटुं जनकात्मजयोटुमेतोरिटत्तु निऩ्ऩुम्पोटु कण्टितु रामने ऩीयवनेन्तु

आ जाऊँगा। उनके पास पहुँचकर प्रणाम करके उनके मन के विचार भाँप लूँगा। अगर राम से विरोध लेने का विचार है तो इनमें से कोई भी पार जाने नहीं पाएगा। अगर ये मन से शुद्ध हैं तो इन्हें निर्विघ्न (गंगा के) पार पहुँचा देना चाहिए।' इस प्रकार का विचार एवं निर्णय लेकर जल्दी से जल्दी जाकर उसने (उनके) चरणों पर प्रणाम किया। चीरांबर एवं जटाधारी घनश्यामल रंगवाले, निरन्तर श्रीराम मन्त्र का जप करनेवाले, धैर्यशाली, कुमार (कार्त्तिकेय) तुल्य सुकुमार एवं महावीर रघुवर सोदर (श्रीराम के सहोदर भरत) को, जो कामदेव के समान दीप्तिमय शरीरवाले, मनोहर एवं करुणासागर हैं, सानुज (शत्रुघ्न सहित) देखकर, तब गुह ने। ३० —भूमि पर गिर पड़कर, 'मैं गुह हूँ' ऐसा कहते हुए प्रणाम किया। राम भक्त मित्र (गुह) को उठा ले आश्लेष करके भरत ने उत्साहपूर्वक वचन कहे—'तुम उत्तम पुरुषों के लिए आभूषण स्वरूप रत्न हो। क्योंकि तुम्हें लोकालंबन भूत (लोक के लिए आधार स्वरूप) राघव ने आश्लेष अर्पित किया था। तुम ही सोचो, लक्ष्मी भगवती के अतिरिक्त और किसे यह सौभाग्य प्राप्त हो सकता है ! हे मेरे मित्र ! इसलिए तुम अतीव धन्य हो, इसमें कोई सन्देह नहीं है। भ्राता तथा जनकात्मजा के साथ राम को तुमने कहाँ खड़े होकर देखा, उन्होंने तुमसे क्या कहा, तुमने राम से क्या कहा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परञ्ञतुं ञी मुदा रामनोटॆन्तोन्नु चॊन्नतुं यातॊरिटत्तुरङ्ङि रघुनायकन् सीतयोटुं कूटि ञीयविटं मुदा काट्टित्तरिकॆन्नु केट्टुगुहन् तदा वाट्टमिल्लातॊरु सन्तोष चेतसा ४० भक्तन् भरतनत्युत्तमनॆन्नु तन् चित्ते निरूपिच्चुटन् नटन्नीटिनान् । यत्र सुप्तानिशि राघवन् सीतया तत्रगत्वा गुहन् सत्वरं चॊल्लिनान् कण्टालुमॆङ्ङिल् कुशास्ततं सीतया कॊण्टल्वर्ण्णन् तन् महाशयनस्थलं । कण्टु भरतनुं मुक्त बाष्पोदकं तॊण्ट विरच्चु सगद्गदं चॊल्लिनान् हा ! सुकुमारि मनोहरि जानकि प्रासाद् मूर्द्धनि सुवर्ण्ण तल्पस्थले कोमळ स्निग्ध धवळांबरास्तृते रामेणशेते महासुखं साकथं शेतेकुशमय विष्टरे निष्ठुरे खेदेन सीता मदीयाग्रजन्मना मद्दोष कारणालॆन्नतु चिन्तिच्चु मद्देहमाशु परित्यजिच्चीटुवन् । किल्बिष कारिणियाय कैकेयि तन् गर्भत्तिल् निन्नु जनिच्चॊरु-कारणं दुषृतियायति पापियामॆन्नॆयुं धिक्करिच्चीटिनान् पिन्नॆयुं पिन्नॆयुं । ५० जन्म साफल्यवुं वन्नितनुजनु निर्म्मल मानसन् भाग्यवानॆत्रयुं । अग्रजन तन्नॆप्परिचरिच्चॆप्पॊ‌ळ्ळुं व्यग्रं वनत्तिन्नु

सीता सहित राम को जहाँ सोते हुए तुमने देखा, वह स्थान मुझे दिखा दें,--ये सब प्रश्न सुनकर तब गुह ने बिना किसी सन्देह भाव के, मन में सन्तुष्ट हो। ४० —यह निर्णय किया कि भरत अत्युत्तम (राम के) भक्त हैं। यह मन में विचारकर वह (भरत को साथ लेकर) आगे बढ़ा और जहाँ राम सीता सहित सो चुके थे, वहाँ पहुंचकर तुरन्त गुह ने भरत को बताया—"आप देखिए, यही कुशास्तत घनश्याम का सीता सहित महाशयन-स्थल है।" (उसे) देखकर अनियंत्रित अश्रुधारा प्रवाहित करते हुए कंपित कण्ठ एवं गद्गद वाणी में भरत ने कहा--हाय ! सुकुमारी एवं मनोहरी जानकी सौध में सुवर्ण-तल्प पर कोमल, स्निग्ध एवं धवलांबर शय्या पर राम के साथ सोती हुई जो महासुख प्राप्त किया करती थी, वह सुख इस कठोर कुशमय विष्टर (कुशासन) पर सोते हुए कहां प्राप्त हो सकता है !' सीता तथा अग्रज को मेरे ही दोष से इतना कष्ट उठाना पड़ रहा है, यह सोचकर, वे बोले 'मैं अपना यह शरीर ही परित्याग कर दूंगा। समस्त अपराधों के लिए कारणभूत कैकेई के गर्भ से संजात होने से दृष्कृति-स्वरूप एवं पापी मुझे बार-बार धिक्कार है। ५० अनुज (लक्ष्मण) का जन्म सफल हुआ, निर्मल मनस्वी वह अतीव भाग्यशाली है क्योंकि सदा अग्रज (बड़े भाई) की परिचर्या करने की व्यग्रता में वही वन में गया। श्रीराम जी के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोयतवनल्लो । श्रीरामदास दासन्मार्क्कु दासनायारूढ भक्ति पूण्टेष ञानुं सदा नित्यवुं सेविच्चुकोळ्ळवनेन्नाल् वरुं मर्त्त्य जन्मत्तिन् फलमेन्नु निर्णयं । चोल्लुन्नीयेन्नोटेविटे वसति कौसल्या तनयनविटेक्कु वैकाते चेन्नु ञानिङ्ङुकूट्टिक्कोण्टु पोरुवनेन्ततु केट्टु गुहनुमुर चेय्तान्– मंगलदेवतावल्लभन् तङ्कलिन्निङ्ङने- युळ्ळोरु भक्तियुण्टाकयाल् पुण्यवान्मारिल् वच्चग्रेसरन् भवान् निर्णयमेङ्किलो केळ्क्क महामते ! गंगा नदिकटन्नालटुत्तेत्रयुं मंगलमायुळ्ळ चित्रकूटाचलं तन्निकटे वसिक्कुन्नितु सीतया तन्नुटे सोदरनोटुं यथासुखं । ६० इत्थं गुहोक्तिकळ् केट्टु भरतनुं तत्रगच्छामहेशीघ्रं प्रियसख ! तर्त्तुममर्त्त्य तटिनियेस्सत्वरं कर्त्तुमुद्योगं समर्त्थोभवाद्य नी । श्रुत्वा भरतवाक्यं गुहन् सादरं गत्वा विबुधनदियेक्कटत्तुवान् । भृत्यजनत्तोटु कूटेस्ससंभ्रमं विस्तारयुक्तं महाक्षेपणीयुतं अञ्जसा कूलदेशं निरच्चीटिनानञ्नूरु तोणि वरुत्ति निरत्तिनान् । ऊट्मायोरु तुळ्युमेटुत्ततिलेटं वलियोरु तोणियिल्त्तान् मुदा शत्रुघ्ननेयुं भरतनेयुं मुनिसत्तमनाय वसिष्ठनेयुं तदा राममातावाय कौसल्य तन्नेयुं वामशीलांगियां कैकेयितन्नेयुं उत्तमयां सुमित्रादेवि तन्नेयुं पृथ्वीश पत्निमार्

दासों का सदा दास बनकर, सदा मन में गंभीर भक्ति लिये नित्य उनकी सेवा करने पर मेरा मर्त्य जन्म भी सफल होगा, यह निश्चित बात है। (हे गुह !) तुम मुझे यह बताओ कि कौसल्यातनय कहाँ बसे हुए हैं। तुरन्त वहाँ पहुँचकर मैं उन्हें साथ लिवा ले चलूँगा।'' यह सुनकर गुह ने कहा—'मंगलदेवता के वल्लभ के प्रति ऐसी भक्ति होने से आप निश्चय ही पुण्यात्मा लोगों में अग्रगण्य अवश्य हैं। अतः आप सुनिये, गंगा नदी पार करने पर निकट ही मंगलदायक चित्रकूट पर्वत है, जिसके पास ही सीता तथा अपने भ्राता के साथ (राम) सुखपूर्वक निवास कर रहे हैं।' ६० —इस प्रकार का गुह का कथन सुनकर भरत ने बताया—'प्रिय सखा ! अमर्त्य तटिनी (अलौकिक नदी) को पारकर हम वहाँ जाएंगे। तुम उसके लिए आवश्यक प्रबन्ध करो।' भरत का आदेश सुनकर गुह बिबुध नदी (देव नदी) को पार कराने (का प्रबन्ध करने) गया। जल्दी ही अपने सेवकों सहित महाक्षेपणी (बड़ा पतवार) युत पाँच सौ विशाल नौकाएँ नदी कूल पर कतारों में लाकर खड़ी कर दी गयीं। उनमें सबसे बड़ी नौका में शत्रुघ्न, भरत, मुनिप्रवर वसिष्ठ, राम की माता कौसल्या, सुन्दरी कैकेई, उत्तम चरित्रवाली सुमित्रा तथा अन्य पृथ्वीश-पत्नियों को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मट्टुळ्ळवरेयुं भक्त्या तोळ्तु करेट्टि मन्दं तुळञ्ञस्तभीत्या कटत्तीटिनानादराल् ७० उम्पर तटिनियेक्कुम्पिट्टनाकुलं मुम्पे नटन्नितु वम्पटयुं तदा। शीघ्रं भरद्वाज तापसेन्द्राश्रमं व्याघ्र गोवृन्दपूर्णं विरोधं विना सम्प्राप्य सम्प्रीतनाय भरतनुं वन्पटयेक्कवे दूरेन्नित्तीटिनान्। तानुमनुजनुमायुटजाङ्कणे सानन्द-माविश्य निन्नोरनन्तरं उज्ज्वलन्तं महातेजसं तापसं विज्व-रात्मानमासीनं विधिसमं दृष्ट्वानाम साष्टांगं ससोदरं पुष्ट भक्त्या भरद्वाज मुनीश्वरं। ज्ञात्वादशरथनन्दनं बालकं प्रीत्यैव पूजयामास मुनीन्द्रनुं हृष्ट वाचाकुशलप्रश्नवुं चेय्तु दृष्ट्वा तदा जटा वल्कलधारिणं तुष्टि कलर्न्नरुळ् चेय्तानितेन्तेटो! कष्टमिक्कोप्पुपपन्नमल्लोट्टुमे। राज्यवुं पालिच्चु नाना जनङ्ङळाल् पूज्यनायोरु नीयेन्नितनायिङ्ङने ८० वल्ककलवुं जटयुं पूण्टु तापसमुख्य वेषत्तेप्परिग्रहिच्चीटुवान् ऍन्तोरु कारणं वन्पटयोटुमाहन्त! वनान्तरे वन्नतु चोल्लुन्नी। श्रुत्वा भरद्वाज वाक्यं भरतनुमित्थं मुनिवरन् तन्नोटु चोल्लिनान् निन्तिरुवुळ्ळत्तिलेऴातें लोकत्तिलेन्तोरु वृत्तान्तमुळ्ळू महामुने! ऍङ्किलुं वास्तवं

गुह ने सप्रणाम चढ़ाकर तथा सबसे बड़े पतवार से अनायास उसे खेकर सबको निर्भय पार पहुँचा दिया। ७० फिर वह जन-समुद्र देवनदी को प्रणाम करके अनाकुल भाव से आगे-आगे बढ़ा। शीघ्र ही तापस भरद्वाज के आश्रम में, जहाँ व्याघ्र और गौएँ बिना वैरभाव के सानन्द रहते हैं, पहुँचकर प्रीतिपूर्ण भरत ने विशाल जन-समुद्र को ज़रा दूर ठहरा दिया। फिर अनुज सहित भरत ने स्वयं उटज के प्रांगण में सानन्द प्रवेश करके थोड़ी देर तक प्रतीक्षा की तथा उज्ज्वल एवं महातेजस्वी तापस को विधि सम उन्मेष-युक्त बैठे देखकर सम्मुख आ भक्तियुक्त भरत ने अपने भ्राता सहित मुनीश्वर भरद्वाज को साष्टांग प्रणाम किया। मुनीन्द्र ने उन्हें दशरथ पुत्र जानकर उनका प्रेम से स्वागत किया तथा स्पष्ट शब्दों में कुशल प्रश्न किया। फिर उन्हें जटा-वल्कलधारी देखकर मन में प्रसन्न हो पूछा—'यह क्या किया है? हाय! यह वेश आपके बिलकुल उपयुक्त नहीं है। राज्य-शासन करते हुए नाना लोगों से पूजित रहने योग्य आप क्यों। ८० —वल्कल और जटा धारणकर तापस वेष को अपनाये हुए हैं? हन्त! इतना विशाल जन-समूह साथ लेकर वनान्तर में आपके आने का क्या कारण है?' भरद्वाज के वचन सुनकर भरत मुनिवर से इस प्रकार बोले—"महामुनि! संसार में ऐसी कौन-सी बात है, जिसे आप नहीं समझते

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ञानुणर्त्तिप्पनिस्सङ्कटं पोवाननुग्रहिक्केणमे। रामाभिषेक विघ्नत्तिनु कारणं रामपादाब्जङ्ङळाण तपोनिधे! ञानेतुमेयॊन्नरिञ्ञील राघवन् काननत्तिन्नॆळुन्नळ्ळुवान् मूलवुं। केकयपुत्रियामम्म तन् वाक्काय काकोळवेगमे मूलमतिनुळ्ळु। इप्पोळशुद्धनो शुद्धनो ञानतिनिप्पाद परमं प्रमाणं दयानिधे! श्रीरामचन्द्रनु भृत्यनाय्त्तत्पाद वारिजयुग्मं भजिक्कॆन्निये मम ९० मट्टुळ्ळ भोगङ्ङळालॆन्तॊरु फलं मट्टुमतिनॊळिञ्ञिल्लॊराकांक्षितं। श्रीराघवन् चरणान्तिके वीणु संभारङ्ङळॆल्लामविटॆस्समर्प्पिच्चु पौर वसिष्ठादिकळॊटु कूटवे श्रीरामचन्द्रनभिषेकवुं चॆय्तु राज्यत्तिनाशु कूट्टिक्कॊण्टु पोयिट्टु पूज्यनां ज्येष्ठनॆस्सेविच्चु कॊळ्ळुवन्। इङ्ङने केट्टु भरत वाक्यं मुनि मंगलात्मानमेनं पुणर्न्नीटिनान्; चुंबिच्चु मूर्द्ध्नि सन्तोषिच्चरुळिनान् किंबहुना वत्स! वृत्तान्तमॊक्के ञान् ज्ञानदृशा कण्टरिञ्ञिरिक्कुन्नितु मानसे शोकमुण्टाकॊला केळ्क्क नी। लक्ष्मणनेक्काळ् निनक्केरुमे भक्ति लक्ष्मीपतियाय रामङ्कल् निर्ण्णयं। इन्निनि सल्क्करिच्चीटुवन् निन्नॆ ञान् वन्नपटयोटुमिल्लॊरु संशयं। ऊणु कळिञ्ञङ्ङुर्ङ्ङिप्पुलर्कालॆ

हैं? फिर भी मैं सत्य बात आपको बताऊँगा। अपने अनुग्रह से सारी विपत्तियों को दूर करने की कृपा करें। हे तपोनिधि! राम के पाद-कमलों की सौगंध है, राम के राज्याभिषेक में विघ्न तथा राम के कानन-वास का हेतु—इनमें से किसी का मुझे पूर्वज्ञान नहीं रहा। इन सबका एकमात्र कारण केकय-पुत्री मेरी माता का पापकर्म ही है। हे दयानिधे! मेरी पवित्रता या अपवित्रता के लिए आपके चरण-कमलों का ही प्रमाण है। श्रीरामचन्द्र जी का सेवक बनकर उनके युगल पाद-पद्मों की भक्ति-पूर्वक सेवा ही मेरा लक्ष्य है। ९० —अन्य भोगों से क्या लाभ है? और उन भोगों के प्रति मेरे मन में आकांक्षा भी नहीं है। श्रीरामचन्द्र जी के चरणोंपर पड़कर, समस्त वस्तुएँ (उन्हें) समर्पितकर तथा समस्त पुरवासियों तथा वसिष्ठ की उपस्थिति में उनका अभिषेक करके राज्य (अयोध्या) को ले जाकर, पूज्य भ्राता की मैं सेवा करूँगा।" इस प्रकार भरत-वचन सुनकर मंगलात्मा मुनिने उन्हें गले से लगाया तथा मस्तक को चूमकर उन्होंने बड़े प्रेम से इस प्रकार कहा—"हे वत्स! अधिक क्या बताऊँ! मैंने ज्ञानचक्षु से सारे वृत्तान्त जान लिये हैं। आप दुःख त्याग कर सुनिये। निस्सन्देह लक्ष्मीपति राम के प्रति लक्ष्मण से भी अधिक प्रीति आपको है। आज मैं आगत जनसमूह के साथ आपका निस्संशय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेणं रघुनाथने चॆन्नु कूप्पुवान् । १०० ऎल्लामरुळ् चॆय्तवण्णमॆनिक्कतिनिल्लॊरु वैमुख्यमॆन्नु भरतनुं; काल् कऴुकिस्समाचम्य मुनीन्द्रनुमेकाग्र मानसनायति विद्रुतं होमगेहस्थनाय् ध्यानवुं चॆय्तितु देवकळायिच्चमञ्ञु तरुक्कळुं देव वनितमारायि लतकळुं भावनावैभयुमेत्रयुमत्भुतं । भक्तभक्ष्यादि पेयङ्ङळ् भोज्यङ्ङळुं भुक्ति प्रसादनं मट्टु बहुविधं । भोजनशालकळ् सेनागृहङ्ङळुं राजगेहङ्ङळुमॆत्र मनोहरं । स्वर्णरत्नव्रात निर्म्मितमॊक्कवे वर्णिप्पतिनु पणियुण्टनन्तनुं । कर्म्मणा शास्त्रदृष्टेन वसिष्ठने सम्मोदमोटु पूजिच्चितु मुम्पिनाल्; पश्चाल् ससैन्यं भरतं ससोदरमिच्छानुरूपेण पूजिच्चनन्तरं । तृप्तराय् तत्र भरद्वाज मन्दिरे सुप्तरायारमरावती सन्निभे । ११० उत्थानवुं चय्तुषसि नियमङ्ङळ् कृत्वा भरद्वाज पादङ्ङळ् कूप्पिनार् । तापसन् तन्नोटनुज्ञयुं कैकॊण्टु भूपति नन्दनन्मारुं पुरप्पॆट्टु । चित्रकूटाचलं प्राप्य महाबलं तत्र पार्प्पिच्चु दूरे किञ्चिदन्तिके मित्रमायोरु गुहनुं सुमन्त्ररुं शत्रुघ्ननुं तानुमायिब्भरतनुं श्रीरामसन्दर्शनाकांक्षया मन्दमाराञ्ञु नाना तपोधनमण्डले

स्वागत-सत्कार करूँगा। भोजनकर यहीं सोकर कल प्रातःकाल राम के दर्शन के लिए जाना होगा।'' १०० 'सब जैसी आपकी इच्छा है, मुझे इसमें कोई वैमनस्य नहीं है।' भरत के यह कहते ही पाद-प्रक्षालन सब करके मुनि तुरन्त ही एकाग्रचित्त हो गये। होम-गृह में ध्यान लगाये बैठ गये तो सारे वृक्षों ने देवताओं का रूप धारणकर लिया। सारी लताएँ देव-वनिताओं के रूप में प्रकट हुईं। भावना-वैभव अतीव विचित्र है! भक्तों के उपयुक्त भोजन, पेय पदार्थ तथा बहुविध अन्य सामग्रियाँ सुन्दर एवं मनोहर भोजनशालाएँ, सेनागृह, राजगृह वहाँ तैयार हो गये और वे सबके सब स्वर्णरत्नों से निर्मित थे। अनन्त नाग भी उनका वर्णन करने में असमर्थ हैं। शास्त्र दृष्टि से सबसे पहले मुनि ने वसिष्ठ जी की सानन्द पूजा की। उसके बाद सेना सहित भरत, शत्रुघ्न सबका यथानुरूप सेवा-सत्कार किया। भरद्वाज का आतिथ्य ग्रहणकर सब लोग अमरावती सदृश मन्दिरों में सानन्द सो गये। ११० प्रातःकाल सो उठकर और नित्य कर्मों से विमुक्त हो (सबने) भरद्वाज के चरणों पर नमस्कार किया। तापसप्रवर से अनुज्ञा लेकर भूपतिकुमार चल पड़े। विशाल जनसमूह चित्रकूटाचल से किंचित दूर पहुँच गया तो मित्र गुह, सुमन्त्र तथा शत्रुघ्न को लेकर श्रीराम दर्शन के लिए अत्यन्त व्याकुल भरत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

काणाञ्ञोरोरो मुनिवरऩ्मारोटु ताणुतोऴुतु चोदिच्चुमत्यादरं
कुत्र वाळुऩ्ऩु रघूत्तमनत्र सौमित्रियोटुं महीपुत्रियोटुं मुदा ?
उत्तमनाय भरतकुमारनोटुत्तरं तापसऩ्मारुमरुळ् चेय्तु उत्तरतीरे
सुरसरित:स्थले चित्रकूटाद्रितन् पार्श्वे महाश्रमे उत्तमपूरुषन्
वाळुऩ्ऩितेऩ्ऩु केट्टेत्रयुं कौतुकत्तोटे भरतनुं १२० तत्रैव चेऩ्ऩ ऩेरत्तु
काणाय्वऩ्ऩितत्यत्भुतमाय रामचन्द्राश्रमं। पुष्पफलदलपूर्ण्ण वल्ली
तरुशष्परमणीय कानन मण्डले आम्र कदळि बकुळ-
पनसङ्ङळाम्रातकार्ज्जुननागपुन्नागङ्ङळ् केरपूगङ्ङळुं कोविदा-
रङ्ङळु मेरण्ड चम्पकाशोकतालङ्ङळुं मालत जाति प्रमुख
लतावली शालिकळाय तमालसालङ्ङळुं भृंगादि नाना
विहगनादङ्ङळुं तुंगमातंग भुजंग प्लवंग कु— रंगादि नाना
मृग व्रातलीलयु भंग्या समालोक्य दूरेब्भरतनुं। वृक्षाग्र संलग्न-
वल्क्कलालंकृतं पुष्कराक्षाश्रमं भक्त्या वणङ्ङिनान्। भाग्य-
वानाय भरतनतु ऩेरं मार्ग्ग रजसि पतिञ्ञु काणाय्वऩ्ऩु। सीता
रघुनाथ पादारविन्दङ्ङळ् नूतनमायति शोभनं पावन, १३०

ने नाना तपोधन मंडलों में (राम की) पूछताछ की। कहीं न देख पाने से, प्रत्येक मुनिवर से विनम्र एवं आदर से (राम के संबंध में) प्रश्न किया—'रघूत्तम सौमित्र तथा महीसुता के साथ सानन्द कहाँ रहते हैं ?' उत्तम गुणवाले कुमार भरत से तापस प्रवरों ने उत्तर में कहा—'सुरसरिता के उत्तर तीर पर स्थित चित्रकूटाचल के पार्श्वभाग में बने महाश्रम में उत्तम (राम) शोभित हैं।' भरत ने यह वृत्तान्त कौतुक के साथ सुन लिया। १२० वहाँ पहुँचते समय अतीव विचित्र श्रीरामाश्रम दिखाई पड़ा। वह कानन प्रदेश पुष्पों, फलों, दलों, पर्णों, लताओं, वृक्षों, शष्पों (दूर्वा) से संकुल होने से अत्यन्त रमणीय था। आम्र, कदली, बकुल, पनस (कटहल), अम्रात, अर्जुनपाकी, नाग (नाग केसर), पुन्नाग (जायफल), नारीकेल (नारियल), पूग (सुपारी), कोविदार (कचनार), एरण्ट (रेंडी), चम्पक, अशोक, तालवृक्ष आदि, मालती की जाति की अनेक लताएँ, तमाल एवं सालवृक्ष, भृंगों तथा विविध विहगों का कलकूजन; उन्नत मातंग (हाथी), भुजंग, प्लवंग (बन्दर), कुरंग (हिरण) आदि जन्तुओं के झुण्ड की लीलाएँ सब देखकर, दूर पर स्थित वृक्षाग्र संलग्न एवं वल्कल से अलंकृत पुष्कराक्षाश्रम (कमललोचन राम का आश्रम) की भरत ने भक्तिपरिपूर्ण हृदय से वन्दना की। तब सौभाग्यशाली भरत को रास्ते की धूल में राम-सीता के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अङ्कुशाब्ज ध्वज वज्र मत्स्यादि कॊण्टङ्कितं मंगल मानंदमग्ननाय्
वीणुरुण्टु पणिञ्ञु करञ्ञु तदा रेणु मौलियिल् क्कोरियिट्टीटिनान् ।
धन्योहमिन्नहो धन्योहमिन्नहो ! मुन्नं मयाकृतं पुण्य पूरं परं,
श्रीराम पाद पत्माञ्चितं भूतलमारालेनिक्कु काण्मानवकाशवु
वन्नितल्लो मुहुरिप्पाद पांसुक्कळन्वेषणं चॆय्तळलुन्नितेट्वु
वेधावुमीशनु देवक दंबवु वेदङ्ङळु नारदादि मुनिकळु । इत्थ-
मोर्त्तद्भुत प्रेमरसाप्लुत चित्तनायानन्द बाष्पाकुलनाय् मन्द मन्दं
परमाश्रम सन्निधौ चॆन्नु निन्नोरु नेरत्तु काणायितुसुन्दरं रामचन्द्रं
परमानन्द मन्दिरमिन्द्रादि वृन्दारक वृन्द वन्दितमिन्दिरा
मन्दिरोर:स्थलमिन्द्रावरजमिन्दीवर लोचनं; १४० दूर्वादळनिभ
श्यामळं कोमळं पूर्वजं नील नळिनदलेक्षणं रामं जटामकुटं
वल्क्कलांबरं सोमबिम्बाभ प्रसन्न वक्त्रांबुजं; उद्यत्तरुणारुणायुत
शोभितं विद्युत्समांगियां जानकियायॊरु विद्ययुमाय् विनोदिच्चि-
रिक्कुन्नोरु विद्योतमानमात्मानमव्याकुलं वक्षसि श्रीवत्स लक्षण-
मव्ययं लक्ष्मी निवासं जगन्मयमच्युतं; लक्ष्मण सेवित पाद

चरण-कमलों के सुन्दर एवं पवित्र नूतन चिह्न अंकित दिखाई दिये । १३०
—अंकुश, अब्ज, ध्वज, वज्र, मत्स्य आदि अंकित मंगलदायक उन चरणचिह्नों
को देखकर आनन्द निमग्न भरत धूल में लोटने लगे तथा बिलखते-रोते हुए
(चरणांकित) पावनरज मस्तक पर डालने लगे । (वे चिल्ला उठे)
मैं आज धन्य बना, मैं आज धन्य बना । मेरे पूर्वकालीन सुकृत आज
फलवत् हुए जिस कारण मुझे श्रीराम जी के चरण-कमलों से अंकित वह
भूतल आज देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । इस चरणरज की खोज में
ब्रह्मा, ईश, देववृन्द, सारे वेद, नारद सरीखे मुनि सब भटकते हैं । यह
सोचकर अद्भुत प्रेमरस में अपने मन को निमग्नकर तथा आनन्दाश्रु
पोंछते हुए जब भरत मंद-मंद चलकर परम रमणीय आश्रम के निकट आ
खड़े हुए तो उन्हें सुन्दर रामचन्द्र दिखाई दिये, जो परमानन्द की खान,
इन्द्रादि देवसमूहों से पूजित विष्णु हैं, जिनका वक्ष:स्थल इन्दिरा का वास-
स्थान है, जिनके नेत्र इन्दीवर (नीलकमल) तुल्य सुन्दर एवं कोमल
हैं । १४० —जो दूर्वादल श्यामल कोमल हैं, जो (भरत के) पूर्वज
(ज्येष्ठ) हैं, जो नील नलिन तुल्य ईक्षणों से मुग्ध करते हैं, जो जटा मुकुट,
वल्कलांबर से विभूषित हैं, सोमबिम्ब के समान जिनका प्रसन्न मुख-कमल
शोभित है, सहस्रों तरुण अरुण सम दीप्तिवाले हैं, विद्युत् के समान आभा
वाले अंगों से युक्त जानकी रूपी विद्या के साथ मनोविनोद करते प्रकाशित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पङ्केरुहं लक्षण लक्ष्य स्वरूपं पुरातनं, दक्षारिसेवितं पक्षीन्द्रवाहनं रक्षोविनाशनं रक्षाविचक्षणं; चक्षुःश्रवण प्रवर पल्यङ्कगं कुक्षिस्थितानेकपत्मजाण्डं परं कारुण्य पूर्णं दशरथ नन्दन मारण्य वास रसिकं मनोहरं। दुःखवुं प्रीतियुं भक्तियुं कैकॊण्टु तृक्काल्क्कल् वीणु नमस्करिच्चीटिनान्। १५० रामनवनेयुं शत्रुघ्ननेयुमामोदालेंटुत्तु निर्वत्तिस्ससंभ्रमं। दीर्घ बाहुक्कळालालिंगनं चॆय्तु दीर्घ निश्वासवुमन्योन्यमुळ्ळकॊण्टु; दीर्घ नेत्रङ्ङळिल् निन्नु बाष्पोदकं दीर्घ कालं वार्त्तु सोदरन्मारॆयुं उत्संग सीमनि चेत्तु पुनरपि वत्सङ्ङळुमणच्चानन्द पूर्वकं तत्संगमेऱ्ऱयुळ्ळोरु सौमित्रियुं तत्समये भरतांघ्रिकळ् कूप्पिनान्। शत्रुघ्ननुमति भक्ति कलन्नु सौमित्रितन् पादांबुजङ्ङळ् कूप्पीटिनान्; उग्र तृषार्त्तमाराय पशुकुलमग्रे जलाशयं कण्टपोले तदा वेगेन सन्निधौ चॆन्नाशु कण्टितु राघवन् तन्तिरुमेनि मनोधृतं रोदनं चॆय्युन्न मातावितॆक्कण्टु पादङ्ङळिल् नमिच्चान् रघुनाथनुं; अॆत्रयु मार्त्ति कैक्काण्टु

एवं अव्याकुल आत्मा हैं, वक्षःस्थल पर जिनके चिरन्तन श्रीवत्स का चिह्न है, जो लक्ष्मी का निवास स्थान, अच्युत (नाश रहित), लक्ष्मण से सेवित पाद-कमलों वाले, लक्षण-लक्ष्य स्वरूप, पुरातन, दक्षारि (शिव) से पूजित हैं, पक्षीन्द्र (गरुड़) जिनका वाहन है, रक्षोवंश के जो विनाशक हैं, (भक्तों की) रक्षा करने में अतीव समर्थ हैं, जो चक्षु श्रवण प्रवर हैं, जिनकी कुक्षि के कमल में अनेक ब्राह्मणों को धारण करने की क्षमता है तथा जिन कारुण्यमूर्ति दशरथपुत्र का आरण्यवास रसवत् एवं मनोहर है। दुःख, प्रीति एवं भक्ति से समन्वित हो (भरत ने ऐसे राम के) भागवत् पादों पर गिरकर नमस्कार किया। १५० तुरन्त सानन्द राम ने उन्हें और शत्रुघ्न को उठाया और दीर्घ बाहुओं में लपेट लिया। सभी ने दीर्घ निःश्वास लेते हुए दीर्घकाल तक दीर्घनेत्रों से अश्रुधारा प्रवाहित की और राम ने दोनों भ्राताओं को उत्संग (गोद) में बिठाकर फिर आनन्दपूर्वक छाती से लगाया। (राम के) साथ सदा रहते लक्ष्मण ने भी तुरन्त भरत के चरणों पर प्रणाम किया। तभी भक्ति से परिपूर्ण शत्रुघ्न ने भी सौमित्र के चरणांबुजों पर नमस्कार किया। जैसे उग्र तृषार्त पशुकुल अपने आगे जलाशय देखकर शीघ्र उस तरफ भागते हैं, वैसे ही मन ही मन अत्यधिक व्यग्र हो श्रीराम जी शीघ्र माता जी के निकट दौड़ आये और विलाप करती हुई अपनी माता जी को देखकर उनके चरणों पर नमन किया। अत्यधिक पीड़ित कौसल्या ने पुत्र का अश्रुधारा से अभिषेक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कौसल्ययुं पुत्रनु बाष्पधाराभिषेकं चेय्तु, १६० गाढमाश्लिष्य शिरसिमुकर्न्नुटनूढमोदं मुलयुं चुरन्नू तदा। अन्यरायुळ्ळोरु मातृजनत्तेयुं पिन्ने नमस्करिच्चीटिनानादराल्। लक्ष्मणन्तानु-मौव्वण्णं वणङ्ङिनान् लक्ष्मी समयाय जानकि तन्नेयुं; गाढमाश्लिष्य कौसल्यादिकळ् समारूढ खेदं तुटच्चीटिनार् कण्णुनीर। तत्र समागतं दृष्ट्वा गुरुवरं भक्त्या वसिष्ठं साष्टांगमांमारुटन् नत्वा रघूत्तमनाशु चोल्लीटिनानेन्नयुं भाग्यवान् ञानेन्नु निर्णयं। तातनु सौख्यमल्ली ? निज मानसे खेद मुण्टो पुनरेन्नेप्पिरिकयाल्; अेन्तोन्नु चोन्नतेन्नोटुचोल्ली टुवानेन्तु सौमित्रियेक्कोण्टु परञ्ञतुं ? रामवाक्यं केट्टु चोन्नान् वसिष्ठनुं धीमतां श्रेष्ठ! तातोदन्तमाशु केळ् निन्नेप्पिरिञ्ञतु तन्ने निरूपिच्चु मन्नवन् पिन्नेयुं पिन्नेयुं दुःखिच्चु १७० राम रामेति सीतेति कुमारेति रामेति लक्ष्मणेति प्रलापं चेय्तु देवलोकं चेन्नु पुक्का-नङ्कि नी देव भोगेन सुखिच्चु सन्तुष्टनाय्। कर्णशूलाभं गुरुवचनं समाकर्ण्य रघुवरन् वीणितु भूमियिल्, तल्क्षणमुच्चै-र्विलापिच्चितेट्वुं लक्ष्मणनोटुं जननी जनङ्ङळुं। दुःखमालोक्य

किया। १६० गाढाश्लेष और मस्तक पर चुंबन अंकित करती हुई प्रसन्नमना कौसल्या के स्तन भर आये। (राम ने) अन्य माताओं को भी सादर नमस्कार किया। वैसे ही लक्ष्मण ने भी सबको नमन किया। कौसल्या आदि (माताओं) ने जानकी का गाढाश्लेष किया और मन के घने उत्ताप को आँसुओं की अजस्र धारा को पोंछ लिया। वहाँ आये गुरुवर वसिष्ठ जी को देखकर भक्तिपूर्ण मन से राम ने उनके सामने साष्टांग नमस्कार किया और बोले कि मैं अवश्य ही भाग्यशाली हूँ। (फिर राम ने पूछा) पिता जी कुशल से तो हैं ? मेरे वियोग का दुःख क्या उनके मन को व्याकुल बना रहा है ? (उन्होंने) मेरे लिए क्या सन्देश भेजा है और लक्ष्मण के बारे में क्या कहा है ? राम के वचन सुनकर वसिष्ठ ने कहा—हे श्रेष्ठ ज्ञानी ! पिता जी की खबर सुनिये। आपके वियोग की बात सोचते-सोचते महाराज व्याकुल होकर। १७० —तथा 'राम राम !, सीता !, कुमार !, राम !, लक्ष्मण !' का प्रलाप करते हुए देवलोक में पहुँचकर देवभोगों से सन्तुष्ट एवं सुखी बन बैठे हैं, यह आप समझिए। शूल सदृश गुरुवचन सुनकर राम भूमि पर गिर पड़े और (यह देखकर) तुरन्त ही लक्ष्मण सहित माताएँ भी उच्चस्वर में विलाप करने लगीं। (राम विलाप करने लगे) हा तात ! विधिवश मुझे छोड़कर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मट्टुळ्ळजनङ्ङळुमोक्के वाविट्टु करञ्ञु तुटङ्ङिनार् हा! तात ! मां परित्यज्य विधिवशालेतोरुदिक्किनु पोयितय्यो भवान् ! हा ! हा ! हतोहमनाथोस्मिमामिनि स्नेहेन लाळिप्पतारनुवासरं ? देहमिनि त्यजिच्चीटुन्नतुण्टु ञान् मोहमेनिनिक्किनियिल्ल जीविक्कयिल् । सीतयुं सौमित्रि तानुमव्वण्णमे रोदनं चेय्तु वीणीटिनार् भूतले । तद्दशायां वसिष्ठोक्तिकळ् केट्टवरुळ्त्तापमोट्टु चुरुक्किमरुविनार् । १८० मन्दाकिनियिलिरङ्ङिक्कुळिच्चवर् मन्देतरमुदक क्रिययुं चेय्तार् । पिण्डं मधु सहितेंगुदी सल्फल पिण्याक निर्म्मितान्नं कोण्टु वच्चितु । यातोरन्नं तान् भुजिक्कुन्नतुमतु सादरं पितृक्कळ्क्कुमेन्नल्लो, वेदस्मृतिकळ् विधिच्चतेन्नोर्त्तति खेदेन पिण्डदानानन्तरं तदा स्नानं कळिच्चु पुण्याहवुं चेय्तथ स्नानादनन्तरं प्रापिच्चिताश्रमं । अन्नुपवासवुं चेय्तितेल्लावरुं वन्नुदिच्चीटिनानादित्य देवनुं । मन्दाकिनियिल् कुळिच्चुत्तु सन्ध्ययुं वन्दिच्चु पोन्नाश्रमे वसिच्चीटिनार् । १८७

भरत राघव संवादं

अन्नेरमाशु भरतनुं रामनेच्चेन्नु तोळुतु परञ्ञु तुटङ्ङिनान्-

आप किस दिशा में चले गये ? हा हा ! मैं मर गया; मैं अनाथ हो गया । अब प्रतिदिन स्नेह एवं लाड-प्यार कौन हम पर दिखाएगा ? अब मैं यह शरीर-त्याग कर दूँगा; मुझे और जीवित रहने की ज़रा भी इच्छा नहीं है । सीता और लक्ष्मण भी वैसे ही विलाप करते हुए पृथ्वी पर गिर पड़े । इस अवस्था में वसिष्ठ जी की उक्तियाँ सुनकर वे अपने मन के दु:ख पर अल्पमात्रा में विजय प्राप्त कर सके । १८० फिर मंदाकिनी में उतरकर स्नानादि से निवृत्त हो उन्होंने श्रद्धापूर्वक उदक क्रियाएँ सम्पन्न कीं तथा (आत्मा की शान्ति के लिए) मधु, ईगुदी और पिण्याक से निर्मित अन्न का पिण्डदान भी किया क्योंकि जिस अन्न का कोई उपभोग करता है वही श्रद्धा से पितरों को भी दें, यही वेदों स्मृतिग्रंथों का आदेश है । यह सोचकर दु:खपूर्वक पिण्डदान करके, स्नान तथा पुण्याह उपरांत स्नान से निवृत्त हो वे आश्रम में वापस आ गये । उस दिन सभीने उपवास किया । फिर सूर्योदय हुआ और सभी लोग जाकर मन्दाकिनी स्नान तथा संध्या वन्दना के उपरांत आश्रम में पहुँच गये । १८७

भरत और राम का संवाद

तब भरत राम के सामने हाथ जोड़कर कहने लगे—"हे राम !

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

राम ! राम ! प्रभो ! राम ! महाभाग ! मामक वाक्यं चेवितऩ्ऩु केळ्क्कणं। उण्टटियनभिषेक संभारङ्ङळ् कोण्टु वन्निट्टुकोण्टिनि वैकाते चेय्क वेणमभिषेकवुं पालनं चेय्क राज्यं तव पैत्र्यं यथोचितं। ज्येष्ठनल्लो भवान् क्षत्रियाणामति श्रेष्ठमां धर्म्मं प्रजापरिपालनं; अश्वमेधादियुं चेय्तु कीर्त्त्या चिरं विश्वमेल्लां परत्तिक्कुल तन्तवे; पुत्ररेयुं जनिप्पिच्चु राज्यं निज पुत्रङ्ङलाक्कि वनत्तिन्नु पोकणं। इप्पोळनुचितमत्रे वनवासमत्भुत विक्रम ! नाथ ! प्रसीदमे। मातावु तन्नुटे दुष्कृतं चेतसि चिन्तिक्करुतु दयानिधे ! भ्रातावु तन्नुटे पादांबुजं शिरस्यादाय भक्ति पूण्टित्थमरुळ् चेय्तु। १० दण्डनमस्कारवुं चेयतु निन्नितु पण्डितनाय भरतकुमारनुं। उत्थाप्य राघवनुत्संगमारोप्य चित्त मोदेन पुणर्न्नु चोल्लीटिनान्— मद्वाक्यमत्र केट्टालु कुमार ! नी यत्त्वयोक्तं मयातत्तथैव श्रुतं। तातनेन्नेप्पतिन्नालु संवत्सरं प्रीतनाय्क्कानन वाळेन्नु चोल्लिनान्। पित्रा निनक्कु राज्यं मातृसम्मतं दत्तमायी पुनरेन्नतु कारणं चेतसा पार्क्किल

हे राम ! हे प्रभो ! हे राम !, हे महाभाग ! मेरा कथन ध्यान से सुनने की कृपा करें। यह दास अभिषेक के सभी साधन ले आया है। इसलिए अब तुरन्त अभिषेक (आपका) हो जाना चाहिए और फिर अपने विरासत में प्राप्त राज्य का यथोचित शासन सम्भालें। आप (हम भ्राताओं में) ज्येष्ठ हैं और क्षत्रियों का सर्वोच्च धर्म राज्य-पालन करना ही है। इसलिए आप अश्वमेध आदि यज्ञों का निर्वाहकर अपना यश विश्व में फैला दें तथा कुल के विकास के लिए पुत्रोत्पत्ति में लग जाएँ तथा (जीवन के अन्तिम चरण में) राज्य अपने पुत्र को अर्पितकर वनवास को जाएँ। हे अद्भुत पराक्रमशाली ! हे नाथ ! अब आपका वनवास अनुचित है। हे दयानिधे ! आप मुझे अनुगृहीत करें। मेरी माता के कुकर्म पर ध्यान न दें।" भ्राता के चरण कमलों पर नतमस्तक हो, अत्यन्त भक्तिरस में ओतप्रोत हो भरत ने इस प्रकार कहा। १० —फिर पंडित कुमार भरत दण्ड नमस्कार करते रह गये। उन्हें उठाकर तथा उत्संग में बिठाकर प्रसन्नतापूर्वक आश्लेष करते हुए राम ने बताया—'हे कुमार ! तुम मेरी बात सुनो। तुम्हारी कही हुई बात मैंने वैसे ही (ध्यान से) सुन ली है। (किन्तु) पिता जी ने बड़े प्रेम से मुझे चौदहवर्ष तक वनवास करने का आदेश दिया है। और माता के आग्रह पर पिता ने तुम्हें राज्य प्रदान किया है। इस कारण से, मन में विचार करके देखें तो हम दोनों के लिए यह

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ञमुक्किरुवर्क्कुमित्तात नियोगमनुष्ठिक्कयुं वेणं। यातोरुत्तन् पितृवाक्यत्तॆ लंघिच्चु नीतिहीनं वसिक्कुन्नितु भूतले जीवन्मृत-नवन् पिन्नॆ नरकत्तिल्मेवुं मरिच्चालुमिल्लोरु संशयं। आकयाल् नी परिपालिक्क राज्यवुं पोक ञान् दण्डकं तन्निल् वाणीटुवान्। राम वाक्यं केट्टु चॊन्नान् भरतनुं कामुकनाय तातन् मूढमा-नसन्, २० चॊन्न वाक्यं ग्राह्यमल्लॊ महामते! मन्नवनाय् भवान् वाळ्क मटियातॆ। ऎन्नु भरत वाक्यं केट्टु राघवन् पिन्नॆयुं मन्दस्मितं चॆय्तु चॊल्लिनान्— भूमि-भर्त्ता पिता नारीजितनल्ल कामियुमल्ल मूढात्मावुमल्ल केळ्। तातनसत्य भयं कॊण्टु चॆय्ततिनेतुमे दोषं पऱयरुतोर्क्क नी। साधुजनङ्ङळ् नरकत्तिलु-मति भीति पूण्टीटुमसत्यत्तिल् मानसे। ऎङ्किल् ञान् वाळ्वन् वने निन्तिरुवटि सङ्कटमॆन्निये राज्यवुं वाळ्क। सोदरनित्थं पऱञ्ञतु केट्टति सादरं राघवन् तानुमरुळ् चॆय्तु— राज्यं निनक्कुमॆनिक्कु विपिनवुं पूज्यनां तातन् विधिच्चितु मुन्नमे, व्यत्ययमायनुष्ठिच्चाल् नमुक्कतु सत्य विरोधं वरुमॆन्नु निर्णयं। ऎङ्किल् ञानुं निन्तिरुवटि पिन्नालॆ किङ्करनाय् सुमित्रा-

---

आवश्यक है कि हम पिता के आदेश का पालन करें। जो मनुष्य पिता की आज्ञा का उल्लंघन करता हुआ भूतल पर रहता है, वह जीवित रहता हुआ भी मृतक तुल्य है और मरने के उपरांत वह नरक भागी ही होगा, यह असंदिग्ध बात है। अतः तुम राज्यभार सम्भाल लो और मैं दण्डक वन में वास करने जाऊँगा। राम का (यह) कथन सुनकर भरत बोले—'मन से मूढ तथा कामी पिता का २० —कहा हुआ वचन स्वीकार करने योग्य नहीं है। इसलिए, हे महामति ! आप निस्संकोच भाव से राजा बनकर शासन कीजिए।' (भरत का यह कथन सुनकर राम ने उन्हें समझाया) 'भूमिपति हमारे पिता नारीजित नहीं, कामी नहीं और मूढात्मा भी नहीं। तुम यह जान लो कि सत्य वचन से भयभीत हो उन्होंने जो कुछ किया, उसके लिए तुम उन्हें दोषी मत ठहराओ। सज्जन लोग नरक में पहुँचकर भी असत्य भाषण से मन में भयभीत रहते हैं।' अगर ऐसी बात है तो मैं वन में रहूँगा और आप निरापद शासन करते रहिए, भरत का यह कथन सुनकर राम ने प्रीतियुक्त वाणी में बताया—'आदरणीय पिता जी ने पहले ही तुम्हारे लिए राज्य तथा मेरे लिए वन निश्चित किया है। उसके विपरीत आचरण से हमें सत्य विरोध का पाप लगेगा, इसमें सन्देह नहीं है।' ऐसी बात है तो 'मैं भी सुमित्रात्मज

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

त्मजनॆप्पोलॆ ३० पोरुवन् काननत्तिन्नतरुतॆङ्किल् चेरुवन् चॆन्नु सुरलोकमाशु ञान् । नित्योपवासेन देहमुपेक्षिप्प नित्येवमात्मनि निश्चयिच्चन्तिके दर्भ विरिच्चु किळक्कु तिरिञ्ञु निन्नप्पोळ् वॆयिलत्तु पुक्कु भरतनुं । निर्बन्ध बुद्धि कण्टप्पोळ् रघुवरन् तद्बोधनात्थं नयनान्त संज्ञया चॊन्नान् गुरुविनोटप्पोळ् वसिष्ठनुं कैकेयीसुतनोटु चॊल्लिनान्— मूढनायीटॊला केळ्क्क नीयॆङ्किलो गूढमायोरु वृत्तान्तं नृपात्मज ! रामनाकुन्नतु नारायणन् परन् तामरसोत्भवनर्त्थिक्क कारणं भूमियिल् सूर्य कुलत्तिलयोद्ध्ययिल् भूमिपालात्मजनायिप्पिरन्नितु, रावणनॆक्कॊन्नु धर्म्मत्तॆ रक्षिच्चु देवकळॆप्परिपालिच्चु कॊळ्ळुवान् । योगमायादेवियायतु जानकि भोगि प्रवरनाकुन्नतु लक्ष्मणन्; ४० लोकमातावु पितावु जनकजा राघवन्मारॆन्नरिक वळि पोलॆ । रावणनॆक्कॊल्वतिन्नु वनत्तिनु देवकार्य्यात्थं पुरप्पॆट्टु राघवन् । मन्थरा वाक्यवुं कैकेयिचित्त निर्बन्धवुं देवकृतमॆन्नरिक नी । श्रीरामदेवनिवर्त्तनत्तिङ्कलुळ्ळाग्रहं नीयुं परित्यजिच्चीटुक । कारण पूरुषानुज्ञया सत्वरं नी राजधानिक्कु पोक मटियातॆ, मंत्रिकळोटुं जननी

के जैसे सेवक बनकर आपके पीछे ३० —वन में आऊँगा। अगर आप मुझे रोकेंगे तो मैं तुरन्त ही सुरलोक में जाऊँगा।' यह कहकर नित्योपवास के द्वारा शरीर त्यागका दृढ़ निश्चय लेकर भरत कुश बिछाकर, धूप में पूर्व दिशा की ओर मुख किये खड़े हो गये। उनकी हठधर्मिता देखकर राम ने नयनों के संकेत से अपने गुरु से उन्हें समझाने का आग्रह किया। वसिष्ठ कैकेई-पुत्र (भरत) से बोले—"तुम मूर्ख का-सा आचरण मत करो। हे नृपात्मज ! अगर तुम्हारी ऐसी जिद है तो अत्यन्त रहस्यमय एक वृत्तान्त सुन लो। राम नारायण परमात्मा हैं, जो वारिजोद्भव की प्रार्थना करने पर पृथ्वी पर सूर्यवंश में अयोध्या के भूमिपालक के पुत्र-रूप में, रावण का वधकर, धर्म की रक्षा करने तथा देवताओं का परिपालन करने के लिए जन्मे हैं। योगमाया ही जानकी है और भोगीप्रवर (सर्पश्रेष्ठ शेष) ही लक्ष्मण हैं। ४० —यह भलीभाँति जान लो कि जनकजा और राम लोकमाता तथा लोकपिता हैं। देवकार्य के लिए, रावण का वध करने के लिए राम वन को निकल पड़े हैं। मंथरा-वचन तथा कैकेई की जिद सब देवकृत हैं, यह समझ लो। इसलिए श्रीरामचन्द्र को 'लक्ष्य से निवृत्त करने का आग्रह तुम परित्याग कर दो। कारण-पुरुष (राम) की आज्ञा लेकर तुम निस्संकोच मंत्रियों, माताओं,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जनत्तोटुमन्त मिल्लात पटयोटुमिप्पोळे । चेन्नयोद्ध्यापुरि पुक्कु वसिक्क नी वन्नीटुमग्रजन् तानुमनुजनुं देवियुमीरेळु संवत्सरावधौ रावणन्तन्ने वधिच्चु सपुत्रकं । इत्थं गुरूक्तिकळ् केट्टु भरतनुं चित्तेवळर्न्नोरु विस्मयं कैक्कोण्टु, भक्त्या रघूत्तम सन्निधौ सादरं नत्वा मुहुर्न्नमस्कृत्वा ससोदरं । ५० पादुकांदेहि राजेन्द्र ! राज्यायते पादबुद्ध्या मम सेविच्चु कोळ्ळुवान् । यावत्तवागमनं देव देव ! मे तावदेवानारतं भजिच्चीटुवन् । इत्थं भरतोक्ति केट्टु रघूत्तमन् पोल्त्तारटि कळिल्च्चेर्त्त मेतियटि भक्तिमानाय भरतनु नल्किनान् नत्वा परिग्रहिच्चीटिनान् तम्पियुं; उत्तम रत्न विभूषित पादुकामुत्तमांगे चेर्त्त रामनरेन्द्रने— भक्त्या प्रदक्षिणं कृत्वा नमस्करिच्चुत्थाय वन्दिच्चु चोन्नान् सगद्गदं— मन्वब्द पूर्णे प्रथम दिने भवान् वन्नतिल्लेन्नु वन्नीटुकिलिपन्ने ञान् अन्य दिवसमुषसि ज्वलिप्पिच्च वह्नियिल्च्चाटि मरिक्कुन्नतुण्टल्लो । एन्नतु केट्टु रघुपतियुं निज कण्णुनीरुं तुटच्चम्पोटु चोल्लिनान्— अङ्ङनेतन्नेयोरन्तरमिल्लतिनङ्ङु ञानन्नु तन्ने वरुं निर्णयं । ६०

प्रजावर्ग तथा विशाल सेना को लेकर अब राजधानी लौट चलो और अयोध्यापुर में पहुँचकर सुख से रहो । तुम्हारे अग्रज (ज्येष्ठ भ्राता) अनुज तथा देवी सहित चौदहवर्ष की अवधि पूर्ण होनेपर रावण को सपुत्र मारकर वापस आ जाएँगे । गुरु के इन वचनों को सुनकर मन में उत्पन्न अत्यन्त विस्मय को लिये, अपने सहोदर (शत्रुघ्न) के साथ राम के सम्मुख पहुँच भक्तिपूर्वक भरत ने नतमस्तक हो प्रणाम किया । ५० —(और कहा) हे राजेन्द्र ! आप अपनी पादुकाएँ (मुझे) दीजिए । उन्हीं को आपके पाद समझकर तथा उन्हीं पर राज्यभार रखकर हे देव ! आपके आगमन पर्यन्त मैं निरन्तर उन्हीं की सेवा करता रहूँगा । भरत की यह उक्ति सुनकर अपने भगवद् चरणों से परिशोभित पादुकाएँ राम ने अपने भक्त भरत को दे दीं और अनुज (भरत) ने नतमस्तक हो उन्हें हाथ में ग्रहण किया । उत्तम रत्नों से विभूषित पादुकाओं को छाती से लगाये हुए भरत ने श्रीरामचन्द्र जी की परिक्रमा की, फिर नमस्कारपूर्वक वन्दना से उठकर सगद्गद वाणी में कहा—"मन्वब्द (चौदहवर्ष) के पूर्ण होने पर अगर आप प्रथम दिन ही नहीं आ पाएँ तो फिर अगले दिन उषाकाल में ही आग में कूद पड़कर मैं अपने शरीर को भस्मीभूत कर दूँगा ।" यह सुनकर रघुपति ने अश्रु पोंछते हुए कहा—"ऐसा ही होगा, इसमें कोई अन्तर नहीं आने पाएगा, मैं उसी दिन निस्संदेह आ जाऊँगा ।" ६०

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अेन्नरुळ् चेय्तु विटयुं कोंटुत्तितु धन्यन् भरतन् नमस्करिच्चीटिनान् । पिन्ने प्रदक्षिणवुं चेय्तु वन्दिच्चु मन्देतरं पुऱप्पेट्टु भरतनुं, मातृजनङ्ङळुं मन्त्रिवरन्मारुं भ्रातावुमाचार्यनुं महासेनयुं, श्रीरामदेवनेच्चेतसि चेर्त्तुकोण्टारूढ मोदेन कोण्टुपोयीटिनार् । श्रृंगिवेराधिपनाय गुहनेयुं मंगलवाचा पऱञ्ञयच्चीटिनान् । मुन्पिल् नटन्नु गुहन् वऴिकाट्टुवान् पिम्पे पेरुम्पटयुं नटकोण्टितु; कैकेयितानुं सुतानुवादं कोण्टु शोकमकन्नु नटन्नु मकनुमाय् । गंगकटन्नु गुहानुवादेन नालंगप्पटयोटुं कूटेक्कुमारन्मार् चेन्नयोद्ध्यापुरिपुक्कु रघुवरन् तन्नेयुं चिन्तिच्चु चिन्तिच्चनुदिनं । भक्त्या विशुद्ध बुद्ध्या पुरवासिकळ् नित्य सुखेन वसिच्चितेल्लावरुं । ७० तापस वेषं धरिच्चु भरतनुं तापेन शत्रुघ्ननुं व्रतत्तोटुटन् चेन्नु नन्दिग्राममन्पोटु पुक्कितु वन्नितानंदं जगद्वासिकळ्क्केल्लां । पादुकं वच्चु सिंहासने राघव पादङ्ङळेन्नु सङ्कल्पिच्चु सादरं गन्धपुष्पाद्यङ्ङळ् कोण्टु पूजिच्चु कोण्टन्तिके सेविच्चुनिन्नारिरुवरुं । नाना मुनिजन सेवितनायोरु मानव वीरन् मनोहरन् राघवन् जानकियोटुमनुजनोटुं मुदा मानसानन्दं

यह समझाकर राम ने उन्हें बिदा किया । श्रेष्ठ भरत ने नमस्कार किया । फिर (राम की) प्रदक्षिणा और स्तुति-वन्दना के उपरांत भरत धीरे-से निकल पड़े । माताएँ, मन्त्रि लोग, भ्राता, आचार्य, विशाल सेना सबके साथ मन में राम को प्रतिष्ठितकर भरत सप्रेम चलने लगे । (राम ने) श्रृंगवेराधिप गुह को मंगल वचन कहकर विदा कर दिया । रास्ता दिखाते हुए आगे-आगे गुह और पीछे-पीछे विशाल जन समुदाय चलने लगा । (राम से) अनुमति लेकर तथा हृदय के संताप को दूर करके कैकेयी भी अपने पुत्र के साथ चलने लगी । गंगा पार करने के उपरांत गुह से अनुमति लेकर कुमार लोग अपनी चतुरंग सेनासहित अयोध्या पहुँचे । पुरवासी लोग प्रतिदिन राम का अनुस्मरण करते हुए भक्तिपूर्ण हृदय एवं पवित्र बुद्धि से युक्त हो शाश्वत सुखी बन जीवन यापन करने लगे । ७० अविलम्ब तापस वेष धारणकर भरत तथा संताप-युक्त शत्रुघ्न व्रतधारी बन-नंदिग्राम में चले गये । सेवक लोग बहुत ही प्रसन्न एवं आनन्दित हुए । सिंहासन पर पादुकाएँ रखी गयीं और उन्हें मन ही मन राम के चरण मानकर, सुगंधमय पुष्पों से उनकी आदरपूर्वक पूजा करते हुए दोनों भाई निकट ही सेवा तत्पर हो रहने लगे । (यहाँ) नाना मुनिजनों से सेवित मानव वीर तथा मनोहर राम ने अपने भ्राता एवं जानकी सहित थोड़े दिन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कलर्न्नु चिल दिनं चित्रकूटाचले वाणोरनन्तरं चित्ते निरूपिच्चु कण्टु रघुवरन्, मित्र वर्गङ्ङळयोद्ध्ययिल् निन्नु वन्नेत्तुमिविटे-यिरुन्नालिनियुटन् सत्वरं दण्डकारण्यत्तिनाय्क्कोण्टु बद्धमोदं गमिच्चीटुक वेण्टतुं। इत्थं विचार्य्य धरित्रीसुतयुमत्युत्तमनाय सौमित्रियुमाय्त्तदा ८० तत्याज चित्रकूटाचल राघवन् सत्य-संधन् नटकोण्टान् वनान्तरे। अत्रि तन्नाश्रमं पुक्कु मुनीन्द्रने भक्त्या नमस्करिच्चु रघुनाथनु— रामोहमद्य धन्योस्मि महामुने ! श्रीमल् पदं तव काणाय कारणं। साक्षाल् महाविष्णु नारायणन् परन् मोक्षदनेन्नतरिञ्ञु मुनीन्द्रनु पूजिच्चितर्घ्यं पाद्यादिकळ् कोण्टुतं राजीव लोचनं भातृभार्यान्वितं। चोल्लिनान् भूपाल नन्दनन्मारोटु चोल्लेळुमेन्नुटे पत्नियुण्टत्र केळ्; अत्रयुं वृद्ध, तपस्विनिमारिल् वच्चुत्तमयाय धर्म्मज्ञा तपोधना; पर्ण्ण शालान्तर् गृहे वसिक्कुन्नितु चेन्नु कण्टालुं जनक नृपात्मजे। अन्नतु केट्टु रामाज्ञया जानकि चेन्ननसूया पदङ्ङळ् वणङ्ङिनाळ्। वत्से ! वरिकरिके जनकात्मजे ! सल्संगमं जन्म साफल्यमोर्क्क नी। ९० वत्से पिटिच्चु चेर्त्तालिंगनं चेय्तु

सानन्द चित्रकूटाचल पर निवास किया। फिर उन्होंने मन ही मन सोच लिया कि अब यहाँ अधिक दिन तक निवास करने पर अयोध्या से मित्रवर्ग के आने की सम्भावना है, इसलिए तुरन्त ही सीधे दण्डकारण्य को चलना ही उचित होगा। यह सोचकर धरित्री-सुता तथा अत्युत्तम गुणवाले लक्ष्मण के साथ ८० —चित्रकूटाचल को त्यागकर सत्यप्रिय राघव वनान्तर में चलने लगे। अत्रि के आश्रम में पहुँचकर 'मैं राम हूँ ! हे महामुने ! आपके चरणों का दर्शन करके मैं अब धन्य हुआ' कहते हुए राम ने मुनीन्द्र को भक्तिपूर्ण मन से प्रणाम किया। राम को साक्षात् महाविष्णु, नारायण एवं मोक्षदात्ता परात्पर समझकर मुनि ने भ्राता एवं भार्या सहित राजीव-लोचन राम के पाद प्रक्षालन, अर्घ्य एवं पूजा की। भूपाल नन्दनों से (अत्रि ने) कहा कि मेरी वृद्धा पत्नी वहाँ (पर्णशाला के भीतर) है। वह तपस्विनियों में उत्तमा है तथा धर्मज्ञा एवं तपोधना है। हे जनक नृपात्मजे ! पर्णशाला के अन्दर बैठी मेरी पत्नी से जाकर मिलिए। यह सुनकर राम की आज्ञा लेकर जानकी ने अनुसूया के चरणों की वन्दना की। (अनुसूया ने कहा) वत्से ! हे जनकात्मजे ! नज़दीक आओ। सत्संग से जन्म को सफल होता हुआ समझ लो। ९० (फिर) मुनि पत्नी ने अत्यन्त प्रसन्न होकर पुत्री-सम जानकी को बलात् छाती से लगा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तत्स्वभावं तेंळिञ्ञु मुनि पत्नियुं। विश्वकर्म्माविनाल् निर्म्मितमायोरुविश्व विमोहनमाय दुकूलवुं कुण्डलवुमंगरागवुमेन्निव मण्डनार्त्थमनसूय नल्कीटि नाळ्। नन्नु पातिव्रत्यमाश्रित्य राघवन् तन्नोटु कूटे नी पोन्नतुमुत्तमं; कान्ति निनक्कु कुरयाय्कोरिक्कलुं शान्तनाकुं तव वल्लभन् तन्नोटुं चेन्नु महाराजधानियकं पुक्कु नन्नाय् सुखिच्चु सुचिरं वसिक्क नी ! इत्थमनुग्रहवुं कोटुत्तादराल् भर्त्तुरग्रेगमिक्केन्नयच्चीटिनाळ्। मृष्टमाय् मूवरेयुं भुजिप्पिच्चथ तुष्टिकलन्नु तपोधननत्रियुं श्रीरामनोटरुळ् चेय्तु भवानहो ! नारायणनायतेन्नतरिञ्ञेनहं। निन्महामाया जगत्त्रय वासिनां सम्मोहन कारिणियायतु निर्ण्णयं। १०० इत्तरमत्रिमुनीन्द्र वाक्यं केट्टु तत्र रात्रौ वसिच्चु रघुनाथनुं। देवनुमादेवियोटरुळ्च्चेय्तितेवमेन्नाळ् किळिप्पैतलक्कालमे। १०२

इत्यद्ध्यात्म रामायणे उमा-महेश्वर संवादे

॥ अयोद्ध्या काण्डं समाप्तं ॥

लिया और विश्वकर्मा से रचित विश्वविमोहक दुकूल, कुण्डल, अंगराग आदि उन्हें अलंकार के लिए दे दिये। (अनुसूया ने आशीर्वचन कहे) अपने पातिव्रत्य से प्रेरित हो राम के संग चलकर तुमने उत्तम कार्य किया। तुम्हारी दीप्ति कभी मन्द नहीं पड़ेगी। अपने शान्तचित्त पति के साथ महाराजधानी में पहुँचकर तुम चिरकाल तक सुखी रहो। इस प्रकार के आशीर्वाद देकर भर्ता के आगे-आगे चलने का उपदेश दिया। सन्तुष्ट चित्त हो अत्रि ने तीनों को मृष्टान्न भोजन खिलाया और प्रसन्न हो राम से कहा—"मैंने यह समझ लिया है कि आप नारायण हैं। आपकी महामाया ही निस्संदेह जगत्रय के जीवों को सम्मोहित किया करती है।" १०० मुनिवर अत्रि के ऐसे वचन सुनते हुए राम ने वहाँ रात्रि व्यतीत की। (कवि का कथन है) कि शुकी ने तब कहा कि देव (शिव) ने इस प्रकार देवी (पार्वती) को (रामकथा) सुनायी। १०२

अध्यात्म रामायण में उमा-महेश्वर संवाद रूप

॥ अयोध्या काण्ड समाप्त ॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अरण्य काण्डम्

॥ हरिः श्रीगणपतये नमः ॥

अविघ्नमस्तु

बालिके ! शुक कुल मौलि मालिके ! गुणशालिनी ! चारुशीले चॊल्लीटु मटियातॆ नील नीरदनिभन् निर्म्मलन् निरञ्जनन् नीलनीरदलोचनन् नारायणन् नील लोहित सेव्यन् निष्कळन् नित्यन् परन् कालदेशानुरूपन् कारुण्यनिलयनन् पालन परायणन् परमात्मावु तन्ट्रे लीलकळ् केट्टाल् मतियाकयिल्लॊरिक्कलुं । श्रीरामचरितङ्ङळतिलुं विशेषिच्चु सारमायॊरु मुक्ति साधनं रसायनं । भारती गुणं तव परमामृतमल्लो पारातॆ पऱकॆन्नु केट्टु पैङ्किळि चॊन्नाळ्-- फाललोचनन् परमेश्वरन् पशुपति बालशीतांशु मौलिभगवान् परापरन् प्रालेयाचल मकळोटरुळ् चॆय्तीटिनान् बालिके ! केट्टुकॊळ्क पार्वती ! भक्तप्रिये ! रामनां परमात्मावानन्दरूपनात्मा रामनद्वयनेकनव्ययनभिरामन् अत्रि तापसप्रवराश्रमे मुनियुमायॆत्रयुं सुखिच्चु वाणीटिनानॊरु दिनं । १०

॥ हरिः श्रीगणपतये नमः ॥

अविघ्नमस्तु

गुणी एवं चारुशीलयुक्त तथा शुककुल के लिए सिरमौर बनकर रहनेवाली हे प्रिय शुकी ! तुम (रामकथा का शेष अंश) निर्विघ्न बोलो। नील नीरद के समान (रंगवाले), निर्मल, निरंजन, नीर नीरद के समान नील नेत्रवाले जो नारायण हैं, जो नील लोहित (शिव) से सेव्य, निष्कल, नित्य, अलौकिक, कालदेशानुरूप, कारुण्यनिलय, (भक्तों के) पालन-पोषण में परायण, परमात्मा हैं, उनकी लीलाएँ कितनी भी सुने, कभी संतृप्ति नहीं होती। उसमें भी श्रीरामचन्द्र जी का चरित विशेषकर सारपूर्ण, मुक्ति का साधन स्वरूप एवं रसायन है। तुम्हारा वाग्विलास परम मधुर अमृतोपम है, तुम उनका गुणगान करो। यह (आग्रह) सुनकर शुकी ने कहा कि फाललोचन, परमेश्वर, पशुपति एवं मौलि पर बालशीतांशु को धारण करनेवाले परात्पर भगवान ने प्रालेयाचल (हिमवान) पुत्री को बताया—हे बालिके ! हे पार्वती ! हे भक्तप्रिये ! तुम सुनो। राम नाम से प्रसिद्ध परमात्मा आनन्द स्वरूप आत्मा हैं। राम अद्वय, एक, अव्यय, अभिराम हैं। उन्होंने एक दिन अत्रि के तापसाश्रम में मुनि के साथ अत्यन्त सुखपूर्वक जीवन बिताया। १०

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

महारण्य प्रवेशं

प्रत्युषस्युत्थाय तन् नित्य कर्म्मवुं चेय्तु नत्वा तापसं महाप्रस्थानमारंभिच्चान् । पुण्डरीकोत्भवेष्ट पुत्र ! ञङ्ङळ्क्कु मुनि मण्डल मण्डितमां दण्डकारण्यत्तिनु दण्डमेन्निये पोवानाय- नुग्रहिक्कणं पण्डित श्रेष्ठ ! करुणानिधे ! तपोनिधे ! ञङ्ङळे- प्पेरुवऴि कूट्टणमतिनिप्पोऴिङ्ङु निन्नयक्कणं शिष्यरिल् चिलरेयुं । इङ्ङने राम वाक्यमत्रिमामुनि केट्टु तिङ्ङीटुं कौतूहलं पूण्टुटनरुळ् चेय्तु— नेरुळ्ळ मार्ग्गं भवानेवक्कुं काट्टीटुन्नितारुळ्ळहो ! तवन्नेर्वऴि काट्टीटुवान् । अङ्किलुं जगदनुकारियां निनक्कोरु सङ्कटं वेण्टा वऴि काट्टीटुं शिष्यरेल्लां । चेल्लुविन् निङ्ङळ् मुम्पिल् नटक्केन्नवरोटु चोल्लिमामुनितानुमोट्टु पिन्नाले चेन्नान् । अन्नेरं तिरिञ्ञु निन्नरुळिच्चेय्तु मुनि तन्नोटु रामचन्द्रन् वन्दिच्चु भक्ति पूर्वं— निन्तिरुवटि कनिञ्ञङ्ङेऴु- न्नळ्ळीटणमन्तिके शिष्यजनमुण्टल्लो वऴिक्कुमे । १० ॲन्नु केट्टाशीर्वादं चेय्तुटन् मन्दमन्दं चेन्नु तन् पर्ण्णशालं पुक्करुळिनान् । पिन्नेयुं क्रोशमात्रं नटन्नारवरप्पोळ् मुन्निला-

---

महारण्य में प्रवेश

अत्यन्त प्रातःकाल में उठकर अपने नित्य कर्मों से निवृत्त हो तथा तापस को प्रणाम करके (राम ने) महाप्रस्थान आरम्भ किया। (उन्होंने अत्रि से प्रार्थना की) हे पुण्डरीकोद्भव के प्रिय पुत्र ! हमें मुनिमण्डलों से मंडित दण्डकारण्य को बिना किसी कठिनाई के जाने का अनुग्रह प्रदान कीजिए। हे पंडित श्रेष्ठ ! हे करुणानिधि ! हे तपोनिधि ! हमें सीधा मार्ग दिखा देने के लिए अभी शिष्यों में से कुछ लोगों को भिजवा दीजिएगा। इस प्रकार के राम के वचन सुनकर तपस्वी श्रेष्ठ अत्रि ने उमड़ते आनन्द के साथ कहा—सबको सही मार्ग दिखा देनेवाले आपको सीधा मार्ग दिखाने की किसमें सामर्थ्य है ? फिर भी संसार का अनुसरण करनेवाले आपको कोई कष्ट न होने पाये, इसके लिए मेरे शिष्य लोग आपको मार्ग दिखा देंगे। शिष्यों से यह कहकर कि तुम लोग आगे-आगे चलो, मुनि भी ज़रा पीछे-पीछे चलने लगे। तब पीछे मुड़कर श्रीराम- चन्द्र जी ने भक्ति पूर्वक वन्दना करते हुए कहा कि आप कृपा करके (पर्णशाला के) अन्दर चले जाएँ, रास्ता दिखाने के लिए शिष्यगण तो हैं ही। १० यह सुनकर (मुनि) आशीर्वाद देकर धीरे-धीरे पर्णशाला के भीतर चले गये। फिर क्रोशमात्र (एक चौथाई योजन) चलने पर उन्हें

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विमुग्ध हो भक्तिपूर्वक रामचन्द्र की प्रदक्षिणा ली और भूमि पर पड़ तीन बार साष्टांग प्रणाम करके वह हाथ जोड़कर खड़ा हो गया तथा पुलकावली भरता हुआ एवं कोमल पदों से युक्त गद्गदवाणी में (राम की) स्तुति करने लगा—हे भगवान्, भले ही आपका तत्व कोई चिन्तन-मनन के उपरान्त भी जान नहीं सकता, तो भी अपने अज्ञानरूपी अन्धत्व और महामोह के कारण आपकी स्तुति करते रहने की इच्छा होती है। आदि और अन्तरहित परब्रह्म अन्तरात्मा में सदा प्रकाशित होते रहें। अन्धकार मिटकर आनन्द प्राप्त हो तथा (संसार) का बन्धन शिथिल कर मोक्ष प्रदान करें। आपका अव्यक्त एवं अतिसूक्ष्म विलक्षण अद्वय रूप आज स्पष्ट शरीर के साथ मेरे सामने सुव्यक्त हो गया। यह प्रत्यक्ष आपका रूप ही सत्य है, शेष सब दृश्य जड़ है अज्ञानियों के लिए आपका यह रूप अग्राह्य है। ५० —मानस व्यतिरेकवाले (अज्ञानी लोग) सदा जाग्रत परमात्मा तथा ब्रह्मानन्द का पता कैसे प्राप्त कर सकेंगे! बुद्धि को भासित होनेवाले ऐक्यमय जीवन, बुद्धि आदि के लिए साक्षी स्वरूप जो है वह निश्चित ही ब्रह्म है। यह ब्रह्म निर्विकार, निखिलात्मा, नित्य एवं विकाररहित है। अज्ञान से उत्पन्न मोह के वश में पड़कर लोक तेजोमय सूक्ष्मदेही हिरणमय विराट पुरुष में स्थूल की कल्पना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हेतु नामहत्तत्त्वाद्यावृतस्थूल देहे ब्रह्माण्ड कोशे विराट् पुरुषे काणाकुन्नु सन्मयमेन्न पोले लोकङ्ङळ् पतिन्नालुं। तुंगनां विराट पुमानाकिय भगवान् तन्नंगङ्ङळल्लो पतिन्नालु लोकवुं नून। पाताळं पादमूलं पार्ष्णिकळ् महातलं नाथ ! तेगुल्फं रसातलवुं तलातलं चटरुजानुक्कळल्लो सुतलं रघुपते ! ऊरु-काण्डङ्ङळ् तव वितलमतलवुं। ६० जघनं महीतलं नाभिते-नभः स्थलं रघुनाथोरः स्थल.मायतु सुरलोकं; कण्ठदेशं ते महर्ल्लोकमेन्नरियणं तुण्डमायतु जनलोकमेन्नतु नूनं। शंख-देश ते तपोलोकमङ्ङतिन्मीते पङ्कजयोनिवासमाकिय सत्यलोकं; उत्तमांगं ते पुरुषोत्तम ! जगल्प्रभो ! सत्तामात्रक ! मेघ-जालङ्ङळ् केशङ्ङळुं; शक्रादिलोक पालन्मारेल्लां भुजङ्ङळ् ते दिक्कुकळ् कर्ण्णङ्ङळुमश्विकळ् नासिकयुं; वक्त्रमायतु वह्नि नेत्र मादित्यन् तन्ने चित्रमेत्रयुं मनस्सायतु चन्द्रनल्लो; भ्रूभंग-मल्लो कालं बुद्धि वाक्पतियल्लो कोपकारणमहङ्कारमायतु-रुद्रन्; वाक्केल्लां छन्दस्सुकळ् दंष्ट्रकळ् यमनल्लो नक्षत्र पंक्तियल्लो द्विज पंक्तिकळेल्लां; हासमायतु मोहकारिणि

करता है। यह (विराट पुरुष) योगीन्द्र लोगों के लिए अपनी भावना का विषय है और केवल स्वरूप में वे (योगी लोग) सारे जगत को देखते हैं। विराट पुरुष के ब्रह्माण्ड कोश में भूत, भविष्य, वर्तमान, हेतु, नाम, अहन्ता आदि तत्वों से आवृत्त स्थूल देहयुक्त चौदहों भुवन सत् रूप में प्रतिबिंबित हैं। उन्नत विराट् पुरुष भगवान के अंग ही ये चौदह लोक हैं। हे नाथ ! पाताल आपके पादमूल हैं, महातल तलवे हैं, आपका गुल्फ ही रसातल है। हे रघुपति ! तलातल और सुतल ही आपकी जानुएं हैं। वितल और अतल ऊरु हैं। ६० —महीतल आपका जघन और आपकी नाभी ही नभस्थल है, सुरलोक ही नीचे का तल है, महर्लोक ही कंठदेश समझना चाहिए और तुण्ड ही जनलोक है। शंखदेश ही तपोलोक है और उसके ऊपर का पंकजयोनि (ब्रह्मा) का वासस्थान सत्यलोक आपका उत्तमांग है। हे पुरुषोत्तम !, हे जगत के स्वामी ! हे सत्तामात्र ! मेघजाल ही आपके केशजाल हैं। शक्र आदि लोक-पालक आपकी भुजाएं हैं, दिशाएँ ही आपके कान हैं; अश्विनीकुमार नासिका हैं। वह्नि ही मुख, आदित्य ही नेत्र हैं। विचित्र ही विचित्र है ! चंद्रमा तो मन है, आपका भ्रूभंग ही काल है और आपकी बुद्धि ही वाक्पति है। कोप के लिए कारणभूत अहंकार ही रुद्र हैं। आपके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

महामाया वासनासृष्टिस्तवापांगमोक्षणमल्लो । धर्म्मं निन् पुरोभागमधर्म्मं पृष्ठभागं उन्मेषनिमेषङ्ङळ् दिनरात्रिकळल्लो; ७० सप्तसागरङ्ङळ् त्रिन् कुक्षिदेशङ्ङळल्लो सप्तमारुतन्मारुं निश्वासगणमल्लो; नदिकळेल्लां तव नाडिकळाकुन्नतु पृथिवीधरङ्ङळ् पोलस्थिकळाकुन्नुतुं; वृष्टियायतुं तव रेतस्सेन्नरियणं पुष्टमां महीपते ! केवलज्ञानशक्ति स्थूल मायुळ्ळ विराट् पुरुष रूपं तव काले नित्यवुं ध्यानिक्कुन्नवनुण्टां मुक्ति। त्रिन्तिरुवटियॊळ्ळिञ्ञल्ल किञ्चन वस्तु सन्ततमीदृग्रूपं चिन्तिच्चु वणङ्ङुन्नेन् । इक्काल मतिल्क्काळुं मुख्यमायिरिप्पॊन्नितिक्काणाकिय रूपमेप्पोळुं तोन्नीटणं : तापस वेषं धरावल्लभं शान्ताकारं चापेषुकरं जटा वल्कल विभूषणं; कानने विचिन्वन्तं जानकीं सलक्ष्मणं मानव श्रेष्ठं मनोज्ञं मनोभव समं । मानसे वसिप्पतिन्नालयं चिन्तिक्कुन्नेन् भानुवंशोद्भूतनां भगवन् नमोनमः । सर्वज्ञन् महेश्वरनीश्वरन् महादेवन् शर्वनव्ययन् परमेश्वरियोटुं कूटि । ८० त्रिन्तिरुवटियेयुं ध्यानिच्चु कौण्टु काश्यां सन्ततमिरुन्नरुळीटुन्नु मुक्त्यार्थमाय् । तत्रैव मुमुक्षु-

---

शब्द ही छन्दस् हैं। आपकी दंष्ट्रा ही यमधर्म है। नक्षत्रपंक्ति ही द्विज (दाँत) पंक्ति हैं। आपका हास ही मोहकारिणी महामाया है। आपके अपांग वीक्षण ही जीवों के पुनर्जन्म सस्कार हैं। धर्म आपका पुरोभाग और अधर्म पृष्ठभाग हैं; उन्मेष-निमेष ही दिन-रात हैं। ७० —सप्त सागर ही आपके कुक्षि प्रदेश हैं और सप्त मारुत आपके निश्वास हैं। नदियाँ तो आपकी नाड़ियाँ हैं और पर्वत आपकी अस्थियाँ हैं। आपका रेतस ही वृष्टि समझनी चाहिए। हे पुष्ट स्वामी ! आप केवल ज्ञानशक्ति हैं। आपके इस स्थूल विराट रूप का अनुचिंतन करनेवाले को मुक्ति प्राप्त होती है। आपको छोड़ कोई किंचित् वस्तु कहीं नहीं है। मैं सदा आपके इस रूप का ध्यानपूर्वक प्रणाम करता हूं। इस समय उस रूप से भी मुख्य जो रूप प्रत्यक्ष दिखाई दिया, वह सदा मेरे ध्यान में आये। हे सूर्यवंश में उद्भूत भगवान ! तापस-वेष, शान्त-स्वरूप, हाथ में धनुष, जटा-वल्कल विभूषित शरीर—इस प्रकार जानकी-लक्ष्मण समन्वित हो वन में भ्रमण करते मानव श्रेष्ठ, मनोभव (काम) सम आपका मनोज्ञ रूप सदा मेरे मनरूपी आलय में वास करे, यही मेरी प्रार्थना है और आपको मेरा नमस्कार है, नमस्कार है। सर्वज्ञ, महेश्वर, ईश्वर, महादेव, शर्व, अव्यय अपनी परमेश्वरी सहित। ८० —सन्तत आपके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

क्कळायुळ्ळ जनङ्ङळ्क्कु तत्त्व बोधार्त्थं नित्यं तारक ब्रह्म-वाक्यं राम रामेति कनिञ्ञुपदेशवुं नल्कि सोमनां नाथन् वसिच्चीटुन्नु सदा कालं। परमात्मावु परब्रह्मं निन्तिरुवटि परमेश्वरनायतरिञ्ञु वळ्ळिपोलें। मूढन्मार् भवत्तत्त्वमेङ्ङनें-यरियुन्नु मूटिप्पोकयाल् महामाया मोहान्धकारे। रामभद्राय परमात्मने नमो नमो रामचन्द्राय जगल्साक्षिणे नमोनमः। पाहिमां जगन्नाथ ! परमानंद रूप ! पाहि सौमित्रि सेव्य ! पाहिमां दयानिधे ! निन्महामाया देवियेंन्ने मोहिप्पिच्चीटाय्कंबुज विलोचन ! सन्ततं नमस्कारं। इत्थमर्त्थिच्चु भक्त्या स्तु-तिच्च गन्धर्वनोटुत्तम पुरुषनां देवनुमरुळ् चेय्तु : सन्तुष्टनायेन् तव स्तुत्या निश्चल भक्त्या गन्धर्व श्रेष्ठ ! भवान्मल् पदं प्राप्पिच्चयालुं। ९० स्थानं मे सनातनं योगीन्द्र गम्यं परमानन्दं प्रापिक्क नी मल् प्रसादत्तालेंटो ! अल्लयुमल्ल पुन-रोंन्ननुग्रहिप्पन् ञानि स्तोत्रं भक्त्या जपिच्चीटुन्न जनङ्ङळ्क्कुं मुक्तिसंभविच्चीटु मिल्लसंशयमेतुं भक्तनां निनक्कधःपतन मिनिवरा। ९३

ध्यान में निरत हो मुक्तिलाभ के लिए काशी में निवास करते हैं। लोगों को तत्वबोधार्थ 'राम राम' के तारक ब्रह्मवाक्य का नित्य कृपापूर्वक उपदेश देते हुए सोमनाथ सदाकाल वहाँ वास करते हैं। मूढ़ लोग महामायारूपी अंधकार से आवृत्त होने से आप परमात्मा, परब्रह्म एवं परमेश्वर को ठीक प्रकार से कैसे पहचान सकेंगे ? श्रीरामचन्द्ररूपी परमात्मा को (मेरा) नमस्कार है, जगत् के लिए साक्षी स्वरूप रामचन्द्र को नमस्कार है, नमस्कार है। हे जगन्नाथ ! मेरी रक्षा करें, हे, परमानंद रूप ! हे सौमित्र सेव्य ! रक्षा करें। हे दयानिधि ! मेरी रक्षा करें ! (दयानिधि ! मेरी रक्षा करें।) हे अंब्रुजलोचन ! आपकी महामायादेवी मुझे मोहित न करने पाए ! इसके लिए निरंतर (आपको) प्रणाम करता हूँ। इस प्रकार की अभ्यर्थना करते हुए भक्तिपूर्वक स्तुति-गान करते गन्धर्व से उत्तम पुरुष भगवान ने कहा—हे गन्धर्व श्रेष्ठ ! आपकी स्तुति तथा निश्चल भक्ति से मैं सन्तुष्ट हुआ हूँ। आप मेरे धाम को प्राप्त करें। ९० —मेरा धाम सनातन है और योगीन्द्रों के लिए गम्य है, मेरी कृपा से आप उसे प्राप्त कीजिए। यही नहीं मैं आपको एक और वर देता हूँ कि जो जन यह स्तोत्र निरंतर जपते हैं वे भी निस्संदेह मुक्ति सिद्ध करेंगे और आप भक्त का आगे कभी पतन नहीं होगा। ९३

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शबर्य्याश्रम प्रवेशं

इङ्ङने वरं वाङ्ङिक्कोण्टु गन्धर्वश्रेष्ठन् मंगलं वरुवानाय् तोऴुतु चोल्लीटिनान्— मुम्पिलामारु काणां मतंगाश्रमं तत्र सम्प्रति वसिक्कुन्नु शबरी तपस्विनि। त्वत्पादांबुज भक्ति कोण्टेटं पवित्रयायेप्पोऴुं भवानेयुं ध्यानिच्चु विमुक्तयाय्। अवळेच्चेन्नु कण्टाल् वृत्तान्तं चोल्लुमवळवनीसुततन्ने लभिक्कुं निङ्ङळ्क्केन्नाल्। गन्धर्वनेवं चोल्लि मरञ्ञोरनन्तरं सन्तुष्ट-न्मारायोरु रामलक्ष्मणन्मारुं घोरमा वनत्तूटे मन्द मन्दं पोय्चेन्नु चारुतपूण्ट शबर्य्याश्रममकं पुक्कार्। संभ्रमत्तोटुं प्रत्युत्थाय तापसि भक्त्या सम्पदिच्चितु पादांभोरुह युगत्तिङ्कल्। सन्तोष पूर्णाश्रु नेत्रङ्ङळोटवळुमानन्दमुळ्क्कोण्टु पादार्घ्यासनादिकळाले पूजिच्चु तत्पाद तीर्थाभिषेकवुं चेय्तु भोजनत्तिन्नु फल-मूलङ्ङळ् नल्कीटिनाळ्। पूजयुं परिग्रहिच्चानन्दिच्चिरुन्नितु राजीव नेत्रन्मारां राजनन्दनन्मारुं। १० अन्नेरं भक्ति पूण्टु तोऴुतु चोन्नाळवळ् धन्ययाय्वन्नेनहमिन्नु पुण्यातिरेकाल्।

शबरी के आश्रम में प्रवेश

यह वर प्राप्त करने के उपरान्त गन्धर्व श्रेष्ठ ने मंगलकामना से प्रेरित हो हाथ जोड़कर कहा कि आगे मातंग आश्रम दिखाई देगा जहाँ अब तपस्विनी शबरी निवास करती है। आपके श्रीचरणों पर असीम भक्ति के कारण वह अत्यन्त पवित्र बनी हुई है और संसार से विमुक्त वह आपके ध्यान में तल्लीन है। उससे मिलने पर वह (सीता सम्बन्धी) सारा हाल कह सुनायेगी और आपको सीता लभ्य होगी। यह कह गन्धर्व के अदृश्य हो जाने पर सन्तुष्ट चित्त राम-लक्ष्मण घोर कानन मार्ग से मंद-मंद चलते हुए शबरी के आश्रम में पहुँचे। आश्चर्यचकित तापसी तुरन्त खड़ी हो गयी और भक्ति से (राम के) युगल चरण-कमलों पर गिर पडी। आनन्दाश्रु से पूर्ण नेत्रवाली उसने आनन्द से अर्घ्य, आसन आदि देकर उनका स्वागत किया और (राम के) पादतीर्थ से अपने को अभिषिक्त करके उन्हें खाने के लिए फल-मूल दिये। राजीव-नेत्र राजकुमार उसका सत्कार स्वीकार करके प्रसन्नतापूर्वक बैठे रहे। १० तब उसने भक्ति से परिप्लावित हो हाथ जोड़ प्रणाम करते हुए कहा— अपने अत्यधिक पुण्य से आज मैं धन्य हो गयी हूँ। मेरे गुरुवर मुनि-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ॲन्नुटे गुरुभूतन्माराय मुनिजनं निन्नेयुं पूजिच्चनेकायिरत्ताण्टु वाणार्। अन्नु ञानवरेयुं शुश्रूषिच्चिरुन्निन्नु पिन्नेप्पोय् ब्रह्मपद प्रापिच्चारवर्कळुं। ॲन्नोटु चोन्नारवरेतु मे खेदियाते धन्ये ! नी वसिच्चालुमिविटेत्तन्ने नित्यं। पन्नगशायि परन् पुरुषन् परमात्मा वन्नवतरिच्चितु राक्षसवधार्त्थमाय्। नम्मेयुं धर्म्मत्तेयुं रक्षिच्चु कोळ्वानिप्पोळ् निर्म्मलन् चित्रकूटत्तिल् वन्निरिक्कुन्नु। वन्नीटुमिविटेक्कु राघवनेन्नालवन् तन्नेयुं कण्टु देहत्यागवुं चेय्तालुं नी। वन्निटुमेन्नाल् मोक्षं निनक्कुमेन्नु नूनं वन्नितव्वण्णं गुरुभाषितं सत्यमल्लो। निन्तिरुवटियुटे वरवुं पार्त्तु पार्त्तु निन्तिरुवटियेयुं ध्यानिच्चु वसिच्चु ञान्। श्रीपादं कण्टु कोळ्-वान् मद्गुरुभूतन्मारां तापसन्मार्क्कु पोलुं योगं वन्नीलयल्लो। २० ज्ञानमिल्लात्त हीन जातियिलुळ्ळ मूढ ञानतिनोट्टुमधिकारिणि-यल्लयल्लो। वाङ्मनो विषयमल्लातोरु भवद्रूपं काण्मानुमव-काशं वन्नतु महाभाग्यं। तृक्कळलिण कूप्पिस्तुतिच्चु कोळ्वानु मिङ्ङुळ्ळकमलत्तिलरियप्पोका दयानिधे ! राघवनतु केट्टु शबरियोटु चोन्नानाकुलं कूटाते ञान् परयुन्नतु केळ् नी : पूरुष

जन आपकी पूजा करते हुए हजारों वर्ष तक यहीं रहे, तब मैं उनकी सेवा करती रही। फिर उन लोगों ने जाकर ब्रह्मपद को प्राप्त किया। उन्होंने मुझसे कहा था—हे धन्ये ! तुम किसी भी प्रकार की खिन्नता त्यागकर सदा यहीं रहो। पन्नगशायी अलौकिक पुरुष परमात्मा ने हमारी तथा धर्म की रक्षा करने हेतु राक्षसों का वध करने के लिए अवतार ले लिया है। वे निर्मल (पुरुष) इस समय चित्रकूट में पहुँच गये हैं। वे राम यहाँ भी आ जाएँगे और तब उनका दर्शन करके तुम प्राण-त्याग कर लो। तब तुम्हें मोक्ष सुलभ होगा। इस प्रकार के गुरुजनों के वचन आज सत्य निकले। मैं (तब से) आपके आगमन की प्रतीक्षा करती हुई तथा आपका ध्यान करती हुई आ रही हूँ। आपके श्रीचरणों के दर्शन का सौभाग्य मेरे गुरुजनों तक को प्राप्त नहीं हुआ। २० —मैं हीनजन्मा तथा अज्ञानी मूर्खा उसके लिए बिलकुल अधिकारिणी नहीं हूँ। मन एवं वचन के लिए अगोचर एवं अप्राप्य आपका रूप-दर्शन करने का अवसर मिला, जो महाभाग्य ही है। हे दयानिधि ! आपके श्रीचरणों पर प्रणाम एवं स्तुति करने का तरीका भी मुझे ज्ञात नहीं है। यह सुनकर राम ने कहा कि निराकुल भाव से तुम मेरा कथन सुनो। इस त्रिलोक में पुरुष, स्त्री आदि जातियाँ तथा विविध आश्रम

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

स्त्री जाति नामाश्रमादिकळल्ल कारणं मम भजनत्तिनु जगत्-
त्रये। भक्तियोन्नोळिञ्ञु मट्टिल्ल कारणमेतुं मुक्ति वन्नीटुवानु-
मिल्ल मट्टेतुमोन्नु। तीर्थ स्नानादि तपोदानवेदाद्ध्ययन
क्षेत्रोपवास यागाद्यखिल कर्म्मङ्ङळाल् ओन्निनालोरुत्तनुं कण्टु
किट्टुकयिल्ल ऎन्नेमद्भक्तियोळिञ्ञोन्नु कोण्टोरुन्नाळुं। भक्तिं
साधनं संक्षेपिच्चु ञान् चोल्लीटुवनुत्तमे! केट्टु कोळ्क
मुक्तिवन्नीटुवानाय्। मुख्य साधनमल्लो सज्जन संगं पिन्ने
मल्कथालापं रण्टां साधनं मून्नामतुं। ३० मद्गुणेरणं पिन्ने
मद्वचोव्याख्यातृत्वं मल्कलाजाताचार्योपासनमञ्चामतुं। पुण्य-
शीलत्वं यम नियमादिकळोटुमेन्ने मुट्टाते पूजिक्कॆन्नुळ्ळतारामतुं;
मन्मन्त्रोपासकत्वमेळामतेंट्टामतुं मंगलशीले! केट्टु धरिच्चु
कोळ्ळेणं नी। सर्वभूतङ्ङळिलुं मन्मतियुण्टाकयुं सर्वदा
मत्भक्तन्मारिल् परमास्तिक्यवुं, सर्वबाह्यार्थङ्ङळिल् वैराग्यं
भविक्कयुं सर्वलोकात्मा ञानॆन्नेप्पोळुमुळ्ळक्कयुं, मत्तत्त्व विचारं
केळॊम्पतामतु भद्रे! चित्तशुद्धियक्कु मूलमादि साधनं नूनं।
उक्तमायितु भक्ति साधनं नवविधं उत्तमे! भक्तिनित्यमाक्कुळ्ळु

मेरे भजन के साधन नहीं हैं। भक्ति के अतिरिक्त उसके लिए कोई दूसरा साधन नहीं है और मुक्ति के लिए भी दूसरा कोई साधन नहीं है। भक्ति को छोड़ अन्य तीर्थ-स्नान, तप, दान, वेदाध्ययन, मंदिर में उपवास, याग आदि नाना कर्मों में से किसी भी साधन से कोई मुझे प्राप्त नहीं कर पायेगा। (इसलिए) तुम्हारी मुक्ति के लिए मैं भक्ति के भेद संक्षेप में समझाता हूँ, तुम ध्यान से सुनो। मुख्य साधन सज्जन-संगति है, फिर दूसरा साधन मेरा कथालाप है और तीसरा। ३० —मेरे गुणों पर आस्था, फिर मेरे वचनों की व्याख्या करना और पाँचवाँ मेरे ज्ञानी आचार्यों की उपासना है। पुण्यशील बन यम-नियम आदि से निर्विघ्न मेरी पूजा करना छठा साधन है। सातवाँ मेरा नाम स्मरण है और आठवाँ हे मंगलशीले! तुम ध्यानपूर्वक सुन लो। सर्वभूतों में अनुराग, सर्वदा मेरे भक्तों के प्रति पूज्य भाव, सब बाहरी वस्तुओं के प्रति वैराग्य भावना, सर्वलोक में मेरी आत्मा का निवास मानकर सबके प्रति ममत्व भावना (आठवाँ है) और नवाँ सबका मूल एवं आदि साधन स्वरूप चित्तशुद्धि ही है। हे उत्तमशीले! मैंने नवधा भक्ति तुम्हें बतायी है और विचारपूर्वक देखा जाए तो यह नित्यभक्ति किसे प्राप्त है? हे वामलोचने! चाहे तिर्यक् योनिज हो, चाहे मूढात्मा नारी हो, चाहे पुरुष हो, प्रेमलक्षणा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विचारिच्चाल् । निर्य्यग्योनिजङ्ङळ्क्कॆन्नाकिलुं मूढमारां नारिकळ्क्कॆन्नाकिलुं पुरुषनॆन्नाकिलु प्रेमलक्षणयाय भक्ति संभविक्कुम्पोळ् वामलोचने ! मम तत्त्वानुभूतियुण्टां । तत्त्वानुभव सिद्धनायाल् मुक्तियुं वरुं तत्र जन्मनि मर्त्त्यनुत्तम तपोधने ! ४० आकयाल् मोक्षत्तिनु कारणं भक्ति तन्ने भागवताढ्ये ! भगवल् प्रिये ! मुनिप्रिये ! भक्तियुण्टाक कॊण्टु काणाय्वन्नितु तव मुक्तियुमटुत्तितु निनक्कु तपोधने ! जानकी मार्ग्गमरिञ्ञीटिल् नी परयणं केनवानीता सीतामल् प्रिया मनोहरि । राघव वाक्यमेवं केट्टोरु शबरियुमाकुलमकलुवानादरालरुळ् चॆय्ताळ्— सर्व्वुमरिञ्ञिरिक्कुन्न निन्तिरुवटि सर्वज्ञनॆन्नाकिलुं लोकानुसरणार्त्थं चोदिच्चमूलं परञ्ञीटुवन् सीतादेवि खेदिच्चु लङ्कापुरि तन्निल् वाळुन्नु नूनं । कॊण्टु पोयतु दशकण्ठनॆन्नरिञ्ञालुं कण्टितु दिव्यदृशातण्डलर्मकळॆ ञान् । मुम्पिलाम्मारु कुरञ्ञॊन्नु तॆक्कोट्टु चॆन्नाल् पम्पयां सरसिनॆक्काणां तल् पुरोभागे पश्य पर्वतवरमृश्यमूकाख्यं तत्र विश्वसिच्चिरिक्कुन्नु सुग्रीवन् कपिश्रेष्ठन् बालियॆप्पेटिच्चु सङ्केतमायनुदिनं बालिक्कु मुनिशापं पेटिच्चु चॆन्नुकूटा । ५० नालु मन्त्रिकळोटुं कूटॆ

भक्ति के उद्भूत होने पर उसमें मेरे तत्वों की अनुभूति उत्पन्न होगी और तत्वानुभूति के सिद्ध होने पर हे उत्तम तपोधने ! मर्त्य को इस जन्म में ही मुक्ति प्राप्त होगी । ४० —हे भगवती ! हे भगवद्प्रिये ! हे मुनिप्रिये ! इसलिए मोक्ष का साधन भक्ति है । हे तपोधने ! भक्तियुक्त होने से तुम (मेरा) दर्शन कर सकी और तुम्हारी मुक्ति भी निकट आ गयी है । तुम्हें अगर ज्ञात है तो कृपया बता दो, मेरी प्रिया मनोहरी सीता को कौन किस मार्ग से ले गया है । राम का वचन सुनकर उनकी आकुलता दूर करने के विचार से शबरी ने कहा—सर्वज्ञ भगवान ने सर्वज्ञ होते हुए भी लोकानुसरणार्थ यह प्रश्न किया, इसलिए उत्तर देती हूं । सीता निश्चय ही विरहार्ता हो लंकापुरी में वास कर रही हैं और उन्हें ले जानेवाला दशकंठ ही है, यह जान लीजिए । मैंने दिव्य दृष्टि से साक्षात् लक्ष्मी को देखा है । थोड़ा आगे दक्षिण दिशा की ओर चलने पर पम्पा सरोवर देख सकेंगे और उसके आगे ऋष्यमूक नाम से प्रसिद्ध पर्वतराज को आप देख पाएँगे, जिसे वालि से भयभीत कपिश्रेष्ठ सुग्रीव ने विश्वासपूर्वक अपने चार मन्त्रियों सहित अपना निवास-स्थान बना रखा है क्योंकि मुनिशापवश वालि वहाँ नहीं पहुँच सकेगा । ५० —हे सूर्यवंशी भगवान !

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मार्त्ताण्डात्मजन् पालनं चेय्कभवानवने वह्निपोले। सख्यवुं चेय्तु कोळ्क सुग्रीवन् तन्नोटेल्लाल्दुःखङ्ङळेल्लां तीर्न्नुकार्य्यवुं साधिच्चीटुं। ऍङ्किल् आनग्नि प्रवेशं चेय्तु भवल् पाद पङ्कजत्तोटु चेर्न्नु कोळ्ळुवान् तुटङ्ङुन्नु। पार्क्कणं मुहूर्त्तं मात्रं भवान-त्रैवमे तीर्क्कणं मायाकृत बन्धनं दयानिधे! भक्ति पूण्टित्थ-मुक्त्वा देहत्यागवुं चेय्तु मुक्तियुं सिद्धिच्चितु शबरिक्कतु कालं। भक्तवत्सलन् प्रसादिक्किलिन्नवर्क्केन्निल्लेत्तीटुं मुक्ति नीच जाति-कळ्क्केन्नाकिलुं। पुष्करनेत्रन् प्रसादिक्किलो जन्तुक्कळ्क्कु दुष्करमायिट्टोन्नुमिल्लेन्नु धरिक्कणं। श्रीरामभक्ति तन्ने मुक्तियें सिद्धिप्पिक्कुं श्रीराम पादांभोजं सेविच्चु कोळ्क नित्यं। ओरोरो मन्त्र तन्त्र ध्यानकर्म्मादिकळुं दूरेस्सन्त्यजिच्चु तन् गुरुनाथो-पदेशाल् श्रीरामचन्द्रन् तन्ने ध्यानिच्चु कोळ्क नित्यं श्रीराम मन्त्रं जपिच्चीटुक सदाकालं। ६० श्रीरामचन्द्र कथकेळ्क्कयुं चोल्लुकयुं श्रीरामभक्तन्मारेप्पूजिच्चु कोळ्ळुकवुं श्रीराममयं जगत्सर्वमेन्नुरय्क्कुम्पोळ् श्रीरामचन्द्रन् तन्नोटैक्ययुं प्रापिच्चीटां। राम रामेति जपिच्चीटुक सदाकालं भामिनी भद्रे! परमेश्वरी!

आप यथायोग्य उसकी रक्षा करें। आप सुग्रीव से सख्य कर लें तो सारे दुःख दूर हो जाएंगे और कार्य भी सिद्ध होगा। तो फिर मैं अग्नि-प्रवेश करके आपके पाद-पंकजों में विलीन होने का उपक्रम करती हूँ। आप पल भर के लिए वहाँ विराजमान हो देखते रहिये। हे दयानिधि! आप (मेरे) मायाकृत बंधन तोड़ लीजिए। भक्तिपूर्वक इस प्रकार कहकर शबरी ने देह-त्याग किया और उसे तुरन्त ही मुक्ति प्राप्त हुई। भक्तवत्सल के प्रसाद से किसी भी जाति के व्यक्ति को मुक्ति लभ्य हो सकती है, चाहे वह व्यक्ति नीच जाति का ही क्यों न हो। पुष्कर नेत्र की कृपा हो तो प्राणियों के लिए दुष्कर कोई भी कार्य नहीं, यह समझना चाहिए। श्रीरामके प्रति भक्ति ही मुक्ति प्रदायिनी है, इसलिए (हे मनुष्य) तुम नित्य श्रीराम जी के चरण-कमलों की सेवा करो। नाना प्रकार के मन्त्र, तन्त्र, ध्यान, कर्म तथा एकान्त संन्यास सबको दूरकर अपने गुरुनाथ के उपदेशानुसार नित्य श्रीरामचन्द्रजी का ध्यान करो और नित्य श्रीरामचन्द्रजी का मन्त्र जपते जाओ। ६० —श्रीराम कथा-श्रवण, पारायण, श्रीराम-भक्तों की पूजा और सारे जगत को श्रीराममय समझने पर श्रीरामचन्द्र के प्रति ऐक्य भाव बढ़ता जाएगा। (शिवजी पार्वती को बता रहे हैं) हे भामिनी! हे भद्रे! हे परमेश्वरी! हे पद्मविलोचने! तुम सदाकाल 'राम-राम'

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पत्मेक्षणे ! इत्थमीश्वरन् परमेश्वरियोटु रामभद्र वृत्तान्तमरुळ् चॆय्ततु केट्टन्नेरं भक्तिकॊण्टेट्टं परवशयाय् श्रीरामङ्कल् चित्तवु-मुऱप्पिच्चु लयिच्चु रुद्राणियुं। पैङ्किळिप्पैतल् तानुं परमानन्दं पूण्टु शङ्करा ! जयिच्चरुळेन्निरुन्नरुळिनाळ्। ६६

इत्यद्ध्यात्म रामायणे उमा महेश्वर संवादे

॥ आरण्यकाण्डं समाप्तं ॥

जपती रहो। इस प्रकार जब परमेश्वर ने परमेश्वरी से राम की कथा कही तब उसे सुनकर भक्ति परवश हो रुद्राणी का मन श्रीराम पर केन्द्रित एवं तल्लीन हो उठा। शुकी ने परमानन्दपूर्वक कहा—'शंकर की जय हो।' ६६

॥ अरण्यकाण्ड समाप्त ॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

किष्किंधा काण्डम्

॥ हरिः श्री गणपतये नमः ॥

अविघ्नमस्तु

हनुमल् संगमम्

शारिकप्पैतले ! चारुशीले ! वरिकारोमले ! कथाशेषवुं चौल्लु नी । चौल्लुवनेङ्किलनंगारि शङ्करन् वल्लभयोटरुळ् चेय्त प्रकारङ्ङळ् । कल्याणशीलन् दशरथ सूनु कौसल्यातनयनवरजन् तन्नोटुं पम्पासरस्तटं लोक मनोहरं संप्राप्य विस्मयं पूण्टरुळीटिनान् । क्रोशमात्रं विशालं विशदामृतं क्लेशविनाशनं जन्तु पूर्ण स्थलं, उल्फुल्ल पत्मकल् हार कुमुद नीलोत्पल मण्डितं हंसकारण्डव षट्पद कोकिल कुक्कुट कोयष्टि सर्प्प सिंह व्याघ्र सूकर सेवितं; पुष्पलता परिवेष्टित पादप सलूफल सेवितं सन्तुष्ट जन्तुकं, कण्टु

॥ हरिः श्री गणपतये नमः ॥

अविघ्नमस्तु

(कवि शुकी से आग्रह करता है) हे सुशील एवं प्रिय शुक बालिके ! आओ और (रामायण की) आगे की कथा बोलो । (शुकी का कथन है) ऐसी बात है तो सुनिये, अनंगारि शिव ने अपनी प्रिया को जो कथा सुनायी, वह उसी प्रकार मैं कहती हूँ । कल्याणप्रद दाशरथी एवं कौसल्यापुत्र राम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ चलते हुए पम्पा सरोवर के तट पर पहुँचे और वहाँ की मनोहर प्राकृतिक सुषमा देख विस्मय विमुग्ध हो उठे । लगभग क्रोशमात्र विशाल, थकान दूर करनेवाला, स्फटिक सम स्वच्छ जल से परिपूर्ण सरोवर और उसमें विकसित पद्म, कलहार, कुमुद, नीलोत्पल (जैसे पुष्पविशेष) हंस, कारण्डव, षड्पद, कोकिल, कुक्कुट (जैसे पक्षियों का संचय) तथा आसपास के प्रदेश में सर्प, सिंह, व्याघ्र, सूकर आदि पशु, पुष्प-लताओं से परिवेष्टित एवं स्वादिष्ट फलों से युक्त वृक्ष आदि देखकर वे प्रसन्न हुए तथा जल-पान करके दाह बुझाकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कौतूहलं पूण्टु तण्णीर कुटिच्चिण्टलुं तीर्त्तु मन्दं नटन्नीटिनान् । काले वसन्ते सुशीतळे भूतले भूलोक बालन्मारिरुवरुं । १० ऋश्यमूकाद्रि पार्श्वस्थले सन्ततं निश्वासमुळ्ळकोण्टु विप्रलापत्तोटुं, सीताविरहं पोऱाञ्ञु करकयुं चूतायुधार्त्ति मुळुत्तु पऱकयुं, आधि-कलर्न्नु नटन्नटुक्कुं विधौ भीतनाय्वन्नु दिनकर पुत्रनुं । सत्वरं मंत्रिकळोटुं कुतिच्चु पाञ्ञुत्तुंगमाय शैलाग्रमेऱीटिनान् । मारुति-योटु भयेन चोल्लीटिनानारी वरुन्नतिरुवर् सन्नद्धराय् । नेरे धरिच्चु वरिक नी वेगेन धीरन्मारेत्रयुमेन्नु तोन्नुं कण्टाल् । अग्रजन् चोल्कयालेन्नेब्बलालिन्नु निग्रहिप्पानाय्वरुन्नवरल्लल्ली ? विक्रममुळ्ळवरेत्रयुं तेजसा दिक्कुकळोक्के विळङ्ङुन्नु काण्क नी । तापस वेषं धरिच्चिरिक्कुन्नितु चापबाणासिशस्त्रङ्ङळु-मुण्टल्लो; नीयोरु विप्रवेषं पूण्टवरोटु वायुसुताचेन्नु चोदिच्च-ऱियणं । २० वक्त्रनेत्रालाप भावङ्ङळ्कोण्टवर् चित्तमेन्तेन्न-तऱिञ्ञाल् विरविल् नी, हस्तङ्ङळ् कोण्टऱियिच्चीटु नम्मुटे शत्रुक्कळेङ्किलतल्लङ्किल् निन्नुटे वक्त्रप्रसाद मन्दस्मेर संज्ञया

मन्द-मन्द आगे बढ़े। भूतल पर सुशीतल वसन्तकाल था। दोनों राजकुमार। १० —ऋष्यमूक पर्वत के पार्श्व स्थल पर पहुँच गये। (पुष्पों की सुगंधि तथा शीतल समीर से प्रभावित हो) सीता-विरह न सह सकने के कारण अश्रुजल प्रवाहित करते हुए तथा निरंतर दीर्घश्वास भरते हुए, लक्ष्मण से प्रलाप करते हुए तथा कामज्वर से पीड़ित राम को (पर्वत की ओर) अग्रसर होते देख दिनकर-पुत्र (सुग्रीव) भयभीत हो उठे। वे तुरन्त ही अपने मंत्रियों के साथ भागते हुए उत्तुंग शैलाग्र पर पहुँच गये और फिर मारुति से भयविह्वल हो पूछा कि शस्त्रों से सन्नद्ध हो वे आनेवाले कौन होंगे ? वे देखने में बड़े ही धीर-वीर जान पड़ते हैं। तुम तुरन्त ठीक पता लगाकर आओ। ज्येष्ठ भ्राता के आदेशा-नुसार बलपूर्वक मेरा निग्रह करने के लिए आनेवाले तो नहीं हैं ? जरा देखो तो सही, उनकी तेजोमय कांति से सारी दिशाएँ प्रकाशित हो रही हैं। तापस वेषधारी होते हुए भी वे चाप, बाण, असि आदि शस्त्रों से युक्त हैं। हे वायुसुत, तुम विप्रवेष में उनके पास पहुँचकर पूछताछ कर लो। २० —मुख-भाव, दृष्टि एवं वचनों पर ध्यान देते हुए उनके मनो-गत को भाँपकर अगर हमारे शत्रु हों तो हस्त संकेतों से मुझे सूचित कर लो। अगर हमारे मित्र हैं तो मन्द मुस्कान के द्वारा मुझे उसकी सूचना दी जानी चाहिये। कर्मसाक्षीसुत (सूर्यपुत्र सुग्रीव) के वचनों को सुनकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मित्रमेन्नुळ्ळतुमेन्नोटु चोल्लणं । कर्म्मसाक्षीसुतन् वाक्कुकळ् केट्टवन् ब्रह्मचारी वेषमालंब्य सादरं अञ्जसा चेन्नु नमस्करिच्चीटिनानञ्जनापुत्रनुं भर्त्तृपादांबुजं । कञ्जविलोचनन्माराय मानव कुञ्जरन्मारेत्तोळ्ळुतु विनीतनाय् । अंगजन् तन्नेज्जयिच्चोरु कान्तिपूण्टिङ्ङने काणाय निङ्ङळिरुवरुं आरेन्नरिकयिलाग्रहमुण्टतु नेरे परयणमेन्नोटु सादरं । दिक्कुकळात्मभासैव शोभिप्पिक्कुमर्क्क निशाकरन्मारेन्नु तोन्नुन्नु । त्रैलोक्य कर्त्तृभूतन्मार् भवान्मारेन्नालोक्य चेतसि भाति सदैवमे । ३० विश्वैक वीरन्माराय युवाक्कळामश्विनी देवकळोमट्टेन्नियै, विश्वैक कारण भूतन्मारायोरु विश्वरूपन्मारामीश्वरन्मार् निङ्ङळ् । नन्नं प्रधानपुरुषन्मार् मायया मानुषाकारेण सञ्चरिक्कुन्नितु; लीलया भूभारनाशनात्थं परिपालनत्तिन्नु भक्तानां महीतले । वन्नु राजन्य वेषेणपिरन्नोरु पुण्यपुरुषन्मार् पूर्ण्णगुणवान्मार् । कर्त्तुं जगल् स्थिति संहार सर्ग्गङ्ङळ्ळुद्यतौलीलया नित्य स्वतन्त्रन्मार् । मुक्ति नल्कुं नरनारायणन्मारेन्नुळ्त्तारिलिन्नु तोन्नुन्नु निरन्तरं । इत्थं परञ्ञुतोळ्ळुतु निन्नीटुन्न भक्तनेक्कण्टु परञ्ञु रघूत्तमन्—

एक ब्रह्मचारी का-सा वेष धारणकर अञ्जनापुत्र (हनुमान) अञ्जसा (तुरन्त) स्वामी के चरणकमलों पर प्रणत हुए और कंजविलोचन मानव श्रेष्ठों के सामने हाथ जोड़कर विनीत भाव से पूछा—"हे कामदेव को भी लज्जित करने योग्य कांतिवाले पुरुषरत्न ! यह जानने की अभिलाषा है कि आप दोनों कौन हैं । और कृपापूर्वक मुझे बता दें । अपनी ही कांति से दिशाओं को तेजोमय बनानेवाले आप लोग सूर्य-चन्द्र से लगते हैं । आप लोगों को देखकर मुझे लगता है कि आप लोग तीनों लोकों के कर्त्ता ईश्वर स्वरूप ही हैं । ३० —अथवा विश्व-वीर तरुण अश्विनीदेव तो नहीं हैं ? आप लोग विश्व के लिए कारणभूत ईश्वर के मनुष्यावतार तो नहीं हैं ? निश्चय ही मायामय आदिपुरुष ही मनुष्य के आकार में घूम रहे हैं । हे लोकनाथ ! आप लीलाधारी बन भू-भार का नाश करके भक्तों की रक्षा करने के लिए क्षत्रियरूप में अवतीर्ण पुण्यपुरुष ही हैं । और आप सर्वगुणों से सम्पन्न महापुरुष हैं । आज मेरे मन में यह विचार रूढ़मूल हो रहा है कि आप नित्य स्वतन्त्र (परमात्मा) हैं जो सृष्टि स्थिति एवं संहार की लीलाएं करने के लिए कटिबद्ध मुक्तिदाता नर-नारायण ही हैं ।" इस प्रकार के कथन के साथ हाथ जोड़ प्रणाम निरत हो खड़े भक्त को देखकर श्रीरामचन्द्रजी ने बड़े कुतूहल के साथ कहा—

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पश्य सखे ! वटु रूपिणं लक्ष्मणा ! निश्शेष शब्दशास्त्रमनेन श्रुतं; इल्लीरपशब्दमेङ्ङुमे वाक्किङ्कल् नल्ल वैयाकरणन् वटु निर्णयं। ४० मानववीरनुमप्पोळरुळ् चेय्तु वानरश्रेष्ठनें नोक्कि लघुतरं— रामनेन्नेन्नुटे नामं दशरथ भूमिपालेन्द्र तनयनिवन् मम सोदरनाकिय लक्ष्मणन् केळ्क्क नी जातमोदं परमार्थं महामते ! जानकियाकिय सीतयेन्नुण्टोरु मानिनियेन्नुटे भामिनि कूटवे; तात नियोगेन कानन सीमनियातन्मारायित्तपस्सु चेय्तीटुवान् दण्डकारण्ये वसिक्कुन्न नाळति चण्डनायोरु निशाचरन् वन्नुटन्, जानकी देवियेक्कट्टु कोण्टीटिनान् कानने ञङ्ङळ् तिरञ्ञु नटक्कुन्नु। कण्टीलवळेयोरेटत्तुमिन्निह कण्टुकिट्टि निन्ने नीयारेंटो सखे ! चोल्लीटुकेन्नतु केट्टोरु मारुति चोल्लिनान् कूप्पित्तोळुतु कुतूहलाल्— सुग्रीवनाकिय वानरेन्द्रन् पर्वतांग्रेवसिक्कुन्नितवरघुपते ! ५० मन्त्रिकळाय् ञङ्ङळ् नालुपेरुण्टल्लो सन्ततं कूटेप्पिरियाते वाळुन्नु; अग्रजनाकिय बालि कपीश्वरनुग्रनाट्टिक्कळञ्ञीटिनान् तम्पियें। सुग्रीवनुळ्ळ परिग्रहं तन्नेयुमग्रजन् तन्ने परिग्रहिच्चीटिनान्। ऋश्यमूकाचलं सङ्केतमाय्वन्नु विश्वासमोटिरिक्कुन्नितर्क्कात्मजन्। ञानवन् तन्नुटे

"हे लक्ष्मण ! इस ब्रह्मचारी को देखो। इसने अनेक शब्द-शास्त्रों का खूब अभ्यास किया है। यह निश्चय ही श्रेष्ठ वैयाकरण है। इसके वचनों में कहीं किसी प्रकार का अपशब्द नहीं आया है।" ४० —फिर मानवश्रेष्ठ राम ने वानरश्रेष्ठ को देखकर कहा—"हे महात्मा ! तुम सानंद सुनो। मैं राम हूँ और महाराज दशरथ का पुत्र हूँ। यह मेरा अनुज लक्ष्मण है। जनक महाराज की पुत्री सीता नाम की मेरी पत्नी भी हमारे साथ थी। पिता का आदेश पाकर तपस्या के लिए दण्डकारण्य में आ हमारे ठहरते समय एक दुष्ट राक्षस जानकी को चुरा ले गया। हम उसकी खोज में वन-वन भटक रहे हैं। वह कहीं दिखाई नहीं दे रही है। अब भाग्यवश आपसे भेंट हो सकी। हे मित्र ! ज़रा बता दें कि आप कौन हैं।" राम का प्रश्न सुनकर हाथ जोड़कर कुतूहलपूर्वक मारुति ने कहा—"हे रघुपति ! सुग्रीव नाम के वानर श्रेष्ठ उस पर्वत की चोटी पर रहते हैं। ५० —हम चार मन्त्री लोग सदा उनके साथ हैं। वानरराजा दुष्ट बालि ने अपने अनुज (सुग्रीव) को अकारण देश से निकाल दिया है। उसने अपने भाई की परिणीता पत्नी का बलात् परिग्रहण कर लिया। आज अर्कात्मज (सुग्रीव) ऋष्यमूकाचल को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भृत्यनायुळ्ळोरु वानरन् वायुतनयन् महामते ! नामधेयं हनु-मानञ्जनात्मजनामयं तीर्त्तु रक्षिच्चु कोळ्ळेणमे । सुग्रीवनोटु सख्यं भवानुण्टङ्किल् निग्रहिक्कामिरुवर्क्कुमरिकळे । वेलचेय्या-मतिनावोळमाशु ञानालंबनं मट्टेनिक्किल्ल दैवमे ! इत्थं तिरुमन-स्सेङ्किलेळुन्नळ्ळुकुळ्त्तापमेल्लामकलुं दयानिधे ! ॲन्नुणर्त्तिच्चु निजाकृति कैक्कोण्टुनिन्नु तिरुमुम्पिलाम्मारु मारुति । ६० पोक मम स्कन्धमेरीट्टुविन् ञिङ्ङळाकुल भावमकलेक्कळञ्ञालुं । अप्पोळ् शबरितन् वाक्कुकळोर्त्तु कण्टुल्पलनेत्रननुवादवुं चेय्तु । ६२

सुग्रीव सख्यम्

श्रीरामलक्ष्मणन्मारेक्कळुत्तिलाम्मारङ्ङेट्टुत्तु नटन्नितु मारुति । सुग्रीव सन्निधौ कोण्टुचेन्नीटिनान् व्यग्रं कळक नी भास्करनन्दन ! भाग्यमहोभाग्यमोर्त्तोळमेत्रयुं भास्करवंश समुत्भवन्माराय रामनुं लक्ष्मणनाकुमनुजनुं कामदारार्त्थमिवि-

---

अपना वास-स्थान बना वहीं विश्वासपूर्वक बैठे हुए हैं । हे महामति ! मैं उनका दास एक वानर हूँ । मैं वायुतनय तथा अंजनात्मक हनुमान हूँ । सुग्रीव से सख्य करने की आपकी इच्छा है तो दोनों परस्पर के सहयोग से अपने शत्रु का संहार कर सकेंगे । (आपकी इच्छा हो तो) मैं अभी सख्य के लिए प्रयत्न करूँगा । हे भगवान ! मेरा और कोई अवलम्ब नहीं है । हे दयानिधि ! अगर आपको मेरा प्रस्ताव उचित लगा तो आप कृपापूर्वक वहाँ तक (सुग्रीव के पास) पधारें । (उनसे मिलकर) आपका सन्ताप दूर होगा ।'' यह कहकर अपना वास्तविक रूप धारण करके हनुमान राम के सम्मुख खड़े हो गये । ६० —और आग्रह किया कि आप लोग मेरे कंधों पर चढ़िए और थकान दूर कीजिए । शबरी के वचनों का अनुस्मरण करते हुए उत्पल नेत्र (कमल-लोचन राम) ने तब (हनुमान की उन्हें उठा ले चलने की) प्रार्थना स्वीकार की । ६२

सुग्रीव की मित्रता

हनुमान श्रीरामजी तथा लक्ष्मणजी को कंधों पर बिठाकर चल पड़े और सुग्रीव के पास ले आये । उन्होंने सुग्रीव से कहा—''हे भास्कर नन्दन ! अब भयभीत होने की बात नहीं रही । सोचें तो बड़ा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

टेय्कॊळ्ळुन्नतिल् । सुग्रीवनोटिवण्णं पऱञ्ञद्रीश्वराग्रे महा-तरुच्छायातले तदा, विश्वैकनायकन्मारां कुमारन्मार् विश्रान्त चेतसान्निरुन्नरुळीटिनार् । वातात्मजन् परमानन्दमुळ्क्कॊण्टु नीतियोटर्क्कात्मजनोटु चॊल्लिनान्— भीतिकळक नी मित्रगोत्रे वन्नु जातन्मारायॊरु योगेश्वरन्मारी श्रीरामलक्ष्मणन्मा-रॆळुन्नळ्ळियतारॆयुं पेटिक्क वेण्ट भवानिनि । वेगेन चॆन्नु वन्दिच्चु सख्यं चॆय्तु भागवत प्रियनाय् वसिच्चीटुक । १० प्रीतनायॊरु सुग्रीवनु मन्नेरमादर पूर्वमुत्थाय ससंभ्रमं, विष्टप नाथनिरुन्न-रुळीटुवान् विष्टरार्त्थं नल्ल पल्लव जालङ्ङळ् पॊट्टिच्च-वनियिलिट्टानतु नेरमिष्टनां मारुति लक्ष्मणनुमॊटिच्चिट्टतु कण्टु सौमित्रि सुग्रीवनुं पुष्ट मोदालॊटिच्चिट्टरुळीटिनान् । तुष्टि पूण्टॆल्लावरुमिरुन्नीटिनान् नष्टमाय् वन्नितु सन्ताप संघवुं । मित्रात्मजनोटु लक्ष्मणन् श्रीराम वृत्तान्तमॆल्लामऱि-यिच्चतु नेरं । धीरनामादित्य नन्दनन् मोदेन श्रीरामचन्द्र-नोटाशु चॊल्लीटिनान्—नारी मणियाय जानकी देवियॆ

सौभाग्य ही है कि ये राम और उनके अनुज लक्ष्मण सूर्यवंश जात हैं। (राम की पत्नी सीता का अपहरण होने से) ये अपनी प्रिय पत्नी की खोज में जाते हुए यहाँ आ पधारे हुए हैं।" इस समय संसार के लिए नायक दोनों कुमार (राम तथा लक्ष्मण) पर्वत श्रेष्ठ की चोटी पर एक विशाल वृक्ष की शीतल छाया में बैठकर विश्राम ले रहे थे। उसके बाद वातात्मज (हनुमान) ने बड़े प्रसन्न हो अर्कात्मज (सुग्रीव) को अपने मन्त्रीधर्म के अनुरूप उपदेश दिया—"आप अपना भय दूर कर लीजिएगा। सूर्यवंश में जात योगेश्वर राम तथा लक्ष्मण ही आपके सहायक बनकर यहाँ पधारे हुए हैं। अब आपको किसी से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। तुरन्त जाकर नमस्कार करके मित्रता बनाकर आप भगवान के प्रिय दास बनकर रहिएगा।" १० —(हनुमान का उपदेश पाकर)-सुग्रीव सानन्द उठे और तुरन्त भगवद्चरणों में पहुँच गये। विष्टपनाथ (भुवनेश्वर) भगवान राम को बैठने के लिए उन्होंने पृथ्वी पर सुन्दर एवं कोमल लता-पल्लव बिछा दिये। यह देखकर प्रिय हनुमान ने लक्ष्मण के लिए तथा लक्ष्मण ने प्रसन्न हो सुग्रीव के बैठने के लिए पल्लव जाल बिछा दिये और सब लोग परस्पर उपचारपूर्वक सानन्द बैठ गये। इस समय सब अपना-अपना भारी दुःख भूल गये। तब लक्ष्मण ने सूर्यपुत्र सुग्रीव को श्रीरामजी का समग्र चरित कह सुनाया। धीर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आराञ्ञरिञ्ञु तरुन्नुण्टु निर्ण्णयं। शत्रु विनाशनत्तिन्नटियनीरु मित्रमाय्वेल चैय्यां तवज्ञावशाल्। एतुमितु निरूपिच्चु खेदिक्करुताधिकळींक्कें यकटुवान् निर्ण्णयं। २० रावणन् तन्नैस्सकुलं वधं चैयूतु देवियेयुं कीण्टु पोरुन्नतुण्टु ञान्। ञानीरवस्थ कण्टेनीरुन्नाळतु मानववीर! तेळिञ्ञु केट्टीटणं : मन्त्रिकळ् नालुपेरुं ञानुमायचलान्ते वसिक्कुन्न कालमीरु दिनं, पुष्कर नेत्रयायोरु तरुणियै पुष्कर मार्ग्गेण कीण्टु पोयानीरु रक्षोवरनतु नेरमस्सुन्दरि रक्षिप्पतिन्नारुमिल्लाञ्ञु दीनयाय् राम रामेति मुरयिटुन्नोळ् तव भामिनितन्नेयव-ळेन्नते वरू। उत्तमयायवळ् ञङ्ङळेप्पर्वतेन्द्रोत्तमांगे कण्टन्नेरं परवशाल् उत्तरीयत्तिल्प्पीतिञ्ञाभरणङ्ङळद्रीश्वरोपरि निक्षेपणं चैय्ताळ्। ञानतु कण्टिङ्ङेटुत्तु सूक्षिच्चु वच्चेनतु काणण-मेङ्किलो कण्टालुं; जानकीदेवितन्नाभरणङ्ङळो मानववीरा! भवानरियामल्लो। ३० ॲन्नु परञ्ञतेटुत्तु कीण्टु वन्नु मन्नवन्

साहसी आदित्यनन्दन (सुग्रीव) ने सानन्द श्रीरामचन्द्रजी को बताया—"मैं निश्चय ही नारीरत्न सीताजी को खोज लाकर आपके सुपुर्द कर दूंगा। अगर आपकी अनुमति हो तो (आपके) शत्रुनाश के लिए यह दास आपका मित्र बनकर आवश्यक कार्य करेगा। मैं निश्चय ही आपकी व्यथा दूर कर लूंगा इसलिए आप इसके सम्बन्ध में निश्चिन्त रहियेगा। २० (अगर रावण ने ही आपकी पत्नी को चुरा लिया तो) वंश समेत रावण का निग्रह करके देवी को मैं उठा ले आऊंगा। हे मानववीर! आप सानन्द मेरी बात सुनें। इस घटना से सम्बन्धित एक बात कुछ दिन पहले यहाँ हुई। एक दिन मैं अपने चारों मंत्रियों के साथ यहाँ पर्वत शिखर पर बैठा हुआ था। उस समय एक राक्षस एक पुष्कर-नेत्रा (कमल जैसी नेत्रवाली) को पुष्कर (आकाश) मार्ग से उठा ले जा रहा था। तब उस अनाथा सुन्दरी ने दीन स्वर में राम-राम की पुकार मचायी। यह पुकार मचाती हुई और राक्षस से उठा ले गयी सुन्दरी आपकी ही पत्नी हो सकती है। इसमें सन्देह के लिए अब ज़रा भी अवकाश नहीं रह गया। हमें पर्वतश्रेष्ठ के शिखर पर बैठे देखकर उस परवशा साध्वी ने अपनें आभूषणों को उत्तरीय में लपेटकर हमारी ओर नीचे पर्वतशिखर पर डाल दिया। यह देख मैंने उसे उठाकर संभालकर रखा है। उसे आप देख लेना चाहें तो देख लीजिएगा। हे मानववीर! जानकीदेवी के आभूषण आप तो पहचान लेंगे ही।" ३० —यह

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तन् तिरुमुम्पिल् वच्चीटिनान् । अण्णोंजनेत्रनॆट्टु नोक्कुन्नेरं कण्णुनीर् तन्नॆकुशलं विचारिच्चु । ऎन्नॆक्कणक्के पिरिञ्ञितो निङ्ङळुं तन्वंगियाकिय वैदेहियोटय्यो ! सीते जनकात्मजे ! मम वल्लभे ! नाथे ! नळिनदलायतलोचने ! रोदनं चॆय्तु विभूषण सञ्चयमाधि पूर्वं तिरुमारिलमुळ्त्तियुं प्राकृतन्मारां पुरुषन्मारॆप्पोलॆ लोकैकनाथन् करञ्ञु तुटङ्ङिनान् । शोकेन मोहं कलर्न्नु किटक्कुन्न राघवनोटु परञ्ञितु लक्ष्मणन्— दुःखियाय्केतुमे रावणन् तन्नॆयुं मर्क्कट श्रेष्ठसहायेन वैकातॆ निग्रहिच्चम्बुज नेत्रयां सीतयॆ कैक्कॊण्टु कॊळ्ळां प्रसीद प्रभो ! हरे ! सुग्रीवनुं परञ्ञानतु केट्टुटन् व्यग्रियाय्केतुमे रावणन् तन्नॆयुं ४० निग्रहिच्चाशु नल्कीटुवन् सीतयॆ कैक्कॊळ्क धैर्य्य धरित्रीपते ! विभो ! लक्ष्मण सुग्रीव वाक्कुकळिङ्ङनॆ तल्क्षणं केट्टु दशरथपुत्रनुं दुःखवुमॊट्टु चुरुक्कि मरुविनान् मर्क्कट श्रेष्ठनां मारुतियन्नेरं, अग्नियेयुं ज्वलिप्पिच्चु शुभमाय लग्नवुं पार्त्तु चॆय्यिप्पिच्चु सख्यवुं, सुग्रीवराघवन्मारग्नि

कहकर उसे उठा ले आकर सुग्रीव ने महाराज राम के श्रीसम्मुख रख दिया। उसे उठाकर देखते समय अर्णोज नेत्र श्रीराम के नयनों से अश्रुधारा प्रवाहित हो उठी। रामजी आभूषण हाथ में लिये पूछने लगे—"क्या मेरे जैसे तुम लोगों ने भी तन्वंगी वैदेही को छोड़ दिया ?" फिर प्रिये ! जानकी ! सीते ! मेरी प्राणप्यारी ! कमललोचने ! की पुकार मचाते हुए तथा आभूषणों को छाती से लगाते हुए प्राकृत मानव के समान लोकेश भगवान विलाप करने लगे। विरह ताप से पीड़ित भगवान राम से लक्ष्मण ने कहा—"हे नाथ ! हे प्रभु ! आप दुखी न बनें; आप शान्त हों। मैं वानरश्रेष्ठों की सहायता से अविलम्ब रावण का निग्रह करके कमललोचना सीताजी को उठा ले आऊँगा।" यह सुनकर सुग्रीव ने भी (राम से) कहा—"आप व्यथित न हों रावण को—। ४० —मारकर मैं जल्दी ही सीता को ला दूंगा। हे पृथ्वी-पति ! हे विभु ! आप सीता को प्राप्त कर लेंगे।" लक्ष्मण तथा सुग्रीव के इस प्रकार के (सांत्वना के) वचन सुनकर दशरथपुत्र राम ज़रा समाश्वसित हुए। वानरश्रेष्ठ हनुमान ने उस समय शुभ लग्न देखकर और अग्नि को प्रज्ज्वलित कर राम और सुग्रीव के बीच परस्पर मित्रता करवायी। राम तथा सुग्रीव, अग्नि को साक्षी बनाकर परस्पर की गयी मित्रता से कार्यसिद्धि होगी, यह समझकर आश्वस्थ हो पर्वत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

साक्षियाय् सख्यवुं चेय्तु परस्परं कार्य्यवुं सिद्धिक्कुमेन्नुरच्चात्म-
खेदं कळञ्ञुत्तुंगमाय शैलाग्रे मरुविनार्। बालियुं तानुं
पिणक्कमुण्टायतिन् मूलमेल्लामुणर्त्तिच्चरुळीटिनान्—पण्टु माया-
वियेन्नोर सुरेश्वरनुण्टायितु मयन् तन्नुटे पुत्रनाय्; युद्धत्तिनाश-
मिल्लाञ्ञु मदिच्चवनुद्धतनाय् नटन्नीटुं दशान्तरे; किष्किन्धयां
पुरि पुक्कु विळिच्चितु मर्क्कटाधीश्वरनाकिय बालिये। ५०
युद्धत्तिनाय् विळिक्कुन्नतु केट्टति क्रुद्धनां बालि पुरप्पेट्टु
चेन्नुटन् मुष्टिकळ् कोण्टु ताडिच्चतु कोण्टतिदुष्टनां दैत्यनुं
पेटिच्चु मण्टिनान्। वानर श्रेष्ठनुमोटियेत्तीटिनान् ञानुमतु
कण्टु चेन्नितु पिन्नाले; दानवन् चेन्नु गुहयिलुळ्प्पुक्कितु
वानरश्रेष्ठनुमेन्नोटु चोल्लिनान् : ञानितिल् पुक्किवन् तन्ने
योटुक्कुवन् नूनं विलद्वारि निल्क नी निर्भयं। क्षीरं वरि-
किलसुरन् मरिच्चीटुं चोरवरिकिलटच्चु पोय्वाळ्क नी। इत्थं
परञ्ञतिल् पुक्कितु बालियुं तत्रविलद्वारि निन्नेनटियनुं।
पोयितु कालमोरुमासमेन्निट्टुमागत नायतुमिल्ल कपीश्वरन्।
वन्नितु चोर विलमुखं तन्निल् निन्नेनुळ्ळिल् नितु वन्नू

शिखर पर विराजमान हुए। तब सुग्रीव ने (भगवान राम से) अपने तथा बालि में शत्रुता होने का कारण सविस्तार कह सुनाया—"पहले मय के पुत्र मायावी नामक असुर ने अपने से युद्ध करने के लिए किसी को न पाकर घूमते हुए किष्किन्धा में आ वानर-राजा बालि को युद्ध के लिए चुनौती दी। ५० (मायावी को) युद्ध की चुनौती देते सुन क्रुद्ध बालि बाहर आया और खूब मुष्टि-प्रहार किया जिससे भयभीत दुष्ट दैत्य भाग खड़ा हुआ। वानरश्रेष्ठ ने उसका पीछा किया और यह देख मैं भी उसके (बालि के) पीछे गया। वह दैत्य जाकर एक बड़ी गुफा में प्रविष्ट हुआ। तब वानरश्रेष्ठ बालि ने मुझे बताया कि मैं इस गुफा में प्रविष्ट हो उसको मार डालूंगा और तुम इस गुहा-द्वार पर निश्चिन्त मेरी प्रतीक्षा करते रहो। अगर गुहा से क्षीर बह आया तो समझ लेना कि दैत्य मर गया और रक्त आने पर गुहाद्वार बन्द करके तुम जाकर राज्य-शासन कर लो। यह कहकर बालि गुहा-द्वार के भीतर चला गया और मैं (उसकी प्रतीक्षा में) गुहा-द्वार पर खड़ा रहा। एक मास व्यतीत हो जाने पर भी कपीश्वर (बालि) वापस नहीं आया। (शंकाकुल हो खड़े-खड़े देखते समय) गुहा से रक्त-प्रवाह हुआ और (यह देख) मैं व्याकुलचित्त हो उठा। तब मैंने यह निश्चय कर लिया

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परितापवुं; अग्रजन् तन्ने मायाविमहासुरन् निग्रहिच्चानेन्नुरच्चु ञानुं तदा। ६० दुःखङ्ङळक्कोण्टु किष्किन्ध पुक्कीटिनान् मर्क्कटवीररुं दुःखिच्चतु कालं। वानराधीश्वरनायभिषेकवुं वानरम्मारेनिक्कु चेय्तीटिनार्। चेन्नितु कालं कुरुन्नोन्नु पिन्नेयुं वन्नितु बालि महाबलवान् तदा। कल्लिट्टु ञान् बिलद्वारमटच्चतु कोल्लुवानेन्नोर्त्तु कोपिच्चु बालियुं; कोल्लु-वानेन्नोटट्टु भयेन ञानेल्लाटवुं पाञ्ञरिक्करुताञ्ञेङ्ङुं नीळ नटन्नुळ्ळतीटुं दशान्तरे बालि वरिकयिल्लत्र शापत्तिनाल्। ऋश्यमूकाचले वन्निरुन्नीटिनेन् विश्वासमोटु ञान् विश्वनाथा! विभो! मूढनां बालि परिग्रहिच्चीटिनानूढ रागं मम वल्लभ तन्नेयुं; नाटुं नगरवुं पत्नियुमेन्नुटे वीटुं पिरिञ्ञु दुःखिच्चि-रिक्कुन्नु ञान्। त्वत्पाद पङ्केरुह स्पर्श कारणालिप्पोळतीव सुखवुमुण्टाय् वन्नु। ७० मित्रात्मजोक्तिकळ् केट्टोरनन्तरं मित्र दुःखेन सन्तप्तनां राघवन् चित्त कारुण्यं कलर्न्नु चोन्नान् तव शत्रुविनेक्कोन्नु पत्नियुं राज्यवुं वित्तवुमेल्लांमटक्कित्तरुवन् ञान् सत्यमितु राम भाषितं केवलं। मानवेन्द्रोक्तिकळ् केट्टु

कि दुष्ट दैत्य मायावी ने मेरे अग्रज को मार डाला है। ६० —मैं दुखी हो किष्किन्धा लौटा। (बालि की मृत्यु का समाचार पाकर) सारे वानरश्रेष्ठ अत्यन्त व्याकुल हुए। (फिर देश को शासकरहित पाकर) वानरों ने वानराधीश के रूप में मेरा अभिषेक किया। फिर थोड़े दिन व्यतीत हुए। तब महाबलशाली बालि (किष्किन्धा में) आ गया। मैंने उसे मारने के लिए गुहा द्वार पत्थर से ढक लिया, यह सोचकर क्रुद्ध हुआ बालि मुझे मारने आया। प्राणभय से मैं सब कहीं भागता रहा। कहीं रहने का स्थान न पाकर, हे विश्वनाथ! हे भगवान! मैं इस ऋश्यमूकाचल पर इस विश्वास से आ बैठा कि शापवश बालि यहाँ नहीं आ सकेगा। कामातुर एवं मूढ़ बालि ने मेरी परिणीता पत्नी का अपहरण किया। इस प्रकार देश, नगर, पत्नी, घर-बार सबसे दूर मैं यहाँ खिन्न बैठा हूँ। आपके चरण-पंकज का स्पर्श पाने से अब मुझे सुख एवं शान्ति प्राप्त हुई।" ७० मित्रात्मज (सुग्रीव) के वचन सुनकर मित्र दुःख से स्वयं संतप्त राघव ने सहानुभूतिजन्य कारुण्य से कहा— "तुम्हारे शत्रु का वध करके मैं तुम्हें पत्नी, राज्य, धन सब कुछ वापस दिलाऊँगा। राम का यह वचन कभी असत्य नहीं होगा।" मानवेन्द्र (राम) की यह उक्ति सुनकर प्रसन्न हुए सुग्रीव ने इस प्रकार कहा—

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तॆळिञ्ञॊरु भानुतनयनुमिङ्ङनॆ चॊल्लिनान्—स्वर्ल्लॊकनाथजना-
किय बालियॆक्कॊल्लुवानेट़ं पणियुण्टु निर्ण्णयं। इल्लवनोळं
बलं मट़ॊरुवनुं चॊल्लुवन् बालितन् बाहु पराक्रमं : दुन्दुभि-
याकुं महासुरन् वऩ्ऩु किष्किन्धापुरद्वारि माहिषवेषमाय्
युद्धत्तिनाय्विळिच्चोरु ऩेरत्तति क्रुद्धनां बालि पुऱप्पॆट्टु चॆन्नु-
टऩ्; उत्तमांगत्तॆच्चुऴट़ियॆऱिञ्ञतु रक्तवुं वीणु मतंगाश्रम
स्थले। आश्रम दोषं वरुत्तिय बालि पोन्नृश्यमूकाचल-
त्तिङ्कल् वरुऩ्ऩाकिल् ८० बालियुटॆ तल पॊट्टित्तॆऱिच्चुटन्
कालपुरिपूकमद्वाक्य गौरवाल्। ऎऩ्ऩु शपिच्चतु केट्टु
कपीन्द्रनुमऩ्ऩु तुटङ्ङियिविटॆ वरुवील। ञानुमतु कण्टिविटॆ
वसिक्कुऩ्ऩु मानसे भीति कूटातॆ निरन्तरं। दुन्दुभितन्ट़ॆ
तलयितु काण्कॊरु मन्दरं पोलॆ किटक्कुऩ्ऩतु भवान्। इऩ्ऩि-
तॆट्टुत्तॆऱिञ्ञीटुऩ्ऩ शक्तनु कॊऩ्ऩु कूटुं कपि वीरनॆ निर्ण्णयं।
ऎऩ्ऩतु केट्टु चिरिच्चु रघूत्तमन् तऩ्ऩुटॆ तृक्कालॆरुविरल् कॊण्टतु
तन्नॆयॆटुत्तु मेल्पोट्टॆऱिञ्ञीटिनान् चॆऩ्ऩु वीणु दशयोजन पर्यन्तं।
ऎऩ्ऩतु कण्टु तॆळिञ्ञ सुग्रीवनुं तन्नुटॆ मन्त्रिकळुं विस्मयप्पॆट्टु।

"स्वर्गाधिपति (इन्द्र) के पुत्र बालि का वध करना सहज कार्य नहीं है। उसका सा बल और किसी में नहीं है। मैं उसके भुजबल का परिचय देता हूँ। एक बार अत्यन्त बलशाली दुन्दुभी नामक दैत्य महिष के रूप में किष्किन्धा के द्वार पर आया। उसके द्वारा युद्ध के लिए आमन्त्रित किये जाने पर क्रुद्ध हो बालि बाहर आ उसके सींग पकड़कर उसका मस्तक अलग करके उसे पटक दिया कि मतंग मुनि के आश्रम स्थान पर रक्त गिर गया। रक्त से आश्रम को अपवित्र करने-वाला बालि अगर ऋश्यमूकाचल पर कभी आ जाये तो। ८० —बालि का मस्तक फटकर उसकी मृत्यु होगी, यह मतंग ने शाप दिया। यह शाप वचन सुनकर तब से कपीन्द्र (बालि) यहाँ नहीं आ रहा है। यह जानकर मैं यहाँ निर्भय वास करता आ रहा हूँ। हे प्रभु! दुन्दुभी के मस्तक को यहाँ एक भारी पर्वत जैसा पड़ा देखिये। इस मस्तक को जो उठाकर फेंक सकेगा, वही बालि का वध कर सकेगा।" यह सुन हँसते हुए भगवान ने अपने पैर के अँगूठे से उस मस्तक को उठाकर ऊपर फेंका कि वह दशयोजन दूर पर जा गिरा। यह देख (राम की शक्ति से आश्वस्त) सुग्रीव का मुख खिल उठा और उनके मंत्रियों ने भी विस्मय प्रकट किया। 'आप धन्य हैं धन्य हैं' का जयकार करते हुए तथा विनीत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ऩन्नु ऩन्नेन्नु पुकळ्न्नु पुकळ्न्नवर् ऩन्नायृत्तोळुतु निन्नीटिनार् । पिन्नेयुमक्कात्मजन् परञ्ञीटिनान् मन्नव ! सप्तसालङ्ङळिवयल्लो ९० बालिक्कुमल्पिटिच्चीटुवानायुळ्ळ सालङ्ङळेळुमिवयेन्नतरिञ्ञालुं । वृत्रारि पुत्रन् पिटिच्चिळक्कुन्नेरं पत्रङ्ङळेल्लां कोळिञ्ञुपोमेळिनुं । वट्टत्तिल् निल्क्कुमिवट्टेयोरम्पेय्तु पोट्टिक्किल् बालियेक्कोल्लाय्वरुं दृढं । सूर्य्यात्मजोक्तिकळीदृशं केट्टोरु सूर्य्यान्वयोद्भवनाकिय रामनुं चापं कुळियेक्कुलच्चोरु सायकं शोभयोटे तोटुत्तेय्तरुळीटिनान् । सालङ्ङळेळुं पिळर्न्नु पुरप्पेट्टु शैलवुं भूमियुं भेदिच्चु पिन्नेयुं बाणं ज्वलिच्चुतिरिञ्ञु वन्नाशुतन् तूणीरमन्पोटु पुक्कोरनन्तरं । विस्मितनायोरु भानु तनयनुं सस्मितं कूप्पित्तोळुतु चोल्लीटिनान्— साक्षाल् जगन्नाथनां परमात्मावु साक्षिभूतन् निन्तिरुवटि निर्ण्णयं । पण्टु ञान् चेय्तोरु पुण्य फलोदयं कोण्टु काण्मानुमेनिक्कु योगं वन्नु । १०० जन्म मरण निवृत्ति वरुत्तुवान् निर्म्मलन्मार् भजिक्कुन्नु भवल् पदं । मोक्षदनाय भवान लभिक्कयाल् मोक्षमोळिञ्ञपेक्षिक्कुन्नतिल्ल ञान् । पुत्रदारार्त्थ

भाव से हाथ जोड़कर वे रह गये । फिर अर्कात्मज (सुग्रीव) ने कहा— "हे प्रभु ! ये जो सप्त साल हैं । ९० —इन्हें बालि की बल-परीक्षा के सात साल वृक्ष जान लीजिए । जब वृत्रारिपुत्र (इन्द्रपुत्र बालि) इन्हें पकड़कर हिला देता है तब इसके सारे के सारे पत्ते झड़कर गिर जाते हैं । चक्राकार खड़े इन सातों सालवृक्षों को जो एक ही बाण से धराशायी कर सकेगा, वह निश्चय ही बालि को मार सकेगा ।" सूर्यात्मज (सुग्रीव) का यह कथन सुनते ही सूर्यवंशोद्भव राम ने धन्वा खींचकर ज़ोर से एक बाण चलाया जो सातों वृक्षों को गिराने पर भी संतृप्त न हो भूमि तथा शैल को भेद डाला । फिर वह प्रज्ज्वलित बाण वापस राम के तूणीर में आ प्रविष्ट हुआ, जिसे देख विस्मित भानुपुत्र (सुग्रीव) ने सस्मित हाथ जोड़कर (राम से) कहा—"निश्चय ही आप जगत के नाथ एवं साक्षीभूत परमात्मा हैं । मुझे अपने पूर्व के पुण्यसंचय के फलस्वरूप आपको सम्मुख देख लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । १०० जन्म-मरण से निवृत्त होने के लिए पुण्यात्मा लोग आपके चरणों का भजन करते हैं । मोक्षप्रद आपको देख लेने के उपरान्त अब मोक्ष के अतिरिक्त और किसी वस्तु की मैं अपेक्षा नहीं करता । (मैंने जान लिया है कि) आपकी माया से विरचित पुत्र, पत्नी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

राज्यादि समस्तवुं व्यर्थमत्रे तव माया विरचितं। आक-
याल् मे महादेव देवेश ! मट़ाकांक्षयिल्ल लोकेश ! प्रसीदमे।
व्याप्तमानन्दानुभूतिकरं परं प्राप्तोहमाहन्त भाग्य फलोदयाल्।
मण्णिनायूऴि कुऴिच्च ऩेरं निधितन्न लभिच्चतु पोलें रघुपतें।
धर्म्म दान व्रत तीर्थं तपः क्रतु कर्म्मपूर्त्तेष्टादिकळ् कोंण्टो-
रुत्तनुं वऩ्ऩु कूटा बहु संसार नाशनं निर्ण्णयं त्वत्पाद
भक्ति कोंण्टेंन्निये। त्वत्पाद पत्मावलोकनं केवलमिप्पोळकप्पे-
ट्टतुं त्वल् कृपा बलं। यातोरुत्तनु चित्तं ऩिऩ्तिरुवटि
पादांबुजत्तिलिळकातुऱ्ऱक्कुऩ्ऩु ११० काल्क्षणं पोलुमेंऩ्ऩाकिलवन्
तनिक्कोंक्कें ऩीङ्ङीटुमज्ञानमनर्थदं। चित्तं भवाङ्कलु-
रप्कायक्किलुमति भक्तियोटें राम रामेति सादरं चोंल्लुऩ्ऩवनु
दुरितङ्ङळ् वेरटु ऩल्लनायेटं विशुद्धनां निर्ण्णयं। मद्यपनें-
ङ्किलुं ब्रह्मघ्ननेंङ्किलुं साद्योविमुक्तनां राम जपत्तिनाल्। शत्रु
जयत्तिलुं दारसुखत्तिलुं चित्तेयोंराग्रहमिल्लेनिक्केतुमे। भक्ति-
योंळिऩ्ऩुमटोंऩ्ऩुमे वेण्टील मुक्ति वरुवान् मुकुन्द ! दयानिधे !
त्वत्पाद भक्ति मार्ग्गोपदेशं कोंण्टु मत्पापमुत्पाटयत्रिलोकीपते !

धन-सम्पत्ति, राज्य सब कुछ व्यर्थ हैं। इसलिए हे देवेश ! हे महादेव ! हे लोकेश ! मेरी और कोई कामना नहीं है। आप मुझ पर कृपा कीजिये। मिट्टी खोदते समय प्राप्त अविचारित निधि-कुंभ के समान शत्रु के विनाश के लिए सहायक की खोज करते हुए भाग्यवश मुझे नित्यानन्दस्वरूप भगवान मिल गये। हे प्रभु ! आपकी भक्ति को छोड़ अन्य याग, दान, तीर्थ, व्रत, सद्कर्म आदि संसार बंधन को तोड़ने में असमर्थ हैं। अब केवल आपकी कृपा से ही आपके श्रीचरणों का दर्शन प्राप्त कर सका। जिस मनुष्य की आपके चरण-कमलों पर अटल भक्ति है—११० —उसका विनाशकारक अज्ञान पल भर में मिट जायेगा। चाहे चित्त आप पर स्थिर न रहे फिर भी यदि कोई भक्तिपूर्वक राम-राम का जप करता जाये तो उसकी सांसारिक यातनाएँ दूर हो जाएंगी और वह विशुद्ध, निर्मल और पवित्र हो जायेगा। चाहे कोई मद्यप या ब्रह्मघ्न ही क्यों न हो, अगर वह राम-नाम जप ले तो सद्यः विमुक्ति का अधिकारी बनेगा। अब मुझे शत्रु-विजय या दारा-सुख की चित्त में अभिलाषा नहीं रही है। हे दयानिधि ! हे मुकुन्द ! मोक्षप्राप्ति के लिए मुझे आपकी भक्ति को छोड़ और किसी साधन की आवश्यकता नहीं है। हे प्रभु ! आपके चरण-कमलों के प्रति भक्ति का उपदेश देकर मेरे पापों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शत्रु मद्ध्यस्थ मित्रादि भेद भ्रमं चित्तत्तिल् नष्टमाय् वन्नितु भूपते ! त्वल्पाद पत्मावलोकनं कोण्टेनिक्कुलपन्नमायितु केवल ज्ञानवुं पुत्र दारादि संबन्धमेल्लां तव शक्तियां माया-प्रभावं जगल्पते ! १२० त्वल्पाद पङ्कजत्तिङ्कलुरय्क्कणमेप्पोऴुमुळ्क्कार्म्पेनिक्कु रमापते ! त्वन्नाम सङ्कीर्त्तनप्रिययाकणमेन्नुटे जिह्व सदा ऩाणमेन्नियेः त्वच्चरणांभोरुहङ्ङळिलेप्पोऴुमर्च्चनं चेय्यायवरिक करङ्ङळाल् । ऩिन्नुटे चारु रूपङ्ङळ् काणाय्वरिकेन्नुटे कण्णुकळ् कोण्टु निरन्तरं; कर्ण्णङ्ङळ् कोण्टु केळ्क्काय्वरेणं सदा ऩिन्नुटे चारु चरितं धरापते ! त्वल्पाद पांसु तीर्त्थङ्ङळेल्काकणमेप्पोऴुमंगङ्ङळ् कोण्टु जगल्पते ! भक्त्या नमस्करिय्क्कायवरेणं मुहुरुत्तमांगं कोण्टु नित्यं भवल्पदं । इत्थं पुकळ्न्न सुग्रीवने राघवन् चित्तं कुळिर्त्तु पिटिच्चु पुल्कीटिनान् । अंग संगं कोण्टु कल्मषं वेरट् मंगलात्मावाय सुग्रीवनेत्तदा मायया तत्र मोहिप्पिच्चतन्नेरं कार्य्य सिद्धिक्कु करुणाजलनिधि । १३० सत्यस्वरूपन् चिरिच्चरुळिच्चेय्तु सत्यमत्रे ऩी परञ्ञतेटो ! सखे ! १३१

का निराकरण कर दीजिए । हे भूपति ! मेरे मन से शत्रु तथा मित्र का भेदभाव भी दूर हुआ । आपके चरण-पद्मों के अवलोकन के फल-स्वरूप मेरे मन में केवल ज्ञान का उदय हुआ । संसार में दिखाई देनेवाला, पुत्र, पत्नी आदि का सम्बन्ध आपकी मायाशक्ति का ही प्रभाव है । १२० हे रमापति ! मेरा हृदय सदा आपके पाद-पद्मों पर तल्लीन रहे । मेरी जिह्वा सदा निस्संकोच भाव से आपके नाम संकीर्त्तन में लगी रहे । मेरे हाथ आपके चरणांबुजों की सदा अर्चना करते रहें । सदा मेरे नेत्र आपकी सुन्दर मूर्त्ति का अवलोकन करते रहें । हे धरापति ! मेरे दोनों कान आपके पुण्यचरित ही सुनने में तल्लीन रहें । मेरे शरीर के समस्त अंग आपके पाद-तीर्थ में अवगाहन करते रहें । मेरा मस्तक आपके श्रीचरणों पर सदा प्रणत रहे ।" इस प्रकार की विनय करते सुग्रीव को भगवान राम ने सानंद हृदय से लगाया । भगवान के देह-स्पर्श से सारे कल्मषों से रहित हो पुण्यात्मा बने सुग्रीव को अपनी कार्यसिद्धि के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से ज्ञानमार्ग से ज़रा विचलित कर अपने मायागुण से अत्यल्प मात्रा में मोहित कर लिया । १३० सत्यस्वरूप भगवान ने हँसते हुए (सुग्रीव से) कहा—"तुमने सत्य ही कहा है ।" १३१

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बालि सुग्रीव युद्धम्

बालियेच्चेन्नु विळिक्क युद्धत्तिनु कालं कळयरुतेतुमिनि-येटो ! बालियेक्कोन्नु राज्याभिषेकं चेय्तु पालनं चेय्तु कोळ्वन् त्रिन्ने निर्णयं। अक्कात्मजनतु केट्टु नटन्नितु किष्किन्धयांपुरि नोक्कि निराकुलं। अक्कंकुलोत्भवन्माराय रामनुं लक्ष्मण वीरनुं मंत्रिकळ् नाल्वरुं। मित्रजन् चेन्नु किष्किन्धापुर द्वारि युद्धत्तिनाय् विळिच्चीटिनान् बालिये। पृथ्वीरुहवुं मरञ्ञु निन्नीटिनार् मित्र भावेन रामादिकळन्नेरं। क्रुद्धनां बालियलरिवन्नीटिनान् मित्र तनयनुं वक्षसि कुत्तिनान्। वृत्रारिपुत्रनुं मित्र तनयने पत्तु नूराशु वलिच्चु कुत्तीटिनान्। बद्धरोषेण परस्परं तम्मिलें युद्धमतीव भयङ्करमायितु। रक्तमणिञ्ञेकरूपधरन्माराय् शक्ति कलर्न्नवरोप्पं पोरुन्नेरं १० मित्रात्मजनेतु वृत्रारिपुत्रनेतित्थं तिरिच्चरियावल्लोरुत्तनुं। मित्र विनाशन शङ्कया राघवनस्त्र प्रयोगवुं चेय्तीलतुन्नेरं।

बालि-सुग्रीव का युद्ध

(भगवान राम ने सुग्रीव से कहा) "अब अविलम्ब बालि को युद्ध के लिए बुला लो। मैं बालि का वध करके निश्चय ही तुम्हें सिंहासन पर बिठा दूँगा।" भगवान के भरोसे पर अर्कात्मज (सुग्रीव) निराकुल भाव से (बालि को चुनौती देने के लिए) किष्किन्धापुरी की ओर चल पड़े। अर्ककुलोद्भव (सूर्यवंश में जात) राम तथा लक्ष्मण और चारों मन्त्री लोग उनके पीछे-पीछे चले। किष्किन्धापुरी के राजद्वार पर आकर अर्कात्मज ने बालि को युद्ध के लिए बुलाया। मित्रभाव से प्रेरित राम आदि वृक्ष की आड़ में खड़े हो गये। क्रुद्ध बालि घोर गर्जना करता हुआ दौड़ आया और अर्कात्मज ने उसकी छाती पर प्रहार किया। तो वृत्रारिपुत्र (बालि) ने अर्कात्मज पर खूब ज़ोर लगाकर सैकड़ों मुष्टि प्रहार किये। बद्धरोष से प्रेरित दोनों के बीच भयंकर युद्ध छिड़ा। जब रक्त से सने दोनों समान आकृति धारणकर लड़ रहे थे—१० —तब कोई यह नहीं पहचान पा रहा था कि मित्रात्मज कौन हैं और वृत्रारिपुत्र कौन है। इस कारण उस समय मित्रविनाश की आशंका से राम ने अस्त्र का प्रयोग नहीं किया। तब वृत्रारिपुत्र के भयंकर मुष्टि प्रहार से रक्त का वमन करते हुए तथा आर्तभाव से मित्रात्मज वहां से भाग निकले। (विजयभाव लेकर) बालि अपने राजभवन को चला

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वृत्रारि पुत्र मुष्टि प्रयोगं कॊण्टु रक्तवुं छर्दिच्चु भीतनायोटिनान्; मित्र तनयनुं सत्वरमार्त्तनाय् वृत्रारिपुत्रनुमालयं पुक्किकतु। वित्रस्तनाय्वन्नु मित्र तनयनुं पृथ्वीरुहान्तिके निन्नरुळीटुन्न मित्रान्वयोद्भूतनाकिय रामनोटॆत्रयुमार्त्या परुषङ्ङळ् चॊल्लिनान्— शत्रुविनेक्कॊण्टु कॊल्लिक्कयो तव चित्तत्तिलोर्त्तरिञ्ञील ञानय्यो! वध्यनॆन्नाकिल् वधिच्चु कळञ्ञालुमस्त्रेणमां निन्तिरुवटि तान् तन्ने। सत्यं प्रमाणमॆन्नोर्त्तेनतुं पुनरॆत्रयुं पारं पिळच्चु दयानिधे! सत्य सन्धन् भवानॆन्नु ञानोर्त्ततुं व्यर्थमत्रे शरणागत वत्सल! २० मित्रात्मजोक्तिकळित्तरमाकुलाल् श्रुत्वा रघूत्तमनुत्तरं चॊल्लिनान्— बद्धाश्रु नेत्रनायालिंगनं चॆय्तु चित्ते भयप्पॆटाय्केतुं मम सखे! अत्यन्त रोष वेगङ्ङळ् कलर्न्नॊरु युद्ध मद्ध्ये भवान्मारॆत्तिरियाञ्ञु मित्रघातित्वमाशङ्कय ञानन्नेरं मुक्तवानायतिल्लस्त्रं धरिक्क नी। चित्त भ्रमं वराय्वानॊरटयाळं मित्रात्मज! निनक्कुण्टाक्कुवनिनि; शत्रुवायुळ्ळॊरु बालियॆस्सत्वरं युद्धत्तिनाय्

गया। वित्रस्त (भयभीत) हो मित्रतनय (सुग्रीव) ने पृथ्वीरुह (वृक्ष) की आड़ में खड़े मित्रान्वय (सूर्यवंश) में उद्भूत राम के समीप आकर अत्यन्त आर्त्तभाव से खूब परुष वचन कहे—"हाय! मैंने यह नहीं समझा था कि शत्रु के द्वारा मेरा वध कराना ही आपका उद्देश्य था। अगर मैं वध्य हूँ तो हे भगवान! आप ही बाण से मेरा वध कर लीजिए। मैंने आपके सत्य वचन को प्रमाण मान लिया था, किन्तु हे दयानिधि! वह भी निरर्थक सिद्ध हुआ। मैंने (आपके ऐसे आचरण के लिए) क्या अपराध किया है? हे शरणागत-वत्सल! आपको सत्यवादी मानकर मैंने भारी भूल की।" २० मित्रात्मज की इस प्रकार की कारुणिक उक्ति सुनकर साश्रुनयन भगवान ने उनका गाढ़ाश्लेष करते हुए कहा—"हे मेरे मित्र! तुम भयभीत मत बनो। अत्यन्त रोषभाव से दोनों के मध्य भयंकर मुष्टि प्रहार के समय रक्त एवं धूल से लिपटे आप दोनों के समान से दिखाई देने के कारण या आप दोनों को अलग पहचान न सकने के कारण (शत्रुनाश के स्थान पर) मित्रघात की आशंका से मैंने बाण का प्रयोग नहीं किया। हे मित्रात्मज! आगे इस प्रकार का चित्तभ्रम होने न पाये, इस उद्देश्य से मैं तुम्हारे लिए एक पृथक् निशान का प्रबन्ध कर देता हूँ। अब तुम निश्शंक भाव से शत्रु बालि को जा चुनौती दो। वृत्रारिपुत्र अपने अग्रज को अब मृत्युगत समझ लो।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विळिच्चालुं मटियातें। वृत्र विनाशन पुत्रनामग्रजन् मृत्यु-वशगतनेन्नुरुच्चीटु ती। सत्यमिदमहं रामनेन्नाकिलो मिथ्यया-य्वन्नु कूटा राम भाषितं। इत्थं समाश्वास्य मित्रात्मजं रामभद्रन् सुमित्रात्मजनोटु चौल्लिनान्— मित्रात्मज गळे पुष्प माल्यत्तें ती बद्ध्वा विरवोटयय्क्क युद्धत्तिनाय्। ३० शत्रुघ्न पूर्वजन् माल्यवुं बंद्धिच्चु मित्रात्मजनें मोदालयच्चीटिनान्। ३१

बालि वधम्

वृत्रारिपुत्रनें युद्धत्तिनाय्क्कौण्टु मित्रात्मजन् विळिच्चीटिनान् पिन्नेयुं। क्रुद्धनाय् तिन्नु किष्किन्धापुरद्वारि कृत्वा महासिंह-नादं रवि सुतन् बद्धरोषं विळिक्कुन्न नादं तदा श्रुत्वाति विस्मितनायोरु बालियुं, बद्ध्वा परिकरं युद्धाय सत्वरं बद्धवैरं पुरप्पेट्टोरु नेरत्तु, भर्त्तुरग्रेचेन्नु बद्धाश्रु नेत्रनाय् मद्धये तटुत्तु चौल्लीटिनाळ् तारयुं— शङ्का विहीनं पुरप्पेट्टतेन्तोरु शङ्कयुण्टुळ्ळिलेनिक्कतु केळ्क्क ती। विग्रहत्तिङ्कल् पराजित-

अगर मैं राम हूँ तो मेरा यह कथन सत्य है और राम का वचन कभी मिथ्या नहीं हो सकता।" इस प्रकार मित्रात्मज को आश्वस्त करने के उपरान्त रामचन्द्रजी ने सुमित्रात्मज से कहा—"मित्रात्मज के गले में एक पुष्पमाला पहनाकर उन्हें युद्ध के लिए भेजो।" ३० (राम के आज्ञानुसार) शत्रुघ्न पूर्वज (लक्ष्मण) ने मित्रात्मज के गले में माला पहनाकर भेज दिया। ३१

बालि-वध

सुग्रीव ने दूसरी बार भी वृत्रारिपुत्र को युद्ध के लिए बुलाया। रविसुत (सुग्रीव) ने क्रुद्ध भाव से किष्किन्धा के सिंहद्वार पर खड़े होकर सिंह गर्जना की। तब रोषपूर्ण स्वर सुनकर विस्मित हुआ बालि परिकर कसकर और शत्रुता मन में लिये युद्ध के लिए निकल पड़ा तो अश्रुस्निग्ध नयनों से युक्त तारा ने बीच रास्ते में उसे रोक दिया और पूछा कि "हे नाथ! आप बिना सोचे-विचारे कैसे निकल पड़े? मेरे मन में बड़ी आशंका उत्पन्न हो रही है। सुग्रीव तो अभी-अभी युद्ध में पराजित हो भाग खड़े हुए थे। अब दुबारा जब वे आये हैं तो उन्हें किसी शूर पराक्रमी का सहारा प्राप्त हुआ है। यह मेरा निश्चित विचार है।" (तारा का

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नाय्पोय सुग्रीवनाशु वन्नीटुवान् कारणं ऐन्नयुं पारं पराक्रम-
मुळ्ळोरु मित्रमवनुण्टु पिन्तुण निर्णयं। बालियुं तारयोटाशु
चोल्लीटिनान् बाले ! बलालोरु शङ्कयुण्टाकोला। कय्य-
यच्चीटु नी वैकरुतेतुमे नीयोरु कार्य्यं धरिक्केणमोमले ! १०
बन्धुवायारुळ्ळ तोक्क सुग्रीवनु बन्धमिल्लेन्नोटु वैरत्तिनार्क्कुमे।
बन्धुवायुण्टवनेकनेन्नाकिलो हन्तव्यनेन्नालवनुमरिक नी। शत्रु-
वायुळ्ळवन् वन्नु गृहान्तिके युद्धत्तिनाय् विळिक्कुन्नतुं केट्टुटन्
शूरनायुळ्ळ पुरुषनिरिक्कुमो भीरुवायुळ्ळिलटच्चतु चोल्लु नी।
वैरियेक्कोन्नु विरविल् वरुवन् ञान् धीरतकैक्कोण्टिरिक्क नी
वल्लभे ! तारयुं चोन्नाळतु केट्टवनोटु वीरशिखामणे !
केट्टालुमेङ्किल नी– काननत्तिङ्कल् नायाट्टिनु पोयितु ताने
मम सुतनंगदनन्नेरं केट्टोरु दन्तमेन्नोटु चोन्नानतु केट्टिट्टु शेषं
यथोचितं पोक नी। श्रीमान् दशरथनामयोद्ध्याधिपन् राम-
नेन्नुण्टवन् तन्नुटे नन्दनन्; लक्ष्मणनाकुमनुजनोटुं निज लक्ष्मी-
समयाय सीतयोटुमवन् २० वन्निरुन्नीटिनान् दण्डक कानने
वन्याशननायत्तपस्सु चेय्तीटुवान्। दुष्टनायुळ्ळोरु रावण

कथन सुनकर) बालि ने तारा को उत्तर में बताया—"हे भद्रे ! भय का कोई कारण नहीं है। तुम मेरा हाथ छोड़ दो और मुझे अविलम्ब जाने दो। अरी प्रिये ! तुम एक बात सोच लो—। १० —कि सुग्रीव का कौन मित्र है ? और मेरे प्रति किसी के वैर का भी कोई कारण नहीं है। अगर उसकी सहायता के लिए कोई मित्र है, ऐसा समझ जाए तो यह भी सोचना चाहिये कि वह भी मेरे हाथ मृत्यु को प्राप्त होगा। विशेष-कर जब कोई शत्रु गृहद्वार पर आकर युद्ध की चुनौती देता है तब उसे सुनकर क्या कोई शूर योद्धा कायर के समान दरवाजा बन्द करके भीतर बैठ सकता है ? यह तुम्हीं सोच लो। हे प्रिये ! तुम साहसपूर्वक बैठो। मैं शत्रु का वध करके तुरन्त आ जाऊँगा।" यह सुनकर तारा ने कहा—"हे वीरों के सिरमौर ! आप मेरी बात सुनिए। हे प्रिय ! मृगया के लिए वन में गये पुत्र अंगद ने वहाँ जो खबर सुनी, उसने मुझे आकर बतायी। वह खबर सुनने के बाद आप यथोचित कीजिए। कोशलेश दशरथ के पुत्र राम अपने भ्राता लक्ष्मण तथा अपनी भार्या सीता के साथ—। २० —दण्डकवन में तपस्या के लिए आये हुए थे और दुष्ट राक्षस रावण ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया जिससे वे अपने अनुज के साथ अपनी पत्नी की खोज में ऋष्यमूक पर्वत पर आये।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

राक्षसन् कट्टु कोण्टानवन् तन्नुटे पत्निय। लक्ष्मणनोटुमव-ळेयन्वेषिच्चु तल्क्षणमृश्यमूकाचले वन्नितु, मित्रात्मजनेयुं तत्र कण्टीटिनान् मित्रमाय् वाळ्कयेन्नन्योन्यमोन्निच्चु सख्यवुं चेय्तु कोण्टारग्नि साक्षियाय् दुःखशान्तिक्कुण्टिरुवरुमायुटन्। वृत्रारि-पुत्रनेक्कोन्नु किष्किन्धयिल् मित्रात्मज ! निन्ने वाळिप्पनेन्नोरु सत्यवुं चेय्तु कोटुत्तितु राघवन् सत्वरमर्क्कतनयनुमन्नेरं, अन्वेषणं चेय्तरिञ्ञु सीतादेवितन्नेयुं काट्टित्तरुवनेन्नुं तम्मिल् अन्योन्यमेवं प्रतिज्ञयुं चेय्तितु वन्नतिप्पोळतु कोण्टु तन्नेयवन्। वैरमेल्लां कळञ्ञाशु सुग्रीवने स्वैरमाय् वाळिच्चु कोळ्क-यिळमयाय्। ३० याहिरामं नी शरणमाय् वेगेन पाहिमामं-गदं राज्यं कुलञ्चते। इङ्ङने चोल्लि करञ्ञु कालुं पिटिच्चङ्ङने तार नमस्करिक्कुं विधौ व्याकुलहीनं पुणर्न्नु पुणर्न्नुनुरागवशेन परञ्ञितु बालियुं। स्त्री स्वभावं कोण्टु पेटियाय्केतुमे नास्तिभयं मम वल्लभे ! केळ्क्क नी— श्रीराम-लक्ष्मणन्मार् वन्नितेङ्किलो चेरुमेन्नोटुमवरेन्नु निर्णयं। रामने स्नेहमेन्नोळमिल्लार्क्कुमे रामनाकुन्नतु साक्षाल् महाविष्णु;

वहाँ उनकी भेंट मित्रात्मज (सुग्रीव) से हुई जिसके फलस्वरूप दोनों ने अपने दुःख-नाश के लिए परस्पर मित्रता बनाये रखने की अग्नि को साक्षी बनाकर प्रतिज्ञा कर ली। राम ने सुग्रीव से प्रतिज्ञा की कि वे वृत्रारि-पुत्र का वध करके किष्किन्धा का राज्य सुग्रीव को देंगे तो तुरन्त ही प्रत्युपकार के रूप में सुग्रीव ने सीता का अन्वेषण करके उन्हें राम को ला देने का सत्य वचन दिया। इस प्रकार परस्पर प्रतिज्ञाबद्ध होने के कारण ही आज सुग्रीव फिर आये। ऐसी हालत में शत्रुता भूलकर सुग्रीव को अपने अनुकूल बनाकर उनका युवराज के रूप में अभिषेक कर देना ही उचित होगा। ३० —रामचन्द्रजी से टक्कर लेने की सामर्थ्य आप में नहीं है। इसलिए उनकी शरण में जाकर मुझे, अंगद को और राज्य को आप बचा लें। इस प्रकार की प्रार्थना करती हुई और चरण पकड़कर विलाप करती हुई तारा को बड़े प्रेम से बार-बार छाती से लगाते हुए बालि ने कहा—"हे प्रिये ! तुम नारी-सुलभ दौर्बल्य के कारण भयविह्वल हो रही हो। तुम्हें भयभीत होने की आवश्यकता नहीं। मुझे बिल्कुल भय नहीं है। तुम मेरी बात सुनो। अगर राम-लक्ष्मण ही आये हुए हैं तो निश्चय ही वे मुझसे मिलेंगे। मेरा जैसा राम के प्रति अपार प्रेम अन्य किसी को नहीं। मैंने सुन रखा है कि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नारायणन् तानवतरिच्चु भूमि भार हरणार्थमेन्नु केळ्प्पुण्टु ञान्। पक्षभेदं भगवानिल्ल निर्ण्णयं निर्ग्गुणनेकनात्मारामनी-श्वरन्। तच्चरणांबुजे वीणु नमस्करिच्चिच्छया ञान् कूट्टि-क्कोण्टिङ्ङु पोरुवन्। मद्गृहत्तिङ्कलुपकारवुमेरुं सुग्रीवनेक्का-ळमेन्नेक्कोण्टोर्क्क नी। ४० तन्नेब्भजिक्कुन्नवरेभजिच्चीटुमन्यभावं परमात्माविनिल्लल्लो। भक्तिगम्यन् परमेश्वरन् वल्लभे! भक्तियो पार्क्किलेन्नोळमिल्लार्क्कुमे। दुःखवुं नीक्कि वसिक्क नी वेश्मनि पुष्करलोचने! पूर्ण्णगुणांबुधे! इत्थमाश्वास्य वृत्रारातिपुत्रनुं क्रुद्धनाय् सत्वरं बद्ध्वा परिकरं, निर्ग्गमिच्ची-टिनान् युद्धाय सत्वरं निग्रहिच्चीटुवान् सुग्रीवने क्रुधा। तारयु-मश्रुकणङ्ङळुं वार्त्तुवार्त्तारूढखेदमकत्तु पुक्कीटिनाळ्। पल्लुं कटिच्चलरिक्कोण्टु बालियुं निल्लुनिल्लेन्नणञ्ञोरु नेरं तदा मुष्टिकळ्कोण्टु ताडिच्चितु बालिये रुष्टनां बालि सुग्रीवनेयुं तदा; मुष्टिचुरुट्टि प्रहरिच्चिरिक्कवे कैट्टियुं काल्कै परस्परं ताडनं तट्टियुं मुट्टुकोण्टुं तल तङ्ङळिल् कोट्टियुमेटं पिटिच्चु कटिच्चुम—५० ङ्ङूट्टिल् वीणुं पुरण्टुमुकण्टुमुळ्च्चीटं कलन्नुं

राम साक्षात् महाविष्णु नारायण ही हैं जो भूमि-भार को दूर करने के लिए अवतीर्ण हुए हैं। राम, निर्गुण, एकमेवाद्वैत, आत्मा, परमेश्वर हैं और निश्चय ही उनमें भेदभाव नहीं है। मैं भगवद्चरणों पर प्रणाम करके उन्हें यहाँ सादर लिवा लाऊँगा। दूसरे मुझसे मित्रता रखने से जो लाभ हो सकता है, वह सुग्रीव की मित्रता से उन्हें प्राप्त नहीं हो सकता। ४० —भगवान भक्तवत्सल हैं। जो उनके प्रति अपार प्रेम रखता है, उसके प्रति भगवान का बड़ा ममत्व है। विपरीत भाव परमात्मा में नहीं है। परमेश्वर केवल भक्ति से प्राप्य हैं और सोचें तो मेरी जैसी भक्ति अन्य किसी के हृदय में नहीं है। अतः हे कमल-लोचने! पूर्ण गुणशीले! तुम निश्चिन्त एवं सानन्द घर पर बैठो।" इस प्रकार तारा को शान्त करने के उपरान्त वृत्रारिपुत्र क्रुद्ध हो कमर कसकर युद्ध में शत्रु सुग्रीव को मारने का दृढ़ संकल्प किये घर से बाहर निकल आया। तारा अश्रुधारा बहाती-बहाती अत्यन्त दुखी हो घर के भीतर चली गयी। 'ठहर-ठहर' की घोर गर्जना करते हुए तथा दाँत पीसते हुए बालि सुग्रीव के निकट आ पहुँचा। दोनों के बीच मुष्टि प्रहार, हाथ-पाँव से ताड़न, उछल-कूद, परस्पर मस्तक से टकराना, नोच-घसीट, दबाना, दन्तप्रहार। ५० —धक्का-मुक्की, लात-मार, लोट-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नखं कौण्टु मान्तियुं; चाटिप्पतिक्कयुं कूटेक्कुतिक्कयुं माटित्तटुक्कयुं कूटेक्कौटुक्कयुं; ओटिक्कळिक्कयुं वाटिवियर्क्कयुं माटि विळिक्कयुं कोपिच्चटुक्कयुं; ऊटे वियर्क्कयुं नाडिकळ् चीर्क्कयुं मुष्टियुद्ध प्रयोग कण्टु ञ्लिपवर्दृष्टिकुळिक्कयुं वाळ्ित स्तुतिक्कयुं; कालनुं कालकालन्तानुमुळ्ळ पोर् बालि सुग्रीव युद्धत्तिनोव्व दृढं। रण्टु समुद्रङ्ङळ् तम्मिलप्पोरुं पोले रण्टु शैलङ्ङळ् तम्मिलप्पोरुं पोलेयुं; कण्टवरार्त्त कौण्टाटिप्पुकळितयुं कण्टीलवाट्टमौरुत्तनुमेतुमे। अच्छन् कौटुत्तोरुमाल बालिक्कुमुण्टच्युतन् नल्किय मालसुग्रीवनुं; भेदमिल्लोन्नुकौण्टुं तम्मिलेङ्किलुं भेदिच्चितक्कं तनयनु विग्रहं। सादवुमेटं कलर्न्नु सुग्रीवनुं खेदमोटे रघुनाथने नोक्कियुं; ६० अग्रज मुष्टि प्रहारङ्ङळेल्कयाल् सुग्रीवनेटं तळर्च्चयुण्टेन्नतु कण्टु कारुण्यं कलर्न्नु वेगेन वैकुण्ठन् दशरथनन्दनन् बालितन् वक्षः प्रदेशत्ते लक्ष्यमाक्किक्कौण्टु वृक्षषण्डं मरञ्ञाशु माहेन्द्रमामस्त्रं तौटुत्तु

पोट, नखों से खुरेदना आदि द्वन्द्वयुद्ध के नाना प्रकार के दाँव-पेंच भयंकर रूप में होते रहे। दोनों उछल पड़ते थे, साथ-साथ धराशायी होते थे, मुष्टिप्रहार रोकते और प्रहार करते थे। कभी एक-दूसरे से डरकर भागते, म्लान एवं उदास होते, परस्पर चुनौती देते और कोपाकुल हो आमने-सामने आते। दोनों पसीने से तर होते थे, दोनों की नाड़ियाँ उभर आ रही थीं। मुष्टिप्रयोग देख प्रेक्षक लोग विस्मित होते तथा प्रशंसा करते जा रहे थे। यमराज तथा शिव के बीच का युद्ध भी बालि-सुग्रीव के युद्ध के समान भयंकर नहीं था। उनका युद्ध ऐसा था मानो दो समुद्र परस्पर टकरा रहे हैं अथवा दो शैल परस्पर भिड़ गये हैं। दर्शक लोग उनके युद्ध की सराहना करते रहे। दोनों में से कोई भी परिश्रान्त नहीं हुआ। बालि के गले में उसके पिता की दी हुई माला थी तो सुग्रीव के गले में अच्युत (राम) की दी हुई माला थी। दोनों में किसी प्रकार की भिन्नता नहीं जान पड़ती थी। हाँ अर्कतनय (सूर्यपुत्र सुग्रीव) का शरीर मुष्टि प्रहारों से अधिक विदीर्ण था। अन्त में (बालि के प्रहार सह-सहकर) सुग्रीव परिश्रान्त हो उठे और वे कारुणिक दृष्टि से राम की ओर देखने लगे। ६० अग्रज के मुष्टि प्रहारों से आलस्ययुक्त होते हुए सुग्रीव को देखकर करुणामूर्त्ति, विष्णु के अवतार दशरथनन्दन राम ने बालि के वक्षःस्थल को लक्ष्य बनाकर वृक्षों की आड़ से इन्द्रास्त्र का प्रयोग किया, जो बालि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वलिच्चु ऩिऱ्च्चुटन् विद्रुतमाम्माऱ्यच्चरुळीटिनान् । चेऩ्ऩतु बालितन् माऱिल्त्तऱ्च्चळमोऩ्ऩङ्ङलऱि वीणीटिनान् बालियुं । भूमियुमोऩ्ऩु विऱ्च्चितऩ्ऩेरत्तु रामनेक्कूप्पिस्तुतिच्चु मरुल् सुतन्–मोहं कलर्ऩ्ऩु मुहूर्त्तं मात्रं पिन्ने मोहवुं तीर्ऩ्ऩु ऩोक्कीटिनान् बालियुं । काणायितग्रे रघूत्तमनेत्तदा बाणवुं दक्षिण हस्ते धरिच्चन्य पाणियिल चापवुं चीरवसनवुं तूणीरवुं मृदु स्मेर वदनवुं; चारु जटा मकुटं पूण्टिटम्पेट्ट माऱिटत्तिङ्कल् वन-मालयुं पूण्टु; ७० चार्वायतङ्ङळायुळ्ळ भुजङ्ङळुं दूर्वाद-ळच्छवि पूण्ट शरीरवुं; पक्ष भागे परिसेवितन्माराय लक्ष्मण सुग्रीवन्मारेयुमञ्जसा कण्टु गर्हिच्चु पऱ्ञ्ञतु बालि-युमुण्टाय खेद कोपाकुल चेतसा— ॲन्तु ञानोऩ्ऩु ऩिन्नोटु पिऴ्च्चतुमेऩ्तिनेन्नेक्कोल चेय्तु वेऱुते ऩी ? व्याजेन चोर धर्म्मत्तेयुं कैक्कोण्टु राजधर्म्मत्ते वेटिञ्ञतेऩ्तिङ्ङने ? ॲऩ्तोरु कीर्त्ति लभिचितितु कोण्टु ? चिन्तिक्क राजकुलोत्भवनल्लो ऩी ? वीर धर्म्मं निरूपिच्चु कीर्त्तिक्केङ्किल् ऩेरे पोरुतु जयिक्केणमेवनुं । ॲन्तोऩ्ऩु सुग्रीवनाल् कृतमायतुं ॲऩ्तु

~~~~~~

की छाती को जा लगा। (उसके लगते ही) गर्जना करता हुआ बालि भूमि पर आ गिर पड़ा जिसके भार से भूमि एक बार कम्पित हो उठी। हनुमान ने हाथ जोड़कर राम की स्तुति की। क्षण भर के लिए बालि मूच्छित हुआ और मूर्च्छना हटने पर बालि को अपने सामने दक्षिण हस्त में बाण, वाम हस्त में चाप, चीरवसन एवं तूणीर, सुन्दर जटा-मुकुट एवं वक्षःस्थल पर वनमाला धारण किये स्मितिवदन रामजी दिखायी दिये। ७० —उनकी सुन्दर सुदीर्घ भुजाएँ थीं, दूर्वादल के समान कोमल छवि थी और लक्ष्मण-सुग्रीव से परिसेवित थे। राम को देखकर अत्य-धिक व्याकुलता एवं क्रोध के साथ निन्दासूचक शब्दों में बालि ने कहा— "हे राम ! मैंने आपका क्या अपकार किया ? आपने मुझ निरपराधी पर क्यों बाण चलाया ? चोर-धर्म का आश्रय लेकर आपने राजधर्म को क्यों ठुकरा दिया ? इस आचरण से आपको क्या यश प्राप्त होगा ? आप ही सोचिये, आप तो राजवंश में जन्मे हैं। वीरधर्म की कीर्त्ति प्राप्त करने के लिए शत्रु के सम्मुख आकर युद्ध करके विजय पाने की आवश्यकता है। सुग्रीव की ओर से आपको क्या सहायता मिली ? और मेरी ओर से आपका क्या अनिष्ट हुआ ? रावण के द्वारा पत्नी का अपहरण होने पर सुग्रीव की सहायता लेना और मेरा वध करना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow
~~~~~~

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मट़ेन्नाल् कृतमल्लयाञ्ञतुं ! रक्षोवरन् तव पत्नियेक्कट्टति-नक्कात्मजनेंशरणमाय् प्रापिच्चु, निग्रहिच्चु भवानेंन्नेयेन्ता-किलो विक्रमं मामकं केट्टट्रियुन्नीले ? ८० आरट्रियात्ततु मून्नु लोकत्तिलुं वीरनामेन्नुटे बाहु पराक्रमं ? लङ्कापुरत्ते त्रिकूटमूलत्तोटुं शङ्काविहीनं दशास्यनोटुं कूटे बन्धिच्चु ञानर नाळिक कोण्टु निन्नन्तिके वच्चु तोळुतेनुमादराल् । धर्म्मि-ष्ठनेन्नु भवाने लोकत्तिङ्कल् निर्म्मलन्मार् पऱयुन्नु रघुपते ! धर्म्ममेन्तोन्नु लभिच्चतितु कोण्टु निर्म्मूलमिङ्ङने काट्टा-ळनेप्पोले वानरत्तेच्चति चेय्तु कोन्निट्टोरु मानमुण्टायतेन्तेन्नु पऱक नी । वानरमांसमभक्ष्यमत्रे बत मानसे तोन्नियतेन्तितु भूपते ! इत्थं बहु भाषणं चेय्त बालियोटुत्तरमायरुळ् चय्तु रघूत्तमन्— धर्म्मत्ते रक्षिप्पतिन्नायुधवुमाय् निर्म्मत्सरं नटक्कुन्नितु नीळे ञान् । पापियायोरधर्म्मिष्ठनां निन्नुटे पापं कळञ्ञु धर्म्मत्ते नटत्तुवान् ९० निन्ने वधिच्चतु ञान् मोह-बद्धनाय् निन्ने नीयेतुमऱियाञ्ञतुमेटो ! पुत्रि भगिनि सहोदर भार्ययुं पुत्रकळत्रवुं मातावुमेतुमे भेदमिल्लन्नल्लो

मूर्खता का लक्षण है। आपने मेरे साहस एवं पराक्रम की बात सुनी भी नहीं है ? ८० —इस त्रिभुवन में मुझ वीर का भुजबल कौन नहीं जानता ? रावण को बाँधकर तथा लंका समेत त्रिकूटाचल को निस्संदेह उठा लाकर आधे पल के भीतर आपके सम्मुख रख आपके चरणों पर हाथ जोड़ सकता था। हे रघुपति ! आपको विश्व के निर्मल चेता लोग बड़े ही धार्मिक कहते हैं। खेद है, शिकारी के समान आड़ में छिपे खड़े होकर एक निरपराध वानर को छलपूर्वक मार डालने से आपका कौन-सा धर्म सिद्ध हुआ ? इससे आपकी क्या विशेष प्रतिष्ठा होगी ? आप ही मुझे बताइये। वानर-माँस तो अभक्ष्य है। हे राजा ! आपके मन में ऐसा (दुष्ट) विचार कैसे आ पाया ?" इस प्रकार के कटुवचन कहते बालि से भगवान ने उत्तर में कहा—"मैं धर्म की रक्षा के लिए निर्मम आयुधधारी बन चलता आ रहा हूँ। मेरा किसी के प्रति भेदभाव नहीं है। तुम अधार्मिक एवं पापी हो। तुम्हारा पाप दूर करके धर्म की रक्षा करने के लिए। ९० —मैंने तुम्हारा वध किया। मायामोहवश तुमने स्वयं को नहीं समझा। सहोदर भार्या, पुत्री, भगिनी, पुत्र की पत्नी और माता इन सबको समान मानकर चलना चाहिए, यही वेदोक्ति है। मोहवश इनमें से किसी का परिग्रह करनेवाला पापियों में भी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेदवाक्यमतु चेतसि मोहाल् परिग्रहिक्कुन्नवन् पापिकळिल् वच्चुमेट्टं महापापि तापमर्व्विक्कतिनालें वरुमल्लो। मर्य्याद-न्नीक्कि नटक्कुन्नवर्कळें शौर्यमेरुं नृपन्मार् निग्रहिच्चथ धर्म्मस्थिति वरुत्तुं धरणीतले निर्म्मलात्मा न्नी निरूपिक्क मानसे। लोक विशुद्धिवरुत्तुवानाय्क्कोण्टु लोकपालन्मार् नटक्कुमेल्लाटवुं। एन्नेप्परञ्ञु पोकाय्कवरोटितुं पापत्तिनाय् वरुं पापिकळ्क्केट्टवुं। इत्थमरुळ् चेय्ततोक्कवे केट्टाशु चित्त-विशुद्धि भविच्चु कपीन्द्रनुं। रामनें नारायणनेन्नरिञ्ञुटन् तामस भावमकन्नु ससंभ्रमं १०० भक्त्या नमस्कृत्य वन्दिच्चु चोल्लिनानित्थं 'ममापराधं क्षमिक्केणमे। श्रीराम! राम! महाभाग! राघव! नारायणन् निन्तिरुवटि निर्ण्णयं। ञानरियातें परञ्ञतेल्लां तव मानसे कारुण्यमोट्टु क्षमिक्कणं। निन्तिरुमेनियुं कण्टु कण्टाशु निन्नन्तिके तावकमाय शरमेट्टु देह-मुपेक्षिप्पतिन्नु योगं वन्नताहन्त! भाग्यमेन्तोन्नु चोल्लावतुं! साक्षाल् महायोगिनामपि दुर्ल्लभं मोक्षप्रदं तवदर्शनं श्रीपते! निन्तिरुनामं मरिक्कान् तुटङ्ङुम्पोळ् सन्ताप-मुळ्क्कोण्टु चोल्लुं पुरुषनु मोक्षं लभिक्कुन्नताकयालिन्नुमे

महापापी होता है और इस आचरण का उसे दण्ड सहना होगा। तुम यह भलीभाँति जान लो कि मर्यादा का उल्लंघन करनेवाले पापियों का वधकर पृथ्वी पर धर्म की रक्षा करना पुण्यात्मा एवं साहसी राजाओं का धर्म है। लोकपालक लोग सदा लोकशुद्धि के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। ऐसे (धर्मात्मा) लोगों के सामने इस प्रकार के (बालि ने जो कहा वैसा) कटुवचन कहने से उनका पाप और भी बढ़ जाता है। (राम का) यह वचन सुनकर कपीश का मन पवित्र एवं शुद्ध हुआ और तामसी वृत्ति के निराकरण से राम को साक्षात् नारायण समझकर। १०० —भक्तिपूर्वक नमस्कार एवं वन्दना करते हुए उसने इस प्रकार भगवान से कहा—"हे राम! हे राम! हे महाभाग! हे राघव! आप निश्चय ही नारायण हैं। आप मेरा अपराध क्षमा कर दें। मैंने आपको बिना पहचाने जो कुछ कहा, उसे सहानुभूतिवश क्षमा की दृष्टि से देखें। आपके भगवद्करों में विराजित बाण लगकर शरीर को त्याग करने तथा अपने समक्ष आपके रूप को देखते हुए मृत्यु पाने का जो सुयोग प्राप्त हुआ, वह तो मेरा महाभाग्य ही कहा जा सकता है। हे श्रीपति! मोक्षप्रद आपका दर्शन वास्तव में महायोगी ऋषियों के लिए भी दुर्लभ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

साक्षाल् पुरःस्थितनाय भगवाने, कण्टु कण्टन्पोटु ञ्निन्नुटे सायकं कोण्टु मरिक्कानवकाशमिक्कालं उण्टायतेन्नुटे भाग्यातिरेकमितुण्टो पलक्कुं लभिक्कुन्नतीश्वर ! ११० नारायणन् ञ्निन्तिरुवटि जानकि तारिल् मातावाय लक्ष्मीभगवति; पङ्क्ति कंठन् तन्ने निग्रहिप्पानाशु पङ्क्ति रथात्मजनाय् जनिच्चु भवान् । पत्मजन् मुन्नमर्त्थिक्कयालेन्नतुं पत्मविलोचन ! ञानद्रिञ्ञीटिनेन् । ञ्निन्नुटे लोकं गमिप्पान् तुटङ्ङीट्टुमेन्नेयनुग्रहिक्केणं भगवाने ! ऎन्नोटु तुल्यबलनाकुमंगदन् तन्निल् तिरुवुळ्ळमुण्टायिरिक्कणं । अर्क तनयनुमंगद बालनु मोक्कुमेनिक्कोन्नु कैक्कोळ्क वेणमे । अम्पुं पद्रिच्चु तृक्कैकोण्टटियनेयन्पोटुमेल्लेत्तलोटुकयुं वेणं । ऎन्नतु केट्टु रघूत्तमन् बाणवुं चेन्नु पद्रिच्चु तलोटिनान् मेल्लवे । मानव वीरन् मुखांबुजवुं पार्त्तु वानर देहमुपेक्षिच्चु बालियुं । योगीन्द्रवृन्द दुरापमायुळ्ळोरु लोकं भगवल् पदं गमिच्चीटिनान् । १२० रामनायोरु परमात्मना बालि रामपादं प्रवेशिच्चोरनन्तरं मर्क्कटौघं भयत्तोटोटि वेगेन पुक्कितु

है । जब मृत्यु के अवसर पर आपके पावन नाम दीन स्वर में जपनेवाला भी मोक्ष प्राप्त करता है, तब अपने ही समक्ष भगवान का दर्शन करते हुए उन्हीं के सायक से मृत्यु पाने का यह जो महाभाग्य आज मुझे प्राप्त हुआ, वह अन्य किसे प्राप्त हो सकता है ? ११० हे कमललोचन ! मैंने यह जान लिया है कि पंक्तिकंठ (रावण) का वध करने के लिए श्रीनारायण ही पंक्तिरथ (दशरथ) के पुत्र रूप में अवतीर्ण हुए हैं और सीता साक्षात् लक्ष्मीदेवी ही हैं । आपके लोक में जाने के लिए प्रस्तुत मुझे अनुगृहीत करें । हे भगवान ! मेरे ही समान बलशाली बालक अंगद पर आपकीकृपादृष्टि हो तथा आप यह भाव अपनायें कि सुग्रीव और अंगद मेरे लिए समान हैं । हे भगवान् ! अपने ही श्रीकरों से यह बाण निकाल लेकर इस मेरे शरीर पर अपना वरद हस्त फेर लें ।" यह सुनकर राम ने बालि के पास आकर अपने हाथ से बाण निकाला और कृपापूर्वक उसके शरीर पर अपना हाथ फिरा दिया । मानववीर रामजी के मुखांबुज का दर्शन करते हुए बालि ने अपना वानर शरीर त्याग दिया । योगीन्द्रों के भी अप्राप्य रामपद को बालि ने प्राप्त किया । १२० रामरूपी परमात्मा के द्वारा बालि के परम पद को प्राप्त होते ही । वानर समूह भयविह्वल हो किष्किन्धापुरी को दौड़ पड़ा और तारा को समाचार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

किष्किन्धयाय पुराजिरे। चॊल्लिनार् तारयोटाशु कपिकळुं स्वर्लोकवासियाय् वन्नु कपीश्वरन् श्रीराम सायकमेट्टु रणाजिरे तारे ! कुमारनॆ वाळिक्क वैकातॆ। गोपुर वातिल् नालुं दृढं बन्धिच्चु गोपिच्चु कॊळ्क किष्किन्धा महापुरं। मन्त्रिकळोटु नियोगिक्क नी परिपन्थिकळुळ्ळिलक्कटक्कातिरिक्कणं। बालि मरिच्चतु केट्टोरु तारयुमालोलॆ वीळुन्न कण्णुनीरुं वार्त्तु; दुःखेन वक्षसि ताडिच्चु ताडिच्चु गद्गद वाचा परञ्ञु पलतरं— ऎन्तिनॆनिक्किनि पुत्रनुं राज्यवुमॆन्तिनु भूतल वासवुं मे वृथा ! भर्त्ताविनु तन्नोटु कूटॆ मटियातॆ मृत्युलोकं प्रवेशिक्कुन्नतुण्टु ञान्। १३० इत्थं करञ्ञु करञ्ञु चॆन्नु तन् रक्तपांसुक्कळणिञ्ञु किटक्कुन्न भर्तृ कळेबरं कण्टु मोहं पूण्टु पुत्रनुं कूटॆयेटं विवशयाय् वीणितु चॆन्नु पदान्तिके तारयुं केणु तुटङ्ङिनाळ् पिन्नॆप्पलतरं : बाणमॆय्तॆन्नॆयुं कॊन्नीटु नी मम प्राणनाथन्नु पॊरा पिरिञ्ञालॆटो ! ऎन्नॆप्पतियोटु कूटॆययय्किलो कन्यका दानफलं निनक्कुं वरुं। आर्यनां निन्नालनुभूतमल्लयो भार्या वियोगज दुःखं रघुपते ! व्यग्रवुं तीर्त्तुरुमयुमाय् वाळ्क नी सुग्रीव !

दिया कि "हे तारा ! युद्ध प्रांगण में राम-सायक लगकर बालि स्वर्गवासी हो गया। अब कुमार (अंगद) का अभिषेक करा दो। किष्किन्धा राजधानी के चारों गोपुरद्वार को बन्द करने की मन्त्रियों को आज्ञा दो। कोई शत्रु गोपुर के भीतर प्रवेश न करने पाये, इसका बराबर ध्यान रखा जाए।" बालि के वध की सूचना पाकर अश्रुधारा प्रवाहित करती हुई तारा दुःख से छाती पीटती-पीटती गद्‌गद कण्ठ से कहने लगी—"अब मेरे लिए पुत्र या राज्य किस काम का है? मेरे लिए इस संसार का जीवन ही व्यर्थ है। मैं अपने पति के साथ मृत्युलोक में प्रवेश करूँगी।" १३० इस प्रकार विलाप करते-करते भागती हुई तारा रक्तधारा में निमग्न अपने पति के शव-शरीर को देखकर मोह-विह्वल हो अपने पुत्र सहित उसके चरणों पर जा गिरी और विलाप करती हुई तारा कई प्रकार के प्रलाप करने लगी—"हे राम ! तुम अपने बाण से मुझे भी मार डालो। मेरा वियोग मेरा पति सह नहीं सकता। अगर तुम मुझे भी पति के साथ भेज सकोगे तो तुम्हें कन्यादान का पुण्यफल प्राप्त होगा। हे रघुपति ! तुम आर्य हो और तुम्हें स्वयं भार्या-वियोगजन्य दुःख अनुभूत है। हे सुग्रीव ! तुम रुमा (सुग्रीव की पत्नी) के साथ चिरकाल तक सुखपूर्वक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

राज्यभोगङ्ङळोटुं चिरं। इत्थं परञ्ञु करयुन्न तारयोटुत्तर-मायरुळ् चेय्तु रघुवरन् तत्त्वज्ञानोपदेशेन कारुण्येन भर्तृ वियोग दुःखं कळञ्ञीटुवान्। १३९

तारयोटुळ्ळ उपदेशम्

अेन्तिनु शोकं वृथा तव केळ्क्क नी बन्धमिल्लेतुमितिन्नु मनोहरे ! निन्नुटे भर्त्तावु देहमो जीवनो ? धन्ये ! पर-मार्त्थमेन्नोटु चौल्लुनी। पञ्चभूतात्मकं देहमेट्टं जडं सञ्चितं त्वङ् मांस रक्तास्थि कोण्टेटो ! निश्चेष्ट काष्ठ तुल्यं देहमोर्क्क नी निश्चयमात्मावु जीवन् निरामयन्। इल्ल जननं मरणवुमिल्ल केळ्ललुण्टाकाय्कतु निनच्चेतुमे। निल्कयुमिल्ल नटक्कयुमिल्ल केळ् दुःख विषयवुमल्लतु केवलं। स्त्री पुरुष क्लीब भेदङ्ङळुमिल्ल तापशीतादियुमिल्लेन्नरिक नी। सर्वगन् जीवनेकन् परनद्वयनव्ययनाकाश तुल्यनलेपकन्, शुद्ध-नाय् नित्यमाय् ज्ञानात्मकमाय तत्त्वमोर्त्तेन्तु दुःखत्तिनु कारणं ? राम वाक्यामृतं केट्टोरु तारयुं रामनोटाशु चोदिच्चितु

राज्य करो।" इस प्रकार प्रलाप करते हुए बिलखती तारा के विरह दुःख को तत्वज्ञान के उपदेश द्वारा दूर करने के विचार से करुणामूर्ति राम ने तारा से कहा। १३९

तारा के प्रति उपदेश

"हे मनोहरी ! सुनो। तुम्हारा यह दुःख व्यर्थ है। इस शोक के लिए कोई कारण नहीं है। हे धन्ये ! तुम मुझे सच बताओ कि तुम्हारा पति शरीर है या जीवन है ? (अगर तुम देह को पति मान बैठती हो तो) यह त्वक् मांस अस्थि एवं रक्त से बनी यह पंचभूतात्मक देह केवल जड़ है। तुम यह समझ लो कि यह चेतनरहित देह काष्ठतुल्य है। (अगर जीवन ही तुम्हारा पति है तो) जीवन तो आत्मा है जो निरामय, जन्म-मरण रहित है। उसके सम्बन्ध में सोचकर तुम्हें व्याकुल होने की आव-श्यकता नहीं है। जीवन का कभी अन्त नहीं होता। जन्म-मरण रहित आत्मचैतन्य ही जीवन है। स्त्री, पुरुष, नपुंसक नामक रूप भेद या उष्ण-शीत का अवस्था भेद उसमें नहीं है। आकाश के जैसे सब में व्याप्त, किन्तु किसी में न लिप्त यह आत्मा शुद्ध, अद्वैत, अव्यय एवं निर्मल है। वह शुद्ध, नित्य एवं ज्ञानमय है। ज्ञानस्वरूप इस आत्मतत्व को पहचान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पिन्नेयुं—१० निश्चेष्ट काष्ठ तुल्यं देहमायतुं सच्चिदात्मा नित्यनायतु जीवनुं; दुःख सुखादि सम्बन्धमाक्केन्नुळ्ळतोक्के-यरुळ् चेय्कवेणं दयानिधे ! अेन्नतु केट्टरुळ् चेय्तु रघुवरन् धन्ये ! रहस्यमायुळ्ळतु केळक्क नी। यातोरळवु देहेन्द्रिया-हङ्कार भेदभावेन सम्बन्धमुण्टाय् वरुं अत्र नाळेय्क्कुमात्मा-विनुसंसारमेत्तुमविवेक कारणाल् निर्ण्णयं। ओर्क्किल् मिथ्या-भूतमाय संसारवुं पार्क्क ताने विनिर्वर्त्तिक्कयिल्लेटो ! नाना विषयङ्ङळे ध्यायमाननां मानवनेङ्ङनेयेन्नतुं केळ्क्क नी। मिथ्यागमं निज स्वप्ने यथातथा सत्यमायुळ्ळतु केट्टालुमेङ्किलो। नूनमनाद्यविद्या बन्धु हेतुना तानामहंकृतिक्काशु तलुक्कार्यमाय् संसारमुण्टामपार्त्थकमायतुं संसारमो राग रोषादि संकुलं। २० मानसं संसार कारणमायतुं मानसत्तिन्नु बन्धं भविक्कुन्नतुं; आत्म-मनस्समानत्वं भविक्कयालात्मनस्तल्कृत बन्धं भविक्कुन्नु। रक्तादि सान्निद्ध्यमुण्टाक कारणं शुद्ध स्फटिकवुं तद्वर्ण्णमाय् वरुं। वस्तुतया पर्क्किलिल्लतद्रञ्जना चित्ते विचारिच्चु काण्क नी

लेने पर किस बात का दुःख रह जाता है ?" राम का यह वाक्यामृत सुनकर तारा ने फिर राम से प्रश्न किया। १० —हे स्वामी ! आपने बताया कि देह जड़ काष्ठतुल्य है और जीवन सत्चित् आत्मा है जो नित्य है। अगर ऐसी बात है तो हे दयानिधि ! यह समझाने की कृपा करें कि सुख-दुःख का अनुभव (जीवन और देह में) किसको होता है।" यह सुनकर राम ने बताया–"हे धन्ये ! तुम इस रहस्य को मुझसे सुनो। जब तक आत्मा देह, इन्द्रिय, अहंकार आदि से उद्भूत भेदभाव के वशीभूत रहती है तब तक निश्चय ही अविवेक के कारण वह संसार से आबद्ध रहती है। गहराई से विचार करने पर (विदित होगा) मिथ्यात्मक इस संसार का कोई पृथक् अस्तित्व नहीं है। किन्तु नाना प्रकार के विषयों के प्रति चिन्तित मनुष्य इस संसार से मुक्त नहीं हो सकता। वास्तव में यह संसार स्वप्न के समान मिथ्या है। मायावश अहं की भावना और उसके फलस्वरूप यह अर्थहीन संसार बनता है। अहंकार से उत्पन्न यह संसार राग-द्वेष आदि विकारों से परिपूर्ण है। २० —मन ही इस संसार का कारण है। (राग-द्वेष आदि का) बन्धन मन को लगता है। अज्ञान-वश मन के अहंभाव आदि आत्मा से सम्बन्धित हो जाते हैं। मन तथा आत्मा के परस्पर एक दूसरे की छाया बनकर रहने से मन के राग आदि भाव आत्मा में प्रतीत होने लगते हैं, जैसे कि स्वच्छ काँच स्याही, रक्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सूक्ष्ममाय् । बुद्धीन्द्रियादि सामीप्यमुण्टाकयालेत्तुमात्माविनु संसारवुं बलाल् । आत्मास्वलिंगमायोरु मनस्सिनें तात्पर्य्यमोटु परिग्रहिच्चिट्टल्लो तन्स्वभावङ्ङळायुळ्ळ कामङ्ङळेस्सत्वादिकळां गुणङ्ङळाल् बद्धनाय् सेविक्कयालवशत्वं कलर्न्नतु भाविक्क कोण्टु संसारे वलयुन्नु । आदौमनोगुणान् सृष्टा ततस्तदा वेदं विधिक्कुं बहुविध कर्म्मङ्ङळ् । शुक्लरक्तासित भेद गतिकळाय् मिक्कतुं तत्समानप्रभावङ्ङळाय् । ३० इङ्ङनें कर्म्म-वशेन जीवन् बलालेङ्ङुमाभूतप्लवं भ्रमिच्चीटुन्नु । पिन्नेस्स-मस्त संहारकाले जीवनन्नुमनाद्यविद्यावशं प्रापिच्चु तिष्ठत्य-भिनिवेशत्ताल् पुनरथ सृष्टिकाले पूर्ववासनयासमं जायातभूयो घटीयन्त्रवत्सदा मायाबलत्तालताक्कोळ्ळिक्कामेटो ! यातोरिक्कल् निज पुण्यविशेषेण चेतसिसत्संगति लभिच्चीटुन्नु, मत्भक्तनाय-शान्तात्माविनु पुनरिप्पोळवन्मतिमद्विषया दृढं श्रद्धयुमुण्टां कथाश्रवणे ममशुद्धस्वरूप विज्ञानवुं जायते । सद्गुरुनाथ

या दूध के सान्निध्य मात्र से उसी रंग का प्रतीत होने लगता है। वास्तव में देखा जाय तो आत्मा का अपना कोई सम्बन्ध नहीं है। तुम गहराई से सोचोगी तो विदित होगा कि बुद्धि, इंद्रिय आदि के सामीप्य के कारण आत्मा बलात् संसार में बन्धित हो जाती है। अपने सूक्ष्मशरीरी मन को अपनाने के कारण उसके स्वभावज काम आदि के सम्बन्ध में आकर आत्मा उनके वश में पड़ जाती है। इस प्रकार मन की अधीनता स्वीकार करने के कारण आत्मा संसार के वशीभूत होती है। बन्धनस्वरूप काम-लोभ आदि तथा मोक्षस्वरूप शम-दम आदि इस प्रकार पहले दो तरह के मनोगुणों की सृष्टि करके सात्विक, राजस एवं तामस गुणों से युक्त कर्मों का वेदविधान करते हैं। ये कर्म अपना प्रभाव डालते हैं। ३० ऐसे कर्मों के वश में पड़कर जीवन प्रलयपर्यन्त संसार बन्धन में भटकता है। प्रलयकाल में अनादि अविद्या में तल्लीन हो निर्विकार रूप में वह रहती है। फिर सृष्टि रचना के समय अपनी पूर्ववासना के अनुरूप शरीर धारण करती है। इस प्रकार माया के वशीभूत आत्मा पानी भरने के घट के समान जन्म-मृत्यु रूपी चक्र में ऊपर-नीचे घूमती रहती है। उसके इस जन्म-मरण को कौन दूर कर सकता है? मेरे भक्त पुण्यात्मा लोगों को जब सत्संगति का अवसर प्राप्त होता है तब उनकी बुद्धि का विकास होता है और वे निरंतर मुझ पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। मेरी कथा-श्रवण में उनका मन तल्लीन हो जाता है और उनके मन में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रसादेन मानसे मुख्य वाक्यार्त्थ विज्ञानमुण्टाय्वरुं। देहे-न्द्रिय मन:प्राणादिकळिल् न्निन्नाहन्त वेरोन्नुनूनमात्मावितु। सत्यमानन्दमेकं परमद्वयं नित्यं निरुपमं निष्कळं निर्ग्गुणं। ४० इत्थमरियुम्पोळ् मुक्तनामप्पोळे सत्यं मयोदितं सत्यं मयोदितं। यातोरुत्तन् विचारिक्कुन्नतिङ्ङने चेतसि संसारदु:खमवनिल्ल। नीयुं मयाप्रोक्तमोर्त्तु विशुद्धयाय् माया विमोहं कळकमनोहरे! कर्म्मबन्धत्तिङ्कल् निन्नुटन् वेर्पेट्टु निर्म्मल ब्रह्मणितन्ने लयिक्कनी। चित्ते निनक्कु कळिञ्ञ जन्मत्तिङ्कलेत्रयुं भक्ति-युण्टेङ्कलतु कोण्टु रूपवुमेवं निनक्कु काट्टित्तन्नु तापमिनि कळञ्ञालुमशेषं नी। मद्रूपमीदृशं ध्यानिच्चु कोळ्कयुं मद्वचनत्ते विचारिच्चु कोळ्कयुं चेय्ताल् निनक्कु मोक्षं वरुं निर्ण्णयं कैतवमल्ल परञ्ञतु केवलं। श्रीरामवाक्यमानन्देन केट्टोरु तारयुं विस्मयं पूण्टु वणङ्ङिनाळ्। मोहमकन्नु तेळिञ्ञतु चित्तवुं देहाभिमानज दु:खवुं पोक्किनाळ्। ५० आत्मानुभूतिकोण्टाशु सन्तुष्टयायात्मबोधेन जीवन्मुक्तयायिनाळ्। मोक्षप्रदनाय राघवन् तन्नोटु काल्क्षणं संगममात्रेण तारयुं

परमात्मज्ञान का उदय होता है। सद्गुरु के प्रसाद से तत्वमसि जैसे वाक्यों का ठीक अर्थ समझ पाएँगे। देह, इन्द्रिय, मन, प्राण, अहंकार आदि आत्मा नहीं, आत्मा उनसे भिन्न है। वह सत्य स्वरूप, आनन्द-स्वरूप, अद्वय, निरुपम, निष्कल, निर्गुण है। ४० —(आत्मा के स्वरूप का) यह ज्ञान पाते ही वे मुक्त हो जाएंगे। हे सुन्दरी! मेरा यह कथन सत्य है। जिसमें इस ज्ञान का उदय होता है, वह संसारबन्धन से विमुक्त होता है। इसलिए तुम भी मेरा यह उपदेश सुनकर माया-मोह को त्यागकर विशुद्धात्मा बन जाओ। तुम कर्म-बन्धन से छुटकारा पाकर शुद्ध ब्रह्म में विलीन हो जाओ। हे भद्रे! पूर्व जन्म में तुम्हारे मन में मेरे प्रति अटल भक्ति रही, इस कारण मैंने तुम्हें अपना दर्शन कराया। तुम अपना सारा दु:ख त्याग दो। मेरे इस स्वरूप का ध्यान करने तथा मेरे वचनों का मनन करने से तुम सत्य ही परम कैवल्य पद को प्राप्त कर सकोगी। यह सत्य है।" श्रीरामजी का उपदेश सानन्द सुनकर तारा ने विस्मयपूर्वक रामजी को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। उसका मोह दूर हुआ और मन तत्वज्ञान से प्रकाशित हो उठा। देहा-भिमान से उत्पन्न दु:ख भी दूर हुआ। ५० —आत्मबोध को ग्रहण कर अद्वैतानन्द रस में तल्लीन हो तारा जीवनमुक्तावस्था को प्राप्त हो

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भक्तिमुळ्ळुत्तिट्टनादि बन्धं तीर्न्नु मुक्तयायाळोरु नारियेन्नाकिलुं। व्यग्रमेल्लामकलप्पोय्त्तेळिञ्ञितु सुग्रीवनुमिव केट्टोरनन्तरं। अज्ञानमेल्लामकन्नु सौख्यं पूण्टु विज्ञानमोटतिस्वस्थनायान् तुलों। ५५

सुग्रीव राज्याभिषेकम्

सुग्रीवनोटरुळ् चेय्तानन्तरमग्रज पुत्रनामंगदन् तन्नेयुं मुन्निट्टु संस्कारमादि कर्म्मङ्ङळेप्पुण्याह पर्य्यन्तमाहन्त चेय्क नी। रामाज्ञया तेळिञ्ञाशु सुग्रीवनुमामोद पूर्वमोरुक्किक्कुटङ्ङिङ्ङनान्। साम्ययायुळ्ळोरु तारयुं पुत्रनुं ब्राह्मणरुममात्य प्रधानन्मारुं पौरजनङ्ङळुमाय् नृपेन्द्रोचितं भेरीमृदंगादि वाद्यघोषत्तोटुं, शास्त्रोक्त मार्ग्गेण कर्म्मं कळिच्चथ स्नात्वाजगाम रघूत्तम सन्निधौ। मन्त्रिकळोटुं प्रणम्य पादांबुजमन्तर्म्मुदा परञ्ञान् कपिपुंगवन्— राज्यत्ते रक्षिच्चु कोळ्क वेणमिनित्तव शासनयुं

गयी। विस्मय की बात है कि मोक्षप्रद भगवान के अल्प समय के सत्संग से नारी होकर भी तारा मायाबन्धन से विमुक्त हो परमभक्त बनकर मुक्ति की अधिकारिणी बन गयी। तारा के निकट खड़े होकर यह उपदेश सुननेवाले सुग्रीव की आकुलता भी दूर हुई, वे संतुष्ट चित्त हुए। मन के माया-मोह से विमुक्त हो आत्मबोध की समरस स्थिति पाकर सुखी हो गये। ५५

सुग्रीव का राज्याभिषेक

(तारा को उपदेश देने के उपरान्त) राम ने सुग्रीव से कहा कि हे वानरराज! पिण्डकर्ता भ्रातृपुत्र अंगद को समक्ष खड़ा करके बालि के संस्कार कर्म पुण्याह पर्यन्त विधिवत् करो। राम की आज्ञा पाकर प्रसन्नचित्त हो सुग्रीव ने संस्कार कर्मों के साधन इकट्ठा किये। सौम्यशीला तारा, पुत्र अंगद, ब्राह्मण, अमात्य वर्ग और पुरवासी सबको साथ लेकर राजयोग्य वाद्यों सहित शास्त्रोक्त विधि के अनुसार बालि के अन्त्येष्टि संस्कार से निवृत्त होकर और स्नान के उपरान्त सुग्रीव ने मन्त्रियों के साथ राम के समीप आ उनके चरण-कमलों पर प्रणाम किया तथा कपिश्रेष्ठ ने मन ही मन प्रसन्न होकर राम से आग्रह किया— "हे देवदेवेश! अब आप ही राजपद पर आसीन हो शासन भार संभालें।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परिपालिच्चु सन्ततं देव देवेश ! ते पादपत्मद्वयं सेविच्चु कोंळ्ळुवन् लक्ष्मणनेंप्पोलें । सुग्रीव वाक्कुकळित्तरं केट्टुटननग्रे-चिरिच्चरुळ् चेंय्तु रघूत्तमन्—१० नी तन्नें ञानतिनिल्लोंरु संशयं प्रीतनाय् पोयालुमाशु ममाज्ञया । राज्याधिपत्यं निनक्कु तन्नेनिनिप्पूज्यनाय्च्चेंन्नभिषेकं कळिक्क नी । नूनमोंरु नगरं पूकयुमिल्ल ञानो पतिन्नालु संवत्सरत्तोळं । सौमित्रि चेंय्युमभिषेकमादराल् सामर्थ्यमुळ्ळकुमारनेंप्पिनें नी यौव-राज्यार्त्थमभिषेचय प्रभो ! सर्वमधीनं निनक्कु राज्यं सखे ! बालियेंप्पोलें परिपालनं चेंय्तु बालनेयुं परिपालिच्चु कोंळ्क नी । अद्रिशिखरे वसिक्कुन्नतुण्टु ञानद्यप्रभृति चातुर्म्मास्य-माकुलाल् । पिन्नें वरिषं कळिञ्ञालनन्तरमन्वेषणार्त्थं प्रयत्न-ङ्ङळ् चेंय्क नी । तन्वंगितानिरिप्पेटमरिञ्ञुवन्नेंन्नोटु चोंल्कयुं वेणं मम सखे ! अत्र नाळुं पुरत्तिङ्कल् वसिक्क नी नित्य सुखत्तोटुदारात्मजैस्समं । २० राघवन् तन्नोटनुज्ञयुं कैक्कोंण्टु वेगन सौमित्रियोटु सुग्रीवनुं चेंन्नु पुरिपुक्कभिषेकवुं चेंय्तु वन्नितु रामान्तिके सुमित्रात्मजन् । सोदरनोटुं प्रवर्षणाख्ये

मैं आपकी आज्ञा का पालन करता हुआ लक्ष्मण के समान ही पादपद्मों में सेवारत रहूँगा ।" सुग्रीव का यह वचन सुनकर राम ने मुस्कराते हुए कहा । १० —"तुममें और मुझमें कोई भेद नहीं । इसमें कोई सन्देह नहीं है । तुम मेरी आज्ञा लेकर ससंतुष्ट (राजधानी) चले जाओ । मैं तुमको राज्य का अधिकार देता हूँ । तुम जाकर सानन्द राज्या-भिषेक करा लो । मैं चौदह वर्ष तक किसी भी राजधानी में प्रवेश नहीं करूँगा । सौमित्र तुम्हारा राज्याभिषेक करेंगे । अंगद का युवराज के रूप में अभिषेक करो । तुम बालि के समान क्षेमपूर्वक प्रजा का परि-पालन करो और बालक (अंगद) की भी खूब देखभाल करते जाओ । मैं अब चार मास तक अर्थात् वर्षाॠतु की समाप्ति तक अद्रि शिखर पर विरहताप सहता हुआ जीवन बिताऊँगा । फिर वर्षा ॠतु के बीत जाने पर (शरद्काल के आगमन पर) (सीता के) अन्वेषण के लिए आवश्यक प्रबन्ध कर लो । हे मेरे मित्र ! तन्वंगी (सीता के) बैठने का स्थान खोज निकालकर उसका पता मुझे ला देना चाहिए । तब तक तुम राजधानी में पत्नी तथा सन्तान के साथ नित्यसुख का भोग करो ।" २० —राम से अनुमति लेकर सुग्रीव सौमित्रको साथ लेकर तुरन्त ही राजधानी में पहुँच गये और राज्याभिषेक का कर्म भी पूरा किया ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गिरौ सादरं चेन्नु करेरि रघूत्तमन्; उन्नतमूर्द्ध्व शिखरं प्रवेशिच्चु निन्न नेरमौरु गह्वरं काणायि। स्फाटिक दीप्ति कलर्न्नु विळङ्ङुन्न हाटकदेशं मणिप्रवरोज्ज्वलं; वात वरिष हिमातपवारणं पादपवृन्द फल मूल सञ्चितं; तत्रैव वासाय रोचयामास सौमित्रिणाश्रीरामभद्रन् मनोहरन्। सिद्ध योगीन्द्रादि भक्तजनं तदा मर्त्यवेषं पूण्ट नारायणन् तन्नै पक्षिमृगादि रूपं धरिच्चन्वहं पक्षिद्ध्वजनेब्भजिच्चु तुटङ्ङिनार्। राघवन् तत्र समाधिविरतनायेकान्त देशे मरुवुं दशान्तरे ३० एकदा वन्दिच्चु सौमित्रिसस्पृहं राघवनोटु चोदिच्चरुळीटिनान्– केळ्क्कयिलाग्रहं पारं क्रियामार्ग्गमाख्याहि मोक्षप्रदं त्रिलोकीपते! वर्ण्णाश्रमिकळ्क्कु मोक्षदं पोलतु वर्ण्णिच्चरुळ् चेय्क वेणं दयानिधे! नारद व्यास विरिञ्चादिकळ् सदा नारायण पूजकोण्टु साधिक्कुन्नु। नित्यं पुरुषार्त्थमेन्नु योगीन्द्रन्मार् भक्त्या परयुन्नतेन्नु केळ्प्पुण्टु ञान्, भक्तनाय्

(फिर) राम के समीप सुमित्रात्मज लौट आये। (वर्षा ऋतु बिताने के लिए) रामजी सहोदर लक्ष्मण के साथ प्रवर्षण नामक पर्वत पर पहुँचे। उसके उन्नत शिखर पर खड़े हो देखने पर उन्हें एक गह्वर (गुफा) दिखायी दिया। वह गह्वर रत्नप्रभा से प्रकाशित, स्फटिक दीप्ति से युक्त होने के कारण सुवर्णमय था। उसे वात, वर्षा, हिम, आतप आदि से सुरक्षित तथा फल-फूलों से युक्त पादप समूहों से संकुल पाकर मनोहर श्रीरामजी ने भ्राता सहित वहीं वास करने का निश्चय किया। वहीं वास करते समय सिद्ध योगियों रूपी भक्तजनों ने पशु-पक्षियों का रूप धारण कर वहीं आकर रहने तथा मर्त्यवेषधारी साक्षात् पक्षिध्वज नारायण की स्तुति करने का उपक्रम किया। जब राम एकान्त समाधि से विरत हो बैठे थे। ३० —तब एक दिन राम के श्रीचरणों की वन्दना करते हुए आकांक्षाभरित वाणी में लक्ष्मण ने आग्रह किया—"हे त्रिलोकपति! मैं चाहता हूँ कि वर्णाश्रम धर्मों का पालन करनेवालों को मोक्ष प्रदान करनेवाली भगवान की पूजा-विधियाँ सविस्तार सुनूँ। हे दयानिधे! मुझे पूजाविधियाँ सविस्तार कह सुनाने की कृपा करें। मैंने योगियों को भक्तिपूर्वक कहते सुना है कि नारद, व्यास, विरिञ्च (ब्रह्मा) आदि नारायण की पूजा करके नित्य पुरुषार्थ को सिद्ध कर चुके हैं। हे त्रिलोकनाथ! आपके इस भक्त एवं दास को मुक्ति के उपायों का उपदेश देने की कृपा करें। आपका उपदेश (केवल मेरे लिए नहीं) लोकोपकारी सिद्ध

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दासनायुळ्ळोरटियनु मुक्तिप्रदमुपदेशिच्चरुळणं। लोकैकनाथ ! भवानरुळ् चेय्किलो लोकोपकारकमाकयुमुण्टल्लो। लक्ष्मण-नेवमुणर्त्तिच्च नेरत्तु तल्क्षणे श्रीरामदेवनरुळ् चेय्तु। ३८

क्रिया मार्ग्गोपदेशम्

केळ्क्क नीयेङ्किल मल् पूजा विधानत्तिनोर्क्किलवसान-मिल्लेन्नरिक नी। एङ्किलुं चोल्लुवनोट्टु संक्षेपिच्चु निङ्ङ-लुळ्ळोरु वात्सल्यं मुळ्ळुक्कयाल्। तन्नुटे तन्नुटे गृह्योक्त मार्ग्गेण मन्निटत्तिङ्कल् द्विजत्वमुण्टाय् वन्नाल् आचार्य्यनोटु मन्त्रं केट्टु सादरमाचारपूर्वमाराधिक्कमामेटो ! हृल्क्कमलत्तिङ्कलाकिलुमां पुनरग्नि भगवाङ्कलाकिलुमामेटो। मुख्य प्रतिमादिकळि-लेन्नाकिलुमर्क्कङ्कलाकिलुमप्पिङ्कलाकिलुं स्थण्डिलत्तिङ्कलुं नल्ल साळग्रामुण्डङ्किलो पुनरुत्तममेत्रयुं। वेद तन्त्रोक्तङ्ङळाय मन्त्रङ्ङळ् कोण्टादराल् मृल्लेपनादि विधि वळि काले कुळिक्क वेणं देहशुद्धये मूलमरिञ्ञु सन्ध्यावन्दनादियुं नित्य कर्म्मं चेय्तु पिन्ने स्वकर्म्मणा शुद्ध्यर्त्थमाय्च्चेय्क सङ्कल्प-मादिये। १० आचार्य्यनायतु ञानेन्नु कल्पिच्चु पूजिक्क

होगा।" इस प्रकार लक्ष्मण के आग्रह करते ही श्रीरामदेव ने कहा। ३८

क्रिया मार्ग का उपदेश

(राम ने कहा कि) "हे भाई ! तुम सुनो। तुम यह जान लो कि मेरी पूजा-विधियों का कहीं कोई पार नहीं है। फिर भी तुम्हारे प्रति असीम वात्सल्य के कारण मैं तुम्हें संक्षेप में बता दूँगा। अपने-अपने गृह्योक्त मार्गों का अनुसरण करते हुए जो इस पृथ्वी पर द्विजत्व को प्राप्त कर लेता है, वह आचार्यों से मन्त्र सुनकर, विधिपूर्वक मेरी आराधना कर सकता है। आराधना-मूर्त्ति को मन में, जल में, सूर्य में, श्रेष्ठ प्रतिमाओं में, स्थण्डिल (बुहारी हुई भूमि) में, या अन्य ऐसे पदार्थ में कल्पित कर सकते हैं। अगर अच्छा सालिग्राम मिले तो उत्तम ही होगा। देहशुद्धि के लिए वेदों-तन्त्रों में बताये गये मन्त्रों का उच्चारण करते हुए मिट्टी या अन्य किसी वस्तु का लेपन करते हुए यथा-समय स्नान करना चाहिये। उसके उपरान्त मूलमन्त्र का तात्पर्य समझते हुए सन्ध्या-वन्दन आदि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भक्तियोटे दिवसं प्रति। स्नापनं चेय्क शिलायां प्रतिमासु शोभनार्त्थं चेय्कवेणं प्रमार्ज्जनं। गन्धपुष्पाद्यङ्ङळ् कोण्टु पूजिप्पवन् चिन्तिच्चतोक्के लभिक्कुमङ्कि न्नी। अग्नौय-जिक्कहविस्सु कोण्टादरालक्कंने स्थण्डिलत्तिलेन्नाकिलो मुम्पिले सर्वपूजाद्रव्यमायव सम्पादनं चेय्तु वेणं तुटङ्ङुवान्। श्रद्ध-योटुं कूटे वारियेन्नाकिलुं भक्तनायुळ्ळवन् तन्नालतिप्रियं। गन्धपुष्पाक्षत भक्ष्य भोज्यादिकळेन्तु पिन्नेप्परयेणमो आनेटो! वस्त्राजिन कुशाद्यङ्ङळालासनमुत्तममायतु कल्पिच्चु कोळ्ळणं। देवस्य सम्मुखे शान्तनाय् चेन्निरुन्नाविर्म्मुदालिपिन्यासं कळिक्कणं। चेय्क तत्त्वन्यासवुं केश वाद्येन चेय्क मम मूर्त्तिपञ्जरन्यासवुं। २० पिन्ने मन्त्रन्यासवुं चेय्तु सादरं तन्नुटे मुम्पिल् वामे कलशं वच्चु, दक्षिण भागे कुसुमादि-कळेल्लामक्षत भक्त्यैव संभरिच्चीटणं। अग्घ्यं पाद्यप्रदानार्त्थ-मायुं मधुपक्कर्त्थिमाचमनार्त्थमेन्निङ्ङने पात्र चतुष्टयवुं वच्चु कोळ्ळणं पेर्त्तुमट्टोन्नु निरूपणं कूटाते। मलक्कलां जीव संज्ञां

नित्यकर्म करना चाहिये। फिर पूजा में बैठते समय कर्मों की शुद्धि के लिए आराध्य-मूर्त्ति की मन में कल्पना करनी चाहिये। १० मुझे ही आचार्य समझकर प्रतिदिन मेरी पूजा की जानी चाहिये। अगर पूजा के लिए प्रतिमा को स्वीकार किया जा रहा है तो पत्थर पर रख पानी से स्नान कराकर फिर यथाविधि अलंकारों से सुसज्जित करके ही उसकी पूजा की जानी चाहिए। जो गन्ध-पुष्प आदि से पूजा करता है उसकी सभी अभिलाषाएँ पूर्ण होंगी। अगर अग्नि की पूजा हो रही है तो हविस् से होम तथा स्थण्डिल पर उसकी पूजा होनी चाहिए। पूजा के लिए आवश्यक सभी द्रव्यों को एकत्रित रखने के उपरान्त ही पूजा आरम्भ करें। सच्चे भक्त का श्रद्धापूर्वक दिया जल पाकर भी मैं अत्यन्त प्रसन्न हो जाता हूँ। फिर सुगन्ध-पुष्प, अक्षत, भोज्य पदार्थ आदि की बात क्या कहने की है! वस्त्र, अजिन या कुश आदि से उत्तम आसन का प्रबन्ध किया जाना चाहिए। देव के सम्मुख शान्तचित्त बैठकर यथासंभव लिपिन्यास, तत्वन्यास, केशव आदि नामों से मूर्त्तिन्यास। २० —और फिर मन्त्र-न्यास करना चाहिए। फिर अपने सामने ही वाम भाग में कलश तथा दक्षिण भाग में भक्तिपूर्वक कुसुम, अक्षत आदि संचित रखें। साथ ही अर्घ्य, पाद्य, मधुपर्क और आचमन के पात्र चतुष्टय भी रख दिये जाने चाहिए। उपरान्त उसके, मन को कहीं भटकने न देकर पूर्ण एकाग्रता

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तटिदुज्ज्वलां हृल्क्कमले दृढं ध्यानिच्चु कॊळ्ळणं। पिन्ने
स्वदेहमखिलं तयाव्याप्तमॊन्नुरय्क्केणमिळक्कवुं कूटातॆ।
आवाहयेल् प्रतिमादिषुमल्ककलां देवस्वरूपमाय् ध्यानिक्क
केवलं। पाद्यवुमर्घ्यं तथा मधुपर्क्कमित्याद्यैः पुनः स्नान
वस्त्र विभूषणैः ऎन्नयुण्टुळ्ळतुपचारमॆन्नालतत्रयुं कॊळ्ळामॆ-
न्निक्कॆन्नतेयुळ्ळु। आगमोक्त प्रकारेण नीराजनैर् धूपदीपैर्न्नि-
वेद्यैर् बहुविस्तरैः ३० श्रद्धया नित्यमार्यच्चिच्चु कॊळ्ळुकिल्
श्रद्धया ञानुं भुजिक्कुमरिक न्नी। होममगस्त्योक्त मार्ग्ग-
कुण्डानले मूलमन्त्रं कॊण्टु चॆय्यामतॆन्निये भक्त्या पुरुष सूक्तं
कॊण्टुमामॆटो ! चित्ततारिङ्कल् न्निनय्क्क कुमारा ! न्नी।
औपासनाग्नौ चरुणाह विषाथसोपाधिना चॆय्क होमं महामते !
तप्तजांबूनदप्रख्यं महाप्रभं दीप्ताभरण विभूषितं केवलं,
मामेववह्नि मद्धयस्थितं ध्यानिक्क होमकाले हृदिभक्त्या
बुधोत्तमन्। पारिषदानां बलिदानवुं चय्तु होमशेषत्तॆस्समाप-
येन्मन्त्रविल् भक्त्या जपिच्चुमांध्यानिच्चु मौनियाय् वक्त्रवासं
नागवल्लीदलादियुं; दत्वामदग्रे महाप्रीतिपूर्वकं नृत्तगीत स्तुति

के साथ बिजली-सम तेजोमय मेरी जीवकला पर ध्यान केन्द्रित करके उसी कला को अपनी देह में व्याप्त समझ लेना चाहिए। फिर उसी मेरी जीवकला का प्रतिमाओं में आवाहन कर उसका देवरूप में ध्यान लगाना आवश्यक है। पाद्य, अर्घ्य, मधुपर्क आदि तथा स्नान, वस्त्र अलंकार आदि जितनी उपचार की वस्तुएँ हों, उतना मुझे प्रिय है। आगमों में उक्त प्रकार से धूप, दीप, नैवेद्य आदि लेकर। ३० —श्रद्धा-पूर्वक नित्य अर्चना करने पर मैं उन्हें सन्तोष से ग्रहण करूँगा। हे कुमार (लक्ष्मण)! तुम यह भलीभाँति समझ लो कि अगस्त्य मुनि से निर्धारित ढंग से होमकुण्ड तैयार करके उसमें अग्नि को प्रज्ज्वलित कर मूलमन्त्र या पुरुष सूक्त का उच्चारण करते हुए होम के लिए तैयार किये गये अन्न या चरु की आहुति चढ़ा दें। तब अग्नि में तप्त स्वर्ण के समान कांतिमय एवं उज्ज्वल आभूषणों से विभूषित वह्निमध्य में स्थित मेरा ध्यान किया जाना चाहिए। हे बुधोत्तम! होमकाल में हृदय में मेरी भक्ति परिपूर्ण रहे। अन्त में पार्श्वद देवों को बलि अर्पित कर तथा मंत्रोच्चारण सहित होम को समाप्त कर देना चाहिए। फिर भक्ति से मेरा जप और ध्यान करते हुए, मुँह को सुवासित करने के लिए मौनपूर्वक नागवल्ली (पान) अर्पित करके मेरे सामने ही नृत्य, गीत,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पाठादियुं चेय्तु पादांबुजे नमस्कारवुं चेय्तुटन् चेतसिमामु-ऱप्पिच्चु विनीतनाय्, ४० मद्दत्तमाकुं प्रसादत्तेयुं पुनरुत्तमांगे-निधायानन्दपूर्वकं रक्षमां घोर संसारादिति मुहुरुक्त्वा नम-स्कारवुं चेय्तनन्तरं उद्वसिप्पिच्चुटन् प्रत्यङ् महस्सिङ्कलित्थं दिनमनुपूजिक्क मत्सखे ! भक्ति संयुक्तनायुळ्ळ मर्त्यन् मुदा नित्यमेवं क्रियायोगमनुष्ठिक्किल् देहनाशे मम सारूप्यवुं वरुमैहिक सौख्यङ्ङळेन्तु चोल्लेणमो । इत्थं मयोक्तं क्रिया-योगमुत्तमं भक्त्या पठिक्कतान् केळ्क्कतान् चेय्किलो नित्य पूजाफलमुण्टवनेन्नतुं भक्तप्रियनरुळ् चेय्तानतु नेरं । शेषांश-जातनां लक्ष्मणन् तन्नोटशेषमिदमरुळ् चेय्तोरनन्तरं मायामय-नाय नारायणन् परन् मायामवलंब्य दुःखं तुटङ्ङिनान् । हा ! जनकात्मजे ! सीते ! मनोहरे ! हा ! जगन्मोहनी नाथे ! ममप्रिये ! ५० एवमादि प्रलापं चेय्तु निद्रयुं देवदेवन्नु वरातै चमञ्ञितु । सौमित्रि तन्नोटु वाक्यामृतं कोण्टु सौमुख्यमोटुं मरुवुं चिलनेरं । ५२

स्तुति, पारायण आदि करके मेरे चरणों पर प्रणाम और नमस्कार करना चाहिए । इसके उपरान्त मन में मुझे बसाते हुए विनीत भाव से । ४० —मेरे प्रदत्त प्रसाद को उत्तमांग पर सानन्द धारण करते हुए 'भगवान ! घोर संसार-सागर से मेरी रक्षा करें" की बार-बार प्रार्थना सहित मुझे नमस्कार करना चाहिए । हे मेरे सखा ! इस प्रकार प्रतिदिन अन्तरात्मा में मुझे प्रतिष्ठित करते हुए पूजा करते जाना चाहिए । जो भक्तियुक्त मनुष्य सन्तोषपूर्वक नित्य इस क्रियायोग का अनुष्ठान करता है, वह देहनाश पर सारूप्य मुक्ति प्राप्त करता है । इहलोक में प्राप्त सुखों के सम्बन्ध में विशेष क्या कहना है ! भक्तप्रिय भगवान ने (लक्ष्मण से) कहा कि मेरे द्वारा बताये गये इस उत्तम क्रियायोग का जो भक्तिपूर्वक पठन-पाठन, श्रवण या कथन करेगा उसे नित्य पूजा का फल सिद्ध होगा ।" साक्षात् अनन्त के अंश से जन्मे लक्ष्मण को इस प्रकार सविस्तार कह सुनाने के उपरान्त मायामय भगवान नारायण अपनी माया का अवलम्ब लेकर दुःख प्रकट करने लगे । वे चिल्ला उठे—"हा जनकात्मजे ! सीता ! हे मनोहरी ! हा जगत को मोहित करनेवाली प्रिये ! मेरी प्रियतमे !" ५० —भगवान जो देवों के देव हैं, इस प्रकार प्रलाप करते गये और इस विरह ताप से वे नींद से भी वंचित हो उठे । सौमित्र के वाक्यामृत सुनकर वे कभी-कभी प्रसन्नचित्त भी हुआ करते थे । ५२

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

हनुमल् सुग्रीव संभाषणम्

इङ्ङने वाळुन्न कालमोरुदिनमङ्ङु किष्किन्धापुरत्तिङ्कल् वाळुन्न सुग्रीवनोटु परञ्ञु पवनजनग्रे वणङ्ङि निन्नेकान्तमां वण्णं— केळ्क्क कपीन्द्र ! निनक्कु हितङ्ङळां वाक्कुकळ् ञान् परयुन्नव सादरं; निन्नुटे कार्य्यं वरुत्ति रघूत्तमन् मुन्नमे सत्यव्रतन् पुरुषोत्तमन् । पिन्ने नीयो निरूपिप्पीलतेतु-मेन्नेन्नुटे मानसे तोन्नुन्नतिन्नहो ! बालि बलवान् कपि-कुलपुंगवन् त्रैलोक्य सम्मतन् देवराजात्मजन् निन्नुटे मूलं मरिच्चु बलालवन् मुन्नमे कार्य्यं वरुत्तिक्कोंटुत्तितु । राज्या-भिषेकवुं चेय्तु महाजन पूज्यनाय्त्तारयुमायिरुन्नीटुं नी; अेत्र नाळुण्टिरिप्पिङ्ङनेयेन्नतुं चित्तत्तिलुण्टु तोन्नुन्नु धरिक्क नी । अद्यवाश्वोवापरश्वोथवातवमृत्यु भविक्कुमतिनिल्ल संशयं । १० प्रत्युपकारं मरक्कुन्न पुरुषन् चत्ततिनोक्कुमे जीविच्चिरिक्किलुं । पर्वताग्रे निज सोदरन् तन्नोटुमुर्वीश्वरन् परितापेन वाळुन्नु । निन्नेयुं पार्त्तु परञ्ञ समयवुं वन्नतुं

हनुमान और सुग्रीव का संवाद

इस प्रकार (भगवान रामके विरह-पीड़ित) रहते समय किष्किन्धापुर में (सुखपूर्वक) रहते सुग्रीव से एकान्त में पवनसुत ने हाथ जोड़ प्रणाम करते हुए कहा—"हे कपीन्द्र ! सुनो ! तुम्हारे हित की बात मैं कहने जा रहा हूं । सत्यव्रत भगवान पुरुषोत्तम ने पहले ही तुम्हारा कार्य (राज्याभिषेक) पूरा कर दिया । किन्तु आज मुझे लगता है कि तुम्हें उसका स्मरण नहीं रहा । कपिकुल पुंगव बलवान एवं त्रैलोक्य सम्मत देवराज का पुत्र बालि तुम्हारे कारण मारा गया । (उसको मारकर) राम ने पहले ही तुम्हारी अभिलाषा पूरी की । राज्याभिषिक्त हो महा-जनों से पूजित तुम तारा के साथ भोगों में तल्लीन बैठे हो । क्या तुम यह सोचते हो कि तुम इस प्रकार (निर्द्वन्द्व भाव से) कब तक रह सकोगे ? आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों राम-बाण से तुमको भी भ्राता के मार्ग से जाना पड़ेगा । इसमें संदेह नहीं रह गया । १० किसी के उपकार को विस्मृत कर जीवित रहनेवाला वास्तव में मरे हुए के बराबर है । पर्वताग्र पर अपने भ्राता सहित पृथ्वीपति (राम) अत्यन्त व्याकुल हो बैठे हैं । वे तुम्हारी प्रतीक्षा में हैं । इस समय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ऩीयोधरिच्चतिल्लेतुमे । वानर भावेन मानिनी सक्तनाय्
पानवुं चेय्तु मतिमऱन्नन्वहं; राप्पकलुमऱियाते वसिक्कुन्ऩ
कोप्पुकळेत्रयुं नऩ्नु नऩ्निङ्ङने अग्रजनाय शक्रात्मजनेप्पोले
निग्रहिच्चीटुं भवानेयुं निर्णयं । अञ्जनानन्दनन् तन्नुटे
वाक्कुकेट्टञ्जसाभीतनायोरु सुग्रीवनुं उत्तरमायवन् तन्नोटु
चोल्लिनान् सत्यमत्रे ऩी परञ्ञतुनिर्णयं । इत्तरं चोल्लुम-
मात्यनुण्टङ्किलो पृथ्वीशनापत्तुमेत्तुकयिल्लल्लो । सत्वरमेन्नुटेयाज्ञ-
योटुं भवान् पत्तुदिक्किङ्कलेय्क्कुमयच्चीटणं २०
सप्तद्वीप स्थितऩ्माराय वानरसत्तमऩ्मारे वरुत्तुवानाय् द्रुतं;
ऩेरे पतिनायिरं कपिवीररे पारातयय्क्क सन्देश पत्रत्तोटुं ।
पक्षत्तिनुळ्ळिल् वरेणं कपिकुलं पक्षं कऴिञ्ञु वरुऩ्नुवेऩ्नाकिलो
वध्यनवनतिनिल्लोरु संशयं सत्यं परञ्ञालिळक्कमिल्लेतुमे ।
अञ्जना पुत्रनोटित्थं नियोगिच्चु मञ्जुळमन्दिरं पुक्किरुऩ्नी-
टिनान् । भर्तृनियोगं पुरस्कृत्य वानरपुत्रनुं वानर सत्तमन्मारेयुं
पत्तु दिक्किनुमयच्चानभिमतदत्तपूर्वं कपीन्द्रऩ्मारुमऩ्नेरं, वायु
वेग प्रचारेण कपिकुल नायकऩ्मारे वरुत्तुवानाय् मुदा ।

निर्धारित समय (सीतान्वेषण का शरद्काल) आ गया है । किन्तु तुम उस बात को भूल बैठे हो । वानर के स्वभाव के अनुसार मद्यपान एवं कामासक्ति से बुद्धिभ्रष्ट दिन-रात का अन्तर समझे बिना तुम बैठे हो । यह जो रास्ता अपनाया गया है ठीक ही है ! ठीक ही है ! जैसे शक्रात्मज (बालि) को मारा है वैसे राम निश्चय ही तुम्हें भी मार डालेंगे ।" अंजनापुत्र (हनुमान) के वचन सुनकर अकस्मात् सुग्रीव भयविह्वल हो उठे और (पश्चात्ताप के स्वर में) उन्होंने हनुमान से कहा—"तुमने ठीक ही कहा है । इस प्रकार का सदुपदेश देनेवाले अमात्य के रहने पर पृथ्वीश (राजा) कभी किसी प्रकार की विपत्ति में नहीं फँसता । आप तुरन्त मेरी आज्ञा से दशों दिशाओं में आदमी भेजें । २० जो सप्तद्वीपों में स्थित वानर श्रेष्ठों को तुरन्त बुला लाएँ । आप सन्देशपत्र के साथ ठीक दस हज़ार कपिवरों को भेजिए, जो एक पक्ष के भीतर लौट आएँगे और जो उसके बाद आएंगे वे वध्य होंगे । मेरे इस सत्य वचन में कुछ अन्तर नहीं पड़ेगा ।" इस प्रकार की आज्ञा हनुमान को देकर मणिमन्दिर में सुग्रीव चले गये । स्वामी की आज्ञा के अनुसार कपिवरों को बुलाकर हनुमान ने उनके हाथ में सन्देशपत्र दे दिये और सबको इच्छानुसार पुरस्कृत करके दसों दिशाओं में भेज दिया । तब दान-मान से संतृप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोयितु दानमानादि तृप्तात्मना माया मनुष्य कार्य्यार्त्थ-मतिद्रुतं । २९

श्रीरामन्द्रे विरहतापम्

वहीं पहुँच जाना चाहिए।" वानरों के द्वारा इस प्रकार का उपदेश दिये जाने पर २०। —दूसरों का विचार समझने में पटु, नीतिज्ञ वायुपुत्र (हनुमान) ने अंगद की देह पर प्रेमपूर्वक हाथ फेरते हुए कहा—"यह क्या दुश्चिन्ता है? इस प्रकार के दुर्विचार के लिए मौका नहीं देना चाहिए। श्रीराम के मन में हे तारासुत! तुम्हारे प्रति विशेष वात्सल्य है। इस बात को मेरे सिवाय और किसी ने नहीं पहचाना है। भगवान के मन में तुम्हारे प्रति लक्ष्मण से भी अधिक स्नेह है। वे तुम्हारी सामर्थ्य से अवगत हैं। उनका वह स्नेह कभी मन्द नहीं पड़ सकता। क्या स्वर्ण की चमक फीकी पड़ सकती है? हे मित्र! इसलिए राम के प्रति कभी आशंका नहीं होनी चाहिए। शाखा मृगाधिप (वानरराज) सुग्रीव भी सात्विक स्वभाव के हैं। उनके मन में किसी के प्रति वैर-भाव नहीं आ पाया है। हे तारेय! तुम मेरी बात सुनो। तुम्हें कभी भयविह्वल नहीं होना चाहिए। मैं भी तुम्हारा शुभाकांक्षी हूँ। तुम मूर्खों की बातें सुनकर स्वयं भ्रम में मत पड़ो। ३० तुम्हीं बताओ कि सुरक्षा के लिए गुहा में प्रविष्ट होने का उपदेश क्या वानरों ने नहीं दिया था? तुम यह भलीभाँति समझ लो कि राम के अस्त्र के लिए अभेद्य त्रिलोक में कोई स्थान नहीं है। अल्प बुद्धि लोगों का उपदेश मानकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बोधिप्पिच्चु दुर्बोधमुण्टाय्च्चमयरुतेतुमे। आपत्तु वन्नटुत्तीटुन्न कालत्तु शोभिक्कयिल्लेटो सज्जन भाषितं। दुर्ज्जनत्तेक्कुरिच्चुळ्ळ विश्वासवुं सज्जनत्तोटु विपरीत भाववुं, देव द्विज कुल धर्म्मं विद्वेषवुं पूर्व बन्धुक्कळिल् वाच्चीरु वैरवुं, वर्द्धिच्चु वर्द्धिच्चु वंश नाशत्तिनु कर्त्तृत्ववुं तनिक्काय् वन्नु कूटुमे। अत्यन्त गुह्यं रहस्यमायुळ्ळोरु वृत्तान्तमन्पोटु चॊल्लुवन् केळ्क्क नी—श्रीराम-देवन् मनुष्यनल्लोक्कॆटो ! नारायणन् परमात्मा जगन्मयन्; माया भगवति साक्षाल् महाविष्णु जाया सकल जगन्मोह कारिणि ४० सीतयाकुन्नतु, लक्ष्मणनुं जगदाधारभूतनायुळ्ळ फणीश्वरन् शेषन् जगत्स्वरूपन् भुवि मानुष वेषमाय्वन्नु पिरन्नित-योद्ध्ययिल्। रक्षोगणत्तेयॊटुक्किज्जगत्त्रय रक्ष वरत्तुवान् पण्टु विरिञ्चनाल् प्रार्त्थितनाकयाल् पार्त्थिवपुत्रनाय् मार्त्ताण्ड गोत्रत्ति-लार्त्त परायणन्, श्रीकण्ठ सेव्यन् जनार्द्दनन् माधवन् वैकुण्ठवासि मुकुन्दन् दयापरन्, मर्त्यनाय् वन्निङ्ङवतरिच्चीटिनान् भृत्य-वर्गं नां परिचरिच्चीटुवान्। भर्त्तृ नियोगेन वानर वेषमाय् पृथ्वियिल् वन्नु पिरन्निरिक्कुन्नतुं। पण्टु नामेटं तपस्सु

अपनी बुद्धि को भ्रमित मत करो। विपत्ति के समय सज्जनों के वचन शोभा नहीं देते। दुर्जनों की बातों पर विश्वास, और सज्जनों के वचनों के प्रति अवज्ञा स्वाभाविक हो जाती है। देवों, ब्राह्मणों और स्वधर्म एवं कुल के प्रति विद्वेष बढ़ने लगता है। पूर्व बन्धुओं को परमशत्रु समझने लगता है। यह भाव बढ़ता-बढ़ता स्वयं कुलनाश के लिए मनुष्य कारण-भूत बन जाता है। मैं अब तुमसे अत्यन्त गूढ़ एवं रहस्यमय एक बात कहूँगा, जिसे तुम ध्यान से सुनो। तुम यह स्मरण रखो कि रामदेव मानव नहीं हैं। वे जगन्मय नारायण एवं परमात्मा हैं। भगवान महाविष्णु की जगन्मोहिनी जाया साक्षात् भगवती माया ही—४० —सीता है। जगत् के लिए आधार-भूत फणीश्वर (अनंत) ही लक्ष्मण हैं। जगत् स्वरूप भगवान ने मानव रूप लेकर भूमि पर अयोध्या में जन्म लिया। राक्षसों का निग्रह करके त्रिलोक की रक्षा करने के लिए पहले ब्रह्मा ने प्रार्थना की थी जिस कारण आर्तपरायण, श्रीकंठ से सेव्य, जनार्दन, माधव, वैकुंठवासी दयामय मुकुन्द पार्थिव-पुत्र के रूप में मर्त्य वेष धारण कर मार्तण्ड गोत्र में अवतीर्ण हुए और उनके आदेश पर उन्हीं की परिचर्या के लिए पृथ्वी पर वानर वेष में जन्मे हुए हम देव ही हैं। पहले हम तपस्या करके भगवान से मिले और प्रणाम किया। माधव ने प्रसन्न

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चेय्तीशनेक्कण्टु वणङ्ङि प्रसादिच्चु माधवन्; तन्नुटे पारिषदन्मारुटे पदं तन्नतिप्पोळुं परिचरिच्चिन्नियुं वैकुण्ठलोकं गमिच्चु वाणीटुवान् वैकेण्टतेतुमिल्लेन्नरिञ्ञीटु नी। ५० अंगदनोटिवण्णं पवनात्मजन् मंगल वाक्कुकळ् चोल्लिप्पलतरं आश्वसिप्पिच्चुटन् विन्ध्याचलं पुक्कु काश्यपी पुत्रिये नोक्कि नोक्कि द्रुतं; दक्षिण वारिधि तीरं मनोहरं पुक्कु महेन्द्राचलेन्द्रपदं मुदा दुस्तरमेट़मगाधं भयङ्करं दुष्प्रापमालोक्य मर्क्कट सञ्चयं वृत्रारिपुत्रात्मजादि कळोक्कयुं त्रस्तरायत्याकुलं पूण्टिरुन्नुटन्; चिन्तिच्चु चिन्तिच्चु मन्त्रिच्चितन्योन्यमेन्तिनिच्चेय्वतु सन्ततमोर्क्क नां। गह्वरं पुक्कु परिभ्रमिच्चेत्रयुं विह्वलन्माराय् क्कळिञ्ञितु मासवुं; तण्टारिल मातिनेक्कण्टील नां दशकण्ठनेयुं कण्टु किट्टील कुत्रचिल्। सुग्रीवनुं तीक्ष्णदण्डनत्रे तुलों निग्रहिच्चीटुमवन् नम्मे निर्ण्णयं। क्रुद्धनायुळ्ळ सुग्रीवन् वधिक्कयिल् नित्योपवासेन मृत्यु भविष्पतु ६० मुक्तिक्कु नल्लू नमुक्कु पार्त्तोळमेन्नित्थं निरूपिच्चुरच्चु कपिकुलं। दर्भविरिच्चु किटन्नितेल्लावरुं कलिपच्चतिङ्ङने नम्मयेन्नोर्त्तवर्। ६२

हो उन्हीं के पार्षदों का स्थान हमें दिया। अब भी उन्हीं की सेवा करके प्रसन्न करने पर जल्दी ही हमें वैकुंठलोक की प्राप्ति होगी। अब उनकी सेवा करने में विलंब नहीं किया जाना चाहिए। यह तुम जान लो।" ५० इस प्रकार पवनपुत्र (हनुमान) ने अंगद से कई मंगलकारक वचन कहे और उन्हें आश्वस्त कर दिया। तदुपरान्त काश्यपी पुत्री (सीता) को ढूँढ़ते-ढूँढ़ते सब वानर विन्ध्याचल पर आये। (वहाँ भी सीता दिखाई नहीं पड़ी तो) चलते हुए दक्षिण के सागर के तट पर मनोहर महेन्द्राचल में सानन्द पहुँचे। विशाल एवं दुस्तर सागर को अलंघ्य देखकर निराश वानर तथा वृत्रारिपुत्रात्मज (अंगद) जैसे वानरनायक अत्यन्त व्याकुल, भयभीत, त्रस्त एवं कम्पित हो उठे। खूब चिन्तन-विचिन्तन करने के उपरान्त वानरों ने परस्पर कई मन्त्रणाएँ दीं। उन्होंने भावी कार्यों के सम्बन्ध में विचार किया। वे कहने लगे—"गुहा में प्रवेश कर व्याकुल भाव से घूमते-भटकते रहने के कारण महीना अनायास ही बीत गया। न सीताजी दिखाई दी न रावण ही। सुग्रीव तो दण्ड देने में अत्यन्त कठोर हैं। वे तो हमें निश्चय ही समाप्त करेंगे। क्रुद्ध सुग्रीव के हाथों मरने से कहीं अच्छा है नित्य उपवास करते हुए मर जाना। ६० यह मोक्ष प्राप्ति के लिए उचित उपाय है, ऐसा सोच समझकर और (ऐसा ही

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सम्पाति वाक्यं

अप्पोळ् महेन्द्राचलेन्द्र गुहान्तराल् क्षिप्रं पुऱत्तु पतुक्कॆ-प्पुऱप्पॆट्टु वृद्धनायुळ्ळॊरु गृद्ध्रप्रवरनुं पृथ्वीधरप्रवरोत्तुंग रूपनाय्; दृष्ट्वा परक्कॆक्किटक्कुं कपिकळॆ तुष्ट्या पऱञ्ञितु गृद्ध्रकुलाधिपन्— पक्षमिल्लातॊरॆनिक्कु दैवं बहुभक्षणं तन्नतु भाग्यमल्लो बलाल् । मुम्पिल् मुम्पिल् प्राणहानि वरुन्नतुं संप्रीति पूण्टु भक्षिक्कामनुदिनं । गृद्ध्र वाक्यं केट्टु मर्क्कटौघं परित्रस्तरायन्योन्यमाशु चॊल्लीटिनार्— अद्रीन्द्र तुल्यनायोरु गृद्ध्राधिपन् सत्वरं कॊन्तिविऴुङ्ङुमॆल्लारॆयुं; निष्फलं नां मरिच्चीटुमाऱायितु कल्पितमार्क्कुं तटुक्करुतेतुमे । नम्मालॊरु कार्य्यवुं कृतमायील कर्म्मदोषङ्ङळ् पऱयावतॆन्तहो ! राम कार्य्यत्तॆयुं साधिच्चतिल्ल नां स्वामियुटॆ हितवुं वन्नतिल्लल्लो । १० व्यर्थमिवनाल् मरिक्कॆन्नु वन्नतुमॆत्रयुं पापिकळाकतन्नेवयं । निर्म्मलनाय धर्म्मात्मा जटायुतन् नन्मयोर्त्तॊळं पऱयावतल्लल्लो । वर्ण्णिप्पतिन्नु पणियुण्टवनुटॆ पुण्यमोर्त्ताल् मटॊरुत्तर्क्कुं किट्टुमो ?

करने का) निर्णय लेकर और यही मृत्यु भाग्य में बदा है, ऐसा सोचकर वानरदल दर्भ बिछाकर उसपर लेट गया। ६२

सम्पाती-वचन

(कपियों के इस प्रकार लेटते समय) तुरन्त ही महेन्द्राचल की गुफा से पर्वत-सम भीमाकार और पर्वतश्रेणी के समान उन्नत रूपवाला एक बूढ़ा गिद्ध बाहर प्रकट हो आया। वहाँ कतारों में लेटे हुए वानरों को देख बहुत ही सन्तुष्ट हो गिद्ध कुलाधिप (गिद्ध श्रेष्ठ) ने कहा—"मेरा सौभाग्य ही है कि पक्षहीन मुझे भगवान ने भूरि भोजन दे दिया है। अब जो-जो वानर पहले मरते हैं उन्हें प्रतिदिन सानन्द खा सकूंगा।" वानरों ने गिद्ध का यह कथन सुनकर परस्पर अत्यन्त भयाकुल हो कहा—"पर्वतराज के समान भयानक शरीरवाला यह गिद्ध (हम) सबको तुरन्त ही निगल जाएगा। हम सबके मरने का समय निकट आ गया है। दैव कल्पित को कोई रोक नहीं सकता। हमसे कुछ कार्य नहीं बन पड़ा। हाय ! कर्मदोष के बारे में क्या कहा जाए ! न हमसे भगवान राम का कार्य सिद्ध हुआ न स्वामी (सुग्रीव) का ही कुछ हित बन पड़ा। १० जघन्य पापी होने के कारण व्यर्थ इस (गिद्ध) के द्वारा मर जाना पड़ रहा है। निर्मल एवं धर्मात्मा जटायु का भाग्य देखो ! उसके बारे में क्या कहा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्रीराम कार्य्यार्त्थमाशु मरिच्चवन् चेरुमाऽायितु राम पादांबुजे। पक्षियॆन्नाकिलुं मोक्षं लभिच्चितु पक्षीन्द्रवाहनानुग्रहं विस्मयं! वानरभाषितं केट्टु सम्पातियुं मानसानन्दं कलर्न्नु चोदिच्चितु-- कर्ण्ण पीयूष समानमां वाक्कुकळ् चॊन्नतारिन्नु जटायुवॆन्निङ्ङनॆ ? निङ्ङळारॆन्तु परयुन्नितन्योन्यमिङ्ङु वरुविन् भयप्पॆटाय्केतुमे। उम्पर्कोन् पौत्रनुमम्पोटतु केट्टु सम्पाति तन्नुटॆ मुम्पिलाम्मारु चॆन्नंभोजलोचनन् तम्पादपङ्कजं संभाव्य सम्मोदमुळ्क्कॊण्टु चॊल्लिलनान्-- २० सूर्य्यकुल जातनाय दशरथनार्य्यपुत्रन् महाविष्णु नारायणन् पुष्कर नेत्रनां रामन् तिरुवटि लक्ष्मणनाय सहोदरनुं निज लक्ष्मियां जानकियोटुं तपस्सिनाय् पुक्कितु काननं ताताज्ञया पुरा। कट्टु कॊण्टीटिनान् तल्क्कालमॆत्रयुं दुष्टनायुळ्ळ दशमुखन् रावणन्; लक्ष्मणनुं कमलेक्षणनुं पिरिञ्ञ क्षोणिपुत्रिमुऱयिट्टतु केट्टु तल्क्षणं चॆन्नु तटुत्तु युद्धं चॆय्तानक्षणदाचरनोटु जटायुवां। पक्षिप्रवर-

जाए! उसका-सा पुण्य क्या और किसी को प्राप्त हो सकता है? उसका पुण्य अवर्णनीय है! श्रीराम के कार्यवश मरकर वह श्रीरामजी के चरण-कमलों में विलीन हो गया। पक्षीन्द्रवाहनानुग्रह (महाविष्णु की कृपा) ही आश्चर्यजनक है कि पक्षी होता हुआ भी वह मोक्ष का अधिकारी बना।" वानरों को इस प्रकार बातें करते सुनकर सम्पाती ने मन ही मन प्रसन्न हो उनसे पूछा—"कानों के लिए अमृत समान सुखद 'जटायु' शब्द किसने उच्चरित किया? तुम लोग मेरे समीप आ जाओ। कुछ भी भयभीत मत हो। तुम कौन हो? और आपस में क्या बातें कर रहे हो?" यह सुनकर तुरन्त ही वानर श्रेष्ठ अंगद ने अंभोजलोचन (भगवान राम) के पाद-पंकजों का स्मरण एवं ध्यान करते हुए उठकर सम्पाती के सामने आकर शान्तचित्त हो बताया। २० —(अंगद ने बताया) "हे पक्षीन्द्र! सूर्यवंश में जात राजा दशरथ के पुत्र के रूप में अवतीर्ण नारायण महाविष्णु स्वरूप राम, जो कमल जैसे नेत्रवाले हैं, पहले अपने पिता की आज्ञा मानकर तपस्या करने के लिए अपने भ्राता लक्ष्मण तथा अपनी लक्ष्मी समान सीता के साथ कानन में आये थे। उस समय बड़ा ही दुष्ट राक्षस दशमुख रावण (सीता को) चुरा ले गया। लक्ष्मण और कमललोचन (राम) से बिछुड़ी सीता को बिलखते सुनकर तुरन्त ही दौड़ आ जटायु नामक पक्षिश्रेष्ठ ने उस क्षणदाचर (राक्षस) को मार्ग में रोक दिया और उस पर झपट पड़ा। पक्षिश्रेष्ठ के चंगुल में फँसकर खिन्न हो उठे राक्षस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नतिनाल् वलञ्ञोरु रक्षोवरन् निज चन्द्रहासं कोण्टु पक्षवुं वेट्टियरुत्तानतु नेरं पक्षीन्द्रनुं पतिच्चान् धरणीतले। भर्त्ता-विनेक्कण्टु वृत्तान्तमोक्कवे सत्यं परञ्ञोळिञ्ञेन्नुमे न्निन्नुटे मृत्यु वरायकेन्ननुग्रहिच्चाळ् धरापुत्रियुं तल्प्रसादेन पक्षीन्द्रनुं, ३० रामनेक्कण्टु वृत्तान्तमरियिच्चु रामसायुज्यं लभिच्चितु भाग्यवान्। अर्क्ककुलोत्भवनाकिय रामनुमर्क्कजनोटग्नि साक्षिकमां वण्णं सख्यवुं चेय्तुटन् कोन्नितु बालिये सुग्रीवना-यक्कोण्टु राज्यवुं नल्किनान्। वानराधीश्वरनाय सुग्रीवनुं जानकियेत्तिरञ्ञाशु कण्टीटुवान् दिक्कुकळ् नालिलुं पोके-न्नयच्चितु लक्षं कपिवरन्मारेयोरो दिशि। दक्षिण दिक्किनु पोन्नितु ञङ्ङळुं रक्षोवरनेयुं कण्टतिल्लेङ्ङुमे। मुप्पतु नाळिनकत्तु चेन्नीटायकिलप्पोळवरे वधिक्कुं कपिवरन्। पाताळ मुळ्प्पुक्कु वासरं पोयतु मेतुमरिञ्ञील ञङ्ङळतु कोण्टु। दर्भं विरिच्चु किटन्नु मरिप्पतिनप्पोळ् भवानेयुं कण्टु किट्टी बलाल्। एतानुमुण्टरिञ्ञिञट्टु नीयेङ्किलो सीताविशेषं परञ्ञु तरेणमे। ४० ञङ्ङळुटे परमार्थवृत्तान्तङ्ङळिङ्ङनेयुळ्ळोन्नु

रावण ने अपने चन्द्रहास से उसके पंख काट डाले और तुरन्त ही पक्षीन्द्र पृथ्वी पर जा गिरा। पति से मिलकर सारा वृत्तान्त कह सुनाने तक तुम्हारी मृत्यु न होगी, यह वरदान उसे धरापुत्री (सीता) ने दिया। उस अनुग्रह के प्रसाद से पक्षीन्द्र ने—३० —भाग्यवश राम से मिलकर सारा वृत्तान्त बताने के उपरान्त राम के चरणों में सायुज्य मुक्ति प्राप्त की। अर्ककुलोत्पन्न (सूर्यकुल में उत्पन्न) राम ने (फिर) अर्कज (सुग्रीव) से अग्नि को साक्षी बनाकर सख्य स्थापित किया, (जिस कारण) बालि को मारकर सुग्रीव को (किष्किन्धा) राज्य दे दिया। वानराधीश सुग्रीव ने जानकी की खोज करने के लिए चारों दिशाओं में एक-एक लाख वानर-सेना भेजी। हम लोग (सीतान्वेषण के लिए) दक्षिण दिशा की ओर निकले, किन्तु (खोजने पर भी) राक्षस रावण कहीं दिखाई नहीं दिया। तीस दिन के भीतर (सीता का पता लगाकर) न पहुँचने पर कपिवर सब को मार डालेंगे। गुहा में प्रविष्ट होने के कारण दिवस के व्यतीत होने का हमें कुछ स्मरण नहीं रहा। तब मरने के विचार से हम दर्भ बिछाकर लेट ही रहे थे कि अकस्मात् आप मिले। अगर आपको सीता के बारे में कुछ ज्ञात है तो कृपापूर्वक हमें बता दें। ४० हमारा वास्तविक परिचय यही है, जो आपकी जानकारी के लिए हमने बता दिया। तारेय के वचन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ऩीयऱिञ्ञीटेटो ! तारेय वाक्कुकळ् केट्टु सम्पातियुमारूढ़मोदम-वनोटु चौल्लिनान्-- इष्टनां भ्रातावेनिक्कु जटायु ञानोट्टु ऩाळुण्ट-वनोटु पिरिञ्ञतुं; इन्ननेकायिरं वत्सरं कूटि ञानेन्नुटे सोदरन् वार्त्तं केट्टीटिनान् । अन्नुटे सोदरनायुदक क्रियय्क्कायेन्नेयेट्टुत्तु जलान्तिके कौण्टुपोय् ऩिङ्ङळ् चेय्यिप्पिनुदक कर्म्मादिकळ् ऩिङ्ङळ्क्कु वाक्सहायं चेय्वनाशु ञान् । अप्पोळवनेयेट्टुत्तु कपिकळुम-ब्धितीरत्तु वच्चीटिनारादराल् । तत्सलिले कुळिच्चञ्जलियुं ऩल्कि वत्सलां भ्रातावितनाय्क्कौण्टु सादरं । स्वस्थान देश-त्तिरुत्तिऩार् पिन्नेयुमुत्तमन्माराय वानर सञ्चयं । स्वस्थनाय् सम्पाति जानकि तन्नुटे वृत्तान्तमाशु परञ्ञु तुटङ्ङिनान्-- ५० तुंगमायीटुं त्रिकूटाचलोपरि लङ्कापुरियुण्टु मद्ध्ये समुद्रमाय् । तत्र महाशोक कानने जानकि नक्तञ्चरी जनमद्ध्ये वसिक्कुन्नु । दूरमौरु नूरु योजनयुण्टतु ऩेरे ऩमुक्कु काणां गृद्ध्रमाकयाल् । सामर्त्थ्यमार्क्कतुलंघिप्पतिन्नवन् भूमि तनूजयेक्कण्टु वरुं ध्रुवं । सोदरनेक्कौन्नदुष्टनेक्कौल्लणमेतौरु जातियुं पक्षवुमिल्लमे; यत्नेन ऩिङ्ङळ् कटक्कणमाशु पोय् रत्नाकरं पिन्ने वन्नु

सुनकर सम्पाती ने सन्तुष्ट एवं प्रसन्न हो उससे कहा—"जटायु मेरा प्रिय भाई है और कई दिन हुए मैं उससे बिछुड़ गया था। आज हज़ारों वर्षों के बाद मैं अपने भाई का समाचार सुन रहा हूँ। अब आप लोग मुझे उठा ले जाकर समुद्र तट पर रखिए ताकि मैं अपने भाई की उदक क्रियाएँ पूरी कर लूँ। मैं वचनों से आप लोगों को सहायता पहुँचाऊँगा।" तब वानरों ने उसे उठाकर सागर तट पर ला रखा। उसके पानी में स्नान करके सम्पाती ने अपने प्रिय भाई के लिए अंजलि दी। तब उत्तम स्वभाव के उन वानरों ने उसे फिर से उठाकर पूर्व स्थान में पहुँचा दिया। स्वस्थ एवं सानन्द हो सम्पाती अविलम्ब जानकी का वृत्तान्त कह सुनाने लगा—५० समुद्र के बीच में स्थित त्रिकूट नामक उत्तुंग पर्वत पर लंका नामक नगरी है। वहाँ विशाल अशोक वन में जानकी राक्षस नारियों से परिवृत्त हो बैठी हैं। यह लंकापुरी यहाँ से सौ योजन दूर पर है, किन्तु गिद्ध होने के कारण वह (लंकापुरी) मुझे आँखों के आगे दिखाई दे रही है। आप में से जो इस समुद्र को लाँघ सकेगा, वह सीता को निश्चय ही देख आ सकेगा। जिस दुष्ट ने मेरे भाई को मार डाला है, मैं उसे मारना चाहता हूँ। किन्तु मैं पंखहीन हूँ। आप अभी जाकर प्रयत्नपूर्वक रत्नाकर (सागर) को पार कीजिए। फिर आकर वहाँ की खबर देने पर राम

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रघूत्तमन् रावणन् तन्नेयुं निग्रहिक्कुं क्षणालेवमतिन्नु वळियेन्तु निर्णयं। रत्नाकरं शतयोजन विस्तृतं यत्नेन चाटिक्कटन्नु लङ्कापुरं पुक्कु वैदेहियेक्कण्टु परञ्ञुटनिक्करेच्चाटिक्कटन्नु वरुन्नतु तम्मिल् निरूपिक्क नामेन्नोरुमिच्चु तम्मिलन्योन्यं परञ्ञु तुटङ्ङिनार्। ६० सम्पाति तन्नुटे पूर्व वृत्तान्तङ्ङळ्पोटु वानरन्मारोटु चोल्लिनान्- ञानुं जटायुवां भ्रातावुमाय् पुरा मानेन दर्प्पित मानसन्मारुमाय् वेगबलङ्ङळ् परीक्षिप्पतिन्नति वेगं परन्नितु मेल्पोट्टु ञङ्ङळुं; मार्त्तण्ड मण्डल पर्य्यन्त मुल्प्पतिच्चार्त्तरायवन्नु दिनकर रश्मियाल्। तल्क्षणे तीयुं पिटिच्चितनुजनु पक्षपुटङ्ङळिलप्पोळवने ञान् रक्षिप्पतिन्नुटन् पिन्निलाक्कीटिनेन् पक्षं करिञ्ञु ञान् वीणितु भूमियिल्। पक्षद्वयत्तोटु वीणाननुजनुं पक्षिकळ्क्काश्रयं पक्षमल्लो निजं। विन्ध्याचलेन्द्र शिरसि वीणीटिनेनन्धनाय् मून्नु दिनं किटन्नीटिनेन्। प्राण शेषत्तालुणर्न्नोरु नेरत्तु काणायितु चिरकुं करिञ्ञिञ्ङने। दिग्भ्रमं पूण्टु देशङ्ङळरियाञ्ञु विभ्रान्त मानसनायुळन्नङ्ङने ७० चेन्नेन् निशाकर तापसन् तन्नुटे पुण्याश्रमत्तिन्नु पूर्ण्ण भाग्योदयाल्; कण्टु महामुनि

क्षण भर में रावण की हत्या कर देंगे। उसके लिए यही उपाय है। शत योजन विस्तृत रत्नाकर को लाँघने और लंकापुर में प्रविष्ट हो, सीता से मिलने के उपरान्त वापस इस पार आ जाने के जो उपाय हैं उन पर विचार करते हुए वानर लोग अपना-अपना मत परस्पर प्रकट करने लगे। ६० तब सम्पाती ने अपना पूर्व वृत्तान्त वानरों को इस प्रकार सुनाया—"मैं तथा भ्राता जटायु गर्व से प्रेरित हो अपने वेगबल की परीक्षा के लिए जल्दी-जल्दी ऊपर आकाश की ओर उड़ते गये। मार्तण्ड मण्डल पर्यन्त आते-आते दिनकर रश्मियों से (सूर्य की किरण) तप्त हो परेशान हो उठे। अकस्मात् भाई के पंखों को जलते हुए देखकर उसको बचाने के विचार से मैं उसके ऊपर से उड़ने लगा। दोनों पंख जलकर मैं नीचे भूमि पर जा गिर पड़ा। सपक्ष अनुज भी नीचे गिरा। पक्षियों के लिए बिना पंख के क्या आसरा है? विन्ध्याचल पर गिरा मैं तीन दिन तक मूर्च्छित पड़ा रहा। प्राण शेष था, इसलिए जागने पर मैंने पाया कि दोनों पंख जल गये हैं। दिग्भ्रम के कारण भ्रान्तचित्त होकर वह कौन सा देश है, यह बिना जाने मैं इधर-उधर भटकता रहा। ७० अन्त में भाग्यवश मैं निशाकर मुनि के आश्रम में पहुँचा। पूर्व परिचय के कारण महामुनि ने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चौल्लिनानेन्नोटु पण्टु कण्टुळ्ळोरऴिवु निमित्तमाय्। अन्तु सम्पाते ! विरूपनाय् वन्नतिनेन्तु मूलमितारालकप्पेट्टतुं ? अन्नयुं शक्तनायोरु निनक्किन्नु दग्धमावानेन्तु पक्षं परकन्नी ? अन्नतु केट्टु आनेन्नुटे वृत्तान्तमोन्नोळियाते मुनियोटु चौल्लिनेन्। पिन्नेयुं कूप्पित्तोळुतु चोदिच्चितु सन्नमाय्वन्नु चिरकुं दयानिधे ! जीवनत्ते धरिक्केण्टुमुपायमिन्नेवमेन्नेन्नोटु चौल्लित्तरेणमे। अन्नतु केट्टु चिरिच्चु महामुनि पिन्ने दयावशनायरुळिच्चेय्तु— सत्यमायुळ्ळतु चौल्लुन्नतुण्टु आन् कृत्यं निनक्कोत्तवण्णं कुरुष्व नी। देहं निमित्तमीदुःखमऱिक नी देहमोर्क्किल् कर्म्मसंभवं निर्ण्णयं। ८० देहत्तिलुळ्ळोरहं बुद्धि कैक्कोण्टु मोहादहंकृति कर्म्मङ्ङळ् चेय्युन्नु। नित्य मायुळ्ळोरविद्या समुत्भव वस्तु-वायुळ्ळोन्नहङ्कारमोर्क्क नी। चिच्छाययोटु संयुक्तमाय् वर्त्तते तप्तमायुळ्ळोरयः पिण्डवत्सदा; तेन देहत्तिनु तादात्म्ययोगेन तानोरु चेतनवानाय् भविक्कुन्नु। देहोहमेन्नुळ्ळ बुद्धियुण्टाय्-वरुमाहन्त ! नूनमात्माविनु मायया; देहोहमद्यैव कर्म्म कर्त्ता-हमित्याहन्त सङ्कल्प्य सर्वदा जीवनुं; कर्म्मङ्ङळ् चेय्तु फलङ्ङळाल् बद्धनाय् सम्मोहमार्न्नु जननमरणमां संसार

मुझे देखकर पूछा—"हे सम्पाती ! इस प्रकार विरूप होने का क्या कारण है ? अत्यन्त शक्तिशाली तुम्हारे पंखों के इस प्रकार जल जाने का क्या कारण है ?" यह सुनकर मैंने मुनि से अपना सारा वृत्तान्त कहा और हाथ जोड़कर प्रार्थना की—"हे दयानिधि ! मेरे पंख नष्ट हो गये। मुझ पंखहीन को जीवनोपार्जन का उपाय सुझा दें।" यह सुनकर पहले मुनि हँस पड़े और बाद में कारुण्यवश उन्होंने बताया—"हे सम्पाती ! मैं तुम्हें सच्चा मार्ग बताऊँगा। फिर तुम्हें जो उचित कार्य करना है वह करो। यह सारा दुःख देह को लेकर है। और यह देह क्या है ? यह तो कर्मों के फल से उत्पन्न दुःख का भण्डार है। ८० 'मैं देह हूँ' इस अभिमान या अहंभाव से मोहित हो कर्म किये जाते हैं। यह अहंकार, वास्तव में विचार करने पर निरन्तर की अविद्या से उद्भूत है। तप्त अयः पिण्ड (लोहे का टूकड़ा) के समान आत्म चैतन्य के कारण यह देह सजीव और चेतन दिखाई देती है। इस प्रकार आत्म चैतन्य युक्त देह के कारण हमें वह चैतन्ययुक्त सी जान पड़ती है। माया सम्बन्ध के कारण ही आत्मा को यह प्रतीत होता है कि मैं देह हूं। 'मैं देह हूँ' और 'मैं ही सब कर्मों का कर्ता हूँ' इस भावना से प्रेरित हो जीव जीवन भर कर्म करता हुआ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सौख्य दुःखादिकळ् साधिच्चु हंसपदङ्ङळ् मऱन्नु चमयुन्नु। मेल्पोट्टुमाशु कीळ्प्पोट्टुं भ्रमिच्चति तात्पर्य्यवान् पुण्य पापात्मकैस्स्वयं ऎन्नयुं पुण्यङ्ङळ् चॆय्तेन् वळरॆ ञान् वित्तानु-रूपेणयज्ञ दानादिकळ्। ९० दुर्ग्गति नीक्किकस्सुखिच्चु वसिक्कणं स्वर्ग्गं गमिच्चॆन्नु कल्पिच्चिरिक्कवे मृत्यु भविच्चु सुखिच्चिरिक्कुं विधौ उत्तमांगं कीळ्ळवीळुमधो भुवि; पुण्यमॊट्टुङ्ङियालिन्दु तन् मण्डले चॆन्नु पतिच्चु नीहार समेतनाय् भूमौ पतिच्चु शाल्यादिकळाय् भविच्चामोदमुळ्क्कॊण्टु वाळुं चिरतरं। पिन्नॆ-प्पुरुषन् भुजिक्कुन्न भोज्यङ्ङळ् तन्नॆ चतुर्विधमाय् भविक्कुं बलाल् ऎन्नतिलॊन्नु रेतस्सायच्चमञ्ञतु चॆन्नु सीमन्तिनीयो-नियिलाय्वरुं; योनि रक्तत्तोटुं संयुतमाय्वन्नु ताने जरायुपरि-वेष्टितवुमां; एक दिनेन कलर्न्नु कललमामेकी भविच्चालतुं पिन्नमॆल्लवे; पञ्चरात्रं कॊण्टु बुद्बुदाकारमां पञ्चदिनं कॊण्टु पिन्नॆ यथाक्रमं मांसपेशित्वं भविक्कुमतिन्नतु मासार्द्ध कालेन पिन्नॆयुं मॆल्लवे; १०० पेशिरुधिर परिप्ळुतमाय्वरुमाशु

उसके फलों से आबद्ध हो जन्म-मरण रूपी सांसारिक सुख-दुःखों का शिकार बनता है और परमपद को विस्मृत कर बैठता है। चाहे पुण्य हो चाहे पाप, कर्म करने से देह बोध होता है। पाप और पुण्य के वशीभूत मनुष्य नीचे-ऊपर भटकता ही रहता है। कुछ लोग साधारणतया पुण्य समझे जानेवाले याग आदि कर्म करके यह सोच बैठते हैं कि मैंने अपने धन के अनुरूप बहुत ही पुण्य-कर्म किये,—९० —इसलिए दुर्गति से मुक्त हो स्वर्ग में पहुँचकर खूब सुख लूटना चाहिए। इस प्रकार सोचते बैठते समय मृत्यु आ जाती है और मृत्यु के उपरान्त स्वर्ग पहुँचने पर भी वहाँ अपने पुण्य के अनुरूप समय तक ही सुख पा सकते हैं। वह सुख भोग चुकने के उपरान्त पछाड़ खाकर चन्द्रमण्डल में गिर पड़ते हैं और वहाँ नीहार पिण्डों से मिलकर भूमि पर गिर पड़ते हैं। भूमि पर धान आदि के रूप में परिवर्तित हो कुछ काल तक सुख से रहते हैं। फिर पुरुष जो अन्न खाता है, वही चार रूपों में बदल जाता है। उनमें से एक रक्त बनकर और रक्त से शुक्ल रूप में परिवर्तित हो स्त्री के गर्भ में प्रवेश पाता है। स्त्री के गर्भ रक्त से संयुत हो वह धीरे से आकार धारण करने लगता है। उसका क्रम यही है। एक ही दिन में शुक्ल रक्त परस्पर मिलकर कलल में परिवर्तित हो जाता है। फिर पाँच दिन में वह एक छोटा-सा माँसपिण्ड बन जाता है। वही माँसपिण्ड और पन्द्रह दिन के उपरान्त—१०० —छोटे-छोटे रक्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तस्याङ्कुरोत्पत्तियुं वरुं पिन्नेयोरु पंचविंशति रात्रियाल् पिन्नेयोरु-मून्नु मासेन संधिकळ्; अंगङ्ङळ्तोरुं क्रमेण भविच्चीटु-मंगुलीजालवुं नालु मासत्तिनाल्; दन्तङ्ङळुं नखपंक्तियुं गुह्यवुं सन्धिक्कुं नासिका कर्ण्णं नेत्रङ्ङळुं पञ्चमासं कोण्टु षष्ठमासे पुनः किञ्चनपोलुं पिळयात्ते देहिनां, कर्ण्णयोः छिद्रं भविक्कुमतिस्फुटं पिन्ने मेढ्रोपस्थनाभिपायुक्कुळुं सप्तमे मासि भविक्कुं पुनरुटन् गुप्तमायोरु शिरः केशरोमङ्ङळ्, अष्टमेमासि भविक्कुं पुनरपि पुष्टमायीटुं जठरस्थलान्तरे, ओन्पतां मासे वळरुं दिनं प्रति कम्पं कर चरणादिकळ्क्कुं वरुं। पञ्चमे मासि चैतन्य वानायुवरुमञ्जसा क्रमेण जीवन् दिने दिने, ११० नाभि सूत्राल्परन्ध्रेण माताविनाल् संक्षेपमाय भुक्तान्न रसत्तिनाल् वर्द्धते गर्भगमाय पिण्डं मुहुर् मृत्यु वरानिज कर्म्मं बलत्तिनाल्; पूर्व-जन्मङ्ङळुं कर्म्मङ्ङळुं निजं सर्वकालं निरूपिच्चु निरूपिच्चु दुःखिच्चु जाठरवह्नि प्रतप्तनाय तत्क्कारणङ्ङळ् परञ्ञु तुटङ्ङिनान्। पत्तु नूरायिरं योनिकळिल्ज्जनिच्चेन्न कर्म्मङ्ङळनुभविच्चेनहं। पुत्रदारादिबन्धुक्कळ् सम्बन्धवुमेत्र नूरायिरं कोटि कळिञ्ञितु। नित्यं कुटुंब भरणैक सक्तनाय् वित्तमन्यायमायार्ज्जिच्चितन्वहं। विष्णु स्मरणयुं चेय्तु कोण्टील ञान् कृष्ण कृष्णेति जपिच्ची-

बिन्दुओं से ढक जाता है। फिर पच्चीस दिन गुज़र जाने पर उसमें पृथक्-पृथक् अंग रूप पाते हैं। तीन मास व्यतीत होने पर अंगों में सन्धियाँ तथा चार मास होने पर उँगलियाँ प्रत्यक्ष होने लगती हैं। पाँचवें मास में दन्त, नखपंक्तियाँ, गुह्यस्थान, नासिका, कर्ण और नेत्र बनते हैं। छठे मास में श्रवण का द्वार प्रकट होता है। फिर गुह्यांग, नाभि, गुदा, मुंह सब सातवें महीने में स्फुटित होते हैं। आठवें महीने में रोम और बाल उग आने लगते हैं। नवें मास से शिशु गर्भ में अपना पूर्ण विकास पाने लगता है। हाथ-पैर हिलने-डुलने लगते हैं। पाँचवें महीने से दिन-ब-दिन शिशु में चैतन्य का दर्शन होता है। ११० नाभि सूत्र के रंध्र के मार्ग से माता के खाये अन्न का रस गर्भस्थ पिण्ड पाता है और उससे वह पुष्ट होता जाता है। शरीर के पुष्ट होने तथा चैतन्य के दृढ़ होने पर पूर्व जन्म का स्मरण करता हुआ वह शिशु जठराग्नि के ताप से तप्त होता रहता है। वह अपने दुष्कर्मों को गिनता है। वह सोचने लगता है कि मैंने कितनी ही योनियों में जन्म लिये और कितने ही कुकर्म किये! कुटुम्ब के भरण-पोषण के लिए अधर्म से कितना धन कमाया! पुत्र, दारा आदि के सम्बन्ध में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

लोंरिक्कलुं । तल्फलमेंल्लामनुभविच्चीटुन्निततिप्पोळिविटेक्कि-टन्नु ञानिङ्ङनें । गर्भपात्रत्तिल् निन्नेंन्नु बाह्यस्थले कॆल्पोटें-निक्कु पुऱप्पेंट्टु कोळ्ळावू । १२० दुष्कर्म्ममोन्नुमे चॆय्युन्न-तिल्ल ञान् सल्क्कर्म्मं जालङ्ङळ् चॆय्युन्नतेयुळ्ळू । नारायण स्वामि तन्नेयोंळ्ळिञ्ञु मऱ्ऱारेयुं पूजिक्कयिल्ल ञानेन्नुमे । इत्यादि चिन्तिच्चु चिन्तिच्चु जीवनुं भक्त्या भगवल्स्तुति तुटङ्ङीटिनान् । पत्तुमासं तिकयुं विधौ भूतले चित्ततापेन पिऱक्कुं विधिवशाल् । सूति वातत्तिन् बलत्तिनाल् जीवनुं जातनां योनि रन्ध्रेण पीडान्वितं यौवनदुःखवुं वार्द्धक्य दुःखवुं सर्ववुमोर्त्तोळमेतुं पोरा सखे ! निन्नालनुभूतमायुळ्ळतेन्तिनु वर्णिच्चु ञान् पऱयुन्नु वृथा बलाल् । देहोहमेन्नुळ्ळ भावनयामहामोहेन सौख्य दुःखङ्ङ-ळुण्टाकुन्नु । गर्भवासादि दुःखङ्ङळुं जन्तु वर्ग्गोत्भव नाशवुं देहमूलं सखे ! स्थूल सूक्ष्मात्मक देहद्वयाल् परं मेलेयिरिप्पतात्मा परन् केवलन् । १३० देहादिकळिल् ममत्वमुपेक्षिच्चु मोहम-कन्नात्मज्ञानियाय्वाळ्कत्ती । शुद्धं सदा शान्तमात्मानमव्ययं

फँसकर कितने ही जन्म लिये ! मुझे कभी विष्णु का स्मरण करने का अवसर नहीं मिला । कृष्ण-कृष्ण का जप भी नहीं हो सका । उन्हीं सब कुकर्मों का ही फल है कि मैं यहाँ (गर्भ में) पड़े सब यातनाएँ भोग रहा हूँ । पता नहीं इस गर्भ से कब मैं बाहर जाने में समर्थ बनूँगा ! १२० अब जन्म के बाद मैं कभी कुकर्म नहीं करूँगा । मैं सत्कर्म ही करूँगा । मैं भगवान नारायण को छोड़ और किसी की कभी पूजा नहीं करूँगा । इस प्रकार सोचता-सोचता जीव भक्ति से भगवद् भजन करने लग जाता है । इस प्रकार स्तुति करता हुआ दस मास गुजार देने पर स्तुति-वायु के दबाव से वह योनिरंध्र से होकर बाहर संसार में जन्म लेता है । माता-पिता कितना ही लाड़-प्यार दिखावें फिर भी बाल्यकाल की पीड़ाएँ असह्य होती हैं । वैसे ही हे मित्र ! यौवन और वार्द्धक्य का दुःख भी अचिन्त्य है । तुमसे अनुभूत इस दुःख का मैं क्यों व्यर्थ वर्णन करूँ । (संक्षेप में) 'देहोहं' की भावना से उत्पन्न महामोह के फलस्वरूप ही सुख-दुःख उत्पन्न होते हैं । हे मित्र ! सभी जीवों के गर्भवास के दुःख, उद्भव और नाश सब का एकमात्र कारण यह देह है । आत्मा स्थूल-सूक्ष्म देह से परे नित्य, केवल स्वरूप है । १३० (हे सम्पाती !) देह आदि के प्रति अपनी ममता त्यागकर, मोह छोड़कर तुम आत्मज्ञानी बनो । शुद्ध, नित्यशान्त, नाशरहित, सदाजाग्रत, परब्रह्मस्वरूप, निर्गुण, निर्भेद, सकलात्मा, सर्वजगन्मय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बुद्धं परब्रह्ममानन्दमद्वयं, सत्यं सनातनं नित्यं निरुपमं तत्त्वमेकं परं निर्गुणं निष्कळं, सच्चिन्मयं सकलात्मकमीश्वरमच्युतं सर्वं जगन्मयं शाश्वतं; माया विनिर्मुक्तमॆन्नरियुन्नेरं माया विमोह-मकलुमॆल्लावनुं । प्रारब्ध कर्म्म वेगानुरूपं भुवि पारमार्थ्या-त्मना वाळुक नी सखे ! मट्टॊरुपदेशवुं परयां तव चेट्टु दुःखं मनक्काम्पिलुण्टाकॊला । त्रेतायुगे विष्णु नारायणन् भुवि जातनायीट्टुं दशरथ पुत्रनाय्, नक्तञ्चरेन्द्रनॆ निग्रहिच्चन्नपोट्टु भक्तजनत्तिनु मुक्ति वरुत्तुवान् । दण्डकारण्यत्तिल् वाळुं विधौ बलाल् चण्डनायुळ्ळ दशास्यनां रावणन्, १४० पुण्डरीकोद्-भूतयाकिय सीतयॆ पण्डितन्मारायां राम सौमित्रिकळ् वेर्पॆट्टि-रिक्कुन्न नेरत्तु वन्नु तन्नापत्तिनाय्क्कट्टु कॊण्टुपों मायया । लङ्कयिल्क्कॊण्टु वच्चीट्टुं दशान्तरे पङ्कज लोचनयॆत्तिरञ्ञीट्टुवान् मर्क्कटराज नियोगाल् कपिकुलं दक्षिण वारिधि तीरदेशेवरुं । तत्र समागमं निन्नोट्टु वानरर्क्कॆत्तुमॊरु निमित्तेन निस्संशयं । अॆन्नालवरोट्टु चॊल्लिक्कॊट्टुक्क नी तन्वंगि वाळुन्न देशं दयावशाल् । अप्पोळ् निनक्कु पक्षङ्ङळ् नवङ्ङळायुत्भ-विच्चीट्टुमतिनिल्ल संशयं । अॆन्नॆप्परञ्ञु बोधिप्पिच्चतिङ्ङनॆ मुन्नं निशाकरनाय महामुनि । वन्नतु काणिमन् चिरकुकळ्

अद्वय, सत्य, सनातन, सच्चिन्मय, अच्युत, शाश्वत ईश्वर-रूप आत्मा को सभी मायामोह-बन्धन से परे जान लेने पर सभी अज्ञान दूर हो जाएँगे। इस तत्वज्ञान को ग्रहणकर प्रारब्ध के समाप्त होने तक तुम भूमि पर वास करो। तुम्हारे लिए मैं एक अन्य उपदेश भी देता हूँ। तुम मन से समस्त दुःख दूर करो। त्रेतायुग में नारायण विष्णु ही नक्तंचरेन्द्र (रावण) का बध करके भक्तजनों को मुक्ति दिलाने के लिए भूमि पर दशरथ पुत्र के रूप में जन्म लेंगे। उनके दण्डकारण्य में निवास करते समय दुष्ट दशमुख रावण—१४० —पुण्डरीकोद्भूता सीता को राम तथा लक्ष्मण के दूर रहते समय, अपनी विपत्ति स्वयं मोल लेने के लिए मायाबल से चुरा ले जाएगा और लंका में ले जा रखेगा। तब मर्कट राजा (सुग्रीव) के आदेशानुसार पंकजलोचना (सीता) की खोज में वानर लोग दक्षिण वारिधि के तट पर आ जाएँगे। तब तुम निस्संदेह उनसे मिलने का सौभाग्य प्राप्त करोगे। उदारतापूर्वक तत्वंगी (सीता) के रहने का स्थान तुम उन्हें बता दो। तब तुम्हें नूतन पंख प्राप्त होंगे। यह निश्चित जान लो। इस प्रकार पहले निशाकर मुनि ने मुझे प्रबोध दिया था। (हे वानर!) तुम

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पुत्तनायेन्नेविचित्रमे नन्नु नन्नेत्रयुं। उत्तम तापसन्मारुटे वाक्यवुं सत्यमल्लातेे वरिकयिल्लेन्नुमे। १५० श्रीरामदेव कथामृतमाहात्म्य-मारालुमोर्त्तालरियावतल्लेतुं। रामनामामृतत्तिन्नु समान-माय् मामके मानसे मट्टु तोन्नीलहो! नल्लतु मेन्मेल् वरेणमे निङ्ङळ्क्कु कल्याणगात्रियेक्कण्टु किट्टेणमे। नन्नायतिप्रयत्नं चेय्किलर्णवमिन्नु तन्ने कटक्कायवरुं निर्णयं। श्रीराम नाम स्तुति कोण्टु संसार वारान्निधियेक्कटक्कुन्नितेवरुं। राम भार्य्यालोकनार्त्थमाय् पोकुन्न राम भक्तन्मारां निङ्ङळ्क्कों-रिक्कलुं सागरत्तेक्कटन्नीटुवानेतुमोराकुलमुण्टाकयिल्लोरु जातियुं। अन्नु परञ्ञु परन्नु मरञ्ञितत्युन्नतनाय सम्पाति विहायसा। १५८

समुद्र लंघनत्तिनु कपिकळुटे आलोचन

पिन्नेक्कपिवरन्मार् कौतुकत्तोटु मन्योन्यमाशु परञ्ञु तुट-ङ्ङिनार्-उग्रं महानक्रचक्र भयङ्करमग्रे समुद्रमालोक्य कपिकुलं अेच्छिङ्ङने नामितिनेक्कटक्कुन्न वारेङ्ङु मरुकर काण्मानु-मिल्लल्लो; आवतल्लात्ततुं चिन्तिच्चु खेदिच्चु चावतिनेन्त-

---

लोग ध्यान से देखो। मेरे नये पंख आ गये हैं। यह कितनी ही विचित्र बात है! यह कितना अच्छा हुआ! यह कितना अच्छा हुआ! उत्तम तपस्वियों के वचन कभी असत्य नहीं होंगे। १५० श्रीरामदेव के कथामृत का माहात्म्य कौन जान सकता है? श्रीराम के नामामृत के समान (सुखद) दूसरा कुछ नहीं है, यही मेरा अभिमत है। हे पुण्यात्मा लोग! तुम्हारा भला हो और कल्याणगात्री (मंगलस्वरूपा सीता) का पता तुम प्राप्त करो। श्रीराम के नाम की स्तुति करते हुए सब लोग संसार-रूपी भयंकर सागर के पार पहुँच पाते हैं। अगर तुम चेष्टा करोगे, तो मुझे सन्देह नहीं, तुम लोग आज ही सागर को लाँघ सकोगे। (मुझे विश्वास है कि) राम की पत्नी के अवलोकन के हेतु जानेवाले तुम राम-भक्तों के सामने सागर पार करते हुए कोई बाधा उपस्थित नहीं हो सकती।" यह कहता हुआ सम्पाती विहायस (आकाश) में ऊपर उठता हुआ अदृश्य हो गया। १५८

वानरों का समुद्र-तरण का उपाय सोचना

उसके बाद वानर परस्पर समुद्र-तरण के उपाय के लिए विचार-विनिमय करने लगे। अत्यन्त गम्भीर तथा भयंकर नक्रों (मगरों) से युक्त महासमुद्र को देखकर वानरों के मन में भय उत्पन्न हुआ और (वे कहने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वकाशं कपिकळे ! शक्रतनयतनूजनामंगदन् मर्क्कट नायकन्मा-
रोटु चोल्लिनान्— अंत्रयुं वेगबलमुळ्ळ शूरन्मार् शक्तियुं
विक्रमवुं पारमुण्टल्लो निङ्ङळेल्लावर्क्कुमेन्नालिवरिल्वच्चिङ्ङु
वन्नेन्नोटोरुत्तन् परयणं; आनितिनाळेन्नवनल्लो नम्मुटे प्राणने
रक्षिच्चु कोळ्ळुन्नतुं दृढं। सुग्रीव राम सौमित्रिकळ्क्कुं बहु
व्यग्रं कळञ्ञु रक्षिक्कुन्नतुमवन्। अंगदनिङ्ङने चोन्नतु केट्टवर्
तङ्ङळिल्त्तङ्ङळिल् नोक्किनारेवरुं। १० ओन्नुं परञ्ञीलोरु-
त्तरुमंगदन् पिन्नेयुं वानरन्मारोटु चोल्लिनान्— चित्ते निरुपिच्चु
निङ्ङळुटे बलं प्रत्येकमुच्यतामुद्योग पूर्वकं। चाटामेनिक्कु-
दशयोजन वळि चाटामिरुपतेनिक्कोन्नोरु कपि; मुप्पतु चाटा-
मेनिक्कोन्नपरनुमप्पटि नाल्पतामेन्नु मट्टेवनुं; अन्पतरुपतेळुपतुमा-
मेन्नुमेण्पतु चाटामेनिक्कोन्नोरुवनुं; तोण्णूरु चाटुवान् दण्डमिल्ले-
कनेन्नर्णवमो नूरुयोजनयुण्टल्लो। इक्कण्ट नम्मिलार्क्कु
कटक्कावतिल्लिक्कटल् मर्क्कट वीररे ! निर्णयं। मुन्नं

लगे) "हम कैसे इस सागर को पार करेंगे ? कहीं उसका पार दृष्टिगोचर नहीं हो रहा है। हे वानर ! अपनी पहुँच के बाहर की बात पर सोच-सोचकर दुखित होने से क्या लाभ होगा ?" वानरों को इस प्रकार परस्पर कहते सुनकर शक्रतनय के तनूज (इन्द्र के पौत्र) अंगद ने मर्कट नायकों से कहा—"हे कपिवर ! आप सब तेजस्वी, वेगबलशाली शूर, शक्ति-विक्रम सम्पन्न अपार वीर तो हैं। लेकिन आप में से जो कोई वानर आकर मुझसे यह कहेगा कि मैं इसके लिए (सागर पार जाने के लिए) समर्थ हूँ, वही मेरा प्राण-रक्षक मित्र है। वही सुग्रीव तथा राम-लक्ष्मण को भी संकट से मुक्त करनेवाला है।" अंगद का यह कथन सुनकर वे परस्पर देखने लगे। १० किन्तु किसी ने एक शब्द भी नहीं कहा, तो अंगद ने फिर कहा—"हे कपिवर ! आप में से प्रत्येक वानर आगे बढ़कर समझ-बूझकर अपना बेगबल मुझे बता दें।" अंगद का यह आदेश पाकर एक ने कहा कि मैं दस योजन समुद्र लाँघ सकूँगा। दूसरे ने कहा कि मैं बीस योजन रास्ता लाँघ पाऊँगा। तीसरे ने तीस, चौथे ने चालीस योजन लाँघने की अपनी सामर्थ्य प्रकट की। इस प्रकार पचास, साठ, सत्तर से आगे बढ़कर एक वानर ने बताया कि मैं अस्सी योजन सागर लाँघ सकूँगा। एक ने कहा कि मैं सहज ही नब्बे योजन रास्ता लाँघ सकता हूँ, किन्तु सागर तो सौ योजन का है। कपिवरों की बातें सुनकर अजात्मज (ब्रह्मपुत्र जाम्बवान्) ने कहा—"हे कपिवर ! यह स्पष्ट हो गया कि हम वानरों में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

त्रिविक्रमन् मून्नु लोकङ्ङळुं छन्नमाय् मून्नटियायळक्कुं विधौ यौव्वनकाले पेरुम्परयुं कोट्टि मूवेळु वट्टं वलत्तु वच्चीटिनेन्। वार्द्धकग्रस्तनायेनिदानीं लवणाब्धि कटप्पानुमिल्ल वेगं मम। २० ञानिरुपत्तोन्नु वट्टं प्रदक्षिणं दानवारिक्कु चेय्तेन् दशमात्रया; कालस्वरूपनामीश्वरन् तन्नुटे लीलकळोर्त्तोळमत्भुतमेत्रयुं। इत्थमजात्मजन् चोन्नतु केट्टतिनुत्तरं वृत्रारिपौत्रनुं चोल्लिनान्– अङ्ङोट्टु चाटामेनिक्केन्नु निर्णयमिङ्ङोट्टु पोरुवान् दण्डमुण्टाकिलां; सामर्त्थ्यमिल्लमटाक्कुमेन्नाकिलुं सामर्थ्यमुण्टु भवानितिनेन्नाकिलुं; भृत्यजनङ्ङळयय्क्कयिल्लेन्नुमे भृत्यरिलेकनुण्टामेन्नते वरु। आक्कुमेयिल्ल सामर्त्थ्यमनशनं दीक्षिच्चु तन्ने मरिक्क नल्लू वयं। तारेयनेवं परञ्ञोरनन्तरं सारससंभवनन्दनन् चोल्लिनान्– एन्तु जगल्प्राणनन्दननिङ्ङने चिन्तिच्चिरिक्कुन्नतेतुं परयाते? कुण्ठनाय्त्तन्नेयिरुन्नु कळकयो? कण्टील निन्नेयोळिञ्ञु मटारेयुं। ३० दाक्षायणी-

से कोई भी समुद्र लाँघ नहीं सकेगा। पहले जब महाविष्णु ने वामनावतार में तीन कदमों में तीनों लोक नाप लिये थे तब मेरा यौवनकाल था और इस कारण मैंने उन विश्वरूप भगवान की दस क्षण में नगाड़ा बजाते हुए इक्कीस बार परिक्रमा की थी। किन्तु आज वार्द्धक्य से ग्रस्त होने से लवण समुद्र लाँघने की सामर्थ्य मुझमें नहीं रही। २० —दस क्षण में इक्कीस बार दानवारि (महाविष्णु) की प्रदक्षिणा करनेवाला आज इस लवण समुद्र तक को पार नहीं कर सकता! क्या ही आश्चर्य है! कालस्वरूप भगवान की लीलाएँ आश्चर्यजनक हैं! जाम्बवान् की यह बात सुनकर उसके उत्तर में वृत्रारिपौत्र (अंगद) ने कहा—"मैं समुद्र लाँघकर वहाँ (लंका में) जा सकता हूँ, किन्तु वापस आने की बात पर मुझे सन्देह है।" "चाहे दूसरा कोई समुद्र-लाँघने में समर्थ न हो और चाहे आप अकेले ही उसमें समर्थ हों, तो भी आपके हम दास, आपको नहीं भेजेंगे। मेरा विश्वास है कि हममें से कोई उसमें (समुद्र-तरण में) समर्थ निकलेगा।" (इस प्रकार अंगद से जाम्बवान् ने कहा।) तब अंगद ने फिर कहा—"कोई भी समर्थ नहीं दिखाई दे रहा है, इसलिए हमारे लिए उचित होगा कि अनशन करके हम मर जाएँ।" तारेय को इस प्रकार कहते हुए पाकर सारससम्भव नन्दन (जाम्बवान्) ने कहा—"वाह! जगत्प्राण नन्दन (हनुमान)! बिना कुछ बोले इस प्रकार चिन्तित क्यों बैठे हो? क्या तुम कुंठित बैठे ही रहोगे। मेरी दृष्टि में तुम्हें छोड़कर कोई दूसरा इस कार्य में समर्थ नहीं है। ३० तुम तो पार्वतीजी के गर्भ में स्थित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गर्भपात्रस्थनार्योरु साक्षाल् महादेव बीजमल्लो भवान् । पिन्ने वातात्मजनाकयुमुण्टवन् तन्नोटु तुल्यन् बलवेगमोर्क्किलो, केसरियेक्कोन्नु तापं कळञ्ञोरु केसरियाकिय वानरनाथनु पुत्रनायञ्जन पॆट्टुळवायोरु सत्वगुणप्रधानन् भवान् केवलं । अञ्जनागर्भच्युतनायवनियिलञ्जसा जातनाय् वीण नेरं भवान्, अञ्जूरुयोजन मेल्पोट्टु चाटियतुं ञानरिञ्ञिरिक्कुन्नु मानसे । चण्डकिरणनुदिच्चु पॊङ्ङुन्नेरं मण्डलं तन्नेत्तुट्टुटॆक्कण्टु नी, पक्वमॆन्नोर्त्तु भक्षिप्पानटुक्कयाल् शक्रनुटॆ वज्रमेटु पतिच्चतुं; दुःखिच्चु मारुतन् निन्नेयुं कॊण्टुपोय् पुक्कितु पाताळमप्पोळ् त्रिमूर्त्तिकळ् मुप्पत्तु मुक्कोटि वानवर तम्मोटुमुल्पलसंभव पुत्र-वर्गत्तोटुं, ४० प्रत्यक्षराय् वन्ननुग्रहिच्चीटिनार् मृत्युवरा-लोकनाशं वरुम्पोळुं । कल्पान्तकालत्तुमिल्ल मृतियॆन्नु कल्पिच्च-तिन्निळक्कं वरा निर्णयं । आम्नाय सारार्थमूर्त्तिकळ् चॊल्लिलनार् नाम्ना हनूमानिवनॆन्नु सादरं । वज्रं हनुविङ्कलेटु मुद्रिकयालच्चरित्रङ्ङळ् मऱन्नितो मानसे ! निङ्क्ग्यिलल्लयो

~~~~~~

साक्षात् महादेव के ही बीज हो । इसके अतिरिक्त वायुदेव के पुत्र तो ठहरे । वायुसम तुम्हारा वेगबल है । केसरी (सिंह) को मारकर दुःखनाश किये । केसरी नामक वानर श्रेष्ठ के पुत्र रूप में अंजना के गर्भ से उत्पन्न तुम सत्वगुण से ओतप्रोत हो । अंजना के गर्भ से च्युत हो भूमि पर पड़ते ही तुम जो पाँच सौ योजन ऊपर कूद पड़े थे, वह मैं जान चुका हूँ । उदय सूर्य की चमक-दमक देख उसे पक्व समझ खाने के लिए उसकी ओर बढ़ते समय शक्र (इन्द्र) के वज्रघात से तुम नीचे गिर पड़े थे । दुखी हो वायुदेव तुम्हें लेकर पाताल लोक में चले गये । तेंतीस करोड़ देवताओं सहित त्रिमूर्ति लोग उत्पलसम्भव (ब्रह्मा) के पुत्र (दक्ष प्रजापति) आदि के साथ—४० —प्रत्यक्ष पाताल में आकर वायु से मिले और इच्छित वर प्रदान किये कि लोकनाश के समय या कल्पान्त काल में भी इनकी (हनुमान की) मृत्यु नहीं होगी । त्रिमूर्तियों का यह वरदान निश्चय ही अटल है, उसमें कुछ अन्तर नहीं आ सकता । इन्द्र के वज्र के आघात से हनु को चोट लगने के कारण त्रिमूर्तियों ने कहा था कि इनका हनुमान नाम होगा । हे हनुमान ! क्या तुम अपना यह पूर्व चरित विस्मृत बैठे हो ? यही नहीं भगवान ने केवल तुम्हारे हाथ में अंगुलीय दिया था । उसका भी कारण तुम्हें सोचना चाहिए । तुम्हारे बल-वीर्य-वेग का वर्णन इस प्रपंच में कोई नहीं कर सकता ।" विधिसुत (जाम्बवान्) को इस प्रकार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow
~~~~~~

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तन्नतु राघवनंगुलीयमतुमेन्तिनेन्नोक्कर्क न्नी। त्वद्बल वीर्य्यं वेगङ्ङळ् वर्णिप्पतिनिप्रपञ्चत्तिङ्कलार्क्कुमामेल्लेटो ! इत्थं विधिसुतन् चोन्न नेरं वायुपुत्रनुमुत्थाय सत्वरं प्रीतनाय्। ब्रह्माण्डमोन्नु कुलुङ्ङुमारोन्नवन् सम्मदाल् सिंहनादं चेय्तरुळिनान्। वामन मूर्त्तियेप्पोले वळर्न्नवन् भूमिधराकारनाय् निन्नु चोल्लिनान्— लंघनं चेय्तु समुद्रत्तेयुं पिन्ने लङ्कापुरत्तेयुं भस्ममाक्कि क्षणाल् ५० रावणनेक्कुलत्तोटु मोटुक्कि आन् देवियेयुं कोण्टु पोरुवनेन्नुमे; अल्लाय्किलो दशकण्ठने बन्धिच्चु मेल्लवे वामकरत्तिलेटुत्तुटन् कूटत्रयत्तोटु लङ्कापुरत्तेयुं कूटे वलत्तु करत्तिलाक्किक्कोण्टु रामान्तिके वच्चु कैतोळुतीटुवन् रामांगुलीयमेन् कैयिलुण्टाकयाल्। मारुतिवाक्कु केट्टोरु विधिसुतनारूढ कौतुकं चोल्लिनान् पिन्नेयुं— देवियेक्कण्टु विरविल् वरिक न्नी रावणनोटेतिर्त्तीटुवान् पिन्नेयां; निग्रहिच्चीटुं दशास्यने राघवन् विक्रमं काट्टुवानन्नेरमावल्लो। पुष्कर मार्ग्गेण पोकुं निनक्कोरु विघ्नं वराय्क कल्याणं भविक्कते। मारुतदेवनुमुण्टरिके तव श्रीराम कार्य्यार्त्थमायल्लो पोकुन्नु; आशीर्वचनवुं चेय्तु कपिकुलमाशु पोकेन्नु विधिच्चोरनन्तरं ६०

कहते सुनकर वायुपुत्र तुरन्त सन्तुष्ट हो अपने स्थान से उठे और सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को कम्पित करनेवाला सिंहनाद किया। जैसे वामन ने विश्वरूप धारण किया था, वैसे ही क्षण भर में बढ़ते हुए हनुमान ने पर्वताकार शरीर धारण करते हुए कहा—"समुद्र लंघन करके, फिर क्षण भर में लंकापुरी को भस्मसात् कर—५० —और वंश समेत रावण को नष्ट कर मैं देवी को उठा लाऊँगा। अन्यथा रावण को बाँधकर वाम कर में लेकर तथा त्रिकूटाचल सहित लंका को दक्षिण कर में उठा लाकर राम के चरणों में रख हाथ जोड़ूँगा। हाथ में राम के अंगुलीय के रहने से सब कुछ करना मेरे लिए सम्भव होगा।" मारुति के वचन सुन अत्यन्त प्रसन्न हो उठे जाम्बवान् ने फिर कहा—"इस बार सीता को केवल देख आओ। रावण से मुकाबला बाद में होगा। राम दशानन को निश्चय ही मारेंगे। तब तुम्हें भी अपना बल और साहस दिखाने का अवसर मिलेगा। आकाश मार्ग से जाते हुए तुम्हें कोई बाधा न पहुँचे तथा तुम्हारा मंगल हो। वायुदेव सदा तुम्हारे साथ हैं और दूसरे, तुम भगवान राम के कार्यार्थ जा रहे हो। अतः किसी विघ्न के लिए अवकाश नहीं है।" जाम्बवान् के आशीर्वाद तथा कपिकुल की जाने की अनुमति पाकर—६० —तुरन्त ही हनुमान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेगेन पोय् महेन्द्रत्तिन् मुकळेऱि नागारियेप्पोलें ऩिन्ऩु
विळङ्ङिनान् । इत्थं परञ्ञऱियिच्चोरु तत्तयुं बद्धमोदत्तोटि-
रुन्ऩितक्कालमे । ६२

॥ किष्किन्धाकाण्डं समाप्तं ॥

महेन्द्र पर्वत पर चढ़ साक्षात् नागारि (गरुड़) के समान शोभित हुए। इस प्रकार रामायण की कथा का एक अंश कह सुनाने के उपरान्त शुकी ने अल्प समय के लिए सानन्द विश्राम लिया। ६२

॥ किष्किन्धाकाण्ड समाप्त ॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सुन्दरकाण्डम्

॥ हरिः श्री गणपतये नमः ॥

अविघ्नमस्तु

सकल शुक कुल विमल तिलकित कळेबरे ! सारस्य पीयूष सार सर्वस्वमे ! कथयमम कथयमम कथकळति सादरं काकुल्स्य लीलकळ् केट्टाल् मतिवरा। किळि मकळोटति सरसमिति रघुकुलाधिपन् कीर्त्ति केट्टीटुवान् चोदिच्चनन्तरं, कळमोळियुमळकिनोटु तोळुतु चोल्लीटिनाळ् कारुण्यमूर्त्तियेच्चिन्तिच्चु मानसे—हिम शिखरि सुतयोटु चिरिच्चु गंगाधरनेङ्किलो केट्टु कोळ्केन्नरुळिच्चेय्तु : लवण जलनिधि शतकयोजनाविस्तृतं लंघिच्चु लङ्कयिल्च्चेल्लुवान् मारुति मनुजपरिवृढ चरणनळिन युगळं मुदा मानसे चिन्तिच्चुरप्पिच्चु निश्चलं। कपिवररोटमित बलसहितमुर चेय्ततु कण्टु कोळ्विन् निङ्ङळेङ्किलेल्लावरुं। मम जनक सदृशनहमति चपलमंबरे मानेन

॥ हरिः श्री गणपतये नमः ॥

अविघ्नमस्तु

समस्त शुकवर्ग में निर्मल एवं श्रेष्ठ शरीर युक्त हे शुक बालिके ! तुम सरस अमृत रस से भी मधुर एवं रसपूर्ण मधुरभाषी हो। रामचरित जो तुमसे अब तक कहा जा रहा था, उसका आगे का भाग तुम मुझे बताओ, तुम मुझे बताओ। (क्योंकि) श्रीरामचन्द्र जी की लीलाएँ कितनी भी सुनें, संतृप्ति नहीं होती। इस प्रकार राम का यशगान सुनने की अभिलाषा सुनकर मधुरभाषी शुकशावक ने कारण्यमूर्ति श्रीरामजी का मन ही मन ध्यान करते हुए और प्रणाम करते हुए (आगे) कहा—गंगाधर (शिव) ने हेमवती से मन्दहास भरते हुए कहा कि तुम (रामकथा आगे) सुन लो। शत योजन विस्तृत समुद्र को लाँघकर लंका में पहुँचने के प्रयास में सानन्द हनुमान ने (पहले-पहल) अपने निश्चल मन में मनुज श्रेष्ठ (राम) के युगल चरण-कमलों का ध्यान लगाया और अमित बल का संवरण करते हुए वानरवीरों से कहा—"तुम सब देखते रहो। मैं अपने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोकुन्निताशरेशालये । अजतनयतनय शरसममधिक साहसालद्यैव पश्यामि रामपत्नीमहं । १० अखिल जगदधिपनोटु विरवोट-द्रियिप्पनिङ्ङ्य कृतार्त्थनायेन् कृतार्त्थोस्म्यहं । प्रणतजन बहुजननमरणहरनामकं प्राण प्रयाणकाले निरूपिप्पवन् जनि मरण जलनिधियें विरवोटु कटक्कुमज्जन्मना किं पुनस्तस्य दूतोस्म्यहं । तदनुमम हृदि सपदि रघुपतिरनारतं तस्यांगुलीयवुमुण्टु शिरसिमे । किमपि नहिभयमुदधि सपदितरितु न्निङ्ङ्ळ् कीश प्रवररे ! खेदियाय्केतुमे ! इति पवनतनयनुरचेय्तु वालुं निजमेढ़मुर्यत्तिप्परत्तिक्करङ्ङ्ळुं अति विपुल गळतलवु-मार्ज्जवमाक्कि न्नित्ताकुञ्चितांघ्रियायूर्द्ध्वनयननाय्, दशवदन पुरियिल् निज हृदयवुमुऱप्पिच्चु दक्षिण दिक्कुमालोक्य चाटीटिनान् । १८

मार्ग्गविघ्नं

पतगपतिरिव पवनसुतनथ विहायसा भानु बिंबाभया

पिता (वायुदेव) के समान तीव्रगति से अज पौत्र के बाण (रामबाण) जैसे आकाश में उड़ता हुआ राक्षसेन्द्र के भवन में अनायास पहुँच जाऊंगा और साहसपूर्वक आज ही रामपत्नी को मैं देख लूँगा । १० और आज ही समस्त जगत् के अधिप (राम) से सारा वृत्तान्त कह दूँगा । मैं आज बहुत ही कृतार्थ हूँ, कृतार्थ हूँ । उनका पावन नाम भक्तों के जन्म-मरण की रस्सी काट देनेवाला है । प्राण के प्रयाण काल में (मृत्यु के समय) जो उनका स्मरण करता है, वह इस जन्म में ही संसार-जलनिधि को पार करता है । ऐसी हालत में उनके दूत मुझे डरने की क्या पड़ी है ? इसके अतिरिक्त मेरे तो हृदय में सदा श्रीरामजी बसे हुए हैं और उनका अंगुलीय तो मेरे सिर पर ही है (मेरे जिम्मे है) । फिर मुझे यह उदधि पार करते हुए क्या भय हो सकता है ? हे कपिवर ! आप अपनी चिन्ता छोड़ दीजिए, मुझे यह सागर पार करने में कुछ भी भय नहीं अनुभव हो रहा है ।" यह कहकर पवनतनय ने अपनी पूँछ ऊपर को उठायी, हाथों को खूब फैलाया, अपने गले को खूब सीधा किया और पादों को ज़रा झुकाया । दृष्टि ऊपर करते हुए और मन में दशवदन की राजधानी लंका को लक्ष्य बनाकर और दक्षिण दिशा की ओर देखते हुए हनुमान ने छलाँग भर दिया । १८

मार्ग में बाधा

पतगपति (गरुड) के समान अत्यन्त तीव्रगति से, भानुबिंब की सी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोकुं दशान्तरे, अमर समुदयमनिल तनय बलवेगङ्ङळालोक्य चौन्नार् परीक्षणार्त्थं तदा, सुरसयोटु पवनसुत सुखगति मुटक्कुवान् तूर्णं नटन्नितु नागजननियुं त्वरितमनिलजमति-बलङ्ङळरिञ्ञति सूक्ष्मदशा वरिकॆन्नतु केट्टवळ्; गगनपथि पवनसुत जवगतिमुटक्कुवान् गर्वेण चॆन्नु तत्सन्निधौमेविनाळ्। कठिनतरमलरियवळवनोटुरचॆय्तितु कण्टीलयो भवानॆन्नॆक्कपिवर ! भयरहितमितुवऴि नटक्कुन्नवर्कळॆ भक्षिप्पतिन्नुमां कलिपच्चतीश्वरन्। विधिविहितमशनमितु नूनमद्यत्वया वीरा ! विशप्पॆ-निक्केट्टमुण्टोर्क्क नी। ममवदनकुहरमतिल् विरविनोटु पोक नी मटौन्नुमोर्त्तु कालं कळयाय्कॆटो ! सरसमितिरभसतरमतनु-सुरसागिरं साहसाल्क्केट्टनिलात्मजन् चौल्लिनान्—१० अहमखिल जगदधिपनमरगुरु शासनालाशु सीतान्वेषणत्तिन्नु पोकुन्नु। अवळॆनिशिचरपुरियिल् विरविनोटु चॆन्नु कण्टद्यवाश्वोवावरुन्नतु-मुण्टु ञान्। जनकनरपति दुहितृ चरितमखिलंद्रुतं चॆन्नु रघुपतियोटरियिच्चु ञान् तव वदनकुहरमतिलपगत भयाकुलं

आभा फैलाते हुए पवनसुत (हनुमान) के आकाश मार्ग से जाते समय, हनुमान के वेगबल को देखकर अमरों ने नागजननी सुरसा से उनकी परीक्षा लेने का आग्रह किया। पवनसुत की निर्विघ्न गति रोकने के लिए सुरसा जल्दी निकल पड़ी। देवों ने हनुमान का बल खूब जान लेने का सुरसा से आग्रह किया था। अत्यन्त गर्व के साथ पवनसुत की गति रोकने के विचार से सुरसा आकाश मार्ग पर उनके समीप ही जाकर खड़ी हो गयी। घोर गर्जना करते हुए उसने उनसे पूछा—"हे कपिवर ! क्या तुमने मुझे नहीं देखा ? भगवान ने मुझे आदेश दे रखा है कि इस मार्ग से निर्भय जानेवालों को मैं पकड़कर खा लूँ। ईश्वर की कृपा से अब तुम मुझे भोजन के लिए प्राप्त हुए। हे वीर ! तुम यह जान लो कि मैं अत्यन्त भूखी हूँ। और कुछ व्यर्थ सोचकर समय गँवाये बिना अब तुम सीधे मेरे वदनविवर (मुँह) में प्रवेश करो।" स्थूलकाय सुरसा के विचित्र, किन्तु क्रूर एवं कठोर वचन सुनकर साहसपूर्वक अनिलात्मज (हनुमान) ने कहा—१० हे देवी ! मैं अखिल जगत के स्वामी तथा अमरगुरु (देवेश) भगवान के आदेश से अभी सीतान्वेषण के लिए जा रहा हूँ। निशिचरपुरी (लंका) में पहुँच उनसे मिलकर मैं आज या कल इधर वापस आ जाऊँगा। जनकनृपति की पुत्री (सीता) का सारा हाल जल्दी जाकर रघुपति को सुनाने के उपरान्त यहाँ आकर बिना किसी भय या व्याकुलता के आपके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तात्पर्य्यमुळ्क्कोण्टु वन्नुपुक्कीटुवन् । अनृतमकतळिरिलोरु पोळ्ळुतुमरिवीलहमाशु मार्ग्गं देहिदेवी नमोस्तुते । तदनु कपिकुलवरनोटवळुमुर चेय्तितु दाहवुं क्षुत्तुं पोरुक्करुतेतुमे । मनसितव सुदृढमितियदिसपदि सादरं वापिळर्न्नीटेन्नु मारुति चोल्लिनान् । अतिविपुलमुटलुमोरु योजनायाममायाशुगनन्दनन् निन्नतु कण्टवळ् अतिलधिकतर वदनविवरमोटनाकुलमत्भुत-मायञ्चु योजना विस्तृतं । पवन तनयनुमतिनु झटिति दश-योजना परिमिति कलर्न्नु काणायोरनन्तरं, २० निज मनसि गुरु कुतुकमोटु सुरसयुं तदा निन्नाळिरुपतु योजन वायुमाय् । मुख कुहरमति विपुलमिति करुति मारुति मुप्पतुयोजन वण्णमाय् मेविनान् । अलमलमितयममलनरुतु जयमाक्कुं-मेन्नन्पतु योजन वापिळर्न्नीटिनाळ् । अतु पोळ्ळुतु पवनसुतनति कृशशरीरनायंगुष्ठ तुल्यनायुळ्प्पुक्करुळिनान् । तदनुलघुतरमवनु-मुरतर तपोबलाल् तत्र पुरत्तुपुरप्पेट्टु चोल्लिनान् शृणु सुमुखि ! सुरसुखपुरे ! सुरसे ! शुभे ! शुद्धे ! भुजंगमातावे ! नमोस्तुते ! शरणमिह चरणसरसिज युगळमेवते शान्ते शरण्ये ! नमस्ते

मुँह में प्रविष्ट हो जाऊँगा । मैं छलरहित हूँ और कपट बोलना मुझे नहीं आता । हे देवी ! आप मुझे जाने दीजिए । आपको नमस्कार है ।" तुरन्त ही उसने कपिकुलवर (वानरश्रेष्ठ हनुमान) से कहा—"मैं भूख और प्यास बिलकुल सह नहीं पा रही हूँ ।" मारुति ने कहा—"यदि आपकी यही जिद है, तो आप तुरन्त ही अपना मुँह खोल दीजिए ।" यह कहकर एक योजन विस्तृत अपना स्थूल शरीर धारण किये वायुपुत्र वहीं खड़े हो गये । यह देखकर सुरसा बिना किसी परिश्रम के अत्यन्त विस्मयकारी पाँच योजन विस्तृत अपना मुख विवर बढ़ा लिया । झट पवनतनय ने अपना दस योजन का स्थूल शरीर अपनाया । २० (यह देख) मन में आश्चर्यान्वित हो सुरसा ने बीस योजन अपना मुँह बढ़ाया । बड़े मुख-विवर को देखकर मारुति ने तीस योजन का शरीर धारण किया । 'बस-बस' यह कोई बड़ा दिव्य पुरुष है, इसे कोई जीत नहीं सकता; यह सोच आश्चर्यचकित हो सुरसा ने अपना मुखविवर पचास योजन बड़ा किया तो यह देख पवनसुत अपना अंगुष्ठमात्र सूक्ष्म शरीर धारण करके उसके मुँह में प्रविष्ट हुए और शीघ्र ही तपःशक्ति से बाहर आ उन्होंने (सुरसा से) कहा—"देवों को सुख प्रदान करनेवाली हे सुन्दरी ! तुम सुनो । हे सुरसे ! हे शुभशीले ! हे शुद्धाचरणवाली ! हे भुजंगमाता ! तुमको प्रणाम है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नमोस्तुते। प्लवगपरिवृढ वचननिशमन दशान्तरे पेत्तु चिरिच्चु परञ्ञु सुरसयुं वरिक तव जयमतिसुखेन पोय्च्चेन्नु न्नी वल्लभा वृत्तान्तमुळ्ळ वण्णं मुदा रघुपतियोटखिलमरियिक्क तल् कोपेन रक्षोगणत्तेयुमोक्कैयोटुक्कणं; ३० अरिवतिनु तव बलविवेक वेगादिकळादितेयन्मारयच्चु वन्नेनहं। निज चरित-मखिलमवळवनोटरियिच्चु पोय् निर्ज्जरलोकं गमिच्चाळ् सुरसयुं। पवनसुतनथ गगनपथिगरुड तुल्यनाय्पाञ्ञु पारावार मीते गमिक्कुम्पोळ् जलनिधियुमचलवरनोटु चोल्लीटिनान् चेन्नु न्नी सल्करिक्केणं कपीन्द्रने। सगरनरपति तनयरेन्ने वळर्क्कयाल् सागरमेन्नु चोल्लुन्नितेल्लावरुं। तदभिजनभवनरिक रामन् तिरुवटि तस्य कार्य्यार्त्थमाय्पोकुन्नतुमिवन्; इटयिलोरु पतनमवनिल्ल तल्क्कारणालिच्छयापोङ्ङित्तळर्च्चतीर्त्तीटणं। मणिकनकमयनमलनाय मैनाकवुं मानुष वेषं धरिच्चु चोल्ली-टिनान्—हिमशिखरि तनयनहमरिक कपिवीर! नीयेन्मेलिरुन्नु

हे शान्तचित्ते! हे अशरणशरण! मेरे लिए तुम्हारे युगल चरण-सरसिज की ही शरण है। तुम्हें प्रणाम है, तुम्हें मेरा प्रणाम है।" कपिश्रेष्ठ का यह वचन सुनकर उन्हें देखते हुए सहास सुरसा ने बताया—"हे वायुपुत्र! तुम (लंका में) सुखपूर्वक जाओ। तुम्हारी विजय सुनिश्चित है। तुम निर्विघ्न लंका में पहुंच (देवी से भेंटकर) और लौटकर देवी का यथावत् हाल रघुपति से कह दो ताकि क्रोध में आकर वे राक्षस वर्ग को समूल समाप्त कर देंगे। ३० तुम्हारा बल, वेग, बुद्धि, सामर्थ्य आदि की परीक्षा करने के लिए देवों के आदेश पर मैं आयी हूँ।" अपना पूरा हाल उनसे कहकर वह निर्जरलोक (स्वर्गलोक) को चली गयी। (फिर) समुद्र के ऊपर आकाश मार्ग से गरुड़ तुल्य गति से हनुमान के जाते समय जलनिधि (सागर) ने अचलवर (पर्वतश्रेष्ठ मैनाक) से आग्रह किया कि तुम जाकर कपीन्द्र का स्वागत-सत्कार करो। सगरराजा के पुत्रों ने ही मुझे इतना विस्तार प्रदान किया है और इसी कारण मेरा नाम सागर पड़ा है। भगवान राम को उसी वंश में उत्पन्न समझ लो और उन्हीं के कार्यार्थ ये (हनुमान) जा रहे हैं। (सागर के) बीच में कहीं ठहर कर विश्राम करने के लिए उसे जगह नहीं है, इसलिए तुम स्वेच्छा से ऊपर उठकर उनके विश्राम का प्रबन्ध कर लो। मणियों, कनक को अपने में धारण किये अमल मैनाक ने मानव रूप धारण करके (हनुमान से) कहा—"हे वानरश्रेष्ठ! मुझे हिमवान का पुत्र मैनाक जान लो। तुम मेरे ऊपर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तळर्न्नंयुं तीर्क्कंटो ! सलिलनिधि सरभसमयय्क्कयाल् वन्नु ञान् सादवुं दाहवुं तीर्त्तुपोय्क्कोळ्कंटो ! ४० अमृतसमजलवुमति मधुर मधुपूरवुमार्द्र पक्वङ्ङळुं भक्षिच्चु कोळ्क नी । अलमलमितरुतरुतु रामकार्य्यार्त्थमायाशु पोकुं विधौ पार्क्करुतेङ्ङुमे; पेरुवळि-यिलशन शयनङ्ङळ् चेय्कोन्नतुं पेर्त्तु मटीन्नु भाविक्कयेन्नुळ्ळतुं अनुचितमितरिक रघुकुलतिलक कार्य्यङ्ङळन्पोटु साधिच्चो-ळिन्ञरुतोन्नुमे । विगत भयमिनि विरवोटिन्नु ञान् पोकुन्नु बन्धु सल्कारं परिग्रहिच्चेनहं । पवनसुतनिवयुमुर चेय्तु तन् कैकळाल् पर्वताधीश्वरनेत्तलोटीटिनान् । पुनरवनुमनिलसम-मुळरिनटकोण्टितु पुण्यजनेन्द्रपुरं प्रतिसंभ्रमाल् । तदनु जल-निधियिलतिगंभीर देशालये सन्ततं वार्णेळुं छायाग्रहणियुं सरिदधिपनुपरि परिचोटु पोकुन्नवन् तन् निळलाशु पिटिच्चु निर्त्तीटिनाळ् । अतुपोळुतुममगति मुटक्कियतारेन्नतन्तरा पार्त्तु कीळ्पोट्टु नोक्कीटिनान् । ५० अतिविपुलतर भयकरांगियें-क्कण्टळवंघ्रिपातेन कोन्नीटिनान् तल्क्षणे । निळलतु पिटिच्चु

हो । क्या तुम्हारे साथी कपिवीर भी इसी आकार के हैं ? १९० सारे के सारे राक्षस अचल (पर्वत) सम विपुल गात्र वाले हैं और तुम लोग उनसे कैसे टक्कर ले सकोगे ?" भूसुता का वचन सुनकर पवनसुत ने तुरन्त पर्वताकार रूप धारण कर लिया और अंजनापुत्र तथा वायुपुत्र ने मैथिली से कहा—"हे माता ! यही मेरा साक्षात् रूप जान लीजिए । ऐसे पर्वताकार शरीरवाले एक लाख सैनिक यहाँ आएँगे ।" पवनसुत के मृदुल मनोहर वचन सुनकर पद्मपत्राक्षि सीता ने उन्हें ध्यान से देखकर कहा—"तुम निश्चय ही अत्यन्त विमल, अति बलशाली और राक्षसवंश के लिए कालस्वरूप हो । अब रजनी (रात्रि) बीतने जा रही है । हे पुत्र ! राक्षस-नारियों के जाग उठने के पूर्व आज ही समुद्र पार करके तुम रघुवर से मिलो और मेरा पूरा वृत्तान्त सुनाकर यह चूड़ारत्न भी उनके हाथ में सौंप दो । फिर दोनों पुरुषोत्तम (राम-लक्ष्मण), रविसुत (सुग्रीव) और सेना सहित तुम जल्दी ही सुखपूर्वक यहाँ आ जाओ । २०० हे वायुपुत्र ! तुम्हें मार्ग में कोई बाधा नहीं आ पाएगी । तुम सुखपूर्वक लौटो ।" अत्यन्त नम्रता, भय, कुतूहल, भक्ति एवं प्रमोद समन्वित वीर वायुसुत ने देवी के सामने नमस्कार किया । उससे भी तृप्त न होकर प्रिय वचनों सहित उन्होंने जगज्जननी की तीन बार परिक्रमा ली और कहा—"हे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जननि ! विटकोळ् वानटियनु वेगेन खेदं विना वाळ्क सन्ततं । भवतु शुभमयि तनय ! पथि तव निरन्तरं भर्त्तारमाशु वरुत्तीटुकत्र ती । सुखमोटिह गति सुचिरं जीव जीवनी स्वस्त्यस्तु पुत्र ! ते सुस्थिरशक्तियुं अनिल तनयनुमखिल जननियोटु सादरं आशीर्वचनमादाय पिन्वाङ्ङिनान् । २०७

लङ्का मद्दर्नम्

चेरुतकलेयोरु विटपि शिखरवुममर्न्नवन् चिन्तिच्चु कण्टान् मनसि जितश्रमं—परपुरियिलोरु नृपति कार्य्यार्त्थमायति पाटवमुळ्ळोरु दूतं नियोगिक्किल् स्वयमतिनोरळि त्रिलयोळिञ्ञु साधिच्चथ स्वस्वामि कार्य्यत्तिनन्तरमेन्नियेे, निज हृदय चतुरतयोटपरमोरु कार्य्यवुं नीतियोटे चेय्तु पोमवनुत्तमन् । अतिनु मुहुरहमखिल निशिचर कुलेशनेयन्पोटु कण्टु परञ्ञु पोयीटणं । अतिनु पेरुवळियुमितु सुदृढमिति चिन्तचेय्ताराम मोक्कोप्पोटिच्चु तुटङ्ङिनान् । मिथिल नृप मकळ् मरुवुमति विमल शिंशपा वृक्षमोळिञ्ञुळ्ळत्तोक्कॆत्तकर्त्तवन् । कुसुमदल फल सहित

जननी ! इस दास को जाने की अनुमति दें और फिर अपना पूरा सन्ताप भूलकर सुख से रहें ।" सीता ने आशीर्वचन दिये—"हे मेरे पुत्र ! तुम्हारा मार्ग शुभ हो । तुम मेरे स्वामी को शीघ्र लिवा लाओ । तुम्हारा गमन सुखमय हो । तुम चिरकाल तक जीवित रहो । हे पुत्र ! तुम्हारा कल्याण हो । तुम्हारी शक्ति सुस्थिर रहे ।" अनिल-तनय ने जगज्जननी से आशीर्वचन ले विदा ली । २०७

लंका मर्दन

वहाँ से थोड़ी दूर पर एक तरु-शिखर पर बैठकर हनुमान ने सहज ही अपने मन में सोचा—"राज-कार्य के लिए शत्रु की नगरी में किसी चतुर दूत को राजा के द्वारा भेजा जाने पर, उस कार्य को निर्विघ्न पूरा करके, फिर अपने स्वामी के कार्य में बाधक न रहनेवाला दूसरा कोई कार्य भी अपने मन की सामर्थ्य के अनुसार नीतिपूर्वक करके जानेवाला ही उत्तम दूत है । ऐसी हालत में मुझे भी यहाँ आने के कारण, समस्त राक्षसों के राजा से भेंटकर तथा उन्हें कुछ समझाकर जाना उचित होगा । उसके लिए यह एक उपाय है ।" ऐसा सोचकर उन्होंने (रावण का) उपवन तहस-नहस करना आरम्भ किया । मैथिली के रहने के विमल शिंशपा वृक्ष को छोड़ शेष पूरा उपवन उन्होंने नष्ट-भ्रष्ट कर दिया । कुसुमदल फल सहित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गुल्मवल्ली तरुक्कूट्टङ्ङळ् पॊट्टियलरि वीळुं विधौ जननिवह भय जनन नाद भेदङ्ङळुं जंगम जातिकळाय पतत्रिकळ्। अति भयमोटखिल दिशिदिविखलु परन्नुटन् आकाश मॊक्कॆप्परन्नोरु शब्दवुं; १० रजनिचरपुरि झटिति कीळ्मेल् मरिच्चितु रामदूतन् महावीर्य्य पराक्रमन्। भयमोटतु पॊळुतु निशिचरि-कळुमुणर्न्निनु पार्त्त नेरं कपि वीरनेक्काणायि। इमनमित बल सहितनिटिनिनादमोच्चयुमेन्तोरु जन्तुवितेन्तिनु वन्नतु ? सुमुखि ! तव निकट भुवि निन्नु विशेषङ्ङळ् सुन्दरगात्रि ! चॊल्लीलयो चॊल्लेटो ! मनसि भयमधिकमिवनेक्कण्टु ञङ्ङळ्क्कु मर्क्कटाकारं धरिच्चिरिक्कुन्नतुं निशि तमसि वरुवतिनु कारणमेन्तु चॊल् नीयरिञ्ञीलयो चॊल्लिवनारेटो ! रजनिचर कुल रचितमायकळॊक्कवे रात्रिञ्चरन्मार्क्कॊळिञ्ञरि-यावतो ? भयमिवने निकट भुवि कण्टुमन्मानसे पारं वळरुन्नितेन्तावतीश्वरा ! अवनि मकळवरोटितु चॊन्न नेरत्तवराशु लङ्केश्वरनोटु चॊल्लीटिनार्—ऒरु विपिन चरनमित बलनचल सन्निभनुद्यानमॊक्कॆप्पॊटिच्चु कळञ्ञु। २०

गुल्मवल्ली, पेड़-पौधे सब तोड़-फोड़कर और स्वयं अट्टहास भरते हुए समस्त राक्षसों के मन में भय उत्पन्न करनेवाले शब्द-घोष किये। वृक्षों के टूटने, हनुमान के चिल्लाने तथा भयभीत हो पंख फड़फड़ाकर उड़ते पक्षियों का रव सब मिलकर पूरा आकाश ही मुखरित हो उठा। १० महावीर पराक्रमी रामदूत ने राक्षसपुरी को पलभर में ऊपर-नीचे कर दिया। बहुत ही भयभीत राक्षसियों ने जागकर देखा तो वानरवीर दिखाई पड़े। उन्होंने सीताजी से कहा—"हे सुमुखी ! यह कौन सा जानवर है ? यह देखने में अतीव बलवान जान पड़ता है; मेघ-गर्जना सी उसकी आवाज़ है। यहाँ यह क्यों आया है ? हे सुन्दरी ! तुम्हारे निकट आकर इसने क्या-क्या कुशल पूछे थे ? इसको देख हमारे मन में बड़ा भय हो रहा है। यह मर्कट का सा रूप धारण किये हुए है। रात की अँधियारी में इसके आने का क्या उद्देश्य है ? तुमने तो जान लिया ही होगा। ज़रा बता दो कि यह कौन है ?" राक्षसी-नारियों के प्रश्न पर सीताजी ने उत्तर दिया—राक्षसों की माया उन्हीं को छोड़ अन्य कौन जान सकता है ? हे भगवान ! क्या बताऊँ, इसे अपने समीप पाकर मन में बड़ा भय उत्पन्न होता है।" भूसुता के इस प्रकार कहने पर उन्होंने (राक्षसियों ने) जाकर लंकेश से कहा—"अचल (पर्वत) सम रूपवाला, बड़ा ही बलशाली कोई वनचर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पौरुवतिनु करुतियवनपगत भयाकुलं पोट्टिच्चितु चैत्य प्रासाद मोक्कवे । मुसलधरननिशमतु कावकुन्नवरेयुं मुल्पेट्टु तच्चु कोन्नीटिनानश्रमं । भुवनमतिलोरुवरेयुमवनु भयमिल्लहो पोयीलवनविटन्निनियुं प्रभो ! दशवदननितिरजनिचरकळ् वचनं केट्टु दन्दशू कोपमक्रोध विवशनाय् इवनविटे निशितमसि भयमोळियें वन्नवनेतुमेळियवनल्लेन्नु निर्णयं । निशितशर कुलिशमुसलाद्यङ्ङळ् कैक्कोण्टु निङ्ङळ् पोकाशुनूरायिरं वीरन्मार् । निशिचर कुलाधिपाज्ञाकरन्मारति निर्भयं चेल्लुन्नतु कण्टु मारुति शिखरि कुलमोटुमवनि मुळुवनुमिळकुं वण्णं सिंहनादं चेय्‌तु केट्टु राक्षसर् सभयता हृदयमथ मोहिच्चु वीणितु संभ्रमत्तोटट्टुत्तीटिनार् पिन्नेयुं । शित विशिख मुख निखिल शस्त्र जालङ्ङळे शीघ्रं प्रयोगिच्च नेरं कपीन्द्रनुं ३० मुहुरुपरि विरविनोटुयर्न्नु जितश्रमं मुद्‌गरं कोण्टु ताडिच्चोटुक्कीटिनान् । नियुत निशिचर निधन निशमन दशान्तरे निर्भरं क्रुद्धिच्चु नक्तञ्चरेन्द्रनुं; अखिल बलपतिवररिलैवरेच्चेल्लुकेन्नत्यन्त रोषाल् नियोगिच्चनन्तरं । परमरण निपुण नोटेतिर्त्तु पञ्चतत्त्ववुं पञ्च सेनाधिपन्मार्क्कुं भविच्चितु । तदनु दशवदननुदित क्रुधा चोल्लिनान् तद्‌बलमत्भुतं मद्‌भयोद्

आकर पूरा उद्यान नष्ट कर रहा है । २० भय और आकुलता रहित वह लड़ने के लिए तैयार हो आया हुआ है । उसने चैत्य, प्रासाद आदि तोड़-फोड़ डाले हैं । मुसलधारी उसने क्षणभर में पहरेदारों को मार गिराया है । संसार में किसी का उसे भय नहीं है । वह अभी तक वहाँ से गया नहीं है । निशाचरियों का यह कथन सुनकर दशवदन साँप के समान क्रोधाकुल हो उठा और कहा—"इधर इस रात के अँधेरे में भयरहित हो आया हुआ वह निश्चय ही कोई सामान्य जन्तु नहीं है । इसलिए तुम सौ हज़ार (एक लाख) वीर लोग तीखे तीर, कुलिश, मुसल आदि हथियारों से सम्बद्ध हो जाओ ।" निशिचराधिप (रावण) के आज्ञावर्त्ती लोगों को निर्भय आते देख मारुति ने पर्वत समेत भूमि कम्पित करते हुए सिंहनाद किया तो भयवश वे मूर्छित गिर पड़े । मूर्छना हटने पर फिर आगे बढ़े और तीखे बाण सरीखे विविध शस्त्रों का प्रयोग किया । तब कपीन्द्र ने—३० ऊपर कूद पड़कर उन्हें अनायास ही मार-मारकर समाप्त किया । सौ हज़ार निशिचरों के काल कवलित होने का समाचार पाकर नक्तंचरेन्द्र (रावण) की क्रोधाग्नि और फड़क उठी । तुरन्त ही समर्थ सेनापतियों में से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भूतिदं। परिभवमोटमित बल सहितंमपि चेन्नोरु पञ्च सेनाधिपन्मार् मरिच्चीटिनार्। इवनें मम निकट भुवि झटिति सहजीवनोटिङ्ङु बन्धिच्चु कोण्टन्नु वच्चीटुवान् महितमति-बल सहितमेळुवरोरुमिच्चुटन् मन्त्रिपुत्रन्मार् पुरप्पेटुविन् भृशं। दशवदन वचन निशमन बल समन्वितं दण्ड मुसल खड्गेषु चापादिकळ् कठिनतरमलरि निज करमतिलेटुत्तुटन् कर्बुरेन्द्रन्मारटुत्तार् कपीन्द्रनुं ४० भुवनतलमुलये मुहुरलरि मरुवुं विधौ भूरिशस्त्रं प्रयोगिच्चारनुक्षणं। अनिलजनुमवरे विरवोटु कोन्नीटिनानाशु लोहस्तंभ ताडनत्तालहो! निज सचिव तनयरेळुवरुममित सैन्यवुं निर्ज्जरलोकं गमिच्चतु केळ्क्कयाल् मनसि दशमुखनुमुरु तापवुं भीतियुं मानवुं खेदवुं नाणवुं तेटिनान्। इनियोरुवनिवनोटु जयिप्पतिनिल्ल मट्टिङ्ङने कण्टील मट्टु आनारेयुं; इवरोरुवरेतिरिट्टुकिलसुरासुर जाति-कळेङ्ङुमे निल्क्कुमारिल्ल जगत्त्रये। अवर् पलरुमोरु कपियोटेट्टु मरिच्चितङ्ङय्यो! सुकृतं नशिच्चितु मामकं।

पाँच लोगों को उसे मारकर आने की आज्ञा दी और वे भी हथियारों से लैस हो हनुमान के पास पहुँचे तथा बहुत ही युद्धनिपुण रामदूत से भिड़कर वे पाँचों सेनापति मृत्युवश हो गये। इसपर अधिक क्रोधविह्वल हो उठे रावण ने कहा—"उसका बल आश्चर्यजनक है और उसका वर्णन सुनकर मेरे मन में भी भय उत्पन्न होता है। असीम सैनिकों सहित युद्ध के लिए गये, पंच सेनापतियों तक को उसने मार डाला। अब उसको जिन्दा पकड़कर मेरे सम्मुख ला रखने के लिए पृथ्वी के अमित बलशाली एवं लोकविजयी मन्त्रि-पुत्रों में सात लोग सेना सहित तुरन्त जाएँ।" दशवदन की यह आज्ञा सुनते मात्र ही मन्त्रिपुत्र अपनी सेना सहित तथा घोर भयंकर रव के साथ दण्ड, मुसल, खड्ग, चाप आदि हथियार हाथ में लिये आगे बढ़े। राक्षस-प्रवरों को इस प्रकार बढ़ते देख वानरश्रेष्ठ ने भी—४०. सम्पूर्ण प्रपंच को कम्पित करते हुए घोर गर्जना की। तुरन्त ही राक्षसों ने आकर भूरि शस्त्र-प्रयोग किये तो अनिलसुत (हनुमान) ने लौहस्तम्भ से मार-मारकर उनका भी काम तमाम किया। अपार सेना सहित सचिवपुत्रों के मर जाने की सूचना पाकर दशवदन के मन में एक साथ दुःख, भय, अपमान, खेद और लज्जा भावनाएँ उदित हुईं। वह कहने लगा—"अब उसका सामना करने के लिए कोई दिखाई नहीं दे रहा है। इनमें (मन्त्रिपुत्रों) से एक भी आक्रमण करने के लिए अगर कटिबद्ध हो तो देवासुर वर्ग भी टिक नहीं

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पलवुमिति करुतियोरु परवशत कैक्कोण्टु पारं तळर्न्नोरु
tातनोटादराल् विनयमोटु तोळुतिळयमकनुमुर चेय्तितु वीरपुंसा-
मिदं योग्यमल्लेतुमे; अलमलमितङ्किलनुचितमखिल भू-
भृतामात्मखेदं धैर्य्यं शौर्य्यं तेजोहरं। ५० अरिवरने निमिष
मिह कोण्टु वरुवनेन्नक्षकुमारनुं निर्ग्गमिच्चीटिनान्। कपि
वरनुमतु पोळुतु तोरणमेरिनान् काणायितक्षकुमारनेस्सन्निधौ;
शरनिकर शकलित शरीरनाय्वन्नितु शाखामृगाधिपन् तानुमतुनेरं।
मुनिविनोटु गगन भुवि निन्नु ताणाशु तन्मूर्द्धनि मुद्गरं
कोण्टेरिञ्ञोटिनान्। शमनपुरि विरविनोटु चेन्नु पुक्कीटिनान्
शक्तनामक्षकुमारन् मनोहरन्। विबुधकुलरिपु निशिचराधिपन्
रावणन् वृत्तान्तमाहन्तं केट्टु दुःखार्त्तनाय् अमरपति जित
ममित बल सहितमात्मजमात्मखेदत्तोटणच्चु चोल्लीटिनान्--
प्रिय तनय! श्रृणु वचनमिह तव सहोदरन् प्रेताधिपालयं
पुक्कतु केट्टीले? मम सुतने रण शिरसि कोन्न कपीन्द्रने
मार्त्ताण्ड जालयत्तिन्नयच्चीटुवान् त्वरितमहमतुल बलमोटु
पोयीटुवन् त्वलक्कनिष्ठोदकं पिन्ने नल्कीटुवन्। ६० इति

पाते। ऐसे वीर भी एक निरे वानर से लड़कर मर गये, यह बड़े खेद की बात है! मेरा पुण्य समाप्त हुआ!" इस प्रकार की नाना चिन्ताओं से परवश एवं आलस्ययुक्त अपने पिता से छोटे पुत्र अक्षयकुमार ने हाथ जोड़ प्रणाम करके कहा—"वीर पुरुषों का ऐसा भयभीत हो जाना अनुचित है। राजधर्म के लिए भी यह अनुचित है। मानसिक दुःख धैर्य, शौर्य और तेज का नाशक होता है। ५० मैं शत्रु को आधे क्षण में इधर ला दूँगा।" यह कह अक्षयकुमार (हनुमान का सामना करने के लिए) चल पड़ा। उसे आते देख हनुमान कूदकर तोरण पर चढ़ गये। तब अक्षयकुमार निकट दिखाई दिया। अक्षयकुमार ने शाखामृगाधिप (हनुमान) का शरीर तीक्ष्ण शरों से शकलित कर दिया तो उन्होंने ऊपर से कूदकर उसके सिर पर काँटेदार लकड़ी दे मारी और सुकुमार सशक्त अक्षयकुमार ने सीधे यम-पुरी की राह ली। यह समाचार सुनकर विबुधरिपु निशिचराधिप रावण दुखार्त हो उठा। उसने लोकविश्रुत एवं इन्द्रविजयी अपने बड़े पुत्र मेघनाद को गले से लगाते हुए करुणार्त स्वर में कहा—"हे मेरे प्रिय तनय! सुनो। तुम्हारा भाई यमलोक चला गया है। जिस वानर ने तुम्हारे भाई को रणक्षेत्र में मारा, उसे यमपुरी भेजने, मैं अभी विशाल सेना सहित निकल रहा हूँ। तुम्हारे भाई की उदक क्रियाएँ सब बाद में होंगी।" ६० पिता

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जनक वचनमलिवोटु केट्टादरालिन्द्रजित्तुं पर्ञ्ञीटिनान् तल्क्षणे--
त्यज मनसि जनक ! तव शोकं महामते ! तीर्त्तु कौळ्वन्
ञान् परिभवमोक्कवे । मरण विरहितनवनतिनिल्ल संशयं
मट्टोरुत्तन् बलालत्र वन्नीटुमो ? भयमिवनु मरणकृतमिल्लेन्नु
काण्किल् ञान् ब्रह्मास्त्रमेय्तु बन्धिच्चु कोण्टीटुवन् । भुवनतल-
मखिलमरविन्दोत्भवादियां पूर्वं देवारिकळ् तन्नवरत्तिनाल् वल-
मथनमपि युधि जयिच्च नम्मोटोरु वानरन् वन्नेतिरिट्टतुमत्भुतं !
अतु करुतुमळविलिह नाणमामेवयुं हन्तुमशोक्योपि ञानविळंबितं
कृतिभिरपि निकृतिभिरपिछत्मनापिवा कृच्छ्रेण ञान् त्वल् समीपे
वरुत्तुवन् । सपदि विपदुपगतमिह प्रमदाकृतं सम्पद्विनाशकरं परं
निर्ण्णयं । ससुखमिहनिवसमयि जीवतित्वं वृथा सन्तापमुण्टाकरुतु
करुतुमां । ७० इति जनकनोटु नयहितङ्ङळ् सूचिच्चुट-
निन्द्रजित्तुं पुरप्पेट्टु सन्नद्धनाय् : रथ कवच विशिख धनुरादिकळ्
कैक्कोण्टु रामदूतं जेतुमाशु चेन्नीटिनान् । गरुडनिभनथ गगन
मुल्पतिच्चीटिनान् गर्ज्जन पूर्वकं मारुति वीर्य्यवान् । बहुमति-
युमकतळिरिल्वन्नु परस्परं बाहुबल वीर्य्य वेगङ्ङळ् काण्कयाल् ।

के कारुणिक वचन सुनकर तुरन्त ही इन्द्रजीत ने कहा—"हे पिताजी ! हे महामति ! आप मन से शोक दूर कीजिए । मैं आपका सारा सन्ताप दूर करूँगा । इसमें सन्देह नहीं कि वह मरणरहित है, अन्यथा निस्संकोच ऐसा यहाँ नहीं आता था । युद्ध छिड़ने पर उसे मरणरहित देखने पर मैं ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर उसे यहाँ बाँध लाऊँगा । अरविन्दोद्भव (ब्रह्मा) आदि देवताओं से पूर्व में प्रदत्त वरप्रसाद से मैंने अखिल जगत पर विजय प्राप्त की है । इन्द्र तक को युद्ध में जीते मेरे सम्मुख एक वानर टिक पाएगा ! बड़े आश्चर्य की बात है ! यह सोचते ही लज्जा आती है । अगर उसे मारने के लिए अशक्त सा हो जाऊँ तो शस्त्रप्रयोग से या प्रतिक्रिया कौशल से या छल से किसी न किसी प्रकार मैं उसे क्षणभर में आपके पास ला दूँगा । हमारे लिए आयी हुई यह विपत्ति स्त्री के कारण है, इसलिए इस कारण ऐश्वर्य नाश होगा, यह निश्चय है । फिर भी मेरे जीवित रहते आपको दुखी होने की आवश्यकता नहीं है ।" ७० इस प्रकार अपने पिता को समझा-बुझाकर इंद्रजीत पूरी तैयारी के साथ (हनुमान को बन्धित करने) निकल पड़ा । रथ पर सवार हो, कवच, विशिख, धनुष आदि लिये रामदूत को जीतने के लिए आ पहुंचा । इन्द्रजीत को देखकर मारुति ने गर्जना करते हुए, गरुड़ के समान आकाश की ओर उछलते

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पवनसुत शिरसि शरमञ्चु कॊण्टॆय्तितु पाकारि जित्ताय पञ्चास्य विक्रमन्। अथ सपदि हृदि विशिखमॆट्टु कॊण्टॆय्तु मट़ारारु बाणं पदङ्ङळिलुं तथं। शित विशिखमधिकतरमॊऩ्ऩु वाल्मेलॆय्तु सिंहनादेन प्रपञ्चं कुलुक्किनान्। तदनु कपिकुल तिलकनम्पु कॊण्टार्त्तनाय् स्तंभेन सूतनॆक्कॊऩ्ऩितु सत्वरं। तुरग-युत रथवुं अथ झटिति पॊटियाक्किनान् दूरत्तु चाटिनान् मेघ निनादनुं। अपरमॊरु रथमधिक विरुतॊटुटनेऱि वऩ्ऩस्त्र शस्त्रौघ वरिषं तुटङ्ङिनान्। ८० रुषितमति दशवदन तनय शरपातेन रोमङ्ङळ् ऩऩ्ऩालु कीऱि कपीन्द्रनुं। अतिनुमॊरु कॆटुतियवनिल्लॆऩ्ऩु काण्कयालंभोज संभव बाण मॆय्तीटिनान्। अनिलजनुमतिनॆ बहुमतियॊटुटनादरिच्चाहन्त ! मोहिच्चु वीणितु भूतले। दशवदन सुतननिल तनयनॆ निबन्धिच्चु तन् पिताविन् मुम्पिल् वच्चु वणङ्ङिनान्। पवनजनु मनसियॊरु पीडयुण्टायील पण्टु देवन्मार् कॊटुत्त वरत्तिनाल्। नळिन दल नेत्रनां रामन् तिरुवटि नामामृतं जपिच्चीटुं जनं सदा, अमल हृदि मधुमथन भक्ति विशुद्धरायज्ञान कर्म्म कृत बन्धनं क्षणाल्

हुए युद्ध आरम्भ किया। दोनों का भुजबल एवं सामर्थ्य ऐसी थी कि उसे देखकर दोनों के मन में परस्पर आदरभाव उत्पन्न हुआ। सिंहसम परा-क्रमी इन्द्रजीत ने हनुमान के मस्तक में पाँच बाण छोड़े, एक बाण हृदय पर छोड़ा और प्रत्येक पैर को छः छः बाणों से आहत किया। उसने एक तीक्ष्ण बाण पूँछ को मारा तो हनुमान ने सिंहनाद करते हुए पृथ्वी ही कम्पित कर डाली। उन्होंने लौहदण्ड से पहले (इन्द्रजीत के) सारथी को मार गिराया, फिर रथ को तहस-नहस कर डाला और घोड़ों को मारा। तुरन्त ही इन्द्रजीत नीचे कूद पड़ा। एक दूसरे रथ पर सवार हो उसने हनुमान पर अस्त्र-शस्त्रों की वर्षा की। ८० क्रुद्ध रावण-पुत्र की बाणवर्षा से हनुमान के केवल चार-चार रोएँ मात्र उखड़ गये। हनुमान को इतनी बाणवर्षा के उपरान्त भी अनाकुल देखकर उसने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया। उस अस्त्र के प्रति आदरभाव रखने के लिए अनिलसुत तुरन्त ही मूर्छित-से नीचे गिर पड़े। दशवदन के पुत्र ने अनिलतनय को आबद्ध कर पिता के सामने ला रखा और प्रणाम किया। देवों के द्वारा पूर्व में दिये गये वर-प्रसाद से पवनतनय को किसी प्रकार की मानसिक पीड़ा अनुभव नहीं हुई, इसमें विस्मय की बात नहीं है। श्रीराम का पावन नाम मात्र लेने से जब मन पवित्र हो सांसारिक बन्धन से मुक्त हो मोक्षपद की सिद्धि होती है

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सुचिर विरचितमपि विमुच्य हरिपदं सुस्थिरं प्रापिक्कुमिल्लोरु संशयं। रघुतिलक चरण युगमकतळिरिल् वच्चोरु रामदूतन्नु बन्धं भविच्चीटुमो ? मरण जनिमय विकृति बन्धमिल्लातोक्कु मट्टुळ्ळ बन्धनं कौण्टेन्तु सङ्कटं ? ९० कपटमति कलितकर चरण विवशत्ववुं काट्टिक्किटन्नु कौटुत्तोरनन्तरं, पलरुमति कुतुकमोटु निशिचररणञ्ञुटन् पाशखण्डेन बन्धिच्चतु कारणं बलमियलुममर रिपु केट्टिक्किटन्नेळुं ब्रह्मास्त्र बन्धनं वेर्पेट्टितप्पोळे। व्यथयुमवनकतळिरिलिल्लयेन्नाकिलुं बन्ध-नेन्नुळ्ळ भावंकळञ्ञीलवन्। निशिचररेट्टुत्तु कौण्टार्त्तु पोकुंविधौ निश्चलनाय् किटन्नान् कार्य्यं गौरवाल्। अनिलजनै निशिचरा-धिपन् मुम्पिल् वच्चादितेयाधिपाराति चौल्लीटिनान्--अमित निशिचररे रणशिरसि कौन्नवनाशु विरिञ्चास्त्र बद्धनायीटिनान्। जनक ! तव मनसि सचिवन्मारुमायिनिच्चेम्मे विचार्य कार्य्यं न्नी विधीयतां। प्लवगकुलवरनरिक सामान्यनल्लिवन् प्रत्यर्त्थि-वर्ग्गत्तिनेल्लामोरन्तकन्। निज तनय वचनमितु केट्टु दशानन् न्निल्क्कुं प्रहस्तनोटोर्त्तु चौल्लीटिनान्--१०० इवनिविटे

तब रघुपति के श्रीचरणों का हृदय में सदा ध्यान करनेवाले रामदूत को क्या बन्धन अनुभव हो सकता है ? जन्म-मृत्यु रूपी साँसारिक बन्धन से विमुक्त (हनुमान) को अन्य कौन-सा बन्धन दुखदायी हो सकता है ? ९० अस्त्र से आबद्ध हनुमान ने अपने हाथ-पाँव तक हिलाये बिना बन्धित सा बहाना किया और चुपचाप पड़े रहे। कौतूहलवश आये कई राक्षसों ने रज्जू खण्डों से उन्हें बाँध लिया। इससे ब्रह्मास्त्र के बन्धन से विमुक्त हो हनुमान ने चैन की साँस ली। मन में भले ही किसी प्रकार की व्यथा नहीं रही, तो भी उन्होंने बन्धित का सा भाव नहीं छोड़ा। इसलिए होहल्ला मचाते हुए जब राक्षस उन्हें उठा ले चले तब भी कार्यसिद्धि के लिए वे निश्चल पड़े रहे। अनिलसुत को निशिचराधिप के सम्मुख रखते हुए इन्द्रजीत ने कहा—"युद्धक्षेत्र में असंख्य निशिचरों का घातक यह आज विरिञ्चास्त्र (ब्रह्मास्त्र) से आबद्ध पड़ा है। हे पिताजी ! अब सचिवों से परामर्श करके आप अनुयोज्य कार्य बता दीजिए। यह प्लवग कुलवर (वानरवीर) कोई सामान्य नहीं, यह समस्त राक्षस-जाति का अन्तक समझ लिया जाए।" अपने प्रिय पुत्र का यह कथन सुनकर दशानन ने अपने निकट खड़े मन्त्री प्रहस्त से कहा—१०० "हे मन्त्रिवर प्रहस्त ! इससे यह पूछा जाए कि यह बलात् क्यों आया है, कहाँ से आया है, उपवन को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वरुवतिनु कारणमेन्तेन्तुमेङ्ङु निन्नत्र वरुन्नुवेन्नुळ्ळतुं, उपवन-वुमनिशमतु काक्कुन्नवरेयुमूक्कोटे मट्टुळ्ळ नक्तञ्चररेयुं, त्वरित मति बलमोटु तकर्त्तु पोटिच्चतुं तूमयोटारुटे दूतनेन्नुळ्ळतुं, इवनोटिनि विरवोटु चोदिक्क नीयेन्नुमिन्द्रारि चोन्ततु केट्टु प्रहस्तनुं पवन सुतनोटु विनयनय सहितमादराल् पप्रच्छ नीयारयच्चु वन्नू कपे ! नृप सदसि कथयमम सत्यं महामते ! निन्नेयळिच्चु विटुन्नुण्टु निर्ण्णयं । भय मखिल मकतळिरिल् निन्नु कळञ्ञालुं ब्रह्मसभयक्कोक्कुमिस्सभ पार्क्क नी । अनृत वचनवुमलमधर्म्मकर्म्मङ्ङळुमत्र लङ्केश राज्यत्तिङ्कलिल्लेटो ! निखिल निशिचर कुल बलाधिपन् चोद्यङ्ङळ् नीतियोटे केट्टु वायुतनयनुं मनसि रघुकुल वरने मुहुरपि निरूपिच्चु मन्दहासेन मन्देतरं चोल्लिनान्--११० स्फुट वचनमति विशदमिति श्रृणु जळप्रभो ! पूज्यनां रामदूतन् ञानरिक नी । भुवनपति ममपति पुरन्दर पूजितन् पुण्य पुरुषन् पुरुषोत्तमन् परन्; भुजग कुलपति शयननमलनखिलेश्वरन् पूर्व देवाराति भुक्ति मुक्ति प्रदन् । पुर मथन हृदयमणिनिलयननिवासियां भूतेश सेवितन् भूत

विदीर्ण करने तथा उसके पहरेदारों तथा अन्य बलशाली राक्षसों को अत्यन्त निष्ठुरतापूर्वक मार डालने के पीछे क्या उद्देश्य निहित है और यह किसका दूत बनकर यहाँ आया है ।" इन्द्रारि की बात सुनकर प्रहस्त ने विनय, नीति एवं नम्रता सहित पवनसुत से प्रश्न किया—"हे वानर ! तुम किसके भेजे जाने पर यहाँ आये हो ? राजसभा में सत्य बताओ । हे महाबुद्धिशाली! तुम्हें विमुक्त कर दिया जाएगा । तुम अपने मन से समस्त भय निकाल दो । इस राजसभा को ब्रह्मसभा के समान जान लो । नीतिनिष्ठ लंकेश के राज्य में असत्य कथन या अधार्मिक कर्म कभी होने नहीं पाएगा । यह तुम विश्वासपूर्वक मन में समझो । समस्त राक्षस-सेना के अधिप के नीति-युक्त प्रश्न सुनकर वायुतनय ने तुरन्त ही मन में रामचन्द्रजी को स्मरण किया और फिर मन्दहास के साथ धीरे से कहा—११० —हे मूर्खाधिराज ! तुम सुनो । मैं सब कुछ स्पष्टतया सविस्तार बता दूंगा । मुझे लोकेश्वर राम का दूत समझ लो । मेरे स्वामी संसार के नाथ, पुरन्दर (इन्द्र) से पूजित, पुण्य पुरुष साक्षात् पुरुषोत्तम विष्णु हैं, जो भुजग कुलपति (अनन्त नाग) पर शयन करते हैं, जो अमल अखिलेश्वर हैं । वे ही देवों के भुक्ति-मुक्ति प्रदाता, परमशिव के हृदय रूपी मणिमन्दिर में सदा निवास करने-वाले, भूतेश (शिव) से सदा पूजित, पंचभूतात्मक, गरुड़ध्वज से युक्त मणि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पञ्चात्मकन् । भुजग कुलरिपु मणि रथद्ध्वजन् माधवन् भूपति भूति विभूषण सम्मितन् । निज जनक वचनमतु सत्य-माक्कीटुवान् निर्म्मलन् काननत्तिन्नु पुरप्पेट्टु; जनकजयुमवर-जनुमाय् मरुवुन्न नाळ् चेन्नु नी जानकियेक्कट्टु कोण्टीले ? तव मरणमिह वरुवतिन्नोरु कारणं तामर सोत्भव कल्पितं केवलं । तदनु दशरथ तनयनुं मतंगाश्रमे तापेन तम्पियुमाय् गमिच्चीटिनान् । तपन तनयनोटनल साक्षियाय् सख्यवुं तात्पर्य्यमुळ्क्कोण्टु चेय्तोरनन्तरं १२० अमरपति सुतनेयोरु बाणेन कोन्नुटनर्क्कात्मजन्नु किष्किन्धयुं नल्किनान् । अटि-मलरिलवनमनमळकिनोटु चेय्तवन्नाधिपत्यं कोटुत्ताधि तीर्त्ती-टिनान् । अतिनवनुमवनि तनयान्वेषणत्तिनायाशकळ् तोरुमेकैक नूरायिरं प्लवग कुल परिवृढरे लघुतरमयच्चतिलेकनहमिह वन्नु कण्टीटिनेन् । वनज विटपिकळेयुटनुटनिह तकर्त्ततुं वानरवंश प्रकृति शीलं विभो ! इकलिल् निशिचर वररेयोक्केमुटिच्चतु-मेन्ने वधिप्पतिनाय् वन्न कारणं । मरण भय मकतळिरि-लिल्लयाते भुवि मट्टोरु जन्तुक्कळिल्लेन्नु निर्णयं । दशवदन ! समर भुवि देहरक्षार्त्थमाय् त्वद् भृत्य वर्ग्गत्ते निग्रहिच्चेनहं ।

रथ पर सवार करनेवाले, परमशिव तुल्य माधव महाविष्णु हैं। अपने पिता के वचन को सत्य सिद्ध करने के लिए वे पुण्यात्मा वनवास के लिए निकले। अपने भ्राता तथा पत्नी जनकजा सहित वनवास करते समय क्या तुम जनकजा को चुरा नहीं ले गये थे ? यह तुम्हारे नाश का एकमात्र कारण सिद्ध होगा। यह ब्रह्मा की प्रार्थना का ही फल है। फिर (भार्या विरह से) खिन्न राम अपने भ्राता के साथ मतंगाश्रम में पहुँचे। तपनतनय (सुग्रीव) के साथ सहृदयतापूर्वक अग्नि को साक्षी बनाकर सख्य स्थापित करने के उपरान्त—१२० —अमरपति-सुत (देवराज इन्द्र का पुत्र) बालि को एक ही बाण से मारकर उन्होंने अर्कात्मज (सुग्रीव) को किष्किन्धा का राज्य दे दिया तथा उन्हें अपने चरण-कमलों की शरण में रख उनका दुःख मिटा दिया। इसके प्रत्युपकार के लिए उन्होंने सीतान्वेषण के लिए सभी दिशाओं में एक-एक लाख वीर वानरों को भेज दिया, जिनमें से एक मैंने यहाँ आकर सीताजी को देख लिया। अब वन के वृक्षों को उजाड़ने का कारण पूछा जाए तो यह वानरों का स्वभाव समझा जाए। मुझे मारने आने के कारण मुझे इतने राक्षसों का वध करना पड़ा। हे राक्षसराज ! पृथ्वी पर ऐसी कौन सी जाति है जिसे मृत्यु-भय नहीं होता ? हे दशवदन !

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दशनियुत शत वयसि जीर्ण्णमॆन्नाकिलुं देहिकळ्क्केट्टं प्रियं देहमोर्क्क न्नी। तव तनय कर गळित विधि विशिख पाशेन तत्र ञान् बद्धनायेनॊरु कालक्षणं। १३० कमलभव मुख सुरवर प्रभावेनमे कायत्तिनेतुमे पीडयुण्टाय्वरा परिभववुमॊरु पॊळुतु मरणवुमकप्पॆटा बद्धभावेन वन्नीटिनेनत्र ञान्। अतिनुमॊरु पॊळुतिलॊरु कारणमुण्टु केळ्ळ्यहितं तव वक्तुमुद्युक्तनाय् अकतळिरिलरिवु कुरयुन्नवर्क्कट्टमुळ्ळज्ञानमॊक्कॆ नीक्केणं बुधजनं। अतु जगति करुतु करुणात्मनां धर्म्ममॆन्नात्मोपदेशमज्ञानिनां मोक्षदं। मनसि करुतुक भुवन गतियॆ वळियॆ भवान् मग्ननायीटॊला मोह महांबुधौ। त्यज मनसि दशवदन! राक्षसीं बुद्धियॆ दैवीं गतियॆस्समाश्रयिच्चीटु न्नी। अनु जनन मरण भय नाशिनि निर्ण्णयमन्यमायुळ्ळतु संसार कारिणि। अमृत घन विमल परमात्म बोधोचित नत्युत्तमान्वयोद् भूतनल्लो भवान्। कळक तव हृदि सपदि तत्त्वबोधेन न्नी काम कोप द्वेष लोभ मोहादिकळ्। १४० कमल भव सुत तनयनन्दननाकयाल् कर्बुर भाव

युद्धक्षेत्र में अपनी देह-रक्षा के लिए आपके सेवकों को मैंने मारा। भले ही यह देह कौमार, यौवन और वार्द्धक्य में कभी भी नष्ट हो सकती है, तो भी सभी प्राणियों में इस देह के प्रति विशेष ममता है। अनन्तर उसके, तुम्हारे पुत्र के ब्रह्मास्त्र-प्रयोग से मैं थोड़ी देर के लिए आबद्ध-सा हो गया। १३० ब्रह्मा आदि देवताओं से प्रदत्त वर के प्रभाव से मैं देह-पीड़ा एवं मरण-पीड़ा से विमुक्त हूँ। फिर भी बद्धभाव लेकर मैं यहाँ आया हूँ। मेरे इधर आने का एक कारण है। सुनो, मैं तुम्हें समझा-बुझाकर जाना चाहता था क्योंकि बुद्धिमान लोगों का कर्तव्य है कि अज्ञानी लोगों के मन के अज्ञान को सदुपदेश देकर दूर कर दें। दयावान लोगों द्वारा दिया गया धर्मपरक आत्मोपदेश अज्ञानियों का अज्ञान दूर कर उन्हें मोक्ष का मार्ग भी दिखा देता है। हे रावण! तुम संसार की गति पहचानो और दुर्बुद्धिवालों के जैसे सांसारिक मोह रूपी सागर में मत पड़ो। हे दशवदन! तुम अपनी राक्षसी बुद्धि (तामसी वृत्ति) छोड़ दो और दैविक गुण का अवलम्ब लो। वही जन्म-मरण के दुःख का नाश करता है और दूसरा राक्षसी गुण जीव को संसार के मोहपाश में डालता है। अमृतघन एवं विमल परमात्मबोध को प्राप्त करने के लिए अनुयोज्य अत्युत्तम वंश में तुम्हारा जन्म हुआ। तुम तुरन्त ही काम, क्रोध, द्वेष, लोभ, मोह आदि हृदय से निकाल दो और तत्वबोध ग्रहण करो। १४० तुम कमलसम्भव (ब्रह्मा) सुत (पुलस्त्य)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

परिग्रहियायक्क ऩी। दनुज सुर मनुज खगमृग भुजग भेदेन देहात्म बुद्धियॆस्सन्त्यजिच्चीटु ऩी। प्रकृति गुण परवशतया बद्धनाय्वरुं प्राण देहङ्ङळात्मावल्लरिकॆटो ! अमृतमय नजनमलनद्वयनव्ययनानन्द पूर्णनेकन् परन् केवलन् निरुपमन-मेयनव्यक्तन् निराकुलन् निर्ग्गुणन् निष्कळन् निर्म्ममन् निर्म्मलन् निगमवर निलयनननन्तनाद्यन् विभु नित्यन् निराकारनात्मा परब्रह्मं। विधि हरि हरादिकळ्क्कुं तिरियातवन् वेदान्त वेद्यनवेद्यनज्ञानिनां, सकल जगदिदमरिक मायामयं प्रभो ! सच्चिन्मयं सत्यबोधं सनातनं। जडमखिल जगदिदमनित्यमरिक ऩी जन्म जरा मरणादि दुःखान्वितं, अरिवतिन् पणि परम पुरुष मरिमायङ्ङळात्मानमात्मना कण्टु तॊळिक ऩी। १५० परमगति वरुवतिनु परमॊरुपदेशवुं पार्त्तु केट्टीटु चॊल्लित्त-रुन्नुण्टु ञान्—अनवरतमकतळिरिलमित हरि भक्ति कॊण्टात्म विशुद्धि वरुमॆन्नु निर्ण्णयं। अकमलरुमघमकलुमळवति विशुद्ध मायाशु तत्वज्ञानवुमुदिक्कुं दृढं; विमलतर मनसि भगवत्तत्त्व विज्ञान विश्वास केवलानन्दानुभूतियाल् रजनिचर वन दहन

के पुत्र (विश्रवस्) के पुत्र हो। तुम राक्षसी वृत्ति को मत अपनाओ। दनुज, सुर, मनुज, खग, मृग, भुजग आदि के जैसे देह को आत्मा समझने की अपनी बुद्धि तुम छोड़ दो। ऐसी बुद्धि से माया गुण से तुम बद्ध हो जाओगे। प्राण, मन, देह, बुद्धि ये आत्मा नहीं हैं। आत्मा शुद्ध, अमृत-मय, अजन्मा, अमल, अद्वय, अव्यय, आनन्दस्वरूप, सर्वेश्वर, परमात्मा है। वह निरुपम, अव्यक्त, निराकुल, निर्गुण, निष्कल, निर्मम, निर्मल, वेदस्वरूप, अनन्त, अनाद्य, नित्य, निराकार परब्रह्म है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर के लिए भी वह अविदित है, वह केवल वेदान्तवेद्य है। अज्ञानियों के लिए वह अविदित है। हे प्रभु ! तुम समस्त संसार को मायामय जान लो। आत्मा सच्चिन्मय, सनातन एवं सर्वेश्वर है। यह अखिल जड़ात्मक संसार अनित्य है तथा जन्म-मरण, जरा आदि से पीड़ित है। परमात्मा की, समझने में कठिन लीलाएँ आत्मना देख लो। १५० मैं तुम्हारे मुक्ति-लाभ के लिए उपयोगी एक उपदेश देता हूँ, जिसे तुम ध्यान से सुन लो। मन में निरन्तर भगवद्भक्ति होने से मन की शुद्धि होती है। मन से सारा कलुष दूर हो जाने पर आत्मा शुद्ध होती है और तब आत्मज्ञान का उदय भी होता है। परिशुद्ध एवं निर्मल मन में भगवद् तत्व का बोध हो जाने पर अद्वैतजन्य आनन्दानुभूति प्राप्त होती है। राक्षसवृत्ति रूपी वन को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मन्त्राक्षरद्वयं राम रामेति सदैव जपिक्कयुं, रति सपदि निज हृदि विहाय नित्यं मुदा राम पद ध्यानमुळ्ळुरय्क्कयुं, अरिवु चेरुतकतळिरिलोरु पुरुषनुण्टङ्किलाहन्त ! वेण्टुन्नताकयालाशु नी भजभव भयापह भक्तलोक प्रियं भानु कोटि प्रभं विष्णु पादांबुजं। मधु मथन चरण सरसिज युगळमाशु नी मौढ्यं कळञ्ञु भजिच्चु कोण्टीटेटो ! कुसृतिकळुमिनि मनसि कनिवोटु कळञ्ञु वैकुण्ठलोके गमिप्पान् वळि नोक्कु नी। १६० परधन कळत्र मोहेन नित्यं वृथा पापमार्ज्जिच्चु कीळ्प्पोट्टु वीणीटोला। नळिन दळ नयनमखिलेश्वरं माधवं नारायणं शरणागत वत्सलं, परम पुरुषं परमात्मानमद्वयं भक्ति विश्वासेन सेविक्क सन्ततं। शरणमिति चरणकमले पतिच्चीटेटो ! शत्रु भावत्ते त्यजिच्चु सन्तुष्टनाय्, कलुषमनवधि झटिति चेय्तितेन्नाकिलुं कारुण्यमीवण्णमिल्ल मट्टाक्कुमे। रघुपतियॆ मनसि करुतुकिलवनुभूतले रण्टामतुण्टाकयिल्ल जन्मं सखे ! सनक मुख मुनिकळ् वचनङ्ङळितोक्कॆटो सत्यं मयोक्तं विरिञ्चादि सम्मतं। अमृत सम वचनमिति पवन तनयोदितमत्यन्तरोषेण

दग्ध करनेवाला दो अक्षरों का मन्त्र 'राम' है। उस राम मन्त्र का निरन्तर जाप करने तथा मन की सांसारिक ममता छोड़कर सदा राम-चरणों का ध्यान लगाने से मनुष्य का अन्तःकरण शुद्ध होगा और आत्मज्ञान का उदय होगा। इसलिए मन का मैल दूर करके, संसार दुःख को दूर करनेवाले भक्तजन के प्रिय तथा करोड़ों सूर्यसम तेजोमय विष्णु के चरण-कमलों का निरन्तर ध्यान लगाओ और उन युगल चरण-कमलों का तुरन्त ही भजन-कीर्तन करो। इस प्रकार अपने मन के दुर्विकारों को दूर कर वैकुण्ठलोक पहुँचने का उपाय खोज लो। १६० दूसरों के धन तथा स्त्री पर आसक्त हो निरन्तर पापार्जन कर तुम अपने को पतित होने मत दो। तुम सदा कमललोचन, अखिलेश्वर, माधव, नारायण, शरणागत वत्सल, परमात्मा, अद्वय परब्रह्म की भक्ति-विश्वासपूर्वक सेवा करो। शरण माँगते हुए उन चरणों पर पड़ो और शत्रु-भाव को छोड़ दो। तुम भगवद् प्रीति पाकर स्वयं सन्तुष्ट हो जाओ। कई प्रकार के पापाचरणों से युक्त होने पर भी भगवान राम तुम्हें शरण देंगे। उनके जैसे कारुण्यमूर्त्ति दूसरा कोई नहीं है। रघुपति का भक्तिपूर्वक भजन करनेवाले को दुबारा जन्म लेने का अवसर नहीं आता। हे रावण ! मैंने ये जो उपदेश दिये, ये मेरे अपने विचार नहीं, सनक आदि मुनियों से कहे गये तथा ब्रह्मा से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

केट्टु दशानन्; नयनमिरुपतिलुमथ कनल् चितरुमारुटन् तन्नायुरुट्टि मिळिच्चु चॊल्लीटिनान्—तिल सदृशमिवनॆयिनि वॆट्टि नुरुक्कुविन् धिक्कारमित्र कण्टील मट्टाक्कुमे। १७० मम निकट भुवि वटिवॊटॊप्पमिरुन्नुमां मट्टॊरु जन्तुक्कळिङ्ङनॆ चॊल्लुमो ? भयवुमॊरु विनयवुमिवन्नु काण्मानिल्ल पापियायोरु दुष्टात्मा शठनिवन्। कथयमम कथयमम रामनॆन्नारुचॊल् ? कानन वासि सुग्रीवनॆन्नारॆटो ! अवरॆयुमनन्तरं जानकि तन्नॆयुमत्यन्त दुष्टनां निन्नॆयुं कॊल्लुवन्। दशवदन वचनमिति केट्टु कोपं पूण्टु दन्तं कटिच्चु कपीन्द्रनुं चॊल्लिनान्--निनवु तव मनसि पॆरुतॆत्रयुं नन्नु नी निस्नोटॆतिरॊरु नूरु नूरायिरं रजनिचर कुलपति कळाय् चमञ्ञुळ्ळोरु रावणन्मारॊरुमिच्चॆतित्तीटिलुं नियतमितु मम चॆरु विरल्क्कु पोरा पिन्नॆ नीयॆन्तु चॆय्युन्नतॆन्नोटु कश्मल ! पवनसुत वचनमितु केट्टु दशास्यनुं पार्श्वस्थितन्मारोटाशु चॊल्लीटिनान्--इविटॆ निशिचररॊरुवरायुध पाणियायिल्लयो कळ्ळनॆक्कॊल्लुवान् चॊल्लुविन्। १८० अतु पॊळुतिलॊरुवन-वनोटटुत्तीटिनानप्पोळ् विभीषणन् चॊल्लिनान् मॆल्लवे--अरुतरुतु

अनुमोदित वचन हैं।" पवनसुत द्वारा उक्त ये बातें अत्यन्त रोष से सुनकर दशानन के बीसों नेत्र क्रोधाग्नि प्रज्वलित करने लगे और भौहें चढ़ाते हुए उसने कहा—"इसे तिल-तिल करके काट दो। ऐसा धिक्कार मैंने और किसी में नहीं देखा। १७० इसे ज़रा भी डर नहीं है। मेरे निकट ही मेरे समान बैठकर क्या कोई दूसरा जन्तु इस प्रकार उपदेश देने का दुस्साहस कर सकता है ? इसमें न भय है, न नम्रता ही। यह तो बड़ा पापी दुष्टात्मा और मूर्ख है। अरे बन्दर ! मुझे बताओ। तुम्हारा राम कौन है ? तुम्हारा काननवासी सुग्रीव कौन है ? उन्हें, जानकी को और तुमको मैं मार डालूंगा।" दशवदन का यह वचन सुनकर कोपाकुल हो दाँत पीसते हुए कपीन्द्र ने कहा—"अरे दुष्ट ! तुम्हारे मन की अभिलाषा तुम्हारी शक्ति की सीमा के बाहर है। तुम नहीं, तुम्हारे जैसे गर्वीले सौ करोड़ रजनीचराधिप का बहाना करनेवाले रावण लोग मेरे विरोध में खड़े हों, वे मेरी छोटी उँगली तक की टक्कर नहीं ले सकेंगे। हे दुष्ट ! फिर तुम अकेले मेरा क्या बिगाड़ सकोगे ?" पवनसुत का यह वचन सुनते ही दशास्य ने अपने पार्श्व में खड़े लोगों को आज्ञा दी—"क्या बात है ? क्या हथियारबन्द यहाँ कोई राक्षस नहीं है ? इस चोर को खतम कर डालो।" १८० यह सुनकर एक आदमी उनकी ओर बढ़ा तो विभीषण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दुरितमितु दूतनॆक्कॊल्लुकॆन्नाक्कर्टुत्तु नृपन्माक्कुं चॊल्लीट्टुविन् । इवनॆवयमिविटॆ विरवोटु कॊन्नीटिनालॆङ्ङनॆयरियुन्नितु राघवन् ? अतिनु पुनरिवनोरटयाळमुण्टाक्कि नामङ्ङयक्केणमतल्लो नृपोचितं । इति सदसि दशवदन सहज वचनेन तानॆङ्किलतङ्ङनॆ चॆय्कॆन्नु चॊल्लिनान् । १८५

लङ्का दहनम्

वदनमपि कर चरणमल्ल शौर्य्यास्पदं वानरन्माक्कुं वाल् मेल् शौर्य्यमाकुन्नु । वयमतिनु झटिति वसनेन वाल् वेष्टिच्चु वह्नि कॊळुत्तिप्पुरत्तिलॆल्लाटवुं रजनिचर परिवृढरॆट्टुत्तु वाद्यं कॊट्टि रात्रियिल् वन्नोरु कळ्ळनॆन्निङ्ङनॆ, निखिल दिशि पलरुमिह केळ्क्कुमारुच्चत्तिल् नीळॆ विळिच्चु परञ्ञु नटत्तुकिल् कुलहतक निवनरिक निस्तेजनन्नु तन् कूट्टत्तिल् निन्नु नीक्कीटुं कपिकुलं । तिलरसघृतादि संसिक्त वस्त्रङ्ङळाल् तीव्रं तॆरुतॆरॆच्चुटुं दशान्तरे अतुल बलनचलतरमविटॆ मरुवीटिनानत्यायत स्थूलमायितु वाल् तदा । वसन गणमखिलवुमोटुङ्ङिच्चमञ्ञितु वालुमतीव

ने धीरे से कहा—"ठहरो, ठहरो । ऐसा मत करो । यह तो अधर्म है । दूत का वध करना राजाओं के अनुकूल नहीं है । अगर इसे यहीं मार गिरा देंगे तो यह समाचार राम को कैसे विदित होगा ? अतः कोई दाग-चिह्न लगाकर और अपमानित करके इसे यहाँ से भेज देना चाहिए । यही कार्य राजधर्म के अनुकूल होगा ।" दशवदन को सभा में विभीषण द्वारा दिया गया यह उपदेश उचित लगा और इसलिए उसने आज्ञा दी कि "ऐसा ही हो ।" १८५

लंका-दहन

वानरों के लिए बदन, कर, चरण आदि की अपेक्षा अपनी पूँछ बहुत प्यारी होती है और वही उनके शौर्य का निकेतन है । इसलिए इसकी पूँछ में कपड़े लपेटकर, वह्नि जलाकर राक्षसवीर इसे उठा लें और बाजा बजाकर और 'रात में आया चोर' ऐसा, सारी दिशाओं में लोगों को सुनायी पड़ने योग्य उच्च स्वर में घोषित करते हुए इसे पूरी नगरी में घुमाएँ तो इसे कुलनाशक एवं निस्तेज समझकर वानर-समूह अपने बीच से हटा देगा ।" रावण की आज्ञा पाकर जब राक्षस तेल, घृत आदि से स्निग्ध कपड़े पूँछ को लपेट रहे थे, तब अतुलनीय बलशाली हनुमान अचल सम बैठे रहे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शेषिच्चितु पिन्नेयुं। निखिल निलयन निहित पट्टांबरङ्ङळुं नीळेत्तिरञ्ञु कोण्टन्नु चुट्टीटिनार्। अतुमुटनोटुङ्ङि वाल् शेषिच्चु कण्टळवङ्ङुमिङ्ङु चेन्नु कोण्टुवन्नीटिनार्। १० तिलजघृत सुस्नेह संसिक्त वस्त्रङ्ङळ् दिव्य पट्टांशुक जालवुं चुट्टिनार्। विकृति पेरुतिवनु वसनङ्ङळिल्लोन्निनि स्नेहवु मेल्लामोटुङ्ङीतशेषवुं। अलमलमितमलनिवनेन्नयुं दिव्य-निताक्कुं तोन्नी विनाशत्तिनेन्नार् चिलर्; अनलमिह वसन-मितिननलमिनि वालधिक्काशु कोळुत्तुविन् वैकरुतेतुमे। पुनरवरुमतु पोळुतु ती कोळुत्तीटिनार् पुच्छाग्रदेशे पुरन्दरारा-तिकळ्। बल सहितमबलमिव रज्जुखण्डं कोण्टु बद्ध्वा दृढतरं धृत्वा कपिवरं कितवमतिकळुमितोरु कळ्ळनेन्निङ्ङने कृत्वा रवमरंगत्वा पुरवरं; पङ्कळेयुमुटनुटनरञ्ञरञ्ञङ्ङने पश्चिम द्वारदेशे चेन्ननन्तरं, पवनजनुमतिकृश शरीरनायीटिनान् पाशवुमप्पोळ् शिथिलमांय् वन्नितु। बलमोटवनति चपल-मचलनिभगात्रनाय् बन्धवुं वेर्पेट्टु मेल्पोट्टु पोङ्ङिनान्। २० चरमगिरि गोपुराग्रे वायुवेगेन चाटिनान् वाहकन्मारेयुं कोन्नवन्।

और उनकी पूँछ स्थूल एवं लम्बी होती गयी। लाये गये पूरे कपड़े समाप्त हुए, फिर भी पूँछ शेष रह गयी। फिर पूरी नगरी में इधर-उधर घूमकर सारे दिव्यवस्त्र लाकर पूँछ पर लपेटे गये। वे कपड़े भी खतम हुए, तो भी पूँछ शेष थी। फिर इधर-उधर से जो कपड़े हाथ लगे, ले आये। १० इस प्रकार तिल-घृत में डुबाकर सारे दिव्यवस्त्र, रेशमी कपड़े सब पूँछ को लपेट दिये। वे कहने लगे—"यह कोई दिव्य है। यहाँ अब न कपड़े शेष हैं न तेल ही।" कोई-कोई कहने लगे कि यह कोई महात्मा है, पता नहीं किसे यह अनुचित विनाशकारी कार्य सूझा। कुछ भी हो अब यहाँ कपड़े शेष नहीं हैं, इसलिए अविलम्ब पूँछ को आग जलायी जाए। यह सुनकर पुरन्दराराातियों (इन्द्र के शत्रु राक्षसों) ने पुच्छाग्र पर आग लगायी। हनुमान को दुर्बल समझकर उन लोगों ने उन्हें रस्सियों से बलपूर्वक बाँध लिया और उन्हें अपने कन्धों पर उठा लिया। उन मायावियों ने उच्च स्वर में 'चोर' घोषित करते हुए नगरी के चारों ओर उन्हें घुमाया। ज़ोर-ज़ोर से बाजे बजाते हुए जब राक्षस हनुमान को उठाये पश्चिम द्वार-देश पर पहुँचे तब हनुमान ने कृश रूप धारण किया जिससे सारे पाश शिथिल हो गये। वे बन्धन से मुक्त हो अचल सम शरीरी बन पूरी शक्ति लगाकर ऊपर की ओर उछल पड़े। २० अपने वाहकों को मारकर वे वायुसम

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उडुपतियोट्टुरसुमळवुयरमियलुन्न रत्नोत्तुंग सौधाग्रमेरिमेवीटिनान् । उदवसित निकरमुटनुटनुपरि वेगमोट्टुल्प्लुत्य पिन्नेयुमुल्प्लुत्य सत्वरं कनक मणिमय निलयमखिलमनिलात्मजन् कत्तिच्चु कत्तिच्चु वर्द्धिच्चितग्नियुं; प्रकृति चपलतयोटवनचलमोरोमणि प्रासाद जालङ्ङळ् चुट्टु तुटङ्ङिनान् । गजतुरग बल पदातिकळ् पंक्तियुं गम्यङ्ङळायुळ्ळ रम्य हर्म्म्यङ्ङळुं, अनल शिख कळुमनिल सुत हृदयवुं तेळिञ्ञाहन्त ! विष्णुपदं गमिच्चू तदा । विबुध पतियोटु निशिचरालयं वेन्तोरु वृत्तान्तमेल्लामरियिच्चु कोळ्ळुवान् अहमहमिकाधिया पावक ज्वालकळंबरत्तोळमुयर्न्नु चेन्नू तदा । भुवनतलगत विमल दिव्यरत्नङ्ङळाल् भूति परिपूर्णमायुळ्ळ लङ्कयुं ३० पुनरनिल सुतनिति दहिप्पिच्चितेङ्किलुं भूति परिपूर्णमाय् वन्नितत्भुतं । दशवदन सहज गृहमेन्निये मट्टुळ्ळ देवारि गेहङ्ङळ् वेन्तु कूटी जव । रघुकुल पतिप्रिय भृत्यनां मारुति रक्षिच्चु कोण्टान् विभीषण मन्दिरं । कनक मणिमय निलय निकरमतु वेन्तोरो कामिनी वर्ग्गं विलापं तुटङ्ङिनार् । चिकुर भर वसन चरणादिकळ् वेन्ताशु जीवनुं

वेग से कूदकर ऊँचे गोपुराग्र पर चढ़ गये और उडुपति (चन्द्र) के स्पर्श करनेवाले उत्तुंग रत्नसौधाग्र पर आ बैठे । फिर ऊँचे भवन-भवन पर कूद-कूदकर अनिलात्मज (पवनपुत्र हनुमान) ने कनकमणि निर्मित सारे भवनों को आग लगायी । अग्नि-ज्वाला बहुत बढ़ गयी । स्वभाव से चपल हनुमान ने उत्तुंग सौध, गोपुर, प्रासाद सब के सब जला दिये । गज, तुरग (घोड़े), पैदल-सेना के समूहों सहित सारे रम्यहर्म्य (सुन्दर मकान) अग्नि को स्वाहा हो गये । इससे आग की ज्वाला प्रज्वलित हो आकाश की ओर उठी तो अनिलसुत का हृदय सानन्द रामपदों में तल्लीन हुआ । आकाश की ओर एक से बढ़कर एक वह्नि ज्वाला को उठते देख ऐसा जान पड़ता था मानो विबुधपति (इन्द्र) से निशिचरालय (राक्षसों के भवन) के जल जाने की सूचना देने 'मैं पहले मैं पहले' की स्पर्धा लिये जा रही हों । सुवर्ण रत्नादियों की विभूति (ऐश्वर्य) से परिपूर्ण लंका नगरी—३० —अनिलसुत के द्वारा जलायी जाने पर विभूति (राख) से भर गयी । विस्मय की बात है ! दशवदन के सहज (विभीषण) के भवन को छोड़ शेष सब के सब भवन जलकर भस्म हो गये । रघुकुलपति (राम) के प्रिय दास ने विभीषण का भवन जलने से बचा दिया । इस प्रकार कनक-मणिमय भवनों को जल उठते देख राक्षस-नारियाँ चिल्ला उठीं । कोई

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेर्पॆट्टु भूमौ पतिक्कयुं, उटलुरुकियुरुकियुटनुऴ्रियलऱ्प्पाञ्ञु मुन्नतमाय सौधङ्ङळिलेऱ्रियुं, दहननुटनविटॆयुमट्टुत्तु दहिप्पिच्चु ताऴत्तु वीणु पिटञ्ञु मरिक्कयुं, मम तनय ! रमण ! जनक ! प्राणनाथ ! हा मामकं कर्म्ममय्यो ! विधिदैवमे ! मरणमुटनुटलुरुकि मरुकि वरिकॆन्नतु माट्टु वानारुमिल्लय्यो ! शिवशिव ! दुरितमितु रजनिचरवर विरचितं दृढं मट्टॊरु कारणमिल्लितिनेतुमे । ४० परधनवुममित परदारङ्ङळुं बलाल् पापि दशास्यन् परिग्रहिच्चान् तुलों । अऱ्रिकिलनुचितमतु मदेन चॆय्तीटाय्विनारुमतिन्टॆ फलमितु निर्णयं । मनुज तरुणियॆयॊरु महापापि कामिच्चु मट्टुळ्ळवर्क्कुमापत्तायितिङ्ङनॆ । सुकृत दुरितङ्ङळुं कार्य्यमकार्य्यवुं सूक्षिच्चु चॆय्तु कॊळ्ळणं बुधजनं । मदनशरपरवशतयॊटु चपलनायिवन् माहात्म्यमुळ्ळ पतिव्रतमारॆयुं करबलमॊटनुदिनमणञ्ञु पिटिच्चति कामि चारित्र भंगं वरुत्तीटिनान् । अवर् मनसि मरुविन तपोमय पावकनद्य राज्ये पिटिपॆट्टितु केवलं । निशिचरिकळ् बहुविधिमोरोन्ने पऱकयुं त्तिल्क्कुं त्तिलयिले वॆन्तु मरिक्कयुं; शरणमिहकिमिति पल वऴियुमुटनोटियुं

चिकुर जाल, वसन, हाथ-पैर जल मरकर धराशायी होती है । कई स्त्रियाँ देह गलकर भाग-भागकर उन्नत सौधों पर चढ़ती हैं तो अग्नि वहीं पहुँच जाती है और वे जल-जलकर नीचे गिर पड़ती हैं । इधर-उधर से जल मरती अनाथ स्त्रियों की पुकारें सुनायी पड़ती हैं—"हे पुत्र !, हे स्वामी !, हे पिता !, हे प्राणनाथ ! हाय मेरा दुष्कर्म ! हाव दैव ! दैव ! इस प्रकार जल मरती हमें बचानेवाला कोई नहीं है । हे शिव ! हे शिव ! निश्चय ही यह रावण के दुष्कर्म का फल है, इसका और कोई कारण नहीं जान पड़ता । ४० इस दुष्ट रावण ने दूसरों का धन और असंख्य पर-नारियों का बलात् अपहरण कर लिया । किसी को ऐसा अविहित कर्म नहीं करना चाहिए । अविहित कर्म का यही फल होता है । एक मानवी को यह कामातुर पापी उठा लाया, जिसका दुष्फल दूसरों को भोगना पड़ रहा है । बुद्धिमानों को चाहिए कि पाप-पुण्य, कार्य-अकार्य को परखकर ही कोई काम करें । मदनबाण से पीड़ित एवं चंचल बना यह कई सती-साध्वियों को भुजबल से प्रतिदिन उठा लाकर उनका चारित्र्य भंग करता आया । उन्हीं नारियों के तपःबल की अग्नि ने ही सारी नगरी जला डाली है । राक्षस स्त्रियाँ इस प्रकार नाना प्रकार से प्रलाप करती हुई पछाड़ खा गिर रही हैं । 'कहाँ शरण मिलेगी' इस चिन्ता से वे चारों ओर भागती जा रही हैं,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

शाखिकळ् वेन्तु मुरिञ्ञुटन् वीळ्कयुं; रघुकुलवरेष्ट दूतन् त्रियामाचर राज्यमेळुनूरु योजनयुं क्षणाल् ५० सरस बहुविभव-युत भोजनं नल्किनान् सन्तुष्टनायितु पावक देवनुं। लघुतर-मनिल तनयनमृत निधितन्निले लांगूलवुं वच्चु तीपोलिच्चीटिनान्। पवनजनु दहननपि चुट्टतिल्लेतुमे पावकनिष्ट सखियाक कारणं। पतिनिरतयाकिय जानकी देवियाल् प्रार्त्थितनाकयालुं करुणावशाल् अवनितनया कृपा वैभवमद्भुतमत्यन्त शीतळनायितु वह्नियुं। रजनिचर कुल विपिन पावकनाकिन रामनामस्मृति कोण्टु महाजनं तनयदारमोहार्त्तरेन्नाकिलुं तापत्रयानलनेक्कटन्नीटुन्नु। तदभिमत-कारियायुळ्ळ दूतन्नु सन्तापं प्रकृतानलेन भविक्कुमो? भवतियदि-मनुज जननं भुवि सांप्रतं पङ्कज लोचननेब्भजिच्चीटुविन्। भुवनपति भुजगपति शयन भजनं भुवि भूतदेवात्मसंभूत तापापहं ६० तदनु कपिकुल वरनुमवनितनयापदं ताणु तोळुतु नमस्कृत्य चोल्लिनान्—अहमिनियुमुळरि नटकोळ्ळुवनक्करयक्का-ज्ञापयाशु गच्छामि रामान्तिकं। रघुवरनुमवरजनुमरुणजनुभाय्

तो कहीं वृक्षों की शाखाएँ जलकर टूट रही हैं और नीचे पड़ती जा रही हैं। रघुकुल-श्रेष्ठ के प्रिय दूत ने सात सौ योजन विस्तार का राक्षस-राज्य क्षणभर में—५० —पावक (अग्निदेव) को मिष्ठान्न भोजन के लिए अर्पित कर दिया, जिससे पावकदेव खूब सन्तुष्ट हो उठे। फिर अनिलपुत्र ने सागर में कूदकर अपनी पूँछ की आग बुझायी। अपने प्रिय मित्र के पुत्र के प्रति वात्सल्य भाव तथा पतिव्रतारत्न जानकी की प्रार्थना को मानकर अग्निदेव ने पवनपुत्र को अग्निज्वाला का ज़रा भी अनुभव नहीं करने दिया। भू-सुता का कृपा-वैभव आश्चर्यजनक है कि उसके कारण अग्नि भी पवनसुत के लिए शीतल सी लगी। चाहे कोई पुत्र-दारा के प्रति कितना ही आसक्त जीवन व्यतीत करे, किन्तु राक्षस रूपी वन के लिए पावक (अग्नि) सम राम-नाम का स्मरण करके वह संसार के तापत्रय को पार कर लेता है। ऐसी हालत में राम के अभीष्टकारी दूत पर साधारण आग का कुछ प्रभाव पड़ सकता है? अतः यदि इस पृथ्वी पर किसी ने जन्म लिया तो उसे चाहिए कि पंकजलोचन (राम) का भक्तिपूर्वक भजन करे। शेषनाग पर शयित लोकेश्वर का भजन करने से संसार के सारे ताप और सारे पाप स्वयं नष्ट हो जाते हैं। ६० (लंका जलाने के) उपरान्त कपिश्रेष्ठ ने भू-सुता के चरणों पर हाथ जोड़ प्रणाम करते हुए कहा—"हे देवी! अब मैं रामचन्द्रजी के पास वापस लौटना चाहता हूँ,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्रुतमागमिच्चीटुमनन्त सेनासमं। मनसि तव चेरुतु परिताप-मुण्टाकोलामद्भरं कार्य्यमिनिज्जनकात्मजे! तोळुतमित विनयमिति चोन्नवन्तन्नोटु दुःखमुळ्क्कोण्टु पऱञ्ञितु सीतयुं—मम रमण चरितमुर चेय्त निन्नेक्कण्टु मानस तापमकन्नितु मामकं; कथ मिनियुमहमिह वसामि शोकेनमल् कान्त वृत्तान्त श्रवण सौख्यं विना। जनक नृप दुहितृ गिरमिङ्ङने केट्टवन् जातानु कम्पं तोळुतु चोल्लीटिनान्—कळक शुचमिनि विरह मलमतिनुटन् मम स्कन्धमारोहक्षणेन ञान् कोण्टु पोय् तव रमण सविधमुपगम्य योजिप्पिच्चु तापमशेषमद्यैव तीर्त्तीटुवन्। ७० पवनसुत वचन मितु केट्टु वैदेहियुं पारं प्रसादिच्चु पार्त्तु चोल्लीटिनाळ्—अतिनु तव करुतुमळविल्लोरु दण्डमेन्नात्मनि वन्नितु विश्वासमद्यमे। शुभचरितनति बलमोटाशु दिव्यास्त्रेण शोषण बन्धनाद्यैरपि सागरं कपिकुल बलेन कटन्नु जगत्त्रय कण्टकनेक्कोन्नु कोण्टु पोमाशुमां। मऱ्ऱिवोटोरु निशि रहसि कोण्टु पोयालतु मल् प्राणनाथ कीर्त्तिक्कु पोरा दृढं। रघुकुलज वरनिविटे वन्नु युद्धं चेय्तु रावणनेक्कोन्नु

जिसके लिए आप मुझे आज्ञा दीजिए। रघुवर, अनुज लक्ष्मण और अरुणज (सूर्यपुत्र सुग्रीव) असंख्य सेना लेकर तुरन्त ही यहाँ आ पहुँचेंगे। हे जनकात्मजे! अब आगे का कार्य मैं देख लूँगा। उसके सम्बन्ध में सोचकर आपको दुखी होने की आवश्यकता नहीं है।" इस प्रकार हाथ जोड़कर अत्यधिक विनयपूर्वक बात करनेवाले (हनुमान) से सीताजी ने कहा—"मेरे प्रिय के समाचार सुनानेवाले तुम्हें देखकर मेरा मानसिक सन्ताप दूर हुआ था, किन्तु अब तुम विदा ले रहे हो। आगे उनका चरित सुनने का अवसर न पाकर मैं दुखी हो कैसे दिन गुजारूँ?" जनकात्मजा की यह वाणी सुनकर हनुमान ने अनुकम्पा पूर्वक कहा—"हे माता! आप अपना दुःख त्याग दीजिए। अब पति-विरह सहने की आवश्यकता नहीं है। अभी आपको कन्धे पर उठा ले जाकर क्षण में पति के समीप पहुँचा दूँगा और इस प्रकार पति से मिलाकर आपका विरह-ताप दूर कर दूँगा।" ७० पवनसुत का यह वचन सुनकर सानन्द वैदेही ने विचारपूर्वक कहा—"मुझे मन में पूरा विश्वास हो चुका है कि इसमें तुम्हें कोई कठिनाई नहीं है। किन्तु रात में इस प्रकार रहस्यपूर्ण ढंग से उठा ले जाना मेरे स्वामी की कीर्ति के अनुकूल नहीं होगा। इसलिए तुम यह प्रयास करो कि शुभ चरित (श्रीराम) आग्नेयास्त्र से सागर का जल सोखकर या फिर सेतु बाँधकर वानरसेना सहित उसे पारकर इधर आएँ और जल्दी ही त्रिलोक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कॊण्टु पॊय्क्कॊळ्ळुवान् अतिरमसमयि तनय ! वेल चॆय्तीटु ऩ्ऩी यत्र नाळुं धरिच्चीटुवन् जीवनॆ। इति सदयमवनोटरुळ् चॆय्तयच्चीटिनाळिन्दिरादेवियुं पिन्नॆ वातात्मजन् तॊळुतखिल जननियॊटु यात्र वळङ्ङिच्चु तूर्ण्णं महार्ण्णवं कण्टु चाटीटिनान् । ७९

हनुमान्ड्रॆ प्रत्यागमनम्

त्रिभुवनवुमुलयॆ मुहुरॊन्ऩलऱीटिनान् तीव्रनादं केट्टु वानर संघवुं करुतुविनितॊरु निनदमाशु केळ्क्कायतुं कार्य्यमाहन्त साधिच्चु वरुन्ऩतु पवनसुतनतिनु नहि संशयं मानसे पार्त्तु काणक्कॊच्च केट्टालऱियामतुं; कपि निवहमिति बहुविधं पऱयुं विधौ काणायितद्रि शिरसि वातात्मजं। कपि निवह वीररे ! कण्टितु सीतयॆ काकुल्स्थ वीरननुग्रहत्तालहं। निशिचर वरालय-माकिय लङ्कयुं निश्शेषमुद्यानवुं दहिप्पिच्चितु; विबुधकुल वैरियाकुं दशग्रीवनॆ विस्मयमाम्मारु कण्टु पऱञ्ञितु, झटिति दशरथसुतनॊटिक्कथ चॊल्लुवान् जांबवदादिकळे ऩटन्ऩीटुविन्।

के लिए कंटक-सम रावण का वध करके मुझे ले जाएँ। तब तक मैं जीवित रहूँगी।" यह कह इन्दिरादेवी (सीता) ने उन्हें सदय विदा किया और लोकजननी को प्रणाम करके, (हनुमान) अनुमति लेकर समुद्र को देख कूद पड़े। ७९

हनुमान का प्रत्यागमन

महावीर पराक्रमी हनुमान ने अपने आगमन की सूचना देने के लिए त्रिभुवनों को कम्पित करते हुए उच्च स्वर में गर्जना की। हनुमान की प्रतीक्षा में बैठे कपिश्रेष्ठों ने परस्पर कहा—"हे वानरवीरो ! उच्च स्वर सुनो, निश्चय ही पवनसुत अपना कार्य सिद्ध करके लौट रहे हैं। इसमें सन्देह नहीं है, शब्द से ही वे पहचाने जा रहे हैं।" जब वानर लोग इस प्रकार परस्पर बातचीत कर रहे थे तब अकस्मात् महेन्द्र पर्वत-शिखर पर वातात्मज (हनुमान) दिखाई दिये। वहीं से हनुमान ने वानरों को सूचित किया—"हे कपीश्वर ! श्रीरामचन्द्रजी की कृपा से मैंने सीताजी को देख लिया है। यही नहीं, राक्षसराज की लंका और उसके चारों ओर के उद्यान सब जला दिये और देवताओं के शत्रु रावण से आमने-सामने ही बात भी हुई। हे जाम्बवान् प्रभृति वीरो ! अब यह सूचना पहुँचाने के लिए हम सब दशरथपुत्र के समीप चलें।" यह सुनकर कपियों ने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अतु पोळ्ळुतु पवनतनयनेयुमवरादरिच्चालिंग्य गाढमाचुंब्य बालाञ्चलं; कुतुकमोटु कपि निचयमनिलजनें मुन्निट्टु कूट्टमिट्टार्त्तु विळिच्चु पोयीटिनार्। १० प्लवग कुल परिवृढरु मुळ्ळरि न्नट कोण्टु पोय् प्रस्रवणाचलं कण्टु मेवीटिनार्। कुसुमदल फल मधुलता तरु पूर्णमां गुल्म समावृतं सुग्रीव पालितं क्षुधित परिपीडितराय कपिकुलं क्षुद्विनाशार्त्थमार्त्या परञ्ञीटिनार्— फल निकर सहितमिह मधुर मधुपूरवुं भक्षिच्चु दाहवुं तीर्त्तु नामोक्कवे तरणिसुत सविधमुपगम्य वृत्तान्तङ्ङळ् तामसं कैविट्टुणर्त्तिक्क सादरं। अतिननुवदिच्चरुळेणमेन्नाश पूण्टंगदनोटपेक्षिच्चोरनन्तरं अतिनवनुमवरोटुटनाज्ञयेच्चेय्कयालाशु मधुवनं पुक्किकतेल्लावरुं। परिचोटति मधुर मधुपानवुं चेय्तवर् पक्वफलङ्ङळ् भक्षिक्कुं दशान्तरे, दधिमुखनुमनिशमतु पालनं चेय्वितु दानमानेन सुग्रीवस्य शासनाल्; दधिवदन वचनमोटु नियतमतु काक्कुन्न दण्डधरन्मारट्टुत्तु तटुक्कयाल् २० पवनसुतमुख कपिकळ् मुष्टि प्रहारेण पाञ्ञार्भयप्पेट्टवरुमति द्रुतं। त्वरितमथ दधिमुखनुमाशु सुग्रीवनें तूर्णमालोक्य वृत्तान्तङ्ङळ् चोल्लिनान्—तव मधुवनत्तिनु भंगं वरुत्तिनार् तारेयनादिकळाय कपिबलं;

निस्सीम आनन्द के कारण पवनसुत को सादर गले से लगाया और उनकी पूँछ चूम ली। सानन्द वानर हनुमान को आगे करके पीछे-पीछे कोलाहल-पूर्वक आगे बढ़े। १० चलते-चलते मार्ग में वानरों ने प्रस्रवण पर्वत देखा। वहाँ समीप पहुँचते ही कुसुमों, दलों, फलों, मधुरलताओं, वृक्षों से परिपूर्ण एवं सुग्रीव से पालित मधुवन दिखाई पड़ा। क्षुधा से पीड़ित वानरों ने अपनी क्षुधा मिटाने के लिए अंगद से कहा—"हम लोग मधुर मधुपूरित फल खाकर और जल-पानकर क्षुधा-तृषा बुझाकर फिर सूर्यपुत्र सुग्रीव के समीप अविलम्ब पहुँचकर सारे समाचार सुना देंगे। इसके लिए आप अनुमति प्रदान करें।" इस प्रकार आशा-भरे शब्दों में प्रार्थना करनेवाले वानरों को अंगद ने मधुवन में प्रवेश कर फल आदि तोड़ने की अनुमति दी। वे सब मधुवन में प्रविष्ट हुए। उन्हें पक्व फलों और मधुर मधु का सानन्द उपभोग करते देख, सुग्रीव की आज्ञा से मधुवन की देखभाल करनेवाले क्रुद्ध दधिमुख ने वानरों को रोकने तथा मना करने के लिए अपने भृत्यों को भेज दिया। २० हनुमान आदि वानरों के मुष्टिप्रहार से भयाकुल हो भाग आते अपने भृत्यों को देखकर दधिमुख ने सुग्रीव के सामने प्रणाम करके कहा—"हे स्वामी ! तारेय (अंगद) आदि कपिवरों ने आपके मधुवन को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सुचिरमतु तव करुणया परि पालिच्चु सुस्थिरमाधिपत्येन वाणेनहं।
वलमथन सुत तनयादिकळॊक्कवे वन्नु मल्भृत्य जनत्तॆयुं वॆन्नुटन्
मधुवनवुमितु पॊळुतळिच्चितॆन्निङ्ङने मातुल वाक्यमाकर्ण्य
सुग्रीवनुं, निज मनसि मुहुरपि वळर्न्न सन्तोषेण निर्म्मलात्मा
रामनोटु चॊल्लीटिनान्—पवनतनयादिकळ् कार्य्यवुं साधिच्चु पारं
तॆळिञ्ञु वरुन्नितु निर्ण्णयं; मधुवनमतल्लयॆन्नाकिलॆन्नॆ बहुमानि-
याते चॆन्नु काण्कयिल्लारुमे। अवरॆ विरवॊटु वरुवतिन्नु
चॊल्लङ्ङु चॆन्नात्मनि खेदिक्क वेण्टा वृथा भवान्। ३०
अवनुमतु केट्टुळरिच्चॆन्नु चॊल्लिनानञ्जनापुत्रादिकळोटु सादरं।
अनिल तनयांगद जांबवदादि कळञ्जसा सुग्रीव भाषितं केळ्क्कयाल्
पुनरवरुमतु पॊळुतु वाच्च सन्तोषेण पूर्ण्ण वेगं नटन्नाशु चॆन्नी-
टिनार्। पुकळ् पॆरिय पुरुष मणि रामन् तिरुवटि पुण्य पुरुषन्
पुरुषोत्तमन् परन् पुरमथन हृदि मरुवुमखिल जगदीश्वरन्
पुष्करनेत्रन् पुरन्दर सेवितन्; भुजगपति शयननमलन् त्रिजगल्
परिपूर्ण्णन् पुरुहूत सोदरन् माधवन्; भुजग निवहाशन वाहनन्
केशवन् पुष्करपुत्री रमणन् पुरातनन्; भुजगकुल भूषणाराधितांघ्रि-

---

उजाड़ डाला है। आपकी आज्ञा से मैं उसकी खूब देखभाल करता आ रहा था। पर अंगद आदि कपिवरों ने मेरे भृत्यों को मार भगाकर मधुवन को अरक्षित कर डाला है।" मातुल (मामा) का यह कथन सुनकर अपने मन में उमड़ पड़े आनन्द को लिये सुग्रीव ने निर्मलात्मा राम से कहा—"पवनसुत आदि कार्यसिद्धि पर प्रसन्न हो आ रहे हैं। अन्यथा मेरी अनुमति लिये बिना कोई मधुवन में प्रवेश करने का साहस नहीं करता।" फिर दधिमुख को आज्ञा दी—"आप व्यर्थ दुखी न हों। आप जाकर उन्हें यहाँ तुरन्त भेज दीजिए।" ३० यह सुन उसने सादर अंजना-पुत्र आदि को बताया (कि सुग्रीव आप लोगों को बुला रहे हैं।)। सुग्रीव की सूचना पाकर हनुमान, अंगद, जाम्बवान् आदि अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक तुरन्त ही चल पड़े और सुग्रीव के पास पहुँचे तो वहाँ पुण्य पुरुष, परमात्मा, पुरुषोत्तम, पुरमथन (शिव) के हृदय में सदा वास करनेवाले, जगदीश्वर, कमल जैसे नेत्रवाले, पुरन्दर (इन्द्र) से पूजित, भुजगपति (शेषनाग) को अपनी शैया बनाये हुए, त्रिभुवन में परिपूर्ण, पुरुहूत सोदर (इन्द्रानुज—वामन रूप में अवतार लेने के कारण इन्द्र का अनुजत्व), माधव, गरुडवाहन, केशव, पुष्करपुत्री रमण (लक्ष्मीवल्लभ), आदिस्वरूप, शिव से पूजित युगल चरणोंवाले, पुष्करसम्भव (ब्रह्मा) से सेवित, निर्गुण, भुवनपति, मखपति,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

द्वयन् पुष्कर संभवपूजितन् निर्ग्गुणन्; भुवनपति मखपति सतांपति मल्पति पुष्कर बांधव पुत्रप्रिय सखि भुजबलवतांवरन् पुण्य जनान्तकन् भूपति नन्दनन् भूमिजा वल्लभन् । ४० भुवनतल पालकन् भूत पञ्चात्मकन् भूरिभूतिप्रदन् पुण्यजनार्च्चितन्, भुजभव कुलाधिपन् पुण्डरीकाननन् पुष्पबाणोपमन् भूरि कारुण्यवान्, दिवसकर पुत्रनुं सौमित्रियुं मुदा दिष्ट पूर्ण्णं भजिच्चन्तिके सन्ततं । विपिन भुवि सुखतरमिरिक्कुन्नतु कण्टु वीणु वणङ्ङिनान् वायुपुत्रादिकळ् । पुनरथ हरीश्वरन् तन्नेयुं वन्दिच्चु पूर्ण्णमोदं परञ्ञानञ्जनात्मजन्—कनिविनोटु कण्टेनहं देवियेत्तत्र कर्बुरेन्द्रालये सङ्कटमेन्निये; कुशलवुमुटन् विचारिच्चितु तावकं कूटेस्सुमित्रातनयनुं सादरं । शिथिलतर चिकुरमोटशोकवनिकयिल् शिंशपामूलदेशे वसिच्चीटिनाळ् । अनशनमोटति कृशशरीरयायन्वहमाशरनारी परिवृतयाय् शुचा, अळल् पेरुकि मरुकि बहुबाष्पवुं वार्त्तु वार्त्तय्यो ! सदा राम रामेति मन्त्रवुं; ५० मुहुरपि जपिच्चु जपिच्चु विलापिच्चु मुग्धांगिमेवुन्न नेरत्तु आन् तदा अतिकृश शरीरनाय् वृक्षशाखान्तरे आनन्दमुळ्क्कोण्टिरुन्नेननाकुलं । तव चरितममृतसममखिलमरियिच्चथ तम्पियोटुं

सतांपति तथा पुष्कर बांधव पुत्र (सूर्यपुत्र सुग्रीव) के सखा, भुजबल की दृष्टि से बेजोड़, राक्षसों के लिए यमराज सम, भूपतिनन्दन (दशरथ-पुत्र), भूमिजा वल्लभ (सीताजी के स्वामी)—४० —भुवनों के संरक्षक, पंचभूतात्मक, भूरि सम्पत्ति के दाता, पुण्यजनों से आराध्य, भुजभव कुलाधिप (क्षत्रिय श्रेष्ठ), कमल-सम दीप्त मुखवाले, पुष्पबाण (कामदेव) सम तेजोमय, भूरि करुणा से युक्त तथा सूर्यात्मज एवं सुमित्रात्मज से सेवित हो बैठे पुरुषरत्न राम को देखकर वायुपुत्र आदि ने उनके चरणों पर पड़कर नमस्कार किया। बाद में हरीश्वर (वानरराज सुग्रीव) को प्रणाम करके सहर्ष हनुमान ने राम से कहा—"हे स्वामी ! आपकी कृपा से मैंने कर्बुरेन्द्रालय (रावण के भवन) में बैठी देवी का दर्शन किया। उन्होंने पहले प्रभु (राम) का और साथ ही सुमित्रात्मज का कुशल पूछा। वे खुले बाल और मलिन वस्त्र पहने अशोक वाटिका में शिंशपा वृक्ष के तले बैठी हैं। अनशन के कारण कृशकाया देवी राक्षस-स्त्रियों से घिरी रहती हैं। दुखार्ता देवी अश्रुधारा बहाती हुई 'राम राम' का मन्त्र करती रहती हैं। ५० राम-मन्त्र का जाप और विलाप करती सीताजी को देखकर मैं अत्यन्त कृश-शरीरी बन थोड़ी देर तक वृक्ष की शाखा पर बैठा रहा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ऩिन्तिरुवटि तन्नोटुं चॆरुतुटज भुवि रहितयाय् मरुवुं विधौ चॆन्ऩु दशाननन् कॊण्टङ्ङु पोयतुं; सवितृ सुतनोटु झटिति सख्य-मुण्टायतुं संक्रन्दनात्मजन् तन्नॆ वधिच्चतुं; क्षितिदुहितुरन्वेषणात्थं कपीन्द्रनाल् कीशौघमाशु नियुक्तमायीटिनार् । अहमवरिलॊरुवनि-विटॆय्क्कु वऩ्ऩीटिनेनर्णवं चाटि कटऩ्ऩति विद्रुतं; रवितनय सचिवनहमाशुगनन्दनन् रामदूतन् हनुमानॆऩ्ऩु नामवुं; भवति-यॆयुमिह झटिति कण्टु कॊण्टेनहोभाग्यमाहन्त भाग्यं कृतार्त्थोस्म्यहं । फलितमखिलं ममाद्य प्रयासं भृशं पत्मजालोकनं पाप विनाशनं । ६० मम वचनमिति निखिलमाकर्ण्य जानकि मन्द मन्दं विचारिच्चितु मानसे—श्रवणयुगळामृतं केनमेश्रावितं श्रीमतामग्रेसरनवन् निर्णयं । मम नयन युगळ पथमायातु पुण्यवान् मानववीर प्रसादेन दैवमे । वचनमिति मिथिल तनयोदितं केट्टु ञान् वानराकारेण सूक्ष्मशरीरनाय् विनयमोटु तॊऴुतटियिल् वीणु वणङ्ङिङनेन् विस्मयत्तोटु चोदिच्चितु देवियं—अऱिवतिनु पऱक ऩीयारॆन्ऩतॆन्नोटित्यादि वृत्तान्तं विवरिच्चनन्तरं कथितमखिलं मया देव वृत्तान्तङ्ङळ् कञ्जदळाक्षियुं विश्वसिच्ची-टिनाळ् । अतु पॊऴुतिलकतळिरिलळ्ळल् कळवतिन्नु ञानंगुलीयं

फिर अनाकुल भाव से आपका पावन चरित सविस्तार कह सुनाया। एकान्त कानन प्रदेश में अकेली आश्रम में उनके रहते समय रावण का आगमन और देवी को चुरा ले जाना, सूर्यात्मज के साथ आपकी मैत्री, इन्द्रपुत्र बालि का वध, भूसुता के अन्वेषणार्थ कपियों का भेजा जाना आदि कथाएँ विस्तारपूर्वक सुनायीं और कहा कि उन वानरों में से एक मैं विशाल सागर लाँघकर यहाँ आ गया हूँ। मैं सूर्यात्मज का सचिव, रामदूत तथा वायुतनय हनुमान हूं। देवी को यहाँ देखने का सौभाग्य पाकर मैं अपने को कृतार्थ समझता हूं। पापविनाशिनी कमललोचना को खोज निकालने का मेरा यह पहला प्रयास सफल हुआ।" ६० मेरा यह कथन पूरा सुनने के उपरान्त जानकी ने धीरे-धीरे मन में सोचा कि "मेरे युगल श्रवणों को अमृतोपम यह कथा कौन सुना रहा है! जो भी सुना रहा हो वह भगवद्-भक्तों में अग्रेसर अवश्य है। हे दैव! वह पुण्यशाली मेरे नेत्रों के लिए विषयीभूत हो जाए!" मैथिली का यह आग्रह सुनकर कृशशरीर वानरा-कार में मैंने उनके चरणों पर पड़ विनीत भाव से प्रणाम किया तो विस्मय-पूर्वक देवी ने पूछा—"तुम कौन हो?" विश्वास दिलाने के लिए तुम अपना पूरा वृत्तान्त मुझे बताओ।" मुझसे देव सम्बन्धी पूरा वृत्तान्त सुनने पर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कौट्टुत्तीटिनेनादरात् । करतळिरिलतिनॆ विरवॊट्टु वाङ्ङित्तदा कण्णुनीर कॊण्टु कळुकिक्कळञ्ञुटन् शिरसि दृशि गळ भुवि मुलत्तटत्तिङ्कलुं शीघ्रमणच्चु विलापिच्चितेट्वुं । ७० पवनसुत ! कथयमम दुःखमॆल्लां भवान् पत्माक्षनोटु नी कण्टिटल्लो सखे ! निशिचरिकळनुदिनमुपद्रविक्कुन्नतुं नीयङ्ङु चॆन्नु चॊल्कॆन्नु चॊल्लीटिनाळ् । तव चरितमखिलमलिवॊटुणर्त्तिच्चु ञान् तम्पियोटुं कपि सेनयोटुं द्रुतं, वयमवनिपतियॆ विरवोटु कूट्टिक्कॊण्टु वन्नु दशास्यकुलवुं मुटिच्चुटन्, सकुतुकमयोद्ध्या पुरिक्काशु कॊण्टु पों सन्तापमुळ्ळिलुण्टाकरुतेतुमे । दशरथ सुतन्नु विश्वासार्त्थ-मायिनिद्देहिमे देवि चिह्नं धन्यमादरात् । पुनरॊरटयाळ वाक्कुं पऱञ्ञीटुक पुण्यपुरुषनु विश्वास सिद्धये । अतुमवनि सुतयॊटह-मिङ्ङनॆ चॊन्नळवाशु चूडारत्नमादरात् नल्किनाळ् । कमल मुखि कनिविनॊटु चित्रकूटाचले कान्तनुमाय् वसिक्कुन्नाळॊरु दिनं कठिनतर नखरनिकरेण पीडिच्चॊरु काक वृत्तान्तवुं चॊल्कन्नु चॊल्लिनाळ् । ८० तदनु पलतरमिव पऱञ्ञुं करञ्ञुमुळ्त्तापं कलर्न्नु मरुवुं दशान्तरे बहुविध वचोविभवेन दुःखं तीर्त्तु

देवी के मन में पूरा विश्वास हुआ। उसके बाद मन की शंका दूर करने के विचार से मैंने सादर अंगुलीय हाथ में रख दिया। उसे हाथ में लेकर देवी ने अश्रुजल से धो दिया और उसे मस्तक, नेत्र, गला तथा स्तनों के बीच के तटस्थल से लगाती हुई खूब विलाप करने लगीं। ७० फिर देवी ने कहा—"हे पवनसुत ! तुम अपनी आँखों से देखा मेरा विरह-दुःख पद्माक्ष राम को बता दो। यही नहीं, निशिचरों की स्त्रियों के द्वारा सताये जाने की बात भी तुम उन्हें समझा दो।" देवी के इस प्रकार के कथन पर मैंने उन्हें आपका पूरा समाचार सुनाया तथा आश्वासन दिलाया कि आपको अनुज लक्ष्मण तथा कपिसेना सहित यहाँ ले आऊँगा तथा आप निशिचर कुल को समाप्त करके उन्हें सानन्द एवं सुखपूर्वक अयोध्यापुरी ले जाएँगे। अतः यह सोचकर दुखी होना व्यर्थ है। मैंने दशरथ-पुत्र राम के विश्वास के लिए चिह्न माँगा तथा पुण्यपुरुष को विश्वास दिलाने के लिए संकेत रूप में सन्देश भी माँग लिया। मेरे द्वारा इस प्रकार कहे जाने पर भूसुता ने सादर अपना चूड़ारत्न मेरे हाथ में दिया तथा चित्रकूट में पति के साथ रहते समय एक दिन एक काक के द्वारा अपने नखों तथा चोचों से उनके सताये जाने की घटना की याद दिलाने का आग्रह किया। ८० फिर इस प्रकार की कई बातें कहते हुए, विलाप एवं सन्ताप पीड़ित होते रहते समय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बिम्बाधरियेयुमाश्वसिप्पिच्चु ञान् । विटयुमुटनळकोट्टु वाङ्ङिच्चु पोन्नितु वेगेन पिन्ने मट्टोन्नु चेय्तेनहं : अखिल निशिचर कुलपतिक्कभीष्टास्पदमाराममोक्केत्तकर्त्तेनतिन्नुटन् । परिभवमोटटल् करुति वन्न निशाचर पापिकळेक्कोल चेय्तेनसंख्यकं। दशवदन सुतने मुहुरक्षकुमारनेद्दण्डधरालयत्तिन्नयच्चीटिनेन् । अथ दशमुखात्मज ब्रह्मास्त्र बद्धनायाशराधीशनेक्कण्टु परञ्ञु ञान्। लघुतरमशेषं दहिप्पिच्चितु बत ! लङ्कापुरं पिन्नेयुं भवति तन् पदं विगतभयमटियिण वणङ्ङि वाङ्ङिप्पोन्नु वीण्टुं समुद्रवुं चाटिक्कटन्नु ञान्। तव चरणनळिनमधुनैव वन्दिच्चितु दासन् दयानिधे ! पाहिमां पाहिमां। ९० इति पवनसुत वचनमाहन्त ! केट्टळविन्दिराकान्तनुं प्रीतिपूण्टीटिनान् । सुरजन सुदुष्करं कार्य्यं कृतं त्वया सुग्रीवनुं प्रसादिच्चितु केवलं । सदयमुपकार-मिच्चेय्ततिन्नादराल् सर्वस्ववुं मम तन्नेन् निनक्कु ञान् । प्रणय मनसा भवानाल् कृतमायतिन् प्रत्युपकारं जगत्तिङ्कलिल्लेटो ! पुनरपि रमावरन् मारुतपुत्रने पूर्ण्णमोदं पुणर्न्नीटिनानादराल् ।

मैंने अपने नाना प्रकार के वचनों से बिम्बाधरी (बिम्बफल के समान लाल-लाल अधरों वाली सीता) को समाश्वस्त कर दिया। फिर उनसे विदा लेने के उपरान्त मैंने और एक कार्य भी किया। समस्त राक्षसों के अधिपति रावण का प्रिय उद्यान मैंने तहस-नहस कर दिया और यह देख क्रुद्ध हो युद्ध के लिए आये असंख्य पापी राक्षसों का भी वध कर डाला। फिर दशवदन के पुत्र अक्षयकुमार को भी दण्डधरालय (यमपुरी) भेज दिया। उसके उपरान्त रावण के पुत्र (मेघनाद) से प्रयुक्त ब्रह्मास्त्र से आबद्ध हो राक्षसराज रावण से मिलकर मैंने उसे उपदेश दिया। उसके उपरान्त समस्त लंकापुरी को जला डालकर, दुबारा देवी के चरण-कुसुमों पर प्रणत हो तथा विदा लेकर फिर मैंने समुद्र पार किया। अपने दौत्य कार्य की समाप्ति पर हे दयानिधि ! इस दास ने आकर आपके चरण-कमलों पर अब नमस्कार किया। आप इस दास पर कृपा करें, कृपा करें।" ९० पवनसुत का यह निवेदन सुन इन्दिरापति (राम) अत्यन्त प्रसन्न हुए। सुग्रीव भी प्रसन्न हो उठे। भगवान ने उनका अनुमोदन करते हुए कहा—"हे वायुपुत्र ! सुरजनों के लिए भी दुष्कर कार्य तुमने आज पूरा किया। उदारतापूर्वक किये गये इस उपकार के बदले में मैं आज अपना सर्वस्व तुम्हें दे चुका हूँ। प्रेमपूर्वक तुम्हारे द्वारा किये गये इस उपकार के लिए देने लायक कोई प्रतिफल इस संसार में नहीं है।"

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

उरसि मुहुरपि मुहुरणच्चु पुल्कीटिनानोक्र्कटो ! मारुतपुत्र भाग्योदयं । भुवनतल मतिलॊरुवनिङ्ङनॆयिल्लहो ! पूर्ण्णं पुण्यौघ सौभाग्यमुण्टायॆटो !

परम शिवनिति रघुकुलाधिपन् तन्नुटॆ पावनयाय कथयरुळ् चॆय्ततु भगवति भवानि परमेश्वरि केट्टु भक्ति परवशयाय् वणङ्ङीटिनाळ् । किळिमकळुमति सरसमिङ्ङनॆ चॊन्नतु केट्टु महालोकरुं तॆळियेणमे । १००

॥ सुन्दरकाण्डं समाप्तं ॥

फिर रमापति (राम) ने सहर्ष मारुति का गाढाश्लेष किया, उन्होंने बार-बार मारुति को अपनी छाती से लगाया । हनुमान का भाग्योदय आश्चर्य-जनक है ! समस्त लोक में इतना पुण्यात्मा एवं सौभाग्यशाली कोई दूसरा पैदा नहीं हुआ है । इस प्रकार महादेव से सुनायी गयी रघुकुलाधिप (राम) की पावन कथा सुनकर भगवती भवानी परमेश्वरी भक्ति-गंगा में निमज्जित हो गयी । शुक-शावक द्वारा परोपकारार्थ कहे गये उमा-महेश्वर सम्वाद को सज्जन लोग सानन्द एवं सादर सुनें । १००

॥ सुन्दरकाण्ड समाप्त ॥

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

युद्ध काण्डम्

।। हरिः श्री गणपतये नमः ।।

अविघ्नमस्तु

नारायण ! हरे ! नारायण हरे ! नारायण हरे ! नारायण हरे ! नारायण ! राम नारायण ! राम ! नारायण ! राम ! नारायण ! राम ! रमारमण ! त्रिलोकीपते ! राम ! सीताभिराम ! त्रिदश प्रभो ! राम ! लोकाभिराम ! प्रणवात्मक ! राम ! नारायणात्माराम ! भूपते ! राम कथामृत पान पूर्णानन्द सारानुभूतिक्कु साम्यमिल्लेतुमे; शारिकप्पैतले ! चौंल्लु चौंल्लिनियुं चारु रामायणयुद्धं मनोहरं। इत्थमाकर्ण्य किळिमकळ् चौंल्लिनाळ् चित्तं तेंळिञ्ञु केट्टीटुवनें-ङ्किलो--चन्द्रचूडन् परमेश्वरनीश्वरन् चन्द्रिका मन्दस्मितं पूण्टरु-ळिनान्--चन्द्रानने ! चेंवितन्नु मुदा रामचन्द्र चरितं पवित्रं शृणुप्रिये ! ९

।। हरि श्री गणपतये नमः ।।

अविघ्नमस्तु

(कवि भगवान की प्रार्थना करता हुआ कहता है) हे नारायण ! हे हरि ! आपकी जय हो। हे नारायण, हे हरि ! आपकी जय हो। हे नारायण, हे राम, हे नारायण, हे राम, हे नारायण, हे राम ! (आपको प्रणाम है)। हे रमारमण (लक्ष्मीदेवी के पति), हे त्रिलोकपति (तीनों लोकों के स्वामी), हे राम, हे सीताभिराम, हे त्रिदशप्रभु (देवताओं के देव), हे राम, हे लोकाभिराम, हे प्रणवात्मक (ओंकार स्वरूप), हे राम, हे नारायण, हे आत्माराम, हे भूपति ! (आपकी जय हो)। राम कथामृत का पान करने सें परमानन्द की प्राप्ति होती है और उस परमानन्द की समता करनेवाला दूसरा कोई तत्त्व (इस संसार में) नहीं है। (आगे कवि शुकी से कहता है) हे शुक बालिके ! तुम अब सुन्दर रामायण में वर्णित (राम-रावण) युद्ध सविस्तार सुना दो। कवि का आग्रह सुनकर शुक बालिका ने कहा—अगर आगे की कथा सुनने की अभिलाषा है तो हृदय लगाकर सानन्द सुनो। चन्द्रचूड परमेश्वर ने प्रसन्न हो, चन्द्रिका-सम मन्द स्मिति लेकर पार्वती को देखते हुए कहा—'हे चन्द्रानने (चन्द्र-सम मुखवाली) ! हे प्रिये ! तुम पवित्र रामचरित ध्यान से सुनो। ९

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्रीरामादिकळुटे निश्चयम्

श्रीरामचन्द्रन् भुवनैक नायकन् तारकब्रह्मात्मकन् करुणाकरन् मारुति वन्नु परञ्ञतु केट्टुळ्ळिलारूढ मोदालरुळ् चेय्तितादराल्—देवकळालुमसाद्ध्यमायुळ्ळोन्नु केवलं मारुति चेय्ततोर्क्कुं विधौ चित्ते निरूपिक्क पोलुमशक्यमामब्धि शत योजनायतमश्रमं लंघिच्चु राक्षस वीररेयुं कोन्नु लङ्कयुं चुट्टु पोटिच्चितु विस्मयं; इङ्ङनेयुळ्ळ भृत्यन्मारोरुत्तनुमेङ्ङुमोरुत्ता-ळुमिल्लेन्नु निर्णयं। अन्नेयुं भानुवंशत्तेयुं लक्ष्मणन् तन्नेयुं मित्रात्मजनेयुं केवलं मैथिलियेक्कण्टु वन्नतु कारणं वातात्मजन् परिपालिच्चितु दृढं। अङ्ङनेयायतेल्लामिनियुमुटनेङ्ङने वारिधियेक्कटन्नीटुन्नु ? नक्र मकर चक्रादि परिपूर्णमुग्रमायुळ्ळ समुद्रं कटन्नु पोय् १० रावणनेप्पटयोटुमोटुक्कि ञान् देवियेयेन्नु काणुन्नितु दैवमे ! राम वाक्यं केट्टु सुग्रीवनुं पुनरामयं तीरुमाराशु चोल्लीटिनान्—लंघनं चेय्तु समुद्रत्तेयुं बत ! लङ्कयुं भस्मी करिच्चविळंबितं रावणन् तन्नेस्सकुलं कोल चेय्तु देवियेयुं

राम आदि का निर्णय

चौदहों भुवनों के स्वामी, तारक ब्रह्मस्वरूप (सर्वाश्रय भूत परब्रह्म-स्वरूप) एवं करुणाकर श्रीरामचन्द्रजी ने, हनुमान के द्वारा बतायी गयी बातों से मन-ही-मन अत्यन्त प्रसन्न होकर इस प्रकार कहा—"मारुति ने देवताओं के लिए भी दुस्साध्य कार्य किया है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। उन्होंने शतयोजन विस्तार युक्त समुद्र को लाँघकर, राक्षसों का वधकर तथा लंका जलाकर जो साहस के कार्य किये, वे आश्चर्यजनक हैं। अचिन्त्य साहस के द्योतक हैं। ऐसे (वीर एवं उत्साही) दास अब तक किसी ने नहीं पाये और न आगे भी कोई पा सकेगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। मैथिली को देख आने के कारण उन्होंने मेरी, भानुवंश (सूर्यवंश) की, लक्ष्मण की और मित्रात्मज (सुग्रीव) की निश्चय ही रक्षा की। यह कथा ऐसी ही रहे। अब इस वारिधि को कैसे हम पार करेंगे ? नक्र (मगर), मकरमत्स्य आदि से परिपूर्ण इस विशाल एवं गहरे समुद्र को पार कर—१० —तथा रावण को सेना समेत समाप्त करके हे भगवान ! मैं सीतादेवी को कब देख पाऊँगा !" राम का वचन सुनकर उनको आश्वस्त करने के विचार से सुग्रीव ने तुरंत कहा—"अविलम्ब समुद्र पार करके, तुरन्त ही लंकापुरी को भस्मीभूत कर तथा रावण को उसके वंश सहित समाप्त कर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कौण्टु पोरुन्नतुण्टु ञान् । चिन्तयुण्टाकरुतेतुमे मानसे चिन्तया-कुन्नतु कार्य्यं विनाशिनि; आरालुमोर्त्ताल् जयिच्चु कूटातोरु शूररिक्काणाय वानर सञ्चयं; वह्नियिल्च्चाटणमेन्नु चौल्लीटिलुं पिन्नेयामेन्नु चौल्लुन्नवरल्लिवर् । वारिधियेक्कटप्पानुपायं पार्क्कं नेरमिनिक्कळयाते रघुपते ! लङ्कयिल्च्चेन्नु नां पुक्किकतेन्नाकिलो लङ्केशनुं मरिच्चानेन्नु निर्ण्णयं । लोकत्रयत्तिङ्कलारेतिर्क्कुन्नतु राघव ! निन् मुम्पिल् महारणे । २० अस्त्रेण शोषणं चेय्क जलधियें सत्वरं सेतुबन्धिक्किलुमा दृढं । वल्ल कणक्किलुमुण्टां जयं तव नल्ल निमित्तङ्ङळ् काण्क रघुपते ! भक्ति शक्त्यन्वितं मित्र पुत्रोक्तिकळित्थमाकर्ण्य काकुल्स्थनुं तल्क्षणे मुम्पिलाम्मारु तोळुतु निल्क्कुं वायुसंभवनोटु चोदिच्चरुळीटिनान्--२४

लङ्काविवरणं

लङ्कापुरत्तिङ्कलुळ्ळ वृत्तान्तङ्ङळ् शङ्का विहीनमेन्नोट-रियिक्क नी । कोट्ट मतिल् किटङ्ङेन्निवयोक्कवे काट्टित्तरिक

मैं देवी (सीता) को ले आऊँगा । इसलिए आप यह चिन्ता छोड़ दीजिए । आप मन में चिन्तित न हों क्योंकि चिन्ता नाशकारी होती है । यह दिखाई देनेवाला वीर वानर-समूह ऐसा है जिसे कोई भी जीत नहीं सकता । चाहे इससे वह्नि में कूद पड़ने के लिए ही कहा जाए तो भी यह आगे-पीछे देखनेवाला नहीं है । हे रघुपति ! अब तुरन्त ही वारिधि पार करने के लिए उपाय सोच लिया जाए । अगर हम लोग लंका में पहुँच पाए तो निश्चित समझ लीजिए कि रावण की मृत्यु हो गयी । हे राम ! त्रिलोक में कौन ऐसा है, जो युद्ध में आपका सामना करने की शक्ति रखता है ? २० आप या तो अपने बाणों से सागर का जल सोख दें या फिर तुरन्त ही सागर पार करने के लिए सेतु बाँध लें । हे रघुपति ! आपके लिए शकुन अच्छे हैं, हम किसी न किसी प्रकार विजय प्राप्त कर सकेंगे ।" भक्ति एवं शक्ति समन्वित मित्र-पुत्र (सुग्रीव) का कथन सुनकर तुरन्त ही दशरथ-पुत्र राम ने सामने हाथ जोड़ खड़े वायुपुत्र (हनुमान) से प्रश्न किया—२४

लंका का विवरण

(राम ने हनुमान से आग्रह किया कि) "तुम लंकापुरी का सविस्तार वर्णन करके मुझे सुना दो । दुर्ग, दीवार, गढ़ आदि का अच्छा शाब्दिक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेणं वचसा भवान् । ऎन्नतु केट्टु तॊळुतु वातात्मजन् नन्नाय् तॆळिञ्ञुणर्त्तिच्चरुळीटिनान्--मद्ध्ये समुद्रं त्रिकूटाचलं वळन्नॆयुन्नत-मतिन् मूर्द्धनि लङ्कापुरं; प्राणभयमिल्लयात जनङ्ङळ्क्कु काणां कनक विमान समानमाय् । विस्तारमुण्टङ्ङॆळु नूरु योजन पुत्तन् कनक मतिलतिन् चुट्टुमे, गोपुरं नालु दिक्किङ्कलुमुण्टति शोभित-मायतिनेळु निलकळु; अङ्ङने तन्नॆयतिनुळ्ळिलुळ्ळिलाय्पॊङ्ङु मतिलुकळेळुण्टॊरु पोलॆ । एळिनुं नन्नालु गोपुर पंक्तियुं चूळवुमायिरुपत्तॆट्टु गोपुरं; ऎल्लाट्टिनुं किटङ्ङुण्टत्यगाधमाय् चॊल्लुवान् वेलयन्त्रप्पाल पंक्तियुं । १० अण्टर्कोन् दिक्कि-लॆग्गोपुरं काप्पतिनुण्टु निशाचरन्मार् पतिनायिरं, दक्षिण गोपुरं रक्षिच्चु निल्क्कुन्न रक्षोवररुण्टु नूरायिरं सदा; शक्तराय् पश्चिम गोपुरं काक्कुन्न नक्तञ्चररुण्टु पत्तुनूरायिरं; उत्तर गोपुरं कात्तु-निल्पानति शक्तरायुण्टॊरु कोटि निशाचरर्; दिक्कुकळ् नालिलु-मुळ्ळतिलर्द्धमुण्टुग्रतयोटु नटुवु कात्तीटुवान्; अन्तःपुरं काप्पतिन्नु-मुण्टत्र पेर् मन्त्र शालय्क्कुण्टतिलिरट्टिज्जनं । हाटक निर्म्मित

परिचय दो ।'' यह सुनकर अत्यन्त प्रसन्न हो हाथ जोड़ वायुपुत्र ने कहा—समुद्र के मध्य में अत्यन्त उन्नत त्रिकूटाचल पर लंकापुरी है । जिन्हें अपने प्राणों का भय नहीं है, वे लोग (वहाँ पहुँचने पर) स्वर्ण विमान तुल्य उस लंकापुरी को देख सकेंगे । उसका विस्तार सात सौ योजन का है। उसके चारों ओर स्वर्णिम दीवारें खड़ी कर दी गयी हैं । चारों दिशाओं में सात मंजिलों के सुन्दर गोपुर हैं । फिर उन्हीं के भीतर एक के बाद एक कुल सात समान चहारदीवारें खड़ी हैं । सातों चहारदीवारों के चार-चार गोपुरों के हिसाब से कुल अट्ठाईस गोपुर हैं । सबके चारों ओर गहरी खाइयाँ हैं और ज़रूरत पड़ने मात्र पर काम में लाने के लिए पुल बनाये हुए हैं, जिस कारण शत्रुओं का वहाँ पहुँच पाना दुष्कर है । १० पूर्वी दिशा के गोपुर का पहरा करते हुए दस हज़ार राक्षस तैनात हैं। दक्षिण गोपुर की रक्षा करने के लिए सौ हज़ार (एक लाख) राक्षस नियुक्त हैं । अत्यन्त शक्तिशाली दस लाख रात्रिचर पश्चिम गोपुर को पहरा देते रहते हैं । उत्तर गोपुर की रक्षा करने के लिए सदा जागरूक एक करोड़ राक्षस वहाँ खड़े हैं । चारों ओर की रक्षा में सचेत जितने राक्षस हैं, उसका आधा भाग मध्य भाग की रक्षा में नियुक्त राक्षसों का है । उतने ही राक्षस अन्तःपुर की रक्षा में खड़े हैं, उसके दुगुने राक्षस मन्त्रशाला का पहरा करते रहते हैं । सुवर्ण निर्मित भोजनशालाएँ, नाटकशालाएं,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भोजन शालयुं नाटकशाल नटप्पन्तल् पिन्नेयुं; मज्जनशालयुं मद्यपानत्तिन्नु निर्ज्जनमायुळ्ळ निर्म्मलशालयुं; लङ्का विरचिता-लङ्कार भेदमातङ्कापहं पर्य्यावल्लनन्तनुं। तत्पुरं तन्निल् नीळेत्तिरञ्ञेनहं मत्पिताविन् नियोगेन चेन्नेन् बलाल् २० पुष्पितोद्यान देशे मनोमोहने पत्मजादेवियेयुं कण्टु कूप्पिनेन्। अंगुलीयं कोटुत्ताशु चूडारत्नमिङ्ङु वाङ्ङिक्कोण्टयाळ वाक्यवुं केट्टु विटवळङ्ङिच्चु पुरप्पेट्टु काट्टियेन् पिन्नेक्कुरञ्ञोरविवेकं। आराममेल्लां तकर्त्तु काक्कुन्न वीररेयोक्के क्षणेन कोन्नीटिनेन्। रक्षोवरात्मजनाकिय बालकनक्षकुमारनवनेयुं कोन्नु ञान्; एन्नु वेण्टा चुरुक्किप्परञ्ञीटुवन् मन्नवा ! लङ्कापुरत्तिङ्कलुळ्ळतिल् नालोन्नु सैन्यमोटुक्कि वेगेन पोय् काले दशमुखनेक्कण्टु चोल्लियेन्। नल्लतेल्लां पिन्ने रावणन् कोपेन चोल्लिनान् तन्नुटे भृत्यरोटिप्पोळे कोल्लुक वैकातिवनेयेन्नन्नेरं कोल्लुवान् वन्नवरोटु विभीषणन् चोल्लिनानग्रजन् तन्नोटुमादराल् कोल्लुमारिल्ल दूतन्मारेयारुमे। ३० चोल्लुळ्ळ राजधर्म्मङ्ङळरिञ्ञवर् कोल्लातयय्क्कटयाळप्पेटुत्तु

स्नानागार और मद्यपान के लिए निर्मित स्वच्छ शालाएँ सब देखने योग्य हैं। वहाँ लंकापुरी की साज-सज्जा एवं अलंकारों का वर्णन करना सामर्थ्य के बाहर है। अनन्तनाग भी (अपने सहस्र फणों से) उनका वर्णन करके पार नहीं पा सकता। उस पुरी भर में मैंने (सीता की) खोज की, फिर अपने पिता (वायु) के संकेत से मैं पहुँच पाया—२० —उस पुष्प वाटिका में, जो देखने में मनोमोहक है और वहाँ मैंने पद्मजादेवी (सीता) को देखा। मैंने (आपका) अंगुलीय (उन्हें) दिया तथा आपको देने के लिए (सीता का) चूड़ारत्न तथा कह सुनाने के लिए सन्देश लेकर वहाँ से निकल पड़ा। उसके उपरान्त मैंने थोड़ा-सा अविवेकपूर्ण कार्य कर लिया। पहरेदारों का क्षण भर में वध करके पुष्पवाटिका उजाड़ दी। राक्षसराज के पुत्र अक्षयकुमार को भी मैंने मार डाला। अधिक क्या बताऊँ, हे महाराज संक्षेप में कह सकता हूँ कि मैंने लंकापुरी के सैनिकों में से एक चौथाई भाग समाप्त कर दिया है, फिर अविलम्ब जाकर दशमुख से मिलकर उसे उसकी भलाई की बातें समझायीं। तब क्रुद्ध रावण ने अपने सेवकों को आज्ञा दी, मुझे तुरन्त ही मार डाला जाए। तब मुझे मारने आये सेवकों तथा अपने अग्रज रावण को विभीषण ने समझाया कि दूत की हत्या कोई नहीं करता। ३० राजधर्म में प्रवीण लोग दूतों की हत्या नहीं करते। इसलिए इसपर कोई दाग चिह्न लगाकर भेज दिया जाए। दशानन ने यह

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ऩल्लताकुन्नतेन्नप्पोळ् दशाननन् चोल्लिनान् वालधिक्कग्नि कोळुत्तुवान् । सस्नेह वाससा पुच्छं पौतिञ्ञवरग्नि कोळुत्तिया-रप्पोळटियनुं; चुट्टु पोट्टिच्चेन्ळ्नूरु योजन वट्टमायुळ्ळ लङ्कापुरं सत्वरं । मन्नव ! लङ्कयिलुळ्ळ पटयिल् ऩालोन्नुमोट्टुक्कियेन् त्वल् प्रसादत्तिनाल् । ओन्नु कोण्टुमिनिक्काल विळंबनं ऩन्नल्ल पोकप्पुरप्पेट्टुकाशु ऩां । युद्ध सन्नद्धराय् बद्धरोषं महल् प्रस्थानमाशु कुरु गुरु विक्रमं । संख्ययिल्लातोळमुळ्ळ महाकपि संघेन लङ्कापुरिक्कु शङ्कापहं; लंघनं चेय्तु नक्तञ्चर नायक किङ्करन्मारे क्षणेन पितृपति किङ्करन्मार्क्कु कोटुत्तु दशानन हुंकृतियुं तीर्त्तु संगरान्ते बलाल् । ४० पङ्कज नेत्रयेक्कोण्टु पोरां विभो ! पङ्कजनेत्र ! परंपुरुष ! प्रभो ! ४१

युद्धयात्र

अञ्जनानन्दनन् वाक्कुकळ् केट्टथ सञ्जात कौतुकं संभाव्य सादरं, अञ्जसा सुग्रीवनोटरुळ् चेय्तितु कञ्जविलोचननाकिय राघवन्—इप्पोळ् विजय मुहूर्त्तकालं पटय्क्कुलपन्न मोदं पुरप्पेट्टु-

---

उचित समझा और उसने पूँछ में आग लगाने की आज्ञा दी । तब उन लोगों ने तेल में डुबाये वस्त्रों को पूँछ पर लपेटकर आग लगायी । तुरन्त ही (आपके इस) दास ने सौ योजन विस्तृत लंकापुरी आग में जला दी । हे स्वामी ! आपकी कृपा से मैंने लंका की एक चौथाई सेना नष्ट कर दी । अब किसी भी हालत में (लंका जाने में) विलम्ब करना ठीक नहीं है, हम तुरन्त ही (लंका के लिए) निकल पड़ें । युद्ध के लिए आवश्यक समस्त तैयारियों सहित, अत्यन्त पराक्रम तथा साहस के साथ हम अपनी असंख्य वानरसेना लेकर लंकापुर के लिए प्रस्थान करें । हम निस्संशय समुद्र का लंघन कर, निशिचरराज के सेवकों को क्षण भर में पितृपति (यमराज) के सेवकों को समर्पित कर (वध करके) तथा युद्ध-प्रांगण में दशानन का गर्व चूर करके—४० —हे प्रभु ! हे पंकजनेत्र ! हे पुरुषोत्तम ! हे विभु ! पंकजनेत्रा सीताजी को अवश्य ले आएँगे ।" ४१

युद्ध-यात्रा

अंजनापुत्र (हनुमान) का वचन सुनकर और सदय उसको उचित मानकर तुरन्त ही कंजविलोचन (कमल-सम नेत्रवाले) राम ने सुग्रीव से कहा—"युद्ध-विजय के लिए कूच करने के लिए यह शुभ मुहूर्त्त है, इसलिए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

केवरुं; नक्षत्रमुत्रमतु विजयप्रदं रक्षोजनर्क्षमां मूलं हतिप्रदं। दक्षिणनेत्र स्फुरणवुमुण्टुमे लक्षणमेल्लां नमुक्कु जयप्रदं। सैन्यमेल्लां परिपालिच्चु कोळ्ळणं सैन्याधिपनाय नीलन् महाबलन्। मुन्पुं नटुभागवुमिरु भागवुं पिन् पटयुं परिपालिच्चु कोळ्ळुवान् वम्परां वानरन्मारे नियोगिक्क रंभप्रमाथि प्रमुखरायुळ्ळवर्। मुन्पिल् ञान् मारुति कण्ठवुमेऱि मल् पिन्पे सुमित्रात्मजनंगदोपरि सुग्रीवनेन्नेप्पिरियातरिकवे निर्ग्गमिच्चीटुक मटुळ्ळ वीररुं। १० नीलन् गजन् गवयन् गवाक्षन् बलि शूलि समाननां मैन्दन् विविदनुं पङ्कज संभव सूनु सुषेणनुं तुंगन् नळनुं शतबलि तारनुं, चोल्लुळ्ळ वानर नायकन्मारोटु चोल्लुवानावतल्लातोरु सैन्यवुं, कूटिप्पुरप्पेटु केतुमे वैकरुताटलुण्टाकरुताक्कुं वळिक्कोटो! इत्थमरुळ् चेय्तु मर्क्कट सैनिक मद्ध्ये सहोदरनोटुं रघुपति नक्षत्रमण्डल मद्ध्ये विळङ्ङुन्न नक्षत्रनाथनुं भास्कर देवनुं आकाश मार्ग्गे विळङ्ङुन्नतु पोले लोकनाथन्मार् तेळिञ्ञु विळङ्ङिनार्। आर्त्तु विळिच्चु कळिच्चु पुळच्चु लोकार्त्ति

सबको सानन्द तुरन्त निकल जाना चाहिए। उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र विजयप्रद है। राक्षसों के लिए आज मूल नक्षत्र होने से हानिकारक है। आज शुभसूचक मेरा दक्षिण नेत्र फड़कने लगा है। अत: सबके सब हमारी विजय के सूचक लक्षण हैं। सेनाधिपति अतुल बलशाली नील सारी सेना की देखरेख करें। आगे-पीछे, बीच में और आजू-बाजू सेना की रक्षा का भार रंभ तथा प्रमाथि जैसे बड़े ही शूर पराक्रमी एवं प्रमुख वानरवीरों को सौंप दिया जाए। मैं आगे-आगे मारुति के कन्धे पर और मेरे पीछे सुमित्रात्मज लक्ष्मण अंगद के कन्धे पर सवार हो चलेंगे। सुग्रीव मेरे निकट ही साथ रहेंगे। इस प्रकार व्यवस्थित ढंग से सारे वानर सैनिक अभी निकल पड़ें। १० नील, गज, गवय, गवाक्ष, बलशाली एवं शूली (शिव) तुल्य मैन्द, विविद, पंकज संभव (ब्रह्मा) के पुत्र सुषेण, उन्नत नल, सैकड़ों वीरों के समान पराक्रमी तार आदि वानरनायकों के साथ अपार वानरसेना तुरन्त चल पड़े। यह ध्यान रखा जाए कि रास्ते में किसी को किसी प्रकार की कठिनाई उठानी न पड़े।" राम ने यह आज्ञा सुना दी। फिर मर्कट-सेना के बीच में अपने भ्राता सहित रघुपति (राम) विराजमान हुए। संसार के लिए स्वामी दोनों (राम-लक्ष्मण) आकाश में नक्षत्र मण्डल के बीच शोभित नक्षत्रनाथ (चन्द्र) और भगवान भास्कर (सूर्य) के समान अपनी दीप्ति फैलाने लगे। संसार का दु:ख दूर करने के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तीर्त्तीटुवान् मर्क्कट सञ्चयं रात्रिञ्चरेश्वर राज्यं प्रति परमास्थया वेगाल् तटन्नु तुटङ्ङिनार् । धात्रियिलॊक्कॆ त्तिरञ्ञु परन्नॊरु वार्द्धि तटन्तङ्ङटुक्कुन्नतु पोलॆ । २० चाटियुमोटियुमोरो वनङ्ङळिल् तेटियुं पक्व फलङ्ङळ् भुजिक्कयुं, शैल वन नदी जालङ्ङळ् पिन्निट्टु शैल शरीरिकळाय कपिकुलं दक्षिण सिन्धु तन्नुत्तरतीरवुं पुक्कु महेन्द्राचलान्तिके मेविनार् । मारुति तन्नुटॆ कण्ठदेशे निन्नु पारिलिरङ्ङि रघुकुलनाथनुं, तारेय कण्ठममर्न्न सौमित्रियुं पारिलिळञ्ञु वणङ्ङिनानग्रजं । श्रीराम लक्ष्मणन्मारुं कपीन्द्ररुं वारिधितीरं प्रवेशिच्चनन्तरं, सूर्य्यनुं वारिधि तन्नुटॆ पश्चिमतीरं प्रवेशिच्चितप्पोळ् नृपाधिपन् सूर्य्यात्मजनोटरुळ् चॆय्तिताशु नां वारियुमूत्तु सन्ध्यावन्दनं चॆय्तु वारान्निधियॆक्कटप्पानुपायवुं वीररायुळ्ळवरॊन्निच्चु मन्त्रिच्चु पारातॆ कल्पिक्क वेणमिनियुटन् । ३० वानर सैन्यत्तॆ रक्षिच्चु कॊळ्ळणं सेनाधिपन्मार् कृशानुपुत्रादिकळ् । रात्रियिल् माया विशारदन्माराय रात्रिञ्चरन्मारुपद्रविच्चीटुवोर् । एवमरुळ् चॆय्तु सन्ध्ययुं वन्दिच्चु मेविनान् पर्वताग्रे रघुनाथनुं, वानरवृन्दं मकरालयं कण्टु मानसे भीति कलर्न्नु मरुविनार् । नक्र चक्रौघ

निमित्त वानर-सेना रात्रिचरराज के राज्य (लंका) को अपना लक्ष्य बनाये बड़े कोलाहल के साथ हँसते-खेलते तीव्रगति से चल पड़ी मानो उत्ताल लहरों से पूरित कोई विशाल सागर चल पड़ा हो । २० दौड़ते-कूदते, उछलते, प्रत्येक वन में पक्वफल खोजते-खाते तथा कई शैलों (पर्वत), वनों, नदियों को पार करते हुए वानर-सैनिक दक्षिणी समुद्र के उत्तर तट पर महेन्द्राचल के समीप आ पहुँचे । रघुकुल के स्वामी (राम) मारुति (हनुमान) के कन्धे से नीचे पृथ्वी पर उतर पड़े । तारेय (अंगद) के कंठ पर बैठे सुमित्रात्मज (लक्ष्मण) भी नीचे पृथ्वी पर उतरकर अपने अग्रज को प्रणाम करने लगे । बाद में श्रीराम-लक्ष्मण और वानरश्रेष्ठ वारिधि-तीर (समुद्र तट) पर आ पहुँचे, साथ ही सूर्य भी वारिधि के पश्चिमी तट पर तब पहुँच गया (सूर्यास्त हो गया) । तुरन्त ही नृपाधिप (राम) ने सूर्यात्मज (सुग्रीव) से कहा कि हम स्नान करके संध्यावन्दना में लग जाएँ । उसके उपरान्त आप वीरश्रेष्ठ लोग परस्पर मन्त्रणा करके सागर को पार करने का उपाय सुझा दें । इसमें विलम्ब होने न पाए । ३० (रात्रि का समय है) कृशानुपुत्र (नल्) आदि सेनाधिपति लोग वानर-सेना की खूब देखभाल करते रहें क्योंकि माया-विशारद निशाचरों की रात में

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भयङ्करमेत्रयुमुग्रं वरुणालयं भीम निस्वनं अत्युन्नततरं गाढ्यमगाधमितुत्तरणं चेय्वतिन्नरुताक्र्कुमे। इङ्ङनेयुळ्ळ समुद्रं कटन्नु चेन्नेङ्ङने रावणन् तन्ने वधिक्कुन्नु, चिन्ता परवशन्मारायक्कपिकळमन्ध बुद्ध्या राम पार्श्वे मरुविनार्। चन्द्रनुमप्पोळुदिच्चु पोङ्ङीटिनान् चन्द्रमुखियें निरूपिच्चु रामनुं दुःखं कलर्न्नु विलापं तुटङ्ङिनानोक्के लोकत्तेयनुकरिच्चीटुवान्। ४० दुःख हर्ष भय क्रोधलोभादिकळ् सौख्यमद मोह काम जन्मादिकळ् अज्ञान लिंगत्तिनुळ्ळवयेङ्ङने सुज्ञानरूपमायुळ्ळ चिदात्मनि संभविक्कुन्नु विचारिच्चु काण्किलो संभविक्कुन्नतु देहाभिमानिनां। किं परमात्मनि सौख्य दुःखादिकळ् संप्रसादत्तिङ्कलिल्ल रण्टेतुमे। संप्रति नित्यमानन्द मात्रं परं दुःखादि सर्ववुं बुद्धि संभूतङ्ङळ्। मुख्यनां रामन् परमात्मा परन् पुमान् मायागुणङ्ङळिल् संगतनाकयाल् माया विमोहितन्माक्कुं तोन्नुं वृथा दुःखियेन्नुं सुखियेन्नुमेल्लामतु मोक्के योर्त्तालबुधन्मारुटे मतं। ४८

उपद्रव करने की आदत है। यह कहने के उपरान्त संध्या-वन्दन आदि से निवृत्त हो रघुनाथ पर्वताग्र पर बैठ गये। वानर-समूह मकरालय (समुद्र) देखकर मन ही मन भयभीत हो उठा। (वे सोचने लगे) मगर आदि क्रूर जन्तुओं से परिपूर्ण, अतीव भयंकर, उत्ताल लहरों के भीषण निस्वन (शब्द) से मुखरित वरुणालय (समुद्र) को पार करना दुष्कर है, उसकी सामर्थ्य (हममें से) किसी में नहीं है। ऐसे भीषण सागर को पारकर कैसे रावण का वध करेंगे? इस प्रकार की चिन्ताओं से परवश एवं अन्धाधुन्ध हो वानर राम के बगल में बैठ गये। तब चन्द्र उदित हो आकाश पर चढ़ने लगा। तब लोकानुसरण करनेवाले राम अपनी चन्द्रमुखी (सीता) की स्मृति में दुखी हो विलाप करने लगे। ४० दुःख, हर्ष, भय, क्रोध, लोभ, सुख, मद, मोह, काम आदि अज्ञानी सांसारिक लोगों से सम्बन्धित हैं। विचारपूर्वक देखा जाए तो देहाभिमान से युक्त लोग ही इनके वशीभूत हैं। वे ज्ञान-स्वरूप एवं सच्चिदानन्द-स्वरूप आत्मा को कैसे प्रभावित कर सकते हैं? परमात्मा को क्या सुख और दुःख प्रभावित कर सकेंगे? वे इन दोनों से मुक्त एवं स्वतन्त्र हैं। वे नित्यानन्दमूर्त्ति परब्रह्म हैं। दुःख आदि बुद्धि की उपज हैं। श्रीरामचन्द्र परमात्मा एवं परात्पर ब्रह्म हैं। अपनी लीला के लिए राम के द्वारा मायात्मक गुणों को अपनाने के कारण, माया में भ्रमित अज्ञानियों को लगता है कि राम इन (मानसिक विकारों) के वशीभूत हैं। अतः केवल अज्ञानी ही मानते हैं कि राम सुखी हैं या दुखी हैं। ४८

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रावणादिकळुटे आलोचन

अक्कथ निल्कक; दशरथ पुत्ररुमर्क्कात्मजादिकळाय कपिकळुं वारान्निधिक्कु वटक्केक्कर वन्नु वारिधि पोलें परन्नोरनन्तरं; शङ्का विहीनं जयिच्चु जगत्रयं लङ्कयिल् वाळुन्न लङ्केश्वरन् तदा मन्त्रिकळ् तम्मों वरुत्ति विरवोटु मन्त्र निकेतनं पुक्किरुन्नीटिनान् । आदितेयासुरेन्द्रादिकळ्क्कुमरुतातोरु कर्म्मङ्ङळ् मारुति चेय्ततु चिन्तिच्चु चिन्तिच्चु नाणिच्चु रावणन् मन्त्रिकळोटु केळ्प्पिच्चान-वस्थकळ् । मारुति वन्निविटेच्चेय्त कर्म्मङ्ङळारुमरियातिरिक्क-युमल्लल्लो; आर्क्कुं कटक्करुतायोरु लङ्कयिलूक्कोटु वन्नकं पुक्कोरु वानरन् जानकि तन्नेयुं कण्टु परञ्ञोरु दीनत कूटातळिच्चानुपवनं । नक्तञ्चरन्मारेयुं वधिच्चेन्नुटे पुत्रनामक्ष-कुमारनेयुं कोन्नु, १० लङ्कयुं चुट्टु पोट्टिच्चु समुद्रवुं लंघनं चेय्तोरु सङ्कटमेन्नियें स्वस्थनाय् पोयत्तोर्त्तोळं नमुक्कुळ्ळलेत्रयुं नाणमामिल्लोरु संशयं । इप्पोळ् कपिकुल सेनयुं रामनुमब्धि तन्नुत्तरतीरे मरुवुन्नार् । कर्त्तव्यमेन्तु नम्मालिनियेन्ततुं चित्ते

रावण आदि की चिन्ता

यह बात रहने दें; दशरथ-पुत्र (राम-लक्ष्मण) तथा अर्कात्मज (सुग्रीव) आदि वानर लोग सागर के उत्तरी तट पर आ विशाल सागर के समान फैल गये। तब तीनों लोकों को जीतकर निर्भय लंका में बैठनेवाला लंकेश्वर (रावण) अपने मन्त्रियों को साथ लेकर मन्त्रणा-गृह में प्रविष्ट हुआ। वहाँ बैठकर, देवों, असुरों में श्रेष्ठ लोगों के लिए भी दुस्साध्य जो कार्य मारुति ने वहाँ करके दिखाये, उनके सम्बन्ध में सोच-सोचकर स्वयं लज्जित हो रावण ने अपने मन्त्रियों को सुनाया—"मारुति ने यहाँ आकर जो अनिष्ट कर्म किये, वे आपसे छिपे हुए नहीं हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए अगम्य लंका में निस्संकोच प्रविष्ट हो वानर ने जानकी को देखा और (राम के) सन्देश कह सुनाये। उसने अनायास ही पूरा उपवन नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। उसने निशाचरों की हत्या की और मेरे पुत्र अक्षयकुमार का भी वध किया। १० —लंका को तहस-नहस कर वह बिना किसी कठिनाई के समुद्र-लंघन कर वापस चला गया। वह सकुशल एवं स्वस्थ वापस गया, यह सोचकर मुझे स्वयं लज्जा अनुभव होती है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। अब (सुना है) वानरसेना और राम सागर के उत्तर तट पर आ डेरा डाले हुए हैं। तुम लोग मन में सोच-समझकर हमारे लिए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निरूपिच्चु कल्पिक्क ऩिङ्ङळ्ं। मन्त्र विशारदन्मार् ऩिङ्ङळॆन्नुटॆ मन्त्रिकळ् चॊऩ्ऩतु केट्टु मूलमाय् वऩ्ऩीलॊरापत्तिनियुं ममहितं तऩ्ऩाय् विचारिच्चु चॊल्लुविन् वैकातॆ। ऎन्नुटॆ कण्णुकळाकुऩ्ऩतु ऩिङ्ङळॆन्निलॆ स्नेहवुं ऩिङ्ङळ्क्कचञ्चलं। उत्तमं मद्ध्यमं पिन्नेतधमवुमित्थं त्रिविधमायुळ्ळ विचारवुं; साध्यमिदमिदं दुस्साध्यमामिदं साध्यमल्लॆऩ्ऩुळ्ळ मूऩ्ऩु पक्षङ्ङळ्ं केट्टाल् पलर्क्कुमॊरुपोलॆ मानसे वाट्टमॊऴिञ्ञु तोऩ्ऩीटुऩ्ऩतुं मुदा। २० तम्मिलन्योन्यं पऱयुऩ्ऩ नेरत्तु सम्मतं मामकं तऩ्ऩुतऩ्ऩीदृशं ऎऩ्ऩुऱच्चॊऩ्निच्चु कल्पिप्पतुत्तमं पिन्नॆ रण्टामतुमद्ध्यमं चॊल्लुवन्। ओरो विधं पऱञ्ञूनङ्ङळुळ्ळतु तीरुवानाय् प्रतिपादिच्चनन्तरं, ऩल्लतितॆऩ्ऩैकमत्यमायेवरुमुऴिळ्ळुऱच्चु कल्पिच्चु पिरिवतु मद्ध्यममायुळ्ळमन्त्रमतॆन्निये चित्ताभिमानेन तान् तान् पऱञ्ञतु, साधिप्पतिऩ्ऩु दुस्तर्क्कं पऱञ्ञतु बोधिच्चु मटेवनुं पऱञ्ञीर्ष्यया कालुष्य चेतसा कल्पिच्चु कूटातॆ कालवुं दीर्घमायिट्टु परस्परं निन्दयुं पूण्टु पिरियुऩ्ऩ मन्त्रमो निन्द्यमायुळ्ळतधममतॆत्रयुं। ऎऩ्ऩालिविटॆ ऩमुक्कॆन्तु ऩल्लतॆऩ्ऩॊऩ्निच्चु ऩिङ्ङळ् विचारिच्चु चॊल्लुविन्। इङ्ङनॆ रावणन् चॊऩ्ऩतु केट्टळविंगितज्ञन्मार्

उचित कर्तव्य बता दो। मन्त्रणा में प्रवीण तुम जैसे मन्त्रियों का कथन मानकर चलने के कारण अब तक मेरा कुछ अहित नहीं हुआ। अब खूब विचार करके तुम लोग भावी कर्तव्य अविलम्ब समझाने की कृपा करो। तुम लोग मेरे नेत्र हो; और मुझे भलीभाँति विदित है कि तुम लोगों का मेरे ऊपर निश्चल अपार स्नेह है। विचारों के उत्तम, मध्यम एवं अधम ये तीन ही प्रकार माने गये हैं। यह साध्य है, यह दुस्साध्य है और यह असाध्य है, इस प्रकार के तीनों पक्षों पर विचार करने के बाद कई लोगों को समान रूप से उचित लगनेवाली बात—२० —परस्पर कहते समय, 'मेरा यही विचार है, मेरा यही विचार है' इस प्रकार मन्तव्य प्रकट करके सबके लिए समान रूप से उचित लगनेवाला विचार उत्तम है। अब मैं मध्यम विचार समझाऊँगा। परस्पर विविध प्रकार के तर्क प्रस्तुत करके उनकी न्यूनताओं पर बहस करने के बाद बिना परिहार मार्ग को खोजे, सबकी इच्छा पर चला जाना मध्यम मार्ग का विचार है। विचार वैविध्य के कारण परस्पर वाद-प्रतिवाद में लम्बा समय बिताकर भी किसी निर्णय पर पहुँचे बिना, परस्पर मत्सर एवं ईर्ष्या लिये चला जाना अधम मन्त्रणा के अन्तर्गत आता है। यह ध्यान में रखते हुए तुम लोग परस्पर विचार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निशाचरर् चौल्लिनार्—३० तन्नु तन्नेन्त्रयुमोर्त्तोळमुळ्ळिलितिन्नोरु कार्य्यविचारमुण्टायतु; लोकङ्ङळेल्लां जयिच्च भवानिन्नोराकुलमेन्तु भविच्चितु मानसे ! मर्त्त्यनां रामङ्कल् निन्नु भयं तव चित्ते भविच्चतुमेत्रयुमत्भुतं ! वृत्रारियेप्पुरा युद्धे जयिच्चुटन् बद्ध्वा विनिक्षिप्यपत्तने सत्वरं विश्रुतयायोरु कीर्त्ति वळर्त्ततु पुत्रनां मेघनिनादनतोर्क्क नी । वित्तेशनेप्पुरा युद्ध मद्ध्ये भवान् जित्वाजितश्रमं पोरुं दशान्तरे पुष्पकमाय विमानं ग्रहिच्चतुमत्भुतमेत्रयुमोर्त्तु कण्टोळवुं । कालनेप्पोरिल् जयिच्च भवानुण्टो कालदण्डत्तालोरु भयमुण्टावू ? हुंकार मात्रेण तन्ने वरुणनेस्संगरत्तिङ्कल् जयिच्चीलयो भवान् ? मट्टुळ्ळ देवकळेप्पर-येणमो पट्लरारुमट्टुळ्ळतु चौल्लु नी । ४० पिन्ने मयनां महासुरन् पेटिच्चु कन्यकारत्नत्ते नल्कीलयो तव ? दानवन्मार् करं तन्नु पोरुक्कुन्नु मन्नवन्मार् पिन्नेयेन्तु चौल्लेणमो ? कैलास शैल-मिळक्कियेट्टुत्तुटनालोलमम्मानयाटिय कारणं कालारि चन्द्रहासत्ते नल्कियो ? मूलमुण्टो विषादिप्पान् मनसिते ? त्रैलोक्य

करके मेरे लिए अब अनुकूल कार्य बता दो।'' रावण का यह कथन सुनकर संकेतग्राही निशाचरों ने बताया—३० —इस मामूली बात के लिए भी विचार-विमर्श की आवश्यकता समझना बड़े विस्मय की बात है ! लोकविजेता आपके मन में आज कौन-सी व्याकुलता उत्पन्न हो सकती है ? बड़े आश्चर्य की बात है, कि मर्त्य राम के प्रति आपके मन में भय उत्पन्न हुआ ! क्या आप यह बात भूल गये कि पूर्व में वृत्रारि (इन्द्र) को जीतकर तथा उन्हें बाँध लाकर लंकापुरी के एक कोने में फेंककर आपके पुत्र मेघनाद ने विश्रुत कीर्ति प्राप्त की थी। वित्तेश को (वैश्रवण को) युद्ध में अनायास जीतकर लौटते समय आप ही ने तो विस्मयकारी पुष्पक विमान ग्रहण किया था। आपके इस पराक्रम पर जितना ही विचार करते हैं उतना ही विस्मय होता है। यमधर्मराज को युद्ध में जीते आप क्या कालदण्ड से भयभीत होंगे ? क्या आपने हुँकारमात्र से युद्ध में वरुण पर विजय नहीं पायी थी ? और देवताओं का क्या कहना है ? आप ही बोलिये, आपका कौन शत्रु रह गया है ? ४० क्या महासुर मय ने भयभीत हो आपको कन्यकारत्न नहीं दिया था ? दानव लोग कर देकर जब चैन से रह पाते हैं, ऐसी अवस्था में यह मनुष्य जाति किस कौड़ी की है ? कैलास पर्वत को हाथ में उठाकर जब उसे हिला-डुलाकर नचाया था तब क्या काल के काल (शिव) ने चन्द्रहास नहीं दान किया था ? ऐसी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वासिकळॆल्लां भवद्बलमालोक्य भीति कलर्न्नु मरुवुन्नु। मारुति वन्निविटॆचॆय्त कर्म्मङ्ङळ् वीररायुळ्ळ ञमुक्कोक्किल् ञाणमां। नामॊन्नुपेक्षिक्क कारणालेतुमॊरामयमॆन्निये पॊय्क्कॊण्टतुमवन्। ञङ्ङळारानुमरिञ्ञाकिलॆन्नुमेयङ्ङवन् जीवनोटे पोकयिल्लल्लो। इत्थं दशमुखनोटरियिच्चुटन् प्रत्येकमोरोप्रतिज्ञयुं चॊल्लिनार्—मानमोटिन्निनि ञङ्ङळिलेकनॆ मानसे कल्पिच्चयय्क्कुन्नता-किलो ५० मानुष जातिकळिल्ल लोकत्तिङ्कल् वानर जातियुमिल्लॆन्नुतु वरुं। इन्नॊरु कार्य्यविचारमाक्किप्पलरॊन्निच्चु कूटि तिरुपिक्कयॆन्नतु अॆन्नयुं पारमिळप्पं ञमुक्कतुमुळ्ळतारि लोर्त्तरुळेणं जगल् प्रभो! नक्तञ्चरवररित्थं परञ्ञळवुळ्ळताप-मॊट्टु कुरञ्ञु दशास्यनुं। ५४

रावण कुंभकर्ण्णन्मारुटॆ संभाषणम्

निद्रयुं कैविट्टु कुंभकर्ण्णन् तदा विद्रुतमग्रजन् तन्नॆ वणङ्ङिनान्। गाढ गाढं पुणर्न्नूढमोदं निज पीठमतिन्मेलि-रुत्तिद्दशास्यनुं; वृत्तान्तमॆल्लामवरजन् तन्नोटु चित्तानुरागेण

हालत में मन के विषाद के लिए क्या कारण रह गया है? आपके भुजबल से परिचित त्रिभुवन के समस्त जीव भय-विकंपित रहते हैं। मारुति ने आकर यहाँ जो दुष्कृत्य करके दिखाये; वे सोचकर हम वीरों को अवश्य ही लज्जा अनुभव होती है। हमारी ज़रा असावधानी के कारण ही वह अनाकुल हो यहाँ से बचकर चला गया। उस समय हममें से किसी को इसकी सूचना मिली होती तो वह जिन्दा नहीं जा पाता था।" यह कहते हुए उन्होंने दशानन से प्रतिज्ञापूर्वक कहा कि अगर इस बार हममें से किसी एक को आज्ञा देकर आप भेज देंगे—५० —तो संसार में न कोई मनुष्य जाति शेष रह पाएगी, न वानर जाति ही। आज इसे (राम के आगमन को) विचार का विषय बनाकर परामर्श के लिए लोगों की सभा बुलाना ही हमारे लिए उपहास की बात है। हे संसार के स्वामी! आप यह मन में याद रखिये।" राक्षसश्रेष्ठों का यह उपदेश सुनकर दशानन के मन का ताप ज़रा शान्त हुआ। ५४

रावण-कुम्भकर्ण सम्वाद

इस समय कुम्भकर्ण ने निद्रा से जागकर अपने अग्रज (रावण) के पास आकर प्रणाम किया। (ठीक समय पर आने से) प्रसन्न हो रावण ने उसे बार-बार आश्लेष किया तथा आसन पर बिठा दिया। दशास्य

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

केळ्प्पिच्चनन्तरं उळ्त्तारिलुण्टाय भीतियोटुमवन् नक्तञ्च-राधीश्वरनोटु चॊल्लिनान्—जीविच्चु भूमियिल् वाळ्कॆन्नतिल् मम देवत्वमाशु किट्टुन्नतु नल्लतुं; इप्पोळ् भवान् चॆय्त कर्म्मङ्ङ-ळॊक्कॆयुं त्वल् प्राणहानिक्कु तन्नॆ धरिक्क नी। रामन् भवानॆ क्षणं कण्टु किट्टुकिल् भूमियिल् वाळ्वानयय्क्कयिल्लॆन्नुमे। जीविच्चिरिक्कयिलाग्रहमुण्टॆङ्किल् सेविच्चु कॊळ्ळुक रामनॆ नित्यमाय्। रामन् मनुष्यनल्लेक स्वरूपनां श्रीमान् महाविष्णु नारायणन् परन्; सीतयाकुन्नतु लक्ष्मी भगवति जातयायाळ् तव नाशं वरुत्तुवान्। १० मोहेन नाद भेदं केट्टु चॆन्नुटन् देहनाशं मृगङ्ङळ्क्कु वरुन्नितु, मीनङ्ङळॆल्लां रसत्तिङ्कल् मोहिच्चु ताने बळिशं विळुङ्ङि मरिक्कुन्नु, अग्नियॆक्कण्टु मोहिच्चु शलभङ्ङळ् मग्नमाय् मृत्यु भविक्कुन्नितव्वण्णं। जानकियॆक्कण्टु मोहिक्क कारणं प्राणविनाशं भवानुमकप्पॆटुं। नल्लतल्लेतु मॆनिक्किततॆन्नुळ्ळतुमुळ्ळिलरिञ्ञिरिक्कुन्नतॆन्नाकिलुं चॆल्लुमतिङ्कल् मनस्सतिन् कारणं चॊल्लुवन् मुन्नं कळिञ्ञ

ने पूरा समाचार अपने छोटे भाई को प्रीतिपूर्वक कह सुनाया। (रावण का कथन सुनकर मन ही मन भयभीत) कुम्भकर्ण ने राक्षसराज से कहा—"इस प्रकार सोते हुए भूमि में जीवन बिताने की अपेक्षा (मृत्यु पाकर) देवत्व को प्राप्त करना मेरे लिए अधिक प्रिय लगता है। (उसके लिए तैयार हो मैं अभी निकलूँगा।) किन्तु मुझे लगता है कि आपने अब तक जो कुछ कार्य किये, वे सब के सब आपकी प्राण-हानि के कारण बन जाएँगे। भूमि पर अगर आप क्षणभर के लिए भी दिखाई पड़ें तो राम आपको यहाँ रहते नहीं छोड़ेंगे। अगर आपकी जीवित रहने की इच्छा है तो आप निरन्तर राम-पादों की सेवा कीजिए। राम को आप मनुष्य समझने की भूल न करें; वे अद्वैत-स्वरूप, परमात्मा, नारायण महाविष्णु हैं। आपके नाश के लिए कारणभूत बन भूमि पर जन्मी लक्ष्मी भगवती ही सीता हैं। १० हिरण विविध प्रकार के नादों से मोहित हो अपना देहनाश कर बैठता है। बलिश पर बँधे चारे के मोह में पड़कर मछली अपनी दुर्गति कर बैठती है तो आग को देख भ्रमित पतंग उसमें जलकर भस्मीभूत हो जाता है। वैसे ही जानकी को देख आसक्त होने के कारण आपका विनाश भी निकट आ गया। कोई चीज़ अपने लिए उचित नहीं है, यह जानते हुए भी, जीव अपने पूर्वजन्म के संस्कारवश उसी की ओर मोहित हो जाते हैं। जीव की यह प्रवृत्ति रोकना दुस्साध्य है। इस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जन्मत्तिले वासन कॊण्टतु नीक्करुताक्कुमे शासनयालुमटङ्ङुक-यिल्लतु। विज्ञानमुळ्ळ दिव्यन्माक्कुं पोलुं मट्ज्ञानिकळ्क्को पर्येण्टतिल्लल्लो। काट्टियतॆल्लामपनयं नीयितु नाट्टिलुळ्ळोक्कुं-मापत्तिनाय् निर्णयं। ञानितिनिन्निनि रामनेयुं मट्टु वानरन्मा-रॆयुमॊक्कॆयॊटुक्कुवन्। २० जानकि तन्नॆयनुभविच्चीटु नी मानसे खेदमुण्टाकरुतेतुमे। देहत्तिनन्तरं वन्नुपों मुन्नमे मोहिच्चताहन्त ! साधिच्चु कॊळ्क नी। इन्द्रियङ्ङळ्क्कु वशनां पुरुषनु वन्नीटु-मापत्तु निर्णयमोर्त्तु काण्; इन्द्रिय निग्रहमुळ्ळ पुरुषनु वन्नु कूटुं निज सौख्यङ्ङळॊक्कवे। इन्द्रारियां कुंभकर्णोक्तिकेट्टळ-विन्द्रजित्तु परञ्ञीटिनानादराळ्—मानुषनाकिय रामनेयुं मट्टु वानरन्मारॆयुमॊक्कॆयॊटुविक ञान् आशु वरुवननुज्ञयेच्चेयि्कलॆन्ना शराधीश्वरनोटु चॊल्लीटिनान्। २७

रावण विभीषणन्मारुटॆ संभाषणम्

अन्नेरमागतनाय विभीषणन् धन्यन् निजाग्रजन्तन्नॆ वणङ्ङिनान्। तन्नरिकत्तङ्ङिरुत्तिद्दशानन् चॊन्नानवनोटु पथ्यं

प्रवृत्ति का स्वयं शमित होना भी असम्भव है। जब ज्ञानी दिव्यात्मा लोग भी इसके वशीभूत हो जाते हैं तब अज्ञानियों की बात ही क्या पूछने की है! आपने जो कुछ भी कार्य किये, सब अन्यायपूर्ण ही किये। किन्तु आपके इन कार्यों के फलस्वरूप पूरे देशवासी भी विपत्ति में फंस जाएंगे। मैं तो आज ही जाकर राम-लक्ष्मण तथा अन्य वानर सैनिकों का वध करूँगा। २० आप यहाँ बैठकर खूब जानकी का उपभोग करते रहें ! मेरी बातों पर आप क्रुद्ध न हों, शरीर नाश के पहले ही आप अपनी आसक्ति को (खूब उपभोग से) तृप्त करें। आप यह भलीभाँति समझिए कि जिसने इन्द्रियों को वशीभूत कर लिया, उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त होते हैं।" इन्द्रारि कुम्भकर्ण की यह उक्ति सुनकर तुरन्त इन्द्रजीत ने निशाचरराज रावण से कहा—"मनुष्य राम तथा अन्य वानरों का वध करके तुरन्त लौट आने की आप मुझे आज्ञा दीजिए।" २७

रावण-विभीषण सम्वाद

उस समय धन्य विभीषण ने वहाँ आकर अपने बड़े भाई को प्रणाम किया तो दशानन ने उन्हें अपने निकट बिठा दिया। विभीषण ने (रावण को) युक्ति-युक्त बातें समझायीं—"हे राक्षसेश्वर !, हे वीर !, हे दशानन !

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विभीषणन्—राक्षसाधीश्वर ! वीर ! दशानन् ! केळ्क्कणमेन्नुटे वाक्कुकळिऩ्ऩु ऩी। ऩल्लतु चॊल्लणमॆल्लावरुं तनिक्कुळ्ळवरोटु चॊल्लुळ्ळ बुधजनं; कल्याणमॆन्तु कुलत्तिनॆऩ्ऩुळ्ळतुमॆल्लावरुमॊरुमिच्चु चिन्तिक्कणं, युद्धत्तिनारुळ्ळतोर्क्क ऩी रामनोटि त्रिलोकत्तिङ्कल् नक्तञ्चराधिप ! मत्तनुत्तमन् प्रहस्तन् विकटनुं सुप्तघ्नयज्ञान्तकादिकळुं तथा कुंभकर्ण्णन् जंबुमालीप्रजंघनुं कुंभन् निकुंभनकम्पनन् कम्पनन् वम्पन् महोदरनुं महापार्श्वनुं कुंभहनुं त्रिशिरस्सतिकायनुं देवान्तकनुं नरान्तकनुं मट्टु देवारिकळ् वज्रदंष्ट्रादि वीररुं; १० यूपाक्षनुं शोणिताक्षनुं पिन्ने विरूपाक्ष धूम्राक्षनुं मकराक्षनुं इन्द्रनेस्संगरे बन्धिच्च वीरनामिन्द्रजित्तिन्नुमामल्लवनॊट्टॆटो ! ऩेरे पोरुतु जयिप्पतिन्नारुमे श्रीरामुनोटु करुतायक मानसे। श्रीरामनायतु मानुषनल्ल केळारॆऩ्ऩरिवानुमामल्लॊरुवनुं। देवेन्द्रनुमल्ल वह्नियुमल्लवन् वैवस्वतनुं निर्ऋतियुमल्लकेळ्। पाशियुमल्ल जगल् प्राणनुमल्ल वित्तेशनुमल्लवनीशाननुमल्ल, वेधावुमल्ल भुजंगाधिपनुमल्लादित्य रुद्र वसुक्कळुमल्लवन्, साक्षाल् महाविष्णु नारायणन् परन् मोक्षदन् सृष्टि स्थिति लय

आप आज मेरी बातों पर अवश्य ध्यान दें। बुद्धिमानों का अभिमत है कि अपने सगे-सम्बन्धियों को उचित परामर्श देना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। सब मिलकर सोच-विचार करके कुल के कल्याण की बातें निश्चित करें। हे नक्तंचराधीश ! आप ही ज़रा सोचें कि इस त्रिभुवन में कौन ऐसा है जो राम से युद्ध कर सके। मदमत्त प्रहस्त, विकट, सुप्तघ्न, यज्ञान्तक, कुम्भकर्ण, जम्बुमाली, प्रजघ, अकंपित, कुंभ, कंप, बड़े साहसी महोदर, महापार्श्व, कुंभह, त्रिशिरस, अतिकाय, देवान्तक, नरकान्तक, वज्रदंष्ट्र आदि राक्षस वीर—१० —यूपाक्ष, शोणिताक्ष, धूम्राक्ष, मकराक्ष तथा युद्ध में इन्द्र को बन्धित करनेवाले वीर इन्द्रजीत भी उनके (राम के) सामने टिक नहीं सकेंगे। आप मन में यह समझ लें कि कोई भी राम के सामने खड़ा होकर सीधा युद्ध करके जीत नहीं सकेगा। आप मेरी बात सुनिये कि श्रीराम कोई मनुष्य नहीं हैं। उनको समझ पाने की क्षमता निश्चय ही किसी में नहीं है। वे न तो देवेन्द्र हैं न वह्नि ही। वे न वैवस्वत (विवस्वान् अर्थात् सूर्य के पुत्र यम) हैं, न निऋति ही। वे न पाशी (वरुण) हैं न जगत्प्राण (वायु) ही; वे न वित्तेश (कुबेर) हैं न ईशानन (शिव) हैं; वे न तो ब्रह्मा हैं न भुजंगाधिप (अनन्तनाग) ही। वे परमात्मा, मोक्षप्रद नारायण साक्षात् महाविष्णु हैं जो सृष्टि स्थिति

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कारणन् । मुन्नं हिरण्याक्षनॆक्कॊल चॆय्तवन् पन्नियाय् मन्निटं पालिच्चु कॊळ्ळुवान् । पिन्नॆ नरसिंह रूपं धरिच्चिट्टु कॊन्न हिरण्यकशिपुवां वीरनॆ; २० लोकैकनायकन् वामन मूर्त्तियाय् लोकत्रयं बलियोटु वाङ्ङीटिनान् । कॊन्नानिरुपत्तॊरुनट रामनाय् मन्नवन्मारॆयसुरांशमाकयाल् । अन्नन्नसुररॆयॊक्कॆयॊटुक्कुवान् मन्निलवतरिच्चीटुं जगन्मयन् । इन्नु दशरथपुत्रनाय् वन्नितु निन्नॆ यॊटुक्कुवानॆन्नरिञ्ञीटु नी । सत्य सङ्कल्पनामीश्वरन् तन्मतं मिथ्ययाय्वन्नु कूटायॆन्नु निर्णयं । ऎङ्किलॆन्तिन्नु परयुन्न-तॆन्नॊरु शङ्कयुण्टाकिलतिन्नु चॊल्लीटुवन् । सेविप्पवर्क्कभयत्तॆक्कॊ-टुप्पॊरु देवनवन् करुणाकरन् केवलन्; भक्तप्रियन् परमन् परमेश्वरन् भुक्तियुं मुक्तियुं नल्कुं जनार्द्दनन्, आश्रित वत्सलनंबुज लोचनन् ईश्वरनिन्दिरा वल्लभन् केशवन् । भक्तियोटुं तन्तिरुवटि तम्पदं नित्यमाय् सेविच्चु कॊळ्क मटियातॆ । ३० मैथिली देवियॆक्कॊण्टक्कॊटुत्तु तत्पादांबुजत्तिल् नमस्करिच्चीटुक । कैतॊळुताशु रक्षिक्कॆन्नु चॊल्लियाल् चॆय्तपराधङ्ङळॆल्लां

संहारकारक हैं। पूर्व में हिरण्याक्ष से पृथ्वी की रक्षा करने के लिए उन्होंने वराह रूप में अवतार लिया था; फिर नृसिंह रूप धारण करके उन्होंने ही वीर हिरण्यकशिप का वध किया था। २० इन्हीं जगत के स्वामी ने बलि से त्रिलोक को प्राप्त किया था। असुरांश से युक्त होने के कारण उन्होंने परशुराम के रूप में अवतीर्ण हो इक्कीस बार क्षत्रियों का वध किया था। जब-जब संसार में आसुरी वृत्ति बढ़ती है तब-तब असुरों का निग्रह करने के लिए अवतार लेनेवाले जगन्मय भगवान ने आज आप ही को मारने के लिए पृथ्वी पर दशरथ-पुत्र के रूप में अवतार ग्रहण किया है, यह आप भली प्रकार से जान लीजिए। भगवान के संकल्प का कोई निराकरण नहीं कर सकता, निश्चय ही उनका संकल्प मिथ्या नहीं हो सकता। अगर आप यह सोचें कि विधि विहित को जब टाला नहीं जा सकता तब इस प्रकार मेरे उपदेश का क्या महत्व हो सकता है तो मैं आपके प्रबोध के लिए कहना चाहता हूँ कि करुणाकर भगवान अपने आश्रय में आनेवालों को शरण प्रदान करनेवाले हैं। परमात्मा परमेश्वर भक्तप्रिय एवं जनार्दन हैं। वे भुक्ति-मुक्ति प्रदाता हैं। कमल के समान लोचनवाले, इन्दिरावल्लभ (लक्ष्मीपति) केशव आश्रित-वत्सल हैं। इसलिए आप निस्संकोच प्रतिदिन उन भगवान के श्रीचरणों की भक्ति के साथ वन्दना करें। ३० आप देवी मैथिली को ले जाकर दे दें और उनके चरण-कमलों पर नमस्कार करें।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

क्षमिच्चवन् तन्पदं ऩल्कीटुमेवनुं ऩम्मुटे तम्पुरानोळं कृपयिल्ल-मट़ाक्कुं। काटकं पुक्कऩेरत्तति बालकन् ताटकयेक्कोल चेय्तानोरम्पिनाल्। कौशिकन् तन्नुटे याग रक्षार्त्थमाय् नाशं सुबाहु मुख्यन्माक्कुं ऩल्किनान्; तृक्कालटि वच्चु कल्लामहल्यक्कु दुष्कृतमेल्लामोटुक्कियतोक्कं ऩी। त्रैयंबकं विल्लु खण्डिच्चु सीतयां मय्यल् मिऴियाळेयुं कोण्टु पोकुम्पोळ् मार्ग्गं मद्ध्ये कुठारायुधनाकिय भार्ग्गवन् तन्नेज्जयिच्चतुमत्भुतं। पिन्ने विराध-नेक्कोन्नु कळञ्ञतुं चेन्नु खरादिकळेक्कोलचेय्ततुं उन्नतनाकिय बालियेक्कोन्नतुं मन्नवनाकिय राघवनल्लयो। ४० अर्ण्णवं चाटिक्कटन्निविटेय्वकु वन्नण्णोजनेत्रयेक्कण्टु परञ्ञुटन् वह्निक्कु लङ्कापुरत्तेस्समर्प्पिच्चु सन्नद्धनाय्पोय मारुति चेय्ततुं, ओन्नो-ऴियातेयऱिञ्ञिरिक्केत्तव ऩन्नु ऩन्नाहन्त! तोन्नुन्नतिङ्ङने। ऩन्नल्ल सज्जनत्तोटु वैरं वृथा तन्वंगि तन्नेक्कोटुक्क मटियाते; नष्ट मतिकळायीटुममात्यन्मारिष्टं परञ्ञु कोल्लिक्कुमतोक्कं ऩी। कालपुरं गमियातिरिक्केण्टुकिल् कालं वैकाते कोटुक्क वैदेहियें।

जो हाथ जोड़कर रक्षा करने के लिए प्रार्थना करता है, उसके समस्त अपराधों को क्षमा करके वे भगवान उसे अपने चरणों की सद्गति प्रदान करते हैं। इस प्रकार हमारे भगवान के समान कृपालु दूसरा कोई देवता नहीं है। बाल्यकाल में वन में जाते हुए उन्होंने ताड़का को एक ही बाण से मार डाला था। कौशिक (विश्वामित्र) के यज्ञ की रक्षा करने के लिए (उन्होंने) सुबाहु जैसे बलवानों का निग्रह कर डाला। पत्थर बन पड़ी अहल्या को चरण-स्पर्श से सारे दुष्कृतों से विमुक्त कर दिया, यह आप स्मरण रखिए। त्र्यंबक धनुष को तोड़कर मृगाक्षी सीता को (वरणकर) ले जाते समय मार्ग में कुठारायुधधारी भार्गव को विस्मयपूर्वक (उन्होंने) जीत लिया। फिर विराध तथा खरादि का वध करनेवाले और अतीव पराक्रमी बालि को मारनेवाले ये ही महाराज राघव ही तो हैं। ४० अर्णव को लाँघ यहाँ आ अर्णोजनेत्रा (कमललोचना सीता) का दर्शन कर तथा (उन्हें) सन्देश सुनाकर और लंकापुरी को वह्नि के सुपुर्द कर सकुशल वापस गये मारुति के सारे कृत्य देख बैठे आपके मन में ऐसे दुर्विचार क्यों उत्पन्न हो रहे हैं, यही विस्मय की बात है! सज्जन लोगों से व्यर्थ शत्रुता मोल लेना अनुचित है, इसलिए (आप) तन्वंगी (सीता) को वापस कर दीजिए। आप यह स्पष्ट जान लीजिए कि दुर्बुद्धिवाले अमात्य लोग प्रिय-वचन सुना-सुनाकर (आपको) मरवा डालेंगे। अगर यमपुरी जाने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दुर्बलनायुळ्ळवन् प्रबलन् तन्नोटुळ्ळ्पूविळ् मत्सरं वच्चु तुटङ्ङियाल्
पिल्पाटु नाटुं नगरवुं सेनयुं तल्प्राणनुं नशिच्चीटुमरक्षणाल् ।
इष्टं पऱयुन्न बन्धुक्कळारुमे कष्टकालत्तिङ्कलिल्लेन्नु निर्णयं ।
तन्नुटे दुर्नयं कोण्टु वरुन्नतिनिन्नुनामाळल्ल पोकेन्नु वेरपेट्टु ५०
चेन्नु सेविक्कुं प्रबलने बन्धुक्कळन्नेरमोर्त्ताल् फलमिल्ल मन्नव !
रामशरमेट्टु मृत्यु वरुन्नेरमामयमुळ्ळिलेनिक्कुण्टतु कोण्टु
नेरे पऱञ्ञु तरुन्नतु ञानिनित्तारार् मकळेक्कोटुक्क वैकीटाते ।
युद्धमेट्टुळ्ळ पटयुं नशिच्चुटनर्थवुमेल्लामोटुङ्ङियाल् मानसे
मानिनियेक्कोटुक्कामेन्नु तोन्नियाल् स्थानवुमिल्ल कोटुप्पतिनोर्क्क
नी । मुम्पिलेयुळ्ळिल् विचारिच्चु कोळ्ळणं वन्पनोटेट्टाल् वरुं
फलमेवनुं । श्रीरामनोटु कलहं तुटङ्ङियालारुं शरणमिल्लेन्न-
तऱियणं । पङ्कजनेत्रनेस्सेविच्चु वाळुन्नु शङ्करनादिकळेन्नतुमोर्क्क
नी । राक्षसराज ! जयिक्क जयिक्क नी साक्षाल् महेश्वरनोटु
पिणङ्ङोला । कोण्टल्नेर्वर्ण्णनु जानकी देवियेक्कोण्टक्कोटुत्तु
सुखिच्चु वसिक्क नी । ६० संशयमेन्नियेे नल्कुक देवियेे वंशं

से बचना है तो अविलम्ब वैदेही को ले जाकर राम को समर्पित कर दें। अगर दुर्बल व्यक्ति मन ही मन प्रबल व्यक्ति के प्रति स्पर्धा रखे तो (दुर्बल के) देश, नगर, सेना तथा उसके प्राण ही क्षणभर में नष्ट हो जाएँगे। यह निश्चित समझ लीजिए कि प्रिय वचन कहनेवाला कोई भी सम्बन्धी विपत्ति के दिनों में साथ नहीं देगा। अपने दुर्व्यवहार से आपके प्राणों के नष्ट होने पर—५० —सेवा करने योग्य प्रबल का उस समय बन्धुओं द्वारा स्मरण किये जाने से, हे महाराज ! कुछ लाभ नहीं होगा। राम के बाण लगकर (आपके) मरने से मुझे मन में बड़ा दुःख होगा, इसलिए मैं आपको सीधा उपदेश दे रहा हूँ कि आप सीता को तुरन्त वापस दे दीजिए। युद्ध में सारी सेना तथा धन का नाश हो जाने पर, आप भले ही मन में सीता को वापस करने का विचार करें, तब उन्हें वापस करने का अवसर और स्थान नहीं मिलेगा। यह बात आप ध्यान में रखिए। आप पहले ही यह समझ लीजिए कि बलशाली से वैर मोल लेने का सबको (बुरा) फल मिलेगा। यह जान लीजिए कि श्रीराम से टक्कर लेने पर शरण देनेवाला कोई नहीं होगा। आप यह स्मरण रखिए कि शिव आदि (देवता) भी कमललोचन (राम) की सेवा में तत्पर रहते हैं। हे राक्षसराज ! आपकी जय हो ! आपकी जय हो ! आप साक्षात् परमेश्वर से वैर न मोल लीजिएगा। घनश्याम राम के पास देवी जानकी को समर्पित करके आप

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मुटिच्चु कळयाय्क वेणमे। इत्थं विभीषणन् पिन्नेयुं पिन्नेयुं पथ्यमायुळ्ळतु चौन्नतु केट्टौरु नक्तञ्चराधिपनाय दशास्यनुं क्रुद्धनाय् सोदरनोटु चौल्लीटिनान्—शत्रुक्कळल्ल शत्रुक्कळाकुन्नतु मित्रभावत्तोटरिके मरुविन शत्रुक्कळ् शत्रुक्कळाकुन्नतेवनुं मृत्युवरुत्तुमवरेन्नु निर्णयं। इत्तरमैन्नोटु चौल्लुकिलाशु नी वध्यनामैन्नालतिनिल्ल संशयं। रात्रिञ्चराधिपनित्तरं चौन्नळ वोर्त्तान् विभीषणन् भागवतोत्तमन्—मृत्यु वशगतनाय पुरुषनु सिद्धौषधङ्ङळुमेल्कयिल्लेतुमे। पोरुमिवनोटिनि ञान् परञ्ञतु पौरुषं कौण्टु नीक्कामो विधिमतं? श्रीरामदेव पादांभोजमैन्नि-मट्टारुं शरणमैनिक्किल्ल केवलं। ७० चैन्नु तृक्काल्क्कल् वीणन्तिके सन्ततं निन्नु सेविच्चु कौळ्वन् जन्ममुळ्ळनाळ्। सत्वरं नालमात्यन्मारुमायवनित्थं निरूपिच्चुरच्चु पुरप्पेट्टु, दारधनालय मित्र भृत्यौघवुं दूरेप्परित्यज्य राम पादांबुजं मानसत्तिङ्कलुरप्पिच्चु तुष्टनाय्वीणु वणङ्ङिनानग्रजन् तन्पदं। कोपिच्चु रावणन् चौल्लिनानन्नेरमापत्तैनिक्कु वरुत्तुन्नतुं भवान्, रामनेच्चैन्नु सेविच्चु कौण्टालुमौरामयमिङ्ङतिनिल्लेन्नु निर्णयं।

चैन से, सुख-पूर्वक रहिए। ६० आप देवी (सीता) को निस्संकोच वापस करके वंश को नष्ट होने से बचा दीजिए। इस प्रकार विभीषण को बार-बार उचित उपदेश देते सुनकर क्रुद्ध दशानन ने अपने भाई से कहा—"वास्तव में वे (हमारे) शत्रु नहीं जो शत्रु दिखते हैं, किन्तु मित्रभाव से निकट रहनेवाले शत्रु ही वास्तव में शत्रु हैं और निश्चय ही वे हमारी मृत्यु के कारण बनेंगे। अब आगे ऐसी बात तुम्हारे मुँह से निकली तो निस्सन्देह मैं तुम्हारी हत्या कर दूंगा।" रात्रिचराधिप (रावण) के इस प्रकार कहने पर भागवतोत्तम विभीषण ने सोचा कि मृत्यु के वशगत पुरुष पर कोई दिव्यौषध भी अपना प्रभाव नहीं डाल सकता। इनको अब उपदेश देने से मुझे बाज आना चाहिए; विधिविहित को पौरुष से कौन मिटा सकता है? अब श्रीरामचन्द्र के चरण-कमलों को छोड़ मेरे लिए अन्य कोई शरण नहीं है। ७० अब सीधे राम के निकट जाऊँगा और आजीवन उनके चरणों की सेवा करता रहूँगा। फिर तुरन्त ही चार अमात्यों से विचार करके निश्चयपूर्वक वे चल पड़े। पत्नी, धन, घर, मित्र, भृत्य-समूह सबको त्यागकर तथा राम के चरण-कमलों को मन में बसाये वे अपने अग्रज (रावण) के चरणों पर गिर पड़े। तब क्रोध से रावण ने कहा—"मुझे तुम ही विपत्ति में फँसाते हो। तुम जाकर राम की सेवा करो,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोकाय्किलो मम चन्द्रहासत्तिनित्तेकान्त भोजनमाय्वरुं नीयेंटो ! ॲन्नतु केट्टु विभीषणन् चॊल्लिनानेन्नुटे तातनु तुल्यनल्लो भवान् । तावकमाय नियोगमनुष्ठिप्पनावतेल्लामतु सौख्यमल्लो मम, सङ्कटं ञान् मूल मुण्टाकरुतेतुमेङ्किलो ञानिता वेगेन पोकुन्नु । ८० पुत्रमित्रार्त्थ कळत्रादिकळोटुमत्र सुखिच्चु सुचिरं वसिक्क नी । मूल विनाशं निनक्कु वरुत्तुवान् कालन् दशरथ मन्दिरे रामनाय् जातनायान् जनकालये कालियुं सीताभिधानेन जातयायीटिनाळ् । भूमिभारं कळञ्ञीटुवानाय् मुतिर्न्नामोदमोटिङ्ङु वन्नारिरुवरुं । ॲङ्ङने पिन्ने ञान् चॊन्न हितोक्तिकळङ्ङु भवानुळ्ळिलेल्क्कुन्नितु प्रभो ! रावणन् तन्ने वधिप्पानवनियिल् देवन् विधातावपेक्षिच्च कारणं वन्नु पिरन्नितु रामनाय् निर्णयं पिन्नेयतिन्नन्यथात्वं भविक्कुमो ? आशरवंश विनाशं वरुं मुम्पे दाशरथियेश्शरणं गतोस्मि ञान् । ८८

विभीषणन्टे शरण प्राप्ति

रावणन् तन् नियोगेन विभीषणन् देवदेवेश पादाब्ज सेवार्त्थमाय् शोकं विना नालमात्यरुमायुटनाकाश मार्ग्गे

मुझे निश्चय ही उससे कुछ दुःख होने का नहीं है। यहाँ से तुरन्त न निकल पड़ने पर तुम मेरे चन्द्रहास का मात्र भोजन बन जाओगे।" यह सुनकर विभीषण ने कहा—"आप मेरे पितृतुल्य हैं; आपकी आज्ञा का यथाशक्ति पालन करूँगा। आपकी (इस) आज्ञा का पालन करना ही मेरे लिए सुखकारक है। आपको मेरे वियोग से दुःख होने न पाये, मैं अभी यहाँ से जा रहा हूँ। ८० आप पुत्र-मित्र, धन-सम्पत्ति, कलत्र आदि के साथ यहाँ सुखपूर्वक रहें। आपका समूल नाश करने के लिए यमराज ही दशरथ के मन्दिर में राम के रूप में जन्मे हैं और काली ही जनकालय में सीता के नाम से पैदा हुई है। भूमि-भार दूर करने के लिए दोनों सन्नद्ध हो यहाँ आये हुए हैं। ऐसी हालत में मेरे कहे हुए हितवचन आपको कैसे अच्छे लगेंगे ? रावण का वध करने के निमित्त ही विधाता की प्रार्थना पर भगवान राम के रूप में पृथ्वी पर अवतीर्ण हुए हैं। ऐसी हालत में देव-संकल्प का विपर्यय कैसे होगा ? राक्षसवंश के विनाश के पहले ही मैं दाशरथी (राम) की शरण में जा रहा हूँ।" ८८

विभीषण की शरण-प्राप्ति

रावण की आज्ञा मानकर देवदेवेश (राम) के पादाब्ज (चरण-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गमिच्चानति द्रुतं। श्रीराम देवनिरुन्नरुळुन्नतिन् नेरे मुकळिल् निन्नुच्चैस्तरमवन् व्यक्त वर्ण्णेन चौल्लीटिनानेवयुं भक्ति विनय विशुद्धमति स्फुटं—राम! रमारमण! त्रिलोकीपते! स्वामिन् जय जय नाथ! जय जय। राजीवनेत्र मुकुन्द! जय जय राजशिखामणे! सीतापते! जय। रावणन् तन्नुटे सोदरन् ञान् तव सेवार्त्थमाय् विटकौण्टेन् दयानिधे! आम्नाय मूर्त्ते! रघुपते! श्रीपते! नाम्ना विभीषणन् त्वद् भक्त सेवकन्। देवियेक्कट्टतनुचितं नीयेन्नु रावणनोटु ञान् नल्लतु चौल्लियेन्। देवियै श्रीरामनाय्क्कौण्टु नल्कुकेन्नावोळमेटं परञ्ञेन् पलतरं। १० विज्ञान मार्ग्गमेल्लामुपदेशिच्चतज्ञानियाकयाले-ट्टतिल्लेतुमे। पथ्यमायुळ्ळतु चौल्लियतेट्टमपथ्यमाय् वन्नितवन्नु विधिवशाल्। वाळुमायेन्ने वधिप्पानटुत्तितु काळभुजंग वेगेन लङ्केश्वरन्। मृत्यु भयत्तालटियनुमेवयुं चित्ताकुलतया पाञ्ञु पाञ्ञिङ्ङिह नालमात्यन्मारुमाय् विट कौण्टेनौरालंबनं

कमल) की सेवा करने के उद्देश्य से विभीषण अपने चार अमात्यों सहित तुरन्त ही अपना सारा दुःख त्याग कर जल्दी-जल्दी आकाश-मार्ग से (राम की ओर) चल पड़े। श्रीराम जी के बैठने के स्थान के सीधे ऊपर आकर उन्होंने अतीव भक्ति, नम्रता एवं विशुद्ध भाव से प्रेरित हो उच्च एवं स्पष्ट शब्दों में प्रार्थना की—"हे राम!, हे रमारमण! हे त्रिलोकपति! हे स्वामी! (आपकी) जय हो!, जय हो! हे नाथ! जय हो!, जय हो! हे राजीव नेत्र! हे मुकुन्द! (आपकी) जय हो, जय हो! हे राजाओं के सिरमौर! हे सीतापते! आपकी जय हो! हे दयानिधि! रावण का भ्राता मैं आपकी सेवा करने के लिए आगत हूँ। हे आम्नाय-मूर्त्ति (देवस्वरूप)! हे रघुपति! हे श्रीपति! विभीषण के नाम से अभिहित मैं आपका दास हूँ। मैंने रावण को बताया था कि सीता को चुरा ले आकर तुमने अनुचित कार्य किया है। मैंने कई बार उन्हें समझाया कि देवी को ले जाकर श्रीराम जी के चरणों पर अर्पित कर दो। १० (मैंने) कई प्रकार से ज्ञानोपदेश दिये, किन्तु अज्ञानी (रावण) पर उनका कुछ असर नहीं पड़ा। विधिवश् मेरे कहे सारे उचित वचन उनके लिए अनुचित लगे। (मेरे उपदेश सुनकर) लंकेश रावण काल-भुजंग के समान (फूत्कार करता हुआ) खड्ग लेकर मुझे मारने दौड़ पड़ा। मृत्यु-भय से पीड़ित हो यह दास चार अमात्यों के साथ भागता हुआ यहाँ (आप की शरण में) आ पहुँचा हूँ। मेरे लिए दूसरी शरण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मट्टेनिक्किल्ल दैवमे ! जन्म मरण मोक्षात्थं भवच्चरणांबुजं मे शरणं करुणांबुधे । इत्थं विभीषण वाक्यङ्ङळ् केट्टळवुत्थाय सुग्रीवनुं परञ्ञीटिनान्—विश्वेश ! राक्षसन् मायावियेन्नयुं विश्वासयोग्यनल्लेन्नु निर्ण्णयं । पिन्ने विशेषिच्चु रावण राक्षसन् तन्नुटे सोदरन् विक्रममुळ्ळवन् आयुध पाणियाय् वन्नारमात्यरुं माया विशारदन्मारेन्नु निर्ण्णयं । २० छिद्रं कुरञ्ञोन्नु काण्किलुं नम्मुटे निद्रयिलेङ्किलुं निग्रहिच्चीटुमे । चिन्तिच्चुटन् नियोगिक्क कपिकळे हन्तव्यनिन्निवनिल्लोरु संशयं । शत्रु पक्षत्तिङ्कलुळ्ळ जनङ्ङळे मित्रमेन्नोर्त्तुटन् विश्वसिक्कुन्नतिल् शत्रुक्कळेत्तन्ने विश्वसिच्चीटुन्नतुत्तममाकुन्नतेन्नतोक्केणमे । चिन्तिच्चु कण्टिनि निन्तिरुवुळ्ळत्तिलेन्तोन्नभिमतमेन्नरुळ् चेय्यणं । मट्टुळ्ळ वानर वीररुं चिन्तिच्चु कुट्टं वरायवान् परञ्ञार् पलतरं । अन्नेर-मुत्थाय वन्दिच्चु मारुति चोन्नान् विभीषणनुत्तमनेन्नयुं । वन्नु शरणं गमिच्चवन् तन्ने नां नन्नु रक्षिक्केन्नतेन्नेन्नुटे मतं । नक्तञ्चरान्वयत्तिङ्कल् जनिच्चवर् शत्रुक्कळेवरुमेन्नु वन्नीटुमो ? नल्लवरुण्टामवरिलुमेन्नुळ्ळ तेल्लावरुं निरूपिच्चु कोळ्ळेणमे । ३०

कहीं नहीं है । हे करुणानिधि ! मेरे लिए जन्म-मरण से मुक्ति प्राप्त करने के लिए आपके चरण-सरोजों का ही अवलंब है ।" इस प्रकार के विभीषण के वचन सुनकर सुग्रीव ने उठकर (आवेश से) कहा —"हे विश्वेश ! राक्षस लोग मायावी होते हैं, वे विश्वास करने योग्य कभी नहीं होते । विशेष कर राक्षस रावण का भ्राता महा पराक्रमी है और वह हथियारबन्द अमात्यों सहित आया हुआ है । इन्हें माया-विशारद जान लीजिए । २० छल रहित दिखाई दें तो भी ये निन्द्र में ही सही, हमारी हत्या कर डालेंगे । विचार करके कपियों को भेजिए । ये निश्चय ही वध्य हैं । शत्रुपक्ष के लोगों पर मित्र समझकर विश्वास करने की अपेक्षा शत्रु पर ही विश्वास कर बैठना उत्तम है, यह समझ लें । अब आप मन में विचार करके जो उचित है, बता दें ।" दूसरे वानरों ने भी सोच-विचार करके कई प्रकार की बातें बतायीं । तब उठकर (राम की) वंदना करते हुए मारुति ने कहा —"विभीषण उत्तम व्यक्ति हैं । मेरा मत है कि हमारी शरण में आये व्यक्ति की हम रक्षा करें । क्या जरूरी है कि राक्षस वंश में जन्मे सभी शत्रु होंगे ? सब को यह समझ लेना चाहिए कि उनमें भी सज्जन निकलेंगे । ३० आदमी जाति या नाम से अच्छे-बुरे नहीं होते । विद्वानों का स्पष्ट मत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जाति नामादिकळ्क्कल्ल गुणगण भेदमॆन्नत्रे बुधन्मारुटॆ मतं
शाश्वतमायुळ्ळ धर्म्मं नृपतिकळ्क्काश्रित रक्षणमॆन्नु शास्त्रोक्तियुं ।
इत्थं पलरुं पलविधं चॊन्नव चित्ते धरिच्चरुळ् चॆय्तु रघुपति—
मारुति चॊन्नतुपपन्नमॆत्रयुं वीरा ! विभाकरपुत्र ! वरिकॆटो !
ञान् पऱयुन्नतु केळ्प्पिनॆल्लावरुं जांबवदादि नीतिज्ञवरन्मारे !
उर्वीशनायालवनाश्रितन्मारॆस्सर्वशो रक्षेच्छुनश्श्वपचानपि ।
रक्षियाञ्ञालवन् ब्रह्महा केवलं रक्षितावश्वमेधं चॆय्त पुण्यवान् ।
ऎन्नु चॊल्लुन्नितु वेदशास्त्रङ्ङळिल् पुण्य-पापङ्ङळऱियरुतेतुमे ।
मुन्नमॊरु कपोतं निज पेटयोटॊन्निच्चॊरु वनं तन्निल् मेवीटिनान्
उन्नतमानॊरु पादपाग्रे तदा चॆन्नॊरु काट्टाळनॆय्तु कॊन्नीटिनान् । ४०
तन्नुटॆ पक्षिणियॆस्सुरतान्तरे वन्नॊरु दुःखं पॊऱाञ्ञु करञ्ञवन्,
तन्नॆ मऱन्निरुन्नीटुं दशान्तरे वन्नितु काट्टुं मळयुं दिनेशनुं
चॆन्नु चरमाब्धि तन्निल् मऱञ्ञतु खिन्ननाय् वन्नु विशन्नु
किराततनुं । तानिरिक्कुन्न वृक्षत्तिन्मुरटतिल् दीनतयोटु
निल्क्कुन्न काट्टाळनॆ कण्टु करुण कलर्न्नु कपोतवुं कॊण्टुवन्नाशु

है कि (मनुष्य) गुण-गणों से (अच्छे-बुरे) भिन्न होते हैं। इसके अतिरिक्त शास्त्रोक्ति है कि शरण में आये की रक्षा करना नृपति (राजा) का शाश्वत धर्म है।" इस प्रकार कई लोगों के द्वारा कहे गये वचनों पर ध्यान देते हुए राम ने कहा —"हे वीर ! हे विभाकर-पुत्र (सुग्रीव) ! तुम सुनो। इस बात में मारुति का मत अत्यन्त योग्य जान पड़ता है। हे जांबवान् आदि नीतिज्ञो, आप लोग मेरी बात सुन लें। चाहे आश्रित श्वान हो चाहे चण्डाल, राजा को चाहिए कि उसकी रक्षा करे। रक्षा न करने पर ब्रह्महत्या का पाप लगता है और रक्षा करने से अश्वमेधयज्ञ का सा पुण्य प्राप्त होता है। यही वेदों-शास्त्रों की उक्ति है। ऐसी अवस्था में (आश्रित का) पुण्य-पाप देखा नहीं जाता है। (एक कथा सुनाऊंगा) पहले एक कपोत अपनी कपोती के साथ एक वन में एक ऊंचे वृक्ष पर बैठा हुआ था। एक चण्डाल ने बाण से मारा— ४० उस कपोती को, जो (अपने कपोत के साथ) क्रीड़ारत थी। उससे दुखी एवं शोकातुर हो जब कपोत अपने को विस्मृत किये बैठा था तब आंधी और पानी आया। दिनेश (सूर्य) सागर में जा अस्त हो चुका था। किरात भूख से परेशान हो उठा। वृक्ष के तले दीनता से खड़े किरात को देख करुणार्द्र कपोत ने उसे आग लाकर दी। (किरात ने) अपने हाथ में पड़ी कपोती को आग में भूनकर खा लिया। तिस पर भी भूख

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कॊट्टुत्तितु वह्नियुं । तन्नुटॆ कैय्यिलिरुन्न कपोतियॆ वह्नियिलिट्टु चुट्टाशु तिन्नीटिनान् । ऎन्नतु कॊण्टुं विशप्पटङ्ङीटाञ्ञु पिन्नेयुं पीडिच्चिचरिक्कुं किरातनु तन्नुटॆ देहवुं नल्किनानन्पोटु वह्नियिल् वीणु किराताशनार्थमाय् । अत्रपोलुं वेणमाश्रित रक्षणं मर्त्यनॆन्नालो पऱयेण्टतिल्लल्लो । ऎन्नॆशरणमॆन्नोर्त्तिङ्ङु वन्नवनॆन्नुमभयं कॊटुक्कुमतेयुळ्ळु; ५० पिन्नॆ विशेषिच्चुमॊन्नु केट्टीटुविनॆन्नॆच्चतिप्पतिन्नारुमिल्लॆङ्ङुमे । लोकपालन्मारॆयुं मट्टु काणाय लोकङ्ङळेयुं निमिषमात्रं कॊण्टु सृष्टिच्चु रक्षिच्चु संहरिच्चीटुवानॊट्टुमे दण्डमॊनिक्किल्ल निश्चयं । पिन्नॆ ञानारॆब्भयप्पॆटुन्नू मुदा वन्नीटुवान् चॊल्लवनॆ मटियातॆ । व्यग्रियायक्केतु मितु चॊल्लि मानसे सुग्रीव ! नी चॆन्नवनॆ वरुत्तुक । ऎन्नॆशरणं गमिक्कुन्नवर्क्कु ञानॆन्नुमभयं कॊटुक्कुमतिद्रुतं । पिन्नेयवर्क्कॊरु संसार दुःखवुं वन्नु कूटा नूनमॆन्नमऱिक नी । श्रीराम वाक्यामृतं केट्टु वानर वीरन् विभीषणन् तन्नॆ वरुत्तिनान् । श्रीराम पादान्तिके वीणु साष्टांगमारूढ मोदं नमस्करिच्चीटिनान् । रामं विशालाक्षमिन्दीवर दळ श्यामळं कोमळं बाण धनुर्द्धरं; ६०

से पीड़ित हो खिन्न बैठे किरात को देखकर (करुणावश) कपोत स्वयं आग में कूद पड़ा और (उसने) अपना शरीर भी किरात को भोजनार्थ दे दिया। शरणार्थी के प्रति ऐसा भाव होना चाहिए। फिर मनुष्य का (आश्रय-रक्षण !) क्या कहना है ! मेरी शरण में आने वाले को सदा शरण मिलनी चाहिए, यही मेरा मत है। ५० —फिर विशेषकर आप सुनें, मुझे छलने की सामर्थ्य कहीं किसी में नहीं है। लोकपालों, तथा दृश्यमान लोकों की क्षण भर में सृष्टि, पालन तथा संहार करने में मुझे विशेष श्रम नहीं करना पड़ता। निश्चय ही क्षण भर में ये कार्य सम्पन्न होते हैं। फिर मैं किससे डरूँ ? आप निस्संकोच उन्हें अन्दर बुला लाइये। हे सुग्रीव ! तुम इस बात पर चिन्ता त्याग दो। तुम जाकर उन्हें लिवा लाओ। जो मेरी शरण में आता है मैं सदा उसे तुरन्त आश्रय देता हूँ। फिर उसे किसी प्रकार का सांसारिक दुख नहीं होना चाहिए। यह भी तुम समझ लो।" श्रीराम जी के अमृतोपम वचन सुनकर वानर-वीर (सुग्रीव) विभीषण को बुला लाये। श्रीराम जी के चरणों पर गिर पड़कर साष्टांग प्रणाम करते हुए विभीषण ने वंदना की —"इन्दीवर के दल के समान विशाल नेत्र वाले, श्यामल कोमल, धनुष-बाणधारी हे राम ! —६० —आपका मुख-कमल सोमबिंब के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सोम बिंबाभ प्रसन्न मुखांबुजं कामदं कामोपमं कमलावरं;
कान्तं करुणाकरं कमलेक्षणं शान्तं शरण्यं वरेण्यं वरप्रदं;
लक्ष्मण संयुतं सुग्रीव मारुति मुख्य कपिकुल सेवितं राघवं।
कण्टु कूप्पित्तोंळुतेटं विनीतनायुण्टाय सन्तोषमोटुं विभीषणन्
भक्त प्रियनाय लोकैकनाथनें भक्ति परवशनाय् स्तुतिच्चीटिनान्—
श्रीराम ! राक्षसवंश विनाशन ! श्रीराम पदांबुजं नमस्ते सदा;
चण्डांशु गोत्रोत्भवाय नमोनमः चण्ड कोदण्ड धराय नमोनमः।
पण्डित हृल् पुण्डरीक चण्डांशवे खण्ड परशुप्रियाय नमोनमः।
रामाय सुग्रीव मित्राय कान्ताय रामाय नित्यमनन्ताय शान्ताय
रामाय वेदान्तवेद्याय लोकाभिरामाय रामभद्राय नमोनमः। ७०
विश्वोत्भवस्थिति संहार हेतवे विश्वाय विश्वरूपाय नमोनमः।
नित्यमनादि गृहस्थाय ते नमो नित्याय सत्याय शुद्धाय ते नमः।
भक्त प्रियाय भगवते रामाय मुक्ति प्रदाय मुकुन्दाय ते नमः।
विश्वेशनां न्निन्तिरुवटि तानल्लो विश्वोत्भव स्थिति संहार कारणन्।

समान आभा वाला है एवं प्रकाशमय है। आप कामनाओं की पूर्ति करने वाले, कामदेव के समान (कांतिमय) हैं और लक्ष्मी देवी के पति हैं। (आप) द्युतिमय, करुणाकर, कमल-लोचन, शान्त, शरण देने वाले, सबके लिए वरेण्य एवं वरप्रदायक हैं। लक्ष्मण-सहित राम, जो सुग्रीव तथा मारुति जैसे कपि कुल से सेवित हैं, को देख, हाथ जोड़, प्रसन्नमुद्रा में उठकर बिभीषण ने भक्ति-परवश हो भक्तप्रिय त्रिलोकनाथ (राम) की स्तुति की —"हे श्रीराम !, हे राक्षसवंश के विनाशक ! हे श्रीराम ! मैं सदा आपके चरण-सरोजों को नमस्कार करता हूँ। हे सूर्यवंशसंभूत ! (आपको) नमस्कार है, नमस्कार है। हे उग्र कोदंड धनुष को धारण करने वाले ! (आपको) नमस्कार है, नमस्कार है। ज्ञानियों के हृदय-कमल के लिए सूर्य-स्वरूप तथा शिव के प्रिय हे राम ! (आपको) नमस्कार है, नमस्कार है। सुग्रीव मित्र राम को, मनोहर राम को, अनन्त, शान्त एवं नित्यस्वरूप राम को, वेदान्त-वेद्य राम को, लोकाभिराम रामभद्र को मेरा प्रणाम है, मेरा प्रणाम है। ७० विश्व के उद्भव, स्थिति तथा संहार के लिए कारण-स्वरूप तथा स्वयं विश्वरूप (भगवान को) मेरा नमस्कार है, नमस्कार है। नित्य अनादि, गृहस्थ हे राम ! (आपको) प्रणाम है। नित्यस्वरूप, सत्यस्वरूप एवं शुद्ध आपको मैं प्रणाम करता हूँ। हे विश्वेश्वर ! आप ही तो विश्व के उद्भव, स्थिति एवं संहार के कारण हैं। आप ही चर एवं अचर के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सन्ततं जंगमाजंगम भूतङ्ङळन्तर् बहिर्व्याप्तनाकुन्नतुं भवान् ।
निन्महामायया मूटिक्किटक्कुमा निर्म्मलमां परब्रह्ममज्ञानिनां;
तन्मूलमायुळ्ळ पुण्यपापङ्ङळाल् जन्म मरणङ्ङळुण्टाय् वरुन्नतुं ।
अत्र ञाळेय्क्कु जगत्तोक्कवे बलाल् सत्यमाय्त्तोन्नुमतिनिल्ल संशयं ।
अत्र ञाळेय्क्करियातेयिरिक्कुन्नितद्वयमां परब्रह्मं सनातनं
पुत्र दारादि विषयङ्ङळिलति सक्ति कलर्न्नु रमिक्कुन्नितन्वहं ।८०
आत्मावि नेयरियाय्कयाल् निर्ण्णयमात्मनि काणेणमात्मानमात्मना
दुःखप्रदं विषयेन्द्रिय संयोगमोक्कॆयुमोर्त्तालोटुक्कमनात्मना ।
आदि काले सुखमॆन्नु तोन्निक्कुमतेतुं विवेकमिल्लातवर् मानसे ।
इन्द्राग्नि धर्म्मरक्षोवरुणानिल चन्द्ररुद्राशादि पालकरॊक्कवे
चिन्तिक्किलो निन्तिरुवटि निर्ण्णयमन्तवुमादियुमिल्लात दैवमे !
कालस्वरूपनायीटुन्नतुं भवान् स्थूलङ्ङळिल् वच्चतिस्थूलनुं भवान्;
नूनमणुविङ्कल् निन्नणीयान् भवान् मानमिल्लात महत्तत्त्ववुं
भवान्; सर्व लोकानां पितावायतुं भवान् सर्वलोकेश ! मातावायतुं
भवान्; सर्वदा सर्वधातावायतुं भवान् दर्वीकरेन्द्र शयन दयानिधे!
आदि मद्ध्यान्त विहीनन् परिपूर्ण्णनाधारभूतन् प्रपञ्चत्तिनी-

अन्दर-बाहर सदा व्याप्त हैं । अज्ञानियों के लिए निर्मल परब्रह्म उन्हीं की माया से आवृत दिखाई देते हैं । जब तक यह भ्रम बना रहता है तब तक वे पाप-पुण्यों से आबद्ध हो संसार में जन्म-मृत्यु के वश में पड़ते जाते हैं तथा जगत को सत्य मानने लगते ही हैं । जब तक अद्वय एवं सनातन ब्रह्म को पहचान नहीं पाते तब तक पुत्र, पत्नी आदि विषयों में आसक्त हो भोग-विलास में डूबे रहते हैं । ८० यह सब आत्मा में आत्मा को न पहचानने का फल है । आत्मा (परमात्मा) को हृदय में ही पहचान लेना चाहिए । अज्ञानियों के लिए सारे विषयादि भोग अन्त में आकर दुखदायक लगते हैं । अविवेकी लोगों के लिए आदिकाल में ये सुखप्रद लगते हैं । हे आद्यन्तहीन भगवान ! विचार करके देखें तो इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, वायु, चन्द्र, रुद्र, ब्रह्मा, अनन्त आदि सब देवता तो आप ही हैं । आप ही तो कालस्वरूप हैं । स्थूल से स्थूल पदार्थ तो आप हैं और निश्चय ही अणु से भी सूक्ष्म जो है वह भी आप हैं । परिमाण - रहित भी आप ही हैं । हे सर्वलोकेश ! समस्त लोकों के माता-पिता आप हैं । आप ही तो सर्वभूतों के सृष्टि-कर्ता हैं । हे दयानिधि ! आप तो अनन्तनाग की शय्या पर शयन करने वाले (साक्षात् महाविष्णु) हैं । आदि, मध्य और अन्त-रहित आप

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

श्वरन् । ९० अच्युतनव्ययनव्यक्तनद्वयन् सच्चिल्पुरुषन् पुरुषोत्तमन् परन् । निश्चलन् निर्म्ममन् निष्कळन् निर्ग्गुणन् निश्चयिच्चार्क्कुमरिञ्ञु कूटातवन्; निर्विकारन् निराकारन् निरीश्वरन् निर्विकल्पन् निरुपाश्रयन् शाश्वतन्; षड्भावहीनन् प्रकृति परन् पुमान् सत्भावयुक्तन् सनातनन् सर्वगन् । माया मनुष्यन् मनोहरन् माधवन् मायाविहीनन् मधुकैटभान्तकन्; ञानिह त्वल्पाद भक्ति निःश्रेणियेस्सानन्दमाशु संप्राप्य रघुपते ! ज्ञानयोगाख्य सौधं करेर्रीटुन्नान् मानसे कामिच्चु वन्नेन् जगत्पते ! सीतापते ! राम ! कारुणिकोत्तम ! यातुधानान्तक रावणारे! हरे! पादांबुजं नमस्ते भवसागर भीतनामेन्ने रक्षिच्चु कौळ्ळेणमे । भक्ति परवशनाय् स्तुतिच्चीटिन भक्तनेक्कण्टु तेळिञ्ञु रघूत्तमन् । १०० भक्तप्रियन् परमानन्दमुळ्क्कोण्टु मुग्द्ध स्मित पूर्वमेवमरुळ् चेय्तु— इष्टमायुळ्ळ वरत्ते वरिक्क सन्तुष्टनां ञान् वरदानैक तत्परन् । ओट्टुमे तापमोरुत्तनेन्नेक्कण्टु किट्टियाल्

परिपूर्ण तथा प्रपंच के लिए आधारभूत ईश्वर हैं । ९० आप अच्युत, अव्यय, अव्यक्त, अद्वय, सत् चित् पुरुष, पुरुषोत्तम परमात्मा, निश्चल, निर्मम, निष्फल, निर्गुण और किसी भी व्यक्ति के लिए निश्चयपूर्वक अविदित हैं । आप निर्विकार, निराकार, निरीश्वर, निर्विकल्प (परिणाम-रहित), निरुपाश्रय (आलंबरहित), शाश्वत, षड्भावहीन (जन्म, मृत्यु, बाल्य, कौमार, यौवन और बार्द्धक्यरहित), प्रकृति से अनासक्त, सद्भाव-युक्त, सनातन, सवेग (सब कहीं गमन करने वाले), माया-मनुष्य, मनोहर, माधव, मायारहित, मधु एवं कैटभ के अन्तक, भक्त लोगों के लिए भक्ति-रूपी सीढ़ी के द्वारा प्राप्य हे रघुपति ! ज्ञानयोग-रूपी सौध पर चढ़ने की कामना लेकर मैं आपके निकट आया हूँ । हे जगन्नाथ !, हे सीतापति ! हे राम ! हे कारुण्यमूर्त्ति ! यातुधानान्तक (राक्षसों का अन्त करने वाले) ! हे रावणारि ! हे हरि ! आपके चरण-सरोजों पर प्रणाम करता हूँ । भवसागर से संत्रस्त मेरी रक्षा करें ।" भक्ति के वशीभूत हो स्तुति करने वाले भक्त (विभीषण) को देखकर राम प्रसन्न हो उठे । १०० भक्तों पर वात्सल्य दिखाने वाले तथा भक्तों के लिए प्रिय (राम) अत्यधिक आनन्दित हो मंदहास-पूर्वक इस प्रकार कहने लगे—"तुम मन-पसंद वर माँगो, मैं (तुम्हें) वर देने के लिए तत्पर हूँ । तुम यह जान लो कि जो कोई भी मेरा दर्शन कर पाता है, उसे फिर कोई सन्ताप नहीं रह पाता ।" राम का वचनामृत सुनकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्पिन्नेयुण्टाकयिल्लोक्कं नी। राम वाक्यामृतं केट्टु विभीषण-नामोदमुळ्क्कोण्टुणर्त्तिच्चरुळिनान्— धन्यनायेन् कृतकृत्य-नायेनहं धन्याकृते कृत कामनायेनहं। त्वल्पाद पत्मावलोकनं कोण्टु ञानिप्पोळ् विमुक्तनायेनिल्ल संशयं। मत्समनायोरु धन्यनिल्लूळियिल् मत्समनायोरु शुद्धनुमिल्लहो! मत्समनाय मट्टोरुवनुमिल्लिह त्वत्स्वरूपं मम काणाय कारणाल्। कर्म्म-बन्धङ्ङळ् नशिप्पतिनायिनि निर्म्मलमां भवल् ज्ञानवुं भक्तियुं त्वद्ध्यान सूक्ष्मवुं देहिमे राघव! चित्ते विषय सुखाश-यिल्लेतुमे। ११० त्वल्पाद पङ्कज भक्तिरे वास्तुमे नित्यमिळक्क-मोळिञ्ञु कृपानिधे! इत्थमाकर्ण्य सम्प्रीतनां राघवन् नक्त-ञ्चराधिपन् तन्नोटरुळ् चेय्तु— नित्यं विषय विरक्तराय् शान्तराय् भक्तिवळर्न्नीति शुद्ध मतिकळाय् ज्ञानिकळायुळ्ळ योगिकळ् मानसे ञानिरिप्पू मम सीतयुमाय् मुदा। आक यालेन्नेयुं ध्यानिच्चु सन्ततं वाळ्क नीयेन्नाल् निनक्कु मोक्षं वरुं; अत्रयुमल्ल निन्नाल् कृतमायोरु भक्तिकर स्तोत्रमत्यन्त शुद्धनाय् नित्यवुं चोल्कयुं केळ्क्कयुं चेय्किलुं मुक्ति वरुमतिनिल्लोरु संशयं।

सानन्द विभीषण ने (भगवान को) समझाते हुए कहा—"मैं धन्य और कृतकृत्य हुआ हूँ। मेरी कामनाएँ आज पूर्ण हुईं। आपके चरण-कमलों के दर्शन से मैं (संसार से) विमुक्त हो गया हूँ, इसमें कोई सन्देह नहीं रहा। आज इस पृथ्वी पर मेरे समान कोई धन्य नहीं, कोई परिशुद्ध नहीं है। आपका स्वरूप देख लेने का सौभाग्य पाने से आज यहाँ मेरे समान (पुण्यात्मा) कोई नहीं है। हे राम! अब कर्मबन्धन से छुटकारा पाने के लिए आपके ज्ञान, भक्ति तथा सूक्ष्म ध्यान का मुझे वरदान दीजिए। अब मेरे मन में विषय-सुख की इच्छा नहीं रह गयी। ११० हे कृपानिधि! आपके चरण-कमलों के प्रति स्थायी एवं अचंचल भक्ति मेरे मन में उत्पन्न हो।" यह सुनकर सन्तुष्ट हो राक्षस-राज (विभीषण) से राम ने कहा—"नित्य की विषय-वासनाओं से विरक्त हो, शान्त एवं भक्ति से ओत-प्रोत शुद्धमति योगनिष्ठ ज्ञानियों के मानस में मैं अपनी (पत्नी) सीता-सहित निवास किया करता हूँ। इसलिए निरन्तर मेरे ध्यान में निरत रहो ताकि तुम्हें मुक्ति मिलेगी। यही नहीं, तुमने जो भक्तिपूर्वक स्तुति की, उसको अत्यन्त शुद्ध एवं पवित्र भाव से नित्य गानेवाले, सुननेवाले भी मुक्ति प्राप्त करेंगे; इस बात में कोई सन्देह नहीं रह गया है।" (विभीषण से) यह कहने के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इत्थमरुळ् चेय्तु लक्ष्मणन् तन्नोटु भक्त प्रियनरुळ् चेय्तितु सादरं—
ॲन्नॆक्कनिवोटु कण्टतिन्टॆ फलमिन्नु तन्ने वरुत्तेणमतिन्नु नी
लङ्काधिपनिवनॆन्नभिषेकवुं शङ्का विहीनमन्पोटु चेय्तीटुक । १२०
सागर वारियुं कॊण्टु वन्नीटुक शाखामृगाधिपन्मारुमाय् सत्वरं ।
अर्क्कचन्द्रन्मारुमाकाश भूमियुं मल्क्कथयुं जगत्तिङ्कलुळ्ळन्निवन्
वाळ्कलङ्का राज्यमेवं ममाज्ञया भागवतोत्तमनाय विभीषणन् ।
पङ्कजनेत्र वाक्यं केट्टु लक्ष्मणन् लङ्कापुराधिपत्यार्त्थमभिषेकं
अन्पोटु वाद्य घोषेण चेय्तीटिनान् वम्परां वानराधीश्वरन्मारुमाय् ।
साधुवादेन मुळङ्ङि जगत्त्रयं साधुजनङ्ङळुं प्रीति पूण्टीटिनार् ।
आदितेयोत्तमन्मार् पुष्पवृष्टियु माधिवेडिट्टु चेय्तीटिनारादराल् ।
अप्सरःस्त्रीकळुं नृत्तगीतङ्ङळालप्पुरुषोत्तमनॆब् भजिच्चीटिनार् ।
गन्धर्व किन्नर किं पुरुषन्मारु मन्तरम्मुदा सिद्ध विद्याधरादियुं
श्रीरामचन्द्रनॆ वाळ्त्त स्तुतिच्चितु भेरी निनादं मुळक्किना-
रुम्परुं । १३० पुण्य जनेश्वरनाय विभीषणन् तन्नॆप्पुणर्न्नु सुग्रीवनुं
चॊल्लिनान्— पारेळु रण्टिनुं नाथनाय् वाळुमी श्रीरामकिङ्क-

उपरांत भक्तप्रिय (राम) सानंद लक्ष्मण से बोले—"कृपापूर्वक मेरा दर्शन करने का फल आज ही (विभीषण को) प्राप्त हो, उसके लिए तुम आज ही निस्संकोच भाव से (इनका) लंकेश्वर के रूप में अभिषेक करा दो। १२० तुम तुरन्त ही शाखामृगाधिपों (वानर वीरों) को साथ ले जाकर सागर-जल ले आओ। जब तक सूर्य-चन्द्र, आकाश और भूमि तथा जगत में मेरी कथा रहेगी, तब तक मेरी आज्ञा से भागवतोत्तम विभीषण लंका राज्य में मूर्द्धाभिषिक्त रहें।" पंकजनेत्र (राम का वचन सुनकर लक्ष्मण ने श्रेष्ठ वानरवीरों को साथ लेकर बड़े वाद्य-घोषों के साथ लंकापुर के अधिपति के रूप में विभीषण का अभिषेक कर दिया। जगतत्रय साधुवाद से गूंज उठे, साधुजन प्रसन्न हुए तथा देवता लोग अपना दुख भूलकर पुष्प-वृष्टि करने लगे। अप्सराएँ नृत्य-गीतों सहित पुरुषोत्तम (राम) का भजन-कीर्तन करने लगीं। गन्धर्व, किन्नर तथा किंपुरुषों ने तथा सिद्धों-विद्याधरों ने मन ही मन सन्तुष्ट हो श्रीरामचन्द्र जी की स्तुति एवं गुणगान किये, तो देवों ने भेरी-निनाद मुखरित किया। १३० पुण्यात्माओं में श्रेष्ठ विभीषण का गाढ़ाश्लेष करते हुए सुग्रीव बोले—"चौदहों भुवनों के स्वामी राम के सेवकों में आप प्रमुख हैं। रावण-वध के लिए आप शक्तिभर (हमारी) सहायता करें। हम आगे बढ़कर सारा काम करेंगे। भगवद्-सेवा से भगवद्-कृपा प्राप्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रन्मारिल् मुख्यन् भवान् रावण निग्रहत्तिन्नु सहायवुमावोळ-माशु चेय्येणं भवानिनि। केवलं अङ्ङ्ङळुं मुन् तटक्कुन्नुण्टु सेवया सिद्धिक्कुमेट्मनुग्रहं। सुग्रीव वाक्यमाकर्ण्य विभीषणनग्रे चिरिच्चवनोटु चौल्लीटिनान्— साक्षाल् जगन्मयनामखिलेश्वरन् साक्षि भूतन् सकलत्तिनुमाकयाल् ऎन्तु सहायेन कार्य्यमविटेय्क्कु? बन्धु शत्रुक्कळॆन्नुळ्ळतुमिल्ल केळ्। गूढस्थनानन्द पूर्णने-कात्मकन् कूटस्थनाश्रयं मट्टारुमिल्लॆटो! मूढत्वमत्रे नमुक्कु तोन्नुन्नतु गूढत्रिगुण भावेन माया बलाल्। तद्वशन्मारीक्कॆ न्नामॆन्नरिञ्ञु कॊण्टद्वय भावेन सेविच्चु कौळ्कनां। १४० नक्तञ्चर प्रवरोक्तिकळ् केट्टॊरु भक्तनां भानुजनं तॆळिञ्ञी-टिनान्। १४१

दूतनाय शुकन्टॆ बन्धनम्

रक्षोवरनाय रावणन् चौल्कयाल् तल्क्षणे वन्नु शुकनां निशाचरन् पुष्करे निन्नु विळिच्चु चौल्लीटिनान् मर्क्कट राजनां सुग्रीवनोटिदं— राक्षसाधीश्वरन् वाक्कुकळ् केळ्क्क नी भास्कर सूनो! पराक्रम वारिधे! भानु तनयनां भागधेयांबुधे!

होगी।" सुग्रीव का कथन सुनकर विभीषण हँस पड़े और वे सुग्रीव से कहने लगे—"साक्षात् जगन्मय अखिलेश्वर सबके लिए साक्षी हैं। ऐसी हालत में उन्हें किस बात की सहायता चाहिए? उनका न कोई शत्रु है न कोई मित्र। गूढस्थ (सब में अगोचर हो रहनेवाले), पूर्णानन्द स्वरूप, अद्वय परमात्मा जो सबके परे हैं, उनके लिए किसका आश्रय चाहिए? त्रिगुणात्मिका माया शक्ति के वशीभूत हो हम उन्हें मनुष्य मान बैठते हैं। यह हमारे अज्ञान का परिणाम है। हम उनके वशवर्ती हैं। उनकी अद्वय भाव से सेवा करनी चाहिए। १४० राक्षसप्रवर का कथन सुनकर भानुतनय (सुग्रीव) प्रसन्न हुए। १४१

दूत शुक का बन्धन

राक्षसराज रावण की आज्ञा से उस समय एक निशाचर शुक आकाश मार्ग में आ-पहुँचकर वानरराज सुग्रीव को सम्बोधन करके कहने लगा—"हे अत्यन्त पराक्रमी भास्करपुत्र (सूर्यपुत्र)! राक्षसराज (रावण) की आप यह आज्ञा सुनिये। (राक्षसराज ने यह सन्देश भेजा है कि) हे वानरराज! आप भानुतनय (सूर्यपुत्र) हैं, भाग्यनिधि हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वानरराज महाकुल संभव ! आदितेयेन्द्र सुतानुजनाकयाल्
भातृ समानन् भवान् मम निर्णयं । त्तिन्नोटु वैरमेनिक्केतुमिल्ल
मट्टेन्निल् विरोधं त्तिनक्कुमिल्लेतुमे । राजकुमारनां रामभार्य्या-
महं व्याजेन कौण्टु पोन्नेनतिनेन्तु ते ? मक्कंट सेनयोटुमति
विद्रुतं किष्किन्धयां नगरिय्क्कु पोय्क्कोळ्क त्ती । देवादि
कळालुमप्राप्यमायोन्नु केवलमेन्नुटे लङ्कापुरमेटो ! अल्प
सारन्मार् मनुष्यरुमेत्रयुं दुर्ब्बलन्माराय वानरयूथवुं १० ऎन्तोन्नु
काट्टुन्नतेन्नोटिविटेवन्नन्धकारं त्तिनच्चीटाय्क त्ती वृथा ।
इत्थं शुकोक्तिकळ् केट्टु कपि कुलमुत्थाय चाटिप्पिटिच्चारतिद्रुतं ।
मुष्टि प्रहारङ्ङळेटु शुकनति क्लिष्टनायेटं करञ्ञु तुटङ्ङिनान्—
राम ! राम ! प्रभो ! कारुण्यवारिधे ! राम ! नाथ ! परि-
त्राहि रघुपते ! दूतरेक्कोल्लुमाट्रिल्ल पण्टारुमे नाथ !
धर्म्मत्ते रक्षिच्चु कौळ्ळेणमे । वानरन्मारे निवारणं चेय्ताशु
मानव वीर ! हतोहं प्रपाहिमां । इत्थं शुक परिदेवनं केट्टोरु
भक्त प्रियन् वरदन् पुरुषोत्तमन् वानरन्मारे विलक्किनानन्तेर-
मानन्द मुळ्क्कोण्टुयर्न्नु शुकन् तदा चोल्लिनान् सुग्रीवनोटु

आपका जन्म बड़े उच्च कुल में हुआ है। आदितेयेन्द्र (देवराज इन्द्र) के पुत्र (बालि) के अनुज के नाते आप मेरे लिए भी भ्राता तुल्य हैं। आपसे मेरी कोई शत्रुता नहीं है और आपका भी मुझसे अन्य कोई (राम-पत्नी के अपहरण से उत्पन्न विरोध के अतिरिक्त) विरोध नहीं है। कोसलदेश के राजकुमार राम की पत्नी के मेरे द्वारा अपहरण से आपके वैमनस्य के लिए क्या कारण है ? आप अपनी वानरसेना लेकर किष्किन्धा नगरी वापस चले जाएँ। आप यह ध्यान रखें कि मेरी एक लंकापुरी ही देवों तक के लिए अगम्य एवं अप्राप्य है। दुर्बल मनुष्य तथा अत्यन्त बलहीन वानरसमूह—१० —यहाँ आकर मेरा क्या बिगाड़ सकेंगे। आप व्यर्थ मूर्खता मत दिखाइये।" शुक की यह वाणी सुनकर सारे वानर उठ दौड़ पड़े और उसे चारों ओर से घेर कर पकड़ लिया। उनके मुष्टि-प्रहार सह-सहकर अत्यन्त आतुर हो शुक विलाप करता हुआ चिल्लाने लगा—"हे राम ! हे राम ! हे प्रभु ! हे करुणावारिधि ! हे राम ! हे नाथ ! हे रघुपति ! मेरी रक्षा करें। अब तक किसी ने दूत को नहीं मारा है। हे स्वामी ! इन वानरों को हटा देकर आप धर्म की रक्षा करें। हे मानववीर ! मैं मर गया ! आप मेरी रक्षा करें।" शुक का यह विलाप सुनकर भक्तप्रिय वरदाता पुरुषोत्तम (राम)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

आनेन्तोऩ्ऩु चोल्लेण्टतङ्ङु दशग्रीवनोटाशु चोल्लीटुकेन्ऩतु केट्टु सुग्रीवनुं चोल्लिनानाशु शुकनोटु सत्वरं— २० चोल्लुळ्ळ बालियेप्पोले भवानेयुं कोल्लणमाशु सपुत्र बलान्वितं। श्रीराम पत्नियेक्कट्टु कोण्टीटिन चोरनेयुं कोऩ्ऩु जानकि तन्नेयुं कोण्टु पोकेणमेनिक्कु किष्किन्धय्क्कु रण्टिल्लतिनेन्ऩु चेऩ्ऩु चोल्लीटु ऩी। अर्क्कात्मजोक्तिकळ् केट्टु तेळिञ्ञळवर्क्कान्वयोत्भवन् तानुमरुळ् चेय्तु— वानरन्मारे ! शुकने बन्धिच्चु कोण्टूनमोळिञ्ञत्र कात्तु कोण्टीटुविन्। आनुरचेय्तेययय्क्कावितेऩ्ऩतुमानन्दमोटरुळ् चेय्तु रघुवरन्। वानरन्मारुं पिटिच्चु केट्टिक्कोण्टु दीनत कैविट्टु कात्तु कोण्टीटिनार्। शार्द्दूल विक्रमं पूण्ट कपि बलं शार्द्दूलनाय निशाचरन् वऩ्ऩुक— ण्टार्त्तनाय् रावणनोटु चोल्लीटिनान् वार्त्तकळुळ्ळ वण्णमतु केट्टोरु रात्रिञ्चरेश्वरनाकिय रावणनार्त्ति पूण्टेऴवुं दीर्घ चिन्तान्वितं ३० चीर्त्त खेदत्तोटु दीर्घमायेऴवुं वीर्त्तुपायङ्ङळ् काणाञ्ञरुऩ्ऩीटिनान्। ३१

ने तुरन्त वानरों को मना किया। शुक सानन्द भूमि से उठा और उसने सुग्रीव से पूछा कि मैं वहाँ जाकर दशग्रीव से क्या कहूँ ? यह सुनकर तुरन्त सुग्रीव शुक से बोले—२० "तुम जाकर बोलो कि बालि के समान तुम्हें (रावण को) भी पुत्रों तथा सेना सहित मार डालेंगे। श्रीराम जी की धर्मपत्नी को चुरा ले जानेवाले चोर को मारकर तथा जानकी को छुड़ाकर मुझे किष्किन्धा को जाना है। इसमें दो पक्ष नहीं हो सकते। यह बात तुम जाकर बोलो।" अर्कात्मज (सुग्रीव) का कथन सुनकर हर्षित हो अर्ककुलोत्पन्न राम ने कहा—"हे वानरो ! शुक को गिरफ़्तार करके उसकी निगरानी करते रहो। मेरी आज्ञा होने तक उसे जाने मत दो।" राम की आज्ञा पाकर वानरों ने उसे कैदी बनाया तथा सावधान हो उसे अपनी निगरानी में रखा। इस समय शार्दूल नामक राक्षस ने आकाश-मार्ग से आकर शार्दूल-विक्रम से युक्त कपि-बल (वानर-सेना) को देखकर वापस आ आर्तभाव से रावण को सारा हाल कह सुनाया। यह सुनकर रात्रिचरेश्वर रावण आर्तभाव को धारण कर चिन्ता-निमग्न हो गया। ३० अत्यधिक खिन्न हो दीर्घश्वास छोड़ता हुआ (बचने का) कोई उपाय न पाकर चिन्तित बैठ गया। ३१

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सेतुबन्धनम्

तत्क्कालमर्क्क कुलोत्भवन् राघवनर्क्कात्मजादि कपिवरन्मारोटुं रक्षोवरनां विभीषणन् तन्नोटुं लक्ष्मणनोटुं विचारं तुटङ्ङिनान् । ऐन्तुपायं समुद्रं कटप्पानेन्नु चिन्तिच्चु कल्पिक्क निङ्ङळेल्लारुमाय् । अन्नरुळ् चेय्ततु केट्टवरेवरुमोन्निच्चु कूटि निरूपिच्चु चोल्लिनार्— देव प्रवरनायोरु वरुणनेस्सेविक्क वेणमेन्नाल् वळियुं तरुं । अन्नतु केट्टरुळ् चेय्तु रघुवरन् तन्नितु तोन्नियतङ्ङने तन्नेये— न्नर्णव तीरे किळक्कु नोक्कि त्तोळुतर्णोज लोचननाकिय राघवन्; दर्भ विरिच्चु नमस्करिच्चीटिनानत्भुतविक्रमन् भक्ति पूण्टेत्रयुं । मून्नहोरात्रमुपासिच्चितिङ्ङने मून्नु लोकत्तिनुं नाथनामीश्वरन् । एतुमिळकील वारिधियुमति क्रोधेन रक्तान्त नेत्रनां नाथनुं १० कोण्टुवा चाप बाणङ्ङळ् लक्ष्मणा ! कण्टुकोण्टालुं मम शर विक्रमं । इन्नु पेरुवळि मीळुन्नतिल्लेङ्किलर्णवं भस्ममाक्किच्चमच्चीटुवन् । मुन्नं मदीय पूर्वन्मार् वळर्त्ततुमिन्नु आनिल्लातेयाक्कुवन् निर्णयं ।

सेतु-बन्धन

तुरन्त ही अर्ककुलोत्पन्न (सूर्यवंश में जात) राम ने अर्कात्मज (सूर्यपुत्र सुग्रीव) आदि कपिवरों, रक्षोवर विभीषण तथा लक्ष्मण से मंत्रणा की। (राम ने आग्रह किया कि) तुम लोग सोच-विचार करके समुद्र पार करने का उपाय सुझा दो। (राम का आग्रह) सुनकर उन सबने परस्पर विचार-विनिमय के उपरान्त (राम को) बताया—"देवप्रवर वरुण की स्तुति की जाए। वे चाहें तो रास्ता देंगे।" यह सुनकर राम ने कहा—"आप लोगों ने ठीक ही बताया। ऐसा ही होगा।" यह कहकर अर्णव (समुद्र-) तीर पर खड़े होकर अर्णोजनेत्र (कमल-लोचन) राम ने पूर्व दिशा की ओर मुँह किये हाथ जोड़ दिये। दर्भ बिछाकर, अद्भुत पराक्रमशाली (राम) ने अत्यन्त भक्तिपूर्वक (वरुण की) उपासना की, फिर भी वारिधि (समुद्र) बिलकुल विचलित नहीं हुआ। इससे क्रुद्ध हो नाथ (राम) के नेत्र रक्तवर्ण के हुए। १० (वे बोले) "हे लक्ष्मण ! धनुष-बाण ला दो, आज मेरे शरों का विक्रम देख लो। आज रास्ता न देने पर मैं अर्णव (सागर) को भस्मीभूत एवं धूलि-धूसरित कर दूँगा। पहले मेरे पूर्वजों ने इसे बड़ा किया, फिर भी आज इस धिक्कार के दंड स्वरूप मैं निश्चय ही इसे समाप्त करूँगा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सागरमॆन्तुळ्ळ पेरुं मऱन्तुळ्ळिलाकुलमॆन्नियॆ वाळुकिलॆन्नुमे नष्टमाक्कीटुवन् वॆळ्ळं कपिकुलं पुष्टमोदं पाद चारेण पोकणं। ऎन्नरुळ् चॆय्तु विल्लुं कुळियॆक्कुलच्चरणंवत्तोटरुळ् चॆय्तु, रघुवरन्— सर्वभूतङ्ङळुं कण्टु कॊळ्ळेणमे दुर्वारमाय शिलीमुख विक्रमं। भस्ममाक्कीटुवन् वारानिधियॆ ञान् विस्मयमॆल्लावरुं कण्टु निल्क्कणं। इत्थं रघुवरन् वाक्कु केट्टन्नेरं पृथ्वीरुहङ्ङळुं कानन जालवुं पृथ्वियुं कूटॆ विऱच्चु चमञ्ञतु मित्रनुं मङ्ङि निऱञ्ञु तिमिरवुं; २० अब्धियुं क्षोभिच्चु मिट्टाल्क्कविञ्ञु वन्नुत्तुंगमाय तरंगावलियोटुं; त्रस्तङ्ङळाय् परितप्तङ्ङळाय् वन्नितत्युग्र-नक्रतिमिझषाद्यङ्ङळुं। अप्पोळ् भयप्पॆट्टु दिव्य रूपत्तोटुमप्पति दिव्याभरण सम्पन्ननाय् पत्तु दिक्कुं निऱञ्ञोरु कान्त्या निज हस्तङ्ङळिल् परिगृह्यरत्नङ्ङळुं वित्रस्तनाय् रामपादान्तिके वच्चु सत्रपं दण्डनमस्कारवुं चॆय्तु। रक्तान्त लोचननाकिय रामनॆ भक्त्या वणङ्ङिस्तुतिच्चान् पलतरं— त्राहिमां त्राहिमां त्र्यैलोक्य पालक! त्राहिमां त्राहिमां विष्णो! जगल्पते! त्राहिमां त्राहिमां पौलस्त्य नाशना! त्राहिमां त्राहिमां राम!

लगता है कि वरुण ने 'सागर' नाम पड़ने का कारण ही विस्मृत कर लिया और वह बिना भय के बैठ गया। आज मैं इसका जल सोख दूंगा ताकि वानर सानन्द पैदल ही चल सकें।" इतना कहने के उपरांत बाण का सीधा संधान करके राम ने सागर से कहा—"आज समस्त चराचर मेरे बाणों का पराक्रम देख लें। सब विस्मयपूर्वक देखते रहें, आज मैं सागर को भस्मीभूत कर छोड़ूंगा।" राम की (यह क्रोधपूर्ण) उक्ति सुनकर पृथ्वीरुहों (वृक्षों), वनों सहित पृथ्वी कंपित हो उठी, मित्र (आदित्य) का प्रकाश मन्द पड़ गया और सब कहीं अंधेरा छा गया। २० समुद्र क्षुब्ध हो उठा, वह बौखला उठा और उत्ताल तरंगों द्वारा राम के चरण पकड़े। भयंकर नक्र (मगर), तिमिंगल मत्स्य जैसे जल-जन्तु संत्रस्त एवं परितप्त हुए। तब भयभीत हो वरुण दिव्य वस्त्रों से समलंकृत दिव्य रूप धारण कर, दसों दिशाओं को दीप्त करनेवाली कांति से समन्वित हो तथा अपने हाथों में दिव्यरत्न लिये प्रकट हुए और भयातुर हो (उन्होंने) राम के चरणों पर रत्नों को समर्पित किया तथा विनीत भाव से दण्डवत् नमस्कार किया। (उन्होंने) रक्तनेत्र राम की भक्तिपूर्वक विविध प्रकार से स्तुति की—"त्रैलोक्यपालक! हे राम! मेरी रक्षा करें, मेरी रक्षा करें। हे जगन्नाथ! हे विष्णु! मेरी रक्षा करें, मेरी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रमापते ! आदिकाले तव माया गुणवशाल् भूतङ्ङळेब्भवान् सृष्टिच्चतु ऩेरं स्थूलङ्ङळायुळ्ळ पञ्चभूतङ्ङळेक्काल स्वरूपनाकुं ऩिन्तिरुवटि ३० सृष्टिच्चितेटं जडस्वभावङ्ङळाय् कष्टमितार्क्कु ऩीक्कावू तव मतं ? पिन्ने विशेषिच्चतिलुं जडत्वमाय्त्तन्ने भवान् पुनरेन्ने निर्म्मिच्चतुं । मुन्ने भवन्नियोग स्वभावत्तेयिऩ्ऩन्यथा कर्त्तुमारुळ्ळतु शक्तराय् ? तामसोद्भूतङ्ङळायुळ्ळ भूतङ्ङळ् तामस शीलमाय्त्तन्ने वरू विभो ! तामसमल्लो जडत्वमाकुऩ्ऩतुं काम लोभादिकळुं तामस गुणं । माया रहितनाय् निर्ग्गुणनाय ऩी मायागुणङ्ङळेयंगीकरिच्चप्पोळ् वैराजनामवानाय्च्चमञ्ञू भवान् कारण पूरुषनाय् गुणात्मावुमाय् । अप्पोळ् विराट्टिङ्कल् ऩिऩ्ऩु गुणङ्ङळालुत्पन्नरायितु देवादिकळ् तदा । तत्र सत्वत्तिङ्कल् ऩिऩ्ऩल्लो देवकळ् तद्रजोभूतङ्ङळाय् प्रजेशादिकळ् । तत्तमोभूतनाय् भूतपति तानुमुत्तम पुरुष राम ! दयानिधे ! ४० माययाछन्ननाय् लीलामनुष्यनाय् मायागुणङ्ङळे कैक्कोण्टनारतं निर्ग्गुणनाय् सदा चिद् घननायोरु निष्कळनाय् निराकारनायिङ्ङने मोक्षदनां ऩिन्तिरुवटि तन्नेयुं

रक्षा करें। हे पौलस्त्यनाशन (रावणान्तक)! मेरी रक्षा करें, मेरी रक्षा करें। हे राम! हे रमापति! मेरी रक्षा करें, मेरी रक्षा करें। आदिकाल में निर्विकार, निर्गुण तथा सत्तामात्र आपने मायात्मक गुणों को अपनाकर भूतों की सृष्टि की। कालस्वरूप आपने स्थूल पंचभूतों को—३० —जड़ स्वभाव से युक्त बनाया। (उनमें भी विशेषकर मुझे जड़ (ल) अर्थात् जल रूप में ही कल्पित किया। आपके इस संकल्प को कौन अन्यथा कर सकता है? तामसगुण जड़ प्रकृति का लक्षण है। हे प्रभू! तामसगुण से उद्भूत पदार्थ तामसवृत्ति से संयुत ही रहेंगे। काम, लोभ आदि विकार तामसगुण ही हैं। मायारहित निगुण आपने जब मायागुणों को अपनाया तब (आप) विराट्स्वरूप बन गये। इस प्रकार गुणात्मा बनकर आप (विश्व के) कारणपुरुष बने। तब उन विराट्स्वरूप के गुणों से देवताओं की सृष्टि हुई। हे राम! हे पुरुषोत्तम! कहा जाता है कि सत्वगुण से देव, रजोगुण से ब्रह्मा आदि तथा तामसगुण से भूतपति (शिव) उत्पन्न हुए। ४० माया के वशीभूत हो तथा मायात्मक गुणों को अपनाकर मनुष्य-लीलाएं करनेवाले निर्गुण, सदा चिदात्मा, निष्कल, निराकार मोक्षप्रद आपको मैं अज्ञानी मूर्ख कैसे पहचान सकता हूँ? स्वामी का दिया हुआ दण्ड मूर्ख लोगों को सन्मार्ग

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मूरखनां ञानेङ्ङनेयरिञ्ञीटुन्नु ! मूर्ख जनङ्ङळ्क्कु सन्मार्ग्ग प्रापकमोर्क्किल् प्रभूणांहितं दण्डमायतुं दुष्ट पशूनां यथा लकुटं तथा दुष्टानुशासनं धर्म्मं भवादृशां । श्रीरामदेवं परं भक्तवत्सलं कारणपूरुषं कारुण्य सागरं नारायणं शरण्यं पुरुषोत्तमं श्रीराम-मीशं शरणं गतोस्मि ञान् । रामचन्द्राभयं देहिमे सन्ततं राम ! लङ्कामार्ग्गमाशु ददामि ते । इत्थं वणङ्ङि स्तुतिच्च वरुण-नोटुत्तम पूरुषन् तानुमरुळ् चेय्तु— बाणं मदीयममोघमतिन्निह वेणमोरु लक्ष्यमेन्ततिनुळ्ळतुं; ५० वाट्टमिल्लातोरु लक्ष्यमतिन्नु नी काट्टित्तरेणमेनिक्कु वाराम्निधे ! अर्ण्णवनाथनुं चोल्लिना-नन्नेरमन्यून कारुण्यसिन्धो ! जगल्पते ! उत्तरस्यां दिशिमत्तीर भूतले चित्रद्रुम कुल्य देशं सुभिक्षदं; तत्र पापात्माक्कळुण्टु निशाचररेत्रयुं पारमुपद्रविच्चीटुवोर् । वेगालविटेक्कयक्क बाणं तव लोकोपकारकमतु निर्ण्णयं । रामनुं बाणमयच्चानतु न्नेरमामयं तेटीटुमाभीर मण्डलं ओल्लामोटुक्कि वेगेन बाणं पोन्नु मेल्लवे तूणीरवुं पुक्किततादराल् । आभीर मण्डलमोक्के

की ओर चलने में सहायक होता है। दुष्ट एवं क्रूर जानवरों के गले में लकुट (लकड़ी) बाँधकर जैसे उन्हें पालतू बनाया जाता है, उसी प्रकार दुष्टजनों को दण्डित कर उन्हें सन्मार्ग पर ले चलने का कर्तव्य आप जैसे स्वामियों का है। हे श्रीरामदेव ! हे परमात्मा ! हे भक्तवत्सल, (विश्व के) कारण पुरुष, करुणानिधि, हे नारायण, हे शरण में रखने वाले ! हे पुरुषोत्तम ! हे भगवान राम ! मैं आपकी शरण में आ गया हूँ। हे राम ! आप मुझे सदा के लिए शरण प्रदान करें। मैं क्षण भर में आपको लंका के लिए मार्ग दिखा देता हूँ।" इस प्रकार नम्रता-पूर्वक प्रार्थना एवं स्तुति करनेवाले वरुण से उत्तमपुरुष (राम) ने कहा—"मेरा बाण अमोघ है, वह निष्फल नहीं जा सकता। उसके लिए कोई लक्ष्य होना ही चाहिए। ५० हे समुद्रपति ! तुम्हें कोई अचूक लक्ष्य अवश्य दिखा देना ही होगा।" यह सुनकर समुद्र के स्वामी ने कहा—"हे करुणासागर ! हे जगत् के स्वामी ! उत्तरदिशा में मेरे ही तीर पर सुख-समृद्धि से सम्पन्न चित्रद्रुम कुल्य नाम का प्रदेश है, जहाँ लोगों को सब प्रकार से सतानेवाले पापी राक्षस लोग रहा करते हैं। आप तुरन्त ही उस तरफ अपना बाण भेजें ताकि लोकोपकार भी होगा।" तब राम ने उस दिशा की ओर अपना बाण चलाया और आभीर-मण्डल को समाप्त कर जल्दी ही बाण वापस आकर धीरे से तूणीर के अन्दर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नशिक्कयाल् शोभनमाय् वऩ्नु तल् प्रदेशं तदा । तल्कूल देशवुमऩ्नु तॊट्टॆत्रयुं मुख्य जनपदमाय् वऩ्नितिप्पॊऴुं । सागरं चॊल्लिनान् सादरमऩ्ऩेरसाकुलमॆन्नियॆ मज्जले सत्वरं ६० सेतु बन्धिक्क नळनां कपिवरनेतुमवनॊरु दण्डवुमुण्टाय् वरा । विश्व कर्म्माविन् मकनवनाकयाल् विश्व शिल्प क्रिया तल्परनॆत्रयुं । विश्व दुरितापकारिणियाय् तव विश्वमॆल्लां ऩिऱञ्ञीटुऩ्ऩ कीर्त्तियुं वर्द्धिक्कुमॆऩ्नु पऱञ्ञु तॊऴुतुटनब्धियुं मॆल्लॆ मऱञ्ञरुळीटिनान् । सन्तुष्टनायॊरु रामचन्द्रन् तदा चिन्तिच्चु सुग्रीव लक्ष्मणन्मारॊटुं प्राज्ञनायीटुं नळनॆ विळिच्चुटनाज्ञयॆच्चॆय्तितु सेतु संबन्धने । तल्क्षणे मर्क्कट मुख्यनाकुं नळन् पुष्करनेत्रनॆ वन्दिच्चु सत्वरं । पर्वततुल्य शरीरिकळाकिन दुर्वार वीर्य्यमियऩ्ऩ कपिकऴुं सर्व दिक्किङ्कलुं ऩिऩ्ऩु सरभसं पर्वत पाषाण पादप जालङ्ङळ् कॊण्टु वरुऩ्ऩव वाङ्ङित्तॆरुतॆरॆ कुण्ठताहीनं पटुत्तु तुटङ्ङिनान् । ७० ऩेरे शतयोजनायतमायुटनॊरञ्चु योजन विस्तारमां वण्णं । इत्थं पटुत्तु तुटङ्ङुं विधौ रामभद्रनां दाशरथि जगदीश्वरन् व्योमकेशं परमेश्वरं शङ्करं रामेश्वरमॆऩ्ऩ नाममरुळ् चॆय्तु । मोहन-

---

प्रविष्ट हुआ । आभीर-मण्डल का नाश हो जाने से वह प्रदेश परिशोभित हुआ और सागर का वह तट तब से सुन्दर मुख्य जनपद बन गया । सागर ने तब कहा कि तुरन्त ही मेरे जल में बिना किसी कठिनाई के—६० —सेतु बाँध लें । (सेतुबन्धन में) नल नामक कपिवर को कुछ भी कठिनाई नहीं होगी । विश्वकर्मा का पुत्र होने के नाते वह विश्व-शिल्पक्रिया में अतीव तत्पर है । विश्व के दुख का निवारण करनेवाली आपकी विश्वव्यापी सुकीर्ति भी बढ़ेगी ।" यह कह हाथ जोड़ प्रणाम करके सागर धीरे से अदृश्य हो गया । सन्तुष्ट हो रामचन्द्र ने तब सुग्रीव तथा लक्ष्मण के साथ विचार किया और जल्दी ही शिल्पविशारद नल को बुलाकर सेतुबन्धन के लिए आज्ञा दी । तत्काल ही वानर-प्रवर नल ने पुष्करनेत्र (राम) को प्रणाम किया । पर्वततुल्य स्थूलशरीरी तथा दुर्निवारवीर्य पराक्रमी वानर लोग सब दिशाओं से सत्वर ही पर्वत, पाषाण एवं पादप (वृक्ष) समूह उठा ले आने लगे और (नल) उन्हें क्रम से रख-रखकर बिना प्रयास के सेतु तैयार करने लगा । ७० शत-योजन लम्बा तथा दस योजन चौड़ा सेतु बनाना आरंभ किया । तब दाशरथी राम ने व्योमकेश, परमेश्वर शंकर के नाम पर उस सेतुमुख को रामेश्वर का नाम दिया तथा त्रिलोक के पापों की शांति

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

माय मुहूर्त्तेन संस्थाप्य पापहराय त्रिलोक हितार्त्थमाय् पूजिच्चु वन्दिच्चु भक्त्या नमस्कृत्य राजीवलोचननेवमरुळ् चेय्तु— यातोरु मर्त्त्यनिविटे वन्नादराल् सेतु बन्धं कण्टु रामेश्वरनेयुं भक्त्या भजिक्कुन्नतप्पोळवन् ब्रह्महत्यादि पापङ्ङळोटु वेर्पेट्टति शुद्धनाय् वन्नु कूटुं ममानुग्रहाल् मुक्तियुं वन्नीटुमिल्लोरु संशयं। सेतु बन्धत्तिङ्कल् मज्जनवुं चेय्तु भूतेशनाकिय रामेश्वरनेयुं कण्टु वणङ्ङि पुरप्पेट्टु शुद्धनाय् कुण्ठत कैविट्टु वाराणसिपुक्कु ८० गंगयिल् स्नानवुं चेय्तु जितश्रमं गंगा सलिलवुं कोण्टु पोन्नादराल् रामेश्वरन्नभिषेकवुं चेय्तथ श्रीमल् समुद्रे कळञ्ञु तद्भारवुं मज्जनं चेय्युन्न मर्त्त्यनेन्नोटु सायुज्यं वरुमतिनिल्लोरु संशयं। ऎन्नरुळ् चेय्तु रामन् तिरुवटि नन्नाय्त्तोळुतु सेविच्चितेल्लावरुं। विश्वकर्म्मात्मजनां नळनुं पिन्ने विश्वासमोटु पटुत्तु तुटङ्ङिनान् विद्रुतमद्रि पाषाण तरुक्कळालह्निे तीर्न्नु पतिन्नालु योजन। तीर्न्नितिरुपतु योजन पिट्टेन्नाळ् मून्नां दिनमिरुपत्तोन्नु योजन। नालां दिनमिरुपत्ति रण्टायतुपोलेयिरुपत्ति मून्नुमञ्चां दिनं; अञ्चुनाळ् कोण्टु शत योजनायतं चञ्चलमेन्नियेे तीर्न्नोरनन्तरं

एवं भलाई के लिए वहीं पर सुन्दर एवं मोहन शुभ मुहूर्त्त में एक शिवलिंग की प्रतिष्ठा की। उसकी पूजा-वंदना एवं भक्तिपूर्वक प्रणाम करके राजीवलोचन ने यों बताया—"जो मनुष्य यहाँ आकर श्रद्धायुक्त हो सेतुबन्धन देखता है तथा रामेश्वर का भक्ति से भजन करता है तब उसके ब्रह्महत्या आदि पाप भी दूर होंगे और वह शुद्ध एवं पवित्र बन मेरे प्रसाद से निश्चय ही मुक्ति भी प्राप्त करेगा। सेतुबन्ध में मज्जन (स्नान) कर तथा भूतेश रामेश्वर का दर्शन एवं प्रणाम कर शुद्ध एवं शान्तचित्त हो वहाँ से निकलकर वाराणसी में पहुँचकर—८० —सुखपूर्वक गंगा में स्नान करके वहाँ से गंगाजल ले आकर उससे रामेश्वर का अभिषेक करके उस जल को सेतुबन्ध में डालकर वहीं स्नान करनेवाला मनुष्य मेरी सायुज्य मुक्ति का अधिकारी बनेगा; इसमें कोई संदेह नहीं है।" यह कह राम प्रसन्न एवं सन्तुष्टचित्त हो विराजित हुए तो सभी (वानर आदि) ने खूब (उस रामेश्वर की) सेवा की। विश्वकर्मा के पुत्र नल ने दृढ़विश्वास-संयुत हो सेतु-निर्माण का कार्य जारी रखा। शिलाओं, पत्थरों, पादपों आदि क्रम से रखकर जल्दी-जल्दी काम बनता गया और उस दिन चौदह योजन सेतु तैयार हुआ। दूसरे दिन बीस योजन, तीसरे दिन इक्कीस योजन, चौथे दिन बाईस योजन, पाँचवे दिन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सेतुविन्मेले ऩटन्ऩु कपिकळुमातङ्कहीनं कटन्ऩु तुटङ्ङिनार् । ९०
मारुति कण्ठे करेऱि रघूत्तमन् तारेय कण्ठे सुमित्रा तनयनुं;
आरुह्य चेन्ऩु सुबेलाचल मुकळेऱिनान् वानर सेनयोटुं द्रुतं ।
लङ्कापुरालोकनाशया राघवन् शङ्का विहीनं सुबेलाचलोपरि
संप्राप्य ऩोक्किय ऩेरत्तु कण्टितु जंभारितन् पुरिक्कोत्त लङ्कापुरं ।
स्वर्ण्णमय ध्वज प्राकार तोरण पूर्ण्णं मनोहरं प्रासाद संकुलं
कैलास शैलेन्द्र सन्निभ गोपुर जाल परिघ शतघ्नी समन्वितं ।
प्रासाद मूर्द्धनि विस्तीर्ण्णदेशे मुदा वासव तुल्य प्रभावेन रावणन्
रत्नसिंहासने मन्त्रिभिस्सङ्कुले रत्न दण्डातपत्रैरुपशोभिते;
आलवट्टङ्ङळुं वेञ्चामरङ्ङळुं बालत्तरुणिमारेक्कोण्टु वीयिच्चु
नील शैलाभं दशकिरीटोज्ज्वलं नील मेघोपमं कण्टु रघूत्तमन् ।११०
विस्मयं कैक्कोण्टु मानिच्चु मानसे सस्मितं वानरन्मारोटु
चोल्लिनान् १०१

रावण शुक संवादम्

मुन्ने निबद्धनायोरु शुकासुरन् तन्ने विरवोटयय्क्क मटियाते ।

तेईस योजन इस क्रम से पाँच दिनों में शतयोजन लम्बा सेतु सहज ही तैयार हुआ और वानर लोग सेतु पर से चलते हुए बिना किसी कठिनाई के, सागर पार करने लगे । ९० श्रीराम जी मारुति के कंठ पर तथा सुमित्रात्मज (लक्ष्मण) तारेय (अंगद) के कंठ पर आरूढ़ हो वानरसेना सहित जल्दी हो सुबेलाचल पर पहुँच गये । लंकापुरी का दर्शन करने की इच्छा से जब राम ने सुबेलाचल के ऊपर खड़े होकर दूर दृष्टि फेरी तो जंभारि की पुरी (अमरावती-) तुल्य लंकापुरी दिखाई पड़ी । सुवर्णमय ध्वज-पताका, गढ़, तोरण आदि से युक्त एवं मनोहर प्रासादों से संकुल, उन्नत कैलास पर्वत-सम गोपुर समूहों, परिघ, शतघ्नी आदि से समन्वित लंकापुरी (दर्शनीय) थी । प्रासाद के ऊपर एक विस्तारयुक्त कमरे में रावण वासव (इन्द्र-) तुल्य प्रभाव से रत्नसिंहासन पर मंत्रियों से परिवृत हो रत्नदण्ड से शोभित आतपत्र के नीचे बैठा हुआ था । सुन्दरी कुमारियाँ चामर डुला रही थीं । नील शैल की सी आभावाले दसों किरीट नील मेघों के समान शोभित थे । यह देखकर राम ने—१०० विस्मयपूर्वक मन ही मन उसका आदर किया और मन्दस्मित हो वानरों से कहा—१०१

रावण-शुक संवाद

(राम ने वानरों से कहा कि) पहले कैदी बनाये गये शुकासुर को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चेन्नु दशग्रीवनोटु वृत्तान्तङ्ङळॊन्नॊऴियातॆयऱियिक्क वैकातॆ अॊन्नरुळ् चॆय्ततु केट्टु तॊऴुतवन् चेन्नु दशानन् तन्नॆ वणङ्ङिनान् । पंक्तिमुखनुमवनोटु चोदिच्चानॆन्तु नी वैकुवान् कारणं चॊल्कॆटो ! वानरेन्द्रन्मारऱिञ्ञु पिटिच्चभिमान विरोधं वरुत्तियारो ? तव क्षीणभावं कलर्न्नीटुवान् कारणं मानसे खेदं कळञ्ञु चॊल्लीटॆटो । रात्रिञ्चरोक्तिकेट्टु शुकन् परमार्त्थं दशानननोटु चॊल्लीटिनान्— राक्षस राजप्रवर ! जय जय मोक्षोपदेश मार्ग्गेण चॊल्लीटुवन् । सिन्धु तन्नुत्तर तीरोपरि चेन्नॊरन्तरमॆन्निये ञान् तव वाक्यङ्ङळ् चॊन्नतेरत्तवरॆन्ने प्पिटिच्चुटन् कॊन्नु कळवान् तुटङ्ङुं दशान्तरे, १० राम राम ! प्रभो ! पाहि पाहीति ञानामयं पूण्टु करञ्ञ नादं केट्टु दूतनवध्यनयप्पिनयप्पिनॆन्नादरवोटरुळ् चॆय्तु दयापरन् । वानरन्मारुमयच्चारतु कॊण्टु ञानुं भयं तीर्न्नु नीळॆ नटन्नुटन् वानर सैन्यमॆल्लां कण्टु पोन्नितु मानववीरमनुज्ञया सादरं । पिन्ने रघूत्तमनॆन्नोटु चॊल्लिनान् चेन्नु नी रावणन् तन्नोटु चॊल्लुक सीतयॆ नल्कीटुकॊन्नुकिलल्लाय्किलेतुमे वैकातॆ युद्धं तुटङ्ङुक ।

अब निस्संकोच मुक्त कर, जाने दो। (राम ने मुक्त हुए शुक से कहा—) तुम अविलंब जाकर दशग्रीव को पूरा हाल, बिना कुछ छोड़े, बता दो। यह सुनकर वह राम को प्रणाम करके चला गया तथा रावण के पास आकर स्तुति की। उसे देखकर पंक्तिमुख (रावण) ने उससे पूछा कि इतनी देर से आने का क्या कारण है? क्या वानरों ने तुम्हें पहचानकर तुम्हें पकड़कर अपमानित किया? तुम्हारी थकावट का क्या कारण है? मन का संताप त्यागकर मुझे समझाओ। रात्रिचर रावण का कथन सुनकर शुक ने दशानन से सारा हाल कह दिया—"हे श्रेष्ठ राक्षसराज! (आपकी) जय हो! जय हो! आपकी मुक्ति के लिए अनुकूल कुछ उपदेश मैं देना चाहता हूँ। जभी मैं सागर के उत्तर तीर पर पहुँचा तभी (मैंने सुग्रीव को) आपका सन्देश कह सुनाया। यह कहते ही वे (वानर) मुझे पकड़कर मारने लगे तो—१० 'राम राम! हे प्रभु! मेरी रक्षा करो, रक्षा करो' इस प्रकार खिन्न स्वर में मुझे रोते-चिल्लाते देखकर दयावान राम ने आज्ञा दी कि दूत अवध्य है, उसे छोड़ दो, छोड़ दो। (राम की आज्ञा मानकर) वानरों ने मुझे छोड़ दिया तो मैं निर्भय घूमकर पूरी वानरसेना देख मानववीर (राम) की आज्ञा से वापस आ पहुँचा हूँ। फिर लौटते समय रामजी ने मुझे बताया कि तुम जाकर रावण से कह दो कि या तो सीता को वापस दो या अविलम्ब युद्ध आरम्भ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रण्टिलुमोऩ्ऩुळऱिच्चेरतु कौळ्ळणं रण्टुं कणक्कोऩ्ऩेऩिक्कु पऱयणं। ऐन्तु बलं कोण्टु सीतयेक्कट्टु कोण्टन्धनाय् पोऩ्ऩिङ्ङरुऩ्ऩु कोण्टू भवान् ? पोरुमतिनु बलमेङ्किलेन्नोटु पोरिनाय्क्कोण्टु पुऱप्पेटुकाशु ऩी। लङ्कापुरवुं निशाचर सेनयुं शङ्का विहीनं शरङ्ङळेक्कोण्टु ञान् २० ओक्कॊप्पोटिपॆटुत्तॆऩ्ऩुळ्ळल् वऩ्ऩिङ्ङु पुक्कोरु रोषवुमाशु तीर्त्तीटुवन्। नक्तञ्चर कुल श्रेष्ठन् भवानोरु शक्त-नेऩ्ऩाकिल् पुऱप्पॆटुकाशु ऩी। ऐऩ्ऩरुळिच्चेय्तिरुऩ्ऩरुळीटिनान् ऩिन्नुटे सोदरन् तन्नोटु कूटवे सुग्रीव लक्ष्मणन्मारोटुमोऩ्ऩिच्चु निग्रहिप्पानाय् भवन्तं रणाङ्कणे। कण्टु कोण्टालुमसंख्यं बलं दशकण्ठ प्रभो ! कपिपुंगव पालितं। पर्वत सन्निभन्माराय वानरर्वि कुलुङ्ङवे गर्ज्जनवुं चेय्तु सर्व लोकङ्ङळुं भस्ममाक्की-टुवान् गर्वं कलऩ्ऩु ऩिल्क्कुऩ्ऩितु निर्भयं। संख्ययुमाक्कुं गणिक्का-वतल्लिह संख्यावतांवरनाय कुमारनुं। हुङ्कारमेऱिय वानर सेनयिल् संघ प्रधानन्मारॆक्केट्टु कौळ्ळुक लङ्कापुरत्तेयुं ऩोक्कि ऩोक्कि द्रुतं शङ्काविहीनमलऱि ऩिल्क्कुऩ्ऩवर्। ३० ऩूऱायिरं पटयोटुं रिपुक्कळे ऩीऱाक्कुवानुळ्ळटोटु वाल् पोङ्ङिच्चु कालनुं

करो। सोच-समझकर दोनों में से एक निश्चित कर लो। तुम जाकर बोलो कि मेरे लिए दोनों बराबर हैं। तुम जिस बल-वीर्य के भरोसे पर अन्धे हो सीता को चुरा ले जा बैठे हो उसी बल के भरोसे पर मुझसे युद्ध करने के लिए तुम तुरन्त ही (महल से) बाहर निकलो। लंकापुरी तथा निशाचर सेना को मैं निस्सन्देह बाणों से—२० —चूर-चूर कर अपना बदला चुकाऊँगा और (रावण के प्रति) अपना रोष शान्त कर लूंगा। अगर राक्षसराज शक्तिसम्पन्न हैं तो तुरन्त युद्ध के लिए बाहर आ जाएँ। यह कहकर राम आपके (रावण के) भ्राता (विभी-षण), सुग्रीव तथा लक्ष्मण के साथ आपको युद्ध-प्रांगण में मारने के संबंध में मंत्रणा करने बैठ गये। हे प्रभु दशकंठ ! कपिपुगंवों से संचालित विशाल वानर-सेना को आप देख लीजिए। पृथ्वी को कंपित करते हुए घोर गर्जना करते तथा सर्वलोकों को भस्मीभूत करने का दर्प लिये निर्भय खड़े पर्वत-तुल्य वानरों को देख लीजिए। संख्यावतांवर (विद्वानों में श्रेष्ठ) कुमार (सुब्रह्मण्य) भी उनकी संख्या का अनुमान नहीं लगा सकते। हुँकार भरती वानर-सेना के यूथ प्रमुखों के नाम सुनिये, जो लंकापुरी को देखते हुए जोर-जोर से घोर गर्जना करते खड़े हैं। ३० सौ हजार (एक लाख) सेना-सहित शत्रुओं को पानी-पानी कर बहाने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पेटिच्चु मण्टुमवनोटु नीलनां सेनापति वह्निनन्दनन् । अंगदनाकु-
मिळयराजावतिनङ्ङेतु पत्मकिञ्जल्क समप्रभन् वाल् कॊण्टु
भूमियिल् तच्चुतच्चङ्ङनॆ बालितन् नन्दननद्रि शृंगोपमन् ।
तल्पार्श्व सिम्नि निल्क्कुन्नतु वातजन् त्वल्पुत्रघातकन् रामचन्द्र
प्रियन्। सुग्रीवनोटु परञ्ञु निल्क्कुन्नवनुग्रनां श्वेतन् रजतसमप्रभन् ।
रंभनङ्ङेतवन् मुम्पिल् निल्क्कुन्नवन् वम्पनायुळ्ळ शरभन् महा-
बलन् । मैन्दनङ्ङेतवन् तम्पि विविदनुं वृन्दारक वैद्यनन्द-
नन्मारल्लो सेतुकर्त्तावां नळनतिनङ्ङेतु बोधमेरुं विश्वकर्म्मावु
तन् मकन् । तारन् पनसन् कुमुदन् विनतनुं वीरन् वृषभन्
विकटन् विशालनुं; ४० मारुति तन् पितावाकिय केसरि शूरना-
यीटुं प्रमाथि शतबलि सारनां जांबवानुं वेगदर्शियुं वीरन् गजनुं
गवयन् गवाक्षनुं; शूरन् दधिमुखन् ज्योतिर्म्मुखनतिघोरन्
सुमुखनुं दुर्म्मुखन् गोमुखन् । इत्यादि वानर नायकन्मारॆ ञान्
प्रत्येकमॆङ्ङनॆ चॊल्लुन्नतुं प्रभो ! इत्तरं वानर नायकन्मार-
रुपत्तेळु कोटियुण्टुळ्ळतरिञ्ञालुं । उळ्ळं तॆळिञ्ञु पोक्कायिरुप-

---

की सामर्थ्य लिये तथा पूँछ उठाये खड़े वह्निनंदन नील हैं जिन्हें देख यमराज भी भयभीत हो भाग खड़े होंगे। पद्मकिंजल्क (कमलदल) के समान आभावाले तथा बार-बार अपनी पूँछ भूमि पर मारते खड़े, अद्रिशृंग (पर्वत शिखर) के समान उन्नत (जो वानर दिखाई दे रहे हैं वे) बालिपुत्र युवराज अंगद हैं। उनके पार्श्व भाग में जो खड़े हैं वे आपके पुत्र (अक्षयकुमार) के घातक, श्रीराम के परमप्रिय वातात्मज (हनुमान) हैं। सुग्रीव से बातें करता हुआ जो श्वेत रंग का वानर खड़ा है वह बड़ा उग्र श्वेत है। उसके आगे रंभ है और उसके सामने जो है वह बड़ा वीर एवं महा बलशाली शरभ है। उसके आगे मैन्द तथा बाद में उसका छोटा भाई विविद है और वे दोनों देववैद्य (अश्विनी देव) के पुत्र हैं। उनके आगे सेतु का निर्माता नल खड़ा है जो विद्वान एवं शिल्पकुशल विश्वकर्मा का पुत्र है। फिर तार, पनस, कुमुद, विनत, वीर, वृषभ, विकट, विशाल—४० —मारुति का पिता केसरी, शूर एवं अत्यन्त बलशाली प्रमाथि, महान जांबवान्, वेगदर्शी एवं वीर गज, गवय, गवाक्ष, शूर दधिमुख, ज्योतिर्मुख, बलशाली सुमुख, दुर्मुख एवं गोमुख इत्यादि पूरे वानर-नायकों के नाम मैं पृथक्-पृथक् कैसे गिन सकता हूँ ! ऐसे सड़सठ करोड़ वानर-नायक हैं, यह आप जान लीजिए। उनके अधीन में दिल खोलकर युद्ध करनेवाले असंख्य वानर हैं और ये सबके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सुकुमार ! वीर ! मनोहर ! मल्क्कर्म्म दोषङ्ङळेन्तु चौल्लावतु दुःखमितेन्नु मऱक्कुन्नतुळ्ळिल् ञान् । विण्णवर्क्कुं मुनि मार्क्कुं द्विजन्मार्क्कुमिन्नु तन्नायुऱङ्ङुमाऱायितु । नम्मेयुं पेटियिल्लार्क्कुमिनि मम जन्मवुं निष्फल्माय् वन्निन्नतीश्वरा ! पुत्रगुणङ्ङळ् पऱञ्ञुं निरूपिच्चु मत्तल् मुळुत्तु करञ्ञु तुटङ्ङिनान् । ऎन्नुटे पुत्रन् मरिच्चतु जानकि तन्नुटे कारणमेन्नतु कौण्टु ञान् । कौन्नवळ् तन्नुटे चोर कुटिच्चीोळ्ळिञ्ञेन्नुमे दुःखमौटुङ्ङुकयिल्लमे । खड्गवुमोङ्ङिच्चिरिच्चलऱित्त्र निर्गमिच्चीटिनान् क्रुद्धनां रावणन् । १० सीतयुं दुष्टनां रावणनैक्कण्टु भीतयायेत्रयुं वेपथुगात्रियाय् हा राम ! राम रामेति जपत्तोटुमाराम देशे वसिक्कुं दशान्तरे बुद्धिमानाय सुपार्श्वन् नयज्ञनत्युत्तमन् कर्बुर सत्तमन् वृत्तवान् रावणन् तन्नेत्तटुत्तु निर्त्तिप्पऱयावतेल्लां पऱञ्ञीटिनान् नीतिकळ् । ब्रह्म कुलत्तिल् जनिच्च भवानिह निर्म्मलनेन्नु जगत्त्रय सम्मतं तावकमाय गुणङ्ङळ् वर्णिप्पतिनावतल्लोर्क्किल् गुहनुमनन्तनुं । देव देवेश्वरनाय पुरवैरि सेवकन्मारिल्

भाग्य-दोष के सम्बन्ध में क्या कहूँ । मैं यह दुःख कब मन से त्याग सकूं ! अमरों, मुनियों और द्विजों (ब्राह्मणों) को आज शान्ति से सोने का सुअवसर प्राप्त हुआ । अब किसी को मेरा भय नहीं रह गया; हे ईश्वर ! मेरा जन्म निष्फल हुआ । पुत्र का गुणगान करता हुआ तो कभी पुत्र-शोक पर सोचता हुआ वह रोने लगा । मेरा पुत्र जानकी के कारण ही मरा, इसलिए उसे मारकर मैं उसका रक्त-पान करूंगा । अन्यथा यह मेरा दुःख कभी मेरा पिण्ड नहीं छोड़ेगा । (यह निश्चय करके) क्रुद्ध रावण हाथ में खड्ग लिये अट्टहास एवं गर्जना करता हुआ (कमरे के) बाहर निकला । १० दुष्ट रावण को (आते) देख भयभीत सीता पसीने से तर हो गयीं । जब वे भयभीत हो 'राम ! राम ! राम !' का जप करती उपवन में कम्पितगात्री हो बैठी थीं, तब बुद्धिशाली, नीतिज्ञ, उत्तम, आचार-मर्यादाओं में श्रेष्ठ तथा राक्षसों में सात्विक गुण-प्रधान सुपार्श्व ने रावण को रोककर यथाशक्ति एवं यथायोग्य नीति-वचन कह सुनाये—"ब्राह्मण-कुल में उत्पन्न आपको त्रिभुवन के लोग पवित्र स्वीकार करते हैं । आपके विशिष्ट गुणों का वर्णन करते शेषनाग भी पार नहीं पाता । देव देवेश त्रिपुरारि (शिव) के भक्तों में आप प्रमुख हैं । पुलस्त्य मुनि के कुल में जन्मे आप कुबेर के भ्राता (विश्रवा और कैकसी का पुत्र होने से कुबेर का सौतेला भाई) हैं तथा त्रिलोक में पूज्य राक्षसराज हैं । आप सामवेद के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

प्रधाननल्लो भवान् । पौलस्त्यनाय कुबेर सहोदरन् त्रैलोक्य वन्द्यनां पुण्य जनाधिपन् । सामवेदज्ञन् समस्त विद्यालयन् वामदेवाधिवासात्मा जितेन्द्रियन् । वेद विद्याव्रतस्नान परायणन् बोधवान् भार्गव शिष्यन् विनयवान् । २० अेन्निरिक्केब्भवा-निन्नु युद्धान्तरे तन्नु तन्नेत्रयुमोर्त्तु कल्पिच्चतुं । स्त्री वधमाकिय कर्म्मत्तिनाशु नी भाविच्चतुं तव दुष्कीर्त्ति वर्द्धनं । रात्रिञ्चरेन्द्र प्रवर ! प्रभो ! मया सार्द्धं विरवोट्टु पोरिक पोरिनाय् । मान-वन्मारेयुं वानरन्मारेयुं मानेन पोर् चेय्तु कोन्नु कळञ्ञु नी जानकी देविये प्रापिच्चु कोळ्ळुक मानस तापवुं दूरे नीक्कीटुक । नीतिमानाय सुपार्श्वन् परञ्ञतु यातुधानाधिपन् केट्टुसन्तुष्टनाय् आस्थान मण्डपे चेन्निरुन्नेत्रयुमास्थया मन्त्रिकळोटु निरूपिच्चु । शिष्टरायुळ्ळ निशाचरन्मारुमाय् पुष्टरोषं पुरप्पेट्टितु पोरिनाय् । चेन्नु रक्षोबलं रामनोटेट्टळवोन्नोळियाते योटुक्किनान् रामनुं । मन्नवन् तन्नोटेतिर्त्तितु रावणन् तिन्नु पोर् चेय्तानभेदमाय् निर्भयं । ३० पिन्ने रघूत्तमन् बाणङ्ङळेय्तेय्तु भिन्नमाक्कीटिनान् रावण देहवुं । पारं मुरिञ्ञु तळर्न्नु वशं केट्टु धीरतयुं विट्टु

पूर्ण ज्ञाता, समस्त विद्यालय (समस्त विद्याओं के लिए आश्रय स्थान), वामदेवाधि-वासात्मा (शिव के लिए वासस्थान जिनका मन है), तथा जितेन्द्रिय (इन्द्रियों को जीते हुए व्यक्ति) वेदपाठ, व्रत, स्नान जैसे वैदिक कर्मों में निष्ठावान, बुद्धिमान, भार्गवशिष्य (शुक मुनि के शिष्य) तथा विनयशील हैं । २० इन सब गुणों के रहते हुए, आश्चर्य है ! आपने युद्ध में तन्मय रहते हुए यही सोच लिया (कि स्त्री का वध करें) । नारी-वध के लिए उद्यत आप को अपयश ही प्राप्त होगा । हे निशाचरराज ! हे स्वामी ! आप मेरे साथ युद्ध के लिए चलिये । मानवों (राम-लक्ष्मण) तथा वानरों को स्वाभिमान-पूर्वक युद्ध में मार डालकर आप सुखपूर्वक जानकीदेवी के साथ भोग कीजिए । इसलिए मन का सन्ताप आज दूर कीजिए ।" नीतिकुशल सुपार्श्व का कथन सुनकर यातुधानाधिप (राक्षस-राज) प्रसन्न हुआ । फिर आस्थान मण्डप में आ बैठकर आस्था से मंत्रियों के साथ मन्त्रणा की । शेष बचे निशाचरों के साथ रोषाकुल रावण युद्ध के लिए चल पड़ा । जब राक्षस-सेना युद्ध के लिए राम से आ भिड़ी तब राम ने निश्शेष सबको समाप्त किया । मन्नव (महाराज) राम से तब रावण ने मुकाबिला किया और रावण ने निर्भय, राम से समान रूप से युद्ध किया । ३० फिर राम ने बाण चला-चलाकर रावण का शरीर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वाङ्ङ्दशाननन् । पोरुमिनि मम पोरुमेंन्नोर्त्तति भीरुवाय् लङ्कापुरं पुक्कनन्तरं । ३३

रावणन्टे होमविघ्नम्

शुक्रनेच्चेंन्नु नमस्करिच्चेत्रयुं शुष्कवदननाय् निन्नु चौल्लीटिनान्— अर्क्कात्मजादियां मर्क्कटवीररुमर्क्कान्वयोद् भूतनाकिय रामनुं औक्केयोरुमिच्चु वारिधियुं कटन्तिक्करे वन्नु लङ्कापुरं प्रापिच्चु शक्रारिमुख्य निशाचरन्मारेयु मौक्केयोटुक्कि ञानेकाकियायितु दुःखवुमुळ्क्कोण्टिरिक्कुमाराायितु सल्गुरो ! ञान् तव शिष्यनल्लो विभो ! विज्ञानियाकिय रावणनालिति विज्ञापितनाय शुक्र महामुनि रावणनोटुपदेशिच्चितेंङ्किल् नी देवतमारे प्रसादं वरुत्तुक । शीघ्रमोरु गुहयुं तीर्त्तु शत्रुक्कळ् तोल्कुं प्रकारमति रहस्य स्थले चेंन्निरुन्नाशु नी होमं तुटङ्ङुक वन्नु कूटुं जयमेंन्नाल् निनक्कोटो ! विघ्नं वरातें कळिञ्ञु कूटुन्नाकिलग्नि कुण्डत्तिङ्कल् निन्नु पुरप्पेटुं १० बाण तूणीर चापाश्वरथादिकळ् वानवरालुमजय्यनां पिन्ने नी । मन्त्रं ग्रहिच्चु कोळ्कंन्नोटु

विदीर्ण कर डाला। शरीर के अत्यधिक विदीर्ण होने तथा आलस्य-युक्त होने से साहस खो रावण पीछे हटा। 'आज मेरे लिए इतना ही युद्ध करना सम्भव है', ऐसा सोचकर भीरु-हृदय रावण लंकापुर वापस आ बैठा। ३३

रावण के होम में विघ्न

शुक्र मुनि के पास आकर प्रणाम करके म्लानवदन हो (रावण ने) कहा—"अर्कात्मज (सुग्रीव) आदि मर्कटवीर (वानरवीर) एवं अर्कान्वय (सूर्यवंश) में उद्भूत राम-लक्ष्मण, सबने वारिधि (सागर) पारकर, लंकापुर में आकर शक्रारि मुख्य (देव शत्रुओं में प्रमुख) निशाचरों (कुंभकर्ण, इन्द्रजीत आदि) का वध किया, जिससे अब मैं अकेला पड़ गया हूँ। हे सद्गुरु ! मुझे दुखी हो बैठने की नौबत आ गयी। हे नाथ ! मैं तो आखिर आपका ही शिष्य रहा।" ज्ञानी रावण के द्वारा इस प्रकार विज्ञापित होने पर महामुनि शुक्र ने उपदेश दिया—"ऐसी हालत में तुम देवताओं को प्रसन्न करो। शत्रुओं को पता न लगे, ऐसे गुप्त स्थान में एक गुहा बनाकर उसमें बैठ शीघ्र ही तुम होम प्रारम्भ करो, उससे तुम्हें निश्चय ही विजय प्राप्त होगी। निर्विघ्न होम के पूर्ण होने पर अग्निकुण्ड से निकलेंगे— १० —बाण, तूणीर, चाप, रथ, अश्व आदि, (जिनके प्राप्त होने पर) तुम फिर वानवों (देवों) के लिए भी अजेय बनोगे। तुम

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सादरमन्तर मेन्निये होमं कऴिक्क ऩी। शुक्रमुनियोट्टु मूलमन्त्रं केट्टु रक्षोगणाधिपनाकिय रावणन् पन्नग लोक समानमाय्त्तीर्त्ततु तन्नुटे मन्दिरं तन्निल् गुहातलं। दिव्यमां हव्य गव्यादिकमाय सद्द्रव्यङ्ङळ् तत्र सम्पादिच्चु कौण्टवन् लङ्कापुरद्वारमोक्के बन्धिच्चतिल् शङ्काविहीनमकं पुक्कु शुद्धनाय्, ध्यानमुऱप्पिच्चु तल्फलमर्त्थिच्चु मौनवुं दीक्षिच्चु होमवुं तुटङ्ङिनान्। व्योम मार्ग्गत्तोळमुत्थितमायोरु होम धूपं कण्टु रावण सोदरन् रामचन्द्रन्नु काट्टिक्कोट्टुत्तीटिनान् होमं तुटङ्ङि दशाननन् मन्नव ! २० होमं कऴिञ्ञु कूटीट्टुकिलेऩ्ऩुमे ऩामवनोट्टु तोट़ीटुं महारणे। होमं मुटक्कुवानयच्चीटुक सामोदमाशु कपिकुल वीररे। श्रीराम सुग्रीव शासनं कैक्कोण्टु मारुतपुत्रांगदादि कळोक्कवे ऩूऱु कोटिप्पटयोटुं महामतिलेऱिक्कटऩ्ऩङ्ङु रावण मन्दिरं पुक्कु पुर पालकन्मारेयुं कोऩ्ऩु मर्क्कट वीररोरुमिच्च-नाकुलं। वारण वाजि रथङ्ङळेयुं पोटिच्चाराञ्ञु तत्र दशास्य होमस्थलं। व्याजाल् सरमानिजकर संज्ञया सूचिच्चितु दशग्रीव

मुझसे मन्त्र ग्रहण करो और फिर निस्सन्देह होम करो।" शुक्र मुनि से मूल मन्त्र ग्रहण कर राक्षसराज रावण ने पन्नग-लोक (नाग लोक) के समान एक गुहा अपने ही महल के भीतर बनवायी। पवित्र हव्य, गव्य पदार्थों को एकत्रित कर तथा लंकापुर के सभी प्रवेश-द्वारों को बन्द कराकर, वह शुद्ध भाव से उस गुहा के भीतर निर्भय प्रविष्ट हुआ। फिर ध्यान लगाकर तथा फल की अभ्यर्थना करते हुए, मौन साधना में तल्लीन हो उसने होम प्रारम्भ किया। व्योम मार्ग तक उठे होम-धूप को देखकर रावण के भ्राता (विभीषण) ने राम को (धूप) दिखाया (और बताया कि) हे महाराज! दशानन ने होम का आरम्भ किया है। २० अगर होम पूरा हुआ तो हम सदा युद्ध में उससे पराजित होंगे। इसलिए आप तुरन्त ही होम में बाधा डालने के लिए कपिवीरों को भेज दीजिए।" श्रीराम और सुग्रीव की आज्ञा मानकर मारुति, अंगद आदि, सौ करोड़ वानर-सेना सहित उत्तुंग दीवारें लाँघकर रावण के महल में प्रविष्ट हुए तथा वानरों ने मिलकर पहरेदारों को मार डाला; हाथी, घोड़े तथा रथ आदि चूर-चूर कर दिये और फिर रावण के होम-स्थल की खोज की। तब सरमा ने बड़े कौशलपूर्वक अपने हाथ के संकेतों से (वानरों को) रावण का होमस्थल दिखला दिया। होम-गुहा के द्वार पर रखे पत्थर को अंगद ने तोड़ दिया। फिर ...

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

होमस्थलं । होम गुहाद्वार बन्धन पाषाणमामयहीनं पॊटिपॆट्टुत्तं-
गदन् तत्र गुहयिलकं पुक्क न्नेरत्तु नक्तञ्चरेन्द्रनॆक्काणायितन्तिके ।
मट्टुळ्ळवर्कळुमंगदानुज्ञया तॆट्टॆन्नु चॆन्नु गुहयिलिऱङ्ङिनार् । ३०
कण्णुमटच्चुटन् ध्यानिच्चिरिक्कुन्न पुण्यजनाधिपनॆक्कण्टु वानरर्
ताडिच्चु ताडिच्चु भृत्य जनङ्ङळॆ पीडिच्चु कॊळ्कयुं संभार सञ्चयं
कुण्डत्तिलॊक्कॆयॊरिक्कले होमिच्चु खण्डिच्चितु लघुमेखला जालवुं ।
रावणन् कय्यिलिरुन्न महास्रवं पावनि शीघ्रं पिटिच्चु पऱिच्चुटन्
ताडनं चॆय्तानतु कॊण्टु सत्वरं क्रीडया वानर श्रेष्ठन् महाबलन् ।
दन्तङ्ङळ् कॊण्टुं नखङ्ङळ् कॊण्टुं दशकन्धर विग्रहं कीऱिनानेट्टवुं ।
ध्यानत्तिनेतुमिळक्कमुण्टायील मानसे रावणनुं जय कांक्षया ।
मण्डोदरियॆप्पिटिच्चु वलिच्चितन्मण्डनमॆल्लां नुरुक्कियिट्टीटिनान् ।
विस्रस्तनीवियाय्क्कञ्चुकहीनयाय् वित्रस्तयाय् विलापं तुटङ्ङी-
टिनाळ्— वानरन्मारुटॆ तल्लुकॊण्टीटुवान् आनॆन्तु दुष्कृतं चॆय्ततु
दैवमे ! ४० नाणं निनक्किल्लयो राक्षसेश्वर ! मानं भवानोळ-
मिल्ल मट्टार्क्कुमे; निन्नुटॆ मुम्पिलिट्टाशु कपिवररॆन्नॆत्तलमुटि
चुट्टिप्पिटिपॆट्टु पारिलिळय्क्कुन्नतुं कण्टिरिप्पतु पोरे परिभव-
मॊक्किल् जळमते ! ऎन्तिनाय्क्कॊण्टु निन् ध्यानवुं होमवु-

अन्दर बैठे हुए देखा । फिर अंगद की आज्ञा पाकर दूसरे वानर भी तुरन्त अन्दर प्रविष्ट हुए । ३० आँखें मूद ध्यान निरत राक्षसराज को देख वानरों ने उसपर खूब प्रहार किया, उसे खूब धक्का दिया तथा सेवकों को खूब पीड़ित किया । पूजा-सामग्री को एकदम उठाकर अग्निकुण्ड में डाल दिया तथा लघु मेखलाओं को खण्डित किया । महाबली वानर श्रेष्ठ (हनुमान) ने रावण के हाथ का महास्रव शीघ्र ही छीन लिया तथा क्रीडावश उन्होंने उसी से रावण को खूब प्रताड़ित किया । वानरों ने दाँतों तथा नखों से दशानन का शरीर खूब दण्डित एवं पीड़ित किया । मन में विजय की आकाँक्षा लिये रावण का ध्यान जरा भी विचलित नहीं हुआ । तब वानरों ने मन्दोदरी को घसीट लिया और उसके आभूषणों के टुकड़े-टुकड़े कर डाले । मन्दोदरी विस्रस्त नीवि (जिसकी कमर का वस्त्र खुल गया है) एवं कंचुकहीना हो, वित्रस्त (भयभीत) हो विलाप करने लगी । (और कहने लगी कि) "वानरों का प्रहार सहने के लिए हे दैव ! मैंने क्या दुष्कृत (पाप) किया है ? ४० हे राक्षसेन्द्र ! क्या आपको लज्जा नहीं आ रही है ? आपके जैसा स्वाभिमानी कोई दूसरा नहीं था । हे मूढ़ात्मा ! आपके सामने ही वानर लोग मेरे बाल खींचकर भूमि पर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मन्तर्गत मिनियेन्तीन्नु दुर्म्मते ! जीविताशाते बलीयसी मानसे हा ! विधिवैभवमेत्रयुमत्भुतं । अर्द्धं पुरुषनु भार्य्यल्लो भुवि शत्रुक्कळ् वन्नवळेप्पिटिच्चेत्रयुं बद्धप्पेट्टुत्तुन्नतुं कण्टिरिक्कयिल् मृत्यु भवियक्कुन्नतुत्तममेवनुं । ञाणवुं भक्तियुं वेण्टीलिवनु तल् प्राणभयं कोण्टु मूढन् महाखलन् । भार्य्या विलापङ्ङळ् केट्टु दशाननन् धैर्य्यमकन्नु तन् वाळुमाय् सत्वरं अंगदन् तन्नोटटुत्तानतु कण्टु तुंगशरीरिकळाय कपिकळु ५० रात्रिञ्चरेन्द्र पत्नियेयुम-यच्चार्त्तु विळिच्चु पुरत्तु पोन्नीटिनार् । होममशेषं मुटक्कि वयमेन्नु रामान्तिके चेन्नु कैतोळुतीटिनार् । मण्डोदरियोट-नुसरिच्चन्नेरं पण्डितनाय दशास्यनुं चोल्लिनान्— नाथे ! धरिक्क दैवाधीनमोक्कयुं जातनायाल् मरिक्कुन्नतिन् मुन्नमे कल्पिच्चतेल्लामनुभविच्चीटणमिप्पोळनुभवमित्तरं मामकं । ज्ञानमाश्रित्य शोकं कळञ्ञीटु नी ज्ञान विनाशनं शोकमद्रिक नी । अज्ञानसंभवं शोकमाकुन्नतुमज्ञान जातमहङ्कारमायतुं; नश्वरमाय शरीरादिकळिलें विश्वासवुं पुनरज्ञान संभवं; देहमूलं पुत्रदारादि

घसीट रहे हैं । यह देखकर भी आपको संतृप्ति नहीं हुई ? यह देखकर भी आपके मन में कोई दुःख नहीं हो रहा है । हे दुर्बुद्धि ! आपका यह ध्यान और यह होम सब किसलिए है ? आपकी क्या इच्छा है ? आपके मन की जिजीविषा तो बलवती ही है । विधि की विडम्बना विचित्र ही है ! भार्या पुरुष का अर्द्धांश है । शत्रुओं के द्वारा उसका अपहरण करते तथा दण्डित करते देख बैठने की अपेक्षा मृत्यु ही प्रकाम्य है । इस महा-बलशाली मूढ़ात्मा को अपने प्राण की पड़ी है, इसलिए न लज्जा की चिन्ता है, न मान की ।" भार्या के इस प्रकार का विलाप सुनकर शिथिल हुआ रावण अपना खड्ग लिये तुरन्त अंगद पर टूट पड़ा, तो तुंगशरीरी (उन्नतकाय) कपि लोग— ५० —निशाचरेन्द्र की पत्नी को छोड़ कोला-हल के साथ बाहर आये । उन्होंने राम के पास पहुँचकर हाथ जोड़ प्रणाम करके बताया कि हमने उसका होम पूरा नहीं होने दिया !" (वानरों की पकड़ से मुक्त हुई) मन्दोदरी के पास आकर रावण ने सौम्य वचन कहे— "हे स्वामिनी ! सबको विधिवश समझ लो । जो जन्म लेता है उसे मृत्युपर्यंत दैव-कल्पित के अनुसार सब (सुख-दुःख) भोगना पड़ता है । आज मेरा तो यही अनुभव है । तुम ज्ञान का आश्रय लेकर अपना दुःख विस्मृत कर लो, ज्ञान का अभाव ही दुःख का मूल कारण है । शोक अज्ञान की उपज है, अहंकार भी अज्ञान से उत्पन्न है । इसी अज्ञान के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बन्धवुं देहिक्कु संसारवुमतु कारणं। शोक भय क्रोध लोभ मोहस्पृहा रागहर्षादिजरा मृत्यु जन्मङ्ङळ् ६० अज्ञानजङ्ङळखिल जन्तुक्कळ्क्कुमज्ञानमॆल्लामकलॆक्कळकन्नी। ज्ञानस्वरूपनात्मा परनद्वयनानन्द पूर्ण्णस्वरूपनलेपकन् ऒन्निनोट्टिल्ल संयोगमतिनुमट्टॊन्निनोटिल्ल वियोगमॊरिक्कलुं। आत्मानमिङ्ङने कण्टु तॆळिञ्ञुटनात्मनि शोकं कळक नी वल्लभे ! ञानिनि श्रीरामलक्ष्मणन्मारॆयुं वानरन्मारॆयुं कॊन्नु वन्नीटुवन्। अल्लाय्किलो रामसायकमेट्टु कैवल्यवुं प्रापिप्पनिल्लॊरु संशयं। ऎन्ने रामन् कॊल चेय्किल् नी सीतयॆक्कॊन्नु कळञ्ञुटनॆन्नोटु कूटवे पावकन् तङ्कल् पतिच्चु मरिक्क नी भावनयोटुमॆन्नाल् गतियुं वरुं। व्यग्रिच्चतु केट्टु मण्डोदरि दशग्रीवनोटित्थं परञ्ञाळतु नेरं— राघवनॆञ्जयिप्पानरुतार्क्कुमे लोकत्रयत्तिङ्कलॆन्नु धरिक्क नी। ७० साक्षाल् प्रधानपुरुषोत्तमनाय मोक्षदन् नारायणन् रामनायतुं देवन् मकरावतारमनुष्ठिच्चु वैवस्वतमनु तन्ने रक्षिच्चतुं; राजीव लोचनन् मुन्नमॊरु लक्षयोजना विस्तृतमायॊरु कूर्म्ममाय् क्षीर

कारण ही नश्वर शरीर आदि पर भरोसा किया जाता है। इसी शरीर के कारण भार्या-पुत्र आदि का सम्बन्ध है और इसी कारण आत्मा संसारी बनती है। शोक, भय, क्रोध, लोभ, मोह, स्पृहा, राग, हर्ष आदि (भाव), जरा, मृत्यु, जन्म (आदि अवस्थाएँ)— ६० —सब जीव-जन्तुओं को अज्ञानवश अनुभूत होते हैं। इसलिए तुम अज्ञान को दूर कर दो। आत्मा ज्ञान-स्वरूप, परमात्मा, अद्वय, आनन्द-स्वरूप, अलिप्त है। उसका न किसी से संयोग होता है, न उसका कभी किसी से वियोग ही अनुभव होता है। मन में आत्मा के इस स्वरूप को समझकर, हृदय में उत्पन्न शोक को हे प्रिये ! तुम त्याग दो। अब मैं श्रीराम-लक्ष्मण तथा वानरों का वध करके आऊँगा। अन्यथा निश्चय ही राम-सायक (राम-बाण) लगकर कैवल्य प्राप्त करूँगा। अगर मुझे राम ने मार डाला तो तुम सीता की हत्या करके, मेरे साथ पावक (चिता की ज्वाला) में जल मरो। पातिव्रत्य-भाव लिये मरने से तुम्हें सद्गति प्राप्त होगी।" यह सुन खिन्न हुई मन्दोदरी ने दशग्रीव से यह कहा—"आप यह स्मरण रखिए कि इस त्रिभुवन में कोई राम को जीत नहीं सकता। ७० राम साक्षात् नारायण, मोक्षप्रदायक प्रधान पुरुषोत्तम हैं। ये वे ही भगवान हैं जिन्होंने मत्स्यावतार लेकर वैवस्वत मनु की रक्षा की थी; ये ही राजीवलोचन (कमलनेत्र भगवान) हैं, जिन्होंने पहले क्षीरसागर के मन्थन के समय एक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

समुद्र मथन काले पुरा घोरमां मन्दरं पृष्ठे धरिच्चतुं; पन्तियाय्
मुन्नं हिरण्याक्षनेक्कोन्नु मन्निटं तेट्मेल् वच्चु पोङ्ङिच्चतुं;
घोरनायोरु हिरण्यकशिपु तन् मारिटं कैनखं कोण्टु पिळर्न्नतुं;
मून्नटि मण्णु बलियोटु याचिच्चु मूलोकवुं मून्नटियायळन्नतुं;
क्षत्रियराय् प्पिरन्नोरसुरन्मारे युद्धे वधिप्पतिनाय् जमदग्नितन्
पुत्रनाय् रामनामत्तेद्धरिच्चतुं पृथ्वीपतियाय रामनिवन् तन्ने।
मार्त्ताण्डवंशे दशरथंपुत्रनाय् धात्रीसुतावरनाकिय राघवन् ८०
निन्ने वधिप्पान् मनुष्यनाय् भूतले वन्नु पिरन्नतु मेन्नु धरिक्कनी।
पुत्र विनाशं वरुत्तुवानुं तव मृत्यु भविप्पानुमाय् नीयवनुटे वल्ल
भयेक्कट्टु कोण्टु पोन्नू वृथा निर्ल्लज्जनाकयाल् मूढ ! जळप्रभो !
वैदेहियेक्कोटुत्तीटुक रामनु सोदरनाय्क्कोण्टु राज्यवुं नल्कुक।
रामन् करुणाकरन् पुनरेत्रयुं नामिनिक्काननं वाळ्क तपस्सिनाय्।
मण्डोदरी वाक्कु केट्टोरु रावणन् चण्डपराक्रमन् चोन्नानतु नेरं—
पुत्रमित्रामात्य सोदरन्मारेयुं मृत्यु वरुत्ति ञानेकनाय्क्कानने

लाख योजन विस्तार युक्त कूर्म के रूप में अवतार लेकर अपनी पीठ पर मन्दर पर्वत को धारण कर लिया था। (ये ही भगवान हैं) जिन्होंने पूर्व में वराह रूप में (अवतार लेकर) हिरण्याक्ष का वध कर भूमि को दशन-शिखर पर उठा लिया था; (ये ही वे भगवान हैं) जिन्होंने अपने हाथ के नखों से घोर हिरण्यकशिपु का वक्षःस्थल विदीर्ण कर डाला था; (ये ही वे भगवान हैं) जिन्होंने राजा बलि से तीन कदम भूमि माँगकर तीनों लोकों को तीन कदमों में नाप लिया था; (ये ही वे भगवान हैं) जिन्होंने क्षत्रिय रूप में पैदा हुए असुरों को युद्ध में मारने के लिए जमदग्नि के पुत्र रूप में राम (परशुराम) के अभिधान से जन्म लिया था। वे ही भगवान आज पृथ्वीपति बन मार्तण्डवंश (सूर्यवंश) में दशरथपुत्र तथा धात्रीसुतावर (भूसुता देवी सीता के पति) बन—। ८० —आपका वध करने के लिए भूतल पर मनुष्य बन अवतीर्ण हुए हैं, यह आप समझ लीजिए। हे मूर्ख ! हे मूढात्मा ! पुत्र-विनाश तथा अपने विनाश के निमित्त आप निर्लज्ज हो उन्हीं की पत्नी को व्यर्थ चुरा लाये। अब आप वैदेही को राम के लिए लौटा दीजिए और भ्राता (विभीषण) के लिए राज्य त्याग दीजिए। राम करुणामूर्ति हैं (कि आपका अपराध क्षमा कर देंगे)। अब हम तपस्या करते हुए कानन-वास करेंगे।" मंदोदरी का यह कथन सुनकर उग्र पराक्रमी (रावण) ने तब कहा—"पुत्र, मित्र, अमात्य, सोदर सबको मरवा डालकर अब मेरा अकेला कानन में रहना अनुचित है। जैसा हम सोच

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जीविच्चिरिक्कुऩ्ऩतुं भंगियल्लेंटो ! भाविच्च वण्णं भविक्क-
यिल्लोंऩ्ऩुमे । राघवन् तन्नोटेंतिर्त्तु युद्धं चेय्तु वैकुण्ठराज्यमनु-
भविच्चीटुवन् । ८९

राम-रावण युद्धम्

इत्थं परञ्ञु युद्धत्तिनोरुम्पेट्टु बद्धमोदं पुऱप्पेट्टितु रावणन् । मूलबलादिकळ् संगरत्तिन्नु तल्क्काले पुऱप्पेट्टु वऩ्ऩितु भूतले । लङ्काधिपन्नु सहायमाय् वेगेन संख्ययिल्लात चतुरंग सेनयुं पत्तु पटनायकन्मारुमोंऩ्ऩिच्चु पत्तुकळुत्तनेक्कूप्पिप्पुऱप्पेट्टार् । वारिधि-पोलें परऩ्ऩु वरुऩ्ऩतु मारुति मुन्पां कपिकळ् कण्टेन्नयुं भीति मुळुत्तु वाङ्ङीटुऩ्ऩतु कण्टु नीतिमानाकिन रामनुं चोंल्लिनान्—वानरवीररे ! ऩिङ्ङळिवरोटु मानं ऩटिच्चु चेंऩ्ऩेल्करुतारुमे । ञानिवरोटु पोर् चेंय्तोंटुक्कीटुव नानन्दमुळ्क्कोंण्टु कण्टु कोंळ्केवरुं । ऎंऩ्ऩरुळ् चेय्तु निशाचर सेनयिल् चेंऩ्ऩु चाटीटिनानेकनामीश्वरन् । चाप बाणङ्ङळुं कैक्कोंण्टु राघवन् कोपेन बाण जालङ्ङळ् तूकी-टिनान् । १० ऎंन्ननिशाचररुण्टु वऩ्ऩेंटतिङ्ङत्र रामन्मारुमुण्टेंऩ्ऩतु

बैठते हैं वैसा कुछ होता नहीं है। इसलिए अब मैं युद्ध में राम का सामना करके वैकुंठ राज्य का सुख लूट लूँगा।" ८९

राम-रावण-युद्ध

यह कहकर युद्ध के लिए तैयार हो रावण उल्लास भरित हो निकला। तुरन्त ही (पाताल में रखे) मूलबल (आत्मरक्षा, राज्य-रक्षा तथा विपत्ति काल के उपयोगार्थ निर्धारित विशेष सेना) भूतल पर आ गये। लंकाधिपति के सहायतार्थ तुरन्त ही असंख्य चतुरंगिणी सेना अपने दस प्रबल सेनापतियों के साथ आ गयी। इस सम्मिलित सेना ने दशकंठ को हाथ जोड़ प्रणामकर युद्ध के लिए कूच किया। सागर तुल्य विशाल सेना को आगे बढ़ते देख मारुति जैसे वीर वानर तक भयभीत हो पीछे हट गये। यह देख नीति-निपुण राम ने कहा—"हे वीर वानरो ! आप में से कोई भी मान-रक्षा की चिन्ता से इस (विशाल सेना) का सामना न करे। मैं इन सैनिकों का युद्ध में वध करूँगा। आप सब सानन्द मात्र देखते रहिए।" यह कह एकाकी ईश्वर (राम) निशाचर सेना के बीच कूद पड़े। उन्होंने हाथ में धनुष-बाण लिये खूब बाण-वर्षा की। १० जितने निशाचर वीर आये उनके सामने उतने ही राम दिखाई पड़े। संपूर्ण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोलें राममयमाय्च्चमञ्ञितु संग्राम भूमियुमेन्तोरु वैभवमन्नेरं।
अँन्नोटु तन्नें पोरुन्नितु राघवनेन्नु तोन्नी रजनीचरक्कोक्कवे।
द्वादश नाळिक नेर मोरुपोलें यातुधानावलियोटु रघूत्तमन् अस्त्रं
वरिषिच्च नेरमाक्कुं तत्र चित्ते तिरिच्चरियायतिल्लेतुमे।
वासर रात्रि निशाचर वानर मेदिनी वारिधि शैल वनङ्ङळुं
भेदमिल्लातें शरङ्ङळ् निरञ्ञितु मेदुरन्माराय राक्षस वीररुं
आनयुं तेरुं कुतिरयुं कालाळुं वीणु मरिच्चु निरञ्ञितु पोर्क्कळं।
काळियुं कूळिकळुं कबन्धङ्ङळुं काळनिशीधिनियुं पिशाचङ्ङळुं
नायुं नरियुं कळुकुकळ् काक्ककळ् पेयुं पेरुत्तु भयङ्करमां वण्णं। २०
राम चापत्तिन् मणितन् निनादवुं व्योम मार्ग्गे तुटरत्तुटरेक्केट्टु
देव गन्धर्व यक्षाप्सरोवृन्दवुं देव मुनीन्द्रनां नारदनुं तदा राघवन्
तन्नें स्तुतिच्चु तुटङ्ङिनाराकाशचारिकळानन्द पूर्वकं। द्वादश
नाळिक कोण्टु निशाचरर् मेदिनि तन्निल् वीणीटिनारोक्कवे।
मेघत्तिनुळ्ळिल् निन्नक्कं बिबं पोलें राघवन् तन्नेयुं काणायितन्नेरं।
लक्ष्मणन् तानुं विभीषणनुं पुनरक्कं तनयनुं मारुत पुत्रनुं
मट्टुळ्ळ वानर वीररुं वन्दिच्चु चुट्टुं निरञ्ञितु राघवनन्नेरं

युद्धभूमि राममय दिखाई दी। उस वैभव के संबंध में क्या कहा जाए! प्रत्येक रजनीचर (राक्षस) को लगा कि राम मात्र मुझसे लड़ रहे हैं। द्वादश घड़ियों तक राम ने निरंतर राक्षस-समूह पर बराबर निर्विघ्न बाण वर्षा की, तो वहाँ कोई कुछ पहचान नहीं पाया। पूरी युद्धभूमि बाणों से भर गयी कि दिन-रात, निशाचर-वानर, भूमि, सागर, शैल, वन कोई चीज़ पहचानी नहीं जा रही थी। उन्नत राक्षस, हाथी, घोड़े, रथ, पैदल सैनिक सब मरकर गिर पड़े और (लाशों से) युद्धभूमि भर गयी। काली, पिशाच और काल रात्रि रक्त पीकर पुलकित हो उठी। श्वान, सियार, गिद्ध, काक सब शव नोच खाने लग गये। २० राम-चाप की मणियों का निनाद आकाश मार्ग में बार-बार प्रतिध्वनित हो उठा। देव, गन्धर्व, यक्ष, किन्नर आदि तथा देवमुनीन्द्र नारद आदि आकाश मार्ग पर आ खड़े हो सहर्ष राम के स्तुति-गान करने लगे। द्वादश घड़ियों के भीतर ही भीतर सारे के सारे राक्षस धराशायी हुए। तब सब सैनिकों से खाली एकान्त रणभूमि में राम ऐसे दिखाई दिये मानो मेघकालिमा को दूरकर आकाश में प्रकाशित अर्कबिंब (सूर्यबिंब) हो। तब लक्ष्मण, विभीषण, अर्कतनय (सुग्रीव), मारुतपुत्र (हनुमान), तथा अन्य वानर वीर राम को चारों ओर से घेर कर प्रणाम करने तथा स्तुतिगान करने लगे। तब

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मर्क्कटनायकन्मारोटरुळ् चेय्तितिक्कणक्के युद्धमाशु चेय्तीटुवान्
नारायणनुं परमेश्वरनुमोंळिञ्ञारुमिल्लेन्नु केळ्प्पुण्टु ञान् मुन्नमे ।
राक्षसराज्यं मुळुवनतुन्नेरं राक्षस स्त्रीकळ् मुऱविळि कूट्टिनार्—३०
तात ! सहोदर ! नन्दन ! वल्लभ ! नाथ ! नमुक्कवलंबन-
मारय्यो ! वृद्धयायेटं विरूपयायुळ्ळोरु नक्तञ्चराधिप सोदरि
रामने श्रद्धिच्च कारणमापत्तितोक्कवे वर्द्धिच्चु वन्नितु मट्टिल्ल
कारणं । शूर्प्पणखय्क्केन्तु कुट्टमतिल् परं पेप्पेरुमाळल्लयो
दशकन्धरन् ? जानकियेक्कोतिच्चाशु कुलं मुटिच्चानोरु मूढन्
महापापि रावणन् । अर्द्धप्रहर मात्रेण खरादियें युद्धे वधिच्चतुं
वृत्रारिपुत्रने मृत्युवरुत्ति वाळिच्चु सुग्रीवनेस्सत्वरं वानरन्मारेय-
यच्चतुं, मारुति वन्निविटेच्चेय्त कर्म्मवुं वारिधियिल्च्चिऱ
केट्टिक्कटन्नतुं, कण्टिरिक्के तन्नु तोन्नुन्नतेत्रयु मुण्टो विचार-
मापत्तिङ्कलुण्टावू ? सिद्धमल्लाय्किल् विभीषणन् चोल्लिलनान्
मत्तनायतुं धिक्करिच्चीटिनान् । ४० उत्तमन् नल्ल विवेकि
विभीषणन् सत्यव्रतन् मेलिल् नन्नाय्वरुमवन्; नीचनिवन्

राम ने कहा—"हे वानर वीरो ! आज मैंने जो युद्ध करके दिखाया है, ऐसा युद्ध नारायण और परमेश्वर को छोड़ अन्य कोई करके नहीं दिखा सकता; यह मैंने पहले ही सुन रखा है।" इस समय राक्षस-राज्य भर में राक्षस-नारियाँ विलाप कर उठीं— । ३० —"हे तात !, हे सहोदर!, हे नन्दन (पुत्र) !, हे स्वामी ! हे नाथ ! हाय ! अब हमारा कौन सहारा है ! एक बूढ़ी एवं कुरूपा राक्षस राज की बहिन के राम पर मोहित होने का यह परिणाम (विपत्ति) निकला। इस विपत्ति के लिए दूसरा कोई कारण नहीं है। अथवा शूर्पणखा पर दोषारोपण क्यों करें। रावण क्या कम कामाँध है ? एक महापापात्मा, मूढ रावण ने जानकी के प्रति अत्यासक्त हो पूरा वंशनाश ही कर दिया। आधे प्रहर के भीतर खर आदि का वध, युद्ध में वृत्रारि-पुत्र (बालि) का वध करके सत्वर सुग्रीव का राज्याभिषेक, (सीतान्वेषण के लिए) वानरों को (चारों ओर) भेजना, इधर आकर मारुति की करतूतें, सागर में सेतुबन्धन और वानरों का इस पार पहुँचना, सब कुछ देख बैठे इसको यह क्या सूझा है ! भला विपत्ति के समय किसकी बुद्धि ठिकाने रहती है ? अगर वह (दुर्बुद्धि) यह समझ नहीं सकता था, तो विभीषण ने उसे समझाया था; किन्तु इस उन्मत्त ने धिक्कारपूर्वक उनकी भी अवहेलना की । ४० उत्तम स्वभाव वाले, सुबुद्धि एवं विवेकशील, सत्यव्रत विभीषण का भविष्य उज्ज्वल है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कुलमॊक्कॆ मुटिप्पतिनाचरिच्चानितु तन्मरणत्तिनुं । नल्ल सुतन्मारॆयुं तम्पिमारॆयुं कॊल्लिच्चु मट्टुळ्ळमात्य जनत्तॆयुं ऎल्लामनुभविच्चीट्टुवान् पण्टुतान् वल्लाय्म चॆय्ततुमॆल्लां मऱन्नितो? ब्रह्मस्वमायतुं देवस्वमायतुं निर्म्मरियादमटक्किनानेट्वुं । नाट्टिलिरिक्कुं प्रजकळॆप्पीडिच्चु काट्टिलाक्किच्चमच्चीटिनान् कश्मलन् । अर्त्थमन्यायेन नित्य मार्ज्जिक्कयुं मित्र जनत्तॆ वॆरुत्तु चमय्क्कयुं; ब्राह्मणरॆक्कॊल चॆय्कयुं मट्टुळ्ळ धार्म्मिकन्मार् मुतलॊक्कॆयटक्कयुं; पारं गुरुजन द्वेषवु मुण्टिव नारॆयुमिल्ल कृपयुमोरिक्कलुं; इम्महापापि चॆय्तोरु कर्म्मत्तिनाल् नम्मॆयुं दुःखिक्कुमाऱाक्कि नानिवन् । ५०

इत्थं पुरस्त्री जनत्तिन् विलापङ्ङळ् नक्तञ्चराधिपन् केट्टु दुःखात्तनाय् शत्रुक्कळॆक्कॊन्नीट्टुवकुवानिन्निनि युद्धत्तिनाशु पुऱप्पॆट्टुकेङ्किल्नां । ऎन्नतु केट्टु विरूपाक्षनुमतिन् मुन्ने महोदरनुं महापार्श्वनुं उत्तर गोपुरत्तूटॆ पुऱप्पॆट्टु शस्त्रङ्ङळ् तूकित्तुटङ्ङिनारेट्वुं । दुर्न्निमित्तङ्ङळुण्टायतनादरिच्चुन्नतनाय निशाचर नायकन् गोपुर वातिल् पुऱप्पॆट्टु निन्नितु चापलमॆन्नियॆ वानर वीररुं, राक्षसरोटॆतित्तारतु कण्टेट् मूक्कोटट्टुत्तुनिशाचर वीररुं । सुग्रीवनुं विरूपाक्षनुं तङ्ङळिलुग्रमां वण्णं

किन्तु इस नीच ने अपने तथा वंश के नाश के लिए यह आचरण किया। अपने सुपुत्रों तथा सहोदरों को इसने मरवा डाला; दूसरे अमात्यों का भी इसने वध करवा दिया। आज यह व्यर्थ दुखी नहीं है; यह कैसे अपने पुराने पापाचरणों को भूल सकता है? इसने क्या क्या ब्रह्मस्व द्रोह एवं देवस्वद्रोह नहीं किये? इसने क्या क्या अपमर्यादाएँ नहीं दिखाईं? इस नीच ने कितने गृहस्थों को प्रपीडित कर वन में नहीं भेजा? नित्य अन्याय एवं अत्याचार से धन-संग्रह करता रहा; मित्रों को शत्रु बनाया; ब्राह्मणों की हत्या की, अनेक धार्मिक व्यक्तियों का धनापहरण किया। इसने गुरुजनों का विरोध प्राप्त किया; इसने कभी किसी पर दया नहीं की। इस महापापी ने अपने कर्मों से हमें भी दुखी बना छोड़ा।" ५०

दुखार्त (दुख से पीड़ित) निशाचरपति ने नारी वर्ग के ये विलाप सुन लिये (और कहा) "अब मैं चुप बैठ नहीं सकता; शत्रुओं का वध करने मैं अभी युद्ध को निकलूंगा।" यह सुनकर विरूपाक्ष, महोदर तथा महापार्श्व ने उत्तर गोपुरद्वार से बाहर आ घोर शस्त्र-प्रयोग किये। अनेक अपशकुन दिखाई पड़े; उन सबकी उपेक्षा कर वीर राक्षसराज (रावण) गोपुरद्वार के बाहर आ खड़ा रहा। तब तक वीर वानर राक्षसों से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोरुतारतु ऩेरं। वाहन माकिन वारण वीरनेस्साहसं कैक्कोण्टु वानरराजनुं कोऩ्ऩतु कण्टु विरूप विलोचनन् चेऩ्ऩितु वाळुं परिचयुं कैक्कोण्टु। ६० कुऩ्ऩु कोण्टोऩ्ऩेरिञ्ञान् कपिराजनुं तऩ्ऩायितेऩ्ऩु विरूपाक्षनुमथ वेट्टिनान् वानरनायक वक्षसि, पुष्ट कोपत्तोटु मर्क्कट राजनुं, ऩेट्टिमेलोऩ्ऩटिच्चानतु कोण्टवन् तेट्टेऩ्ऩु कालपुरं पुक्कुमेविनान्। तेरिलेऴिक्कोण्टटुत्तान् महोदरन् तेरुं तकर्त्तु सुग्रीवनवनेयुं मृत्यु पुरत्तिनयच्चतु कण्टति क्रुद्धनाय् वऩ्ऩटुत्तान् महापर्श्वनुं। अंगदन् कोऩ्ऩानवनयुमऩ्ऩेरं पोङ्ङु मिऴिकळोटाशराधीशनुं पोर् मदत्तोटुमटुत्तु कपिकळे त्तामसास्त्रं कोण्टु वीऴ्त्तनानूऴियिल्। रामनुमैन्द्रास्त्रमेय्तु तटुत्तितु तामसास्त्रत्तेयुमप्पोळ् दशाननन् आसुरमस्त्रमेय्तानतु वऩ्ऩळवातुरन्मारायिताशु कपिकळुं। वारण सूकर कुक्कुट क्रोष्टुक सारमेयोरग सैरिभ वायस ७० वानर सिंह रुरुवृक काक गृद्धाननमाय्वरुमासुरास्त्रात्मकं; मुद्गर पट्टस शक्ति परश्वथ खड्ग शूल प्रास बाणायुधङ्ङळुं रूक्षमाय् वऩ्ऩु परऩ्ऩतु कण्टळवाग्नेयमस्त्र

भिड़ गये। यह देख राक्षस वीर भी क्रुद्ध हो आगे बढ़े। सुग्रीव तथा विरूपाक्ष ने परस्पर उग्र युद्ध किया। वानरराज ने साहसपूर्वक उसके वाहन-स्वरूप वारण (हाथी) को मारा। यह देख विरूपाक्ष ढाल तलवार लिये आगे बढ़ा। ६० वानरराज (सुग्रीव) ने एक शिला उस पर दे मारी। तब 'खूब किया' यह कहते हुए क्रुद्ध विरूपाक्ष ने मर्कट-राज (सुग्रीव) के वक्षःप्रदेश पर ज़ोर से तलवार दे मारी। तो सुग्रीव ने उसके माथे पर एक तमाचा दिया, जिसके लगते ही उसने यमपुरी की राह ली। तब महोदर रथ पर सवार हो आया और सुग्रीव ने रथ तोड़ उसे भी मृत्युपुरी को भेज दिया। यह देख भयंकर क्रोध युक्त हो महा-पार्श्व निकट आ पहुँचा, जिसे तुरन्त ही अंगद ने मारा। क्रोधातुर रावण आँखें फाड़-फाड़ देखने लगा और युद्ध की खुमारी में आगे बढ़ तामसास्त्रों का प्रयोग करके कपियों को भूमि पर गिराने लगा। तुरन्त राम ने ऐन्द्रास्त्र से तामसास्त्र को रोका; तुरन्त दशानन ने आसुरास्त्र का प्रयोग किया, जिसके आते ही वानर कातर हो गये। वारण (हाथी), सूकर (सुअर), कुक्कुट (मुर्गा), क्रोष्टु (गीदड़), सारमेय (कुत्ता), उरग (साँप), सैरभ (भैंसा), वायस (कौआ)—। ७० —वानर, सिंह, रुरु (कुत्ते के आकार का एक जन्तु), वृक, गिद्ध आदि के आनन (मुख) से युक्त आसुरास्त्रमूर्ति, जो मुद्गर, वेल, कुल्हाड़ी, खड्ग, भाला, तीर आदि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मेय्तान् मनुवीरनुं। चेङ्कनल्क्कोळ्ळिकळ् मिन्नल् नक्षत्रङ्ङळ् तिङ्कळुमादित्यनग्नियेन्निवत्तरं ज्योतिर्म्मयङ्ङळाय्च्चेन्नु त्तिरञ्ञळ-वासुरमस्त्रवुं पोय्मरञ्ञू बलाल्। अप्पोळ् मयन् कोंटुत्तोरु दिव्यास्त्रमामल्पेतरायुधं काणायितन्तिके। गान्धर्वमस्त्रं प्रयोगिच्चतिनेयुं शान्तमाक्कीटिनान् मानव वीरनुं। सौर्य्यास्त्र-मेय्तान् दशाननन्नेरं धैर्य्येण राघवन् प्रत्यस्त्रमेय्ततुं खण्डिच्च न्नेरमाखण्डल वैरियुं चण्डकरांशु समङ्ङळां बाणङ्ङळ् पत्तु कोंण्टेय्तुमर्म्मङ्ङळ् भेदिच्चळवुत्तमपूरुषनाकिय राघवन् ८० न्नूरु शरङ्ङळेय्तानतु कोंण्टुटल् कीऱि मुऱिञ्ञितु नक्तञ्चरेन्द्रनुं। लक्ष्मणनेळु शरङ्ङळालूक्कोटु तल्क्षणे केतु खण्डिच्चु वीळ्त्तीटिनान्। अञ्चु शरमेय्तु सूतनेयुं कोन्नु चञ्चलहीनं मुऱिच्चितु चापवुं। अश्वङ्ङळेगद कोंण्टु लक्ष्मणन् तच्चु कोन्नानतु न्नेरं दशाननन् भूतले चाटि वीणाशु वेल् कोंण्टति क्रोधाल् विभीषणने प्रयोगिच्चितु बाणङ्ङळ् मून्नु कोंण्टेय्तु मुऱिच्चितु वीणतु मून्नुं न्नुरुङ्ङि महीतले। अप्पोळ् विभीषणनेक्कोल्लुमारवन् कल्पिच्चु मुन्नं मयन् कोंटुत्तोरु-वेल् कैक्कोंण्टु चाट्टुवानोङ्ङिय न्नेरत्तु लक्ष्मणन् मुल्प्पुक्कु

हथियारों की वर्षा करने में समर्थ है, को रूक्ष-रूप धारण किये आते देखकर मनुवीर (राम) ने आग्नेयास्त्र का प्रयोग कर दिया। बिजली, सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, अग्नि आदि देवों की ज्योति से युक्त आग्नेय के आते ही आसुरास्त्र तेजोरहित हो गया। तुरन्त (रावण को मय से प्रदत्त) दिव्यास्त्र सामने दिखाई पड़ा तो मानववीर (राम) ने गन्धर्वास्त्र का प्रयोग कर उसे भी शान्त कर दिया। तब दशानन ने सौर्यास्त्र का प्रयोग किया तो प्रत्यस्त्र का प्रयोगकर राम ने उसे भी खंडित कर दिया। तुरन्त ही आखण्डल वैरी (इन्द्र-शत्रु) ने चण्डकरांशु सम (सूर्य रश्मियों के तुल्य) दस शरों से (श्रीरामजी के) शरीर को विद्ध कर डाला तो उत्तम पुरुष रामने—। ८० —एक साथ शत बाण चलाये, जिनके लगने से निशाचरेन्द्र का शरीर विक्षत हो गया। उसी समय लक्ष्मण ने सात तीक्ष्ण बाणों से (रावण का) ध्वज काट नीचे गिराया, पाँच बाणों से उसका चाप खण्डित कर दिया तथा सारथी को भी मारा। लक्ष्मण ने गदा मारकर उसके अश्वों का संहार किया तो तुरन्त दशानन भूतल पर कूद पड़ा और क्रोधातुर हो विभीषण पर वेल का प्रयोग किया। किन्तु लक्ष्मण ने तीन बाणों से उसे तीन खंड कर महीतल पर गिरा दिया। तब विभीषण का वध करने के निमित्त पहले मय से प्रदत्त वेल उठाकर वह उसे प्रयुक्त करने ही जा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बाणङ्ङळेय्तितु; नक्तञ्चराधिपन् तन्नुटलोक्कवे रक्तमणिञ्ञु मुरिञ्ञु वलञ्ञुटन् निल्क्कुं दशाननन् कोपिच्चु चोल्लिनान् लक्ष्मणन् तन्नोटु नन्नु नीयेन्नयुं। ९० रक्षिच्च वारु विभीषण-नेत्तथा रक्षिक्किल् नन्नु निन्नेप्पुनरेन्नुटे शक्ति वरुन्नतु कण्टालु मिन्नोरु शक्तनाकिल् भवान् खण्डिक्क वेलितुं। एन्नु परञ्ञु वेगेन चाटीटिनान् चेन्नु तरच्चितु मारत्तु शक्तियुं। अस्त्रङ्ङळ् कोण्टु तटुक्करुताञ्ञुटन् वित्रस्तनाय् तत्र वीणु कुमारनुं। वेल् कोण्टु लक्ष्मणन् वीणतु कण्टुळ्ळिल् माल् कोण्टु रामनुं निन्नु विषण्णनाय्। शक्ति परिप्पतिनाक्कुं कपिकळ्क्कु शक्ति पोराञ्ञु रघुकुलनायकन् तृक्कैकळ् कोण्टु पिटिच्चु परिच्चुटनुळ्क्कोपमोटु मुरिच्चेरिञ्ञीटिनान्। मित्र तनय सुषेण जगल् प्राण पुत्रादि कळोटरुळ् चेय्तितादराल्— लक्ष्मणन् तन्नुटे चुट्टुमिरुन्निनि रक्षिच्चु कोळ्ळुविन् विषादिक्करुतेतुं। दुःख समयमल्लिप्पो-ळुळ्ळटोटु रक्षोवरने वधिक्कुन्नतुण्टु ञान्। १०० कल्याण मुळ्-क्कोण्टु कण्टुकोळ्ळुविन् निङ्ङळेल्लावरुमिन्नुमल्क्कर कौशलं। शक्रात्मजने वधिच्चतुं वेगत्तिलर्क्कात्मजादिकळोटुमोरुमिच्चु

रहा था कि उसके पूर्व ही आगे बढ लक्ष्मण ने शर-वर्षा से उसका शरीर शत विक्षत कर दिया जिससे रावण रक्त-स्नान करने लगा। तब क्रोधा-कुल रावण ने लक्ष्मण से कहा—"तुम भी खूब निकले। ९० तुमने अब तक विभीषण को बचाया; किन्तु अब संभव है तो अपने को बचाओ। तुम मेरी महाशक्ति को आते देख लो और समर्थ हो तो इसे भी खंडित करो।" यह कह वक्षःस्थल को लक्ष्य कर उसने शक्ति का प्रयोग किया, जो वक्षःस्थल को जा लगी। अस्त्रों से रोक न पाने के कारण कुमार वित्रस्त हो वहीं नीचे गिर पड़े। शक्ति लगकर लक्ष्मण को नीचे गिर पड़ते देख मन में दुखी हो राम उदास खड़े रह गये। शक्ति निकालने की क्षमता किसी वानर में न देखकर रघुकुल नायक (राम) ने अपने श्रीकरों से उसे निकाल लिया और क्रोध से उसे तोड़कर दूर पटक दिया। फिर मित्र तनय (सुग्रीव), सुषेण और जगद्प्राणपुत्र (वायुपुत्र हनुमान) आदि को बताया—"तुम लोग उदास मत होओ, तुम लक्ष्मण के आस-पास ही रहकर उनका उपचार करो। यह दुखी होने का समय नहीं है। मैं तुरन्त रक्षोवर (रावण) का वध करूँगा। १०० तुम सब लोग आज मेरा हस्त-कौशल खड़े-खड़े देख लो और सुखी बनो। शक्रात्मज (बालि) का वध, फिर अर्कात्मज (सुग्रीव) आदि के साथ सेतु बाँध सागर पार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वारिधियिल् चिरकॆट्टिक्कटन्नतुं पोरिल् निशाचरन्मारॆ वधिच्चतुं रावण निग्रह साध्यमायिट्टवन् केवलमिप्पोळभिमुखनायितु। रावणनुं बत ! राघवनुं कूटि मेवुक भूमियिलॆन्नुळ्ळतिल्लिनि। रात्रिञ्चरेन्द्रनॆक्कॊल्लुवन् निर्णयं मार्त्ताण्डवंशत्तिलुळ्ळवनाकिल् ञान्। सप्तद्वीपङ्ङळुं सप्तांबुधिकळुं सप्ताचलङ्ङळुं चन्द्र-सूर्य्यन्मारुं आकाश भूमिकळॆन्निवयुळ्ळ नाळ् पोकात कीर्त्ति वर्द्धिक्कुं परिचिल् ञान्। आयोधने दशकण्ठनॆक्कॊल्वनॊरायुध पाणियॆन्नाकिल् निस्संशयं। देवासुरोरग चारण तापसरेवरुं कण्टरियेणं मम बलं। ११० इत्थमरुळ् चॆय्तु नक्तञ्चरेन्द्र-नोटस्त्रङ्ङळॆय्तु युद्धं तुटङ्ङीटिनान्। राघव रावणन्मार् तम्मिलिङ्ङनॆ मेघङ्ङळ् मारि चॊरियुन्नतु पोलॆ बाण गणं पॊळिच्चीटुन्नतु नेरं ञाणॊलि कॊण्टु मुळङ्ङि जगत्त्रयं। सोदरन् वीणु किटक्कुन्नतोर्त्तुळ्ळिलाधि मुळुत्तु रघुकुल नायकन् तारेय तातनोटेवमरुळ् चॆय्तु धीरतयिल्ल युद्धत्तिनेतुं मम। भूतले वाळ्कयिल् नल्लतॆनिक्किनि भ्रातावुतन्नोटु कूटॆ मरिप्पतुं; विल्प्पिटियुं मुरुकुन्नितिल्लेतुमे कॆल्पुमिल्लातॆ चमञ्ञु नमुक्किह

करना, युद्ध में इतने निशाचरों की हत्या सबका लक्ष्य इसी रावण का वध करना ही था; किन्तु यह केवल आज ही प्रत्यक्ष सामने आया। कष्ट ! रावण और राम का अब एक ही समय भूमि पर रहना असंभव है। अगर मैं मार्तण्डवंश (सूर्यवंश) में उद्भूत हूँ तो मैं रात्रिचरेन्द्र (रावण) का अवश्य वध करूँगा। सप्तद्वीपों, सप्तसागरों, सप्ताचलों, सूर्य-चन्द्र, भूमि-आकाश के रहते (आज इसका वधकर) मैं निर्दोषयुक्त यश बढ़ाऊँगा। अगर मैं आयुधपाणि हूँ तो निस्संदेह आयोधन (युद्ध) में रावण का वध कर डालूँगा। आज देव, असुर, उरग (नाग), चारण, तापस सब मेरी सामर्थ्य देख लेंगे।" ११० यह प्रतिज्ञा करके राक्षसेन्द्र पर बाण-प्रयोग करते हुए (रामने) पुनः युद्ध आरंभ किया। जैसे दो मेघ परस्पर स्पर्धा करते जलकण बरसाते हैं वैसे जब राम-रावण परस्पर बाण-वर्षा कर रहे थे, तब धनुष की झंकारों से त्रिलोक कंपित हुए। अपने विक्षत हो पड़े भ्राता का मन में स्मरण करते हुए राम ने अत्यन्त खिन्न हो तारेय-तात (सुग्रीव) से इस प्रकार कहा—"आज युद्ध करने का साहस नहीं रह गया। अब भूतल पर रहने की अपेक्षा भ्राता के साथ मृत्यु पाना ही भला लगता है। धनुष पकड़ते हाथ काँप रहा है, अब युद्ध के लिए शक्ति भी नहीं रही। मैं सीधा खड़ा रह नहीं पा रहा हूँ। मन में उत्तरोत्तर विभ्रम बढ़ता जा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निल्पानुमेतुमरुतु मनस्सिनुं विभ्रममेरि वरुन्नितु मेल्क्कुमेल् ।
दुष्टनेक्कोल्वानुपायवुं कण्टील नष्टमाय् वन्नितु मानवुं मानसे ।
एवमरुळ् चेय्त नेरं सुषेणनु देवदेवन् तन्नोटाशु चौल्लीटिनान्—१२०
देहत्तिनेतुं निरं पकर्न्नीलोरु मोहमत्रे कुमारनेन्नु निर्ण्णयं । वक्त्र
नेत्रङ्ङळ्क्कुमेतुं विकारमिल्लत्तल् तीर्त्तिप्पोळुणरुमवरजन् ।
अन्नुणर्त्तिच्चनिलात्मजन् तन्नोटु पिन्ने निरूपिच्चु चोन्नान् सुषेणनुं—
मुन्नेक्कणक्के विशल्य करिणियाकुन्न मरुन्निन्नु कोण्टु वन्नीटुक ।
अन्नळवे हनूमानुं विरवोटु चेन्नु मरुन्नतु कोण्टु वन्नीटिनान् ।
नस्यवुं चेय्तु सुषेणन् कुमारनालस्यवुं तीर्न्नु तेळिञ्ञु विळङ्ङिनान् ।
पिन्नेयुमौषधशैलं कपिवरन् मुन्न मिरुन्न वण्णं तन्नेयाक्किनान् ।
मन्नवन् तन्ने वणङ्ङिनान् तम्पियुं नन्नाय् मुरुकेप्पुणर्न्नितु रामनुं ।
निन्नुटे पारवश्यं काण्क कारणमेन्नुटे धैर्य्यवुं पोयितु मानसे ।
अन्नतु केट्टुरचेय्तु कुमारनुमोन्नु तिरुमनस्सिङ्कलुण्टाकणं । १३०
सत्यं तपोधनन्मारोटु चेय्ततुं मिथ्ययाय्वन्नु कूटायेन्नु निर्ण्णयं ।
त्रैलोक्य कण्टकनामिवनेक्कोन्नु पालिच्चु कोळ्क जगत्त्रयं वैकाते ।

रहा है । इस दुष्ट को संहार करने का कोई उपाय नहीं दीख रहा है । मन में लज्जित हो रहा हूं ।" इस प्रकार कहते ही सुषेण ने देवदेवेश से कहा— । १२० "हे स्वामी ! कुमार की मृत्यु की आशंका न कीजिएगा । रक्त-प्रवाह के रुक जाने की आशंका भी निर्मूल है क्योंकि शारीरिक रंग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है । निश्चय ही कुमार मूर्छा में हैं । वक्त्र (मुख) एवं नेत्रों में भी कोई परिवर्तन नहीं है, वे जल्दी ही मूर्छा से जाग उठेंगे ।" यह कहने के उपरांत सुषेण ने अनिलात्मज (हनुमान) से विचार करके कहा—"पहले के जैसे ही विशल्य करिणी नामक औषधी तुरन्त ले आओ । यह कहते मात्र ही हनुमान जाकर वही औषध ले आये । सुषेण ने उसका नस्य किया तो कुमार का आलस्य दूर हुआ और वे स्वस्थ हुए । फिर हनुमान ने औषधशैल को ले जाकर पूर्ववत् यथास्थान रख दिया । लक्ष्मण ने जाकर महाराज (राम) को प्रणाम किया और राम ने भाई को गाढ भाव से आश्लेष किया । (राम ने कहा कि) "तुम्हारी मूर्छा देखकर मेरा धैर्य जाता रहा ।" यह सुनकर कुमार लक्ष्मण ने कहा कि "आप एक बात पर सदा ध्यान रखिए । १३० आपने तपोधनों से जो सत्य प्रतिज्ञा की थी, वह कभी मिथ्या न होने पाए । आप अविलंब त्रिलोक के लिए कंटक तुल्य इसे (रावण को) मारकर धर्म की रक्षा करें ।" लक्ष्मण की उक्ति सुनकर जल्दी ही राम ने जाकर रावण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

लक्ष्मणन् चॊन्ऩतु केट्टु रघूत्तमन् रक्षोवरनोटॆतिर्त्तानतिद्रुतं । तेरुमॊरुमिच्चु वन्ऩू दशास्यनुं पोरिन्नु राघवनोटॆतिर्त्तीटिनान् । पारिल् निन्ऩिक्ष्वाकु वंश तिलकनुं तेरिल् निन्ऩाशरवंश तिलकनुं पोरति घोरमाय्च्चॆय्तोरु नेरत्तु पारमिळप्पं रघूत्तमनुण्टॆन्ऩु नारदनादिकळ् चॊन्ऩतु केळ्क्कयाल् पारं वळर्न्नॊरु संभ्रमत्तोटुटन् इन्द्रनुं मातलियोटु चॊन्ऩान् ममस्यन्दनं कॊण्टक्कॊटुक्क नी वेकातॆ; श्रीराघवन्नु हितं वरुमारु नी तेरुं तॆळिच्चु कॊटुक्क मटियातॆ । मातलि तानतु केट्टुटन् तेरुमाय् भूतलं तन्निलिळिञ्ञु चॊल्ली-टिनान्—१४० रावणनोटु समरत्तिनिन्ऩु ञान् देवेन्द्र शासनया विटकॊण्टितु । तेरितिलाशु करेरुक पोरिनाय् मारुततुल्य वेगेन नटत्तुवन् । ॲन्ऩतु केट्टु रथत्तॆयुं वन्दिच्चु मन्नवन् तेरिलाम्मारु करेरिनान् । तन्नोटु तुल्यनाय् राघवनॆक्कण्टु विण्णिलाम्मारॊन्ऩु नोक्कि दशाननन् । पेमळ पोलॆ शरङ्ङळ् तूकीटिनान् रामनुं गान्धर्वमस्त्रमॆय्तीटिनान् । राक्षसमस्त्रं प्रयोगिच्चतु नेरं राक्षस राजनुं रूक्षमायॆत्रयुं क्रूर नागङ्ङळामस्त्रत्तॆमाटुवान् गारुडमस्त्र-मॆय्तु रघुनाथनुं । मातलि मेलुं दशाननन् बाणङ्ङळॆय्तु कॊटियुं

से युद्ध आरंभ किया। दशानन रथारूढ़ हो आया और राम से लड़ने लगा। इक्ष्वाकुवंश-तिलक (राम) ने पृथ्वी पर खड़े होकर तथा आशरवंश तिलक (रावण) ने रथ पर से घोर युद्ध किया। उस समय नारद आदि से यह सुनकर कि बिना रथ के रावण से लड़ना राम के लिए कठिन हो सकता है, अत्यत परिभ्रान्त हो इन्द्र ने मातली को आज्ञा दी कि तुम तुरन्त ही मेरा स्यंदन (रथ) ले जाकर (राम को) दो तथा राम के इच्छानुसार तुम सारथी का काम भी करो। यह आज्ञा पाते ही मातली रथ ले भूतल पर आकर राम से कहने लगे—। १४० —आज मैं रावण से युद्ध करते आपके पास देवेन्द्र की अनुज्ञा लेकर आया हुआ हूँ। आप युद्ध के लिए जल्दी ही इसी रथ पर आरूढ़ हो जाइए, मैं वायुवेग से रथ संचालन करता रहूँगा। यह सुनकर रथ को प्रणाम करके महाराज (राम) उस पर चढ़े। राम को अपने बराबर (रथ पर आरूढ़) पाकर दशानन ने एक बार अमरलोक की ओर घूरकर देखा और फिर राम की ओर मूसलाधार वर्षा के समान शर-वर्षा की तो राम ने भी गांधर्वास्त्र का प्रयोग किया। तुरन्त ही राक्षसराज (रावण) ने अत्यन्त तीक्ष्ण राक्षसास्त्र का प्रयोग किया। क्रूर नागास्त्र को शान्त करने के लिए रामने गारुड़ास्त्र चलाया। दशानन ने मातली पर बाण चलाया, ध्वजा भी काट डाली।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मुरिच्चु कळञ्ञतु; वाजिकळ्क्कुं शरमेट्टमेट्ट पुनराजियुं घोरमाय् वन्नु रघुवरन् कैकाल् तळर्न्नु तेर्त्तट्टिल् निल्क्कुं विधौ कैकसीनन्दननाय विभीषणन् १५० शोकातिरेकं वळर्न्नु निन्नीटिनान् लोकरुमेट्टं विषादं कलर्न्नितु। कालपुरत्तिनयप्पनि-नियेन्नु शूलं प्रयोगिच्चिताशराधीशनुं। अस्त्रङ्ङळ् कोण्टु तट पोरान्ञोर्त्तुटन् वृत्रारि तन्नुटे तेरिलिरुन्नोरु शक्तियेटुत्तयच्चू राघुनाथनुं पत्तु नुरुङ्ङि वीणू तत्र शूलवुं। नक्तञ्चरेन्द्रनुटे तुरगङ्ङळे शस्त्रङ्ङळ् कोण्टु मुरिच्चितु राघवन्। सारथि तेरुं तिरिच्चटिच्चार्त्तनाय्प्पोरिलोळिच्चु निर्त्तीटिनानन्नेरं। आलस्य मोट्टकन्नोरु नेरं तत्र पौलस्त्यनुं सूतनोटु चोल्लीटिनान्— ऐन्ति-नाय्क्कोण्टु नी पिन्तिरिञ्ञू बलालन्धनाय् ञानत्र दुर्बलनाकयो ? कूटलरोटेतिर्त्ताल् ञानोरुत्तनोटोटियोळिच्च वारेन्नु कण्टू भवान्। नीयल्ल सूतनेनिक्किनि रामनु नीयति बान्धवनेन्नरिञ्ञेनहं। १६० इत्थं निशाचराधीशन् परञ्ञतिनुत्तरं सारथि सत्वरं चोल्लिनान्— रामने स्नेहमुण्टायिट्टुमल्ल मल् स्वामियेि द्वेष मुण्टायिट्टुमल्लमे। रामनोटू पोरुतु निल्क्कुन्नेरमामयं पूण्टु तळर्न्नतु कण्टु ञान्, स्नेहं भवानेक्कुरिच्चेट्टमाकयाल् मोहमकलुवोळं पोक्कोळं विट्टु

घोड़ों को भी खूब बाण लगे। पुनः युद्ध ने ज़ोर पकड़ा। जब राम हाथ-पाँव दुखने के कारण रथ पर मौन खड़े थे तभी कैकसी नन्दन विभीषण—। १५० अत्यन्त दुखार्त हो उठे। साधु-संत भी हताश हुए। 'अब यमपुर को भेज दूंगा' यह कहते हुए आशराधीश (राक्षसराज रावण) ने शूल से राम पर वार किया। अस्त्रों से इसे रोका नहीं जा सकता, ऐसा सोचकर तुरन्त राम ने वृत्रारि (इन्द्र) के रथ में पहले से रखी गयी एक शक्ति उठाकर उसका प्रयोग किया तो उसके शूल के दस टुकड़े हुए। फिर राम ने राक्षसराज के तुरगों (घोड़ों) को शस्त्रों से छेद डाला तो तुरन्त सारथी ने रथ पीछे हटाकर युद्धक्षेत्र से दूर लाकर खड़ा किया। जब आलस्य ज़रा दूर हुआ तब रावण ने सूत से पूछा—"तुमने बलात् अंधे हो रथ क्यों पीछे हटा दिया ? क्या मैं इतना दुर्बल हुआ हूँ ? वानरों से युद्ध करते कभी तुमने मुझे पीछे हटते देखा है ? अब तुम मेरे सूत नहीं रहे, लगता है, तुम राम के अनुकूल हो।" १६० इस प्रकार निशाचर-राज के कहने पर सारथी ने तुरन्त उत्तर दिया—"न राम के प्रति विशेष प्रीति से, न अपने स्वामी के प्रति विशेष द्वेष (के कारण मैंने रथ पीछे हटा दिया)। राम से लड़ते समय दुखी एवं विवश होते मैंने आपको

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दूरे तिरत्तालस्य मेल्लां कळञ्ञिनिप्पोरिम्नटुक्केणमेन्नु कल्पिच्चत्ते ।
सारथि तानऱियेणं महारथन्माऱ्टे सादवुं वाजिकळ् सादवुं;
वैरिकळ्क्कुळ्ळ जयाजय कालवुं पोरिल् निम्नोन्नत देश विशेषवुं;
अेल्लामऱिञ्ञु रथं नटत्तुन्नवनल्लो निपुणनायुळ्ळ सूतन् प्रभो !
अेन्नतु केट्टु तेळिञ्ञथ रावणनोन्नु पुणर्न्नोरु कैवळयुं कोटु—
त्तिन्निनित्तेरटुत्ताशु कूट्टीटुक पिन्नोक्क मिल्लिनियोन्नु कोण्टुमेटो! १७०
इन्नोट्टु नाळेयोटोन्नु तिरिञ्ञीटुं मन्नवनोटुळ्ळ पोरेन्नरिक नी ।
सूतनुं तेरति वेगेन कूट्टिनान् क्रोधं मुळुत्तङ्ङटुत्तितु रामनुं ।
तङ्ङळिलेटमणञ्ञु पौरुतळवङ्ङुमिङ्ङुं निरयुन्नु
शरङ्ङळाल् । १७३

अगस्त्य प्रवेशवुम् आदित्य स्तुतियुम्

अङ्ङनेयुळ्ळ पोर् कण्टु निल्क्कुन्नेरमेङ्ङनेयेन्नऱिञ्ञील-
गस्त्यन् तदा राघवन् तेरिलिऱङ्ङि निन्नीटिनानाकाश देशाल्
प्रभाकर सन्निभन् । वन्दिच्चु निन्नु रघुकल नाथनानन्द
मियन्नरुल् चेय्तानगस्त्यनुं— अभ्युदयं निनक्काशु वरुत्तुवानि-
प्पोळिविटेक्कु वन्नितु ञानेटो ! तापत्रयवुं विषादवुं तीर्न्नुपो-

---

पाया । आपके प्रति विशेष प्रेम के कारण ही मैंने मूर्छा हटने तक युद्ध-भूमि छोड़कर दूर रहने का संकल्प किया था । सच्चे सारथी का कर्तव्य है कि वह महारथी का आलस्य तथा अश्वों की थकावट पर सदा ध्यान रखे । हे स्वामी ! शत्रु की जय एवं पराजय का समय, युद्ध के समय निम्नोन्नत भूमि-विशेष सबका ध्यान रखते हुए रथ हाँकनेवाला ही निपुण सारथी है ।" इतना सुनते ही रावण ने प्रसन्न मुद्रा से युक्त हो सारथी को एक बार गले से लगाया तथा एक कड़ा हाथ में पहना दिया और कहा कि अब फिर रथ सजा दो । अब किसी प्रकार की म्लानता के लिए अवकाश नहीं रह गया है । १७०

अगस्त्य का प्रवेश एवं आदित्य-स्तुति

इस प्रकार (राम-रावण) युद्ध देखते हुए, पता नहीं कैसे कहाँ से आये, प्रभाकर (सूर्य) सम तेजस्वी अगस्त्य मुनि आकाश देश से उतर कर रामजी के रथ में प्रकट हुए । रघुकुलनाथ वंदना करते खड़े रहे और प्रसन्न हो अगस्त्य ने कहा—"मैं तुम्हारे अभ्युदय के लिए अभी यहाँ आया हूं । तुम्हारे तापत्रय मिटेंगे तथा विषाद दूर होगा, सब प्रकार की

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मापत्तुमट्टूळ्ळवयुमकन्नुपों । शत्रुनाशं वरुं रोगविनाशनं वर्द्धिक्कुमायुस्सु सत्कीर्त्ति वर्द्धनं नित्यमादित्य हृदयमां मन्त्र मितुत्तममेत्रयुं भक्त्या जपिक्केटो ! देवासुरोरगचारण किन्नर तापस गुह्यकयक्षरक्षोभूत किं पुरुषाप्सरो मानुषाद्यन्मारुं सम्प्रति सूर्य्यनेत्तन्ने भजिप्पतुं । देवकळाकुन्नतादित्यनाकिय देवनत्रे पतिन्नालु लोकङ्ङळुं । १० रक्षिप्पतुं निज रश्मिकळ् कोण्टवन् भक्षिप्पतुमवन् कल्पकालान्तरे । ब्रह्मनुं विष्णुवुं श्रीमहादेवनुं षण्मुखन् तानुं प्रजापति वृन्दवुं शक्रनुं वैश्वानरनुं कृतान्तनुं रक्षोवरनुं वरुणनुं वायुवुं, यक्षाधिपनुमीशाननुं चन्द्रनुं नक्षत्र जालवुं दिक्करि वृन्दवुं, वारण वक्त्रनुमार्य्यनुं मारनुं तारागणङ्ङळुं नानाग्रहङ्ङळुं, अश्विनीपुत्ररुमष्ट वसुक्कळुं विश्वदेवन्मारुं सिद्धरुं साद्ध्यरुं, नाना पितृक्कळुं पिन्ने मनुक्कळुं दानवन्मारुमुरग समूहवुं, वारमासर्त्तुं संवत्सर कल्पादि कारक नायतुं सूर्य्यनिवन् तन्ने । वेदान्त वेद्यनां वेदात्मकनिवन् वेदार्त्थ

विपत्तियाँ भी दूर होंगी । शत्रु का नाश होगा, रोग-नाश होगा । आयु और यश की वृद्धि होगी । उसके लिए नित्य उत्तम आदित्य हृदय मन्त्र का भक्ति से जाप करो । देव-असुर, नाग, चारण, किन्नर, तापस, गुह्यक, यक्ष, राक्षस, किंपुरुष, अप्सरस्, मनुष्य सब इस समय कार्य-सिद्धि के लिए सूर्य का ही भजन करते हैं । चौदहों भुवनों में जो भी देवता हैं, वे सब इन्हीं आदित्य के रूपान्तर हैं । १० वे ही अपनी रश्मियों से सबका पालन करते हैं और कल्पान्त काल में वे ही अपनी रश्मियों से सबका संहार करते हैं । ब्रह्मा, विष्णु, श्री महादेव, षण्मुख, प्रजापति वृन्द (दक्ष जैसे सृष्टि कर्ताओं का समूह), शक्र (इन्द्र), वैश्वानर (वह्नि), कृतान्त (यमराज), रक्षोवर (निऋृति), वरुण, वायु, यक्षाधिप (कुबेर), ईशानन (शिव), चन्द्र, नक्षत्रजाल, दिक्पाल, वारणवक्त्र (गणपति), आर्य (एक मनु का नाम), मार (कामदेव), तारागण, नानाग्रह, अश्विनीपुत्र, अष्टवसु (धरो ध्रुवश्च सोमश्च अगश्चैवानिलोनलः प्रत्युषश्च प्रभासश्च वसवोष्टावितिस्मृताः), विश्वदेव (उपदेवों में एक वर्ग जो संख्या में दस हैं : वसुः सत्यः क्रतुर्दक्षः कालः कामोधृतिः कुरु, पुरूरवा, माद्रवश्च, विश्वदेवाः प्रकीर्त्तितः), सिद्ध, साधक, नाना पितृगण, चौदह मनु (स्वायंभुव, स्वारोचित, औत्तमि, तामस, रैवत, चाक्षुष, वैवस्वत, सार्वणि, दक्षसावर्णि, ब्रह्मसावर्णि, धर्मसावर्णि, रुद्रसावर्णि, रौच्यदैवसावर्णि), दानव, उरग समूह (नागाजाति), वार, मास, ऋतुएँ, संवत्सर, कल्प इत्यादि कालभेदों के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विग्रहन् वेदज्ञसेवितन्, पूषा विभाकरन् मित्रन् प्रभाकरन् दोषाकरात्मकन् त्वष्टा दिनकरन् २० भास्करन् नित्यनहस्कर-नीश्वरन् साक्षि सविता समस्त लोकेक्षणन्, भास्वान् विवस्वान् नभस्वान् गभस्तिमान् शाश्वतन् शंभु शरण्यन् शरणदन्, लोक शिशिरारि घोरतिमिरारि, शोकापहारि, लोकालोक विग्रहन्, भानु हिरण्यगर्भन् हिरण्येन्द्रियन् दानप्रियन् सहस्रांशु सनातनन्, सप्ताश्वनर्ज्जुनाश्वन् सकलेश्वरन् सुप्तजनावबोधप्रदन् मंगलन्, आदित्यनर्क्कनरुणनन्तगन् ज्योतिर्म्मयन् तपनन् सविता रवि, विष्णु विकर्त्तनन् मार्त्ताण्डनंशुमानुष्ण किरणन् मिहिरन् विरोचनन्, प्रद्योतनन् परन् खद्योतनुद्योतनद्वयन् विद्याविनोदन् विभावसु, विश्व सृष्टि स्थिति संहार कारणन् विश्ववन्द्यन् महाविश्वरूपन् विभु, विश्वविभावनन् विश्वैकनायकन् विश्वासभक्तियुक्तानां

जनक सब ये ही सूर्य हैं। ये ही सूर्य वेदान्तवेद्य, वेदात्मक (वेदस्वरूप), वेदार्थ विग्रह (स्वयं वेद का रहस्य बनकर रहनेवाले), वेदज्ञसेवित, पूषा, विभाकर, मित्र, प्रभाकर दोषाकरात्मक (चन्द्रस्वरूप), त्वष्टा, दिनकर—। २० —भास्कर, साक्षी, सविता, समस्त लोकेक्षण, भास्वान, विवस्वान, नभ-स्वान, नभस्तिमान, शाश्वत, शंभुशरण्य, लोकशिशिरारि (संसार की ठंड को दूर करनेवाले), घोर तिमिरारि (घोर अंधकार को दूर करनेवाले), शोकापहारी (दुखों को हरण करनेवाले), लोकालोक विग्रह (दृश्य और अदृश्य लोक जिनका शरीर है), भानु, हिरण्येन्द्रिय (वस्तुओं के उत्पादन वीर्यों से युक्त), दानप्रिय, सहस्रांशु (हजार किरणोंवाले), सनातन, सप्ताश्व (सात अश्वों से युक्त), अर्जुनाश्व (सफेद घोड़ों से युक्त), सकलेश्वर, सुप्तजनावबोधप्रद (सुप्तजनों को जागृत करनेवाले), मंगल, आदित्य (अदिति के पुत्र), अर्क (गर्मी प्रदान करनेवाले), अरुण (लालिमा से युक्त), अनन्त (अंत को न प्राप्त होनेवाले), ज्योतिर्मय (तेजस्वरूप), तपन (तप्त करनेवाले), सविता (उत्पादक शक्तिवाले), रवि (संचरणशील), विष्णु (व्यापनशील), विकर्तन (स्थिति भेद को उत्पन्न करनेवाले), मार्तण्ड (मृत अंड से जन्म लेनेवाले), अंशुमान (घोड़ों वाले), उष्णकिरण, मिहिर (जलदान करनेवाले), विरोचन (विशेष रूप से शोभित), प्रद्योतन (सबसे अधिक प्रकाशित), खद्योतन (आकाश में प्रकाशित), उद्योतन (ऊँचाई पर शोभित होनेवाले), अद्वय, विद्याविनोदन (ज्ञान प्रकाश से युक्त), विभावसु (तेज-रूपी धन से युक्त), विश्व के सृष्टि, स्थिति संहार कारक, विश्ववन्द्य, महाविश्वरूप, विभु, विश्व विभावन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गतिप्रदन् ३० चण्डकिरणन् तरणि दिनमणि पुण्डरीक प्रबोध प्रदनर्यमा, द्वादशात्मा परमात्मा परापरनादितेयन् जगदादिभूतन् शिवन्, खेद विनाशनन् केवलात्मा बिन्दु नादात्मकन् नारदादि निषेवितन्, ज्ञान स्वरूपनज्ञानविनाशनन् ध्यानिच्चु कौळ्क न्नी नित्यमिद्देवनें; सन्ततं भक्त्या नमस्करिच्चीटुक । ३५

आदित्य हृदयम्

सन्तापनाशकराय नमोनमः ।

अन्धकारान्तकरायनमोनमश्चिन्तामणे ! चिदानन्दाय ते नमः । नीहारनाशकराय नमोनमः मोह विनाशकरायनमो नमः । शान्ताय रौद्राय सौम्याय घोराय कान्तिमतां कान्ति, रूपाय ते नमः। स्थावर जंगमाचार्य्याय ते नमो देवाय विश्वैक साक्षिणे ते नमः । सत्य प्रधानाय तत्त्वाय ते नमः सत्य स्वरूपाय नित्यं नमोनमः ।

(सर्वसाक्षी), विश्वैकनायक (विश्व के एकमात्र स्वामी), विश्वास एवं भक्ति से युक्त मनुष्य को सद्गति प्रदान करनेवाले—। ३० —चण्डकिरण (उग्र रश्मियों से युक्त), तरणि (संचरणशील), दिनमणि, पुण्डरीक प्रबोधप्रद (कमल को विकसित करनेवाले), अर्यमा (संचरणशील), द्वादशात्मा (बारह शरीरों से युक्त), परमात्मा, परात्पर, आदितेय, जगदाभिभूत, शिव (कल्याण दाता), खेदविनाशन (दुखों का नाश करनेवाले), केवलात्मा, बिन्दुनादात्मक (ओंकार स्वरूप), नारदादिनिषेवित, ज्ञानस्वरूप, अज्ञान-विनाशन भगवान सूर्य देव का आप सदा ध्यान करें और निरंतर भक्ति पूर्वक उनको नमस्कार करें। ३५

आदित्य हृदय

सन्ताप का नाश करनेवाले को मेरा नमस्कार है। अन्धकार का अन्त करनेंवाले को नमस्कार है। हे चिन्तामणि (अभीष्ट को पूरा करने वाले) ! हे चिदानन्द (चैतन्य स्वरूप और आनन्द स्वरूप) ! आपको नमस्कार है। नीहार का नाश करनेवाले के लिए नमस्कार है, नमस्कार है। मोह का नाश करनेवाले को नमस्कार है, नमस्कार है। शान्तिस्वरूप, रौद्रमूर्ति और सौम्य एवं उग्र स्वरूप, कान्तियुक्त वस्तुओं की कान्ति रूपी शरीर को धारण करनेवाले ! आपके लिए नमस्कार है। हे स्थावर-जंगम वस्तुओं के स्वामी ! आपको नमस्कार है। विश्व के एकमात्र साक्षी स्वरूप देवता के लिए नमस्कार है। हे सत्य स्वरूप ! हे तत्व स्वरूप ! हे सत्वप्रधान ! आपको नित्य नमस्कार है, नित्य नमस्कार है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इत्थमादित्य हृदयं जपिच्चु त्ती शत्रुक्षयं वरुत्तीटुक सत्वरं । चित्तं
तेळिञ्ञगस्त्योक्ति केट्टेन्नयुं भक्ति वर्द्धिच्चु काकुल्स्थनुं कूप्पिनान् ।
पिन्ने विमानवुमेरि महामुनि चेन्नु वीणाधरोपान्ते मरुविनान् । ९

रावणवधम्

राघवन् मातलियोटरुळिच्चेय्तिताकुलमेन्निये तेर् नटत्तीटु त्ती ।
मातलि तेरति वेगेन कूट्टिनानेतुमे चञ्चल मिल्ल दशास्यनुं ।
मूटि पोटि कोण्टु दिक्कुमुट निट कूटी शरङ्ङळुमेन्तोरु विस्मयं ।
रात्रिञ्चरन्टे कोटिमरं खण्डिच्चु धात्रियिलिट्टिटु दशरथ पुत्रनुं ।
यातुधानाधिपन् वाजिकळ् तम्मेयुं मातलि तन्नेयुमेरे येय्तीटिनान् ।
शूलं मुसलं गदादिकळुं मेल्क्कु मेले पोळिच्चितु राक्षसराजनुं ।
सायक जालं पोळिच्चवयुं मुरिच्चायोधनत्तिन्नटुत्तितु रामनुं ।
एट्मणञ्ञुमकन्नुं वलं वच्चुमेट्टुमिटं वच्चुमोट्टु पिन् वाङ्ङियुं,
सारथिमारुटे सौत्य कौशलवुं तेराळिकळुटे युद्ध कौशल्यवुं,
पण्टु कीळिल् कण्टतिल्ल नामीवण्णमुण्टाकयु मिल्लिवण्णमिनि

(हे राम !) इस प्रकार नित्य आदित्य हृदय नामक इस मंत्र का जप करते हुए तुम तुरन्त शत्रु का नाशकर डालो। अगस्त्य मुनि का यह उपदेश सुनकर प्रसन्न चित्त हो दाशरथी ने भक्ति के साथ (उनके सामने) हाथ जोड़े और प्रणाम किया। फिर विमान पर चढ़कर महामुनि (अगस्त्य) वीणाधर (नारद) के निकट आ खड़े हुए। ९

रावण-वध

राम ने मातली से कहा—"अब निश्चिन्त रथ आगे बढ़ाओ।" (यह सुनकर) मातली ने रथ वायु के वेग में आगे बढ़ाया। फिर भी दशानन निश्चल था। चारों दिशाएँ धूल से आच्छादित हुईं और रणभूमि भी बाणों से भर गयी। दशरथ-पुत्र ने निशाचर की ध्वज-पताका खंडितकर नीचे डाल दी तो यातुधानाधिप (राक्षसराज रावण) ने (राम के रथ के) घोड़ों तथा (सारथी) मातली पर खूब बाण चलाये। वह बड़ी संख्या में शूल, मूसल, गदा आदि भी एक पर एक चलाता गया। उन सबको बाणों से खंडित कर राम युद्ध के लिए और आगे बढ़े। (दोनों ऐसे घोर युद्ध में लग गये कि) कभी दोनों परस्पर लड़ते हुए एक-दूसरे के निकट पहुँचते तो कभी बलात् पीछे हटते; कभी वार करते तो कभी वार बचाते। कुछ भी हो सारथियों का ऐसा सौत्य कौशल या रथियों का ऐसा युद्ध

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मेलिल् । १० अन्नु देवादिकळु पुकळ्तीटिनार् नन्नु नन्नेन्नु तेळिञ्ञितु नारदन् । पौलस्त्य राघवन्मार् तोळ्लिल् काण्कयाल् त्रैलोक्य वासिकळ् भीति पूण्टीटिनार् । वातमटङ्ङिमरञ्ञितु सूर्य्यनुं मेदिनि तानुं विरच्चितु पारमाय् । पाथोनिधियुमिळकि मरिञ्ञितु पाताळ वासिकळुं नटुङ्ङीटिनार् । अबुधियुं बुधियोटे तिर्त्तीटिलु मंबर मंबरत्तोटेतिर्त्तीटिलुं राघव रावण युद्धत्तिनु समं राघव रावण युद्धमोळिञ्ञल्ल । केवलमिङ्ङने निन्नु पुकळ्तिनार् देवादिकळुमन्नेरत्तु राघवन् रात्रिञ्चरन्टे तलयोन्न-रुत्तुटन् धात्रियिलिट्टानतु नेरमप्पोळे कूटे मुळच्चु काणायितवन् तल कूटे मुरिच्चु कळञ्ञु रण्टामतुं । उण्टायितप्पोळतुं पिन्ने राघवन् खण्डिच्चु भूमियिलिट्टानरक्षणाल् । २० इत्थं मुरिच्चु नूट्टोन्नु तलकळे पृथ्वियिलिट्टु रघुकुल सत्तमन् । पिन्नेयुं पत्तु तलयक्कोरु वाट्टमिल्लेन्ने विचित्रमे नन्नु नन्नेवयुं । इङ्ङने नूरायिरं तल पोकिलुमेङ्ङुं कुरविल्लवन् तलपत्तिनुं । रात्रिञ्च-राधिपन् तन्टे तपोबलं चित्रं विचित्रं विचित्रमत्रे तुलों । कुंभकर्ण्णन् मकराक्षन् खरन् बालि वम्पनां मारीचनेन्निवरादियां

कौशल इसके पूर्व कभी न देखा गया, न आगे कभी देखने का अवसर ही मिल सकता है । १० इस प्रकार देवों ने (दोनों की) खूब प्रशंसा की तो (युद्ध देख) प्रसन्न हो उठे नारद भी 'बहुत अच्छा, बहुत अच्छा,' कहते गये । पौलस्त्य एवं राघव की युद्धविद्या देखकर त्रिभुवनवासी लोग भयभीत हुए । (धीरे-धीरे) हवा रुक गयी और सूर्यास्त भी हुआ । मेदिनी (पृथ्वी) भी अतिशय कंपित हो उठी । सागर तरंगित हो उठा, पातालवासी भी घबरा उठे । "चाहे सागर सागर से टक्करे, चाहे अंबर अंबर से (आकाश-आकाश से) भिड़े, तो भी राम-रावण युद्ध मात्र राम-रावण युद्ध की ही समता पा सकता है ।" जब देव लोग इस प्रकार प्रशंसा करते खड़े थे तब राम ने रात्रिचर का एक मस्तक काटकर नीचे गिरा दिया । तभी देखा गया कि वहीं दूसरा मस्तक आ गया, तो राम ने दुबारा उसे काट डाला । तुरन्त फिर वही मस्तक बढ़ गया तो तत्काल ही उसे फिर काटा । २० रघुकुल के स्वामी ने इस प्रकार एक सौ एक सिर काटे । फिर भी दस मस्तक उसके पूर्ववत् थे । विचित्र है ! विचित्र है ! इस प्रकार सौ हज़ार (एक लाख) सिर कटने पर भी उसके दस सिर को कुछ घाटा नहीं होता । रात्रिचरेश्वर का तपोबल विचित्र है, विचित्र है, बिलकुल ही विचित्र है ! "कुंभकर्ण, मकराक्ष, खर, बालि, वीर मारीच

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दुष्टरॆक्कॊन्ऩ बाणत्तिनिन्ऩॆन्तति निष्ठुरनामिवनॆक्कॊल्लुवान् मटि
उण्टायितिद्दशकण्ठनॆ क्कॊल्लुवान् कण्टीलुपायवुमेतुमॊन्ऩीश्वर !
चिन्तिच्चु राघवन् पिन्नॆयुमद्दशकन्धरन्मॆय्यिल् बाणङ्ङळ् तूकीटिनान्।
रावणनुं पॊळिच्चीटिनान् बाणङ्ङळ् देवदेवन् तिरुमेनिमेलावोळ।
कॊण्ट शरङ्ङळॆक्कण्टु रघुवरनुण्टायितुळ्ळॊरु निनवन्ऩेरं। ३०
पुष्प समङ्ङळाय् वन्ऩु शरङ्ङळुं कॆल्पु कुरञ्ञु दशास्यनुं निर्णयं।
एळु दिवसं मुळुवनीवण्णमे रोषेण निन्ऩु पॊरुतोरनन्तरं मातलि
तानुं तॊळुतु चॊल्लीटिनानेतुं विषाद मुण्टाकाय्क मानसे।
मुन्नमगस्त्य तपोधननादराल् तन्ऩ बाणं कॊण्टु कॊल्लां जगल्प्रभो !
पैतामहास्त्रमतायतॆन्निङ्ङनॆ मातलि चॊन्ऩतु केट्टु रघुवरन्
तन्ऩु परञ्ञतु नीयतॆन्नोटिनिक्कॊन्ऩीटुवन् दशकण्ठनॆ निर्णयं।
ऎन्ऩरुळिच्चॆय्तु वैरिञ्चमस्त्रत्तॆ तन्ऩायॆटुत्तु तॊटुत्तितु राघवन्।
सूर्य्यानलन्मारतिन्नु तरं तूवल् वायुवुं मन्दर मेरुक्कळ् मद्ध्यमाय्
विश्वमॆल्लां प्रकाशिच्चॊरु सायकं विश्वास भक्त्या जपिच्चयच्ची-
टिनान्। रावणन् तन्टॆ हृदयं पिळर्न्नु भूदेवियुं भेदिच्चु वारिधि-
यिल्प्पुक्कु ४० चोर कळुकि मुळुकि विरवोटु मारुत वेगेन

जैसे दुष्टों का वधकर डालनेवाले बाण को इस दुष्ट की हत्या करने में क्या कठिनाई है। इस दुष्ट दशकंठ का वध करने का कोई उपाय नहीं दीख रहा है। हे ईश्वर ! क्या किया जाए" ऐसा सोचते हुए रामने उस दशस्कंध के शरीर पर बाण बरसाये। रावण ने भी देवदेवेश श्रीपुरुष के शरीर पर कई बाण चलाये। उन बाणों के लगते ही राम के मन में एक बात आ गयी—। ३० —कि (रावण के) बाण पुष्प सम मृदुल हो गये, जिस कारण निश्चय ही दशास्य की शक्ति मंद पड़ चुकी है। पूरे सात दिन निरंतर उसी रोष से लड़ने के उपरान्त मातली ने हाथ जोड़कर राम से कहा—"मन में कुछ निराशा न होने पाए। पहले अगस्त्य तपोधन ने जो बाण दिया था, उससे (रावण को) मारा जा सकता है। हे जगत् के स्वामी ! वह तो पैतामहास्त्र (ब्रह्मास्त्र) है।" मातली का वचन सुनकर राम ने कहा—"तुमने आज मुझे ठीक बताया। अब दशकंठ को निश्चय ही (उस बाण से) मारा जाएगा।" यह कहकर राम ने धन्वा पर विरिंचास्त्र को रखा। सूर्य और अग्नि को उसके नोक, वायु को उसकी पूंछ तथा मन्दर और मेरु (पर्वतों) को मध्यभाग के रूप में आवाहित कर, फिर विश्वभर को दीप्तिमय करनेवाले उस बाण को भक्ति एवं विश्वास सहित (रावण को लक्ष्यकर) प्रयुक्त किया, जो रावण के हृदय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

राघवन् तन्नुटे तूणियिल् वन्निङ्ङु वीणु तेळिवोटु बाणवुमेन्तोरु विस्मयमन्नेरं। तेरिल् निन्नाशु मरिञ्ञु वीणीटिनान् पारिल् मरामरं वीणपोले तदा। कल्पक वृक्षप्पुतुमलर् तूकिनारुल्पन्न मोदेन वानवरेवरुं। अर्क्क कुलोत्भवन् मूर्द्धनि मेल्कुमेल् शक्रनु नेत्रङ्ङळोक्केत्तेळिञ्ञितु; पुष्कर संभवनु तेळिञ्ञीटिनानर्क्कनु नेरेयुदिच्चानतु नेरं। मन्दमाय् वीयित्तुटङ्ङि पवननु नन्नाय् विळङ्ङी चतुर्द्दश लोकवु। तापसन्मारुं जय जय शब्देन तापमकन्नु पुकळ्न्नु तुटङ्ङिनार्। शेषिच्च राक्षसरोटियकं पुक्कु केळ्त्तुटङ्ङिनारोक्के लङ्कापुरे। अर्क्कजन् मारुति नीलांगदादियां मर्क्कट वीररुमार्त्तु पुकळ्त्तिनार्। ५०

रावण देह दहनम्

अग्रजन् वीणतु कण्टु विभीषणन् व्यग्रिच्चरिकत्तु चेन्निरुन्ना-कुलाल्; दुःखं कलर्न्नु विलापं तुटङ्ङिनानोक्के विधिबलमल्लो वरुन्नतु। ञानितोक्केप्परञ्ञीटिनेन् मुन्नमे मानं नटिच्चेन्नयुं

को भेद भूदेवी को भी छेदकर वारिधि (सागर) में पहुँच—। ४० —रक्त को धो डालकर स्वयं परिशुद्ध हो वायुवेग से लौटकर स्वयं राम के तूणीर में आ गिरा। तब सबको क्या ही आश्चर्य हुआ! रावण कटे वृक्ष के समान मरकर रथ से नीचे पृथ्वी पर गिर पड़ा। देवों ने प्रसन्न हो कल्पवृक्ष के नूतन पुष्पों की राम पर वर्षा की। बार-बार शक्र के सहस्र नेत्र प्रकाशित हो उठे। पुष्करसंभव (ब्रह्मा) भी प्रसन्न हुए और अर्क भी सीधे ऊपर आ गया। पवन मंद-मंद आश्लेष करने लगा। चौदहों भुवन हर्षोल्लास से दीप्तिमय हुए। सारे तापों के दूर होने के कारण तापस लोग भी खूब जय जयकार करने लगे। बचे हुए राक्षस लंकापुरी के भीतर भाग गये। लंकापुरी के भीतर सब लोग (रावण की मृत्यु पर) विलाप कर उठे। अर्कज (सुग्रीव), मारुति, नील, अंगद आदि कपिश्रेष्ठ हर्षध्वनि करने लगे। ५०

रावण के शरीर को जलाना

अपने बड़े भाई को धरा पर पड़े हुए देख उसके पास आ बैठकर विभीषण दुख से रोने-विलाप करने लगे और कहने लगे—"नियति बड़ी है। वही सबको नचाती है। मैंने पहले ही यह सब कहा था, किन्तु मुझे मार भगाया था। हे वीर! सुन्दर पलंग पर लेटने योग्य आपको

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वेंटिञ्ञीटिन वीरा ! महाशयनोचितनाय ञ्ञी पारिली वण्णं किटक्कुमाऱायतुं; कण्टिटेल्लां ञाननुभविक्केणमेन्नुण्टु दैवत्तिनिताक्कोंळिक्कावतुं । एवं करयुं विभीषणन् तन्नोटु देव देवेशनरुळ् चेय्तितादराल्— अेन्नोटभिमुखनाय् निन्नु पोर् चेय्तु नन्नाय् मरिच्च महाशूरनामिवन् तन्नेक्कुऱिच्चु करयरुतेतुमे नन्नल्लतु परलोकत्तिनु सखे ! वीररायुळ्ळ राजाक्कळ् धर्म्मं नल्ल पोरिल् मरिक्कुन्नतेन्नऱियेणमे । पोरिल् मरिच्चु वीरस्वर्ग्गं सिद्धिक्कु पारं सुकृतिकळ्क्केन्नियोगं वरा । १० दोषङ्ङळेल्लामोटुङ्ङीतिवन्निनि शेषक्रियय्क्कु तुटङ्ङुक वैकाते । इत्थमरुळ् चेय्तु निन्नरुळुन्नेरं तत्र मण्डोदरि केणु वीणीटिनाळ् । लङ्काधिपन् माऱिल् वीणु करञ्ञुमातङ्कमुळ्क्कोण्टु मोहिच्चुं पुनरुटन् ओरोतरं परञ्ञुं पिन्ने मट्टुळ्ळ नारी जनङ्ङळुं केणु तुटङ्ङिनार् । पंक्तिरथात्मजनप्पोळरुळ् चेय्तु पंक्तिमुखानुजन् तन्नोटु सादरं— रावणन् तन्नुटल् संस्करिच्चीटुक पावकनेज्ज्वलिप्पिच्चिनिस्सत्वरं । तत्र विभीषणन् चोन्नानिवनोळमित्र पापं चेय्तवरिल्ल भूतले । योग्यमल्लेतुमटियनिवनुटल् संस्करिच्चीटुवानेन्नु केट्टेट्टवुं वन्न

भूमि पर ऐसा लेटना पड़ा। भाग्य की इच्छा है कि मैं यह सब देख बैठूं। भाग्य-कल्पित को कौन मिटा सकता है !" तुरन्त ही इस प्रकार विलाप सहित प्रलाप करते विभीषण से देवदेवेश (राम) ने कहा—"युद्ध में मेरा सामना करते हुए मृत्यु को प्राप्त इस महाशूर के संबंध में सोचकर कोई दुखी न हो। हे मित्र ! यह (रोना-धोना) उसके परलोकवास के लिए अयोग्य है। आप यह समझ लें कि युद्ध करते मृत्यु पाना वीर राजाओं का धर्म है। युद्ध में देहत्याग कर वीरस्वर्ग पाने का सौभाग्य केवल पुण्यात्मा लोगों को ही प्राप्त होता है, अन्य को नहीं। १० (मेरे हाथों मृत्यु पाने से) इसके सारे पाप दूर हुए। अब अविलंब अन्त्येष्टि क्रियाओं का प्रबंध कर लें।" इस प्रकार कहते विराजमान राम के सम्मुख गिर पड़कर मंदोदरी विलाप करने लगी। लंकापति की छाती पर पड़ खूब रो-रोकर वह मूर्च्छित हो गयी। फिर जागने पर प्रलाप करती गयी। उसे देख दूसरी नारियाँ भी रोने लगीं। पंक्तिरथात्मज (दशरथ-पुत्र) ने तुरन्त पंक्तिमुखानुज (दशमुख के भाई विभीषण) से कहा—"अग्नि प्रज्वलित कर रावण का शरीर-संस्कार कर लीजिए।" तब विभीषण कहने लगे—"इस भूतल पर इसके समान दूसरा कोई पापी नहीं रहा। अतः अपने हाथों इसका संस्कार कर लेना इस दास के

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

बहुमानमोटे रघूत्तमन् पिन्नेयुं चॊन्नान् विभीषणन् तन्नोटु—
मद् बाणमेटु रणान्ते मरिच्चोरु कर्बुराधीश्वरनट्टितु पापङ्ङळ् ।२०
वैरवुमामरणान्तमेन्नाकुन्नितेड्रिय सद्गतियुण्टावतिन्नु नी शेष
क्रियकळ् वळिये कळिक्कॊरु दोषं निनक्कतिनेतुमकप्पेटा । चन्दन
गन्धादि कॊण्टु चितयुमानन्देन कूट्टि मुनिवरन्मारुमाय् वस्त्राभरण
माल्यङ्ङळ् कॊण्टुं तदा नक्तञ्चराधिप देहमलङ्करि— च्चार्त्तु
वाद्यङ्ङळुं घोषिच्चु कॊण्टग्नि होत्रिकळेस्संस्करिक्कुन्न वण्णमे
रावणदेहं दहिप्पिच्चु तन्नुटे पूर्वजनायुदक क्रिययुं चेय्तु ।
नारिकळ् दुःखं परञ्ञु पोक्किच्चेन्नु श्रीराम पादं नमस्करिच्ची-
टिनान् । मातलियुं रघुनाथने वन्दिच्चु जात मोदं पोय् सुरालयं
मेविनान् । चेन्नु निज निज मन्दिरं पुक्कितु जन्यावलोकन चेय्तु
निन्नोर्कळुं । लक्ष्मणनोटरुळ् चेय्तितु रामनुं रक्षोवरनां
विभीषणनाय् मया ३० दत्तमायोरु लङ्का राज्य मुळ्प्पुक्कु
चित्त मोदालभिषेकं कळिक्क नी । अन्नतु केट्टु कपिवरन्मारोटुं
चेन्नु शेषिच्च निशाचरन्मारुमाय् अर्णव तोयादि तीर्त्थ
जलङ्ङळाल् स्वर्ण्णकलशङ्ङळ् पूजिच्चु घोषिच्चु वाद्य घोषत्तोटु

अनुकूल नहीं होगा ।" यह सुनकर अत्यन्त प्रसन्न मुद्रा में राम ने विभीषण से कहा—"युद्धक्षेत्र में मेरे बाण से मरे राक्षसराज के सारे पाप मिट गये । २० शत्रुता भी मरणपर्यन्त ही रहती है । इसलिए इसकी सद्गति के लिए आप विधिवत् इसका संस्कार कर्म कीजिए । ऐसा करने से आप को किसी प्रकार का दोष नहीं लगेगा । चंदन आदि सुगंधद्रव्यों से सानंद चिता जलाकर; वस्त्र, आभरण, माल्य आदि से उसके शरीर को सज्जित कर तथा वाद्यघोषों सहित अग्निहोत्रियों का सा संस्कार आप मुनिवरों को साथ लेकर रावण के शरीर का भी कर दें । तथा आप अपने अग्रज के लिए उदक क्रियाएँ अर्पित करें । दुखी हो विलाप करती नारियों को आश्वस्त करके (विभीषण ने) अग्रज के चरणों पर प्रणाम किया । मातली रामके चरणों पर नमस्कार करके सहर्ष सुरालय (देव-लोक) में चला गया । युद्ध देखने के लिए आये सारे लोग अपने-अपने भवनों में चले गये । राम ने लक्ष्मण से कहा—"राक्षसश्रेष्ठ विभीषण के लिए मुझसे— । ३० —प्रदत्त लंकाराज्य में पहुँचकर तुम सानंद उनका राजतिलक कर दो ।" यह सुनकर कपिवरों तथा बचे राक्षसों को साथ लेकर सागरजल आदि तीर्थ जलों से परिपूर्ण स्वर्णकलशों की पूजा तथा वाद्यघोष सहित, लक्ष्मण ने तापसों से विभीषण का अभिषेक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तापसन्मारुमायार्त्तु विळिच्चभिषेकवुं चॆय्तितु। भूमियुं चन्द्र दिवाकरादियुं रामकथयुमुळ्ळन्नु विभीषणन् लङ्केशनाय् वाळ्कॆन्नु किरीटाद्यलङ्कारवुं चॆय्तु दान पुरस्कृतं; पूज्यनायोरु विभीषणनाय्क्कॊण्टु राज्य निवासिकळ् काळ्च्चयुं वच्चितु। वाच्च कुतूहलं पूण्टु विभीषणन् काळ्चयुमॆल्लामॆटुप्पिच्चु कॊण्टव—न्नास्थया राघवन् तृक्काल्क्कल् वच्चभिवाद्यवुं चॆय्तु विभीषण-नादराल्। नक्तञ्चरेन्द्र प्रसादत्तिनाय् रामभद्रनतॆल्लां परि-ग्रहिच्चीटिनान्। ४० इप्पोळ् कृत कृत्यनायेनहमॆन्नु चित् पुरुषन् प्रसादिच्चरुळीटिनान्। अग्रे विनीतनाय् वन्दिच्चु निल्क्कुन्न सुग्रीवनॆप्पुनरालिंगनं चॆय्तु सन्तुष्टनायरुळ् चॆय्तितु राघवन् चिन्तिच्चतॆल्लां लभिच्चु नमुक्कॆटो ! त्वत्सहायत्वेन रावणन् तन्नॆ ञानुत्साहमोटु वधिच्चितु निश्चयं। लङ्केश्वरनाय् विभीषणन् तन्नॆयुं शङ्का विहीनमभिषेकवुं चॆय्तु। ४५

सीता स्वीकरणम्

पिन्नॆ हनुमानॆ न्नोक्किययरुळ् चॆय्तु मन्नवन् नी पोय् विभीषणा-नुज्ञया चॆन्नु लङ्कापुरं पुक्करियिक्कणं तन्वंगियाकिय जानकि-

---

करा दिया। जब तक भूमि, चन्द्र-सूर्य, और रामकथा अवशेष है तब तक विभीषण लंकाधीश बने रहे, यह कहते हुए लक्ष्मण ने उनके मस्तक पर किरीट आदि अलंकार पहनाये और दान-पुरस्कार भी दिये। राज्य-वासियों ने सम्माननीय विभीषण को कई उपहार दिये। विभीषण प्रसन्न हो उठे और उन्होंने सारे उपहार ले आकर बड़ी आस्था के साथ श्रीरामजी के श्रीचरणों पर रख दिये। राक्षस प्रवर (विभीषण) की प्रसन्नता के लिए श्रीराम जी ने वे सब (उपहार) ग्रहण किये। ४० चित् स्वरूप भगवान ने सानंद कहा—"मैं अब कृतकृत्य हुआ हूँ।" फिर सामने विनीत भाव से हाथ जोड़ खड़े सुग्रीव का आश्लेष करते हुए सन्तुष्ट हो भगवान ने कहा—"मैंने जो चाहा वह सब प्राप्त हुआ। तुम्हारी सहायता से मैंने सोल्लास रावण का वध किया। तथा बिना किसी प्रयास के विभीषण का लंकेश्वर के रूप में अभिषेक किया।" ४५

सीता को स्वीकार करना

फिर श्रीरामजी ने हनुमान को देखकर कहा कि "तुम जाकर विभीषण की अनुज्ञा लेकर तन्वंगी सीता को सारा हाल सुना दो। राक्षस-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

योटिदं । नक्तञ्चराधिप निग्रहमादियां वृत्तान्तमॆल्लां परञ्ञु केळ्प्पिक्कणं । अॆन्नालवळुटॆ भाववुं वाक्कुमिङ्ङॆन्नोटु वन्नु परक न्नी सत्वरं । अॆन्नतु केट्टु पवनतनयनुं चॆन्नु लङ्कापुरं प्रापिच्चनन्तरं वन्नु निशाचरर् सल्क्करिच्चीटिनार् नन्दित नायॊरु मारुतपुत्रनु राम पादाब्जवुं ध्यानिच्चिरिक्कुन्न भूमिसुतयॆ नमस्करिच्चीटिनान् । वक्त्र प्रसादमालोक्य कपिवरन् वृत्तान्त मॆल्लां परञ्ञु तुटङ्ङिनान् । लक्ष्मणनोटुं विभीषणन् तन्नोटुं सुग्रीवनादियां मर्क्कटन्मारॊटुं रक्षोवरनां दशग्रीवनॆक्कॊन्नु दुःख-मकन्नु तॆळिञ्ञु मेवीटिनान् । १० इत्थं भवतियोटॊक्कॆप्परञ्-कॆन्नु चित्तं तॆळिञ्ञरुळ् चॆय्तितरिञ्ञालुं । सन्तोष मॆत्रयुण्टायितु सीतय्कॆन्नॆन्तु चॊल्लावतु जानकी देवियुं गद्गद वर्ण्णेन चॊल्लिना-ळॆन्तु ञान् मर्क्कट श्रेष्ठ चॊल्लेण्टतु चॊल्लुन्नी । भर्त्ताविनॆक्कण्टु कॊळ्वानुपाय मॆन्तॆत्र पार्क्कॆणमिनियुं शुचैव ञान् । न्नेरत्ततिन्नु योगं वरुत्तीटु न्नी धीरत्वमिल्लिनियुं पॊरुत्तीटुवान् । वातात्मजनुं रघुवरन् तन्नोटु मैथिलि भाषितं चॆन्नु चॊल्लीटिनान् । चिन्तिच्चु रामन् विभीषणन् तन्नोटु सन्तुष्टनायरुळ् चॆय्तान् विरयॆन्नी जानकी देवियॆच्चॆन्नु वरुत्तुक दीनतयुण्टुपोलॢक्काणाय्क कॊण्टुमां ।

राज का वध आदि सारे समाचार सविस्तार कह दो। फिर उनके (सीता के) भाव एवं वचन यहाँ आकर मुझे भी सुना दो।" यह सुनकर पवनतनय (हनुमान) लंकापुर में पहुँचे। सारे राक्षसों ने आकर उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। (उससे) प्रसन्न हुए हनुमान ने राम के चरण-कमलों के ध्यान में बैठी भूमि-सुता (सीता) के पास आकर प्रणाम किया। प्रसन्नमुखी सीता को देखकर कपिश्रेष्ठ पूरे समाचार सुनाने लगे। "हे देवी! राक्षसराज रावण का वध करके श्रीरामजी लक्ष्मण, विभीषण, सुग्रीव आदि वानर सबके साथ सुखपूर्वक बैठे हैं। १० ऐसा आपको सुनाने की मुझे आज्ञा दी गयी है। यह आप समझ लें।" यह सुनकर सीता कितनी प्रसन्न हुई, यह मैं क्या बताऊँ! सीता देवी ने गद्गद वाणी में पूछा—"हे मर्कट श्रेष्ठ! तुम्हीं बता दो कि मैं (राम को सुनाने के लिए) तुमसे क्या कहूँ। अब मैं अपने पति को तुरन्त देख सकूँ, इसके लिए तुम उपाय करो। तुम मुझे उनसे मिलने का सुयोग ला दो। अब प्रतीक्षा करते रहने की मुझमें सामर्थ्य नहीं है।" वातात्मज (हनुमान) ने राम के पास पहुँचकर सीता के वचन सुनाये। तब राम ने विचार करके सहर्ष विभीषण से कहा—"आप जल्दी ही सीता जी को यहाँ लिवा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

स्नानं कळिप्पिच्चु दिव्यांबराभरणानुलेपाद्यलङ्कारमणियिच्चु
शिल्पमायोरु शिबिक मेलारोप्य मल्पुरो भागे वरुत्तुक सत्वरं । २०
मारुति तन्नोटु कूटे विभीषणनारामदेशं प्रवेशिच्चु सादरं ।
वृद्धमाराय नारीजनत्तेक्कोण्टु मुग्द्धांगियेक्कुळिप्पिच्चु चमयिच्चु ।
तण्टिलेटुप्पिच्चु कोण्टु चेल्लुन्नेर मुण्टायुच्चमञ्ञितोरु घोषनिस्वनं ।
वानर वीररुं तिक्कित्तिरक्कियज्जानकी देवियेक्कण्टु कोण्टीटुवान् ।
कूट्टमिट्टङ्ङणयुन्नतु कण्टोरु याष्टिकन्मारणञ्ञाट्टियकट्टिनार् ।
कोलाहलं केट्टु राघवन् कारुण्यशालि विभीषणन् तन्नोटरुळ् चेय्तु—
वानरन्मारेयुपद्रविप्पानुण्टो ञानुर चेय्तितु निन्नोटितेन्तेटो !
जानकी देवियेक्कण्टालतिन्नोरु हानियेन्तुळ्ळततु परञ्ञीटु नी ।
मातावेन्नेच्चेन्नु काणुन्नतु पोले मैथिलियेच्चेन्नु कण्टालुमेवरुं ।
पाद चारेण वरेणमेन्नन्तिके मेदिनी नन्दिनि किं तव दूषणं ? ३०
कार्य्यार्त्थमाय् पुरा निर्म्मितमायोरु माया जनकजा रूपं मनोहरं
कण्टु कोपं पूण्टु वाच्चवादङ्ङळेप्पुण्डरीकाक्षन् बहुविधं चोल्लिनान् ।
लक्ष्मणनोटु माया सीतयुं शुचा तल्क्षणे चोल्लिनाळेतुमे वैकाते

लाइये । सुना है, मुझे न देख पाने से वह अत्यन्त दुखी है । स्नान कराकर तथा श्रेष्ठ वस्त्र-आभरण पहनाकर और सुन्दर शिविका में बिठाकर आप उसे तुरन्त मेरे सामने ले आयें ।" २० (राम की आज्ञा से) मारुति के साथ विभीषण आराम देश (उपवन) में पहुँचे और वृद्धा नारियों से मुग्धांगी (सीता) को नहलवाया तथा सुसज्जित एवं अलंकृत कराया । फिर शिविका में उन्हें उठा ले आते समय वहाँ खूब बाजे बजाये गये । जानकी देवी का दर्शन कर लेने के लिए वानरों की भीड़ जम गयी । वानरों की भीड़ देखकर याष्टिकों ने उन्हें दुत्कारकर भगा दिया । वहाँ की भीड़-दौड़ एवं कोलाहल देखकर कारुण्यमूर्ति राम ने विभीषण से कहा—"क्या मैंने वानरों को दूर भगाने की आपको कभी आज्ञा दी थी ? आप ज़रा यह बताइये, वानर अगर देवी जानकी को देखलें तो उससे क्या हानि हो सकती है ? माता तुल्य जानकी का सब (वानर) अवश्य दर्शन कर लें । उसमें क्या बुरा है ? सबको दर्शन देने के लिए भूमि-सुता (सीता) शिविका से नीचे उतर कर पैदल ही मेरे पास आ जाएँ ।" ३० कार्यसिद्धि के लिए पूर्व में निर्मित (माया निर्मित) जनकजा का सुन्दर एवं मनोहर रूप था । उनको समीप आते देख चरित्र पर संदेह प्रकट करने वाले कुछ परुष वचन पुण्डरीकाक्ष (कमलनेत्र राम) ने कह डाले । तुरन्त ही माया सीता ने लक्ष्मण से आग्रह किया—"हे कुमार ! मेरे स्वामी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विश्वासमाशु मद् भर्त्ताविनुं मट्टु विश्वत्तिल् वाळुन्नवर्क्कुं वरुत्तुवान्
कुण्डत्तिलग्निये नन्नाय् ज्वलिप्पिक्क दण्डमिल्लेतुमेनिक्कतिल
चाटुवान् । सौमित्रियुमतु केट्टु रघूत्तम सौमुख्य भावमालोक्य
ससंभ्रमं सामर्थ्यमेरुन्न वानरन्मारुमाय् होमकुण्डं तीर्त्तु तीयुं
ज्वलिप्पिच्चु राम पार्श्वं प्रवेशिच्चु निन्नीटिनान् भूमि सुतयु-
मन्नेरं प्रसन्नयाय् भर्त्तारमालोक्य भक्त्या प्रदक्षिणं कृत्वा
मुहुस्त्रयं बद्धाञ्जलियोटुं देवद्विजेन्द्र तपोधनन्मारेयुं पावकन्
तन्नेयुं वन्दिच्चु चोल्लिनाळ्— ४० भर्त्ताविनेयोळिञ्ञन्यने ञान्
ममचित्ते निरूपिच्चितेङ्किलतिन्नु नी साक्षियल्लो सकलत्तिनु-
माकयाल् साक्षाल् परमार्त्थमिन्नरियिक्क नी । ॲन्नु पऱञ्ञुटन् मून्नु
वलं वच्चु वह्नियिल्च्चाटिनाळ् किञ्चिल् भयं विना । दुश्च्य-
वनादिकळ् विस्मयप्पेट्टितु निश्चलमायितु लोकवुमन्नेरं । इन्द्रनुं
कालनुं पाशियुं वायुवुं वृन्दारकाधिपन्मारुं कुबेरनुं, मन्दाकिनी-
धरन् तानुं विरिञ्चनुं सुन्दरिमाराकुमप्सरः स्त्रीकळुं, गन्धर्व
किन्नर किंपुरुषन्मारुं दन्तशूकन्मार् पितृक्कळ् मुनिकळुं, चारण
गुह्यक सिद्ध साद्ध्यन्मारुं नारद तुंबुरुमुख्य जनङ्ङळुं, मट्टुं

तथा विश्ववासियों की संदेह-निवृत्ति के लिए तुरन्त ही तुम कुण्ड में अग्नि प्रज्वलित कर दो। उसमें कूदकर (अपनी सच्चरित्रता का) परिचय देने के लिए मुझे किसी प्रकार का दुख नहीं होगा।" यह सुनकर श्रीराम जी का मुख-भाव जान लेने के विचार से लक्ष्मण ने उनकी ओर देखा और (उन्हें उस कार्य के अनुकूल पाकर) लक्ष्मण ने कुछ समर्थ वानरों के साथ होम कुण्ड बनाकर उसमें अग्नि प्रज्वलित की। फिर लक्ष्मण राम के समीप आ खड़े हुए। तब भूमिसुता (सीता) ने प्रसन्न हो स्वामी की ओर देखा, भक्तिपूर्वक तीनबार परिक्रमा की तथा हाथ जोड़कर देवों, ब्राह्मणों तथा वह्नि की वन्दना की और (उन्होंने वह्नि से) कहा— । ४० —"हे सर्वसाक्षी अग्निदेव ! अपने स्वामी के अतिरिक्त किसी पर-पुरुष का मैंने कभी मन में स्मरण तक किया हो तो आज आप वास्तविकता का परिचय देने की कृपा करें।" यह प्रार्थना करके सीता देवी तीन बार परिक्रमा करके बिना कुछ भय के, अग्नि में कूद पड़ीं। दुश्च्यवन (इन्द्र) आदि विस्मित हुए, सारा संसार निस्तब्ध हो उठा। इन्द्र, यमराज, वरुण, वायुदेव, देव प्रवर लोग, कुबेर, मन्दाकिनीधर (शिव), विरिंच (ब्रह्मा), सुन्दरी अप्सराएँ, गन्धर्व, किन्नर, किंपुरुष लोग, दन्तशूक (नाग लोग), मुनिगण, चारण, गुह्यक, सिद्ध-साधक लोग, नारद आदि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विमानाग्र चारिकळीक्कवे चुट्टुं तिरुञ्ञितु रामन् तिरुवटि
त्तिन्नरुळुं प्रदेशत्तिङ्कलन्नेरं वन्दिच्चितेल्लावरेयुं नरेन्द्रनुं। ५०
रामचन्द्रं परमात्मानमन्नेरं प्रेममुळ्क्कोण्टु पुकळ्न्नु तटङ्ङिनार्—
सर्वलोकत्तिनुं कर्त्ता भवानल्लो सर्वत्तिनु साक्षियाकुन्नतुं भवान्।
अज्ञान विग्रहकनाकुन्नतुं भवानज्ञान नाशननाकुन्नतुं भवान्।
सृष्टिकर्त्तावां विरिञ्चनाकुन्नतुमष्ट वसुक्कळिलष्टमनायतुं
लोकत्तिनादियुं मद्ध्यवुमन्तवु मेकनां नित्य स्वरूपन् भवानल्लो।
कर्ण्णङ्ङळायतुमश्विनी देवकळ् कण्णुकळायतुमादित्य चन्द्रन्मार्।
शुद्धनाय् नित्यनायद्वयनायोरु मुक्तनाकुन्नतुं नित्यं भवानल्लो।
त्तिन्नुटे मायया मूटिक्कटप्पवर् त्तिन्ने मनुष्यनेन्नुळ्ळिलोर्त्तीटुवोर्।
त्तिन्नुटे नाम स्मरणयुळ्ळोरुळ्ळिल् नन्नाय् प्रकाशिक्कुमात्म प्रबोधवुं
दुष्टनां रावणन् ञङ्ङळुटे पदमोट्टोळियातेयटक्किनान् निर्द्दयं।६०
नष्टनायानवनिन्नु त्तिन्नालिनि पुष्ट सौख्यं वसिक्कां त्वल्क्करुणया।
देवकळित्थं पुकळ्त्तुं दशान्तरे देवन् विरिञ्चनुं वन्दिच्चु वाळ्त्ति-
नान्— वन्दे पदं परमानन्दमद्वयं वन्दे परमशेष स्थिति कारणं।
अद्ध्यात्म ज्ञानिकळाल् परिसेवितं चित्त सत्तामात्रमव्ययमीश्वरं।

वीणा-वाद्य निपुण लोग तथा अन्य आकाशचारी लोग राम के समीप आ गये। नरेन्द्र (श्रीरामजी) ने सबको प्रणाम किया। ५० (देव आदि लोगों ने) प्रेमपूर्वक परमात्म-स्वरूप राम की प्रशंसा की—"आप ही समस्त लोकों के कर्ता हैं; आप ही सबके साक्षी हैं। आप ही तो अज्ञान मूर्ति (माया मनुष्य) बनते हैं और आप ही अज्ञान विनाशक भी हैं। आप ही तो सृष्टिकर्ता ब्रह्मा हैं और अष्टवसुओं में अष्टमवसु आप ही हैं। लोक के आदि, मध्य और अन्त आप ही हैं। आप एकमेवद्वैत-स्वरूप, नित्यस्वरूप हैं। अश्विनी देवता आपके कान हैं, आदित्य-चन्द्र आपके नेत्र हैं। आप शुद्ध, नित्य, अद्वय, मुक्त एवं स्वच्छन्द हैं। आपकी माया के वशीभूत लोग ही आपको मनुष्य समझने की भूल करते हैं। किन्तु जो आपका नाम-स्मरण करते हैं, उनके मन में आत्मबोध प्रकाशित हो उठता है। दुष्ट रावण ने निर्दय हो हमें अपने पदों से वंचित रखा था। ६० आपके हाथों आज वह मर गया; अब आप की कृपा से हम सानन्द रह पाएँगे।" जब देव लोग इस तरह राम की प्रशंसा में लगे थे, तभी ब्रह्मा भी आकर स्तुतिगान करने लगे—"परमानंद-स्वरूप एवं अद्वय ब्रह्म की मैं वंदना करता हूँ। आप परमात्मा, शेष वस्तुओं की स्थिति के लिए कारणभूत हैं। आप अध्यात्म-ज्ञानियों से परिसेवित जाग्रत्-स्वरूप,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सर्वं हृदिस्थितं सर्वजगन्मयं सर्वलोकप्रियं सर्वज्ञमद्भुतं। रत्नकिरीटं रविप्रभं कारुण्य रत्नाकरं रघुनाथं रमावरं। राज राजेन्द्रं रजनीचरान्तकं राजीवलोचनं रावणनाशनं मायापरमजं मायामयं मनुनायकं मायाविहीनं मधुद्विषं। मानवं मानहीनं मनुजोत्तमं माधुर्य्यसारं मनोहरं माधवं योगिचिन्त्यं सदा योगिगम्यं महायोग विधानं परिपूर्णमच्युतं ७० रामं रमणीय रूपं जगदभिरामं सदैव सीताभिरामं भजे। इत्थं विधातृ स्तुति केट्टु राघवन् चित्तमानंदिच्चरुळुंनेरं आश्रयाशन् जगदाश्रय भूतयामाश्रित वत्सलयाय वैदेहियॆ काळ्च्चयाय्क्कोण्टु वऩ्ऩाशु वणङ्ङिनानाश्चर्यमुळ्क्कोण्टु ऩिऩ्ऩितॆल्लावरुं। लङ्केश निग्रहात्थं विपिनत्तिल् ऩिऩ्ऩॆङ्कलारोपितयाकिय देवियॆ शङ्का विहीनं परिग्रहिच्चीटुक सङ्कटं तीर्न्नु जगत् त्रयत्तिङ्कलुं। पावकनॆ प्रतिपूजिच्चु राघवन् देवियॆ मोदाल् परिग्रहिच्चीटिनान्। पङ्केरुहाक्षनुं जानकी देवियॆ स्वाङ्के समावेश्य शोभिच्चिरुॆटवुं। ७८

अव्यय ईश्वर हैं। आप सबके हृदय में निवास करनेवाले, सर्वजगत् में परिव्याप्त, सर्वलोकप्रिय, सर्वज्ञ हैं। आपका रत्नकिरीट रविप्रभा से युक्त है; आप करुणासागर, रघुवंश के स्वामी एवं लक्ष्मीदेवी के नाथ हैं। आप राजराजेन्द्र हैं, रजनीचरान्तक (निशाचरों के लिए यमराज सम) हैं, राजीवलोचन (नीलकमल तुल्य नेत्रवाले), रावणनाशक हैं। आप माया से परे अजन्मा और मायामय दोनों हैं। आप मनुवंश के लिए नायक, माया रहित और मधु-वैरी हैं। आप निस्सीम मनुष्य, पुरुषोत्तम, माधुर्यसार, मनोहर, माधव, योगियों द्वारा सदा दर्शित, योगियों के लिए सदा गम्य, निर्विशेष आत्मतत्व में रमण करनेवाले हैं, परिपूर्णस्वरूप एवं अच्युत हैं। ७० आप राम हैं, रमणीय स्वरूपवाले हैं, जगदाभिराम हैं। मैं सदा सीताभिराम का भजन करता हूँ।" इस प्रकार ब्रह्मा की स्तुति सुनकर राम प्रसन्न बैठे थे। तभी अग्निदेव ने जगत् के लिए आश्रय स्वरूपिणी, तथा आश्रितवत्सला वैदेही को भगवान के सामने ला रखा। भगवान के चरणों पर समर्पित कर उन्होंने प्रणाम किया। सारे दर्शक आश्चर्य से खड़े रह गये। अग्निदेव ने राम से प्रार्थना की—"लंकेश के निग्रहार्थ वन में रहते समय मेरे पास न्यस्त देवी को आप निस्संदेह ग्रहण कीजिए। त्रिभुवन के दुख दूर हुए।" अग्निदेव को प्रणाम करके भगवान ने देवी को ग्रहण किया और पंकेरुहाक्ष (कमललोचन राम) जानकीदेवी को अपने उत्संग (गोद) में समाविष्ट कर वहाँ अत्यन्त प्रशोभित हुए। ७८

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

देवेन्द्रस्तुति

संक्रन्दनन् तदा रामनै निर्ज्जर संघेन सार्द्धं वणङ्ङि-स्तुतिच्चितु— रामचन्द्र प्रभो ! पाहिमां पाहिमां रामभद्र प्रभो ! पाहिमां पाहिमां । ञङ्ङळे रक्षिप्पतिन्नु मट्टारुळ्ळ-तिङ्ङने कारुण्य पीयूष वारिधे ! तिन्तिरुनामामृतं जपिच्ची-टुवान् सन्ततं तोन्नेणमेन् पोट्टी ! मानसे । तिन् चरितामृतं चौल्वानुमेप्पोळुमेन् चैविकोण्टु केळ्प्पानुमनुदिनं योगं वरुवाननुग्रहिच्चीटणं योगमूर्त्ते ! जनकात्मजावल्लभ ! श्रीमहादेवनुं निन् तिरुनामङ्ङळ् रामरामेति जपिक्कुन्नितन्वहं । त्वल् पादतीर्थं शिरसि वहिक्कुन्नितेप्पोळु मात्म शुद्धिक्कुमा वल्लभन् । एवं पलतरं चौल्लि स्तुतिच्चोरु देवेन्द्रनोटरुळ् चैय्तितु राघवन्— मृत्यु भविच्च कपिकुल वीररे यत्तल् कळञ्ञु जीविप्पिक्कयुं वेणं । १० पक्व फलङ्ङळ् कपिकळ् भक्षिक्कुम्पोळोक्के मधुर माक्किच्चमच्चीटुक; वानरन्माक्कुं कुटिप्पान् नदिकळुं तेनायोळ केणमेन्नु केट्टिन्द्रनुं अँल्लामरुळ् चैय्तवण्णं वरिकैन्नु कल्याण मुळ्क्कोण्टनुग्रहिच्चीटिनान् । तन्नायुरङ्ङियुणर्न्नवरेप्पोले मन्नवन्

देवेन्द्र की स्तुति

तब संक्रन्दन (इन्द्र) अपने निर्जर (देव) गणों के साथ आकर राम की स्तुति करने लगे—"हे प्रभु रामचन्द्र ! मेरी रक्षा करें, मेरी रक्षा करें। हे प्रभु रामचन्द्र ! मेरी रक्षा करें, मेरी रक्षा करें। हे करुणा-रूपी अमृतनिधि ! हमारी रक्षा के लिए आप को छोड़ अन्य ऐसा कौन है ? हे प्रभु ! हमारे मन में आपके पावन नामों का जप करते रहने की इच्छा सदा बनी रहे। हे योगमूर्ति ! सदा आपका चरितामृत बोलने तथा कानों से सुनने का सुयोग प्राप्त होता रहे। हे जनकात्मजा के प्रभु ! आप इसके लिए अनुग्रह दें। श्री महादेव भी नित्यप्रति आपके राम नाम का जप करते रहते हैं। उमा-वल्लभ (शिव) अपनी आत्मशुद्धि के निमित्त सदा आपका पाद-तीर्थ अपने मस्तक पर धारण करते हैं।" इस प्रकार कई तरह से स्तुति करते देवेन्द्र से श्रीराम जी ने कहा—"मृत्यु वशगत कपिकुल वीरों को जीवित कर दें। १० जब कभी वानर लोग पक्वफल खाने लगें तब वे मीठे लगें। वानरों के पीने के लिए नदियाँ मधुमय हो बहती रहें।" यह सुनकर इन्द्र ने हर्षोल्लासमय वाणी में अनुग्रह दिया कि 'ऐसा ही हो'। तुरन्त ही वानरों ने मन्नव

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तन्नेत्तोळुतानवर्कळुं । चन्द्रचूडन् परमेश्वनुं रामचन्द्रनॆ नोक्कि यरुळ् चॆय्तितन्नेरं— निन्नुटॆ तातन् दशरथन् वन्निता निन्नु विमानममर्न्नु निन्नॆक्काण्मान् । चॆन्नु वणङ्ङुकॆन्नन्पोटु केट्टथ मन्नवन् संभ्रमं पूण्टु वणङ्ङिनान्; वैदेहितानुं सुमित्रातनयनु मादरवोटु वन्दिच्चु जनकनॆ । गाढं पुणर्न्नु नेरुकयिल् चुंबिच्चु गूढनायोरु परमपुरुषनॆ सौमित्रि तन्नेयुं मैथिलि तन्नेयुं प्रेमपूर्णं पुणर्न्नानन्दमग्ननाय् । २० चिन्मयनोटु परञ्ञु दशरथनॆन् मकनायिप्पिरन्न भवानॆ आन् निर्म्मल मूर्त्ते ! धरिच्चतिन्नाकयाल् जन्ममरणादि दुःखङ्ङळ् तीर्न्नितु । निन्महामाय मोहिप्पि-यार्कॆन्नेयुं कल्मषनाशन ! कारुण्य वारिधे ! तात वाक्यं केट्टु रामचन्द्रन् तदा मोदेन पोवाननुवदिच्चीटिनान् । इन्द्रादि देवकळोटुं दशरथन् चॆन्नमरावति पुक्कुमरुविनान् । सत्यसन्धन् तन्नॆ वन्दिच्चनुज्ञया सत्यलोकं चॆन्नु पुक्कु विरिञ्चनुं । कात्त्यायिनी देवियोटु महेश्वरन् प्रीत्या वृषारूढनायॆळुन्नळ्ळिनान् । श्रीरामचन्द्र

(राजा राम) को प्रणाम किया मानो नींद से अभी जाग उठे हों। चंद्रचूड परमेश्वर ने तब रामचन्द्र को देखकर बताया—"आपके पिताजी (दशरथ) आपका दर्शन करने के लिए विमान में आये हुए हैं। आप जाकर उन्हें प्रणाम करें।" यह कहते ही राम ने (उन्हें) प्रणाम किया। फिर वैदेही (सीता) तथा सुमित्रा-तनय (लक्ष्मण) दोनों ने प्रेमपूर्वक जनक (पिताजी) को प्रणाम किया। दशरथ ने रहस्य स्वरूप परमपुरुष (राम) का गाढ़ाश्लेष लेकर उनके माथे पर चुंबन अंकित किये; फिर सौमित्र तथा मैथिली का भी गाढ़ाश्लेष करके प्रेमनिमग्न एवं आनन्दमग्न हुए। २० दशरथ ने चिन्मय (राम) से कहा—"हे निर्मल स्वरूप! मेरे पुत्ररूप में जन्मे आपको पूर्णतया समझ लेने के कारण मेरे जन्म-मरण के दुख दूर हुए। हे कल्मषनाशक (पापों का हरण करनेवाले), हे करुणासागर! आपकी माया मुझे न मोहित कर पाए।" पिता जी के वचन सुनकर श्रीरामजी ने उन्हें सहर्ष जाने की अनुमति दी। फिर दशरथ इन्द्र आदि देवताओं के साथ अमरावती में पहुँचकर सुखपूर्वक रहने लगे। सत्य प्रिय भगवान की वन्दना करके तथा अनुज्ञा लेकर ब्रह्मा भी सत्यलोक को चले गये। तब प्रेमयुक्त महेश्वर अपनी देवी कात्यायिनी के साथ वृषभारूढ़ (बैल पर सवार) हो (राम के समीप से निकलकर) कैलास की ओर गये। श्रीराम की अनुज्ञा लेकर नारद आदि महामुनि गण भी वापस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नियोगेन पोयितु नारदनादि महामुनि वृन्दवुं। पुष्करनेत्रने वाळ्त्ति निराकुलं पुष्करचारिकळुं नटन्नीटिनार्। २९

अयोद्ध्ययिलेक्कुळ्ळ यात्र

मन्नवन् तन्ने वन्दिच्चपेक्षिच्चितु पिन्ने विभीषणनाय भक्तन् मुदा— दासनामेन्नेक्कुरिच्चु वात्सल्यमुण्टेतानुमेङ्किलत्रैव सन्तुष्टनाय् मंगल देवतयाकिय सीतया मंगलस्नानवुमाचरिच्चीटणं; मेळमायिन्नु विरुन्नु कळिञ्ञिङ्ङु नाळेयङ्ङोट्टेय्क्कॆळुन्नळ्ळुकयुमां ऎन्नु विभीषणन् चॊन्नतु केट्टुटन् मन्नवर् मन्नवन् तानुमरुळ् चेय्तु— सोदरनाय भरतनयोद्ध्ययिलाधियुं पूण्टु सहोदरन् तन्नोटुं ऎन्नेयुं पार्त्तिरिक्कुन्नितु ञानवन् तन्नोटु कूटियॊळिञ्ञलङ्कारङ्ङळ् ऒन्नुमनुष्ठिक्कयेन्नुळ्ळतिल्लॆटो! चॆन्नोरु राज्यत्तिल् वाळुकॆन्नुळ्ळतुं स्नानाशनादिकळाचरिक्कॆन्नतुं नूनमवनोटु कूटियेयावितु। ऎन्नु पतिन्नालु संवत्सरं तिकयुन्नतॆन्नुळ्ळतुं पार्त्तवन् वाळुन्नु। १० चॆन्नील ञानन्नुतन्नेयॆन्नालवन् वह्नियिल्च्चाटि मरिक्कुमे पिट्टेन्नाळ्। ऎन्नतु कॊण्टुळरुन्नितु ञानिह वन्नु समयवुमेट्टमितङ्ङु चॆन्नु

चले गये। पुष्करनेत्र (कमलनेत्र राम) की प्रशंसा करते निराकुल भाव से पुष्करचारी (आकाशगामी) लोग भी चले गये। २९

अयोध्या की ओर यात्रा

फिर प्रसन्न चित्त भक्त विभीषण ने महाराज (राम) के समीप आकर प्रार्थना की—"मुझ दास के प्रति वात्सल्य हो तो यहीं आज मंगलस्वरूपिणी देवी सीता के साथ मंगलस्नान करें तथा सानन्द आतिथ्य स्वीकार करें; फिर कल वहाँ (अयोध्या) के लिए निकल पड़ें।" विभीषण के यह कहने पर राजाओं के राजा (राम) बोले—"अयोध्या में मेरे भ्राता भरत अपने भ्राता (शत्रुघ्न) सहित मेरी प्रतीक्षा में दुखी बैठे हैं। उनको (तापस वेष में) रहने देकर मैं कोई अलंकार पहन नहीं सकता। किसी नगर में जाकर सुखपूर्वक रहना, स्नान-पान और भोजन करना सब निश्चय ही उनके ही साथ होगा। यही नहीं, वे इसी प्रतीक्षा में बैठे हैं कि चौदह वर्ष की अवधि किस दिन पूर्ण होगी। १० उस दिन अगर मैं वहाँ पहुँच नहीं सका तो अगले दिन वे अग्नि में कूद मरेंगे। यह सोचकर मेरा मन चंचल हो रहा है; समय भी बहुत निकट आ गया है। उसके पहले पहुँच पाने में संदेह है। आपके प्रति वात्सल्य न हो, ऐसी बात नहीं है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कौळ्वान् पणियुण्टतिन् मुन्नमे ञ्निन्निल् वात्सल्यमिल्लाय्कयुमल्लमे ।
सल्क्करिच्चीटु ञ्ती सत्वरमॆन्नुटॆ मर्क्कट· वीररॆयॊक्कवे सादरं ।
प्रीतियवर्क्कु वन्नालॆनिक्कुं वरुं प्रीतियतिन्नॊरु चञ्चलमिल्ल केळ् ।
ऎन्नॆक्कनिवोटु पूजिच्चतिन् फलं वन्नु कूटुं कपिवीररॆप्पूजिच्चाल् ।
पानाशन स्वर्ण्ण रत्नांबरङ्ङळाल् वानरन्मार्क्कलं भावं वरुं वण्णं
पूजयुं चॆय्तु कपिकळुमाय्च्चॆन्नु राजीवनेत्रनॆक्कूप्पि विभीषणन् ।
क्षिप्रमयोद्ध्ययय्क्कॊळ्ळुन्नॊळ्ळुवानिह पुष्पकमाय विमानवु मुण्टल्लो ।
रात्रिञ्चराधिपनित्थमुणर्त्तिच्च वार्त्त केट्टास्थयोटुं पुरुषोत्तमन् २०
कालत्तु ञ्ती वरुत्तीटुकॆन्नानथ पौलस्त्य यानवुं वन्नु वन्दिच्चितु ।
जानकियोटुमनुजनोटुं चॆन्नु मानव वीरन् विमानवुमेरिनान् ।
अर्क्कात्मजादि कपिवरन्मारोटुं नक्तञ्चराधिपनोटुं रघूत्तमन्
मन्दस्मितं पूण्टरुळ् चॆय्तितादराल् मन्देतरं ञानयोद्ध्ययय्क्कु पोकुन्नु ।
मित्र कार्य्यं कृतमायितु निङ्ङळाल् शत्रुभयमिनि निङ्ङळ्क्क-
कप्पॆटा । मर्क्कटराज ! सुग्रीव ! महामते ! किष्किन्धयिल्-
च्चॆन्नु वाळ्क ञ्ती सौख्यमाय् । आशराधीश ! विभीषण !
लङ्कयिलाशु पोय् वाळ्क ञ्तीयुं बन्धु वर्ग्गवुं । काकुल्स्थनित्थ
मरुळ् चॆय्त ञ्नेरत्तु वेगत्तिल् वन्दिच्चवर्कळुं चॊल्लिनार्— ञङ्ङळुं

आप प्रेमपूर्वक मेरे वानर वीरों का स्वागत-सत्कार करें। वे प्रसन्न हों तो मैं भी प्रसन्न हूं; इस बात में कोई अन्तर नहीं है। कपिवरों की पूजा करने का वही फल मिलेगा, जो मेरी पूजा करने से मिल सकता है।" राम के आदेशानुसार वानरों को तृप्ति भर भोजन, स्वर्ण-रत्न और वस्त्र देकर तथा खूब उनकी सेवा करने के उपरांत, वानरों के साथ आकर विभीषण ने राम के सामने हाथ जोड़े। वे बोले—"शीघ्र ही अयोध्या में पहुँच पाने के लिए यहाँ पुष्पक विमान तो है ही।" रात्रिचरेन्द्र के यह कहने पर पुरुषोत्तम (राम) ने बड़ी आस्था सहित कहा—। २० "तुरन्त विमान ले आइये।" यह कहते ही विमान वंदना करता हुआ आ खड़ा हो गया। जानकी तथा भ्राता सहित मानववीर (राम) विमान में जा बैठे। फिर अर्कात्मज (सुग्रीव) आदि वानर श्रेष्ठों तथा राक्षसराज (विभीषण) से राम ने मंदस्मिति के साथ कहा—"मैं सहर्ष अयोध्या को जा रहा हूँ। आप लोगों ने मित्र का कर्तव्य पूर्णतया निभाया। आप लोग सुखपूर्वक रहें। आप को कभी शत्रुभय नहीं होगा। हे वानरराज! हे सुग्रीव ! हे महामति ! आप किष्किन्धा में पहुँचकर सानंद रहें। हे आशराधीश (राक्षस राज) ! हे विभीषण ! आप भी सगे-संबंधियों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कूटे विटकौण्टयोद्धययिलङ्ङु कौसल्यादिकळेयुं वन्दिच्चु मंगलमाम्मारऽभिषेकवुं कण्टु तङ्ङळ् तङ्ङळ्क्कुळ्ळविटे वाणीटुवा— ३० नुण्टाकवेणं तिरुमनस्सेङ्किले कुण्ठत ञङ्ङळ्क्कु तीरू जगत्प्रभो ! अङ्ङ्ने तन्ने ञमुक्कुमभिमतं निङ्ङळ्क्कु- मङ्ङने तोन्नियतत्भुतं ! ऎङ्किलो वन्नु विमानमेरीटुविन् सङ्कटमेन्नियेमित्र वियोगजं। सेनयासार्द्धं निशाचर राजनुं वानरन्मारुं विमानमेऽरीटिनार्। संसार नाशनानुज्ञया पुष्पकं हंस समानं समुल्प्पतिच्चू तदा नक्तञ्चरेन्द्र सुग्रीवननुजप्रिया युक्तनां रामनेक्कौण्टु विमानवुं ऎत्रयुं शोभिच्चितंबरान्ते तदा मित्र बिंबं कणक्केद्धनदासनं। उत्संग सीम्नि विन्यस्य सीतां भक्त वत्सलन् नालु दिक्कुं पुनरालोक्य वत्से ! जनकात्मजे ! श्रृणु वल्लभे ! सत्सेविते ! सरसीरुह लोचने ! पश्च त्रिकूटा- चलोत्तमांगस्थितं विश्वविमोहनमाय लङ्कापुरं। ४० युद्धाङ्कणं काणतिलिङ्ङ्ङु शोणित कर्द्दमसां सास्थिपूर्ण्णं भयङ्करं। अत्रैव

के साथ तुरन्त लंका में जाकर सुख से रहें।" दाशरथी के यह कहते मात्र ही उन लोगों ने नमस्कार करते हुए अभ्यर्थना की—"हमें आपके साथ अयोध्या में पहुँचकर कौसल्या आदि को प्रणाम करने तथा सानंद अभिषेक देखकर अपने-अपने भवनों में जा रहने की—। ३० कृपापूर्वक आपकी अनुमति प्राप्त हो। हे स्वामी ! तभी हमारा दुख दूर होगा।" तब राम ने कहा—"मेरा भी यही अभिमत है; आश्चर्य है कि आपके मन में भी यही इच्छा है। तो आप लोग तुरन्त विमान चढ़ें; मित्र-वियोग जन्य दुख होने न पाये।" तुरन्त सेना सहित निशाचरराज तथा वानर लोग विमान में बैठ गये। संसार-नाशन (श्रीराम) की अनुमति लेकर विमान हंस (हंस का अर्थ सूर्य भी हो सकता है) के समान ऊपर उठता गया। राक्षसराज (विभीषण), सुग्रीव, अनुज तथा प्रियायुक्त राम सबको लिए धनदास (कुबेर) का विमान अंबर में (आकाश में) मित्रबिंब (सूर्यबिंब) के समान प्रकाशित हुआ। वामोत्संग में सीता को लिए भक्तवत्सल (राम) ने फिर चारों ओर देख लिया और (एक-एक समाचार) सीता से कहने लगे—"हे जनकजे ! हे नाथे ! हे सत्यस्वरूपिणी ! हे सरसीरुह (कमल) लोचने ! तुम मेरा कथन सुनो। तुम (पहले) त्रिकूटाचल की चोटी पर स्थित विश्वमोहक लंकापुरी देख लो। ४० उसीमें शोणित, कर्दम (कीचड) और अस्थिजालों से भरा भयंकर युद्धक्षेत्र देख लो। वहीं पर वानरों-राक्षसों में भयंकर युद्ध हुआ था। हे उत्तम

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वानर राक्षसन्मार् तम्मिलेव्वयुं घोरमायुण्टाय संगरं। अत्रैव रावणन् वीणु मरिच्चितेन्नस्त्रमेट्टुत्तमे! तिन्नुटे कारणं। कुंभकर्ण्णन् मकराक्षनु मेन्नुटेयम्पु कोण्टत्र मरिच्चितु वल्लभे! वृत्रारिजित्तुमतिकायनुं पुनरत्र सौमित्रि तन्नस्त्रमेट्टुत्तमे! वीणु मरिच्चितु पिन्नेयुं मट्टुळ्ळ कौणपन्मारेक्कपिकळ् कोन्नीटिनार्। सेतु बन्धिच्चतुं काणेटो! सागरे हेतु बन्धिच्चततिन्नु नीयल्लयो? सेतुबन्धं महातीर्त्थं प्रिये! पञ्चपातक नाशनं त्रैलोक्य पूजितं कण्टालुमुण्टां दुरित विनाशनं कण्टालुमङ्ङतिन्नत्र रामेश्वरं। ऐन्नाल् प्रतिष्ठितनाय महेश्वरन् पन्नगभूषणन् तन्नेवणङ्ङुन्नी। ५० अत्र वन्नेन्नेशरणमाय् प्रापिच्चितुत्तमनाय विभीषणन् वल्लभे! पुष्करनेत्रे! पुरोभुवि काणेटो! किष्किन्धयाकुं कपीन्द्रपुरीमिमां। श्रुत्वा मनोहरं भर्त्तृवाक्यं मुदा पृथ्वीसुतयुमपेक्षिच्चितन्नेरं— तारादियायुळ्ळ वानर सुन्दरिमारेयुं कण्टङ्ङु कोण्टु पोयीटणं। कौतूहल मयोद्ध्यापुरी वासिनां चेतसि पारमुण्टाय् वरुं निर्ण्णयं। वानर वीररुमोट्टु नाळुण्टल्लो मानिनिमारेप्पिरिञ्ञिरुन्नीटुन्नु। भर्त्तृवियोगज दुःख मिन्नेन्नोळमित्रिलोकत्तिङ्कलाररिञ्ञिट्टुळ्ळू? ऐन्नालिवरुटे वल्लभमारेयुमिन्नु तन्ने कूट्टिक्कोण्टु पोयीटणं।

स्वभाव वाली! तुम्हारे कारण से वहीं पर रावण मेरे बाण लगकर मर पड़ा। हे स्वामिनी! वहीं पर कुंभकर्ण, और मकराक्ष मेरे बाण लगकर मरे। फिर वहीं पर इन्द्रजीत और अतिकाय सौमित्र के बाणों से बिद्ध हो गिर मरे। फिर अन्य राक्षसों को वानरों ने मारा। आगे सेतुबंध देख लो। सागर में सेतु-बंधन के लिए तुम्हीं कारण हो। हे प्रिये! यह सेतुबंध महातीर्थ है, पंचपापों का नाश करनेवाला है, त्रिलोक-पूजित है। इसको केवल देख लेने से सारे दुख दूर होंगे। उसके निकट ही वह देखो, रामेश्वर है। वहाँ मुझसे स्थापित पन्नगभूषण (शिव) को प्रणाम करो। ५० हे प्रिये! वहीं उत्तम विभीषण मेरी शरण प्राप्त करने आये थे। हे कमललोचने! वहीं आगे की भूमि देखो, वहीं वानरश्रेष्ठों की नगरी किष्किन्धा है।" ये मनोहर वचन सुनकर प्रसन्न हुई पृथ्वीसुता (सीता) ने प्रभु से प्रार्थना की—" तारा आदि सुन्दरियों से मिलकर उन्हें भी वहाँ (अयोध्या) ले जाएँगे। (उन्हें देख) निश्चय ही अयोध्यावासियों के मन में प्रसन्नता होगी। फिर ये वानरवीर कई दिनों से अपनी मानिनियों से बिछुड़े बैठे हैं। भर्तृ-वियोगजन्य दुख मेरे समान कौन अन्य इस त्रिभुवन में अनुभव कर चुका है? इसलिए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

राघवन् त्रैलोक्य नायकनुळ्ळिलुळ्ळाकूतमप्पोळरिञ्ञु विमानवुं
क्षोणीतलं नोक्कि मन्द मन्दं तदा ताणतु कण्टरुळ् चेय्तु रघूत्तमन्—६०
वानर वीररे ! निङ्ङळ् निज निज मानिनिमारें वरुत्तुविनेवरुं ।
मर्क्कट वीररतु केट्टु मोदेन किष्किन्धपुक्कु निजांगनमारेयुं
पोकेन्नु चौल्लि विमानं करेट्टिनार् शाखा मृगाधिपन्मारुं करेरिनार् ।
तारार् मकळाय जानकी देवियुं तारारुमादिकळोटु मोदान्वितं
आलोकनालाप मन्दहासादि गाढालिंगन भ्रूचलनादिकळ् कोण्टु
संभावनं चेय्तवरुमाय् वेगेन संप्रीति पूण्टु तिरिच्चु विमानवुं ।
विश्वैकनायकन् जानकियोटरुळिच्चेय्तितु परमानन्द संयुतं—
पश्य मनोहरे ! देवि ! विचित्रमामृश्य मूकाचलमुत्तुंगमेत्रयुं;
अत्रैव वृत्रारि पुत्रनेक्कोन्नतु मुग्द्धांगि ! पञ्चवटि नामिरुन्नेटं ।
वन्दिच्चु कोळ्कगस्त्याश्रमं भक्ति पूण्टिन्दीवराक्षि ! सुतीक्ष्णा-
श्रमत्तेयुं । ७० चित्रकूटाचलं पण्टु नां वाणेटमत्रैव कण्टु भरतने
नामेटो ! भद्रे ! मुदा भरद्वाजाश्रमं काण्क शुद्धिकरं यमुनातट
शोभितं । गंगानदियतिन्नङ्ङेततिन्नङ्ङु श्रृंगिवेरन् गुहन्
वाळुन्न नाटेटो ! पिन्नेस्सरयू नदियतिन्नङ्ङेतु धन्यमाययोद्ध्या

आज ही इनकी पत्नियों को भी हम साथ ले चलेंगे ।" तब त्रिलोकपति राम के मन का संकल्प समझकर विमान पृथ्वी-तल को देख मन्द-मन्द उतरने लगा तो राम ने कहा— । ६० "वानर वीरो ! आप सब अपनी-अपनी पत्नी को बुला लाइये ।" यह सुनकर वानरश्रेष्ठ लोग किष्किन्धा में अपने-अपने घर पहुँच अपनी-अपनी पत्नियों को ले आ विमान में बैठ गये । फिर शाखामृगाधिप (वानर नायक) लोग भी सवार हुए । तारा, रुमा आदि नारियाँ सीतादेवी के पास आ सानन्द हाथ जोड़ने लगीं । फिर सब परस्पर देखने, आलाप करने, हँसने, आलिंगन करने में तल्लीन हुईं । देवी सीता ने भ्रू-चलन से उन सबका स्वागत-सत्कार किया । फिर तुरन्त ही अतिवेग में विमान चल पड़ा । लोकनायक ने सानन्द जानकी से कहा—"हे मनोहरी ! हे देवी ! उधर देखो, अत्युन्नत ऋष्यमूकाचल कितना आश्चर्यजनक है ! हे मुग्धांगी ! वहीं पर वृत्रा-रिपुत्र (बालि) का वध किया गया । फिर वह पंचवटी है, जहाँ हम बैठे थे । हे इन्दीवराक्षी ! अगस्त्याश्रम को प्रणाम करो; सुतीक्ष्णाश्रम को भी (प्रणाम करो;) । ७० (यह आया) त्रिकूटाचल, जहाँ पहले हम रह चुके थे तथा भरत आ हम से मिले थे । हे भद्रे ! सहर्ष भर-द्वाज का आश्रम देख लो, स्वच्छ यमुनातट यह आ गया । इसके आगे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

नगरं मनोहरे ! इत्थमरुळ् चेय्त तेरत्तु राघवन् चित्तमरिञ्ञाशु ताणु विमानवुं । वन्दिच्चितु भरद्वाज मुनीन्द्रने नन्दिच्चनुग्रहं चेय्तु मुनीन्द्रनुं । रामनुं चोदिच्चितप्पोळयोद्ध्ययिलामयमेतु मोन्निल्लयल्लीमुने ! मातृजनत्तिनुं सौख्यमल्ली मम सोदरन्मा-र्क्कुमाचार्य्य जनत्तिनुं । तापस श्रेष्ठनरुळ् चेय्तितन्नेरं ताप-मोरुवर्क्कुमिल्लयोद्ध्या पुरे । नित्यं भरत शत्रुघ्न कुमारन्मार् शुद्धमाकुं फलमूलं भक्षिच्चु ८० भक्त्या जटा वल्कलादिकळुं पूण्टु सत्य स्वरूपनां निन्नेयुं पार्त्तु पार्त्तिहन्त ! सिंहासने पादुकं वच्चु मोहं त्यजिच्चु पुष्पाञ्जलियुं चेय्तु कर्म्मङ्ङळे-ल्लामतिङ्कल् समर्प्पिच्चु सम्मतन्मारायिरिक्कुन्नितिप्पोळुं । त्वल् प्रसादत्तालरिञ्ञिरिक्कुन्नितु चित्पुरुषप्रभो ! वृत्तान्तमोक्के ञान् । सीताहरणवुं सुग्रीव सख्यवुं यातुधानन्मारेयोक्के वधिच्चतुं, युद्ध प्रकारवुं मारुति तन्नुटे युद्ध पराक्रमवुं कण्टितोक्कवे । आदि मध्यान्तमिल्लात परब्रह्ममेतुं तिरियरुतातोरु वस्तु नी साक्षाल् महाविष्णु नारायणनाय मोक्षप्रदन् निन्तिरुवटि निर्ण्णयं ।

गंगा नदी और फिर श्रृंगवेरपुर जहाँ गुह का निवास स्थान है। आगे (उसके) सरयू नदी और उसके बाद धन्य अयोध्या नगरी है।" इतना कहते ही राम के मन का आग्रह जानकर विमान नीचे को उतरा। भरद्वाज को प्रणाम किया और मुनीन्द्र ने राम को आशीर्वचन दिये। तब राम ने पूछा "हे मुनिवर ! अयोध्या में सब सुखी तो हैं ? क्या माताएँ सानन्द हैं ? मेरे भ्राता, मेरे आचार्य सब सकुशल हैं ?" तब तापस-श्रेष्ठ ने कहा—"अयोध्यापुरी में किसी को कुछ दुख नहीं है। कुमार भरत-शत्रुघ्न नित्य शुद्ध फल-मूल भोगकर—। ८० —तथा भक्तिपूर्वक जटा-वल्कल धारण कर, सत्यस्वरूप आपकी प्रतीक्षा करते हुए और सिंहा-सन पर रखी पादुकाओं को मोह-रहित हो पुष्पांजलि देते हुए और समस्त कर्मों को उन्हीं पर समर्पित कर जनता के लिए आदरणीय बन बैठे हुए हैं। हे चिद्पुरुष ! हे स्वामी ! आपकी कृपा से मैं सब कुछ जान बैठा हूं। सीता-हरण, सुग्रीव से मित्रता, यातुधानों (राक्षसों) का वध, युद्ध के विविध रूप, मारुति का युद्ध-पराक्रम सब कुछ मैं देखता आया हूँ। आप तो आदि, मध्य और अन्तहीन ब्रह्म हैं, जिनको कोई जान नहीं सकता। आप साक्षात् महाविष्णु, नारायण एवं मोक्षप्रद भगवान हैं, यह निर्विवाद सत्य है। सीता तो लक्ष्मी भगवती हैं और हे जगत् के स्वामी ! लक्ष्मण तो शेषनाग ही हैं। आज (अपने पादस्पर्श से) मेरे आश्रम को

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

लक्ष्मी भगवति सीतयाकुन्नतुं लक्ष्मणनायतनन्तन् जगल् प्रभो ! इन्नु नी शुद्धमाक्केणं ममाश्रमं चेन्नयोद्धयापुरं पुक्कीटट्टुत्तन्नाळ् ।९० कर्ण्णामृतमां मुनि वाक्कु केट्टु पोय् पर्ण्णशालामकं पुक्कितु राघवन्। पूजितनाय् भ्रातृ भार्य्या समन्वितं राजीव नेत्रनुं प्रीति पूण्टीटिनान् । ९२

हनुमद् भरत संवादम्

पिन्ने मुहूर्त्तं मात्रं निरूपिच्चथ चौन्नाननिलात्मजनोटु राघवन्— चेन्नयोद्धयापुरं प्रापिच्चु सोदरन् तन्नेयुं कण्टु विशेषमरिञ्ञु नी वन्नीटुकेन्नुटे वृत्तान्तवुं पुनरोन्नोळियातेयवनोटु चोल्लणं । पोकुन्न नेरं गुहनेयुं चेन्नु कण्टेकान्तमायरियिच्चीटवस्थकळ् । मारुति मानुष वेषं धरिच्चु पोय् श्रीरामवृत्तं गुहनेयुं केळ्प्पिच्चु सत्वरं चेन्नु नन्दिग्राममुळ्प्पुक्कु भक्तनायीटुं भरतनेक्कूप्पिनान् । पादुकवुं वच्चुपूजिच्चनारतं चेतसा रामनेद्धयानिच्चु शुद्धनाय् सोदरनोटुममात्य जनत्तोटुमादर पूर्वं जटा वल्क्कलं पूण्टु मूल फलवुं भुजिच्चु कृशांगनाय् बालनोटुं कूटे वाळुन्नतु कण्टु । मारुतियुं बहुमानिच्चितेट्वु-

पावन बना दीजिए और फिर कल अयोध्या के लिए निकलें ।" । ९० कर्णों के लिए पीयूष तुल्य, मुनि के वचन सुनकर राम पर्णशाला के अन्दर पहुँचे और वहाँ भ्राता एवं भार्या सहित पूजित हो राजीवनेत्र (राम) प्रसन्न हो उठे । ९२

हनुमान-भरत-सम्वाद

फिर थोड़ी देर तक सोच-विचार करने के उपरान्त राम ने अनिलात्मज (वायुपुत्र हनुमान) से कहा—"तुम अयोध्यापुरी में पहुँच कर भ्राता से मिल वहाँ के समाचार लेकर तथा मेरे सारे समाचार आद्यन्त उन्हें समझाकर आ जाओ । जाते हुए गुह से मिलकर उन्हें भी एकान्त में सारे समाचार सुना दो ।" मनुष्य का वेष धारण कर मारुति ने गुह के पास पहुंच कर श्रीराम जी का सारा हाल सुनाया और फिर तुरन्त वहाँ से नन्दिग्राम में भरत के पास आकर प्रणाम किया । वहाँ पहुँच कर, भ्राता-सहित वल्कल वेष धारणकर और फल-मूल भोगते हुए अमात्यों आदि के साथ मन में उत्कट भक्ति लिये राम का ध्यान करते हुए तथा पादुकाओं की पूजा में बैठे कृशकाय भरत को वहाँ मारुति ने देखा । उन्होंने भरत का बड़ा आदर किया । पृथ्वी पर इतना भक्त दूसरा कोई

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मारुमिल्लित्र भक्तन्मारवनियिल् । १० अँन्नु कलिपच्चु वणङ्ङि विनीतनाय् निन्नु मधुरमाम्मारु चौल्लीटिनान्— अग्रजन् तन्नै मुहूर्त्तं मात्रेणन्निन्नग्रे निरामयं काणां गुणनिधे ! सीतयोटुं सुमित्रात्मजन् तन्नोटुमादरवेरुं प्लवग बलत्तोटुं सुग्रीवनोटुं विभीषणन् तन्नोटुमुग्रमायुळ्ळ रक्षोबलं तन्नोटुं पुष्पकमां विमानत्तिन्मेलेरि वन्निप्पोळिविटेयिरङ्ङुं दयापरन् । रावण-नेक्कौन्नु देवियेयुं वीण्टु देवकळालभि वन्दितनाकिय राघवनै-क्कण्टु वन्दिच्चु मानसे शोकवुंतीर्न्नु वसिक्कामिनिच्चिरं । इत्थ माकर्ण्य भरत कुमारनुं बद्ध सम्मोदं विमूर्च्छितनाय् वीणु । सत्वरमाश्वस्तनाय नेरं पुनरुत्थाय गाढमालिंगनवुं चेय्तु वानर वीर शिरसि मुदा परमानन्द बाष्पाभिषेकवुं चेय्तितु । २० देवोत्तमनो नरोत्तमनो भवानेवमॅन्नेक्कुरिच्चित्र कृपयोटुं इष्ट वाक्यं चौन्नतिन्ननुरूपमाय् तुष्ट्या तरुवतिनिल्लमटेतुमे । शोकं मदीयं कळञ्ञ भवानु ञान् लोकं महामेरुसाकं तरिकिलुं तुल्यमाय् वन्नु कूटा पुनरेङ्किलुं चौल्लीटेटो ! राम कीर्त्तनं सौख्यदं ।

नहीं— । १० ऐसा सोचकर, विनीत भाव से प्रणाम एवं वन्दना करके मारुति ने मधुर वाणी में कहा—"हे गुणनिधि ! अब थोड़ी देर में अग्रज (राम) को अपने आगे देख पाएँगे । सीता, सुमित्रात्मज, विशाल कपि-सेना, सुग्रीव, विभीषण तथा उग्र रक्षोबल के साथ पुष्पक विमान में आकर दयालु राम यहाँ अभी उतरेंगे । रावण का वध कर तथा देवी को पुनः प्राप्त करके देवों से अभिवंदित राम को निकट पाकर आप उनको प्रणाम करके अपने मन का सारा दुख दूर करने का सुअवसर अभी पाएँगे ।" यह सुनकर कुमार भरत अत्यधिक आमोद के कारण मूर्छित-से हो गये और उनके मस्तक पर आनन्दाश्रु से अभिषेक कर दिया । २० फिर भरत ने हनुमान से कहा—"पता नहीं, आप देवोत्तम हैं या नरोत्तम । किन्तु मुझपर कृपा करके आपने जो इष्ट वचन कह डाले, उसके अनुकूल कोई वस्तु आपको बदले में सानन्द देने के लिए नहीं रही । मेरे दुख का निवारण करनेवाले आप महानुभाव को मेरु पर्वत तक की भूमि भेंट में दूं तो भी (आप के उपकार के लिए) पर्याप्त नहीं है । फिर भी हे मित्र ! आप सुखप्रद राम के समाचार कह सुनाइये । मानववीर को कानन में वानरों से भेंट करने का सुयोग कैसे प्राप्त हुआ ? यातुधानाधिप (राक्षसराज) रावण वैदेही को किस प्रकार चुरा ले गया ?" ऐसे प्रश्नकर्ता राजकुमार भरत से मारुति ने उत्तर में कहा–"(सविस्तार सुनने की अगर आपकी इच्छा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मानव नाथनु वानरन्मारोटु कानने संगममुण्टायतेङ्ङने ?
वैदेहियेक्कट्टु कोण्टवारेङ्ङने यातुधानाधिपनाकिय रावणन् ?
इत्तरं चोदिच्च राजकुमारनोटुत्तरं मारुत पुत्रनुं चोल्लिनान्—
अङ्ङिलो निङ्ङळिच्चित्रकूटाचलत्तिङ्कल् निन्नाधि कलर्न्नु पिरिञ्ञ-
नाळ् आदियायिन्नोळमुळ्ळोरवस्थकळादरवुळ्क्कोण्टु चोल्लु-
न्नतुण्टु ञान् । ओर्त्तोळियाते तेळिञ्ञु केट्टीटुक वन्नुपो दुःख
विनाशं तपोनिधे ! ३० अन्नु परञ्ञरियिच्चानखिलवुं मन्नवन्
तन् चरित्रं पवित्रं परं शत्रुघ्न मित्र भृत्यमात्य वर्ग्गवुं चित्रं !
विचित्रमेन्नोर्त्तु कोण्टीटिनार् । ३२

अयोद्ध्या प्रवेशम्

शत्रुघ्ननोटु भरतकुमारनुमत्यादरं नियोगिच्चाननन्तरं—
पूज्यनां नाथनेळुन्नळ्ळुन्नेरत्तु राज्यमलङ्करिक्केणमेल्लाटवुं ।
क्षेत्रङ्ङळ् तोरुं बलि पूजयोटुमत्यास्थया दीपावलियुमुण्टाक्कणं ।
सूत वैतालिक वन्दिस्तुतिपाठकादिजनङ्ङळुमोक्के वन्नीटणं ।
वाद्यङ्ङळेल्लां प्रयोगिक्कयुं वेणं पाद्यादिकळुमोरुक्कणमेवरुं ।
राज दारङ्ङळमात्य जनङ्ङळुं वाजिगजरथ पंक्ति सैन्यङ्ङळुं

हो) तो सुनिये । आप लोगों के दुखपूर्वक चित्रकूटाचल छोड़ने के समय से लेकर अब तक का वृत्तान्त मैं आपको अब सविस्तार सुनाऊँगा । हे तपोनिधि ! बिना कुछ छूटने पाये, आप पूरा सुन लीजिए । यह वृत्तान्त सुनने पर दुखों का विनाश होगा ।" ३० यह कहकर महाराज (राम) का पूरा वृत्तान्त (मारुति ने) कह सुनाया । यह सुनकर शत्रुघ्न, मित्रवर्ग, भृत्यवर्ग, अमात्यवर्ग सभी ने आश्चर्य प्रकट किया और मन ही मन सोच लिया कि (राम का चरित) अद्भुतजनक है, विचित्र है । ३२

अयोध्या में प्रवेश

तुरन्त ही अत्यन्त प्रसन्न हो उठे राजकुमार भरत ने शत्रुघ्न को बताया—"आदरणीय प्रभु (राम) के आगमन के उपलक्ष्य में राज्य समलंकृत रखना चाहिए । मन्दिरों में बलि-पूजाओं तथा बड़ी आस्था के साथ दीपावलियों का प्रबन्ध किया जाना चाहिए । सूत, स्तुति-पाठक आदि लोगों को निमंत्रित किया जाना चाहिए । खूब बाजे बजाये जाएँ तथा सब मिलकर अर्घ्य-पाद्यों को तैयार करके रखें । राजरानियाँ, अमात्य लोग, चतुरंगिणी सेना (अश्व सेना, हाथी सेना, रथ सेना और पैदल सेना),

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वार नारी जनत्तोटुमलङ्करिच्चारूढमोदं वरेणमॆल्लावरुं। चॆक्कं
कॊटिक्कूटकळ् कॊटिक्कॊक्कवे मार्ग्गमटिच्चु तळिप्पिक्कयुं वेणं।
पूर्ण्ण कुंभङ्ङळुं धूपदीपङ्ङळुं तूर्ण्णं पुरद्वारि चेर्क्कं समस्तरुं।
तापस वृन्दवुं भूसुर वर्ग्गवुं भूपति वीररुमॊक्कॆ वन्नीटणं। १०
पौरजनङ्ङळाबाल वृद्धावधि श्रीरामनॆक्काण्मतिन्नु वरुत्तणं।
शत्रुघ्ननुं भरताज्ञया तत्पुरं चित्रमाम्माऱङ्ङलङ्करिच्चीटिनान्।
श्रीरामदेवनॆक्काण्मतिन्नाय् वन्नु पौरजनङ्ङळ् निऱञ्ञितयोद्ध्ययिल्।
वारणेन्द्रन्मारॊरु पतिनायिरं तेरुमव्वण्णं पतिनायिरमुण्टु।
नूऱायिरं तुरगङ्ङळुमुण्टञ्चु नूऱायिरमुण्टु कालाळ्प्पटकळुं।
राज नारी जनं तण्टिलेऱिक्कॊण्टु रामकुमारनॆक्काण्मानुळऱिनार्।
पादुकं मूर्द्धनि वच्चु भरतनुं पादचारेण नटन्नु तुटङ्ङिनान्।
आदरवुळ्क्कॊण्टु शत्रुघ्ननाकिय सोदरन् तानुं नटन्नानतु नेरं।
पूर्ण्णचन्द्राभमां पुष्पक मन्नेरं काणाय्च्चमञ्ञितु दूरॆ मनोहरं।
पौर जनादिकळोटु कुतूहलाल् मारुत पुत्रन् पऱञ्ञानतु नेरं—२०
ब्रह्मणा निर्म्मितमाकिय पुष्पकं तन्मेलरविन्दनेत्रनुं सीतयुं
लक्ष्मण सुग्रीव नक्तञ्चराधिप मुख्यरायुळ्ळॊरु सैन्य समन्वितं
कण्टु कॊळ्विन् परमानन्द विग्रहं पुण्डरीकाक्षं पुरुषोत्तमं परं।

चेय्तीटिनान् । अन्नेरं पिताविनोटर्त्थिच्चान् कुमारनुमिन्नें-निक्किरिप्पतिनेंविटेस्सुखमुळ्ळू ? त्निन्तिरुवटियरुळ् चेय्यणमेन्नु केट्टु चिन्तिच्चु परञ्ञितु विश्रवस्सतु नेरं— विश्वकर्म्मावु निर्म्मिच्चीटिनानल्लो पुरा विश्वविस्मयकरमाकिय लङ्कापुरं; दक्षिणाब्धियिल् त्रिकूटाचलोपरि तत्र रक्षोवरन्माक्कुं वाणीटुवान् विचित्रमाय् । १० यातुधानन्मारेल्लामविटेस्सुखत्तोटे आधि-वेर्पेट्टु वसिच्चीटिनार् पलकालं । आदितेयन्मारेप्पीडिप्पि-च्चारतुमूलमादिनारायणनुमवरेक्कोल चेय्तान् । शेषिच्च निशाचरर् पाताळे चेन्नु पुक्कार् दोषङ्ङळ् नीक्कि तत्र वसिक्कां त्निनक्किप्पोळ् । अन्नतु केट्टु तातन् तन्नेयुं वणङ्ङिप्पोय् चेन्नति विचित्रमाय् निर्म्मिच्च राजधानि तन्निलाम्मारु सुखिच्चिरुन्नु वैश्रवणन् मन्नव ! केट्टालुमेन्नगस्त्यनरुळ् चेय्तु । रामचन्द्रनु-मप्पोळ् तोळुतु चोद्यं चेय्तान् मामुनिप्रवरनामगस्त्यनोटु मुदा । पुलस्त्य कुलोत्भवन्मार् निशाचररेन्नु पलक्कुं मतमते केट्टिट्टुळ्ळितु ञानुं । राक्षसरतिन् मुम्पेयुण्टाय प्रकारवुं सौख्यं पूण्टवरेल्लां लङ्कयिल् वाणवारुं साक्षाल् श्रीनारायणनवरे वधिच्चतुमाख्यानं

देखकर प्रसन्न चित्त विश्रवस् ने उन्हें गाढाश्लेष किया। तब कुमार (वैश्रवण) ने पिता से प्रार्थना की कि मुझे सुखपूर्वक निवास करने का स्थान बता दें। यह सुनकर खूब सोच-विचार करने के उपरान्त विश्रवस् ने कहा—"विश्वकर्मा ने पहले राक्षस श्रेष्ठों के निवासार्थ दक्षिण समुद्र में त्रिकूटाचल पर विश्वमोहक एवं आश्चर्यजनक लंकापुर का निर्माण किया था। १० राक्षसों ने दुख भूलकर वहाँ बहुत समय तक सुखपूर्वक वास किया था। उन्होंने आदितेयों (देव लोग) को बहुत ही उत्पीड़ित किया, जिस कारण भगवान् श्रीनारायण ने उनका वध किया। बचे हुए राक्षस लोग (भयभीत हो) पाताललोक में चले गये। अब (उस पुरी का) पाप निराकरण करके तुम वहाँ रह सकते हो।" यह सुनकर पिताजी को प्रणाम करके वहाँ अपनी सुन्दर राजधानी बनाकर वैश्रवण सुखपूर्वक जीवन बिताने लगे। अगस्त्य ने कहा—"हे महाराज! आप यह कथा समझ लीजिए।" तब सानन्द श्रीरामचन्द्र जी ने हाथ जोड़ प्रणाम् करते हुए मुनि श्रेष्ठ से पूछा—"बहुतों का अभिमत है कि निशाचर लोग पुलस्त्य कुलजात हैं। मैंने भी ऐसा ही सुन रखा है। हे तपोधन! आप मुझे यह बतादें कि उससे पहले राक्षस कैसे उत्पन्न हुए, वे किस प्रकार सुखपूर्वक लंका में निवास करते आये थे और साक्षात् श्रीनारायण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चेय्तीटणमेन्नोटु तपोनिधे ! अंभोज विलोचननिङ्ङने
चोदिच्चप्पोळ् कुंभसंभवन् तोळिञ्ञखिलमरियिच्चान् २०

राक्षस्सुकळुटेयुं यक्षन्मारुटेयुं उत्भवम्

अंभोजोत्भवन् तपश्शक्ति कोण्टादिकाले अंभसापुरं
निर्म्मिच्चीटिनोरनन्तरं, सृष्टिच्चान् चिलरेयन्तेरत्तु तोळुतवर्
सृष्टिकर्त्ताविनोटु चोदिच्चार् ञङ्ङळ्क्केल्लां पैदाहादिकळ्
तीर्प्पानेन्तु साधनमेन्तु, जातसंभ्रमत्तोटु चोदिच्चोरनन्तरं
मन्दहासवुं पूण्टु यक्ष्यतामेन्नु चोन्नान् मन्दन्मारतु केट्टु रक्ष्यामो
वयमेन्नार् । अन्नतिल् चिलरप्पोळ् यक्ष्यामो वयमेन्नार्
अर्ण्णोजासननप्पोळवरोटरुळ् चेय्तान्— अन्नोटु निङ्ङळित्थं
चोन्नकारणत्तिनाल् रक्षोजातिकळ् निङ्ङळन्यन्मारेल्लामिनि
यक्षन्मारेन्नुमरुळ् चेय्तितु रण्टु विधं । रक्षोजातिकळिल्
वच्चुत्तमन्माराय् वन्नारक्कालं हेतियेन्नुं मट्टवन् प्रहेतियुं; ज्येष्ठ-
नायुळ्ळ हेति कालन् तन् भगिनिये वेट्टितु गृहस्थ धर्म्मत्ते

ने उनका वध क्यों किया था ।" अंभोजविलोचन (कमललोचन राम) के इस प्रकार प्रश्न करने पर प्रसन्न हो कुंभोद्भव (अगस्त्य) ने सारा हाल कह सुनाया । २०

राक्षसों-यक्षों की उत्पत्ति

आदिकाल में अंभोजोद्भव (ब्रह्मा) ने अपनी तपःशक्ति के द्वारा जल से एक पुरी का निर्माण करने के उपरान्त (वहाँ निवास करने के लिए) कुछ लोगों की सृष्टि की । उन लोगों ने हाथ जोड़कर सृष्टिकर्ता से पूछा कि हमारी पैदाह शान्ति (भूख-प्यास का शमन) के लिए क्या साधन है ? अत्यन्त आतुर हो उनके द्वारा इस प्रकार पूछने पर मन्दहास के साथ (ब्रह्मा ने) कहा 'रक्ष्यतां' (भगवान से रक्षित हों) । यह सुनकर उन मूढात्माओं में से कुछ लोगों ने 'रक्ष्यामः' कहा तो अन्यों ने 'यक्ष्यामः' का उच्चारण किया । तब (क्रुद्ध हो) अर्णोजासन (कमलासन ब्रह्मा) ने कहा—"तुम लोगों के इस प्रकार दुर्विनीत हो मुझसे बात करने के कारण तुम लोग रक्षोजाति (रक्ष्यामः बोलने वाले) और यक्ष जाति (यक्ष्यामः का उच्चारण करने वाले) इस प्रकार दो प्रकार के बनोगे । तब राक्षस जाति में प्रमुख हेति और प्रहेति नाम के दो भाई हुए । ज्येष्ठ भ्राता हेति ने गृहस्थ धर्म की रक्षा करने के लिए यमराज की बहिन से

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रक्षिप्पानायि। ब्रह्मचर्यत्तोटिरुन्नीटिनान् प्रहेतियुं निर्म्मलनाय हेतियक्कुण्टायि तनयनुं। १० विद्युल् केशाख्यनवनेत्रयुं गुणवानायुद्योत शरीरनाय् वर्त्तिच्चीटिन कालं सुन्दरी सालकटंकटयान्नामं पूण्ट सन्ध्यानन्दन तन्नेक्कैक्कोण्टान् कुतूहलाल्। कन्दर्प्प विवशनाय् सन्ध्यानन्दनयोटुं नन्दिच्चु लोकङ्ङळिल् सञ्चरिच्चीटुं कालं मन्दरगिरि तटं प्रापिच्च नेरमोरु नन्दनन् तन्नेस्सन्ध्यापुत्रियुं प्रसविच्चाळ्। नन्दनन् तन्नेप्परित्यजिच्चु यथारुचि कन्दर्प्पलील पूण्टु पिन्नेयुं नटन्नु कोण्टार्। भूतले किटन्नति दारुण नादत्तोटुं रोदनं चेय्तानल्लो बालनुमतु नेरं। आकाश मार्ग्गे महादेवनुं देवियुमायेकान्ते सरभसमेळुन्नेळ्ळुम्पोळ् मुदा काणायि तेजस्सोटुं बालनेत्ताळेत्तत्र वन्यभूमियिल्क्किटक्कुन्नतु ताने तन्ने। कारुण्यं पूण्टु देवितन्नुटे वचनत्तालारण्य देशे कीळ्प्पोट्टिरङ्ङि महेशनुं। देवियुमेटुत्तु तन् मुलयुं कोटुत्तितु देवनुं प्रसादिच्चु वरवुं नल्कीटिनान्। मल्परिचारकनाय् वाळुकमेल् नाळेन्नु मुप्पुरवैरियोरु वरवुं नल्कीटिनान्। २० अप्रदेशान्ते नल्लोरालयमुण्टाय् वन्नितप्पोळे भविच्चितु यौवनं कुमारनुं। आत्म सन्तोषं कैक्कोण्टीश्वरी

विवाह किया। प्रहेति ने ब्रह्मचर्य का पालन किया। निर्मल स्वभाव के हेति का एक पुत्र हुआ। १० विद्युत्केश नाम का हेति का पुत्र अत्यन्त गुणी एवं दीप्तिमय शरीर वाला था। उसने सुन्दरी सालकटंकटया नाम की संध्यापुत्री से कौतूहलवश विवाह कर लिया और जब वह संध्या-पुत्री को साथ लिये कामातुर एवं मदमस्त हो लोकों में घूम रहा था, तब मन्दरगिरि की तराई में आने पर संध्या-पुत्री ने एक पुत्र को जन्म दिया। उस पुत्र को वहीं छोड़कर वे कन्दर्प लीलाओं में यथारुचि मग्न घूमते ही रहे। तब पृथ्वी पर पड़ा वह शिशु अत्यन्त दारुण रूप से क्रंदन करने लगा। तब आकाश मार्ग से महादेव तथा देवी पार्वती पधार रहे थे और उन्होंने नीचे वन प्रदेश में एकाँत पड़े उस शिशु सौन्दर्य को देखा। उसे देख करुणा-पूरित देवी (पार्वती) के कथन पर महादेव नीचे कानन प्रदेश में उतर पड़े और देवी ने उसे उठाकर अपना स्तन पान कराया। देव (महादेव) ने कृपापूर्वक उसे (अपना भक्त रहने का) वर प्रदान किया। २० तब उस वन प्रदेश में एक सुन्दर भवन बना और बालक तुरन्त ही यौवनयुक्त हो गया। (भगवद्कृपा से क्या नहीं होता!) महेश्वरी ने आत्म सन्तोष से प्रेरित हो उसे संतानयुक्त होने का आशीर्वाद दिया। स्वामी (महादेव) ने उसका सुकेश नामकरण किया और सारे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

देवितानुमात्मजन्मारुमुण्टाय् वरिकॆन्ऩरुळ् चॆय्तु । नामवुं सुकेशनॆन्ऩरुळिच्चॆय्तु नाथनामयं तीर्न्नु वणङ्ङीटिनान् सुकेशनुं । पुष्कर देशत्तिङ्कल् शिल्पमायुळ्ळपुरं पुक्कु सौख्येन वसिच्चीटिनान् सुकेशनुं। अन्तकान्तक भृत्यन् तन्महिमानं कण्टु गन्धर्व प्रवरनां ग्रामणियतु कालं तन्नुटॆ वेदवतियाकिय तनूजयॆ धन्यनां सुकेशनु कॊटुत्तान् मटियातॆ; चाल्यन्मारल्लातॆ कण्टुण्टायि सुकेशनु माल्यवान् सुमालियुं मालियुमॆन्ऩु मूवर् । पुत्रन्मार् महाबल विक्रम कीर्त्तियोटुं शक्तिपूण्टॊरुमिच्चु तपस्सु तुटङ्ङिनार् । मेरु सन्निधौ निराहारन्मारायि निन्ऩु वारिजोत्भवन् तन्नॆच्चिन्तिच्चु चिरकालं निन्ऩतु कण्टु चतुर्म्मुखनुं प्रसादिच्चु चॆन्ऩवर् चॊन्ऩवरमॆल्लामे नल्कीटिनान् । ३० पुष्करोत्भवन् मऱञ्ञीटिनोरनन्तरं रक्षोवीरन्मार् तत्र तपस्सुं समर्प्पिच्चार् । लोकवासिकळेयुं पीडिप्पिच्चवरॆल्लामाकुलमकन्ऩु वाणीटिनारतु कालं । विश्वकर्म्मावु तन्नॆ विळिच्चु चॊन्ऩारवर् विश्वविस्मयकरमाकिय पुरं भवान् निर्म्मिच्चु तन्ऩीटुक ञङ्ङळ्क्कॆन्ऩतु केट्टु निर्म्मलनाय विश्वकर्म्मावुमुर चॆय्तान्— मुन्नं ञानमरेन्द्रन् तन्नुटॆ नियोगत्तालुन्नतमाय

दुःखों से निवृत्त सुकेश ने (उन्हें) प्रणाम किया। (देव-देवी के चले जाने पर) सुकेश पार्वतीश के भजन-कीर्तन में अनवरत तल्लीन हो वहीं निर्मित मणि मन्दिर में सुखपूर्वक रहने लगा। अन्तकान्तक (शिव) के भृत्य (सुकेश) की महिमा से प्रभावित हो ग्रामणी नामक गन्धर्व श्रेष्ठ ने सानंद उन दिनों धन्य सुकेश को अपनी तनूजा (पुत्री) वेदवती (विवाह में) दी। सुकेश के (वेदवती में) माल्यवान्, सुमाली और माली नाम के तीन प्रतापशाली एवं शक्तिशाली पुत्र हुए। तीनों महाबलशाली, पराक्रमी एवं सुकीर्त्तिशाली पुत्रों ने एक साथ (ब्रह्मा की) तपस्या आरम्भ की। मेरु पर्वत के समीप आहार-विहार रहित हो उन्होंने चिरकाल तक वारिजोद्भव (ब्रह्मा) की तपस्या की। यह देखकर सन्तुष्ट हो ब्रह्मा ने उनके समीप आकर उनके सभी अभीप्सित वर प्रदान किये। ३० पुष्करोद्भव (ब्रह्मा) के अदृश्य होते ही उन राक्षसों ने अपनी तपस्या बन्द कर दी और (मदमत्त उन राक्षसों ने) लोकवासियों को उत्पीड़ित करने का उपक्रम किया और स्वयं अनाकुल भाव से रहने लगे। उन्होंने विश्वकर्मा को बुलाकर आज्ञा दी कि हमारे लिए विश्वविस्मयकारी पुर का निर्माण कर दीजिए। निर्मलचित्त विश्वकर्मा ने बताया—"पहले मैंने अमरेन्द्र (इन्द्र) के आदेशानुसार दक्षिण सागर के मध्य में उन्नत त्रिकूटाचल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

त्रिकूटाचलोपरि तीर्त्तीन्‌ मुप्पतु कातद्वय विस्तृतमायिट्टति शिल्पमार्यौरु पुरं दक्षिणोदधि मद्ध्ये; लङ्कयेन्नल्लो नाममविटेयिरिक्क पोय्‌ शङ्ककूटाते शत्रुपीडयुमुण्टाय्वरा। एन्नतु केट्टनेरं मूवरुमौरुमिच्चु चेन्नु लङ्कयिल्‌ वसिच्चीटिनार्‌ सुखत्तोटे। नर्म्मदयाय गन्धर्वस्त्रीतन्‌ मक्कळेयुं सम्मानिच्चवर्क्कु नल्कीटिनाळतुकालं। उत्रमां नक्षत्रं कौण्टवरुं विवाहं चेय्तेत्रयुमानन्दिच्चु वसिच्चारतुकालं। ४० सुन्दरियेन्नु पेरां माल्यवानुटे पत्नि सुन्दरगात्रि पेट्टिट्टुण्टायि पुत्रन्मारुं; मत्तनुमुन्मत्तनुं वज्रदंष्ट्रनुं पिन्ने सुप्तघ्नन्‌ विरूपाक्षन्‌ दुर्म्मुखन्‌ यज्ञान्तकन्‌ एन्निवरेळु पेक्कुं सोदरियायिट्टुण्टाय्‌ वन्नितु कन्यकयुमनलयेन्नु पेराय्‌। पिन्नेयस्सुमालितन्‌ वल्लभ केतुमति तन्नुटे पुत्रन्माराय्‌ पत्तुपेरुण्टाय्‌ वन्नु, कन्यकमारुं नालवरुण्टायि सुमालिक्कुं मन्नव! चौल्लीटुवनवर्कळुटे पेरुं। प्रहस्तन्‌ विकटनुं धूम्राक्षनकम्पनन्‌ महत्त्वमेरुं सुपार्श्वन्‌ दण्डन्‌ संह्लादियुं प्रजंघन्‌ कालधनुस्सुं भास श्रवणनुं बलयुं पुष्पोल्कट कैकसी कुंभीनसी। सुखवुं मनसि वर्द्धिच्चितु सुमालिक्कुं तनयन्माराय्‌ मालिक्कुण्टायि वसुधपे— टनलननिलनुं वरनुं सम्पातियुं। पुत्रन्मारोटुं पटयोटुमौन्निच्चु नटन्नेत्रयुं पीडिप्पि-

---

पर साठ योजन विस्तारपूर्ण एक सुन्दर पुर बनाया था, जिसका लंका नाम है। आप वहीं पर जाकर निर्भय निवास कीजिए; वहाँ रहते शत्रुभय भी नहीं होगा।" यह सुनकर तीनों ने वहीं जाकर सुखपूर्वक अपना जीवन बिताना आरम्भ किया। उन दिनों नर्मदा नामक गन्धर्व नारी ने सम्मानपूर्वक उन्हें अपनी पुत्रियों को विवाह में दिया। उत्तरा नक्षत्र में विवाह करके उन्होंने अत्यन्त सुखपूर्वक जीवनयापन किया। ४० सुन्दरी नाम की माल्यवान की कोमलगात्री पत्नी ने मत्त, उन्मत्त, वज्रदंष्ट्र सुप्तघ्न, विरूपाक्ष, दुर्मुख, यज्ञान्तक नाम के सात पुत्रों को जन्म दिया। उन सातों की बहिन के रूप में अनला नाम की एक कन्या का भी जन्म हुआ। फिर सुमाली की पत्नी केतुमती के दस पुत्र तथा चार पुत्रियाँ हुईं। (अगस्त्य राम से कहते हैं) हे महाराज! मैं उनके नाम भी बताऊंगा। वे प्रहस्त, विकट, धूम्राक्ष, अकम्प, महान्‌ सुपार्श्व, दंड, संह्लादि, प्रजंघ, कालधनुस, भासश्रवण (पुत्र); बला, पुष्पोत्कटा, कैकसी और कुंभीनसी (पुत्रियाँ) हैं। (पुत्र-पुत्रियाँ पाकर) सुमाली सुखी एवं आनन्दित हो उठा। माली के अपनी पत्नी वसुधा से अनल, अनिल, वर और सम्पाति नाम के चार पुत्र हुए। वे तीनों अपने पुत्रों तथा विशाल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

च्चारवशं जगत्त्रयं । ५० देव तापस गन्धर्वोरगन्मारुं परिवेदन-
त्तोटुमौळिच्चीटिनार् गुहतोरुं । अक्कालं देवादिकळ् कैलास-
त्तिङ्कल्च्चॆन्नु दक्षारितन्नॆस्तुतिच्चवस्थयरियिच्चार् । वृत्तान्तं
केट्टशेषं मृत्युशासनन्तानुं उळ्त्तारिल् सुकेशनॆयोर्त्तरुळ् चॆय्तीटिनान्—
कोल्लुन्नीलवरॆ ञानॆङ्किलुं निङ्ङळॊटु चॊल्लुवानुपायमापत्तु
तीर्त्तीटुवानाय्; चॆल्लुक निङ्ङळिनि क्षीरसागर तीरे चॊल्लुक
मुकुन्दनोटुळ्ळ सङ्कटमॆल्लां । कल्याणमूर्ति तन्नॆ दुष्ट राक्षसरेयुं
कॊल्लु मॆन्नरिञ्ञालुं निङ्ङळॆ रक्षिप्पानाय् । ऎन्नतु केट्टन्नेरं
देवकळ् महेशनॆ वन्दिच्चु वेगेन पोय्पाल्क्कटल् तीरं पुक्कान् ।
भक्ति कैक्कॊण्टु तन्नाय् स्तुतिच्चु तुटङ्ङिनार् भक्तवत्सलनाय
पत्मनाभनॆत्तदा । नमस्ते ! नारायण ! मुकुन्द ! दयानिधे !
नमस्ते वासुदेव ! गोविन्द ! जगल्पते ! नमस्ते लोकेश्वर !
नमस्ते नरकारे ! रमिच्चिटणं चित्तं भवति रमापते ! ६०
पुण्डरीकाक्ष ! जयपुरुषोत्तम ! जय चण्डिकापति हृदयावास !
जय जय । वेदान्तवेद्य ! जय वेदात्र्थात्मक ! जय केशव !

सेना के साथ तीनों जगत को उत्पीड़ित करते रहे । ५० देव, तापस, गन्धर्व, उरग (नाग लोग) लोग उनके उत्पीड़न से भयातुर हो गुहाओं में जा छिप गये । उन दिनों देवों ने कैलास में पहुँचकर दक्षारि (शिव) की स्तुति करते हुए सारे समाचार सुना दिए । सारी हालत सुनने के उपरांत मृत्युशासन (शिव) ने अपने भक्त सुकेश का मन में स्मरण करते हुए (देवों से) कहा—"मैं उन्हें तो नहीं मारूँगा; किन्तु आप लोगों की विपत्ति दूर करने का मैं आप लोगों को उपाय सुझा दूँगा । आप लोग क्षीरसागर के तट पर पहुँचकर अपना संकट मुकुन्द को बता दीजिए; कल्याणस्वरूप मुकुन्द आपकी रक्षा करने के लिए दुष्ट राक्षसों का संहार करेंगे, यह आप निश्चित समझ लीजिए ।" यह सुनते ही देवता लोग शिव जी को प्रणाम करके तुरन्त ही क्षीरसागर के तट पर पहुँच गये और अत्यन्त भक्तिपूर्वक भक्तवत्सल पद्मनाभ (श्री विष्णु) की स्तुति करने लगे—"हे नारायण ! हे मुकुन्द ! हे दयानिधि ! आपको नमस्कार है । हे वासुदेव ! हे गोविन्द ! हे जगन्नाथ ! आपको नमस्कार है । हे समस्त लोकेश्वर आपको नमस्कार है ! हे नरकारि ! आपको नमस्कार है । हे रमापति ! हमारे मन में आपकी उत्कट भक्ति हो । ६० —हे पुण्डरीकाक्ष (कमललोचन) ! हे पुरुषोत्तम ! आपकी जय हो । हे चण्डिकापति-हृदयवासी (पार्वती देवी के पति शिव जी के हृदय में निवास करनेवाले) !

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जयजय माधव ! जय जय । निर्ज्जरप्रवरन्मारीवण्णं स्तुतिच्चेट्-मर्त्थिच्चु वसिच्चळवखिल जगन्नाथन् योगनिद्रयुमुणर्न्नरुळिच्चेय्ती-टिनानागमिप्पतिनेन्तु कारणं निङ्ङळेल्लां; सन्तुष्टन्मारायेन्ने-स्सेविप्पान् वरिकयो ? सन्तापमेतानुमुण्टाकयो चोल्लीटुविन् । चिन्तितमेल्लामोक्कस्साधिप्पिच्चीटुवन् आनन्तरमेतुमिल्ल विबुध श्रेष्ठन्मारे ! अच्युतनेवमरुळ्चेय्ततु केट्टनेरं दुश्च्यवननं तोळुत-खिलमरियिच्चान् । चन्द्रशेखर प्रियनाकिय सुकेशनु नन्दनन्माराय् मून्नु राक्षसरुण्टाय् वन्नु— माल्यवान् सुमालियुं मालियुमोरुमिच्चु बाल्यकालत्तें तपोनिष्ठया विरिञ्चनें सन्तोषिप्पिच्चु वरं वाङ्ङिक्कोण्टवरिप्पोळ् सन्तापं जगत्त्रयत्तिङ्कलुं वळर्त्तुन्नु । ७० शङ्करन् सुकेशनिलुळ्ळ वात्सल्यं कोण्टु किङ्करोम्यहमिति चञ्चल मनस्कनाय् पङ्कजविलोचननोटुणर्त्तियक्कयेन्नाल् सङ्कटं तीर्क्कुं जगन्नाथनेन्नरिञ्ञालुं । रक्षोवीरन्मारेयुं वधिच्चु जगत्त्रयं रक्षिक्कुं लक्ष्मीवरनेन्नरुळ् चेय्तु रुद्रन् । अङ्ङळुमतु केट्टु न्निन्तिरुवटियेक्कण्टिङ्ङु वन्नुणर्त्तिप्पानाय् विट कोण्टु नाथ ! मट्टोरु शरणमिल्लिज्जनत्तिनु पोट्टी ! मुट्टुं न्निन्तिरुवटियोळिञ्ञु

आपकी जय हो, जय हो, जय हो !" जब निर्जरप्रवर (देव-श्रेष्ठ) लोग इस प्रकार स्तुति-कीर्तन करने लगे, तब अखिल जगत् के स्वामी ने अपनी योगनिन्द्रा से उठकर सादर पूछा—"आप सबके आगमन का क्या कारण है ? क्या सन्तुष्टचित्त आप लोग मेरी सेवा के लिए उपस्थित हुए हैं ? या आप पर कोई संकट आ पड़ा है ? कृपापूर्वक आप लोग बता दें । हे विबुधश्रेष्ठ (देव प्रमुख) ! मैं आप लोगों का अभीष्ट पूरा कर दूँगा । मेरी यह प्रतिज्ञा अटल है ।" इस प्रकार अच्युत के कहने पर दुश्च्यवन (इन्द्र) ने हाथ जोड़कर सारा हाल बता दिया—"चन्द्रशेखर (शिव जी) के प्रियपात्र सुकेश के तीन राक्षसपुत्र हुए हैं माल्यवान, सुमाली और माली । उन तीनों ने साथ-साथ बाल्यकाल में ही अपनी तपोनिष्ठा से विरञ्चि (ब्रह्मा) को सतुष्ट कर वर-प्रसाद प्राप्त किये, जिसके बल पर वे अब संसार में भारी उपद्रव मचा रहे हैं । ७० सुकेश के प्रति अपने वात्सल्य की बात सोचकर तथा उसे अपना दास समझकर शंकर जी (तीनों राक्षसों की हत्या करने से) अन्यमनस्क हो रहे हैं । उन्होंने हमें बताया है कि पंकजनेत्र (विष्णु जी) को अपना संकट सुना देने पर वे उसके लिए परिहार मार्ग ढूँढ़ लेंगे । रुद्र (शिव जी) ने बताया कि लक्ष्मीवर (महाविष्णु) राक्षस वीरों का संहार कर त्रिभुवन की रक्षा करेंगे ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दयानिधे ! इत्तरं देवगणमुणर्त्तिच्चतु ञेरं चित्तकारुण्यत्तोटु मुकुन्दनरुळ् चेय्तु— रक्षोवीरन्मारेयुं वधिच्चु भवान्मारे रक्षिच्ची-टुवनतिनिल्ल संशयमेतुं । यातुधानन्मार् पीडिप्पिक्किलन्नेरमोरु दूतने नियोगिच्चालप्पोळे वरुवन् ञान् । एङ्किलो निङ्ङळङ्ङु पोयालुमिनियेन्नु पङ्कजविलोचननरुळिच्चेय्त शेषं वन्दिच्चु देवकळुं पोय्च्चेन्नु निज निज मन्दिरं पुक्कु वसिच्चीटिनोरनन्तरं; ८० माल्यवाननुजन्मारोटुरचेय्तु निङ्ङळ् बाल्यं कोण्टुळ्ळ मदं कळञ्ञु केट्टीटुविन् । नम्मुटे दोषमेल्लां देवकळ् चेन्नु कण्टु मन्मथवैरियोटु सङ्कटमरियिच्चु । अन्नेरं सुकेशनिलुळ्ळ वात्सल्यं कोण्टु पन्नग विभूषणनवरोटरुळ् चेय्तु : कोल्लुन्नीलवरे ञान् निङ्ङळ्क्कु तापं तीर्क्कान् चोल्लुवनुपायवुं खेदिक्कवेण्टा निङ्ङळ् । चेल्लुविन् पालाळि पुक्कंबुजनेत्रनोटु चोल्लुविन् वृत्तान्तं ञान् चोन्नतुं चोल्लीटुविन् । कल्याणमूर्त्ति करुणाकरन् नारायणन् एल्ला जातियुं परिपालिक्कुं जगत्त्रयं । शङ्करवाक्यं केट्टु देवकळप्पोळे

हे नाथ ! उनका उपदेश ग्रहण कर हम आपको अपना दुखड़ा सुनाने के लिए यहाँ तक आये हैं । हे स्वामी ! इन दासों के लिए आप दयानिधि सर्वेश्वर के अतिरिक्त अन्य कहीं दूसरी शरण नहीं है ।" इस प्रकार देवगण के दुखड़ा रोने पर करुणामूर्ति मुकुन्द ने कहा—"राक्षस वीरों का वध करके मैं आप लोगों की रक्षा करूँगा । मेरी इस बात पर संदेह करने की आवश्यकता नहीं है । यातुधान (राक्षस) लोगों के उत्पीड़ित करते ही अगर कोई दूत भिजवा दें तो मैं तुरन्त (आपकी रक्षा के लिए) उपस्थित रहूँगा । अब आप लोग सादर चलिए ।" इस तरह पंकज-विलोचन (कमलनेत्र विष्णु) के आश्वासन देने के उपरांत नमस्कार एवं वन्दना करके देवगणों के अपने अपने भवनों में पहुँच निवास करने के बाद— । ८० माल्यवान ने अपने छोटे भाइयों से कहा—"तुम अपने बाल्य-सहज दर्प त्यागकर मेरी बात सुन लो । देव लोगों ने (कैलास में पहुँचकर) मन्मथ-वैरी (कामदेव के शत्रु शिव जी) से हमारे अपराध तथा अपना संकट कह सुनाया । तब सुकेश के प्रति अपने वात्सल्य के वशीभूत हो पन्नगविभूषण (शिव जी) ने उन्हें बताया कि मैं उन्हें नहीं मारूँगा; किन्तु आप लोग निराश न हों, मैं आपको रक्षा का उपाय बता देता हूँ । आप लोग क्षीरसागर में पहुँच अंबुजनेत्र के सामने अपना संकट सुना दें तथा मैंने जो कहा, वह भी उन्हें बता दीजिए; तब कल्याणमूर्ति एवं करुणाकर नारायण सब प्रकार से जगत्त्रय की रक्षा करेंगे । शंकर जी का उपदेश

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पोय् सङ्कटं नारायणनोटवर् चॊल्लीटिनार्। पङ्कजनेत्रनुं त्रिदशन्मारोटरुळ् चॆय्तु सङ्कटमॆल्लां तीर्प्पन् ञान् तन्नॆ सुरन्मारे ! देवकळतु केट्टु तॆळिञ्ञु मरुविनारावतॆन्तिनि नमुक्कॆन्ननु चिन्तिक्कणं। कॊण्टल्नेर्वर्णन् त्रिदशन्मार्क्कु वेण्टित्तन्नॆ पण्टु दैतेयन्मारॆ पलरॆक्कॊल चॆय्तान्। ९० नम्मॆयुं कॊल्लुमवनिल्ल संशयमॆन्नाल् नम्मुटॆ निलयॆन्तॆन्नोर्त्तु कल्पिक्केणं नां। सोदरन्मारोटित्थं माल्यवान् पऱञ्ञप्पोळ् मेदुरन्मारामनुजन्मारुमुर चॆय्तार्—आदि नारायणनिल्लेतुं दूषणमतिन्नादितेयन्मारत्रे साहसराकुन्नतुं; देवकळुटॆ गर्वमटक्कीटणमतिन्नावोळं वैकीटातॆ कूट्टेणं पटयिनि; पाताळत्तिङ्कल् वाळुमसुरेन्द्रन्मारॆयुं यातुधानन्मारॆयुमिप्पोऴे वरुत्तेणं। दूतन्मार् चॆन्नु वरुत्तीटिनार् पटयॆल्लां आदितेयादिकळुमॊक्कॆ वन्नीरुमिच्चार्। वारण वाजि रथ विहंग मृगजाल मेऱिनारायुधङ्ङळेंटुत्तु पिटिच्चवर् देवकळोटु समरत्तिन्नु पुऱप्पॆट्टारावोळं पिळ्ळच्चु काणायितु निमित्तङ्ङळ्। दुर्न्निमित्तङ्ङळॊन्नुमादरियातॆयवर् चॆन्नटुत्तितु सुरलोक गोपुर द्वारे। देवेन्द्रनतु कण्टु

लेकर वे (देवगण) तभी जाकर नारायण को सारा हाल बता चुके। तब पंकजनेत्र ने त्रिदश (देव) लोगों से सांत्वना भरे शब्दों में कहा—हे सुरगण ! मैं स्वयं आपको संकट से मुक्त कर दूंगा। तब से देव लोग आश्वस्त हो सप्रसन्न बैठे हैं। अब हमें यह सोचना चाहिए कि हम क्या करें। घनश्याम महाविष्णु ने पहले भी त्रिदशों (देवों) के लिए कई दैत्यों का वध कर डाला था। ९० अब वे निश्चय ही हमें भी मार डालेंगे। अतः हमें भी अपनी रक्षा का उपाय सोच लेना चाहिए।" जब माल्यवान ने अपने भाइयों से इस प्रकार कहा तब उन स्थूलकाय भाइयों ने उत्तर में कहा—"इस बात में आदिनारायण (विष्णु) का कुछ दोष नहीं है। आदितेय (देव) लोग ही (हमें मारने के लिए) साहस कर रहे हैं। अतः देवों का गर्व भंगकर डालना चाहिए और उसके लिए यथासंभव शीघ्र ही सेना एकत्र करनी होगी। पाताललोक-वासी असुरश्रेष्ठों तथा यातुधानों को अभी बुला लेना होगा।" (यह कहते मात्र ही) दूतों ने जाकर पूरी सेना बुला ली और देव लोग भी इधर-उधर से आकर जमा हुए। वारण (हाथी), वाजि (अश्व), रथ, विहंग (पक्षी), मृग (पशु), आदि पर सवार हो तथा नाना हथियार हाथ में उठाये राक्षस लोग देवों से भिड़ने निकल पड़े तो मार्ग पर कई अपशकुन दिखाई देने लगे। इन अपशकुनों पर ध्यान दिये बिना वे आगे बढ़कर सुरलोक के गोपुरद्वार के समीप आ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

दूतनैययच्चितु देवदेवेशनाय भगवानोटु चौल्वान् । १००
देवदूतोक्ति केट्टु माधवन् तिरुवटि देवारिकळैयोक्कै निग्रहिप्पतिन्नायि वैनतेयन्मेलेरियायुधङ्ङळुमायि दानवन्मारोटु युद्धत्तिनु पोय नेरं रक्षोवीरन्मारेल्लामट्टुत्तु युद्धं चैय्तार् पक्षीन्द्र ध्वजनुमस्त्रावलि तूकीटिनान् । युद्ध वैदग्ध्यमिनिमेलिलुळ्ळेटं चौल्वानेत्रयुं पणियेन्नालेन्नु पैङ्किळिमकळ् । १०४

द्वितीयाध्यायम् ।

अन्नवुं पालुं पळवुं तरुवन् आनेन्नोटु चौल्लुक शेषं कथामृतं । अन्नतु केट्टु परञ्ञु किळिमकळ् इन्नुं चुरुक्किप्परयुन्नतुण्टु आन् । मिन्नल् पोले शरजालं तेरुतेरेच्चेन्नु निशाचरन्मार् शरीरङ्ङळिल् कौण्टु पुरप्पेट्टु भूमियुं भेदिच्चु कुण्ठतकैविट्टु पुक्कितु पाताळं । आयुध वाहन भूषण जालङ्ङळ् सायक पंक्तिकळ् कौण्टु नुरुङ्ङियुं, कैकाल् कळुत्तुकळटु निशाचरर् मेय्कळिल् निन्नुयिर् वेर्पेट्टु वीळ्कयुं, युद्धाङ्कणवुं निरञ्ञु शरङ्ङळालेत्रयुं चित्रमाय्

पहुँचे। यह देखकर देवेन्द्र ने देवदेवेश भगवान को (राक्षसों के आक्रमण) की खबर पहुँचाने के लिए तुरन्त दूत भेजा। १०० देवदूत का कथन सुनकर भगवान माधव देवों के शत्रुओं का दमन करने के लिए वैनतेय (गरुड़) पर सवार हो तथा आयुधों से युक्त हो दानवों से युद्ध करने के लिए पहुँचे तो सारे राक्षस पास आ उनसे लड़ने लगे। पक्षीन्द्रध्वज (महाविष्णु) ने बाण वर्षा की। 'आगे जो युद्ध-वैदग्ध्य दर्शाया गया, उसका वर्णन करना मेरे लिए दुष्कर है,' ऐसा कहते हुए शुकबालिका ने मौन साध लिया। १०४

द्वितीय अध्याय ।

(कवि शुकी से कहता है कि) मैं तुम्हें दाना, दूध-फल सब दूँगा, तुम शेष कथामृत सुना दो। यह सुनकर शुक-बालिका ने कहा कि मैं आज फिर (राम-कथा) संक्षेप में बताऊँगी। (वह आगे कहने लगी—) बिजली के समान तीव्रगति से शरजाल एक के बाद एक जाकर निशाचरों के शरीर को विद्ध करने लगे। वे शर उनके शरीर के आर-पार जाकर भूमि का भेदन कर सीधे पाताललोक की ओर गये। निशाचरों के आयुध, वाहन, आभूषण सब सायक (बाण) पंक्तियों से कटते गये। निशाचरों के हाथ-पाँव कटने, धड से सिर पृथक् होने और शरीर से प्राण छूटने लगे।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

वन्तितु युद्धवुं। पङ्कजनेत्रनुमप्पोळटुत्तुटन् शंखं भयङ्करमाय् विळिच्चीटिनान्। दारुणमाकिय शंखध्वनि केट्टु पारिटमोन्नु कुलुङ्ङि गिरिकळुं; वारण वाजि निशाचर वीररुं पारं विरच्चु मोहिच्चु वीणीटिनार्। १० शंखध्वनि केट्टुमस्त्रङ्ङल् कोण्टुमातंकं कलर्न्नु निशाचर वीररुं मण्टियतीव भयत्तोटकन्नतु कण्टु सुमालि कोपिच्चटुत्तीटिनान्। अस्त्रावलिकळ् तूकीटिनानन्नेर-मेत्रयुं घोरमाय् वन्तितु युद्धवुं; कोलाहलत्तोटु कूटेत्तुटर्न्नुटन् मालियुमस्त्रशस्त्रङ्ङळ् तूकीटिनान्। चित्पुरुषन् पुरुषोत्तमनन्नेरं कोल्पेरेयुळ्ळ सुमालितन् सुतने कोन्नतु कण्टटुत्तीटिनान् मालियु-मन्नेरमाशु मुकुन्दन् तिरुवटि, तेरुं कळञ्ञु विल्लुं मुरिच्चीटिनान् पारतिल्च्चाटिनान् मालि गदयुमाय्। रूक्षतयोटु गरुडनेत्ता-डिच्चान् ताक्ष्यर्न् तळर्न्नु चुळन्नु पऱन्नितु मालियुटे गळनाळमप्पोळ् वनमालि चक्रेण खण्डिच्चु कळञ्ञितु। तापस निर्ज्जर चारणरादिकळ् तापमकन्नु मुकुन्दने वाळ्त्तिनार्। २० आर्त्तिमुळ्ळुत्तु शरङ्ङळ् कोण्टेट्वुं भीत्या निशाचररोटुन्नतु नेरं

समर-प्रांगण शर-वर्षा से पट गया और युद्ध ने भीषण एवं अद्भुत रूप अपनाया। तुरन्त पंकजनेत्र ने उनके समीप आकर भीषण घोष में एक बार अपना शंख बजाया। उस दारुण शंखध्वनि को सुनकर समस्त पृथ्वी तथा पर्वत एक बार कंपित हो उठे। वारण, वाजि और निशाचर लोग कंपित एवं विमूर्छित हो धराशायी हुए। १० शंखध्वनि तथा तीखे बाणों के प्रहार से निशाचर वीर आतंकित हुए। उन्हें अत्यन्त भयभीत हो इधर-उधर भागते देख क्रुद्ध हो सुमाली आगे बढ़ा। उसने अस्त्र-वर्षा करके भीषण युद्ध किया। तब खलबली मचाता हुआ माली भी आगे बढ़ बाण-वर्षा करने लगा। चित्पुरुष पुरुषोत्तम ने तुरन्त सुमाली के बली पुत्र का वध कर डाला, जिसे देखकर माली (पुरुषोत्तम के) समीप आ गया। भगवान मुकुन्द ने उसका रथ खंडित कर डाला और धनुष के टुकड़े-टुकड़े कर दिये। माली गदा हाथ में लिए पृथ्वी पर कूद पड़ा और क्रोधातुर हो उसने गरुड़ पर गदा दे मारी, जिससे पीड़ित एवं शिथिल गरुड़ इधर-उधर उड़ने लगा। वनमाली (भगवान विष्णु) ने तुरन्त अपने सुदर्शन चक्र से माली का गला छेद डाला और तापसों, निर्जरों (देवों) और चारणों ने अपना दुःख विस्मृत कर मुकुन्द की भूरि-भूरि प्रशंसा की। २० निरन्तर बाण लगने से भयभीत हो पीठ दिखाकर भागते निशाचरों को देख भगवान ने उनका पीछा किया और बाणों से अनेक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पिम्पे तुटर्न्नेटुत्तस्त्रावलि तूकि वम्पुळ्ळ राक्षस वीररेयोक्कवे
कोल्लुन्नतु कण्ट नेरत्तु माल्यवान् चोल्लिनानित्तोळिल् धर्म्ममल्लेतुमे।
पेटि पेरुत्तु निरायुधन्माखमायोटुन्नवरे वधिच्चालतुमूलं
वन्नु कूटीटुं नरकमेन्नुळ्ळतुं निन्नुळ्ळिलिल्लयो ? धर्म्मज्ञनल्लो नी।
अत्यर्थमुळ्ळ युद्ध श्रद्धतीर्प्पतिन्नत्रैव ञानिता मुन्निट्टु निल्क्कुन्नु।
इत्थं परञ्ञोरु वेल् कोण्टु चाट्टिनानुत्तम पूरुष वक्षसि राक्षसन्।
पुष्कराक्षन् वेल् परिच्चतिनेक्कोण्टु रक्षोवरन्मारिलाशु चाट्टीटिनान्।
वेलतु कोण्टु तळर्न्नाश्वसिच्चबन् शूलमेटुत्तु वेगेन चाट्टीटिनान्।
पेट्टेन्नेटुत्तु पुरुषोत्तमोरसि मुष्टि चुरुट्टि प्रहरिच्चनन्तरं ३०
पक्षिप्रवरनेयुं प्रहरिच्चोरु रक्षःप्रवरने वाळ्त्तिनारेवरुं। तार्क्ष्यनुं
तन्नुटे पक्षपुटङ्ङळाल् वायुक्कुन्न वायुवेगत्ताल् निशाचरं
दूरेत्तेरिप्पिच्चु वीळ्त्तिनानन्नेरं पारिल्प्परन्नितु रक्तप्रवाहवुं।
अग्रजन् वीणतु कण्टु सुमालियुं व्यग्रिच्चु शेषिच्च रक्षोगणवुमाय्
वेगेन पोयानतुकण्टु माल्यवान् शोकेन सोदरन् तन्नोटु कूटवे।
लङ्कयिल्च्चेन्नु दुःखिच्चु मरुविनान् पङ्कजलोचनन् पिन्नेयुं पिन्नेयुं
नक्तञ्चरवररोटु पोर् चेय्तितु शक्तियिल्लेन्नु भयप्पेट्टवर्कळुं

वीरों का वध किया तो माल्यवान ने यह देखकर (भगवान से) कहा कि यह कोई धर्म नहीं है। भयभीत हो तथा निरायुध हो भागनेवालों का वध करने से नरकभागी बन जाएँगे। क्या यह बात आप विस्मृत कर चुके हैं? आप तो धर्मज्ञ हैं। आपके युद्धमद का शमन करने हेतु मैं तो यहां आपके सामने खड़ा हूँ। यह कह कर राक्षस ने उत्तमपुरुष की छाती पर एक शक्ति का प्रयोग किया तो पुष्करनेत्र (विष्णु) ने उसी को निकाल कर राक्षस वीरों पर प्रहार किया। उसके लगने से पीड़ित हो थोड़ी देर विश्राम लेने के उपरान्त माल्यवान ने भगवान की ओर शूल मारा और साथ ही छाती पर मुष्ठि प्रहार किया—। ३० —और पक्षिप्रवर (गरुड़) को भी आहत कर दिया तो उसकी वीरता की सभी ने प्रशंसा की। तार्क्ष्य (गरुड़) ने अपने पक्षों से वायुवेग से उस पर प्रहार करके उसे दूर गिरा दिया तो उसके आहत शरीर का रक्त भूमि पर सब कहीं छा गया। अपने अग्रज (माली) को गिरते देख सुमाली बचे हुए राक्षस वीरों को लेकर भागा तो यह देख माल्यवान भी भाई का अनुसरण करता हुआ दुःखी हो लंका में आ बैठा। पंकजनेत्र (विष्णु) ने बार-बार राक्षसों से युद्ध करके उन्हें लंका में बैठना असह्य कर डाला तो भगवान से युद्ध करने के लिए अपने को दुर्बल पाकर वे पाताल में आ बैठे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चॆन्नु पाताळवुं पुक्कु वसिच्चितु वन्नितु सौख्यं जगद्वासि-कळक्कॆल्लां । इप्पोळ् दशमुखन् तन्नॆ वधिच्चतु चिल्पुमानाय नारायणन् नी तन्नॆ । इङ्ङनॆचॆन्नु पाताळे निशाचरर् तङ्ङळ् तङ्ङळ्क्कुळ्ळ वल्लभ मारुमाय् । ४० सन्तुष्टराय् पलकालं वसिच्चितु चिन्तिच्चितेकदा तत्र सुमालियुं; ऒन्तॊरु वृत्तान्तमुळ्ळू धरणियिल् बन्धुक्कळारानुमुण्टो नमुक्कॆन्नु अन्वेषणं चॆय्तरियेणमॆन्नोर्त्तु तन्नुटॆ पुत्रियां कैकसि तन्नोटुं भूमण्डलं तन्निलॆङ्ङुं नटन्नुटनामोदमान्निरुन्नीटुं दशान्तरे; सिद्ध देवाप्सरो गन्धर्व किन्नर प्रस्तुतनाकिय वैश्रवणन् तदा लङ्कयिल् निन्नु पुरप्पॆट्टु भूषणालङ्कारमोटु पिताविनॆ वन्दिप्पान् । पुष्पकमेरि वेगेन पोकुन्नेरमत्भुतमाम्मारु कण्टु सुमालियुं । चॆन्नु निजालये वाळुंविधौ मुदा चॊन्नान् मकळोटु सादरमन्नेरं— ऒन्नुटॆ पुत्रियायोरु निनक्किन्नु वन्नितु यौवनं बाल्यं कळिञ्ञितु । निन्नॆ विवाहं कळिप्पानुपायवुमॊन्नुमे कण्टील बन्धुक्कळायवर् । ५० आरुं परिग्रहिच्चीटुकयिल्लमे वैरिजनङ्ङळॆ शङ्किच्चतु मूलं । कल्याणवुं कळिञ्ञात्मानुरूपनां वल्लभन् तन्नोटु कूटॆ सुखिच्चु नी नित्यं वसिक्कुन्नताहन्त काणाञ्ञु चित्ते मुळुत्तोरु सन्तापमुण्टुमे ।

और लोकवासियों का दुःख दूर हुआ । वे फिर से सुखपूर्वक रहने लगे । अब रावण का वध करके संसार की रक्षा करनेवाले वही चिद्पुरुष भगवान आप हैं । इस प्रकार अपनी-अपनी पत्नियों सहित पाताल में पहुंचकर वे राक्षस— । ४० बहुत समय तक सानंद रहे । तब वहाँ रहते हुए एक बार सुमाली ने सोचा कि पृथ्वी का क्या हाल है, यह जानना चाहिए तथा देखना चाहिए कि हमारे सगे-सम्बन्धी कोई वहाँ बचे हैं । यह सोचकर अपनी पुत्री कैकसी को लिये जब वह पृथ्वी पर सानन्द इधर-उधर घूम रहा था तब सिद्धों, देवों, अप्सरसों, गन्धर्वों, किन्नरों से स्तुत्य वैश्रवण आभूषणों से अलंकृत हो अपने पिता के दर्शनार्थ लंका से निकले और उन्हें पुष्पक विमान में सवार हो तीव्रगति से बढ़ते देख सुमाली विस्मित हो उठा । वहाँ से अपने वासस्थान पर आ सुख से रहते समय उसने अपनी पुत्री से कहा—"तुम बाल्यकाल को पीछे छोड़ तारुण्य में पदार्पण कर चुकी हो । अब तुम्हें विवाह में देने के लिए यहाँ कोई सगा-सम्बन्धी अब तक नहीं मिल पाया । ५० शत्रुओं के भय से हमारा कोई सम्बन्धी तुमसे विवाह करेगा, ऐसा नहीं लग रहा है । तुम्हारे अनुयोज्य पति के साथ विवाहित हो तुम्हें उसके साथ सुखपूर्वक नित्य रहते हुए देख न पाने के कारण मुझे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कण्टीलयो वैश्रवणन् पिताविनेक्कण्टु वन्दिप्पान् गमिक्कुन्नताशु न्नी?
उत्साहमुण्टु न्निनक्कोङ्किलीवण्णं तत्समनायोरुपुत्रनुण्टायवरुं ।
पौलस्त्यनाकिय विश्रवसंमुनि कालत्तु सेविक्क न्नीयिनि नन्दने !
त्रैलोक्य सम्मतनायोरुनन्दनन् पौलस्त्यपुत्रनायुण्टायवरुमेन्नाल् ।
इत्थं सुमालि परञ्ञोरनन्तरं चित्तमोदेन तपोवनं प्रापिच्चाळ् । ५८

रावणादिकळुटे उत्भवम्

विश्रुतनाय पुलस्त्यतनयनां विश्रवस्सांमुनिमुख्यमुपासिच्चु, चित्त शुद्धया पलनाळ् चेय्तनन्तरं नित्यकर्म्मं कळिप्पान् मुनिपुंगवन् अस्तमय समयत्तिङ्कलेकदा भक्ति पूर्वं सन्ध्यावन्दनं चेय्युम्पोळ् सन्तानमाशु देहीति देहीतियेन्नन्तर्मुदा वरिच्चीटिनाळ् कैकसि । चिन्तिच्चु तापस श्रेष्ठनरुळ् चेय्तु हन्तकष्टं तव निर्बन्धमीदृशं । दारुण मायोरु वेळयिप्पोळतु कारणमुण्टां प्रजकळुमेत्रयुं क्रूरमतिकळां दुष्टरायेवरू घोरमायोरु सन्ध्यावेळ कारणाल् । अन्नतु केट्टु परञ्ञितु कैकसि नन्नु नन्निन्नरुळ् चेय्युन्नतिङ्ङने । पुष्ट

मन में बड़ा दुःख अनुभव हो रहा है। तुमने वैश्रवण को आज पिता जी का दर्शन कर प्रणाम करने जाते देखा है न ? अगर तुम्हारी इच्छा हो तो तुम्हें उनके समान (भाग्यवान्) पुत्र प्राप्त होगा। हे पुत्री ! पुलस्त्य-तनय मुनि वैश्रवस् की तुम अविलम्ब सेवा में लग जाओ। तब तुम्हें त्रिलोक में प्रसिद्ध एक पुत्र पौलस्त्य-तनय के रूप में प्राप्त करने का सौभाग्य मिलेगा।" इस प्रकार सुमाली का उपदेश पाते ही वह (कैकसी) मन ही मन प्रसन्न हो तपोवन की ओर (विश्रवस् की परिचर्या के लिए) चली गयी। ५८

रावण आदि का जन्म

विश्रुत पुलस्त्य के पुत्र मुनि विश्रवस् की वह (कैकसी) नित्य पूजा-सेवा करने लगी। शुद्धात्मना इस प्रकार कई दिनों तक मुनि की सेवा एवं भजन करने के उपरान्त एक दिन जब मुनिपुंगव संध्या समय भक्तिपूर्वक संध्या-वंदना में तल्लीन थे तब कैकसी ने (उनके समीप आकर) 'मुझे संतान दीजिए,' ऐसी याचना की। तापस-श्रेष्ठ ने खूब सोच-विचार करके बताया—"हाय ! तुम्हारी ऐसी जिद कष्टदायक है। यह दारुण समय है (वर-दान का अनुकूल समय नहीं है।) तुम्हारे दुष्ट एवं क्रूरात्मा पुत्र ही होंगे।" यह सुनकर कैकसी ने कहा—"खेद है ! आप

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तपोबलमुळ्ळ भवान् तनिक्किष्टमायुण्टाय् वरुन्न तनयन्मार् दुष्टराय् वन्नालतु निन्तिरुवटिक्कोट्टुमे कीर्त्तिक्कु पोरा तपोनिधे ! १० ॲन्नतु केट्टरुळ् चेय्तु तपोधननिन्नितु केट्टु-कोळ्कुत्तमे कैकसि ! उण्टां निनक्कोटुक्कत्तोरु नन्दनन् कोण्टल्-वर्ण्णन्नुमतिप्रियनामवन् । दीर्घावलोकनमुळ्ळ गुणालयन् दीर्घायुष्मानाय् वरुमेन्नु निर्ण्णयं । इत्थमनुग्रहं नल्कि मुनीन्द्रनुं बद्धमोदेन पोयाळवळ् कैकसि । गर्भवुं पूर्ण्णमाय् वन्नोरनन्तर-मर्भकन् तन्नेयुं पेट्टाळ् निशाचरि । पत्तु तलयुमिरुपतु कैकळुमेन्नयुं भीषणमाय् पिरन्नानवन् । कोण्टल् निरं पूण्ट नीलशैलम्पोले रण्टामतुमुटनुण्टायितन्यनुं । मून्नामतुण्टायतुमोरु राक्षसि चार्न्नु-चेर्न्नुळ्ळवरुं तेळिञ्ञीटिनार् । पिन्ने नालामतुण्टायानोरु पुमान् धन्यनाय् भागवतोत्तमनायेटो ! नामं दशमुखनुं कुंभकर्ण्णनुं श्रीमान् विभीषणनेन्नुं विळिच्चितु । २० तातनुं शूर्प्पणखेति भगिनिक्कु प्रीति पूण्टीटिनाळ् कैकसियुं तदा । मक्कळोटुं कूटि श्लेष्मातिकाटवि पुक्कु सुखेन वाणीटुं दशान्तरे । पुष्करमार्ग्गेण

ऐसी बात कर रहे हैं । हे तपोधन ! आप जैसे महातपोनिष्ठ मुनि के अभिमत से उत्पन्न संतानें अगर दुष्ट एवं क्रूर बनें, तो वह बात आप तपोधन की कीर्ति के अनुकूल कभी नहीं होगी ।" १० यह सुनकर तपोधन ने कहा—"हे कैकसी! तुम उत्तम शीला हो । तुम आज मेरा कथन सुनो । आखिर में तुम्हें एक ऐसा पुत्र पैदा होगा, जो घनश्याम (विष्णु-) प्रिय विवेकी, दूरदर्शी, गुणी एवं दीर्घायु होगा । यह सत्य बात है ।" मुनीन्द्र ने ऐसा आशीर्वाद दिया और कैकसी वर-प्रसाद लेकर प्रसन्न हो वापस चली गयी । गर्भ के पूर्ण होने पर उसने एक अर्भक (छौना) को जन्म दिया, जो अपने दस सिर और बीस भुजाओं सहित भीषण रूप में पैदा हुआ । तुरन्त दूसरा एक पुत्र भी पैदा हुआ जो मेघाच्छादित नील शैल के समान स्थूलकाय था । तीसरी एक पुत्री थी जो साक्षात् राक्षसी थी । फिर चौथा एक पुत्र हुआ जो महासात्विक, शान्त एवं भागवद् गुणों से युक्त था । पिता ने अपनी इच्छा के अनुसार पुत्रों के नाम दशमुख, कुंभकर्ण और श्रीमान विभीषण रखे । २० तीनों पुत्रों की भगिनी का शूर्पणखा नाम रखा । (संतानों को देखकर) कैकसी प्रसन्न हुई । कैकसी जब अपनी सन्तानों सहित श्लेष्मातिका वन में आ निवास कर रही थी तब एक दिन पुष्पक विमान में बैठ पुष्कर (आकाश) मार्ग से, दिशाओं को परिशोभित करते हुए राज-राज (राजाधिराज) वैश्रवण (कुबेर) को सानन्द

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पुष्पकत्तिन्मेलेऱि दिक्कुकळॊक्के विळङ्ङुमाऱङ्ङने राजितनाकिय तातने वन्दिप्पान् राजराजन् मुदा पोकुन्नतु नेरं कण्टु चॊन्नाळ् मकन् तन्नोटु कैकसि कण्टो तवाग्रजन् पोकुन्न कोप्पु नी। २५

रावणादिकळुटे तपस्सु

इन्नु निनक्कुमवनुमॊरुमुनि तन्ने पितावतुकॊण्टॆन्तु फलं ? ऎन्नु जननि पऱञ्ञतु केट्टुटन् चॊन्नान् दशमुखनम्मे! धरिक्क नी; इन्निवन् तन्निलुमेट्टमधिकनाय् वन्नुकूटुं ञानतिनिल्ल संशयं। ऎल्लां तपोबलं कॊण्टे मनोरथमॆल्लावनुं साध्यमाय् वरु निर्णयं। ऎन्नु कलिपच्चु सहोदरन्मारुमाय् चॆन्नु गोकर्णं प्रवेशिच्चु मूवरुं। सारससंभवन् तन्नॆक्कुऱिच्चति घोरमायुळ्ळ तपस्सु तुटङ्ङिनार्। पञ्चद्वयानन् ग्रीष्मकालत्तिङ्कल् पञ्चाग्नि मद्ध्यस्थनायेकनिष्ठया शीतकालत्तिङ्कलाकण्ठमग्ननाय् मेदुर वृष्टि काले ननञ्ञु तदा। सूर्यबिंबे निज नेत्रमुऱप्पिच्चु धैर्येण कुंभकर्ण्णन् मरुवीटिनान्। ब्रह्मस्वरूपवुं ध्यानिच्चु सन्ततं निर्म्मलनाय विभीषणन् मेविनान्। १० अङ्ङने चॆन्नु पतिनायिरत्ताण्टुमिङ्ङु विधाता-

---

अपने पिता की वंदना करने जाते हुए देखकर कैकसी ने अपने पुत्र (रावण) से कहा—"पुत्र ! तुमने अपने अग्रज को गम्भीर एवं दीप्तिमय स्वरूप को लिये जाते देखा ? २५

रावण आदि की तपस्या

(कैकसी आगे रावण से कह रही है कि) तुम्हारे और उनके (वैश्रवण के) एक ही पिता हैं, किन्तु उससे क्या हुआ ?" इस प्रकार जननी के कहते ही दशमुख ने कहा—"माँ ! तुम एक बात समझ लो; मैं आज उनसे भी आगे बढ़ जाऊँ, इसमें कोई संदेह नहीं है। यह निश्चित बात है कि तपोबल से ही सब का मनोरथ पूर्ण होता है।" यह कहकर अपने भ्राताओं को साथ लेकर, तीनों, गोकर्ण में पहुँच गये। उन्होंने सारससंभव को प्रसन्न करने के लिए उग्र तपस्या आरम्भ की। पंचद्वयानन (दशमुख) ग्रीष्मकाल में एकनिष्ठ हो पंचाग्नि मध्य में, शीतकाल में गले तक जल में तथा घोर वर्षाकाल में पूर्णतया भीगता हुआ तपस्या में तल्लीन रहा। कुंभकर्ण साहसपूर्वक सूर्य बिंब की ओर अपने नेत्र केन्द्रित कर तपस्या में तल्लीन रहा। निर्मल विभीषण ब्रह्मस्वरूप में ध्यान लगाये खड़ा रहा। १०. इस प्रकार (घोर तपस्या करते) दस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विनॆक्कण्टतिल्लल्लो। अन्नु दशानन् तन्टॆ तलकळिलॊन्नरुत्तग्नियिलाहुतियाक्किनान्। आयिरत्ताण्टु पार्त्तीटिनानिङ्ङनॆ नायकनाय विधाताविनॆक्काणाञ्ञु वह्नियिलाहुति चॆय्तानॊरुतल पिन्नॆयुमायिरत्ताण्टु पार्त्तीटिनान्। ऒन्पतिनायिरत्ताण्टिलवन् तलयॊन्पतुं होमिच्चु पार्त्तान् दशाननन्। १५

ब्रह्मावु रावणादिकळ्क्कु वरं कॊटुक्कुन्नतु

पत्तॊन्पतिनायिरत्ताण्टु चॆन्नळवुत्तमांगं पिन्नॆयॊन्नुळ्ळतुमवन् खण्डिप्पतिन्नु वाळॊङ्ङिय नेरमाखण्डलाद्यन्मारुमायब्ज संभवन् संभ्रमत्तोटु दशाननन् तन्नुटॆ मुम्पिलाम्मारॆळुन्नळ्ळियरुळ् चॆय्तु— वीर! मति मति साहसमिङ्ङनॆ पोरुमभिमतं चॊल्लु ञान् नल्कुवन्। ऎन्नरुळ् चॆय्त विरिञ्चनॆ वन्दिच्चु चॊन्नान् दशमुखन् तन्नुटॆ वाञ्छितं। देवगन्धर्व सुरोरगाद्यन्मारिलेवरालुं ञानवध्यनायीटणं। ऎन्नु वेण्टा नरन्मारालॊळिञ्ञॆनिक्कन्यराल् मृत्यु वरातॆयिरिक्कणं। ऎल्लां निनक्कॊत्तवण्णं वरिकॆन्नु चॊल्लिविरवोटु कुंभकर्णान्तिके चॆन्नुवरं कॊटुप्पान् तुटङ्ङुं विधौ नन्नायत्तॊळुतपेक्षिच्चितु देवकळ् वुन्दारकानुचरन्मारॆयम्पिनोटॊन्निच्चु पत्तिनॆत्तिन्नानॊरुदिनं १०

हज़ार वर्ष प्रतीक्षा में बिताये। लेकिन ब्रह्मा प्रकट नहीं हुए तो उसने अपना एक सिर काटकर अग्नि को आहुति दी। फिर एक हज़ार वर्ष प्रतीक्षा करता रहा और दूसरा सिर भी होम किया। इस प्रकार नौ सहस्र वर्षों में अपने नौ मस्तकों का होम चढ़ाकर वह प्रतीक्षारत रहा। १५

ब्रह्मा द्वारा रावण आदि को वर देना

उन्नीस हज़ार वर्ष पूर्ण होते ही अपने बचे हुए मस्तक को होमार्पण के लिए काटने ज्यों ही उसने (रावण ने) तलवार उठायी तो एकाएक अब्ज संभव (ब्रह्मा) दशानन के सम्मुख प्रकट होकर बोले—"हे वीर! अपना साहस बस करो, बस करो। तुम अपना मनोरथ प्रकट करो, मैं उसे पूरा कर दूँगा।" ऐसा कहनेवाले विरिंच (ब्रह्मा) की उसने वंदना की और अपनी अभिलाषा व्यक्त की—"देव, गन्धर्व, असुर, नाग आदि किसी के द्वारा मेरा वध न होने पाए, यही नहीं नरों को छोड़कर अन्य किसी के हाथों मेरी मृत्यु न होने पाए।" तुम्हारी इच्छा सफल हो, ऐसा कहकर कुंभकर्ण के समीप आ वर देने का उपक्रम लेते ही देवों ने बार-बार हाथ जोड़ प्रार्थना की—"(बिना वर-प्रसाद के ही इसने) एक दिन सात देव-भृत्यों को उनके बाणों सहित खा लिया था।—१० —तथा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

देवांगनमारिलेळु पेरॆत्तिन्नानावोळमोर्त्तु वेणं वरं ऩल्कुवान् । वानवर् वाक्कुकळ् केट्टु विरिञ्चनुं वाणी भगवतियोटरुळ् चॆय्तितु— कुंभकर्ण्णन् नाविनग्रे वसिच्चु नी संभ्रान्ति वाक्किनुण्टाक्किच्च-मय्क्कणं । अॆन्न नेरं कुंभकर्ण्ण जिह्वास्थले चॆन्नु पुक्कीटिनाळ् वाणियुं तल्क्षणे । कुंभकर्ण्णन् तन्नोटन्नेरमादरालंभोज संभवन् तानुमरुळ् चॆय्तु— अॆन्तभीष्टं तव चॊल्कॆन्नतु केट्टु वन्दिच्चु कुंभकर्ण्णन् पऱञ्ञीटिनान्— निद्रात्वमाशु ऩल्केणमटियनु विद्रुतं मट्टॊन्नु वेण्टील दैवमे ! अङ्ङने तन्ने वरिकॆन्नरुळ् चॆय्तु मंगलात्मावां विभीषणन् तन्नुटॆ सन्निधौ चॆन्न नेरं भक्तिपूर्वकं संप्रीति पूण्टु नमस्करिच्चीटिनान् । भक्ति विश्वास गुणगणं काण्कयाल् पङ्कजसंभवनेवमरुळ् चॆय्तु— २० वेण्टुं वरं ञान् तरुवन् पऱक नी वेण्टा विषादवुमॊन्निनुं मानसे । सन्तुष्टनां निन्तिरुवटि तन्नॆयिन्नन्तिके काणायमूलमटियनु वन्नितु वेण्टुन्न तॊक्कवे केवलं वन्दे पदांबुजं पिन्नॆयुं पिन्नॆयुं । इन्नुमॊरुवरं ऩल्केणमादरालॆन्नुमे धर्म्मस्थिति पिळयाय्कयुं श्रीपाद भक्ति-

---

सात देवांगनाओं को खा लिया था । इसलिए भली-भाँति सोच-समझकर ही इसे वर देना चाहिए ।'' देवों के वचन सुनकर ब्रह्मा जी ने वाणीदेवी (सरस्वती) से कहा—''कुंभकर्ण के जिह्वाग्र पर बैठकर आप उसके वचनों में विभ्रम पैदा कर दीजिए ।'' यह सुनकर तत्क्षण ही वाणीदेवी जाकर कुंभकर्ण के जिह्वाग्र पर बैठ गयीं । तब अंभोजसंभव (ब्रह्मा जी) ने सानन्द कुंभकर्ण से कहा—''अपना अभीष्ट बता दो ।'' यह सुनकर ब्रह्मा जी को प्रणाम करते हुए कुंभकर्ण ने कहा—''मुझ दास को तुरन्त निद्रात्व प्रदान कीजिएगा, हे भगवान ! मुझे अन्य कोई वस्तु नहीं चाहिए ।'' 'ऐसा ही हो' कहकर ज्यों ही (ब्रह्मा जी) मंगलात्मा विभीषण के समीप पहुँचे, त्यों ही विभीषण ने भक्ति-विभोर हो सानन्द उन्हें नमस्कार किया । (उनके) भक्ति-विश्वास आदि गुण-गणों को देखकर पंकजसंभव इस प्रकार बोले— । २० —''(आप पूछ लें) मैं आपको इच्छित वर दूँगा । किसी भी प्रकार का मन में विषाद न होने पावे ।'' (विभीषण ने कहा—) ''सन्तुष्ट भगवान को आज नेत्र-सम्मुख देखकर यह दास अब पूरा अभीष्ट प्राप्त कर चुका है । यह दास पुनः पुनः आपके चरणों पर प्रणाम करता है । आज प्रसन्नचित्त हो एक और वर प्रदान कीजिएगा । कभी भी यह दास धर्मच्युत न होने पाये; श्रीचरणों के प्रति भक्ति अटल हो तथा पापकर्मों के प्रति विमुखता उत्पन्न

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

विकळक्कमिल्लाय्कयुं पापकर्म्मङ्ङळिल् वैमुख्यभाववुं एवं भविप्पाननुग्रहं तल्कणं देवदेवेश ! नमस्कारमॆप्पॊळुं । ऎङ्किलनेक ताळ् जीविच्चिरिक्क त्ती सङ्कटमामूलमुण्टाय् वरातव । भागवतोत्तमनाय् धरामण्डले वाळ्क त्ती कल्पावसान कालत्तोळं । ऎन्नरुळ् चेय्तॆळुन्नरुळि विरिञ्चनुं वन्नितु कुंभकर्ण्णनाशु निद्रयुं । सिद्ध सङ्कल्पन्मारायवर् मूवरुं बद्धमोदेन पोय् श्लेष्मातक वने ३० बन्धुक्कळोटुं जननियोटुं चेर्न्नु सन्तुष्टराय् वसिच्चीटुं दशान्तरे; वृत्तान्तमॆल्लामरिञ्ञु सुमालि तन् पुत्रनोटुं कूटि वन्नानतु कालं तातनुं भ्राताक्कळुं तनयन्मारुमादरवेरिय बन्धुजनङ्ङळुं कूटॆस्सुखिच्चु वसिच्चितु कैकसि गाढमोदेन तल्क्कालमोरुदिनं ३४

प्रहस्त दौत्यम्

चॊन्नान् प्रहस्तनवस्थकळॊक्कवे तन्नाय्च्चॆवितन्नु केट्टालु-मॆङ्किलो । मुन्नमदितियुं पिन्ने दितियॆन्नुं तन्विमार् काश्यप-पत्निमाराय् वन्नार् । आदित्यन्मारुं तथैव दैत्यन्मारुं आदिकाले तनयन्मारुमुण्टायार् । लोकत्रयमटक्केणं नमुक्कॆन्नोराकांक्ष रण्टु

हो। हे देव देवेश ! यह (मेरी इच्छा) सफल होने का अनुग्रह कीजिए। सदा आप के चरणों पर प्रणाम है,।" (ब्रह्मा जी ने आशीर्वाद दिया) "ऐसी इच्छा है तो आप दीर्घजीवी बनें तथा किसी भी प्रकार का दुःख होने न पाए। कल्पान्त तक भागवतोत्तम बन धरामण्डल में सुखपूर्वक रहें।" ऐसा अनुग्रह देकर ब्रह्मा जी चले गये। तुरन्त ही कुंभकर्ण निद्राविवश हुआ। तीनों सिद्धसंकल्प हो संतुष्ट भाव से श्लेष्मातक वन को चले गये। ३० (वहाँ आकर) सगे-सम्बन्धियों तथा जननी के साथ सानन्द रहते समय, समाचार से अवगत सुमाली अपने पुत्रों सहित (पाताल से) वहाँ आ पहुँचा। पिता, भ्राता, पुत्र तथा प्रिय बन्धुजनों के साथ कैकसी अत्यन्त सन्तुष्टचित्त हो सुख से रहने लगी। ३४

प्रहस्त का दौत्य

उन दिनों एक बार प्रहस्त (नामक राक्षस-प्रमुख) ने (रावण आदि से) आग्रह किया कि वे ध्यान से उसका कथन सुन लें। बहुत पहले की बात है; काश्यप की अदिति और दिति नाम की दो सुन्दरी पत्नियाँ थीं। उनके क्रमशः आदित्य (देव) तथा दैत्य (असुर) पुत्र हुए। दोनों के मन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

जनङ्ङळ्क्कुमुण्टल्लो। तङ्ङळिल् वैरवुं वर्द्धिच्चतुकालं संगरमेत्रयुं घोरमायुण्टायि। देवकळ् पक्षत्तिल् निन्नु महाविष्णु देवारिकळे वधिच्चानतु कालं। शेषिच्चसुरकळ् नाकलोकेषु सन्तापिच्चिरिक्कुन्नितेन्नुमरिक नी। मुन्नं नमुक्कु कुलालय-मायतु विण्णोर् पुरिक्कोत्त लङ्कापुरमेटो! माल्यवान् तानुं सुमालियुं मालियुं बाल्यकाले वाणिरुन्नितु लङ्कयिल्। नारायणन-विट्टुन्नु कळञ्ञतु कारणं लङ्कयुपेक्षिच्चु पोयन्नाळ्। १० तातन् निज सुतनां वैश्रवणनु मोदालिरिप्पतिन्नायक्कोटुत्तीटिनान्। इक्कालमग्रजन् वाळुन्नु लङ्कयिल् इक्कथयोन्नुमरिञ्ञीलयो भवान्? इत्थं प्रहस्त वाक्यं केट्टनन्तरं सत्वरं चोल्लीटिनान् दशकन्धरन्—नी चेन्ननुसरिच्चाशु चोल्लीटणं आशरवंशालयं लङ्कयायतु। आचार मोर्त्तोळिच्चु तन्नीटणमाशु भवान् गुणवानल्लो केवलं। अन्नु नी चेन्नु चोन्नालतिनुत्तरं निन्नोटु चोल्लुन्नतुं केट्टुकोण्टुवा। इत्थं दशास्य वाक्यं केट्टनन्तरं सत्वरं पोयान् प्रहस्तनुमन्तरं। किन्नरेशन् तन्नेक्कण्टु चोल्लीटिनानिन्नु तवानुजनाय दशाननन्

में त्रिभुवन को अपने अधीन करने की प्रबल इच्छा हुई। तब दोनों में पारस्परिक शत्रुता बढ़ी और दोनों में घोर युद्ध भी हुआ। देवों के पक्ष से महाविष्णु ने तुरन्त देवारियों (असुरों) का वध किया। अब बचे हुए असुरों को नाकलोक में भयभीत एवं संतापयुक्त बैठे जान लीजिए। देवालय तुल्य लंकापुरी पहले से हमारी वंश-परम्परा का वास स्थान रही है। माल्यवान, सुमाली और माली ने अपना बाल्यकाल लंकापुरी में ही व्यतीत किया था। जब नारायण (महाविष्णु) ने उन्हें। १० —वहाँ से भगा दिया तब वे लंका छोड़ चले गये। और आपके पिता (विश्रवस) को लंकापुरी निवास के लिए दे दी। आज आपका अग्रज (विश्रवापुत्र कुबेर) लंका में सुखी जीवन बिता रहा है; क्या आप कभी इसका भी ध्यान रखते हैं? इस प्रकार प्रहस्त के कहते ही तुरन्त दशानन ने कहा—"तुम्हीं जाकर एक बार शान्ति के साथ (वैश्रवण कुबेर को) बता दो कि लंका आशरवंश (राक्षसवंश) का निवास स्थान है। आप तो सात्विक स्वभाववाले हैं। कुल-मर्यादा का ध्यान रखते हुए आप तुरन्त लंका (हमारे लिए) छोड़ दें। यह कहने पर वह जो उत्तर देता है, उसे तुम सुन आओ।" दशानन के ये वचन सुनकर जल्दी ही प्रहस्त (लंका में) पहुँच गया और उसने किन्नरेश (वैश्रवण) से मिलकर कहा कि आज आपके भ्राता (रावण) के द्वारा मैं यहाँ भेजा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तन्नुटे चौल्लिनाल् वन्नितिप्पोळहं । पुण्यजनेश्वरनाय भवानोटु कण्णें पऱ्कॆन्नु चौल्लिविट्टीटिनान् । २० नक्तञ्चरन्मार्क्कुं पण्टु पण्टेयुळ्ळ पत्तनमायतु लङ्कापुरमॆंटो ! इन्न ञाळुं भवान् पालिच्चतुं पुनरॆन्नुमेटं तॆळिञ्ञतॆल्लावर्क्कुं । इन्नुमॊरुकालं मीळुकयिल्लवरॆन्नोर्त्तिरुन्नु पोकॆण्ट गुणांबुधे ! इत्थं प्रहस्तोक्ति केट्टु धनेशनुमुत्तरमायवन् तन्नोटु चौल्लिनान्— तातनॆनिक्कि-रिप्पानिविटं तन्नितेतुमतु कॊण्टु वैषम्यमिल्ल केळ् । राक्षसन्मारॆल्लामुपेक्षिच्चु पोयितु सूक्षिप्पतिन्नारुमिल्लॆन्नतुं वन्नु । कालवुमॊट्टु चॆन्नोरु शेषं पिता पालनं चॆय्कॆन्नॆनिक्कु तन्नीटिनान् । ऎन्नुटे सोदरनाय दशाननन् तन्नोटु कूटि वसिक्किलुमामॆंटो ! सौख्यमॆन्नालतु अङ्ङळ्क्किरुवर्क्कुं मार्क्कुमिल्लॆन्नाल् परिभवमारोटुं । नेरत्तु चॆन्नु वरुत्तीटवनॆ नी चारत्तु काण्मानॆनिक्कुमुण्टाग्रहं । ३० ऎन्नु दशाननभावमॆन्तालतिङ्ङन्तिके वन्नु पऱयुन्नतुण्टु ञान् । ऎन्नु पऱञ्ञु नटन्नान् प्रहस्तनुं अन्नु तन्ने पुऱप्पॆट्टान् धनेशनुं ।

गया हूँ। उन्होंने पुण्यजनेश्वर (श्रेष्ठ पुण्यश्लोक) आप से कहने के लिए यह सन्देश देकर मुझे भेजा है—। २० —कि पहले से लंका रात्रिचरों की राजधानी रही है। आज सबको यह विदित हो चुका है कि अब तक आपने (अनधिकार रूप) से यहाँ शासन किया है। अब आगे कभी भी वे अपने अधिकार की माँग नहीं करेंगे, ऐसा समझने की कभी भूल मत कीजिए।" इस प्रकार के प्रहस्त के वचन सुनकर धनेश (वैश्रवण) ने उत्तर में बताया—"पिता जी ने मुझे निवास करने के लिए यही स्थान दिया था; किन्तु उससे कुछ मनमुटाव के लिए अवकाश नहीं रहा। राक्षस लोग (लंका) छोड़कर चले गये थे और तब इसकी देखभाल के लिए कोई नहीं रहा था। बहुत समय के बाद पिता जी ने इस देश के शासन एवं परिपालन का काम मुझे सौंपा था। मेरे भ्राता दशानन चाहें तो मेरे साथ रह सकते हैं। ऐसा करने से हम दोनों सुखी रहेंगे और किसी का परस्पर वैमनस्य भी नहीं रह पाएगा। आप तुरन्त जाकर उन्हें यथाकाल लिवा लाइए, उनसे मिलने की मेरी भी बड़ी इच्छा है। ३० 'दशानन का जो विचार होगा, वह यहाँ आकर मैं आपको सूचित करूंगा' ऐसा कहकर प्रहस्त निकल पड़ा; उसी दिन धनेश भी (पिता से मिलने) चल पड़े। पिता जी से मिलकर उन्होंने (रावण के) दूत का सन्देश सविस्तार कह सुनाया और प्रार्थना की कि आपही

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तातनेक्कण्टु वन्दिच्चु दशानन दूत वाक्यङ्ङळशेषमरियिच्चु ।
चिन्तिचचरुळ् चेय्क वेणमेनिक्किनि एन्तु निलयेन्नु मट्टिल्लोराश्रयं । ३४

वैश्रवणन्टे लङ्कापरित्यागम्

एवं धनदोक्ति केट्ट नेरं विश्रवस्सु तनयनोटाशु चोल्लीटिनान्—
नल्लतल्लेतुमवन् दुष्टनेत्रयु नल्लतु नीयिङ्ङु पोरिक वैकाते।
अर्थ कळत्रपुत्रादि जनत्तोटुमत्रैव सत्वरं वाङ्ङि वसिक्क नी;
सङ्कटमेतु वराते दिनंप्रति शङ्कराज्ञाकरनायिरिक्कामेटो !
कैलास शैलान्तिके पुरवु तीर्त्तु कालारि भक्तनाय् वाळ्क मेलिल्
भवान् । इत्थं जनक नियोगवु कैक्कोण्टु पुत्रमित्रार्थ कळत्रादि-
कळोटु लङ्कयिल् निन्नुटन् वाङ्ङि धनेशनु शङ्करन् तन्नेत्तपस्सु
तुटङ्ङिनान् । दक्षारियै प्रसादिप्पिच्चु सेवया सख्यवु कैक्कोण्टु
सौख्यं कलर्न्नवन् पुक्कानळकापुरियिल् सुखत्तोटु विख्यातनाकिय
वैश्रवणन् तदा । अक्कालमाशु दशग्रीवनु निज रक्षोवरनां
प्रहस्त वाक्यं केट्टु । १० कर्त्तव्यमेन्तेन्नु चिन्तिच्चिरिक्कवे
वृत्तान्तमाशु केळ्क्कायि सकलवु । लङ्कयिल् निन्नु वाङ्ङी

सोच-बिचार करके मुझे बता दें कि मुझे क्या करना होगा। मेरे लिए कोई दूसरा आश्रयस्थान नहीं रहा। ३४

वैश्रवण का लंका-परित्याग

इस प्रकार धनेश के वचन सुनकर तुरन्त ही विश्रवस् ने अपने पुत्र को बताया—"वह किसी भी प्रकार से सज्जन नहीं है; वह बड़ा दुष्ट है; तुम्हारे लिए यही उचित है कि तुम अविलम्ब यहीं चले आओ। अपने धन, कलत्र (भर्या), पुत्र आदि को साथ लिये तुम तुरन्त वहाँ से पृथक् हो यहीं बस जाओ। किसी भी प्रकार के संकट के बिना सदा शंकर का आज्ञानुवर्ती बनकर यहाँ रह सकोगे। तुम कैलास पर्वत के समीप अपनी नगरी बसाकर कालारि (शिव जी) के भक्त बनकर भावी जीवन (सुख-पूर्वक) बिताओ।" पिता जी का यह आदेश पाकर धनेश ने पुत्र, मित्र, कलत्र, आदि को साथ लिये लंकापुरी तुरन्त ही छोड़ दी और शंकर की तपस्या आरम्भ की। दक्षारि (शिव जी) को अपनी सेवा से प्रसन्न कर तथा उनके प्रिय पात्र बनकर विख्यात वैश्रवण सुखपूर्वक अलकापुरी में पहुंचे। उन्हीं दिनों जब दशानन अपने राक्षस-प्रमुख प्रहस्त के वचन सुनकर। १० —अपने भावी कर्तव्य की चिन्ता में बैठा था तब (वैश्रवण-सम्बन्धी) सारे बन्धु मित्रादियों को बुलाकर रावण ने मंत्रणा की कि धनेश

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

धनाधीश्वरन् किङ्करोम्यतैव ञानिनियेन्तेल्लां बन्धुक्कळोटुं विचारिच्च नेरत्तु चिन्तिच्चवरु परञ्ञारनाकुलं— शङ्ककैविट्टिनि राक्षसराजावु लङ्केशनेन्तभिषेकं कळिक्कणं । मातामहनुं सुतन्मारुमायिह मातावनोटुमवरजन्मारोटुं घोषिच्चु लङ्का-पुरत्तिनाय्क्कोण्टु सन्तोषिच्चु वेगाल् नटन्नु तुटङ्ङिनार् । लङ्कयिल्च्चेन्नभिषेकं कळिच्चितु पङ्कजयोनिवरप्रसादत्तिनाल् । निद्रावशनामनुजनुरक्कर चित्रमाय् तीर्त्तुकोटुत्तान् दशाननन् । अत्रयुं शक्तन् गुणाढ्यन् ममानुजन् निद्रावशनाय्च्चमञ्ञू विधिवशाल्। इप्रकारं निरूपिच्चु दशास्यनुमुळ्ळपूविलाधि मुळुत्तु चमञ्ञितु । २० मल्पापमेन्तिवनिङ्ङने वन्नतुमुल्पलसंभवन् तन्नोटुणर्त्तिक्कां । एवं निरूपिच्चु नान्मुखनेच्चेन्नु सेविच्चु सङ्कटमेल्लामुणर्त्तिच्चान् । इप्पोळ् जगत्त्रय कर्त्तृत्ववुं विभो ! त्वल् प्रसादत्तालेनिक्कु लभिच्चितु, दुःखमेन्नेप्पिरियुन्नीलतु कोण्टु सौख्यमोरुन्नेर-मोन्निनुमिल्लमे । भ्रातवु निद्रावशगतनाकयाल् खेद परवशनायितु ञानिह, तल् प्रबोधमोरु नेरमिल्लाय्कयाल् निष्फलमायितु

ने लंका छोड़ दी है और अब मुझे क्या करना होगा । तब उन लोगों ने खूब सोच-विचार करके अनाकुल भाव से सुझाया कि अब निश्चिन्त आपको राक्षसराज लंकेश के रूप में अपना अभिषेक कर लेना चाहिए । फिर अपने मातामह (नाना), सुत (पुत्र), माता, अवरज (छोटे भाई), सबको यह सूचना देकर और सब कहीं यह घोषित करके संतुष्ट हो रावण सबके साथ तुरन्त लंका की ओर चल पड़ा और लंका में पहुँच कर अभिषेक करवा लिया । पंकजयोनि (ब्रह्मा) के वर-प्रसाद से निद्रावश अपने भ्राता के लिए एक सुन्दर निद्रालय दशानन ने बनवाकर दिया । "मेरा अनुज अतीव शक्तिशाली, सर्वगुणसंपन्न है, किन्तु विधिवश् निद्रालस्ययुक्त हो गया", ऐसा सोचकर दशानन मन ही मन बड़ा खिन्न एवं दुःखी हो उठा । २० "उसने ऐसा कौन सा पाप किया कि उसे ऐसी निद्रा आ जाए । कुछ भी हो उत्पलसंभव (ब्रह्मा) से प्रार्थना करूँगा ।" ऐसा सोचकर (सत्यलोक में पहुँचकर) चतुरानन (ब्रह्मा) की वंदना करके सारा हाल कह सुनाया—"हे विभु ! आपकी कृपा से मुझे त्रिभुवन का स्वामित्व प्राप्त हुआ; फिर भी दुःख मेरा पीछा नहीं छोड़ता । किसी कार्य में कभी मन नहीं लगता, सुख भी नहीं मिलता । अपने भ्राता के निद्रालस्य के कारण मैं अत्यन्त दुःखी एवं खिन्न हूँ । वह कभी भी एक क्षण भी सचेत नहीं, जिस कारण उसका जन्म ही व्यर्थ हुआ ।" पंक्तिकण्ठ (रावण)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

में छिपा लिया, जिससे निशाचर लोग साहसपूर्वक युद्धक्षेत्र में स्थिर रहे। तब पंक्तिकंठ ने आगे बढ़ बाण-वर्षा की। इतने में इन्द्र ने मातली से अपना रथ (युद्धक्षेत्र की ओर) ले चलने का आग्रह किया तो मातली ने अभिमुख कर रथ आगे बढ़ाया। युद्ध के लिए इन्द्र को निकलते देखकर सिद्ध, अश्विनीकुमार, देव, गन्धर्व, यक्ष आदि देवेन्द्र के पीछे-पीछे चल पड़े। कई अपशकुन दिखाई देने लगे। युद्ध के लिए निशाचर भी बढ़े। मेघनाद को पीछे करके दशानन युद्ध करने आगे आया। जब देव और असुर लोग आमने सामने खड़े हो उग्र युद्ध करने लगे तब सेना-सहित कुम्भकर्ण आ पहुंचा और भयंकर युद्ध करके देवताओं में अनेक लोगों को नीचे गिरा दिया। इतने में इद्र आगे बढ़ राक्षस वीरों को मार-मारकर नीचे गिराने लगे। अनेक राक्षस गिर पड़े और कई धाराओं में रक्त की नदी बह चली। रावण-पुत्र ने यह देख देवों पर कई बाण चलाये। वृत्रारि (इन्द्र) ने भी रोष से ओतप्रोत हो खूब बाण-प्रयोग किये। सारा संसार अन्धकार से आवृत हुआ। यह देख पंक्तिकंठ (रावण) ने कहा—।६० —(रावण ने) सारथी से कहा—"वायुवेग से रथ देवसेना के बीच में ले चलो ताकि देवों का संहार कर सकूं।" सूत ने रथ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सूतनु तेरति वेगेन कूट्टिनान् आदितेयाधिपन् चौल्लिनानन्नेरं—
न्नम्मुटे सैन्य मध्ये वन्नु पुक्कितु वन्मदत्तोटुं निशाचर नायकन्;
वेगेन न्निङ्ङळ् वळञ्ञु युद्धं चेय्तु पोकरुतात वण्णं चेरुत्तीटुविन् ।
कौन्नु कूटा न्नमुक्कौन्नु कौण्टुमिवन् तन्ने विरिञ्चन् कौटुत्त वरत्तिनाल्
देवेन्द्रनेवं परञ्ञोरनन्तरं देवगणं चुळन्नाशु युद्धं चेय्तार् ।
तातने वैरिकळ् वन्नु वळञ्ञळवातुरनायितु रावणि वीरनुं ।
आक्कुंमे कण्टु कूटातवण्णं मरञ्ञुक्कोटु शस्त्रास्त्र जालं वरिषिच्चान्।
अम्पु कौण्टुस्पर् तळर्न्नतु कण्टौरु जंभारितानुं तिरञ्ञु तुटङ्ङिनान् ७०
तेरुमुपेक्षिच्चु मेल्पोट्टु तन्नुटे वारणमेट्टित्तिरञ्ञितेल्लाटवुं ।
ऒङ्ङुमे कण्टील रावणपुत्रनेयङ्ङनेयल्लो वरं कौटुत्तू पुरा ।
आवतु मिल्लेनिक्किन्नतिनेन्नोर्त्तु देवेन्द्रनुं तळर्न्नंत्र न्निन्नीटिनान् ।
रावणियुं मायायुद्धेन साहसाल् देवेन्द्रनेप्पिटिच्चाशु केट्टीटिनान् ।
हाहा बलाधिपनाय गन्धर्वनुं हूहू समं चेन्नु रावणन् तन्नोटु देहमु-
पेक्षिच्चु युद्धं तुटङ्ङिनान् साहसं पूण्टु पौरुतान् दशास्यनुं ।
हा हा ! शिव शिव ! कष्टं पौरुतपोराहवमिङ्ङने कण्टिट्टु

तीव्रगति से चलाया तो आदितेयाधिप ने (अपने सैनिकों से) कहा—"देखो, मदमस्त निशाचर नायक हमारी सेना के बीच आ गया है। तुम लोग तुरन्त चारों ओर से घेरकर ऐसा लड़ो कि वह बचकर न जा सके। ब्रह्मा के दिये वर-प्रभाव से हम किसी भी प्रकार से इसका वध नहीं कर सकेंगे।" देवेन्द्र के ऐसा कहते ही देवों ने पूरी शक्ति लगाकर युद्ध आरम्भ किया। अपने पिता को चारों ओर से घेर शत्रुओं को युद्ध करते देखकर वीर रावणी भयभीत हो उठा। तुरन्त सबकी आँखों से बचकर उसने शर-जाल बरसाये। बाणों की चोटों से देव लोगों को पीड़ित होते देख इन्द्र ने मेघनाद को ढूंढ़ निकालने का प्रयत्न किया। ७० रथ छोड़ अपने वारण पर सवार हो उन्होंने ऊपर इधर-उधर उसकी खोज की। कहीं रावण-पुत्र दिखाई नहीं दिया। (इन्द्र सोचने लगे कि) शिव ने मेघनाद को यही (अदृश्य हो युद्ध करने का) वर दिया था। अब मैं इसके लिए कुछ नहीं कर सकता, ऐसा सोचकर खिन्न एवं उदास हो इन्द्र वहीं के वहीं खड़े रहे। रावणी ने माया-युद्ध करके साहसपूर्वक इन्द्र को तुरन्त बाँध लिया। हाहा नामक श्रेष्ठ गन्धर्व तथा हूहू नामक तुल्य साहसी गन्धर्व प्राण हथेली पर लेकर रावण से लड़ने लगे तो रावण भी साहस के साथ लड़ता गया। "हा हा ! शिव शिव ! खेद हे-खेद हे ! ऐसा युद्ध कहीं नहीं देखा गया। युद्ध में शत्रुओं द्वारा हमारे वृद्ध श्रवस् (इन्द्र) आबद्ध

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मिल्लल्लो। युद्धमद्ध्ये बलाल् शत्रुप्रवरनाल् बद्धनायानुटन् वृद्ध श्रवस्सय्यो! इत्थं परञ्ञु निल्क्कुं विधौ रावणि सत्वरं तत्र मरञ्ञु युद्धं चेय्तु। शस्त्रास्त्र जालं वरिषिच्चमररे जित्वा पिताविनेयुं वीण्टु कोण्टु पोय् ८० पत्तनं पुक्कु सुखिच्चु मरुविनानत्तल् पूण्टप्पोळमर्त्यगणं द्रुतं। गत्वा पितामहं नत्वा ससंभ्रमं वृत्तान्तमेल्लामुणर्त्तिच्चरुळिनान्। श्रुत्वा विरिञ्चनुमुत्थाय सत्वरं कृत्वाशुचा महाप्रस्थानमादराल्। चारु लङ्का नगरोपरि देवकळोरो विमानङ्ङळ् तोरुं मरुविनार्। पुष्करसंभवन् चेन्नु लङ्कापुरं पुक्कतु कण्टेतिरेटु दशमुखन् वन्दिच्चु निन्नतु कण्टु चतुर्म्मुखन् नन्दिच्चु रावणन् तन्नोटरुळ् चेय्तुवाळ्क जगत्त्रयत्तिन्नेक नाथनाय् शोकमकन्नोरु वैरियुं कूटाते। पुत्रनां मेघनिनादनुण्टाकयालेत्रयुं भाग्यवानेन्नु वन्नू भवान्। कल्यनां निन्नुटे पुत्रनु तुल्यनायिल्ल जगत्त्रयत्तिङ्कलिन्नारुमे। इन्द्रने युद्धे जयिच्चतु कारणं इन्द्रजित्तेन्नु नामं कोटुत्तेनहं। ९० इन्द्रनेयेन्नोटु कूटेययय्क्केण मेन्नालभीष्ट वरं तरुन्नुण्टु ञान्। एन्नरुळ् चेय्त विरिञ्चने वन्दिच्चु चोन्नान् दशाननन्दननादराल्--

हो गये।" ऐसा कहते हुए जब देवसेना खड़ी थी तब रावणी तुरन्त छिपे-छिपे युद्ध करने लगा। शस्त्रास्त्र-जाल से अमरों को जीतकर वह अपने पिता को उनके बीच से छुड़ा ले गया। ८० (कैदी इन्द्र को लिए) पिता-पुत्र लंका में पहुँच सुख से बैठ गये। तब देवता लोग बहुत खिन्न हुए। वे पितामह (ब्रह्मा) के पास पहुँचकर तथा उन्हें प्रणाम कर समस्त वृत्तान्त कहने लगे। वृत्तान्त सुनकर ब्रह्मा जी अपने स्थान से जल्दी ही उठे और दुःख-पीड़ित हो उन्होंने लंकानगरी की ओर प्रस्थान किया। सारे देवता लोग भी सुन्दर लंकानगरी के ऊपर विमान पर सवार हो आकाश मार्ग में आ विराजमान हुए (किन्तु उन्हें लंकानगरी के अन्दर प्रवेश करने का साहस नहीं रहा)। पुष्करसंभव (ब्रह्मा जी) को लंकापुरी में प्रविष्ट पाकर दशमुख ने उनका स्वागत किया। प्रणाम-निरत रावण को देख प्रसन्न हो ब्रह्माजी ने रावण से कहा—"त्रिभुवन के लिए एकमात्र स्वामी बन, समस्त शोकों, शत्रुओं से मुक्त हो सुखी रहो। पुत्र रूप में मेघनाद को पाकर आप बड़े भाग्यशाली बन गये। उस के समान समर्थ आज संसार में दूसरा कोई नहीं रहा। युद्ध में इन्द्र को जीतने के कारण मैं उसे इन्द्रजीत नाम दे रहा हूँ। ९० इन्द्र को विमुक्त कर मेरे साथ भेज देंगे तो मैं आपको मन-पसन्द वर दूँगा।" इस प्रकार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

होमं वळियु् कळिच्चालेंनिक्कुटन् होम कुण्डत्तिल् निन्नु जनिक्कुन्न तेरतिलेरियाल् वेणममरत्वमारालु मेन्नेज्जयिच्चु कूटायुकयुं; वेणमतेन्निये होमं मुटियातें मानेन युद्धं तुटङ्ङुकिलन्नेरं वन्नालुमेन् मरणं पुनरल्लायि्कल् नन्नायमरत्ववुं वन्नु कूटणं। मुटुं तपोबलं कोण्टु वरङ्ङळे मटुं पलरुं वरिच्चुतानुं पुरा; जान् मम बाहुबलं कोण्टु वाङ्ङुन्नु काम्यङ्ङळाय वरङ्ङलरिञ्ञालुं। इत्थं वरमरुळ् चेय्किल्विरवोटु वृत्रारि पोयालुमेन्नु चोल्लीटिनान्। अल्लां निनक्कोत्तवण्णं वरिकेन्नुं नल्ल वरमरुळ् चेय्तु विरिञ्चनुं। १०० मेघनादन् पुनरिन्द्रनेयन्नेरं पोकेन्नयच्चान् पितामहन् तन्नोटुं। देवकळोटुं महेन्द्रन् प्रसादिच्चु देवलोकं चेन्नु पुक्किरुन्नीटिनान्। पिन्नेयुं भावक्षयं पूण्टु वासवन् खिन्ननाय् वाळुन्नतु कण्टु नान्मुखन्— चोल्लिनान् खेदं कळक नी निन्नुटे वल्लाय्म कोण्टितु वन्नु धरिक्क नी। मुन्नमहल्ययें प्रापिच्च दोषत्ताल् वन्नितभिमान हानि निनक्कोटो! वैकातें वैष्णवमाय महामखं चेय्क नी दुष्कृतमेल्लामकलुवान्। धातृ नियोगेन यागवुं चेय्तति मोदं

की बातें करते खड़े ब्रह्मा जी को प्रणाम करते हुए दशानन-पुत्र (मेघनाद) ने भक्तिपूर्वक कहा—"हे प्रभु! विधिवत् होम करने पर होमकुण्ड से मुझे एक रथ मिले और उस पर सवार हो युद्ध के लिए निकलने पर कोई मुझे न जीत सके, न मार सके। हाँ, होम की पूर्त्ति के पहले अगर युद्ध आरम्भ हो, तो मेरी मृत्यु हो, अन्यथा मुझे अमरत्व मिलना चाहिए। इसके पहले भी कई लोगों ने कठिन तपोबल से कई श्रेष्ठ वर प्राप्त कर लिए हैं। लेकिन आज मैं अपने बाहुबल के कारण काम्य वर माँग रहा हूँ। यह आप स्मरण रखें। अगर ये वर प्रदान करेंगे तो वृत्रारि (इन्द्र) स्वतन्त्र हो आपके साथ चलेंगे।" ऐसा मेघनाद ने कहा। ब्रह्मा ने प्रसन्न हो वरदान दिया—"तुम्हारे सारे अभीष्ट पूर्ण हों।" १०० मेघनाद ने तब इन्द्र को पितामह के साथ जाने दिया। देवताओं के साथ इन्द्र देवलोक में पहुँच सुख से रहने लगे। फिर भी भाव-क्षय (अपमान की बात सोचकर खिन्न) से इन्द्र को खिन्न होते देख चतुरानन (ब्रह्मा) ने कहा—"तुम अपना सन्ताप त्याग दो। तुम्हारी बुराई के कारण ऐसी दशा आ गयी, यह जान लो। पहले अहल्या के साथ समागम करने के अपराध से तुम्हारा आज यह अपमान हुआ। सारे पापों से मुक्त होने के लिए तुम अविलम्ब वैष्णव महायज्ञ कर लो।" ब्रह्मा जी की आज्ञा मानकर सहर्ष यज्ञ पूरा कर महेन्द्र सुख से रहने लगे। 'रावण से भी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

कलर्न्नु वसिच्चु महेन्द्रनुं। रावणनेक्काळ् पराक्रमियायतु रावणियेन्नु ञान् चॊन्नतिन् कारणं इङ्ङनेयाकयालेन्नरुळ् चेय्तितु मंगळात्मावामगस्त्य मुनीन्द्रनुं। भूमिपालेन्द्रनुं भ्रातृजनङ्ङळुं भामिनियाकिय जानकी देवियुं, ११० सुग्रीवनादियां वानर-वीररुं रक्षोवरनां विभीषण वीरनुं, रात्रिञ्चर वरन्मारुं मनुष्यरुं धात्रीपतिकळुं भूमिदेवन्मारुं, कुभोत्भवनरुळ् चेय्ततु केट्टुळ्ळिल् सम्पूर्ण कौतुकं पूण्टु मरुविनार्। राघवन् तन्नोटनुवादवुं कॊण्टु वेगेन तापसन्मारोटु कूटवे भागवतोत्तमनामगस्त्यन् तॆळिञ्ञाकाश मार्ग्गेण पोय् मरञ्ञीटिनान्। ११५

श्रीर मन्टे बन्धु मित्रादि सल्क्कारं

संध्या नियम कर्म्मङ्ङळनुष्ठिच्चु बन्धुक्कळोटुं निज समयं चेय्तु भोगीन्द्र भोगसमान तल्पस्थले योगेशनुं योगनिद्र कॊण्टीटिनान्। गायक मागधवन्दिकळुं जगन्नायकनाकिय रामनरेन्द्रने पळ्ळिक्कु-ऴिप्पुणर्त्तीटिनारन्नेरमुळ्ळं तॆळिञ्ञु सन्ध्या वन्दनं चेय्तु; मज्जन होम जपार्च्चनपूर्वकं सज्जन संयुत मिष्टाशनं चेय्तु; वस्त्राभरणानुलेपनवुमणिञ्ञुत्तुंग रत्नसिंहासने

रावणी को घोर साहसी एवं पराक्रमी कहने का मेरा यही कारण है' ऐसा मंगलात्मा अगस्त्य मुनि ने राम से कहा। भूमिपालेन्द्र (राम जी), भ्राता लोग, भामिनी जानकी देवी—। ११० —सुग्रीव आदि वानरश्रेष्ठ, राक्षसराज विभीषण और अन्य राक्षस गण, मनुष्य लोग, धात्रीपति (राजा) लोग, भूमिदेव (ब्राह्मण) आदि कुंभोद्भव (अगस्त्य) का कथन सुनकर मन ही मन प्रसन्न एवं उत्सुक हुए। फिर श्रीराम जी से सहर्ष विदा लेकर भागवतोत्तम अगस्त्य अपने अन्य तापसों के साथ आकाश मार्ग में पहुँचकर अदृश्य हो गये। ११५

श्रीराम के द्वारा बन्धु-बांधवों का सत्कार

(मुनियों को विदा करने के बाद) संध्या-वंदना आदि नित्यकर्मों से निवृत्त हो तथा बन्धुजनों के साथ थोड़ी देर बिताने के उपरान्त आदिशेष के शरीर तुल्य शय्या पर (मृदुल-कोमल शय्या पर) योगेश (राम) ने योगनिद्रा ली। (प्रातःकाल में) स्तुति गायकों, चारणों के द्वारा जगाये जाने पर जगत् के स्वामी महाराज राम ने सानन्द, स्नान, होम, जप, अर्चना सहित संध्या-वंदन किया तथा सुहृद्जनों के साथ मिष्ठान्न भोजन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

मेविनान्। सोदरामात्य पुरोहित सामन्त भूदेव तापस सेनापति वीर, मेदिनीपाल प्लवंग कुलाधिपयातुधानादिकळ् चुट्टुं मरुविनार्। देवकळोटुं सुधर्म्मयिलाम्मारु देवेन्द्रनेन्न पोले विळङ्ङीटिनान्। तल्क्षणं सीताजनकन् जनकनां सल्क्षितिपालकन् तन्ने वन्दिच्चुटन्। १० आनन्दमुळ्क्कोण्टरुळ् चेय्तितन्नेरमूनं वराते चिरक्कैट्टि वारिधौ रात्रिञ्चरकुलमोक्के मुटिच्चतुमोर्त्ताल् त्वदीय कारुण्य बलत्तिनाल्। ञानिनि नल्कुन्न रत्नादिकळेल्लां मानसानन्देन वाङ्ङिराज्यं पुक्कु पुत्रियेयुं पुनरेन्नेयुमेप्पोळुं चित्ते मरन्नु पोकाते मरुवुक। स्वर्ण्णरत्नांबर भूषण जालङ्ङळ् अेण्णमिल्लातोळं दिव्य पदार्थङ्ङळ् जानकि कय्यिल्क्कोटुत्तु कोटुप्पिच्चु मानवश्रेष्ठनयच्चितु यात्रयुं। आनन्द बाष्पवुं वार्त्तु वार्त्तावोळं मानववीरनाशीर्वचनङ्ङळुं गद्गद वर्ण्णेन चोल्लिप्पटयुमाय् निर्ग्गमिच्चीटिनानाशु जनकनुं। मातुलन् केकयभूपन् युधाजित्तुमाधिमुळ्ळुत्तु वियोगं निरूपिच्चु वाळुन्न नेरमनेकं पदार्त्थङ्ङळ् भूषण पट्टांबरादिकळुं कोटु—२० त्तामोदमुळ्क्कोण्टु यात्र वळङ्ङिनान् प्रेमातिरेकाल् भरतनेयुं मुदा गाढमायालिंगनं

भी किया। फिर वस्त्राभरणों, अनुलेपनों से सुसज्जित हो उत्तुंग रत्नसिंहासन पर विराजमान हुए। चारों ओर भ्राताओं, अमात्यों, सामन्तों, भूदेवों, तापसों, सेनापतियों, वीरों, मेदिनी-पालकों (राजाओं), वानर-राक्षस-प्रमुखों से वे परिवृत थे। इनसे परिवृत श्रीराम जी देवसभा में इन्द्र के समान परिशोभित थे। तत्काल ही (उन्होंने) सीता जी के जनक (पिता) महाराज जनक जी को सादर प्रणाम किया। १० और बड़े प्रसन्न हो उनसे कहा—"बिना कठिनाई के सागर में सेतु बांधकर रात्रिचर-कुल का नाश करने की सामर्थ्य मुझे, विचारपूर्वक देखा जाए तो आपकी कृपा से प्राप्त हुई। आप सानन्द मेरे दिये रत्नादि पदार्थ ग्रहण कर अपने राज्य को लौट चलें तथा सदा अपनी पुत्री तथा मेरा ध्यान रखते हुए वहाँ सुखपूर्वक रहें।" यह कहकर मानवश्रेष्ठ ने स्वर्ण, रत्न, वस्त्र, आभूषण आदि अपरिमेय दिव्य वस्तुएँ जानकी के हाथों (उन्हें) दिलवाकर विदाकर दिया। आनन्दाश्रु बहाते-बहाते सगद्गद वाणी में मानववीर को आशीर्वाद देकर जनक जी तुरन्त अपनी सेना सहित (जनकपुर को) चल पड़े। मातुल केकयराज युधाजित वियोग का अनुस्मरण कर दुखार्त बैठे थे; तभी आभूषण, बहुमूल्य वस्त्र आदि अनेक पदार्थ भेंटकर—। २० —सहर्ष उन्हें भी विदा किया। प्रेमाधिक्य से भरत और राम का गाढाश्लेष

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

चेय्तवन् पटयोटुं तटन्नु निजालयं मेविनान् । पिन्ने प्रदर्द्दननाय काशीपति तन्नेयुं गाढमायालिंगनं चेय्तु, वारण वाजि पदाति रथङ्ङळुं चारुतराभरणांबराद्यङ्ङळं, वेण्टुवोळं कोटुत्तुळ्ळला-नन्दवुं पूण्टु पोयालुमेन्नाशु वळङ्ङिनान् । पिन्नेयुं मुन्नूरु मन्नवन्मार् तदा तिन्नवक्कुं धनं वेण्टुवोळं नल्कि सम्मानिच्चाशु पोवान् नियोगिच्चळवम्महीपालरुं चेन्नुपुरि पुक्कार् । बन्धु-क्कळाय नामारुं तुणयातें सिन्धुविल् सेतु बन्धिच्चु लंघिच्चुटन् पंक्तिमुखादिकळेक्कोल चेय्तु चिन्तिच्चु कण्टाल् नमुक्किकळप्पं तुलों । उण्टेन्नु निर्ण्णयमेङ्किलुं नाथनेक्कण्टतु कार्यं नमुक्केन्नु निर्ण्णयं । ३० इत्थं परञ्ञु परञ्ञु तङ्ङळ्क्कुळ्ळ पत्तनं चेन्नु पुक्कू महीपालरुं । दुर्लभमायुळ्ळ वस्तुक्कळ् पार्त्तु पार्त्तेल्ला-र्क्कुमङ्ङु कोटुत्तयच्चीटिनान् । वानर राक्षस वीररोरुमिच्चु कानन राज्यपुर भवनङ्ङळिल् मन्नवर् मन्नवन् तन्नोटोरुमिच्चु तन्नाय् सुखिच्चु कळिच्चु मरुविनार् । रण्टुमासं कळिञ्ञू पुन-रिङ्ङने रण्टु दिवसं कळिञ्ञ पोले तदा । वासरं पोयतरिञ्ञ-तिल्लारुमे वाससौख्यं कोण्टु दत्तृ गुणङ्ङळाल् । तल्क्कालमेकदा

करके वे भी अपनी सेना को लिये अपने भवन को चले । फिर प्रतर्द्दन नामक काशीराज को गले से लगाया तथा असंख्य हाथी, घोड़े, रथ, पैदल सैनिक, सुन्दर आभूषण, वस्त्र आदि देकर सानन्द उन्हें जाने की अनुमति प्रदान की । फिर वहाँ शेष बचे तीन सौ राजाओं को भूरि-भूरि धन प्रदान कर तथा आदर देकर जाने का आदेश दिया और वे भी सब कुछ ग्रहण करके अपने-अपने नगरों को सहर्ष चलने को हुए । "आपने हम बन्धुजनों की सहायता के बिना सेतुबंधन करके सागर लाँघकर पंक्तिमुख आदि का वध किया, जिसके संबंध में विचार करते हुए हम अपना लघुत्व अनुभव करते हैं । फिर भी स्वामी का दर्शन-लाभ पाकर निश्चय ही हम चरितार्थ हुए ।" । ३० ऐसा कहते हुए सभी महीपाल (राजा लोग) अपने-अपने नगरों को चले गये । सोच-सोचकर दुर्लभ वस्तुएँ सबको भेज दीं । अपने आत्मीय मित्र तथा भक्त वानर एवं राक्षसवीर, सुग्रीव एवं विभीषण, भगवान का सहवास पाकर काननों, राज्यों, नगरियों, भवनों में घूमते-भटकते उल्लासमय जीवन व्यतीत करते रहे । उन्होंने दो मास का समय दो दिन के समान बिताया । स्वामी के गुणों से अभिभूत एवं सुखवास से परिचालित उन्हें समय और दिनों के व्यतीत होने का ध्यान नहीं रहा । तब एक दिन स्वामी श्रीराम जी उनका खूब अनुमोदन करते

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

रामभद्रस्वामि सत्क्कारपूर्वमरुळ् चेय्तितादराल्— मर्क्कटाधीश्वरन् तन्नोटु मोदेन किष्किन्धयिल्च्चेन्नु वाळ्क सुखेन नी। वानरन्मारेयुपद्रविच्चीटाते वारं प्रति परिपालिच्चु कोळ्क नी। आयुस्सुपेक्षिच्चु नम्मोटु कूटे निन्नायोधनं चेय्तवरिवरेवरुं। ४० नम्मिलेस्सख्यं मरन्नु पोयीटाते धर्म्मप्रधाननाय् वाळ्क पलकालं। आभरणांबराद्यङ्ङळ् बहुविधमामोदमार्न्नु कोटुत्तयच्चीटिनान्। रात्रिञ्चरेश्वरनाय विभीषणनार्त्ति पोम्मारुळ् चेय्तयच्चीटिनान्। नम्मिलुळ्ळोरु बन्धुत्वमोरुन्नाळुं निन्मनतारिल् मरयातिरिक्कणं। आकल्पकालं सुखिच्चु नी लङ्कयिल् भागवतोत्तमनाय् वसिच्चीटुक। एन्नरुळ् चेय्त नेरं पवनात्मजन् चेन्नु पादांबुजं वन्दिच्चु शान्तनाय् चोल्लिनान् निन्तिरुमेनि पिरिञ्ञेनिक्कल्ललाय् वाळुवान् शक्तियिल्लेतुमे। रामकथामृतं लोकत्तिलुळ्ळ नाळामोदमोटतु केट्टुकोळ्वान् मम वेणमायुस्सतिन् मुन्नेयोरुदिनं प्राणविनाशं बरातेयिरिक्कणं। आशमट्टोन्निनुमिल्लटियनुळ्ळिलाशरवंश विनाशन! श्रीपते! ५० इत्थं परञ्ञु तोळुतु निल्क्कुं वायुपुत्रने

हुए सानन्द मर्कटेश्वर (सुग्रीव) से बोले—"अब आप सानन्द किष्किन्धा में जाकर सुख से रहिए। वानरों को किसी प्रकार का दुःख दिये बिना आप राज्य का भार संभालिए। अपने प्राण की परवाह किये बिना ये वानर लोग युद्ध में हमारा साथ देते रहे। इसका आप बराबर स्मरण रखिए। ४० हमारी परस्पर मित्रता का ध्यान रखते हुए आप चिरकाल तक धार्मिक जीवन बिताइए।" यह कहते हुए नाना प्रकार के आभूषण, वस्त्र, आदि सहर्ष उन्हें प्रदान किये और विदा किया। फिर विश्वस्त मित्र विभीषण की ओर देखकर उनके दुख को दूर करते हुए राम जी बोले—"रात्रिचरेश्वर विभीषण! हमारी मित्रता की बात आप कभी मन में विस्मृत होने न दें। भागवतोत्तम आप कल्पान्त तक लंका में सुखी जीवन बिताइए।" इतना कहते ही शान्तस्वरूप हनुमान जी आगे बढ़ चरणांबुजों पर नमस्कार करते हुए बोले—"आपकी सुन्दर मूर्त्ति से बिछुड़ कर दुखी जीवन बिताने में असमर्थ हूँ। जब तक संसार में रामकथा प्रचलित रहेगी सदा उसका श्रवण करते रहने के लिए दीर्घायु चाहिए, इसलिए रामकथा के रहते समय तक मेरा प्राण-नाश होने न पाए। हे आशरवंश-विनाशक! हे श्रीपति! इस दास की दूसरी कोई कामना नहीं है।" ५० इस प्रकार की प्रार्थना सहित हाथ जोड़ खड़े वायुपुत्र का गाढाश्लेष करते हुए इन्दिरापति राघव ने मन्दस्मिति के साथ इस प्रकार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

गाढमायालिंगनं चेय्तु मन्दस्मितान्वितमेवमरुळ् चेय्तितिन्दिरा-वल्लभनाकिय राघवन्। लोकङ्ङळुळ्ळन्नाळोळमेन् कीर्त्तियुं पोकयिल्लत्र न्नाळुं वाळ्क न्नीयेंटो ! जन्ममरण दुःखापहं निर्म्मलं ब्रह्मपदं मम तन्तेन् न्निनक्कुआन्। इङ्ङनेयुळ्ळ भवानेप्पिरिञ्ञु पोयेङ्ङने अङ्ङळ् पौरुक्कुन्नतीश्वरा ! अन्योन्यमेवं परञ्ञु परञ्ञु पोय्तन्नुटे तन्नुटे राज्यमकं पुक्कार्। पुत्रमित्रार्थं कळत्रादि-कळुमाय् तत्र सुखिच्चु वसिच्चितेल्लावरुं। पुष्पकमाय विमानवुम-न्नेरमुत्पल नेत्रने वन्दिच्चु चौल्लिनान्— अन्नोटु रावणन् कौण्टु पोयानवन् तन्नेयुं कौन्नु रघुकुल नायकन्. न्निन्नेप्परिग्रहिच्चा-निनियुंचिरं मन्नवन् तन्ने वहिक्क न्नी साम्प्रतं। ६० सौख्यमे-निक्कतिन्मीतेमट्टोन्निल्ल साक्षाल् पुरुषोत्तमने वहिक्क न्नी। अन्नु धनदन् परञ्ञोरनन्तरं इन्नु आनिङ्ङोट्टु पोन्नु आन् मन्नव ! अन्नुं तिरुवटियेप्पिरिञ्ञोटुवानेन्नुळ्ळिलुं मटियुण्टु रघुपते ! आन् निरूपिक्कुन्न न्नेरं वरिक न्नीमान्यनाय् चैत्ररथे वाळ्क सन्ततं। अन्नरुळ् चेय्तयच्चान् विमानत्तेयुं न्नन्नाय् विळङ्ङी समस्त-लोकङ्ङळुं। वन्नु वसन्त समयवुं मैथिलि तन्नोटु कूटे रमिच्चु

आश्वासन दिया—'जब तक संसार का अस्तित्व है तब तक मेरा यश घटने न पाएगा और तब तक तुम भी जीवित रहोगे। अन्त्य काल में जन्म-मृत्यु-दुःख-रहित ब्रह्मपद प्राप्त करने का मैं तुम्हें आशीर्वाद देता हूं।" "ऐसे कृपालु भगवान से बिछुड़कर हम कैसे रह पाएंगे", ऐसा परस्पर कहते हुए सब अपने-अपने निवास-स्थान को चले। पुत्र, मित्र, कलत्र सबसे मिल-जुलकर सब सुखमय जीवन बिताने लगे। तब पुष्पक विमान उत्पल-नेत्र (कमलनेत्र राम जी) को प्रणाम करता हुआ बोला—"हे स्वामी ! कुबेर ने मुझे आपके पास भेज दिया है। वे कहते हैं कि मुझसे तुम्हें रावण उठा ले गया था और उस रावण का वध कर तुम्हें रघुकुल-नायक ने ग्रहण कर लिया है, इसलिए आगे से तुम उन्हीं को वहन करते रहो। ६० इससे बढ़कर आनन्द की बात मेरे लिए अन्य कुछ नहीं है; इसलिए तुम साक्षात् पुरुषोत्तम का वाहन बने रहो। हे महाराज ! धनेश्वर की अनुमति लेकर आज मैं इधर वापस आ चुका हूं। हे रघुपति ! आपसे बिछुड़ रहने में मुझे भी बड़ा दुःख अनुभव होता है।" ऐसा कहते ही श्रीराम जी ने कहा—"तो मेरा संकल्प करते समय तुम उपस्थित रहो। तब तक चैत्ररथ में पहुँच कर सुख से रहो।" ऐसा बोलकर विमान को विदा किया। उस समय सारा संसार प्रसन्न हो

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

भगवानुं भोगीन्द्र भोग तल्पस्थनुमाभोग भोगेन नालु मासं कऴिञ्ञूतदा। जानकी देविक्कुगर्भवुमक्कालमानन्दवुं तल्प्रज-कळ्क्कु वर्द्धिच्चु। श्रीरामनाश्रम वर्ण्ण धर्म्मत्तोटुमीरेऴु लोक-ङ्ङळुं परिपालिच्चु सोदरामात्य पुरोहित संयुत वेदान्तवेद्यन् वसिच्चितक्कालमे। ७०

तृतीय अध्यायम्।

वॆल्लवुं पाल्क्कुऴम्पुं पञ्चसारयुं तेनुं वॆळ्ळित्तालत्तिलुण्टु वच्चिरिक्कुन्नु बाले! ऎल्लामे भुजिच्चु निन् मानसं तॆळिञ्ञुटन् नल्ल सत्क्कथ पऱञ्ञीटणं किळिप्पेण्णे! राम माहात्म्यं पऱञ्ञीटणमॆन्नोटु नी राम नामत्तालल्लो मोक्षत्ते प्रापिक्कुन्नु। कालुक्षणं कालं कळञ्ञीटाते भक्तियोटे मोक्षसाधनं रामचरितं केट्टु कॊळ्विन्। रावणादिकळाय राक्षसरॆयुं कॊन्नु देवकळालुमभि-वन्द्यनां रघुनाथन् पुष्पक विमानमेऱिक्चॆन्नयोद्ध्ययिल् अत्भुत

उठा। फिर वसन्त काल का आगमन हुआ। भगवान मैथिली के साथ रमण करते रहे। शेषनाग के तल्प पर वास करनेवाले भगवान ने इधर काम नामक पुरुषार्थ का उपभोग करते हुए चार मास व्यतीत किये और जानकी देवी ने गर्भ धारण किया। यह जानकर सारे प्रजावर्ग अत्यन्त प्रसन्न हो उठे। इस प्रकार (मनुष्यावतार के) अनुकूल वर्णाश्रमधर्मों का पालन करते हुए वेदान्तवेद्य भगवान राम अपने भ्राताओं, अमात्यों, पुरोहितों सहित सुखमय जीवन व्यतीत करते आ रहे थे। ७०

तृतीय अध्याय।

(कथा-कथन में लगी शुकी से कवि कह रहा है) हे बालिके! सुवर्णमय थाली में तुम्हारे लिए गुड़, दूध, शक्कर और मधु सब रखे हुए हैं। हे लाड़ली शुक-बालिके! सबका उपभोग कर खूब संतुष्ट होकर सुन्दर रामचरित का आगे वर्णन करो। राम-माहात्म्य का गुणगान करते जाओ, क्योंकि (कहा जाता है कि) रामनाम ही मुक्ति-साधन है। (शुकी बोलती है) अब अविलम्ब भक्तिपूर्वक मोक्षप्रदायक रामचरित सुनिए। रावण आदि राक्षसों का संहार करके देवताओं से अभिवन्द्य अद्भुत पराक्रमी रघुनाथ जी पुष्पक विमान पर आरूढ़ हो अयोध्या में पहुँच कर राज्याभिषिक्त हुए। उपरान्त दर्शनार्थ आये हुए कुंभसंभव (अगस्त्य) के मुख से राक्षसों का इतिहास सुनने के बाद उन्हें सानन्द विदा कर दिया।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

पराक्रमनभिषेकवुं चेय्तु। कुंभसंभवनरुळ् चेय्तोरु निशाचरसंभवं केट्टु तेळिञ्ञवरेयपच्चुटन्। मेदिनि परिपालिच्चनुजन्मारुमाये मेदिनीसुतयोटु कूटे लीलकळ् पूण्टु; वनक्रीडयुं जलक्रीडयुं चेय्तु नित्यं मनः प्रीतियुं पूण्टु रम्यहर्म्यङ्ङळिलुं, रमिच्चु वसिच्चितु चिलन्नाळतुकालं समस्त लोकङ्ङळुमाश्वसिक्कयुं चेय्तु। १० अक्कालं जानकिक्कु गर्भवुमुण्टाय् वन्नु पुष्करनेत्रन् तानुं प्रीति-पूण्टरुळिनान्। पौरुषमाय धाम धरिच्चु सीतादेवि पौरन्मारा-नन्दवुं धरिच्चारतु कालं। अङ्ङने मरुवुन्नाळेकदा रघुवरनंगना-शिरोमणि तन्नोटु चोद्यं चेय्तु। वल्लभे! निनक्किप्पोळ् गर्भ-मुण्टल्लो तव वल्लतुमभिरुचियुळ्ळतु पऱयणं। गर्भिणिमार्क्कु वाञ्छयुळ्ळतु नल्कीटाञ्ञालर्भकन्मार्क्कोरो कुट्मुण्टाय्वरुं। दुर्लभमेन्नाकिलुं ञानतु नल्कीटुवन् चोल्लु नी मनोरथमेन्नोटु मटियाते। अन्नतु केट्टु सीतादेवियुं चोल्लीटिनाळ् मुन्नं नां वनवासत्तिनु पोयतुकालं ओरोरो मुनिपत्निमारुमायाश्रमत्तिल् स्वैरमाय् वसिच्चतिल् कौतुकमुण्टु पारं। मुनि पत्निकळुमायो-रुन्नाळ् वाणीटुवान् मनसि कौतियुण्टु मट्टोन्निल्लेनिक्केतुं।

फिर वे अपने भ्राताओं के साथ मेदिनी (पृथ्वी) का परिपालन करते हुए तथा नित्य मेदिनीसुता (सीता जी) के साथ केलि-लीलाएँ, वनक्रीड़ा, जल क्रीड़ा, तथा रम्य हर्म्य (सुन्दर महल) में विविध प्रकार के सुख भोग भोगते हुए मनको प्रसन्न रखते आये। इस प्रकार कुछ समय के भीतर सारा विश्व (समर्थ राजा को पाकर) आश्वस्त हुआ। १० उन्हीं दिनों जानकी ने गर्भ धारण किया और (समाचार से अवगत) पुष्करनेत्र (श्रीराम) प्रसन्न हो उठे। सीता जी ने अपने गर्भ में उज्ज्वल तेज को धारण किया, यह समाचार सुनकर पौरजन आनन्दमग्न हुए। इस प्रकार सुख से रहते हुए एक बार रघुवर ने अंगनारत्न (सीता जी) से पूछा—"प्रिये तुम गर्भवती हो! अगर तुम्हारी कुछ कामनाएँ हों तो अवश्य बता दो। गर्भवती नारियों की दोहदेच्छा की पूर्ति न होने पर भावी शिशु में कुछ न कुछ वैकल्य (त्रुटि) होने की संभावना है। तुम्हारी वांछा चाहे कितनी ही दुष्कर क्यों न हो, मैं उसे पूर्ण करा दूँगा; इसलिए तुम अपनी मनोकामना निस्संकोच मुझे बता दो।" यह सुनकर सीता जी बोलीं—"पहले वनवास के समय अनेक मुनियों के आश्रमों में पहुँच मुनि-पत्नियों से मिलकर सुखमय जीवन बिताने के अवसर मिले थे, वैसे ही एक दिन मुनि-पत्नियों के साथ आश्रमवास करने की बड़ी अभिलाषा हो रही है, अन्य मेरी कोई अभिलाषा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

इङ्ङने सीतादेवि चॊन्नतु केट्टनेरं अंगनारत्नत्तोटु राघवनरुळ् चॆय्तु— २० ऎङ्किल् ञान् सौमित्रियॆत्तुणयु कूट्टि नाळॆ पङ्कजनेत्रे पोवानाय् नियोगिक्कामल्लो। ऎन्नतु केट्टु तॆळिञ्ञरुन्नु वैदेहियुं मन्नवनास्थान सिंहासने मरुविनान्। २२

अपवाद श्रवणम्

अन्नेरं विजयनुं मधुमत्तनुं कूटि वन्नितु काश्यपनुं पिंगलन् सुराजियुं। मागधन् कालकनुं भद्रनुमिवरॆल्लामागतम्मारायितु सेविप्पान् नरेन्द्रनॆ। वन्दिच्चु कूप्पिस्तुतिच्चीटिनारवरॆल्लां नन्दिचु नरेन्द्रनुं चोदिच्चानवरोटु। निङ्ङळ् चॊल्लणं परमार्त्थं वृत्तान्त-मॆल्ला मॆङ्ङने नम्मॆक्कॊण्टुमेतॊरु जाति पऱयुन्नितु महाजनं। ऎन्नतु केट्टु तॊळुतुणर्त्तिच्चितु भद्रन् मन्नव ! महाजनवादङ्ङळ् चॊल्ली-टुवन्। वारिधि तन्निल्च्चिऱकॆट्टि लङ्कयिल्च्चॆन्नु घोरनां दशा-स्यनॆ राक्षसप्पटयोटुं निग्रहिच्चीरेळुलोकङ्ङळुं धर्म्मत्तोटॆ व्यंग्रं तीर्त्तारिवण्णं रक्षिक्कुन्नतु पार्त्तालि ? पण्टुण्टाय्वन्निल्लारुमीवण्णं नरेन्द्रन्मारुण्टाय् वन्नीटुकयुमिल्लिनि मेलिलेवं ऎन्नॆल्लां ओरोविधं

नहीं है।" सीता जी के यह बोलने पर, उसे सुनकर राघव ने नारीरत्न से कहा—। २० "ऐसी इच्छा है तो हे कमललोचने ! कल ही लक्ष्मण के साथ तुम्हारे जाने का प्रबन्ध करवा दूंगा।" यह सुनकर वैदेही प्रसन्न हो उठीं और महाराज (श्रीराम) वहाँ से निकलकर (राजकाज देखने के लिए) सिंहासन पर आ विराजित हुए। २२

अपवाद-श्रवण

तभी विजय, मधुमत्त, काश्यप, पिंगल, सुराजि, मागध, कालक और भद्र, नरेन्द्र (राम) की सेवा में उपस्थित हुए। सबने आकर हाथ जोड़ प्रणाम किया तो सहर्ष महाराज ने प्रश्न किया—"तुम लोग सत्य बोलो, पौरजनों में मेरे संबंध में कैसी चर्चा हो रही है ?" यह सुनकर भद्र हाथ जोड़कर बोला—"हे महाराज ! मैं पौरजनों के विचार आपको सुनाऊँगा। (वे कहते आ रहे हैं कि) सोचें तो कौन ऐसा राजा मिलेगा जो सागर में सेतु-बंधन कर लंका में पहुँच राक्षस-सेना सहित भयंकर रावण का वधकर, चौदहों भुवनों का दुःख निवारण कर धर्मपूर्वक परिपालन करता है। अब तक इनका जैसा कोई राजा नहीं हुआ और आगे भी ऐसा कोई राजा जन्म नहीं लेगा। समस्त प्रजाएँ इस प्रकार आपकी प्रशंसा करते हुए नाना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ऩिन्तिरुवटि तन्ने वर्ण्णिच्चु पऱयुन्नु लोकरुमेल्लां। ऎन्नतु केट्टु रामचन्द्रनुमरुळ् चेय्तु ऩन्नु ऩन्नितथं वर्ण्णिक्कुन्नतु मतिमति। १० राज सन्निधियिङ्कल् दोषङ्ङळ् मऱच्चोरो पूजनीयङ्ङळाय गुणङ्ङळ् वर्ण्णिच्चीटुं अङ्ङने लोकस्वभावं पुनरेन्नालतु मंगळ-मल्ल सत्यं चोल्लुन्नतत्रे नल्लू। पार्क्कुम्पोळ् गुणदोष सम्मिश्र-मायिट्टेयुळ्ळु आर्क्कुमे गुणजालं दोषं कूटाते वरा चोल्लु नी दोष-मायिट्टुळ्ळतुमिनियेन्नु चोल्लिय नृपनोटु भद्रनुमुरचेय्तान्— अच्युतनोटु समनाय राघवन् पुनरिच्चेय्त कर्म्ममेन्तु मट्टुळ्ळो-र्क्करियावू? न्यायमल्लाते दशकण्ठनां निशाचरन् माययुमेट्मुळ्ळोन् कट्टु कोण्टङ्ङु पोयि, लङ्कयिल् पलकालं वच्चिरुन्नवळ् तन्नेशङ्क कूटाते परिग्रहिच्चतेन्तु रामन्? राजावु कल्पिच्चतु कार्यमोन्नोळिञ्ञु मट्ाचारमेन्तु पऱयुन्नतु पौरजनं ऎन्नेल्लां चिलर् पऱयुन्नतु केळ्प्पानुण्टु मन्नव! मट्टोन्निल्ल दोषमायिट्टु चोल्वान्। राघवनतु केट्टु विजयादिकळ् तम्मे वेगेन सम्मानिच्चु यात्रयुं वळङ्ङिनान्। २० सन्तोषत्तोटवर् पोयतु नेरमुळ्ळिल् चिन्त पूण्टुरक्कर पुक्कितु रघुनाथन्। २१

प्रकार की चर्चाएँ किया करती हैं।" यह सुनकर श्रीराम जी बोले— "तुमने अच्छा कहा! किन्तु ऐसी प्रशंसा की बातें बस करो, बस करो। १० यह लोगों का स्वभाव है कि दोषों को छिपाकर राजा के सामने केवल प्रशंसनीय गुणों का वर्णन सुनाते हैं। किन्तु इसमें राजा और प्रजा की भलाई नहीं है। वास्तविक बात बताने में भलाई है। सोचें तो प्रत्येक व्यक्ति गुण-दोषों से युक्त रहता है। बिना किसी दोष के केवल गुणी कोई नहीं मिलता। इसलिए अब तुम मेरी बुराई (की चर्चा) सुनाओ।" राम का आग्रह सुनकर भद्र ने कहा—"अच्युत (विष्णु) सम राम ने फिर यह जो कार्य किया, उसे लोग क्या समझेंगे? मायावी और अत्याचारी रावण ने जिस (पत्नी) को चुरा ले जाकर लंका में बहुत दिन तक रखा, उसे राम ने कैसे निस्संकोच स्वीकार किया? राजा जैसा करता है वही आचरण पौरजन भी करेंगे। हे महाराज! इस प्रकार कुछ लोगों को कहते पाया गया है, अन्य कोई दोष आपको सुनाने के लिए नहीं रहा।" यह सुनकर राघव ने तुरन्त ही सम्मान-पूर्वक विजय आदि को विदा किया। २० जब वे लोग सानन्द चले गये तब उद्विग्न हो श्रीराम जी शयनागार में प्रविष्ट हुए। २१

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सीता परित्यागं

प्रत्युषस्सिनु पुनरुत्थानं चेय्तु रामभद्रनुं नियमङ्ङळ् कऴिञ्ञोरनन्तरं, आदरपूर्वं प्रतिहारिकळोटु चॊऩ्ऩान् सोदरन्मारॆ वरुत्तीटुविन् विरयॆप्पोय् । द्वास्थन्मारतु केट्टु वेगेन चॆऩ्ऩु तॊऴुतास्थया चॊल्ली-टिनारुळ् चेय्तेवयॆल्लां । सत्वरं पुऱप्पॆट्टारवरुमॆन्तॆऩ्ऩॊरु चित्त चाञ्चल्यत्तोटु वऩ्ऩटि वणङ्ङिनार् । राघवन् भ्राताक्कळॆग्गाढ-माश्लेषं चेय्तु रागभारेण पिटिच्चिरुत्तियरुळ् चेय्तु— प्राणनायतु ऩिङ्ङळॆनिक्कु बालन्मारे ! प्राणन् पोयिटुं मम ऩिङ्ङलॆ-प्पिरियुम्पोळ् । निङ्ङळ्क्कु वेण्टित्तन्नॆ राज्यभारत्तॆयॆल्लामिङ्ङनॆ वहिक्कुऩ्ऩु ञानॆऩ्ऩतऱिञ्ञालुं । मेदिनि तन्निल्द्दशरथ तनयनाय् जातनाय् धर्म्मपरिपालनं चेय्तु वाणेन् । सूर्यवंशत्तिन्नॊरु कळङ्क-मुण्टाकातॆ आर्यन्मारालुं संपूजितनायित्र ऩाळुं । इऩ्ऩिप्पोळपवादं मुऱ्ऱि वऩ्ऩिरिक्कुऩ्ऩु ऎऩ्ऩतु ऩिङ्ङळोटु चॊल्लुवान् चॊल्लि विट्टेन् । १० ओराण्टु लङ्कतन्निलिरुऩ्ऩ सीततन्नॆ ओरातॆ कैक्कॊ-ण्टतु ऩऩ्ऩल्ल रघुवरन् । इङ्ङनॆ मन्त्रिक्कुऩ्ऩु पुरवासिकळॆल्लां ऩिङ्ङळतेतुं धरिच्चीलल्लो बालन्मारे ! ञानतिन्नुपायवुं कण्टि-

---

सीता-परित्याग

प्रातःकाल में उठकर नित्यकर्मों से निवृत्त होने के उपरान्त श्रीरामचन्द्र जी ने प्रतिहारियों को आज्ञा दी कि वे तुरन्त जाकर भाइयों को बुला ले आएँ। प्रतिहारियों ने यह सुनकर शीघ्र ही (भाइयों को) प्रणाम करके बड़ी आस्था के साथ (राम के) वचन सुना दिये। क्यों बुलाये जा रहे हैं ? इस विचार से उद्विग्न हो वे भी तुरन्त निकलकर आये और (राम के पास पहुँचकर) श्रीचरणों में प्रणाम किया। अपने भाइयों का प्रीति से आश्लेष करके, राम ने उन्हें सहर्ष बिठाया और बोले— "हे बालको ! तुम लोग मेरे प्राण हो ! तुम से बिछुड़ने पर मेरे प्राण निकल जाएँगे। तुम लोग यह स्मरण रखो कि केवल तुम्हारे लिए मैं इस प्रकार शासन-भार संभालता आ रहा हूं। पृथ्वी पर दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लेकर धर्म का पालन करता आया हूँ। सूर्यवंश के लिए कोई कलंक न लगे, ऐसे कार्य करता हुआ अब तक मैं आर्यों से आदर पाता आया। आज अपवाद के शब्द उठ रहे हैं। उसके सम्बन्ध में समझाने के लिए तुम लोगों को आमंत्रित किया गया है। १० 'एक वर्ष जो सीता लंका में रही, उसे पुनः निश्शंक अपनाकर श्रीराम ने अच्छा नहीं किया,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ट्टुण्टिप्पोळतु मानसे धरिच्चालुं चौल्लुवनतु केळ्प्पिन् । गर्भिणि-कळक्कुरुचियुण्टामोरोन्निलतुमिप्पोळेन्तोन्निलाश निनक्केन्निवळोटुं चोदिच्चेनिन्नले ञानन्नेरमवळ् चौन्नळ् चेतसि कौति येनिक्कौन्निलुण्ट-ङ्ङिञ्ञालुं । तापसाश्रमङ्ङळिलोरुनाळ् मुन्नेप्पोले तापसीजनत्तोटुं कूटि वाळुवानिन्नु । ऐङ्किलो सौमित्रियेत्तुणयुं क्कूट्टि नाळेस्सङ्कटं कूटातेकण्टयय्क्कामेन्नु ञानुं परञ्ञेनतिन्निनि सौमित्रे ! वैकीटाते परञ्ञवण्णं तन्ने कौण्टु पोकयुं वेणं । तेर् मेले करयेट्टि-स्सुमन्त्ररोटुं कूटे वाल्मीकि मुनि प्रवराश्रमोपान्तत्तिङ्कल्, वन् काट्टिलुक्कौण्टक्कळञ्ञिङ्ङु नी पोन्नीटुक शङ्किक्क वेण्ट नी ञान् चौन्नतु केळ्क्के वेण्टु । २० औन्निनि मरुत्तितिन्नोटु चौल्लुमवरेन्नुटे शत्रुक्कळाकुन्नतेन्नु नूनं । जानकि तानुं ञानुं सौमित्रे ! नीयुं कूटिक्कानने तपस्सु चेय्तिरुन्नीटिन कालं, मानिने प्पिटिप्पानाय् ञान् पोय्नेरं नीयुं जानकी वाक्कुकेट्टु वेर्पिट्टोरवसरं, कण्टु रावणनोरु भिक्षु वेषत्तालक्कट्टु कौण्टु पोय् लङ्कापुरि तन्निल् वच्चोरु शेषं । सुग्रीवन् तन्नेक्कण्टु सख्यं चेय्तवनोटुं

ऐसा पुरवासी लोग कहते आ रहे हैं। आश्चर्य है ! बालको, तुमने अब तक नहीं समझा। उसके लिए मैंने एक उपाय सोच रखा है, जिसे तुम लोगों को बताता हूँ, तुम लोग उसे सुनकर मन में ही रखो। मैंने कल उससे (सीता से) कहा कि गर्भवती नारियों की कुछ न कुछ इच्छाएँ रहा करती हैं और पूछा कि तुम्हारी ऐसी कौन सी इच्छा है ? तो उसने उत्तर दिया कि मेरे मन में केवल एक इच्छा है, जिसे आप सुनिए। पहले के जैसे तापसाश्रमों में जाकर तपस्विनियों के साथ एक दिन बिताने की मेरी इच्छा है ! मैंने उसे बताया कि तुम्हारी ऐसी इच्छा है तो कल तुम्हें लक्ष्मण के साथ सानन्द भिजवा दूँगा। इसलिए हे सौमित्र ! जैसा मैंने वादा किया वैसा आज उसे ले जाना होगा। रथ पर सवार कर सुमन्त्र के साथ उसे ले जाकर मुनिप्रवर वाल्मीकि के आश्रम-प्रान्त के समीप घोर कानन में उसे त्यागकर तुम इधर वापस चले आओ। इसमें सशंकित होने की बात नहीं है, तुम केवल मेरी आज्ञा मान लो। २० जो इसके विपरीत मुझे बताएगा, वह निश्चय ही मेरा शत्रु होगा। हे सौमित्र ! जब जानकी, मैं और तुम वन में पहुँचकर तपस्या-रत बैठे थे तब हिरण को पकड़ लाने के लिए मैं तथा जानकी के वचन पर तुम उससे पृथक् हुए थे। यह अवसर पाकर रावण भिक्षुवेष में आकर उसे लंका में चुरा ले गया। फिर सुग्रीव से मिलकर (मैंने) उससे सख्य स्थापित किया तथा कपीन्द्र वाली का वध

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

निग्रहिच्चितु बालियाक्किय कपीन्द्रनें। मारुति मैथिलियेक्कण्टु वन्नोरु शेषं वारिधितन्निल्च्चिर कॆट्टि लङ्कयिल्च्चॆन्नु रावणन् तन्नॆप्पटयोटुं निग्रहिच्चुन्नां रावण सहजने वाळिच्चु लङ्कतन्निल्। मेदिनी सुतयॆक्कॊण्टग्नि प्रवेशं चॆय्यिच्चाधिकैक्कॊण्टु निल्क्कुन्नेरत्तु वह्निदेवन् जानकि तन्नॆक्कॊण्टन्नॆन्नुटे कय्यिल् नल्कि मानिनिक्कॊरु दोषलेशमिल्लन्नु चॊन्नान्। देवेन्द्रादिकळाय देवकळ् मुनिकळुं देवदेवेशन्महादेवनुं विरिञ्चनुं ३० योषमार् मणियाय जानकी देविक्कॊरु दोषमिल्लॆन्नु चॊन्नतॊक्के नी केट्टायल्लो। आनतु मूलं परिग्रहिच्चु विश्वासेन जानकि तन्नॆयतु कारणमायिट्टिप्पोळ् दुष्कीर्त्ति परन्नितु नाट्टिलॆल्लामे मम दुष्कीर्त्ति कळवानाय्क्कळयां निङ्ङळेयुं माताक्कन्माराकिलुं राज्यमॆन्नाकिलुं आनेतुमे मटियातॆ कळवन् पिळ्ळतीर्प्पान्। जाह्नवी तीरे महाकानने मटियातॆ जानकि तन्नॆक्कॊण्टक्कळञ्ञु पोन्नीटु नी। अल्ललामितु विचारिच्चु चॆय्येणमेट्मॊल्लातॊन्नितु पुनरॆन्नॊरुवन् चॊल्लुकिल् ऎन्नुटॆ वैरियवनाकुन्नितुमूलं खिन्ननाकॊल्ल नियोगं मम केळ्क्के वेण्टु। आरॊळ्ळुकीटुं वण्णं कण्णुनीरुटनुटन् माराततॆयॊ-

---

किया। जब मारुती लंका में पहुँच जानकी को देख आये तब वारिधि में सेतु बाँध (हम लोग) लंका में पहुँचे। हमने सेना सहित रावण का वध करके उसके भाई का राज्याभिषेक करा दिया। जब हम सीता को अग्नि में प्रवेश कराकर खिन्न खड़े थे तब अग्निदेव ने जानकी को ले आकर मेरे हाथ में दिया और कहा कि यह मानिनी निर्दोष है। देवेन्द्र जैसे देवप्रमुख, मुनि लोग, देवदेवेश महादेव, ब्रह्मा—। ३० —सभी ने कहा था कि नारियों में श्रेष्ठ जानकी किसी भी प्रकार के कलंक से मुक्त है और यह बात तुमने भी सुनी थी। इस कारण मैंने विश्वासपूर्वक जानकी को ग्रहण किया था जिसकी वजह से अब राज्य में यह अपकीर्त्ति फैल गयी है। अपना अपयश दूर करने के लिए मैं तुम लोगों को भी त्याग सकता हूँ। अपनी त्रुटि दूर करने के लिए चाहे माताएँ हों, चाहे राज्य हो, मैं निस्संकोच छोड़ सकता हूँ। (इसलिए) जाह्नवी (गंगा) के तटवर्ती घोर वन में जानकी को छोड़ आओ। यह अवश्य दुःख की बात है। किन्तु यदि कोई इसे अनावश्यक कार्य बोले तो वह मेरा शत्रु होगा। इसलिए यह सोचकर तुम्हें दुखी होने का कारण नहीं रहा। यह मेरा आदेश है जिसे मान लेना मात्र तुम्हारा कर्तव्य है।" इतना कहते ही नदी-प्रवाह के समान उनकी आँखों से अजस्र अश्रुधारा प्रवाहित होने लगी। तुरन्त अपने शयनागार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

ळुकिप्पोय् तन्नुटे मणियऱ तन्निल्प्पुक्कटच्चुटन् पर्यङ्कमतु तन्मेल् चेन्नुटन् किटन्नितु मन्नवन् शोकत्तोटे। रात्रियुं कळिञ्ञितु लक्ष्मणन् तोळुतुटन् धात्रीनन्दनयोटु मेल्लवे चल्लीटिनान्— ४० कानन‌भूमि तन्निल् तापसिकळेक्काणमान् जानकि ! पोक तेर् मेलेऱुक वैकीटाते। तेरोरुमिच्चु कोण्टु वन्नितु सुमन्त्ररुं पोरिकेन्नतु केट्टु जानकि सन्तोषिच्चाळ्। इन्नले मम भर्त्ता चोन्नतिनेतुं न्नीक्कं वन्नीलेन्नोर्त्तु कौतूहलवुं पूण्टाळेटं। पट्टुकळ् वस्त्राभरणङ्ङळ् न्नल्लवमट्टुमिष्टमाम्माऱु मधुर द्रव्यमायिट्टेटं भक्षण साधनङ्ङ-ळेन्निव पलतरं शिक्षयिल् संभरिच्चु सुगन्ध द्रव्यङ्ङळुं। चन्दनादिकळ् मुनिपत्निकळ्क्कानन्दमाय् वन्दिच्चु दानं चेय्वानेटुत्तु वैदेहियुं। यात्रयुमयप्पिच्चु तेरतिल्क्करयेट्टियास्थया सौमित्रियुं तेरतिल्क्करेऱिनान्। मन्दमन्दं तेर् न्नटत्तीटिनान् सुमन्त्ररुं सुन्दरियतु न्नेरं लक्ष्मणनोटु चोन्नाळ्— न्नन्नल्ल शकुनङ्ङळेन्तु कारणं चोल्लीटेन्नुटे भर्त्ताविनुमनुजन्मारायीटुं निङ्ङळ्क्कुं सुखमल्ली निमित्तं कण्टतिप्पोळ् मंगलमल्ल मूलमेन्ततिनेन्नु चोल् न्नी। ५० चोल्लुवानिल्ल विशेषिच्चोरापत्तु भद्रे ! न्नल्लतु वन्नुकूटुमिल्ल संशयमेतुं। धीरत कोण्टु परितापत्ते मऱच्चुटन्

में प्रविष्ट हो, द्वार बन्द किये महाराज शोकार्त हो शय्या पर आ लेट गये। रात बीत गयी; लक्ष्मण ने हाथ जोड़कर धीमे स्वर में भूमिसुता से कहा—। ४० —"हे जानकी ! वन में तपस्वियों से मिलने जाने के लिए आप अविलम्ब रथ पर सवार हो जाइए।" सुमन्त्र सजा हुआ रथ ले आया। आश्रम-गमन की बात सुनकर जानकी अत्यन्त प्रसन्न हुईं। कल मेरे स्वामी ने जो वचन दिया, उसमें कुछ अन्तर आने नहीं पाया, यह सोचकर उन्हें आश्चर्य भी हुआ। अमूल्य रेशमी वस्त्र, आभूषण, आदि नाना प्रकार की वस्तुएँ, मधुर पक्वान्न, भोजन-सामग्री, कई प्रकार के सुगन्ध द्रव्य, चन्दन, कपूर आदि कई पदार्थ तपस्विनियों को नमस्कार पूर्वक दान के लिए वैदेही ने साथ लिये। विदाई के बाद जानकी को श्रद्धा-सहित रथ पर चढ़ाकर सौमित्र भी रथ पर सवार हुए। सुमन्त ने धीरे-धीरे रथ को आगे बढ़ाया तो सुन्दरी (सीता) ने तब लक्ष्मण से कहा—"अशुभ शकुन दिखाई दे रहे हैं। उनके क्या कारण हो सकते हैं ? मेरे स्वामी और तुम देवर लोग सब सुखी तो हैं ? फिर ऐसे अपशकुनों के तुम कारण बताओ।" ५० "हे भद्रे ! किसी को भी कहने योग्य कुछ संकट नहीं है। परिणाम अच्छा ही होगा, इसमें संदेह नहीं है।" साहसपूर्वक अपने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

तारालू मानिनि तन्नोटिङ्ङने परुञ्ञुटन् गौमतीतीरे चेन्तारस्त-मिच्चीटुं तेरं यामिनि कळिञ्ञर्क्कनुदिच्चोरनन्तरं, तेरतिले-रिच्चेन्नु गंगातीरवुं पुक्कार् वारियिलिरङ्ङि सन्ध्यानुष्ठानवुं चेय्तार्। अमित्रान्तकनाय सुमित्रातनयनुममर्त्य नदियेयुं कटत्ति वेगत्तोटे वाविट्टु करयुन्न लक्ष्मणन् तन्नै नोक्किद्देवियुमुर चेय्ताळेन्तितु कुमार ! चोल्। एन्तिनु करयुन्नु सन्तापमुण्टायतु-मेन्तेन्नु परमार्त्थं चोल्लु नी मटियाते। अग्रजन् तन्नेप्पिरिञ्ञि-रुन्निट्टिल्लयल्ली व्यग्रिच्चु करयुन्नु मुट्टुं बालकनां नी ? रण्टु वासरं पौरुष्पानिल्ल शक्तियोट्टुं पण्टु नी पिरिञ्ञिरियुन्नतुमिल्ल-यल्लो। एन्ने नी निरूपिक्क मुन्नं आनोराण्टेय्क्कुमेन्नुटे भर्त्तावि-नेप्पिरिञ्ञु वाणेनल्लो। ६० इन्निनि मुनि पत्निमारेयुं कण्टु नाळेच्चेन्नु निन् पूर्वजनेक्काणामेन्नरिञ्ञालुं। एन्निव केळ्क्कुन्तोरुं तन्नुळ्ळिलटङ्ङाते वन्न दुःखत्तालवनुं वाविट्टु मुरयिट्टान्। तन्नोटु सनल्क्कुमारन् मुनियरुळ् चेय्ततोन्नोन्ने निरूपिच्चु निन्नितु सुमन्त्ररुं। पिन्नेयुं करयुन्न लक्ष्मणन् तन्नै नोक्कि तन्वंगि विषण्ण-यायेन्ततेन्नरियाञ्ञु। पिन्नेयुं चोदिच्चितु सौमित्रि तन्नोटप्पोळ्

परिताप को छिपाते हुए लक्ष्मण ने कमललोचना सीता को उत्तर दिया। सूर्यास्त के समय वे गौतमी नदी के तट-प्रदेश में पहुँचे। वहीं रात बिताकर प्रभातकाल में रथ पर सवार हो गंगातट पर पहुँचे। वहाँ पानी में स्नान कर सभी ने संध्या-वंदन किया। अमित्रान्तक (शत्रुओं के लिए काल सम) सुमित्रातनय ने जल्दी ही सीता को अमर्त्यनदी (देवनदी) के पार पहुँचाया। तब अत्यन्त विलाप करते लक्ष्मण को देख देवी ने पूछा—"हे कुमार ! क्या बात है ? मुझे बता दो। तुम क्यों रोते हो ? तुम्हें ऐसा क्या दुःख हुआ है। तुम मुझे स्पष्ट बता दो। ज्येष्ठ भ्राता से कभी दूर नहीं रहे, इसलिए आज इस प्रकार दुःखी हो रोते हो ! यह बाल्य चपलता है ! क्या दो दिन का वियोग भी सहने की सामर्थ्य नहीं है ! हाँ, तुम्हें पहले कभी ऐसा विछोह नहीं हुआ। तुम मुझे देखो, मैंने पहले अपने स्वामी से वियुक्त हो एक पूरा वर्ष गुजारा था। ६० आज मुनि-पत्नियों से भेंट करके कल जाकर अपने अग्रज से मिल सकोगे।" ये बातें सुनते ही अदमनीय दुःख से खिन्न हो वे एकदम प्रलाप करने लगे। भावी फल के संबंध में सनतकुमार मुनियों ने जो बातें कही थीं, उनका अनुस्मरण कर सुमन्त मौन खड़ा रहा। बार-बार विलाप करते लक्ष्मण को देख उसके कारण से अनवगत सीता जी उदास रह गयीं। और फिर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

अेन्ते कष्टमे तीयेन्तिङ्ङने खेदिक्कुन्नु ? मुन्नं ञानित्र दुःखमुण्टा-यिट्टीरुन्नाळुं निन्नेक्कण्टिट्टिल्लेटं धैर्यमुण्टल्लो तव। दुःखत्तिन् मूलमेल्लामेन्नोटु चोल्लीटणं कैक्कोळ्क धैर्यं भवानज्ञानियल्लयल्लो। चोल्लु चोल्लेन्नु सीता निर्बन्धं केट्ट नेरं चोल्लिनान् सौमित्रियुं गद्गद वर्णङ्ङळाल्। चोल्लियाल् केळ्प्पान् रघुनाथनु पलरुण्टु कल्यन्मारायिट्टवर् पलरुमिरिक्कवे. अेन्नोटायितु नियोगिच्चतु रामचन्द्रन् मुन्नं चेय्त दुष्कर्म्मङ्ङळ् तन् फलत्तिनाल्। ७० अेन्नोळं पापं चेय्तिट्टारुमिल्लोरेटत्तु पुण्यमिल्लात पुरुषाधमनायेनल्लो। वह्निनयिल्च्चाटीटेणमेन्नु चोल्लुकिलेतुं दण्डमिल्लेनिक्कतिल्पर-मिन्नितुपार्त्ताल्। काळकूटत्तेक्कुटिक्केणमेन्नरुळ् चेय्किल् कालं वैकाते कुटिक्कामतिनेळुतल्लो। आक्कुमोर्त्तोळमरुतात दुष्कर्म्मं चेय्वान् आख्यानं चेय्तानल्लो राघवन् तिरुवटि पण्टु ञान् चेय्त पापमेन्तेन् भगवाने ! कण्टीलेन् प्राणत्यागं चेय्वानुमुपायङ्ङळ् ! इङ्ङने परकयुं वीळ्कयुं करकयुं तिङ्ङिङ्ङन दुःख पूण्ट लक्ष्मणन् तन्नेक्कण्टु वैदेहि विषण्णयायेन्तितेन्नरियाते खेदेन बाष्पं वार्त्तु लक्ष्मणनोटु चोन्नाळ्— भर्त्तृशासनं मम सौमित्रे ! वैकीटाते

सौमित्र से प्रश्न किया—"हाय ! तुम्हारे ऐसा दुखी होने का भला, क्या कारण है ? मैंने पहले कभी तुम्हें इस प्रकार विषादयुक्त नहीं देखा, तुम बड़े धैर्यशाली थे। दुःख का कारण मुझे बता दो और फिर तुम धैर्य धारण करो। तुम अज्ञानी तो नहीं हो।" 'बोलो बोलो' इस प्रकार सीता के जिद करने पर लक्ष्मण ने गद्गद वाणी में कहा—"श्री रघुनाथ जी की आज्ञा माननेवाले अत्यधिक धैर्यशाली कई सेवक हैं। उनके रहते हुए भी रामचन्द्र जी ने मुझे ऐसा कठिन आदेश दिया, जो मेरे पूर्व-जन्म के पापों का फल है। ७० मेरे जैसे पापी कहीं नहीं हैं; हाय ! मैं पुण्य से वंचित अधम पुरुष ही रहा ! आग में कूद पड़ने के लिए आदेश दिया जाए तो मुझे इस तरह का कोई दुःख नहीं होगा। कालकूट विष पीने की आज्ञा हो तो तुरन्त पी सकता हूँ, वह मेरे लिए सरल होगा। किन्तु किसी के लिए अचित्य ऐसा दुष्कर्म करने की भगवान् राम ने मुझे आज्ञा दी। हे भगवान् ! मेरे पूर्वजन्म का ऐसा कौन सा अपराध है ! मैं अपने प्राणत्याग का भी कोई मार्ग ढूँढ़ नहीं पा रहा हूँ।" इस प्रकार रोते, चिल्लाते, गिरते-उठते भारी दुःख से पीड़ित लक्ष्मण को देख, कारण से अवगत न होने से अत्यन्त विषाद-समन्वित हो वैदेही ने लक्ष्मण से कहा—"हे सौमित्र ! मेरे स्वामी का क्या आदेश है ? तुम निराकुल भाव

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सत्यमॆन्नॊटु परञ्ञीटणं मटियातॆ। निन्तिरुवटि तन्नॊटॆन्तु ञान् परवतु ? वॆन्तु वॆन्तुरुकुन्नु मानसमय्यो पापं ! ऎन्तॊन्नु चॊल्लुवतु पार्त्तु कण्टोळमुळ्ळिल् सन्तापं मेल्क्कुमेले सन्ततं वळरुन्नु। ८० चॆन्तीयिल् चाटुकयो ? काकोळं कुटिक्कयो ? ऎन्तॊन्नु चॆय्कये नल्लू शोकत्तेयटक्कुवान्। इत्तरं परञ्ञु केळुन्न लक्ष्मणन्तन्नॊटुळ्त्तापत्तोटु भूमिपुत्रियुमुर चॆय्ताळ्— वल्लभन् नियोगिच्च कर्म्मं नीयॆन्नॊ-टिप्पोळ् वल्लतुं परञ्ञालुमेतुमे शङ्किक्केण्ट। वल्लाय्म निनक्केतु-मुण्टाकयिल्लयॆन्नाल् चॊल्लुकॆन्नॊटु नीयिन्नॆल्लामे परमार्त्थं। चॊल्लुवान् तोन्नातव मुप्पिल् निन्नॆनिक्किप्पोळ् चॊल्लामॆङ्किलुं तव वल्लभन् नियोगत्तॆ चॊल्लुन्नु पुरवासीजनङ्ङळॆल्लां तम्मिल् वल्लाय्मयत्रे सीतादेवियॆक्कैक्कॊण्टतुं। रावणन् कॊण्टु पोयि लङ्कयिल् वच्चुकॊण्ट देवियॆप्परिग्रहिच्चीटुवान् न्यायमिल्ल। ऎन्नुळ्ळोरपवादं निरञ्ञु पुरत्तिङ्कल् मन्नवनतुमूलमॆन्नॊटु नियोगिच्चान्— काननत्तिङ्कल मुनि श्रेष्ठन्माराश्रमत्तिङ्कल् जानकि तन्नॆक्कॊण्टॆयाक्कि नी पोन्नीटुक। भर्त्ताविनोटुं पिन्ने मट्टुळ्ळ ञङ्ङळोटुमुळ्त्तारिलेतुं कोपं कूटातॆ वसिच्चालुं। ९०

से मुझे सुना दो। अविलम्ब सत्य बात मुझे बता दो।" तब लक्ष्मण ने कहा—"हे भगवती ! आपको मैं क्या बताऊँ ! हाय मेरा मन दग्ध होता जा रहा है। क्या कहूँ, कैसे कहूँ ! उत्तरोत्तर मेरा परिताप बढ़ता जा रहा है। ८० क्या मैं प्रज्वलित अग्नि में कूद मरूँ ? कालकूट विषपान करूँ ? इस संताप से मुक्त होने के लिए क्या करना मेरे लिए उचित होगा ?" इस प्रकार कहते हुए कराह उठते लक्ष्मण से संतप्त वैदेही ने कहा—"स्वामी ने तुमसे जो कार्य करने को कहा, वह मुझे बताते हुए तुम्हें दु:खी नहीं होना चाहिए। कहने में तुम्हें कोई आपत्ति नहीं है, तो तुम यथार्थ सत्य मुझे बताओ।" तब लक्ष्मण बोले—"आपके सामने खड़े हो वह बोलने की मुझे शक्ति नहीं है, तो भी आपके स्वामी का आदेश मैं सुनाता हूँ। सारे पुरवासीजन परस्पर कहते हैं कि सीता-ग्रहण कर श्रीराम ने उचित कार्य नहीं किया। रावण ने जिस सीता को उठा ले जाकर लंका में रखा, उसे स्वीकार करने का कोई न्याय नहीं है। ऐसा अपवाद राज्य में व्याप्त हो चुका है। इसलिए महाराज ने मुझे आदेश दिया कि मुनिश्रेष्ठों के आश्रम के समीप कानन में जानकी को छोड़ आओ। आप अपने स्वामी तथा अन्य हम लोगों के प्रति बिना किसी वैमनस्य के यहीं रहिएगा। ९० आप अगर शाप देंगी तो चौदहों भुवन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

त्तिन्तिरुवटि शपिच्चीटुकिल् दहिच्चुपों अन्तरमेतुमिल्ल लोकङ्ङळ् पतिन्नालुं। इव्व पातिव्रत्यत्तिल् निष्ठयुळ्ळगंनमारि त्रिभुवनत्तिङ्क्लिल्ल मट्टारुमोर्त्ताल्। वह्निदेवनुं महादेवनुं विरिञ्चनुमन्यन्माराय देवेन्द्रादियां देवन्मारुं, धन्यन्माराय मुनीन्द्रन्मारुं परञ्ञ वाक्कीन्नोळियातें ञानुं केट्टिरिक्कुन्नु भद्रे ! तापवुं कळञ्ञिनित्तापसाश्रमत्तिङ्कल् तापसीजनत्तोटुं कूटि वाळुक नाथे ! । ९५

सीता परिदेवनं

सीतादेवियुमतु केट्ट नेरत्तु तन्न मेदिनि तन्निल् वीणु मोहिच्चु निस्संज्ञयाय्। अङ्ङनेमुहूर्त्तमात्रं कळिञ्ञोरु शेषं अंगनामणि मोहं तीर्न्नुटनोन्नु वीर्त्ताळ्। अय्यो ! भर्त्तावे ! वेटिञ्ञायो मां वृथा बलाल् नीयेन्नेयुपेक्षिच्चतेन्तु कारणं नाथ ! ञान् मुन्नमनेकं मानुषरे दुःखिप्पिच्चु काम्यदारङ्ङळोटु वेर्पेटुत्ततिन् फलं ञानिन्नोळमनुभविच्चीटुन्नितिनिमेलिल् दीनत्वमेत्रकालं भुजिच्चीटुक वेणं। सन्ततं मुनिकळुं तापस पत्निमारुं एन्तिनु वेटिञ्ञतु

दग्ध हो उठेंगे, इसमें कोई सन्देह नहीं। विचारपूर्वक देखा जाए तो आपकी जैसी पतिव्रता नारी इस त्रिलोक में अन्य कोई नहीं है। अग्निदेव, महादेव, ब्रह्मा, देवेन्द्र जैसे देवगण, धन्यश्रेष्ठ लोग आपके पातिव्रत्य के सम्बन्ध में जो बात कह गये हैं, हे भद्रे ! उन्हें मैंने संपूर्ण सुन रखा है। हे स्वामिनी ! अब आप अपना सन्ताप त्याग कर तापसाश्रम में तपस्विनियों के संग सुखपूर्वक रहने की कृपा करें।" ९५

सीता-विलाप

यह सुनते ही सीतादेवी मूर्छित और संज्ञारहित हो पृथ्वी पर गिर पड़ीं। ऐसे कुछ क्षण बीत जाने पर मूर्छा हटने पर नारीरत्न ने एक आह भर दिया और विलाप करती गयीं—"हाय ! नाथ ! आपने मुझ निरपराध को त्याग दिया। हे नाथ ! आपने मुझे किस अपराध पर छोड़ दिया ! पूर्व में कई पुरुष मेरे रूप-सौन्दर्य पर मोहित हो अपनी परिणीता पत्नियों से घृणा करने लगे थे, ऐसा सुना है। उसका बुरा फल मैं आज तक भोगती आयी और अब आगे कब तक ऐसा भोगना होगा ! अब मुनियों तथा तपस्विनियों के यह पूछने पर कि तुम्हें राघव ने क्यों त्याग दिया, मैं क्या उत्तर दे सकूँ ! यह सन्ताप मैं किसलिए भोगूँ ! किसी प्रकार अगर प्राण त्याग कर दूँ तो सूर्यवंश संतान-परम्परा से वंचित रह जाएगा। हे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

राघवन् निन्नेयेन्नु चोदिच्चाल् आनेन्तवरोटु चोल्लुं सन्तापमेन्तु-कोण्टु आन् पोरुक्कुन्नितय्यो ! वल्लताकिलुं प्राणत्यागं चेय्तीटुवन् आनिल्ल सन्तति सूर्यवंशत्तिलेन्नुं वरुं। माताक्कन्मारोटु चेन्नेल्लामे चोल्लीटु नी खेदमुण्टवर्कळ्क्कुमेन्नेयोर्त्तीटुं नेरं। वल्लजातियुं मनोरंजनयोटुं कूटे कल्याणत्तोटुं वाणीटुन्नतु नृपधर्म्मं। १० लोकापवादं शङ्किच्चेन्नेस्सन्त्यजिच्चितु लोकनायकन् मम भर्त्ता श्रीरामचन्द्रन्। अेन्ने वेर्पिट्ट कालमेतुमे दुःखियाते नन्नायि रक्षिक्क भूमण्डलं धर्म्मत्तोटे। अग्रजन् तन्ने परिचरिच्चीटुक नित्यं व्यग्रवुं कळञ्ञेङ्किल् पोयालुं वैकीटाते। वैदेहिवाक्कु केट्टु मून्नुरु प्रदक्षिणं चेय्तु कुम्पिट्टु कण्णीर् वार्त्तुरियाटाते पोय्। भूमियिल् वीणुरुण्टु करयुन्न भूमिनन्दन तन्ने नोक्किप्पोय्च्चेन्नु गंगयुं कटन्नुटन् सुमन्त्ररोटुं कूटि मंगलं प्रार्त्थिच्चु मन्दमन्दं नट कोण्टान्। अन्नेरं सौमित्रियुं सुमन्त्ररोटु चोन्नान् नन्नु नन्नि-वयोर्त्तालेत्रयुं चित्रं ! चित्रं ! मानव श्रेष्ठनाय रामचन्द्रनुं तथा जानकीदेविक्कुमोरोरो नाळुण्टाय् वन्न दुःखङ्ङळ् निरूपिच्चा-लेत्रयुं कष्टं ! दुष्कर्म्मं कुरञ्ञोन्नु चेय्तिट्टिल्लल्लो तानुं। सौमित्रि वाक्कु केट्टु सुमन्त्ररुळ् चेय्तु नामित्र दुःखिप्पतिनिल्लवकाशमेतुं। २०

लक्ष्मण ! तुम जाकर माताओं से सारा हाल कह दो। मुझे स्मरण करते हुए वे खिन्न होती होंगी। पति के त्यागने से मुझे दुःख नहीं है। किसी भी प्रकार से हो प्रजा को रंजित करना तथा कल्याण से रहना राजधर्म है। १० लोकनायक मेरे स्वामी श्रीरामचन्द्र जी ने लोकापवाद से भयभीत हो मेरा परित्याग किया है। मेरे वियोग में दुःखी न रहकर वे भूमण्डल का धर्मानुसार पालन करते रहें। दुःख त्यागकर तुम भी अपने अग्रज की सेवा करते रहो। अब तुम जल्दी ही वापस जाओ।" वैदेही का आदेश मानकर तीन बार उनकी परिक्रमा और प्रणाम कर अश्रु बहाते मौन हो वे आगे बढ़े। भूमि पर लोटती चिल्लाती सीता की ओर मुड़-मुड़कर देखते हुए गंगा पार की और सीता जी की मंगलकामना करते हुए सुमन्त्र के साथ मन्द-मन्द आगे बढ़े। तब सौमित्र ने सुमन्त को बताया—"यह जो हुआ, उसके सम्बन्ध में सोचते हुए आश्चर्य और विस्मय होता है। क्या से क्या हुआ ! आश्चर्य है ! आश्चर्य है ! मानवश्रेष्ठ राम तथा जानकीदेवी पर जो-जो विपत्तियाँ आ पड़ीं, वे अवश्य ही दुःखपूर्ण हैं ! उनमें किसी ने कुछ दुष्कर्म किये भी नहीं।" सौमित्र के वचन सुनकर सुमन्त बोला—"इस पर सोचकर खिन्न होने की बात नहीं है। २० हे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust , Delhi and eGangotri Funding : IKS

सामर्थ्यं कॊण्टु नीक्कावतल्ल दैवमतं सौमित्रे ! केट्टालुं नीयॆङ्किलो पुरावृत्तं। निङ्ङळ् नाल्वरुं पिऱन्नुण्टाय शेषत्तिङ्कल् पॊङ्ङि-नोरानन्दवुं कैक्कॊण्टु दशरथन्; चॆन्नितु गुरुवाय वसिष्ठा-श्रमत्तिङ्कल् अन्नुटनत्रिपुत्रनाकिय दुर्वासावुं वन्नितु चातुर्म्मास्य-मिरिप्पान् तत्रैव केळ् वन्दिच्चु नृपेन्द्रनुं तापसश्रेष्ठन्मारॆ। वसिष्ठ कृतमायोरातिथ्यं ग्रहिच्चुटन् वसिच्चु यथासुखं भूपति श्रेष्ठन् तानुं। कुशलप्रश्नङ्ङळुं चॆय्तितु मुनीन्द्रन्मार् कुशलं तन्नॆयॆन्नु पऱञ्ञु नृपेन्द्रनुं। वन्दिच्चु दुर्वासावु तन्नोटु चोद्यं चॆय्तु नन्दनन्मारुण्टल्लो नालु पेरॆनिक्किप्पोळ्। अॆन्नतिल् ज्येष्ठन् रामन् दीर्घायुष्मानो ? मेलिल वन्नीटुं गुणदोषङ्ङळॆयुमरुळ् चॆय्क। बालकन्मार् मट्टुळ्ळोरुं गुणवान्मारो पार्त्ताल् शीलादि गुणङ्ङळुमॆन्त्रयुमुण्टितॆल्लां, मेलिलुळ्ळवस्थकळ् दिव्यलोचनं कॊण्टु कालमे काणामल्लो सर्ववुं भवादृशां। ३० इत्तरं नृपवाक्यं केट्टुटन् दुर्वासावुं सत्वरमरुळ् चॆय्तु केट्टु कॊण्टालुमॆङ्किल्। ईरेळुलोकङ्ङळुं परिपालिच्चु नन्नाय् श्रीरामन् पतिनोरायिरं वत्सरं वाळुं। पौरन्मारोटुं भ्रातावक्कन्मारामवरोटुं आरूढानन्दं पिन्ने वैकुण्ठं प्रापिच्चीटुं। जानकीदेवि तन्ने मध्ये मानवश्रेष्ठन् काननं तन्निलुपेक्षिक्कयुं

